गवाह ऐसे रुपया पाने की नालिश नहीं कर सक्ता जो उसको अपनी शहादत देने के बदले में ठहरा हो—मद्रास हाई कोर्ट जि० ४ सफा ७)—

नालिश हरजा गवाह पर इस बिना पर नहीं चल सकेगी कि उसने अपनी शहादत में झूट बयान किया—(इ ला रि मद्रास जि० १० सफा ८७)—

नालशात खिलाफ हाकिम अदालत:—नालिश हरजा खिलाफ हाकिम अदालत निस्बत ऐसे फैल के नहीं चल सकेगी जो उस ने अपनी अदालती कार्रवाई के अंजाम देने में नेक नियती के साथ किये हों—(मद्रास हाई कोर्ट जिल्द २ सफा ३९६)—लेकिन अगर वह नाजायज तौर से और बगैर होशियारी और खबरदारी के कार्रवाई करे या अपने अख्त्यार के

अदा रूपया कबूल करने के लिये मजबूर किया जाय—(इ. ला रि. मद्रास जि० ९ सफा ५५)–

नालिश निस्बत खरचा जो न दिलाया गया हो नहीं चलेगी–(इ. ला रि अलाहबाद जि० ९ सफा ४७४)—

नालिश इस बात की नही चल सकेगी कि कोई शख्स मजबूर किया जावे कि वह मुद्दई को अपने मकान पर दावत (भोज) के लिये बुलावे—(बी रि जि० ६ सफा ३२३)—

नालिश वास्ते रोकने मुद्दायलेह नही चलेगी कि वह मसजिद में जो उस ने नई बनाई है कुतबा पढ़े—(इ. ला. रि मद्रास जि० १५ सफा ३५५)—

मुकदमा फौजदारी दबा देने के माहदे की तामील कराने की नालिश नहीं चल सकेगी—(इ ला रि कलकत्ता जि० ८ सफा २४)–

ऐसे टेक्स अदा करने के माहदा की तामील की निस्बत नालिश नही चलेगी जिसका लगान सरकार के हुक्म से मना किया गया हो (इ. ला. रि. बम्बई जिल्द ८ सफा ३९८)

नालिश मसूखी सरटिफिकेट जो एक्ट जानशीनी सरटिफिकेट की रू से दिया गया हो नहीं चल सकेगी [इ ला. रि मद्रास जिल्द १६ सफा ४०५]

इसी तरह प्रोबेट की मंसूखी की नालिश नहीं चल सकेगी (इ ला रि कलकत्ता जि० ४ सफा ३६०)

जो महदा नाबालिग की तरफ से उसके वली ने किया हो उसकी खास तामील कराने की नालिश नाबालिग नहीं कर सक्ता–(इ ला रि. कलकत्ता जि० २० सफा ५०८)—

नालिश वास्ते जबरन करापाने रजिस्ट्री नहीं चल सकेगी जब तक कि अहकामात दफा ७७ एक्ट रजिस्ट्री की तामील न हुई हो–(इ ला. रि मद्रास जि १६ सफा ३४१)—

मुकदमा बाजी यानी लड़ाने के माहदे की रू से जो रूपिया पाना वाजिब हो उसकी नालिश नहीं चल सकेगी (इ. ला रि मदरास जि० १२ सफा ११८).

नालिश मन्सूखी हुक्म मजिस्ट्रेट निस्बत अमर बायस तकलीफ आम नहीं चलेगी (बंगाल ला रि. जि० ४ सफा २४)—

किसी आम सड़क का खोलना या बंद करना अदालत फौजदारी के अखत्यार में है—अदालत दीवानी सिर्फ इस बात का तसफिया करेगी कि वैसे खोलने या बन्द करने से मुद्दई को कुछ हरजा पहुचा या नहीं—(बगाल ला रि जि० ३ सफा ३५१)—

जब मजिस्ट्रेट ने निस्बत हटाने झोपड़ी हुक्म दिया हो जो झोपड़ी आम सड़क को रूकावट करती थी तो नालिश दीवानी वैसे मजिस्ट्रेट पर वास्ते कब्जा झोपड़ी वो हरजा नहीं चलेगी—(बगाल ला रि जि० ११ सफा ९)—

नालिश हरजा निस्बत तोहमत अदालत दीवानी में नहीं चलेगी जब कि अलफाज जिन पर उजर किया गया हो हतक इज्जत वाले न हों या उनसे मुद्दई को कोई नुकसान न पहुचा हो—(इ ला रि कलकत्ता जि० ३२ सफा १०६०)—

मुद्दई इस बात के इस्तकरार की नालिश नहीं कर सक्ता कि वह बहैसियत चौधरी बजार महसूल वसूल करने का हकदार करार दिया जावे जब कि वैसा महसूल देना बजार वालों के राजा खुशी पर हो—

नीचे लिखी हुई नालशात चल सकेंगी:—जो मुर्तहन मौरूसी खेत की फसल अपने फायदा मे लेता है वह जायदाद मरहूना के कब्जा की नालिश कर सक्ता है—(इ ला. रि अलाहाबाद जि० २६ सफा ५९१)—

नालिश निस्बत परवरिश बच्चा हराम चल सकेगी गो मजिस्ट्रेट ने बमूजिब दफा ४८८ मजमूआ जान्ता फौजदारी वैसी परवरिश का खर्च न दिलाया हो—(इ ला रि कलकत्ता जिल्द ३२ सफा ४७९)—

इसी तरह नालिश इस बात की भी चल सक्ती है कि जिस शख्स को परवरिश के लिये मजिस्ट्रेट ने खरचा दिलाया है वह वैसा खरचा पाने का मुस्तहक नहीं है (इ ला रि मदरास जि० ३० सफा ४००)—

नालिश वास्ते रोकने मोहितमिम मसजिद चलेगी कि वह मसजिद को उन कामों के सिवाय दूसरे कामों में न लावे जिसके लिये वह मकसूद है (इ ला रि. अलाहाबाद जि० ३ सफा ६३६)—

नालिश निस्बत दस्तनदाजी हक इबादत मसजिद चलेगी (इ ला. रि. अलाहाबाद जि० ७ सफा १७८)—

नालिश जबरन करापाने तकमील दूसरा बैनामा चलेगी जब कि पहिला बैनामा रजिस्ट्री होने के पहिले तलफ (नष्ट) हो गया हो (मदरास हाई कोर्ट जि० ५ सफा १२३)—

अगर किसी हिन्दू बाप की लड़की भगा लेगई हो तो नालिश हरजाना बापकी तरफ से चल सकेगी—(इ. ला. रि. अलाहाबाद जि० ४ सफा ९७)—

नालिश वास्ते जबरन करा पाने रजिस्ट्री ऐसे दस्तावेज की चलेगी जिसकी रजिस्ट्री लाजमी न हो—(इ ला रि. कलकत्ता जि० १९ सफा ५०९)—

अगर किसी की मजेशी नाजायज तौर पर पकड़ी गई हो तो नालिश मावजा चलेगी (इ ला. रि. कलकत्ता जि० १६ सफा १५९)—

अगर किसी गवाह को भत्ता वो खरचा सफर दिया गया हो और वह हाजिर न आवे तो उससे वैसा खरचा दिलापाने की नालिश चल सकेगी—(मद्रास ला. जरनल जि० १७ सफा १४३)—

जजमानों को अखत्यार है कि जो मजहबी रसूम वे अपने फायदे के लिये कराना चाहें वह किसी भी प्रोहित से जिस को वे चाहे करा सक्ते हैं—पस मुद्दईयान इस अमर के इस्तकरार हक के मुस्तहक नहीं है कि वे मुद्दालेहुम के साथ अकेले बिला दखल दूसरे के पुरोहिती का काम करने के हकदार हैं जब कि यात्री लोग गयाजी जाते वक्त पपजी (नदी) पर अपने पित्रों की श्राद्ध करें—

मुद्दई इस बात के इस्तकरार हक की नालिश कर सक्ते हैं कि वे ऐसे यात्रियों की पुरोहिताई का काम कर सक्ते हैं जो उनसे वैसा काम लेना चाहें और यह कि मुद्दायलेह मुद्दई को उनके पेशा का काम करने से नहीं रोक सक्ते—कुटुम्ब के लोग आपस में यह ठहराव कर सक्ते हैं कि उनमें से कोई भी शख्स पुरोहिती से जो आमदनी कमा कर लावें वह सब एक आम फन्ड में जमा की जावे और फिर पीछे से वह हिस्सा रसदी के साथ कुटुम्ब में बाटी जावे मगर

ऐसी ठहराव की पाबन्दी फरीकैन और उनके जानशीनों (वारिसों) के लिये हमेशा के वास्ते और ऐसे हिस्सेदारान की मरजी के खिलाफ जो वैसा ठहराव बन्द करना चाहे लाजमी न होगी—(कलकत्ता ला. जरनल जि० १३ सफा ४४६)—

अदालत दीवानी को यह अखत्यार है कि वह मदर में जो प्रसाद वो तीर्थ (पचामृत) पुरषांजली बाटी जाती है उसके बाटने का दरजा मुकर्रर करे यानी पहिले किसको और पीछे किसको बटेगा—जो लोग पहिले नबर में पाने के हकदार है वे इस बात का हुक्म इस्तनाई ले सक्ते हैं कि प्रसाद और तीर्थ (पचामृत) पुरषाजली दूसरों को जो उनके बाद पाने का हक रखते हैं, पहिले न दिया जाय (इ. केस जि० १५ सफा ४०६)

मुद्दईयान ने एक नालिश में यह दावा किया कि वे अकेले रिफाई और कादरी हक अमल में लाने के और उन हकों की निस्बत जो आमदनी हो उसके पाने के मुस्तहक हैं—मुद्दईयान ने यह भी बयान किया कि वे अकेले उरूस फुक्रा (फकीर शाह साहेब) का जलसा करने के और उससे जो आमदनी हो पाने के हकदार हैं और यह हक दूसरों को नहीं है—तजबीज हाई कोर्ट करार पाई कि अदालत दीवानी को ऐसी नालिश सुन्ने का अखत्यार नहीं है क्योंकि यह नालिश सिर्फ निस्बत इज्जत या रूतबा के हैं न कि उहदा हैसियत जायदाद या हक दीवानी के—(बम्बई ला रि जि १४ सफा ५७३)—

मुद्दई वो मुद्दायलेह दोनों महा ब्राम्हण के कुटुम्ब के थे और इस कुटुम्ब वालों ने झगडा बचाने के वास्ते वो कद्दूदान को बाटने के लिये यह ठहरान कर लिया था कि जो कद्दूदान महिना के फला २ तारीख को मिले उस के पाने के हकदार कुटुम्ब के चन्द मेंबरान होंगे और जो दान बाकी और दिन मिलें उस के पाने के हकदार दीगर मेम्बरान होंगे—एक दिन जो मुद्दईया के हिस्से में था उस रोज एक बडा आदमी मरा—मुद्दईया बेवा थी—दान करने वाले की यह राय हुई कि दान औरत को नहीं मिलना चाहिये बलकि वह बटना चाहिये इस से ज्यादा पुन्य होगा इस लिये उस रोज का दान औरत को न देकर मुदायलेह को दिया गया—तजबीज हाई कोर्ट (राय चीफ जसटिस खिलाफ थी) करार पाई कि जब दान करने के वक्त यह साफ कहा गया था कि दान उस कुटुम्ब के मेम्बरान को नहीं बाटा जायगा—और औरत को नहीं दिया जायगा इस लिये वह ऐसा दान समझा जावे कि जो मुदायलेह को

उस की निजी (शख्सी) हैसियत से न कि बहैसियत मेम्बर कायम मुकाम कुटुम्ब दिया गया—मगर जनाब रिचर्ड साहेब चीफ जस्टीस की यह राय हुई कि जब दान मुद्दईया के मुकर्रा दिन को किया गया तो उस दिन का दान मुद्दईया को मिलना चाहिये, न कि मुद्दायलेह को (सोना देवी—बनाम—फकीर चंद अलाहबाद ला. जरनल जि० ११ सफा ५८३)—

एक नालिश ओहदा मौरूसी के कब्जा पाने की निस्बत दायर की गई—इस ओहदे के काम यह थे कि गड्ढा खोदकर एक नाद गाड़ना, शरबत बांटना, रुपया वसुल करना, और उस वसूली का कुछ हिस्सा तकसीम करना और कुरान पढ़ना और यह सब काम मुहर्रम के दिनों में मसजिद में बहुत अरसे से होते थे और फरीकैन शरहमहम्मदी पर चलते थे—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि ओहदा मजकूर बतौर मजहबी ओहदा के नहीं समझा जावेगा और दावा उस के पाने का इस किस्म का नहीं समझा जावेगा कि जिस की नालिश अदालत दीवानी में चल सके—(मद्रास ला टाईम्स जि० १७ सफा २५६)—

दफा १०. कोई अदालत ऐसे मुकदमें की तजवीज की मुकदमात का मुलतवी रखा जाना.

कार्रवाई शुरू न करेगी जिस्में अमर तसफिया तलब सराहतन और दर असल वही हो जो किसी और पहिले से रूजू किये हुए ऐसे मुकदमें में जो उनहीं फरीकैन के दरमियान मे या दरमियान ऐसे शख्सों के तनकीह तलब हो जिन के जरिये से वे शख्स या उन मे से कोई दावेदार हैं, और उसी इस्तेहकाक पर अपना हक कायम करते है और जो ब्रटिश इंडिया के अन्दर उसी अदालत या किसी और अदालत में जिसे दादरसी मांगी हुई के अता करने का अखत्यार हो या ब्रटिश इंडिया की हदूद के बाहर किसी ऐसी अदालत में दायर हो जो नव्वाब गवर्नर जनरेल व इजलास कौंसिल के हुक्म से कायम की गई हो या कायम रखी गई हो और उसी तरह का अखत्यार रखती हो या जो मलिक मौज्जम इजलास कौंसिल के हुजूर में दायर और जेर तजवीज हो—

समझावना—अगर कोई मुकदमा किसी रियासत गैर की अदालत में दायर हो तो इस बात की मुमानियत नहीं है कि दूसरा मुकदमा जिस की वही बिनाय दावी है ब्रटिश इंडिया की किसी अदालत में रूजु किया जाय.

तशरीह.—यह दफा पुराने मजमूआ की दफा १२ की जगह पर थोड़ी सी तबदीलियों के साथ कायम की गई है—इस दफा में सिर्फ यह हुक्म है कि किसी नालिश की तजवीज उस हालत में शुरू न की जावेगी कि जब वैसी ही तनकीह किसी पहिले के दायर किये हुए मुकदमा में कायम की गई हो—दफा मजकूर से किसी नालिश की दायरी अन्दर उस मुद्दत के मनाई नहीं है कि जो कानून की रू से मुकर्रर है—(इ ला रि बम्बई जिल्द २२ सफा ६४०).

इस दफा का कायदा रेसजुडिकेटा के कायदे का कोई हिस्सा नहीं है—दोनों में बहुत बड़ा फर्क है—रेसजुडिकेटा की रू से नालिश नहीं हो सक्ती, मगर इस कायदे के रू से नालिश जो तनकीह की तजवीज में रूकावट की गई है—[इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द ११ सफा १४८, १५४—इजलास कामिल]

कार्रवाई हस्ब दफा ४७ मजमूआ जाब्ता दीवानी इस दफा की मनशा के लिये बतौर नालिश नहीं समझी जावेगी—(इ ला रि मदरास जिल्द २२ सफा २५६)—

अगर दरखास्त बास्ते मिलने इजाजत निसबत दायरी अपील बहुजूर प्रिवी कौंसिल मुलतबी हो तो ऐसे मुलतबी होने से नालिश की रूकावट न होगी—(इ ला. रि. मदरास जिल्द २१ सफा १८)—

मालिक ने मुख्त्यार पर नालिश वैने रूपया का हिसाब समझाने के लिया जो उस को बहैसियत मुखतारी दिया गया था—मुख्त्यार ने मालिक पर अलेहदा नालिश ऐसा रूपिया पाने की किया जिस को वह कहता था कि उस को मालिक से पाना है अलावा उस रुपया के जिस का हिसाब उस से मागा गया—तजवीज हुई कोर्ट करार पाई कि फैसला नालिश मालिक, मुख्त्यार की नालिश की तजवीज में कोई रूकावट रेसजुडिकेटा के उसूल पर नहीं डाल सक्ता—और यह भी तजवीज करार पाई कि गो दोनों नालिशों की तजवीज इकजाई करना

मुनासिब था ताहम उन की अलेहदा २ तजवीज करने में कोई कानूनी रूकावट नहीं हो सक्ती गो ऐसा करने में कोई कोई तनकीहों को दुबारा सुना पड़े—(कलकत्ता वी नोट जिल्द १५ सफा ९३०).

जबकि किसी नालिश को मुलतवी रखने से यह गरज हो कि जब तक तनकीह तलब अमर का तसफिया दूसरी नालिश में न हो जाय तब तक पहिली नालिश मुलतवी रहे तो ऐसी सूरत में पीछे से दायर की हुई नालिश को जिस को मुलतवी कराना चाहा गया खारिज करने में कोई गलती न होगी—(कलकत्ता वी नोट जिल्द १६ सफा ८९७)

दफा १० मजमूआ जाब्ता दीवानी ऐसी सूरत में लागू न होगी जब कि पहिली दायर की हुई नालिश ऐसी अदालत में मुलतवी होवे जो उस के सुनने की मजाज नहीं है—(पजाब ला. रि न. २८३ सन १९१४ ई०)

न दफा १० न दफा ११ दूसरी नालिश की दायरी को रोक सक्ती है—यह दफायें सिर्फ उस की तजवीज को रोकती हैं—(मदरास ला जरनल जिल्द २७ सफा ४०५).

अपील नालिश के सिलसिले में समझी जाती हैं इस लिये अगर कोई अपील मुलतवी होवे तो दफा १० उसी अमर के निसबत पीछे के दायर की हुई नालिश में लागू होगी—(मदरास वी नोट सन १९१५ सफा ८४४)

दफा १० मजमूआ जाब्ता दीवानी लागू करने के लिये यह जरूर है कि नालिशात उन्ही फरीकैन के दरमियान हुई हों जिन्हों ने एक ही हक की रू से दावा किया हो—(इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द ४२ सफा ९२९)

रेसजुडी केटा

दफा ११ कोई अदालत किसी ऐसे मुकदमे या बहस की तजवीज न करेगी जिसमें वह अमर जो सरीहन और दर असल तनकीह तलब हो किसी दूसरे मुकदमें मे दरमियान फरीकैन हाल या ऐसे फरीकैन के दरमियान जिन के जरिये से फरीकैन हाल या उन में से कोई दावेदार है और उसी इस्तेहकाक पर अपना हक कायम करते हैं ऐसी

अदालत में सरीहन और दर असल तनकीह पाकर उस की मारफत सुनाई होकर कतई तौर पर तै हो चुका हो जो बाद के दायर किये हुए मुकदमा की या ऐसे मुकदमे की तजवीज करने की मजाज हो जिस में बहस मजकूर दूसरे वक्त याने दुबारा पेश की जाय

समझावना १—लफ्ज "मुकदमा साबिक" से वह मुकदमा मुराद है जो मुकदमा हाल के पेश्तर फैसल हो चुका हो चाहे वह उस के पहले दायर हुवा हो या नहीं

२ इस दफा की मनशा के लिये यह अमर कि आया फलां अदालत फलां मुकदमे की तजवीज करने की मजाज है बिला लिहाज किसी सवाल निसबत हक दायरी अपील बनाराजी फैसला अदालत मजकूर के तै किया जायगा

३. जरूर है कि मुकदमा साबिक में वह अमर जिस का ऊपर जिक्र हो चुका है एक फरीक ने बयान किया हो और दूसरे फरीक ने सराहतन या मानवी तौर पर उस से इन्कार या इकबाल किया हो

४—हर अमर की निसबत जो वैसे मुकदमा साबिक मे जवाब या दावे की बिना करार दिया जा सक्ता था और करार देना चाहिये था, यह समझा जायगा कि वह मुकदमे में एक अमर सरीहन और दर असल तनकीह तलब था

५. जिस दादरसी का दावा अरजी दावी में किया गया हो और वह डिक्री में साफ तौर से मंजूर न की गई हो वह इस दफा की मन्शा के लिये समझी जायगी कि मजूर नहीं हुई

६ जिस हाल में कि अशखास बाबत किसी हक आम या किसी जाती हक के जिस का दावा वह वास्ते खुद अपने और दीगर शख्सो के मिल कर करते हों, नेक नियती

के साथ अदालत में झगडा दायर करे तो तमाम अशखास जो उस एक में गरज रखते हों वास्ते गरज इस दफा के दावेदार बजरिये उन शख्सों के समझे जायेंगे जिन्हों ने ऐसा झगडा दायर किया

तशरीह.—इस दफा के बमूजिब उजर कायम करने के वास्ते यह बहुत ही लाजमी अमर है कि दोनों मुकदमों में फरीकैन, वो झगडे की चीज वो बिनाय मुखसमन एक ही होवे—(बी रि. सन १८६४ ई० सफा ३२०)—यह साबित करना भी बहुत जरूर है कि मांगी हुई दरदरसी दिलाने या न दिलाने के बारे में फरीकैन के दरम्यान कतई फैसला हो चुका है—(इ. ला कलकत्ता जि० २४ सफा ६१६)—

डिक्री बाबत कब्जा जो अदालत ने बमूजिब दफा ९ एक्ट न. १ सन १८७७ ई० (एक्ट दादरसी) के सादिर की हो किसी ऐसी नालिश में जो अदालत मजकूर के हद अखत्यार मालियत के बाहर होवे बतौर शहादत कब्जा मुद्दायलेह बाद की ऐसी नालिश में तसव्वर की जावेगी जो बाबत वसूली वासिलात यानी मुनाफा बरखिलाफ उन्ही मुद्दायलेहुम के दायर की गई हो वो ऐसी डिक्री में पहिली नालिश का फैसला कतई न होगा—(इ ला रि. कलकत्ता जि० २३ सफा ९९३)—

दर सूरत न होने कोई फरेब या बेजाबतगी एकतरफा डिक्री की पाबन्दी फरीकैन के दरम्यान कुल गरजों के लिये उसी तरह की जावेगी कि मानों वह डिक्री किसी तकरारी मुकदमा में सादिर हुई है—(इ. ला रि कलकत्ता जि० ३ सफा ३८३, वो कलकत्ता जि० २० सफा ५०५)—

जब कोई फरीक किसी डिक्री की मसूखी बरबिनाए फरेब वो साजिश के मागता हो तो ऐसी नालिश में दफा ११ (पुरान मजमूआ की दफा १३) की किसी किस्म की रूकावट न होगी—(इ ला रि मद्रास जि० १६ सफा १९८)

फैसला किसी नालिश लगान जो मुद्दई की तरफ से उस के काश्तकार पर बकाया जरलगान के बारे में दायर की गई है किसी ऐसे बाद की नालिश की रूकावट न करेगा जो उसी जमीन के इस्तेहकाक के बाबत दायर की गई हो, सिर्फ उसी काश्तकार के बरखिलाफ नहीं बलकि उस शख्स के मुकाबले में

कि जिस का हक मुद्दायलेह काश्तकार ने बहैसियत मालिक जमीन के बयान किया हो—(इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द २६ सफा ४२८ इजलास कागिल).

जब किसी फैसला पचायती की शर्तों के मुताबिक मजमूआ जाबता दीवानी सन १८८२ ई० की दफा ५२२ (दफा १६ जमीमा २) के बमूजिब फैसला और डिक्री सादिर की जावे तो ऐसे फैसले के अमर से दुबारा नालिश की रुकावट होगी (इ ला रि. बम्बई जिल्द २१ सफा ४६५).

फैसला किसी अदालत फौजदारी का नालिश दीवानी को जो उसी बिनाय दावी पर कायम की जावे मनाई न करेगा —(इ ला रि अलाहाबाद जिल्द ४ सफा ६७)

फरीकैन की गैरहाजरी में जो मुकदमा खारिज किया जावे उस के जोर पर मुद्दई ऐसी नई नालिश के दायर करने से रोका न जावेगा जो उसी बिनाय मुखासमत पर और बरखिलाफ उसी मुद्दायलेह के होवे—(इ ला रि कलकत्ता जिल्द १६ सफा ६८)

सार्टिफिकेट विरासत का पेश न करने की वजह से जो नालिश खारिज की जावे उस की रू से किसी दूसरी नालिश की मनाई न होगी जो उसी बुनियाद पर पीछे से दायर की जावे—(इ ला रि मदरास जिल्द १८ सफा ४६६)

यह दफा दो किस्मों की नालशों में लागू होगी: —(१) वे मुकदमे जिन में पीछे दायर किया हुआ मुकदमा पहिले मुकदमे के फैसले के सबब से बिलकुल चल नहीं सक्ता क्योंकि दोनों मुकदमों में झगड़े की चीज एकही थी—(२) वे मुकदमे जिन में बाद के दायर की हुई नालिश की तनकीह का फैसला पहली नालिश में यही तनकीह कायम होकर हो चुका है और इस लिये उस की दूसरी तजवीज नहीं हो सक्ती गो दोनों नालशों में झगड़े की चीज अलहदा २ हों—(इ ला रि. कलकत्ता जिल्द २६ सफा ५७१, ५७६)

मुद्दई इस दफा के अहकाम को उसी मुद्दायलेह के खिलाफ कई बिनाय मुखासमत पीछे की नालिश में इकट्ठी करके और नालिश को बड़े दरजे की अदालत में दायर करके बरका नहीं सक्ता—(इ ला रि कलकत्ता जिल्द २८ सफा ७८)

जो फैसला कि बेअसर वो रद्दी हो वह रेसजुडिकेटा का काम नहीं देगा. (इ. ला. रि. बम्बई जि ७ सफा ४००)

जब कि पहिली नालिश की डिक्री का असर अब तक कायम हो तो बाद की नालिश में वह डिक्री नाजायज करार नहीं दी जा सक्ती गो फरीक को यह अखत्यार था कि उस डिक्री को दूसरी नालिश के जरिये मंसूख कराता–(इ ला. रि. अलाहबाद जि. २० सफा ३७०)

नालिश की पैरवी में गफलत, चाहे कितनी बड़ी हो, डिक्री से बचने के लिये कोई बिना न होगी बशर्ते कि वह गफलत फरेब या साजिश के दरजे को न पहुचती हो—(मदरास ला. जरनल जिल्द १३ सफा ६८)

डिक्री जो फरेब से हासिल की गई हो बतौर रद्दी के समझी जावेगी—(इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द २६ सफा २७२)

यह वाकेआ कि जिस बहेस पर पहिला फैसला कायम है वही दूसरे मुकदमे में बराबर लागू होती है रेसजुडिकेटा का काम न देगा—(इ ला रि अलाहाबाद जिल्द २३ सफा ५) अम्र कानूनी का गलत फैसला दरमियान फरीकैन नालिश रेस-जुडी-केटा का काम देगा–(इ ला रि अलाहाबाद जिल्द १५ सफा ३२७).

फैसला खिलाफ बेनामीदार (यानी फरजी मालिक) बमुकाबले असली खरीदार के रेसजुडीकेटा का काम देगा–(इ ला रि मदरास जिल्द १५ सफा २६७)

यह दफा दरखास्त हस्ब दफा ६० एक्ट इन्तकाल जायदाद को लागू न होगी (आर्डर ३४ कायदा ६ वो अलाहाबाद ला जरनल जिल्द २ सफा ३७६)

इस दफा की रू से नालिश खिलाफ ऐसे शख्स के चलने में नहीं रुकेगी जो बवक्त नालिश नाबालिग था या उस के तरफ से कोई वकील नहीं था—(इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द २८ सफा १ प्रिव्ही कौंसिल).

जिस शख्स ने डिक्री हासिल की हो अगर वह उस को इजरा न करावे और उस की इजरा को बेरू मियाद कर देवे तो वह उस बिनाय मुखासमत पर फिर नालिश दायर नहीं कर सकेगा (इ ला रि कलकत्ता जिल्द ३३ सफा ६७६)

हुक्म इम्तनाई के लिये दूसरी नालिश नहीं हो सकी--(इ. ला रि. अलाहाबाद जिल्द २३ सफा ४६५)

दफा ८५ एक्ट इतकाल जायदाद (आर्डर ३४ कायदा १) रेसजुडिकेटा के कायदे को नहीं बदलती (इ. ला. रि. अलाहाबाद जि २९ सफा ६५)

जब तक कि विनायमुखास्मत जुदी हो तो जितनी जुदी २ विनाय मुखास्मत होंगी उतनी नालशें हो सकेंगी—(इ ला रिपोर्ट अलाहाबाद जिल्द २७ सफा ३२).

जब नालिश किसी मरे हुए शख्स पर दायर की जाय और फैसला हासिल हो जाय तो वैसी तजवीज रेसजुडिकेटा का काम न देगी—(बम्बई ला रि. जि. ९ सफा २७४)

उसूल रेसजुडिकेटा का इजराय डिक्री में लागू होना—उसूल रेसजुडिकेटा कार्रवाई इजराय डिक्री में भी लागू होगा—पस जबकि मदयूनडिक्री के कायम मुकाम ने इजराय एक साल तक अपने ऊपर चलने दी हो और कुछ उजर न किया हो और दो दफे नीलाम मुलतवी किया गया हो, तो पीछे से वह यह नहीं कह सक्ता कि डिक्री की इजराय उस पर नहीं हो सकी—[इ ला रि कलकत्ता जि. ३१ सफा २२].

जब नालिश बटवाड़ा का राजीनामा हो गया हो और अमीन हस्ब अहकाम डिक्री बटवाड़ा करने के लिये मुकर्रर किया गया हो और इजराय डिक्री अदमपैरवी में खारिज हुई हो तो बटवाड़ा की नई नालिश चल सकेगी (कलकत्ता वी नो जिल्द १० सफा ८३९),

नालिश—तरीका दायरी नालिश के लिये देखो दफा ९६-लफ्ज "नालिश" में अपील शामिल नहीं है—(इ ला रि. कलकत्ता जि २३ सफा १४५).

दरम्यान वही फरीकैन:—जब फरीकैन नालिश के झगड़े की चीज से वास्ता वो गर्ज रखते हों तो समझा जायगा कि वे वही फरीकैन है—(मद्रास ला जरनल जिल्द १४ सफा २८१)

जब पहिले मुकदमें में कोई मुद्दायलेह हाजिर न हुए हों और मुई के दावे से बरी किये गये हों तो फैसला रेसजुडिकेटा का काम न देगा—(अलाहाबाद ला.

जरनल जि १ सफा ३९३).

वारिस मावाद (यानी मरने के बाद जिस्का हक्क पहुचता हो) दूसरे वारिस मावाद के जरिये दावा नहीं करता, इस लिये ऐसे वारिस मावाद की नालिश का फैसला खिलाफ दूसरे वारिस मावाद के रेसजुडिकेटा का काम न देगा—(मद्रास ला. जरनल जिल्द १३ सफा ३५९)

वारिस मावाद डिक्री खिलाफ बेटा के पाबन्द होगा अगर डिक्री मजकूर पूरी तौर पर वो इन्साफ के साथ तजवीज हो कर सादिर हुई हो—(अलाहाबाद वी नो. सन १९०५ सफा २७०).

फैसला खिलाफ एक शैवत (पुजारी) मूर्ती उस के जानशीन शैवत को लागू होगा—(कलकत्ता वी. नो जिल्द ६ सफा १७८)

शामिल शरीक खानदान का हिन्दू बेटा अपने बाप के जरिये दावा नहीं कर सक्ता (इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द १० सफा ४११)

एक ही हक्क के जरिये नालिश करना:—जो शख्स पहिले मुकदमा में मुतवक्की मुद्दायलेह के कायम मुकाम की हैसियत से हाजिर हो और वह पीछे से अपने निजी हक के जरिये निस्बत उसी झगड़े की चीज के नालिश दायर करे तो पीछे की नालिश में उस की हैसियत दूसरी समझी जावेगी—[इ. ला रि. कलकत्ता जि. १७ सफा ५७ वो ६२]

जब नालिश में एक मुद्दायलेह हाजिर न हुआ हो और दूसरा मुद्दायलेह हाजिर हुआ तो यह न समझा जावेगा कि उन दोनों के दरमियान कोई तकरारी मामला था—[इ. ला. रि मद्रास जि १४ सफा ३२४, ३२७]

जब बेचने वाला और खरीदने वाला दोनों किसी शख्स पर दखलयाबी जमीन की नालिश करें और नालिश इस बिना पर खारिज हो कि उस जमीन पर बेचने वाले को कुछ हक्क हासिल नहीं है तो ऐसा फैसला बाद की नालिश में बतौर रेसजुडिकेटा के काम देगा जो नालिश कि खरीदार बेंचने वाले पर जर समन की वापसी की निस्बत दायर करे—(इ. ला. रि मद्रास जि. २१ सफा ८).

तजवीज करने वाली अदालत का अखत्यार:—यह दफा सिर्फ उस सूरत में लागू होगी जब कि अदालत जिसका फैसला बतौर रेसजुडीकेटा बतलाया जाता है दूसरे मुकदमें की तजवीज करने का अखत्यार रखती हो (अलाहाबाद ला जरनल जिल्द १ सफा ५०३),

देशी रियासत की अदालत वैसी दूसरी नालिश की तजवीज करने की मजाज नहीं समझी जावेगी जिसकी तजवीज सिर्फ अदालत अंग्रेजी से होना चाहिये (बंगाल ला रि. जिल्द ६ सफा ६८)

समझावना:—(१) यह नया है.—

समझावना:—(२) यह भी नया है:—

इस दफा की इबारत से यह न समझा जावेगा कि दोनों नालिशों के फैसलों की अपील एक ही तौर पर होना चाहिये (इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द २५ सफा ५७१, ५७६)

समझावना —(४) यह समझावना मुद्दई वो मुद्दायलेह दोनों को लागू होता है (बंगाल ला. रि जिल्द ६ सफा ५६४)

समझावना—(५) जिस दादरसी का दावा अर्जीदावी में किया गया हो उस से वह दादरसी मुराद है जिस के पाने का मुद्दई बतौर हक के मुस्तहक है—आयन्दा मुनाफे का देना जिसका दिलाना या न दिलाना अदालत के अखत्यार में है ऐसी दादरसी में नहीं समझा जावेगा (मद्रास ला. जरनल जिल्द १५ सफा ४६२)

असर अपील—जब गोद लेना हाई कोर्ट से जायज करार दिया गया हो वो उस की अपील बहुजूर प्रिवी कौंसिल पेश की गई हो और दौरान मुलतवी अपील राजीनामा हो गया हो और अपील वापिस लेली गई हो तो डिक्री हाई कोर्ट निस्बत जायज करार देने गोद कतई समझी जावेगी (इ ला रि. मद्रास जिल्द ६ सफा ४३).

समझावना—(६) इस समझावना की रू से पहली नालिश का मुद्दई दूसरी नालिश का कायम मुकाम हो सक्ता है अगर वैसी दूसरी नालिश का मुद्दई किसी ऐसी दादरसी पाने का हक रखता है जिस का दावा

पहली नालिश में किया गया हो (इ. ला. रि. मदरास जिल्द २८ सफा ४२७)

जिस बमूजिब दफा ६० एक्ट इंतकाल जायदाद कातूरी बाई, लड़की रमाबाई, पर नालिश की गई—कातूरी उजरदारी करने वालों की मा थी—इजराय डिक्री में या डिक्री जदाई पाने के लिये मोहलत मांगी गई और मोहलत मंजूर की गई—डिक्रीदारान ने दूसरी एक डिक्री जारी कराई और दूसरी बार जारी कराने में यह उजरदारी की गई कि जायदाद मकरूफा मदयूनडिक्री को बजरिये अपने नानी रमाबाई के, न कि मां के, मिली थी—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि ऐसी उजरदारी में कोई एकाघट न कानूनी रेसजुडिकेटा मे और न 'स्टापिल' से है (अलाहाबाद ला. जरनल जिल्द ८ सफा ८४५).

एक जायदाद दो शख्सों के यहां रहन की गई, पीछे वाले मुर्तहिन की नालिश में पहिले रहन का जिक्र था डिस्ट्रिक्ट मुन्सिफ ने पीछे वाले मुर्तहिन की नालिश खारिज की मगर पहिले रहन का कब्जा वाहिब के जिम्मे देना साबित पाया—दूसरे मुर्तहिन ने सानि डिस्ट्रिक्ट जज के यहां दायर की मगर मुहाल अपील में पहिले रहन के सबूत की निस्बत कोई जिक्र नहीं किया—डिस्ट्रिक्ट जज के डिक्री में भी इस मामले के बारे में कोई जिक्र न था—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि डिस्ट्रिक्ट जज और रेसजुडिकेटा खिलाफ पहिले मुर्तहिन के काम न देंगे—(मदरास ला. जरनल जिल्द २१ सफा ६३५).

जहां जिस्का कब्जा तो न जायदाद मरहूना में पहले रहन का जिक्र हो मगर वो दस्तावेज फाड़ी गई हो तो डिक्री के खिलाफ मुद्दई पहिले रहन की डिक्री पाने के लिये पहिले रहन का जिक्र की न हो, लेकिन अगर मुद्दई पहिले रहन का जिक्र की न हो, लेकिन अगर मुद्दई पहिले रहन के मिटने इकरार करता हो और जायदाद मरहूना का दूसरे किसी पहिले रहन के मातहत होना हो तो डिक्री दूसरे रहन के इकरार, पाने के कारण पहिले रहन पर न देगा.—(ई. ला. जिल्द ६ सफा [illegible])

[illegible]

(ज) की नालिश में लगा दी गई–(म) की नालिश में डिक्री दी गई मगर (ज) की नालिश खारिज की गई–(ज) ने अपनी नालिश की खारजी के नाराजगी से, न कि (म) की नालिश की नाराजगी से, अपील किया–(म) की डिक्री (ज) के अपील के फैसला होने के पेश्तर कतई हो गई थी–तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि उसूल रेसजुडिकेटा का लागू होगा और (ज) की अपील नहीं चल सकेगी (इ. ला रि अलाहबाद जिल्द ३३ सफा ९१)

नालिश इनफिकाक में अदालत ने एक तिहाई जायदाद की निस्बत डिक्री सादिर किया और दो तिहाई की निस्बत दावा मुदई खारिज किया मुदई और इस अदालत ने दोनों अपीलों की एक तजवीज किया–अपील का नतीजा यह हुआ कि मुदई की अपील खारिज और मुदायलेह की बहाल की गई–मुदई ने फिर अपील हाई कोर्ट में किया–तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि रेसजुडिकेटा का फायदा पूरी अपील पर लागू न होगा, क्योंकि अदालत मातेहत अपील ने जो मुदई की अपील खारिज की थी उस में यह बात तै की गई थी कि मुदई अपने दो तिहाई जायदाद के इनफिकाक कराने का हकदार नहीं है—(अलाहाबाद ला जरनल जि ८ सफा ६०५).

मुसम्मात कौसल्याबाई एक हिन्दू बेवा ने बहैसियत वारिस अपने खाविन्द के खाविन्द के भाई यानी [मुदायलेह न १ पर सन १८८४ ई० में बाबत पान हिस्सा अपने खाविन्द का बजरिये बटवाड़ा कुछ जमीन में जो दोनों भाईयों के शराकत में थी नालिश दायर किया मगर खारिज हुई–सन १९०८ मे मुदई ने बजरिये खाविन्द कौसल्याबाई के दावा करके मुदायलह न १ पर नालिश बवते दिलापाने कब्जा मकान जिस में कौसल्या अपने जीते जी रहती थी दायर किया–दोनों नालिशों में यह बयान किया गया था कि मकान दोनों भाईयों ने आपस में बाट लिये और जिस मकान का झगड़ा है वह कौसल्या के खाविन्द के हिस्से में आया था–मुदायलेह ने उजर किया कि दूसरी नालिश बवजह रेसजुडिकेटा नहीं चल सक्ती–तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि उसूल रेसजुडिकेटा नहीं चल सक्ता–तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि उसूल रेसजुडिकेटा दूसरी नालिश में लागू न होगा क्योंकि जो अमर तनकीह तलब दूसरी नालिश में दरम्यान फरीकैन है उस का फैसला पहली नालिश में नहीं हुआ था–(बंगाल ला. रि जि. १३

सफा १० ३४).

जब किसी इस्तकरारी हक की नालिश में डिक्री चन्द मुद्दायलेहों पर हुई हो और उन मुद्दायलेहों ने अपने झगड़े का राजीनामा मुद्दई के साथ कर लिया हो और बाकी मुद्दायलेहूम पर बिनाय मुखासमत उनके खिलाफ कुछ बाकी नहीं रहा और फैसले में यह बात भी दर्ज है कि मुद्दई को अख्त्यार है कि ऐसे मुद्दायलेहूम पर जिन पर डिक्री नहीं हुई दूसरी नालिश दायर करें तो ऐसी सूरत में मुद्दई उन्हीं मुद्दायलेहूम पर दूसरी नालिश करने में रेसजुडिकेटा के कायदे से रोका न जायगा (इ. केस जि. १५ सफा ६३०)—

बाद के मुर्तहन की नालिश में यह जरूर नहीं है कि पहले मुर्तहन फरीक बनाये जावें और न यह जरूर है कि पुराने रहन के सवाल का तपफिया किया जावे—जब बाद का मुर्तहन पहले रहन को कबूल करे तो पहिला मुर्तहन अपने रहन की नालिश दायर कर सक्ता है गो बाद के मुर्तहन की नालिश में जो डिक्री सादिर हुई हो उस में पहिले मुर्तहन के हक का बचाव खास तौर पर न किया गया हो—(इ. केस जिल्द १३ सफा १८२).

मुसम्मी (अ) ने नालिश वाली जमीन का कबजा अपनी लड़की (ब) के नाम लिख दिया—वह जमीन बइजराय डिक्री जो (ब) के बेटों पर हुई थी कुर्क की गई—लड़की (ब) ने दावा किया मगर उस का दावा खारिज हुआ—(ब) ने फिर नालिश बमूजिब दफा २८३ जाब्ता दीवानी सन १८८२ यानी आर्टर २१ कायदा ६३ की रू से दायर किया और उस में डिक्रीदार और उस के बेटों को मुद्दायलेह गरदाना—उस की नालिश खारिज हुई—इस के बाद वह जायदाद नीलाम की गई और (ड) ने उस को खरीद किया—चूंकि (ड) को कबजा नहीं मिला इस लिये उसने कबजा दिला पाने की नालिश दायर किया—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि (ड) डिक्री पाने का हकदार है—[इ केस जिल्द २० सफा २५०]

दरखास्त नजरसानी बतौर नालिश हस्ब मनशा दफा ११ जाब्ता दीवानी के नहीं समझी जावेगी इस लिये इस की नालिश में रेसजुडीकेटा का कायदा लागू न होगा इस बिना पर कि पहली नालिश के फैसले की नजरसानी की दरखास्त

खारिज हुई थी और दरखास्त नजरसानी में वही वजूहात दर्ज थे जो दूसरी नालिश में दर्ज हैं—(इ. केस. जिल्द १८ सफा ४४४)

एक बेवा ने कुछ मौरूसी खेत बेचे—उस के खाविन्द के वारसों ने नालिश खरीदार व बेवा पर दायर की—नालिश में एक तनकीह इस सवाल की निकाली गई थी कि आया बदल का रूपया दिया गया या नहीं—बेवा ने वे वो रूपया पाने से इकार किया—यह तनकीह खरीदार के खिलाफ पाई गई—खरीदार ने दूसरी नालिश बेवा पर वास्ते दिला पाने कब्जा बची हुई जायदाद के दायर किया—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि सवाल निसबत अदाई जर बदल बतौर रेसजुडीकेटा के दूसरी नालिश में काम देगा—(इ केस जिल्द १६ सफा ८०)

तीन राहनों में से एक राहन ने नालिश इनफिकाक सन १९०४ में दायर किया—उसने दो राहनों को मुद्दायलेह गरदाना और उस को डिकरी इनफिकाक की इस शर्त पर मिली कि वह जर रहन ६ माह के अन्दर पटावे और न पटाने की सूरत में उस को हक इनफिकाक न रहेगा—उस ने ६ माह के अन्दर रूपया नहीं पटाया और डिकरी उस के खिलाफ कतई हो गई—सन १९१० में बाकी दो रहनदारों ने दूसरी नालिश इनफिकाक की दायर की और उस पहिले रहनदार (राहन) को मुद्दायलेह गरदाना—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि दूसरी नालिश में रेसजुडीकेटा का कायदा लागू होगा—(इ. केस जिल्द २० सफा ३७२).

जब दो नालशों में एकही सवाल हो और एक डिकरी की नाराजगी से अपील दायर की गई हो और दूसरी डिकरी के खिलाफ नहीं, तो एक नालिश का फैसला दूसरी नालिश के फैसला में रेसजुडीकेटा का काम न देगा (मदरास वी नो सन १९१४ ई० सफा ६१६)

डिक्री बहक या खिलाफ बेनामीदार यानी फर्जी मालिक बतौर रेसजुडिकेटा खिलाफ असली मालिक के काम देगी जब कि असली मालिक ने झगड़ा दरमियान बिनामीदार व तीसरे शख्स के चलने दिया हो और खुद खड़ा न हुआ हो—उसूल यह है कि अगर नालिश असली मालिक के इल्म और इजाजत से हुई हो और वह खुद सामने नहीं आने चाहता तो वह डिक्री का पाबन्द समझा जावेगा—जब किसी नालिश में बिनामीदार इकबाल करे कि मैं सिर्फ दूसरों की तरफ से बिनामीदार हू और जायदाद नालिश में मेरा कोई हक नहीं

है, इस लिये असली मालकान फरीक नालिश बनाये जावें और इतना होने पर भी मुद्दई ने यह जिद किया कि मुद्दायलेह ही तमाम असली मालिक है तो ऐसी सूरत में डिक्री बतौर रेसजुडिकेटा खिलाफ असली मालकान काम न देगी और असली मालकान की तरफ से दूसरी नालिश चल सकेगी (इ. ला. रि अलाहाबाद जिल्द ३६ सफा ४४६)

उसूल रेसजुडिकेटा लागू न होगा जब कि दोनों नालशों में मुद्दायलेहुम वही न होवें, गो मुद्दई वही होवे, और नालिशों के झगड़े की चीज भी वही होवे (इ. के जिल्द २५ सफा ४३४).

नाबालिग ऐसे डिक्री का पाबन्द न होगा जो उस के खिलाफ सादिर की गई हो जब कि वह यह साबित करे कि उसका वली भारी गफलत का कसूरवार था—एक हिन्दू नाबालिग की मा को वली ने नाबालिग की जायदाद का रहननामा लिखा—मुर्तहन ने नालिश रहन मा पर दायर की वो डिक्री हासिल करके उस की इजराय में नाबालिग का हक, जो जायदाद में था नीलाम कराना चाहा—नाबालिग ने उजरदारी पेश किया कि उस का हक मा की डिक्री के इजराय में नीलाम नहीं होना चाहिये—उस की उजरदारी मजूर हुई—मुर्तहन ने नाबालिग पर इस बात के इस्तकरार हक की नालिश दायर किया कि नाबालिग की जायदाद उस के मा की डिक्री के इजराय में काबिल नीलाम करार दी जावे—यह नालिश इस बिना पर खारिज की गई कि जो डिक्री मा पर हुई थी वह ऐसे बिनाय मुखास्मत की रू से हुई जो सिर्फ मा की जात पर लागू थी—इस लिये मा की डिक्री में नाबालिग की जायदाद नीलाम नहीं की जा सक्ती है—नाबालिग के बालिग होने पर मुर्तहन ने उस पर नई नालिश दायर किया—इस नालिश में यह बहेस की गई कि रेसजुडिकेटा के सबब से यह नालिश नहीं चल सक्ती—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि नालिश चल सक्ती है (इ के. जिल्द २७ सफा ६०३)

एक बेवा ने, जिस ने एक लड़के को गोद में लिया था, इस अमर के इस्तकरार-हक की [illegible] दायर किया कि लड़के का गोद लिया जाना इस बिना पर ना[illegible] [illegible]प को (बेवा को) गोद लेने की इजाजत नहीं [illegible] हाई कोर्ट ने फैसला खिलाफ मुद्दई

इस बिना पर दिया कि जब उस ने खुद गोद में लिया तो वह अपने चलन से गोद में इनराज करने से रोकी जा सकी है और सवाल इजाजत की निस्बत अदालत मातहत ने जबानी शहादत लेना नामंजूर किया—प्रिवी कौंसिल में अपील होने पर बोर्ड ने अपील बरबिनाय डमूर स्टापिल (दफा ११५ एक्ट शहादत) जो बरबिनाय खुईदाद अपील खारिज किया—इस के बाद वारिस मादर ने (यानी बेवा के मरने के बाद जिस का हक पहुचता था उस ने) नालिश इस्तकरार निस्बत नाजायज करार देने गोद इस बिना पर दायर किया कि इजाजत नहीं थी—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई (जिस में साहबान जसटिस बनरजी वो शेमियर की राय एक थी वो चीफ जसटिस साहब रिवर्डस की राय खिलाफ थी) कि पहली नालिश का फैसला बतौर रेसजुडिकेटा के काम देगा और नालिश न चल सकेगी (इ. ला रि अलाहाबाद जिल्द ३७ सफा ४९६)

दफा १२ जब कोई मुद्दई किसी कायदे की रू से कोई मुकद्दमा नया का काबिल समाअत न होना

नया मुकद्दमा निसबत किसी खास बिनाय मुखासमत के दायर करने से रोका गया हो तो वह कोई मुकदमा निसबत बिनाय मुखासमत मजकूर के किसी अदालत दीवानी में जिस से यह मजमूआ मुताल्लुक है दायर नहीं कर सकेगा

तशरीह.—यह दफा नई है पुराने मजमूआ में दर्ज न थी

इस एक्ट के तमहीद के मुताबिक यह मजमूआ अदालत हाय दीवानी को लागू होता है—मगर हस्ब दफा ५ इस मजमूआ के अहकामात अदालत हाय माल को लागू किये जा सकते है

दफा १३. फैसला रियासत गैर ऐसे अमर की निसबत तजवीज रियासत गैर कतई होगा, जो सरीहन उस की रू से दरकिन सूरतों में कतई न होगी

मियान उनही फरीकैन के या दरमियान उन के जिन के जरिये से फरीकैन हाल या बाज उन में से दावीदार हो, और उसी इस्तेहकाक पर दावा करते हों फैसला हो चुका हो—सिवाय नीचे लिखी हुई सूरतों के—

(क) जब कि अदालत अख्तियार मजाज ने उस को न सुनाया हो

(ख) जब कि वह हस्व रुयेदाद मुकदमा न किया गया हो.

(ग) जब कि मुकदमे की कार्रवाई से जाहरा में यह मालूम होता हो कि वह फैसला बद बिना गलत समझी किसी ऐसे कानून के है जो दरमियान मुख्तलिफ फौमों में तामील के लिये वाजिब हो या उन सूरतों में कि जहां कानून रायज ब्रिटिश इंडिया का ताअल्लुक हो तो फैसले ने कानून मजकूर का तसलीम किया जाना न पाया जाता हो

(घ) अगर वह कार्रवाई जिन में तजवीज हासिल की गई हो खिलाफ इंसाफ कुदरती के हो

(ङ) अगर वह तजवीज फरेब से हासिल की गई हो

(च) अगर वह ऐसे दावे को कायम रखता हो जो किसी कानून मजारिया ब्रिटिश इंडिया की उदूल हुक्मी के बिना पर हो.

तशरीह:—इस दफा में लिखी हुई छे सूरतों के सिवाय फैसला रियासत गैर के रू से किसी मुकदमा की सुनाई की मनाई न होगी जो अन्दर हद ब्रिटिश इंडिया के दायर किया जावे

इस मुकदमा में मुद्दई ने अदालत मुल्क फरासीस में एक फैसला बर खिलाफ बाप मुद्दायलेह के हासिल किया—मुद्दई ने मुद्दायलेह पर उसी फैसला की रू से उसी अदालत में ब हैसियत कायम मुकाम उसके बाप के नालिश दायर करके डिकरी हासिल किया—अब नालिश हाल उस ने उसी फैसला की बिना पर दायर किया—तजवीज अदालत हाई कोर्ट यह करार पाई कि मुद्दायलेह पर फरासीसी अदालत के फैसला की पाबन्दी कि जो उस के ऊपर ब हैसियत कायम मुकाम उस के बाप के सादिर हुआ था लाजमी होगी—(इ ला रि मदरास जिल्द २ सफा ३३७).

यह दफा पुराने जाब्ता दीवानी सन १८८२ की दफा १४ के मुताबिक है.

"तजवीज रियासत गैर" की तारीफ के लिये देखो दफा २ (६).

हिन्दूस्थान में तजवीज रियासत गैर रेसजुडीकेटा का असर पैदा करती है—(इ ला. रि बम्बई जिल्द १३ सफा २२४)—तजवीज रियासत गैर जमीन वाके ब्रिटिश इंडिया पर वाला २ असर नहीं डाल सक्ती—(इ. ला. रि मदरास जिल्द १६ सफा ५२७)—नालिश नालिश में फर्क है—एक तो वह नालिश

जिस में मुद्दायलेह यह उजर करे कि मुद्दई की नालिश बवजह तजवीज रियासत गैर हस्ब दफा ११ नहीं चल सक्ती—और दूसरी वह जिस में मुद्दई तजवीज रियासत गैर को अमल में लाना चाहता है (इ ला रि. कलकत्ता जिल्द २६ सफा ९३१)

तजवीज रियासत गैर जो डिक्री अदालत वाके ब्रिटिश इंडिया के आधार पर हासिल की गई हो असली डिक्री के इजराय में कोई रूकावट न करेगी—(इ ला रि कलकत्ता जिल्द ७ सफा ८२).

जब तक तजवीज रियासत गैर में कोई खास मुकर्रर रकम दर्ज न हो तो उस का अमल दरआमद नहीं हो सक्ता—(इ. ला. रि मदरास जिल्द २२ सफा ३८२)

अदालत देशी रियासत की तजवीज के आधार पर नालिश चल सकेगी—(इ ला. रि बम्बई जिल्द १४ सफा ८६७ इ ल रि कलकत्ता जिल्द २२२ प्रिव्ही कौंसिल)

फिकरा (अ) —अदालत रियासत गैर की हुकूमत ऐसे शख्स पर न होगी जो रईयत ब्रिटानिया है और जो ब्रिटिश इंडिया में पाया जाता है और रहता है और जो अन्दर हद इलाका हुकूमत अदालत मजकूर उस वक्त न था जब कि नालिश उस पर दायर हुई और न उस के पेशतर था और जिसने अपने फैल से मसलन पेशी पर हाजर होकर या मुकदमा की पैरवी करके अपने को जेर हुकूमत अदालत मजकूर नहीं ठहराया था—(इ ला रि कलकत्ता जिल्द २६ सफा ९३१)

जिस शख्स ने अपने को जेर हुकूमत अदालत रियासत गैर ठहराया है वह पीछे से अपने को तजवीज अदालत मजकूर से बरी नहीं कर सक्ता—(इ ला रि मदरास जिल्द ३० सफा २९२).

मुकदमा की पैरवी के लिये सिर्फ वकील लगाने से यह न समझा जायगा कि फरीक ने अपने को जेर हुकूमत अदालत गैर के ठहराया (इ ला रि. मद्रास जिल्द १८ सफा ३५७).

अगर उजर निस्बत न रहने जेर हुकूमत के अदालत इब्तदाई में किया

(ख) जब कि वह हस्ब रूयेदाद मुकदमा न किया गया हो.

(ग) जब कि मुकदमे की कार्रवाई से जाहिरा यह मालूम होता हो कि वह फैसला यह बिना गलत समझी किसी ऐसे कानून के है जो दरमियान मुख्तलिफ कौमों में तामील के लिये वाजिब हो या उन सूरतों में कि जहां कानून रायज ब्रिटिश इंडिया का ताअल्लुक हो तो फैसले से कानून मजकूर का तसलीम किया जाना न पाया जाता हो

(घ) अगर वह कार्रवाई जिस में तजवीज हासिल की गई हो खिलाफ इंसाफ कुदरती के हो

(ङ) अगर वह तजवीज फरेब से हासिल की गई हो.

(च) अगर वह ऐसे दावे को कायम रखता हो जो किसी कानून मजारिया ब्रिटिश इंडिया की उदूल हुक्मी के बिना पर हो

तशरीह:—इस दफा में लिखी हुई छे सूरतों के सिवाय फैसला रियासत गैर के रू से किसी मुकदमा की सुनाई की मनाई न होगी जो अन्दर हद ब्रिटिश इंडिया के दायर किया जावे.

इस मुकदमा में मुद्दई ने अदालत मुल्क फरासीस में एक फैसला बर खिलाफ बाप मुद्दायलेह के हासिल किया—मुद्दई ने मुद्दायलेह पर उसी फैसला की रू से उसी अदालत में ब हैसियत कायम मुकाम उसके बाप के नालिश दायर करके डिकरी हासिल किया—अब नालिश हाल उस ने उसी फैसला की बिना पर दायर किया—तजवीज अदालत हाई कोर्ट यह करार पाई कि मुद्दायलेह पर फरासीसी अदालत के फैसला की पाबन्दी कि जो उस के ऊपर ब हैसियत कायम मुकाम उस के बाप के सादिर हुआ था लाजमी होगी—(इ ला रि मदरास जिल्द २ सफा ३३७).

यह दफा पुराने जाब्ता दीवानी सन १८८२ की दफा १४ के मुताबिक है.

"तजवीज रियासत गैर" की तारीफ के लिये देखो दफा २ (१).

हिन्दूस्थान में तजवीज रियासत गैर रेसजुडीकेटा का असर पैदा करती है—(इ ला रि बम्बई जिल्द १३ सफा २२४)—तजवीज रियासत गैर जमीन वाके ब्रिटिश इंडिया पर जरा २ असर नहीं डाल सक्ती—(इ. ला. रि मदरास जिल्द १२ सफा ५२७)—नालिश नालिश में फर्क है—एक तो वह नालिश

जिस में मुद्दायलेह यह उजर करे कि मुद्दई की नालिश बवजह तजवीज रियासत गैर हस्ब दफा ११ नहीं चल सकती—और दूसरी वह जिस में मुद्दई तजवीज रियासत गैर को अमल में लाना चाहता है (इ ला. रि कलकत्ता जिल्द २६ सफा ९३१)

तजवीज रियासत गैर जो डिक्री अदालत वाके ब्रिटिश इंडिया के आधार पर हासिल की गई हो असली डिक्री के इजराय में कोई रूकावट न करेगी—(इ ला. रि कलकत्ता जिल्द ७ सफा ८२).

जब तक तजवीज रियासत गैर में कोई खास मुकर्रर रकम दर्ज न हो तो उस का अमल दरआमद नहीं हो सक्ता—(इ ला. रि मद्रास जिल्द २२ सफा ३८२)

अदालत देशी रियासत की तजवीज के आधार पर नालिश चल सकेगी—(इ ला. रि बम्बई जिल्द ९४ सफा ८६७ इ ला. रि कलकत्ता जिल्द २२२ प्रिव्ही कौंसिल)

फिकरा (अ)—अदालत रियासत गैर की हुकूमत ऐसे शख्स पर न होगी जो रईयत ब्रिटानिया है और जो ब्रिटिश इंडिया में पाबरिश पाया है और रहता है और जो अन्दर हद इलाका हुकूमत अदालत मजकूर उस वक्त न था जब कि नालिश उस पर दायर हुई और न उस के पेश्तर था और जिसने अपने फैल से मसलन पेशी पर हाजर होकर या मुकदमा की पैरवी करके अपने को जेर हुकूमत अदालत मजकूर नहीं ठहराया था—(इ ला रि कलकत्ता जिल्द २६ सफा ९३१)

जिस शख्स ने अपने को जेर हुकूमत अदालत रियासत गैर ठहराया है वह पीछे से अपने को तजवीज अदालत मजकूर से बरी नहीं कर सक्ता—(इ ला रि मद्रास जिल्द ३० सफा २९२).

मुकदमा की पैरवी के लिये सिर्फ वकील लगाने से यह न समझा जायगा कि फरीक ने अपने को जेर हुकूमत अदालत गैर के ठहराया (इ ला रि. मद्रास जिल्द १८ सफा ३५७)

अगर उजर निस्बत न रहने जेर हुकूमत के अदालत इब्तदाई में किया

गया हो मगर अपील में न किया गया हो तो उस से यह मतलब न निकाला जायगा कि फरीक जेर हुकूमत था (इ. ला. रि. मदरास जिल्द २ सफा ४०७),

आम कायदा यह है कि मुद्दई को अपनी नालिश ऐसी अदालत में दायर करना चाहिये कि जिस के इलाका हुकूमत के अन्दर मुद्दायलेह उस वक्त रहता हो और सिर्फ यह वाकेआ कि मुद्दायलेह अपना कारबार साझेदारी अन्दर इलाका हुकूमत अदालत रियासत गैर के करता है और साझेदारान उस इलाका के अन्दर रहते हैं यह करार देने के लिये काफी वजह न होगा कि वैसी अदालत रियासत गैर की हुकूमत सकूनत न रखने वाले मुद्दायलेह पर है (इ ला रि मदरास जिल्द २० सफा ११२).

फिकरा (ब) —मुद्दायलेह जिस पर इकतरफा डिक्री अदालत रियासत गैर की सादिर हुई हो और जो उस अदालत के इलाका हुकूमत में नहीं रहता था जर डिक्री का देनदार नहीं ठहराया जा सकेगा (इ ला रि मद्रास जि ४ सफा० ३५६)—

तजवीज अदालत रियासत गैर की सादिर होने के पेश्तर अगर मुद्दायलेह को नोटिस यानी हुक्मनामा न दिया गया हो तो वैसी तजवीज रद्द समझी जावेगी (इ ला रि मदरास जिल्द १३ सफा ४९६)

फिकरा (क) —जब मियाद जाराजोई की रूकावट करे मगर हक को तलफ (नष्ट) न करे तो तजवीज अदालत रियासत गैर की निस्बत यह उजर नहीं किया जा सक्ता कि नालिश वैसे एक्ट मियाद समाअत की रू से बेरू मियाद है जो उस मुल्क को लागू था जहा माहदा किया गया (इ ला. रि. मदरास जिल्द २ सफा ४००)

इजराय डिक्री अदालत रियासत गैर —अदालत रियासत गैर की डिक्री की इजराय इस मजमूआ जाब्ता दीवानी के कायदों के मुताबिक होगी (इ ला रि. मद्रास जि. २ सफा ३३७)—

जब नालिस अदालत रियासत गैर में मुद्दायलेह का उजर दावा खारिज किया गया हो और फैसला ब हक मुद्दई हुआ हो और ऐसे फैसला के आधार पर नालिस दायर की गई हो तो वैसी तजवीज अदालत रियासत गैर ऐसी

नहीं समझी जावेगी कि जो बलिहाज रूइदाद मुकदमा सादिर की गई और न वह कतई समझी जावेगी-पस उस के आधार पर दूसरी नालिश दायर न हो सकेगी (मदरास ला जरनल जिल्द २७ सफा ६७०)

फैसला अदालत अंग्रेजी निस्बत चंद तनकीहात, जो बिनाय अरजी दावा किसी ऐसी नालिश की हो जो ब्रिटिश इंडिया के बाहर देशी रियासत में चली हो, वैसी देशी रियासत की नालिश में बतौर रेसजुडिकेटा काम न देगा और न वह हस्ब दफा १३ जाब्ता दीवानी कतई समझा जावेगा (इ. केस जिल्द २५ सफा १९२).

दफा १४. जब कोई दस्तावेज पेश किया जाय जिस क्यास अदालत निस्बत से जाहिर होता हो कि वह नकल तसदीक तजवीज रियासत गैर. की हुई किसी तजवीज रियासत गैर की है, तो अदालत क्यास कर लेगी कि तजवीज जिस की वह नकल है एक अदालत मजाज की तरफ से सुनाई गई तावक्ते कि मिसल से उस के खिलाफ कोई बात न पाई जावे— लेकिन अदालत मजकूर को मजाज न होने का सुबूत देने से ऐसा क्यास दूर हो सका है.

तशरीह —यह दफा पुरानी दफा १३ मजमूआ जाब्ता दीवानी सन १८८२ समझावना ६ के मुताबिक है

इस दफा की मनशा यह है कि तजवीज अदालत रियासत गैर के बतौर रेसजुडिकेटा पेश होने से अदालत जिस को यह मजमूआ लागू है क्या क्यास निकालेगी—मतलब यह है कि तजवीज अदालत रियासत गैर पर अदालत हाय जहा यह मजमूआ लागू है भरोसा कर सकती है और वैसी तजवीज लायक कबूली के होगी (इ ला रि बम्बई जिल्द १३ सफा २२७)

मुकाम नालिश

दफा १५ हर नालिश सब से छोटे दर्जे की अदालत में किस अदालत में ना- **जो उस की तजवीज करने की मजाज हो, दायर** लिश दायर होना **की जायगी**
चाहिये

तशरीह.—इस दफा से सबजज को मुनसिफ के अखत्यार समाअत के नालिश की तहकीकात करने की मुमानियत नहीं है—(इ. ला रि. कलकत्ता जि. १७ सफा ११५ वो इ ला रि. अलाहबाद जि ९ सफा १९१ वो इ. ला. रि. मद्रास जि १५ सफा २४१ वो इ ला. रि. अलाहबाद जिल्द ७ सफा २३०)

१३१७॥—) के नकदी की डिक्री के इजरा में कुछ जायदाद गैर मनकुला कुर्क की गई और एक शख्स ने यह दावा किया कि वह जायदाद १०३६८) में उस के पास रहन है और उस का हक रहन रख कर नीलाम किया जावे तो यह करार दिया गया कि सबजज को उस के तहकीकात का अखत्यार है—(इ. ला रि. बम्बई जि ६ सफा ५८२).

५०००) रू० की एक डिक्री अदालत सबजज से सादिर हुई और बाद को सूद शामिल होकर ५०००) से बढ़ गई तो इजरा डिक्री के लिये सबजज को अखत्यार है—(इ ला रि. बम्बई जि. १० सफा २००)

जब कि अदालत को अखत्यार नहीं है तो फरीकैन की रजामन्दी से अखत्यार नहीं हो सक्ता है (इ ला रि कलकत्ता जि. ५ सफा ४८९ वो बी. रि जि २४ सफा २०५ वो इ ला रि बम्बई जि ९ सफा २६६).

अगर कोई फरीक तातील के रोज हाजिर होकर कोई कार्रवई होने दे तो वह बाद को अदालत के अखत्यार के निस्बत उजर नहीं कर सक्ता—(इ ला रि अलाहबाद जि ९ सफा ३९६).

जब कि मुकदमा किसी गलत अदालत में दायर किया गया तो अखत्यार समाअत का नुक्स मुकदमे के उस अदालत में मुन्तकिल होने से, जिस में वह दायर होना चाहिये था दूर नहीं होता है—(इ ला रि अलाहबाद जिल्द ४ सफा ४७८)

उजर निस्बत अखत्यार समाअत अदालत को फरीकैन अपनी मरजी से दर गुजर नहीं कर सक्ते—(इ ला. रि. मद्रास जि. १३ सफा २७३ वो इ. ला रि मद्रास जिल्द १३ सफा २११)

एक मुकदमा वास्ते इस्तकरार हक इस अमर के कि जायदाद कीमती ४४०) रू० इजराय डिक्री कीमती १५००) रू० में काबिल नीलाम है तो यह करार

दिया गया कि उस मुकदमें की तहकीकात का अख्तयार मुनसिफ को है और यह बात गैर जरूरी है कि जर डिक्री उस के अख्तयार समाअत से जियादा है—[इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द ६ सफा १४०].

उजर निस्बत अख्तयार समाअत अव्वल मर्तबा अपील दोयम में किया जा सक्ता है—(इ. ला. रि. मदरास जि. १३ सफा २७३).

यह दफा पुरानी दफा के मुताबिक है.

यह दफा ऐसी नालिश में लागू न होगी कि जिस में दो मुद्दईयान होवें वो उन में से एक अपनी नालिश सब से छोटे दरजे की अदालत में दायर कर सक्ता है—(इ. ला रि मदरास जि. २३ सफा ५३६)

यह दफा सिर्फ जाब्ता से ताल्लुक रखती है–इस का यह मतलब नहीं है कि बड़े दरजे की अदालत नालिश के सुनने की मजाज नहीं है–[इ ला रि अलाहबाद जिल्द ७ सफा २३० इजलास कामिल]

सब-जज ऐसी नालिश सुनने का मजाज है कि जिस में कई बिनाय मुखास्मत शामिल की गई हों और उन सब की मजमूई मालियत मुनसिफ के माली अख्तयार से बढ़ गई हो गो अगर जुदी २ नालिश अलहदा २ बिनाय मुखास्मत पर दायर की जाती तो वैसी नालिशें मुनसिफ की अदालत में दायर होती–(इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द ६ सफा ६).

छोटे दरजे की अदालत बड़े दरजे की अदालत के डिक्री को फरेब की बिना पर नाजायज करार देने की मजाज है—[कलकत्ता वी नोट जिल्द ११ सफा ९७६]

जब कोई नालिश मिनजुमले कई अदालतों के एक अदालत में दायर हो सके तो यह कानून का आम उसूल है कि मुद्दई अपनी नालिश वैसी अदालत में दायर कर सक्ता है कि जहा वह पसन्द करे—[इ. ला. रि. मदरास जिल्द १९ सफा ४७७].

दफा १३१ यानी आर्डर २१ कायदा ९८ में जो खास अख्तयार बतलाया गया है वह इस दफा के आम कायदे का मुस्तसना समझा जायगा—(इ ला. रिपोर्ट मदरास जिल्द ८ सफा ५४८ प्रिवी कौंसिल, देखो दफा ६).

अख्त्यार अदालत:—आया अदालत नालिश सुनने की मजाज है या नहीं इस का दारमदार नालिश की मालियत पर होगा तावक्के कि कानून में ऐसा हुक्म न हो कि वाद किस्म की नालिशें बाज २ अदालतों में दायर की जावें—(मु० इंडियन अपील जिल्द ५ सफा ४२८)

अदालत को अख्त्यार समाअत है या नहीं ऐसे सवाल की जांच में क्यास यह होगा कि वैसा अख्त्यार सब से बड़े दरजे की अदालत को है (इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द ८ सफा ४३८, ४४५).

अगर अरजी दावा इस तरह पर तरमीम किया जावे कि उस से नालिश की मालियत अदालत के माली अख्त्यार से बढ़ जावे तो वह नालिश बड़े दरजे की अदालत में दायर की जावेगी (इ. ला मदरास जिल्द ६ सफा २०८)

अदालत के माली अख्त्यार की जांच असली नालिश की मालियत पर से होगी न कि उस रकम को जोड़ कर जो मुद्दई ने छोड़ दी हो (इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द १३ सफा ३२०)

नालिश निस्बत कायम कराने हक (इजदवाज) हमबिस्तरी अदालत मुनसिफ में चल सकेगी" (इ ला. रि. अलाहाबाद जिल्द २८ सफा ५४५ प्रिवी कौसिल)

दफा १६—बकैद तादाद मालियत या और कैदों के जो नालिश वहां दायर होगी जहां झगड़ा वाली जायदाद वाकै हो.

किसी कानून की रू से मुकर्रर हुई है नीचे लिखी हुई किस्मों मे से नालिश यानी:—

(क) वास्ते हासिल करने जायदाद गैर मनकूला साथ या बगैर जरलगान या मुनाफा के,

(ख) वास्ते बटवाड़ा जायदाद गैर मनकूला के,

(ग) वास्ते कराने बैंबाद या नीलाम या इनफिकाक रहन या कोई और बार यानी बोझा दर सूरत

जायदाद गैर मनकूला के,

(घ) वास्ते तसफिया कराने किसी और हक या गरज के जो जायदाद गैर मनकूला में या उससे मुताल्लिक हो,

(ङ) वास्ते पाने मावजा किसी नुकसानी के जो जायदाद गैर मनकूला को पहुंचता हो,

(च) वास्ते पाने जायदाद मनकूला के जो दर असल हिरासत या कुरकी में हो.

उस अदालत में दायर की जावेगी जिस के अख्त्यार समाअत के हदूद अर्जी के अन्दर जायदाद मजकूर वाके हो—

मगर शर्त यह है कि जो नालिश वास्ते दादरसी निस्बत ऐसी जायदाद गैर मनकूला के या मावजा नुकसानी ऐसी जायदाद गैर मनकूला के हो जो मुद्दायलेह के कब्जे मे हो या मुद्दायलेह की तरफ से किसी और के कब्जे में हो और खुद मुदायलेह की तामील हुक्म से उस तमाम दादरसी का हुसूल मुमकिन हो, तो जायज है कि वह उस अदालत में रूजू की जाय जिस के इलाके की हुदूद अरजी के अन्दर जायदाद वाके हो या उस अदालत मे जिस के इलाके की हदूद अर्जी के अन्दर मुद्दायलेह दर असल और इरादा करके अपनी खुशी से सकूनत रखता हो या कारोबार करता हो या बजात खास वास्ते फायदा के काम करता हो—

समझावना.—इस दफा मे "जायदाद" के लफ्ज से यह जायदाद मुराद है कि जो ब्रिटिश इंडिया में वाके हो—

नजीरें —हक रास्ता जायदाद गैर मनकूला में दाखल नहीं है (इ. ला रि बम्बई जिल्द २३ सफा ९७६)

दरख्त जो जमीन पर खड़ा है वह गैर मनकूला है (इ. ला. रि बम्बई

जिल्द १९ सफा २०७)

हक जलकर हक जायदाद गैर मनकूला है (इ. ला रि कलकत्ता जिल्द ३ सफा २७६).

मुकदमा बेबाद मुकदमा वास्ते जमीन के है (इ. ला. रि बम्बई जिल्द २२ सफा ७०१).

जब कि जायदाद गैर मनकूला अलेहदा जिलों में वाके है तो मुद्दई को अलेहदा अलेहदा नालिश बटवाड़ा करना चाहिये (इ ला. रि बम्बई जिल्द २२ सफा ९२२)

मुकदमा खिलाफ गुमाश्ता वास्ते हिसाब वो रूप्या जो बेजा तौर पर तसर्रूफ कर लिया गया हो उस अदालत में दायर होना चाहिये, जिस की हद समाअत के अन्दर वह जमीन वाके हो जिस के निसबत गुमाश्तागिरी कायम हुई हो—(इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द २० सफा ४२५)

बयान निसबत अखत्यार समाअत मुकदमो के किसी नौबत पर किया जा सक्ता है—(इ ला रि बम्बई जिल्द २३ सफा २२; वो इ ला. रि. बगाल जिल्द १२ सफा १५५)

"जायदाद गैर मनकूला" में दाखल है जमीन वो जमीन से हासिलें होने वाले फायदे वो जमीन से लगी हुई चीजें या ऐसी चीजें जो जमीन से लगी हुई चीजों से मुस्ताकिल तौर पर लगी हों—(एक्ट १० सन १८९७ दफा ३ फिकरा २९).

इस मजमूआ की गर्ज के लिये ऊगती हुई फसल बतौर जायदाद मनकूला समझी जावेगी—देखो दफा २ (१३).

जो चीज अपनी मौजूदा हालत में स्थिर है यानी हरकत के लायक नहीं है वह बतौर जायदाद गैर मनकूला तसौव्वर की जावेगी—(बम्बई हाई कोर्ट रि जिल्द ६ सफा ३१७).

नालिश वास्ते दिलाय जाने हक निसबत मारने मछली ऐसी झील में जिस की जमीन का मालिक मुद्दई न हो बतौर नालिश निसबत जायदाद गैर मनकूला नहीं समझी जावेगी—(इ ला रि. कलकत्ता जिल्द १९ सफा ५४४

इजलास कामिल).

हक घाट और बहरी जायदाद गैर मनकूला में दाखल है—(इ ला रि मदरास जिल्द १३ सफा ५४)

नालिश निसबत दिल । पाने हक्कियतनामें बतौर नालिश निसबत जमीन नहीं समझी जावेगी—(इ ला रि कलकत्ता जिल्द ४ सफा ३२२)

नालिश निसबत दखलयाबी जायदाद गैर मनकूला इस बिना पर कि रुप्या पहली डिकरी और उस की जरा फरेबी थी ऐसी अदालत में दायर की जाय जिस के इलाके हुकूमत में वैसी जायदाद वाकै हो गो वह डिकरी किसी अदालत से सादिर हुई हो (कलकत्ता वी नो जिल्द ५ सफा ५५९)

फिकरा (अ)—लफ्ज "साथ या बगैर जरलगान या मुनाफा के" ऐसी मुश्किल दूर करने के गरज से बढ़ाये गये हैं जो उस सूरत में होती जब कि मुद्दायलेह अदालत की हुकूमत के अन्दर सकूनत नहीं रखता मगर जायदाद नालिश अदालत हुकूमत के अन्दर वाकै है—मतलब यह है कि अगर जायदाद अदालत की हुकूमत के अन्दर वाकै है और मुद्दायलेह इलाका अदालत हुकूमत के बाहर सकूनत रखता हो तो भी नालिश उस अदालत में चल सकेगी जिस के इलाके हुकूमत में वैसी जायदाद वाकै हो

फिकरा (ब):—जब किसी नालिश निसबत बटवाड़ा जायदाद मनकूला वो गैर मनकूला में जायदाद गैर मनकूला अदालत के इलाके हुकूमत के बाहर वाकै हो तो नालिश का उस कदर हिस्सा वापिस लेने की इजाजत दी जा सकी है जिस कदर कि जायदाद गैर मनकूला से ताल्लुक है—(इ ला रि मदरास जिल्द २८ सफा २१६)

फिकरा (क)—इस फिकरा में लफ्ज "नीलाम" नजीर इ ला. रि बम्बई जिल्द १७ सफा ५७० को अमल में लाने की गरज से बढ़ाया गया है.

फिकरा (ड)—नालिश निसबत दिला पाने जर समन यानी बिकरी का रुप्या जो पूरा न दिया गया हो, और कुछ बाकी रह गया हो, बतौर नालिश हस्ब मनशा दफा १६ समझी जावेगी—(इ ला रि कलकत्ता जिल्द ३२ सफा १०६५)

हक निसबत घाट मीर बहरी बतौर हक जायदाद गैर मनकूला समझा जावेगा —(इ. ला रि. मदरास जिल्द १३ सफा ५४).

हक मछली मारने का बतौर हक जायदाद गैर मनकूला के समझा जावेगा (इ ला. रि कलकत्ता जि २४ सफा ४४९ -४५४)

इसी तरह पानी की नाली खुलाने का हक भी बतौर हक जायदाद गैर मनकूला के समझा जावेगा —(बी रि. जि. ४ सफा १०७).

पट्टा देने के इकरार से यह नहीं समझा जावेगा कि उस से जायदाद गैर मनकूला में कुछ हक पैदा हुआ —(बी रि. जि. २२ सफा २८७)

दफा १६ (फ) मजमूआ जाब्ता दीवानी सन १९०८ ऐसी सूरतों में लागू न होंगी जब कि जायदाद मनकूला, जिसके दिला पाने की नालिश दायर की गई हो अदालत रियासत गैर के हुक्म से कुर्क की गई हो—दफा १६ (क) का ख्याल न करके भी अगर जायदाद मनकूला रियासत गैर में अदालत रियासत गैर के हुक्म से कुर्क की गई हो तो अदालत हाय ब्रिटिश इंडिया वैसी जायदाद के दिलापाने की नालिश के सुनने की मजाज न होंगी, लेकिन अगर मुद्दायलेह ब्रिटिश इंडिया का रहने वाला हो और अदालत रियासत गैर की कुर्की उस के कहने पर की गई हो तो भी अदालत ब्रिटिश इंडिया की हुकूमत दूर न होगी क्यों कि जायदाद मनकूला मुद्दायलेह के साथ २ जाती है जहा वह जावें—(ई. केस जिल्द १४ सफा २७९).

नालिश वास्ते इस्तकरार हक कि रहन बहक चन्द मुद्दायलेहूम बमुकाबले मुद्दई नाजायज करार दिया जावे बतौर नालिश हस्ब मनशा दफा १६ (ड) की समझी जावेगी और अदालत जिसके इलाके हुकूमत के अन्दर जायदाद मरहूना वाके न होवे वैसी नालिश के सुने की मजाज न होगी—(मद्रास ला. जरनल जि २३ सफा ६७९).

एक हिन्दू लड़का अपनी मा मुसम्मात अहिल्याबाई वो चार भाई मुसम्मी बेनीसिंग, कन्हूसिंग, डालचन्द वो ईश्वरी प्रसाद को बतौर अपने वारिसों के छोड़ कर मरा—मुतवफी की जायदाद जिले नदिया, बड़दवान, गया, वो पटना में वाके थी—अहिल्याबाई ने नालिश इस्तकरार हक इस अमर की अपने

चार बेटों व एक पाचवे शख्स फदाली जो गया में रहता था नदिया में दायर किया और यह दादरसी मागा कि उस का हक मुतवफी के जायदाद का एक का पाच वें हिस्से पर करार दिया जावे—अरजी दावी में यह बयान किया गया था कि चारों भाईयों ने जायदाद पट्टे में देदी है और उस पट्टे में मा का कुछ जिकर नहीं किया गया इस लिये मा के हक को नुकसान पहुचा—सिर्फ एक पट्टा का जो गया वाली जमीन का बेनीसिंग ने फदाली को दिया था जिकर किया गया है, और यह तशखीस नहीं की गई कि और कौन २ सी जायदाद पट्टे में दी गई और किन २ को दी गई—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई, जिस में साहब जसटिस ाय की यह राय थी और वही राय मानी गई क्योंकि वह अदालत मातहत की ाय से मिलती थी, कि (१) अहिल्याबाई के हक पर जो दस्तनदाजी गया ं की गई वह वाजिब तौर से बतौर दस्तनदाजी कुल जायदाद में समझी जासक्ती है—(२) बिनाय मुखास्मत की गलत शमूली नहीं समझी जाती है—(३) कि हस्व दफा १७ मजमूआ जाब्ता दीवानी अदालत नदिया सी नालिश सुन्ने की मजाज है—मगर जसटिस काक्स साहब की राय खिलाफ ी—उन की यह राय हुई कि (अ) नालिश वजह गलत शमूली बिनाय ाखास्मत खिलाफ कानून हैं (ब) कि नालिश निस्बत जायदाद बाकै गया कि जवीज गया में हस्व दफा १६ (ड) होना चाहिये, (क) दफा १७ जमूआ जाब्ता दीवानी सिर्फ उस हालत में लागू होगी जब कि निस्बत जायदाद ो कई जिलों में बाकै हो एकही बिनाय मुखास्मत होवें, नकि ऐसे सूरतों जबकि बिनाय मुखास्मत खुद जुदी २ होवें—(ड) आर्डर (१) कायदा ३) सिर्फ फरीकैन से लागू होता है न कि बिनाय मुखास्मत से और इस ो रू से जुदी २ बिनायें मुखास्मत इकट्ठी शामिल नहीं की जा सक्ती हैं—(इ) कि आर्डर ११ कायदा (३) अहिल्या को काम न देगा—(फ) कि का १९ मजमूआ जाब्ता दीवानी लागू नहीं हो सक्ती क्योंकि उजर निस्बत जत शमूली की सुनाई अदालत कर सक्ता थी -नालिश करने वाले को सिर्फ क, ही से उस को बिनाय मुखास्मत हासिल नहीं हो सक्ती—उस का सिर्फ हक नहीं होना चाहिये बल्कि उस के हक में दस्तनदाजी होना चाहिये और तब ह को बिनाय मुखास्मत हासिल होगी (इ के जिल्द २१ सफा ४२८)

दफा १७. अगर नालिश वास्ते दादरसी निसबत ऐसी

नालिश निसबत ऐसी जायदाद गैर मनकूला के या मावजा नुकसानी
जायदाद गैर मनकूला ऐसी जायदाद गैर मनकूला के हो जो कई
के जो कई अदालतों अदालतों के इलाका अखत्यार में वाकै हो तो
के इलाका अखत्यार में जायज है कि वह नालिश उस अदालत में
वाकै हो रुजू की जाय जिस के इलाका अखत्यार के
अन्दर उस जायदाद का कोई हिस्सा वाकै हो

मगर शर्त यह है कि दावी बलेहाज माली यत से मुतदावियों काबिल समाअत अदालत मजकूर के हों

तशरीह:—हाई कोर्ट को अखत्यार वहैसियत अदालत अपील किसी अदालत जिला को अखत्यार समाअत देने का नहीं है—(इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द १२ सफा २२५).

एक मुकदमा जरिये रहन एक अदालत में दायर किया गया उस की जायदाद मुख्तलिफ जिलों में वाकै है, और डिकरी नीलाम दोनों जिलों की जायदाद के लिये हासिल की गई—यह करार दिया गया कि अदालत को मजाज था गो जुज जायदाद दूसरे जिलों में वाकै थी—(इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द ८ सफा ७०३ वो जिल्द १२ सफा ३०७).

यह दफा मजमूआ जाब्ता दीवानी सन १८८२ ई० के दफा १६ के मुवाफिक है—इस दफा का उसूल कार्रवाई इजराय डिकरी में भी लागू होगा—(इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द १४ सफा ६६१, ६७३)

जायदाद गैर मनकूला के पाने के लिये देखो दफा १६—इस दफा में एक या जियादा बिनाय मुखासमत का जिकर नहीं है—(इ. ला. रि इलाहाबाद जिल्द ११ सफा ३६३)—और न इस दफा की रू से मुद्दई अजहदा २ नालिशें वैसी अदालत में दायर करने से रोका गया है जिस के इलाके हुकूमत के अन्दर जायदाद वाकै हो—(इ. ला. रि मदरास जिल्द १४ सफा ३२४).

जब दावा मुद्दई वही होवे और मदाखलत करने वाला मुद्दायलेह भी दोनों नालशों में वही मुद्दायलेह होवे तो इस सवाल का तसफिया, कि आया दूसरी नालिश पहली नालिश की वजह से नहीं चल सकती, ऐसे सवाल के जवाब पर थिर होगा कि क्या दोनों मदाखलतें एक ही वक्त के करीब करीब की गई और

क्या वे मदाखलतें एकही मामला के सिलसिले में समझी जा सकती है ताकि दोनों मदाखलतों से एकही बिनाय मुखासमत पैदा होती हो—(इ. के. जिल्द २५ सफा ५७१)

दफा १८ (१) जब कि यह अमर कि दो या जियादा मुकाम दायरी नालिश अदालतों मे से किस अदालत के अखत्यारात जब कि अखत्यारात की हदूद अर्जी में फलां जायदाद गैर मनकूला की हदूद अर्जी ठीक वाकै है मशकूक जाहिर किया जाय तो मालूम न हो ऐसी अदालतों मे से हर एक, बशर्ते कि बयान किये हुवे शक के वजूहात के निसबत उस को इतमीनान हो जाय उस मजमून का बयान तहरीर करके नालिश का फैसला कर सकी है—और जो डिकरी ऐसी नालिश में सादिर होगी उस का वही असर होगा मानों कि जायदाद उसी अदालत के हदूद अख्त्यार के अन्दर वाकै है

मगर जरूर है कि यह नालिश व ऐतवार किस्म और मालियत के ऐसी हो कि अदालत उस की सुनाई करने की मजाज हो.

(२) अगर कोई बयान जिमन (१) के बमूजिब तहरीर न किया जाय, और रूबरू अदालत अपील या नजरसानी के यह उजर किया जाय कि नालिश जायदाद मजकूर मे जो डिकरी या हुक्म सादिर हुवा वह ऐसी अदालत की तरफ से सादिर हुवा जिस के इलाके मे जायदाद वाकै न थी तो वह अदालत जिस मे अपील या नजरसानी पेश हो, इस उजर को न सुनेगी अगर उस की राय में दायरी नालिश के वक्त कोई माकूल वजह शक की न हो निसबत इस के कि अदालत जायदाद के निसबत अख्त्यार समाअत रखती थी, और तावक्ते कि उस समय से बेइन्साफी न हुई हो

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा १६ (अ) के बदले कायम की गई है.

ने देशी रजवाड़े में अपनी सकूनत अख्त्यार की हो (इ. ला. रि. मद्रास जिल्द २६ सफा ६६).

(अ) ने एक चिक मिदनापूर से कलकत्ता की दूकान पर (क) के नाम जारी किया और (ब) को दिया—(ब) ने उसे पुरलिया लेजाकर (क) को दिया और रूप्या लिया—नालिश पुरलिया में (क) ने (अ) पर दायर किया—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि नालिश पुरलिया में चल सक्ती है (इ ला रि कलकत्ता जिल्द ३२ सफा ८८४).

दायजे की नालिश उस अदालत में होगी जिस के इलाके हुकूमत के अन्दर शादी या छोड़ छुट्टी हुई (इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द ३२ सफा १४६).

नालिश निस्बत हतक इज्जत वैसे मुकाम पर की जा सक्ती है कि जहा हतक वाली बात मुरतहर की गई (इ. ला. रि बम्बई जिल्द १३ सफा १७८)

समझावना (१):—किसी शख्स की औरत और कुटुम्ब का मुकर्रर व मुस्तकिल मकान जहा कि वह शख्स वापिस आने का इरादा हमेशा रखता है ऐसा मकान समझा जावेगा कि गोया वह शख्स उसी में अपनी सकूनत रखता है (इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द १ सफा ५१).

इसी तरह अगर वह शख्स किसी मुकाम पर बतौर सैर के चन्द रोजा सकूनत रखे तो वह मुकाम भी बतौर उस के सकूनती जगह के समझा जावेगा (पश्चिमोत्तर देश हाई कोर्ट रि. जिल्द ४ सफा २५)

अगर कोई दस्तावेज काबिल फरोखती जोहरी इबारत लिखकर किसी अदालत के इलाके हुकूमत के अन्दर किसी शख्स के हवाले कर दिया जावे तो ऐसी इबारत जोहरी और हवालगी से नालिश उस दस्तावेज की निसबत वैसे अदालत में चल सकेगी गो वह दस्तावेज अदालत के इलाके के हुकूमत के बाहर लिखा गया हो—सरकारी मुलाजिम कई जगह तबदील किया जा सक्ता है और मुमकिन है कि वह एकही जगह पर कई साल तक बना रहे तो जिस जगह में वह तैनात है वहा उस की [illegible] यह [illegible] जा सक्ता कि वह उस मुकाम पर चद रोजा [illegible] (इ के जिल्द ११ सफा ८५१)

मुदईयान मुकाम हातरस में गल्ले का रोजगार करते थे उन्होंने मुदायलेह को, जो कराची में अकतिया था काम करता था, अपने लिये कुछ गल्ला खरीदने का हुक्म दिया—मुदायलेह ने हुक्म की तामील की और मुदईयान ने उस को कुछ रूपिया भेजा—हस्ब हिदायत मुदईयान रेल की रसीद बजरिये व्हेलु पेविल भेजी गई—किसी सबब से वह रसीद नहीं पहुची—मुदायलेह ने रेल के मोहकमा वालों को माल हवाला करने से रोका कि जब तक रूपिया वसूल न हो जावे—मुदई ने मुदायलेह के मुख्त्यार को जो दिल्ली में रहता था बाकी रूपिया दे दिये मगर हातरस के रेलवे वालों ने माल की हवालगी बगैर मुदायलेह के मजूरी के नहीं दिया—इस में देर हो गई इतने में माल का भाव बदल गया और मुदई को नुकसान हुआ—मुदई ने नालिश हरजाना की अलीगढ़ में दायर किया—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि यह नालिश हरजाना बमूजिब दफा २११ एक्ट माहदा मुदायलेह की गफलत और बुरे बरताव के सबब से दायर की गई इसलिये बिनाय दावा कराची में पैदा हुई और नालिश अलीगढ़ में नहीं चल सक्ती—(अ ला जरनल जि. ८ सफा ११६०)

हात चिट्ठी की निस्बत नालिश उसी अदालत में चल सक्ती है जिस के इलाके हुकूमत के अन्दर फरीकैन चिट्ठी लिखने के वक्त रहते थे और जहा उस चिट्ठी का रूपिया दिया गया गो उस चिट्ठी का रूपिया अदालत के इलाके हुकूमत के बाहर तलब किया गया—ऐसे मामले में दफा ४६,५० एक्ट माहदा लागू न होगी—(कलकत्ता ला. जरनल जि १६ सफा २७६)

नालिश ऐसी अदालत में दायर हो सक्ती है जिसके इलाका हुकूमत के अन्दर दायरी के वक्त मुदायलेह दर असल और खुर्दा से रहता है गो उस की वैसी सकूनत चद रोजा हो—(इ के जि १४ सफा ५७३).

जब रूपिया अदा करने का मुकाम माहदे में साफ तौर से या मतलब से दर्ज न हो तो आम कायदा यह है कि कर्जदार अपने साहूकार को रूपिया वहा पर देवे जहा कि साहूकार रहता है—दफा ४६ एक्ट माहदा इस आम कायदा के मुवाफिक बनाई गई है और साहूकार को अख्तयार है कि अदाई का माकूल मुकाम मुकर्रर करदे—(इ. के. जि. २० सफा ६८३)

नालिश वास्ते दवामी हुक्म इम्तनाई ऐसी अदालत में दायर की जाय जिस के

इलाके अखत्यारात के अन्दर मुद्दई के हक़ की छेड़ छाड़ की गई गो मुद्दायलेह वैसे इलाका अखत्यार के अन्दर रहता न हो—[इं. के. जि २९ सफा १०४]

कलकत्ता में डिक्री सादिर हुई और उस की इजराय में मेनपुरी में कुछ जायदाद कुर्क की गई—मदयून डिक्री ने मेनपुरी में डिक्री को रद्द कराने की नालिश इस बिना पर दायर किया कि वह डिक्री फरेब से हासिल की गई थी—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि अदालत मेनपुरी वैसी नालिश सुनने की मजाज नहीं है क्योंकि बिनाय मुखासमत कलकत्ता में पैदा हुई और उस का कुछ हिस्सा मेनपुरी में नहीं पैदा हुआ—मेनपुरी में जायदाद की कुर्की से बिनाय मुखासमत पैदा नहीं हो सक्ती—(अलाहबाद ला जरनल जि १२ सफा ९५५).

जब कोई माल मन के हिसाब से न कि वैगन (रेल डब्बा) के हिसाब से जो कि सस्ता है ऐसे मुकाम पर भेजा जाने जहा दो जुदी रेल गाड़ी चलती हो तो अदालत खफीफा उस मुकाम की जहा माल भेजा गया वैसी नालिश सुनने की मजाज होगी जो वास्ते वसूली फर्क दरम्यान दोनों निरखों के दायर की जाय क्योंकि बिनाय मुखासमत का कुछ हिस्सा वहा पैदा हुआ—(अलाहबाद ला जरनल जि. १३ सफा ६६)

दफा २१. कोई उजर निसबत मुकाम दायरी नालिश अदालत मनजूर न होगा जब तक कि ऐसा उजर अदालत इब्तदाई में सब से पहले मौके पर न किया गया हो, और हर हालत मे जब कि तनकीह निकाल दी गई है तो तनकीह करार दिये जाने के वक्त या उस के पहले, उजर मजकूर पेश न किया गया हो, और तावक्ते कि उस से बेइनसाफी न हुई हो

उजर निसबत अखत्यार अदालत

तशरीह:—इस दफा में अदालत अपील से वह अदालत मुराद है जिस की इजलास में नीचे की अदालतों की डिक्री की नाराजी से अपील हुआ करती हो, और अदालत नजरसानी से वह अदालत समझी जावेगी जिस के पास दरख्वास्तें नजरसानी के [illegible] मामलात पेश हो सक्ती हों.

'पुरानी दफा के लिये देखो दफा १६ [अ][२] व दफा ३४ ऐक्ट सन १८८२ आरडर १ कायदा १३ जब नालिश बजरिये रहन ऐसी अदालत में दायर की जावे जिसके इलाका अख्त्यार के अन्दर जायदाद मरहूना बाकै न हो और डिक्री नीलाम बिला उजर सादिर हो तो मश्यून डिक्री इजरा डिक्री के वक्त यह उजर पेश नहीं कर सकेगा कि वह डिक्री रद्द समझी जावे—(इ ला. रि मद्रास जि० २७ सफा ११८)—

जब कि उजर निस्बत अख्त्यार अदालत मातहत में न किया गया हो तो अदालत अपील वैसे उजर को नही सुनेगी—[इ ला. रि बम्बई जि० १६ सफा ११६]—

इस दफा में यह हुक्म है कि उजर सिर्फ उस वक्त किया जाय जब कि तनकीहें कायम न की गई हो, यानी तनकीहों के कायम होने के पेश्तर उजर करना चाहिये लेकिन अगर तनकीहें कायम न की गई हो या तनकीह कायम करने के बाद उजर करने का मौका आवे तो क्या कार्रवाई करना चाहिये इसका जिक्र इस दफा में कुछ नहीं है—(इ. ला. रि बम्बई जि० ५ सफा ६०६) वो (इ ला. रि कलकत्ता जि० ७ सफा ६०३)—

यह दफा सिर्फ ऐसी सूरत में लागू होगी जब कि अदालत इब्तदाई उजर निस्बत अख्त्यार अदालत सुनकर यह फैसला करे कि अदालत को वैसा अख्त्यार है और उस नालिश का तसफिया रूपदाद पर करे और अदालत अपील या नजरसानी वैसी अदालत के उस सवाल के निस्बत उजर अख्त्यार के फैसला से या इसकाकी करे—यह दफा सिर्फ अदालत हाय अपील की हिदायत (रहनुमाई) की गरज से बनाई गई है और इससे अदालत इब्तदाई को कोई अख्त्यार नहीं दिया गया है—इस दफा की रू से सिर्फ बड़े दरजे की अदालत को बाज कार्रवाई जायज करने के लिये, जो दीगर तौर पर जायज न हो सकी, अख्त्यार दिया गया है—(इ केस. जि० २६ सफा ५४३)—

दफा २२ अगर कोई नालिश जो दो या जियादा अदालतों में से किसी एक अदालत में दायर हो सकी हो और उन में से किसी एक में दायर की जाय तो कोई मुद्दायलेह दूसरे फरीकों को नोटिस देकर, और

ऐसे मुकदमों को मुन्तकिल करने का अख्त्यार जो एक से जियादा अदालतों में दायर हो सके

इलाके अखत्यारात के अन्दर मुद्दई के हक की छेड़ छाड़ की गई गो मुद्दायलेह वैसे इलाका अखत्यार के अन्दर रहता न हो—[इं. के. जि २९ सफा १०४]

कलकत्ता में डिक्री सादिर हुई और उस की इजराय में मैनपुरी में कुछ जायदाद कुर्क की गई—मदयून डिक्री ने मैनपुरी में डिक्री को रद करने की नालिश इस बिना पर दायर किया कि वह डिक्री फरेब से हासिल की गई थी—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि अदालत मैनपुरी वैसी नालिश सुनने की मजाज नहीं है क्योंकि बिनाय मुखासमत कलकत्ता में पैदा हुई और उस का कुछ हिस्सा मैनपुरी में नहीं पैदा हुआ—मैनपुरी में जायदाद की कुर्की से बिनाय मुखासमत पैदा नहीं हो सकी—(अलाहबाद ला जरनल जि १२ सफा ६५५).

जब कोई माल मन के हिसाब से न कि वैगन (रेल डब्बा) के हिसाब से जो कि सस्ता है ऐसे मुकाम पर भेजा जाने जहा दो जुदी रेल गाड़ी चलती हो तो अदालत उफीका उस मुकाम की जहा माल भेजा गया वैसी नालिश सुनने की मजाज होगी जो वास्ते वसूली फर्क दरम्यान दोनों लिरखों के दायर की जाय क्योंकि बिनाय मुखासमत का कुछ हिस्सा वहा पैदा हुआ—(अलाहबाद ला. जरनल जि. १३ सफा ६६)

दफा २१ कोई उजर निसबत मुकाम दायरी नालिश उजर निस्बत अखत्यार अदालत अपील या अदालत नजरसानी से मनजूर न होगा जब तक कि ऐसा उजर अदालत इब्तदाई में सब से पहले मौके पर न किया गया हो, और हर हालत मे जब कि तनकीह निकाल दी गई है तो तनकीह करार दिये जाने के वक्त या उस के पहले, उजर मजकूर पेश न किया गया हो, और तावक्ते कि उस से बेइनसाफी न हुई हो

तशरीह:—इस दफा में अदालत अपील से वह अदालत मुराद है जिस की इजलास में नीचे की अदालतों की डिक्री की नाराजी से अपील हुआ करती हो, और अदालत नजरसानी से वह अदालत समझी जावेगी जिसके पास दरख्वास्तें नजरसानी फैसला अदालत मातहत पेश हो सकी हों.

सुनने का अखत्यार हो—ऐसी सूरत में हाई कोर्ट दरखास्त गुजरने पर यह तै करेगी कि उन दो अदालतों में से किस अदालत में नालिश की कार्रवाई की जावे—दरखास्त हस्ब दफा २२ व २३ न चल सकेगी जब कि दो अदालतों में से एक अदालत का अखत्यार वैसी नालिश सुनने का न हो (अलाहाबाद ला, जरनल जि० १२ सफा ८९६)—

जब दो अदालतें एक नालिश सुनने की मजाज हों और वह उन में से नालिश एक अदालत में दायर की जावे तो यह वाकेआ कि मुद्दायलेह अपनी शहादत दूसरी अदालत में रखता है मुकदमा दूसरी अदालत में तबदील करने के लिये काफी वजह न हो (इ केस जिल्द २५ सफा ८७४)

दफा २३. (१) अगर ऐसी कई अदालतें अखत्यार दरखास्त किस अदालत **समाअत एक ही अदालत अपील की** में गुजरानी जायगी, **मातहत हों, तो दरखास्त बमूजिब दफा २२ अदालत अपील मे गुजरानी जायगी,**

(२) अगर ऐसी अदालतें मुखतलिफ अदालत हाय अपील की मातहत हो लेकिन एक ही हाई कोर्ट की मातहत हो तो दरखास्त हाई कोर्ट में गुजरेगी

(३) अगर ऐसी अदालतें मुखतलिफ हाई कोर्ट की मातहत हो तो दरखास्त उस हाई कोर्ट मे गुजरेगी जिस के अखत्यारात समाअत में वह अदालत वाकै हो जहां कि मुकदमा दायर किया जाय

तशरीह—यह दफा पुरान एक्ट की दफा २३ वो २४ के बदले में कुछ थोड़ी तरमीम के साथ कायम की गई है

इस दफा से हाई कोर्ट को यह अखत्यार नहीं है कि मुकदमा जो उस के हद के अन्दर दायर है, किसी दूसरी हाई कोर्ट के हद के अन्दर मुन्तकिल करदे, मगर सिर्फ यह करार दे सक्ती है कि किस अदालत में मुकदमा चलना चाहिये (इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द ५ सफा ९०)

एक हाई कोर्ट दूसरे हाई कोर्ट को अपने फैसले के पाबन्द नहीं कर

सब से पहले मौके पर और कुल सूरतों में तनकीह करार दिये जाने के वक्त, या पहिले, किसी दूसरी अदालत में नालिश मुन्तकिल करने की दरखास्त दे सक्ता है—और वह अदालत कि जिस्में यह दरखास्त गुजरे बाद गौर करने उजरात दीगर फरीकैन के [अगर कोई हो] यह तसफिया कर देगी कि मुकदमें की सुनाई उन कई अदालत हाय मजाज में से किस अदालत में की जाय.

तशरीहः—पुरानी दफा के लिये देखो दफा २२—दरखास्त किस अदालत में की जाय इसके लिये देखो दफा २३—यह दफा सिर्फ इस गरज से बनाई गई है कि जब अदालत खर्चा या सहूलियत या दीगर माकूल सबब की बिना पर यह देखे कि मुकदमा मुन्तकिल किया जाय तो इस दफा की रू से कार्रवाई की जा सक्ती है (इ. ला. रि. कलकत्ता जि० ९ सफा ६८०)—

जब हाई कोर्ट को यह मालूम हो कि कोई नालिश उस्के मातेहत अदालत में मुलतवी है औ वह दूसरे हाई कोर्ट की अदालत मातेहत में भी दायर हो सक्ती है और वैसे दूसरे हाई कोर्ट की अदालत मातहत में उसका चलाना बगर्ज इन्साफ या सहूलियत मुनासिब है तो ऐसी सूरत में वह सिर्फ इस वाकेआ को दर्ज करेगी और अरजीदावा को अदालत मातहत में पेश करने के लिये वापिस किये जाने का हुक्म देगी—वह खुद वैसी नालिश को दूसरे हाई कोर्ट की अदालत मातेहत में मुन्ताकिल (तबदील) नहीं कर सकेगी (इ केस जि० २० सफा ७५८)

मजबूत वजूहात बतलाना होगा कि मुद्दई अपनी नालिश ऐसी अदालत में जहा कि कानून इजाजत देता है दायर करने को क्यों रोका जावे—मजमूआ जाब्ता दीवानी सन १८८२ ई० की दफा २० को निकालने से अदालत के अख्त्यार में अब कोई रोक टोक नहीं है—अदालत को यह बात तै करने का अख्त्यार दिया गया है कि नालिश की सुनाई किस अदालत में की जाय—जिस जगह मुद्दई ने नालिश दायर की है वह जगह तबदील न की जावेगी जब तक कि यह जाहिर न किया जावे कि उस नालिश की तजवीज दूसरी जगह करने से बहुत सहूलियत होगी (बरमा ला टाईम्स जि० सफा १)

इस दफा की कार्रवाई सिर्फ उस सूरत में हो सकेगी जब कि नालिश एक या दूसरी अदालत में दायर की जाय और उन दोनों अदालतों को वैसी नालिश

सुनने का अख्त्यार हो–ऐसी सूरत में हाई कोर्ट दरखास्त गुजरने पर यह तै करेगी कि उन दो अदालतों में से किस अदालत में नालिश की कार्रवाई की जावे–दरखास्त हस्ब दफा २२ व २३ न चल सकेगी जब कि दो अदालतों में से एक अदालत का अख्त्यार वैसी नालिश सुनने का न हो (अलाहाबाद ला. जरनल जि० १२ सफा ८९६)—

जब दो अदालतें एक नालिश सुनने की मजाज हों और वह उन में से नालिश एक अदालत में दायर की जावे तो यह मुकेआ कि मुद्दायलेह अपनी शहादत दूसरी अदालत में रखता है मुकदमा दूसरी अदालत में तबदील करने के लिये काफी वजह न हो (इ केस जिल्द २५ सफा ८७४)

दफा २३. (१) अगर ऐसी कई अदालतें अख्त्यार दरखास्त किस अदालत **समाअत एक ही अदालत अपील की** में गुजरानी जायगी. **मातहत हों, तो दरखास्त बमूजिब दफा २२ अदालत अपील में गुजरानी जायगी.**

(२) अगर ऐसी अदालतें मुख्तलिफ अदालत हाय अपील की मातहत हों लेकिन एक ही हाई कोर्ट की मातहत हो तो दरखास्त हाई कोर्ट में गुजरेगी

(३) अगर ऐसी अदालतें मुख्तलिफ हाइ कोर्ट की मातहत हों तो दरखास्त उस हाई कोर्ट में गुजरेगी जिस के अख्त्यारात समाअत में वह अदालत वाकै हो जहां कि मुकदमा दायर किया जाय

तशरीह—यह दफा पुरान एक्ट की दफा २३ वो २४ के बदले में कुछ थोड़ी तरमीम के साथ कायम की गई है

इस दफा से हाई कोर्ट को यह अख्त्यार नहीं है कि मुकदमा जो उस के हद के अन्दर दायर है, किसी दूसरी हाई कोर्ट के हद के अन्दर मुन्तकिल करदे, मगर सिर्फ यह करार दे सक्ती है कि किस अदालत में मुकदमा चलना चाहिये (इ ला. रि. अलाहाबाद जिल्द ५ सफा ६०)

एक हाई कोर्ट दूसरे हाई कोर्ट को अपने फैसला के पाबन्द नहीं कर

सक्ती है (इ. ला रि अलाहाबाद जिल्द २ सफा २४१, २४६, वो २४७).

जब मुकदमा शुरू होने को तैयार हो तो असली पहिली पेशी है जो दफा २३ से मुराद है—जब मिसल से यह जाहर न हो सके कि सकूनत की जगह कौन है तो नालिश की तजवीज वैसे मुकाम पर होगी जहा कि बिनाये मुखासमत पैदा हुई, और उस नालिश की झगड़े की जायदाद का कुछ हिस्सा वाकै हो, और मुद्दायलेह के दरम्यान आपस में नालिश मुहतमी की चलती हो, वो दगिर मुकदमें बड़े २ मालियत के मुतवफा की जायदाद की निस्बत चल रहे हों (पजाब ला रि. नम्बर १५० सफा ६५).

दरखास्त वास्ते तबदीली मुकदमा बतौर कार्रवाई गैर मामूली समझी जाती है और ऐसी गैर मामूली कार्रवाई कराने के लिये माकूल वजह बतलाना चाहिये (इ. केस जिल्द २४ सफा ७०७).

दफा २४ (१) हाई कोर्ट या अदालत जिला मजाज अखत्यार आम मुकदमें को मुन्तकिल करने और वापिस लेने का

है कि फरीक मुकदमा में से किसी की दरखास्त पर फरीक हाय मुकदमा को इत्तला देकर और जिन फरीकों को अरज मारूज करना हो उन का बयान सुन कर या खुद अपनी मरजी से बगैर देने ऐसी इत्तला के मुकदमें की किसी नौबत पर

(क) किसी नालिश इब्तदाई या अपील या कोई दूसरी कार्रवाई को जो उस के रूबरू दायर हो तजवीज या फैसला के लिये किसी अदालत मातहत अपने के पास मुन्तकिल करदे जो उस के तजवीज या फैसला करने की मजाज हो—या

(ख) किसी नालिश या अपील या कोई दूसरी कार्रवाई को जो किसी उस के अदालत मातहत में दायर हो तलब करके

(१) उस की तजवीज या फैसला करे या

(२) उसको तजवीज या फैसला के लिये किसी अदालत मातहत अपने के पास मुन्तकिल करदे, जो उस की तजवीज या फैसला करने की मजाज हो, या

(३) तजवीज या फैसले के लिये उसी अदालत में वापिस

भेजदे जहा से वह तलब की गई हो

(२) अगर कोई नालिश या कार्रवाइ जिमन [१] के बमूजिब मुन्तकिल की या वापिस ली जाय तो हुक्म मुन्तकिल में जो हिदायत हो उन की पाबन्दी के साथ वह अदालत जो बाद को उस की तजवीज करे चाहे उस की तजवीज नये सिरे से करेगी या उस मुकाम से शुरू करेगी जहां से वह मुन्तकिल किया या वापिस लिया गया हो

(३) वास्ते मतलब इस दफा के अडीशनल जज्ज और असिस्टेंट जज्ज की अदालतें अदालत जिला की मातहत समझी जायगी

(४) अगर कोई मुकदमा इस दफा के बमूजिब किसी अदालत मतालबेजात खफीफा से मुन्तकिल किया या वापिस लिया जाये तो वह अदालत जो उस मुकदमे की तहकीकात करेगी, मुकदमा मजकूर के वास्ते बतौर अदालत मतालबेजात खफीफा के समझी जायगी

तशरीह —यह दफा पुराने एक्ट की दफा २५ के मुताबिक है, सिर्फ थोड़ी सी तरमीम के साथ कायम की गई है

मुश्किल और पेचीदा अमर कानूनी का होना माकूल वजह मुन्तकिल होने मुकदमा के नहीं है (इ ला. रि कलकत्ता जिल्द २४ सफा १८३)

रजामन्दी वो सहूलियत फरीकैन माकूल वजह है (इ ला रि कलकत्ता जिल्द ६ सफा ७६६ वो जिल्द १६ सफा ७७१)

यह दफा उन मुकदमात से मुताल्लुक नहीं है जो अपील से वापिस वास्ते तजवीज सानी के भेजे जावें (इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द २१ सफा २३० वो पी रि जिल्द १५ सफा २७४ वो इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द १४ सफा ५३१)

अदालत डिट्रिक्ट जज को कार्रवाई इजराय डिक्री किसी मातहत अदालत में मुन्तकिल करने का अख्तयार नहीं है (इ ला. रि कलकत्ता जिल्द

१५ सफा १७७)

दावा जो बतौर नालिश के दर्ज रजिस्टर हुआ हो इस दफा की रू से मुन्तकिल किया जासक्ता है (इ. ला. रि मद्रास जिल्द ८ सफा ५४६)

जब कोई अपील इस दफा की रू से मुन्तकिल की जावे तो उस में वे-सब उजरात सुने जावेंगे जो कि वह अदालत सुनती जहा से कि वह अपील मुन्तकिल की गई (इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द २५ सफा ३९)

डिस्ट्रिक्ट जज को यह अखत्यार नहीं है कि वह दरखास्तें या अपील जो कानून खास की रू से गुजरानी जावें उन को असिस्टेंट जज के पास भेजें (इ ला. रि बम्बई जिल्द १६ सफा २७७).

जब कोई नालिश गलत अदालत में दायर की गई हो तो यह नुक्स उस नालिश के मुन्तकिल करने से दूर न होगा (इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द ४२६ सफा ४७८)

जब दरखास्त वास्ते इजाजत नालिश मुफलसी मुन्तकिल की जाय तो नालिश मुफलसी भी मुन्तकिल हो सकेगी (इ. ला रि. अलाहाबाद जिल्द २४ सफा ३५६)

यह दफा ऐसी नालिश में भी लागू हो सकेगी जो बमूजिब आर्डर ४१ कायदा २३ तजवीज सानी के लिये वापिस किया जाय क्योंकि इस दफा में यह हुक्म है कि हाई कोर्ट या डिस्ट्रिक्ट कोर्ट मुकदमा को किसी तौर पर मुन्तकिल कर सक्ती है (कलकत्ता ला जरनल जिल्द ९ सफा ६११).

फरीकैन:—साहूकार जिस को दरखास्त दिवालिया की इत्तला मिली है बतौर फरीक समझा जावेगा (इ ला. रि. बम्बई जिल्द २२ सफा ७७८).

इत्तला—जब नालिश, मुद्दई की दरखास्त पर और बिना इत्तला दिये मुद्दयलेह को मुन्तकिल की गई हो और मुद्दायलेह वैसी मुन्तकिल की हुई अदालत के अखत्यार को माने और वहा हाजिर होकर अपने मुकदमा की पैरवी करे तो फिर पीछे से वह उस डिक्री के जायज होने की निस्बत उजर नहीं करने पावेगा (इ. ला. रि मद्रास जिल्द १३ सफा २१३)

लफ्ज "अदालत खफीफा" से ऐसी अदालत मुराद हैं जो वाजिब वो

खास तौर पर वैसी अदालत क़रार दी गई हो उस से ऐसी अदालत मुराद नहीं है जिस को अदालत खफ़ीफ़ा के अख्त्यार दिये गये हों (इ ला. रि. बम्बई जिल्द २३ सफा ३८२)

मुकदमा मुन्तकिल करने से वह अदालत अदालत खफ़ीफ़ा नहीं बन जाती मगर सिर्फ़ वह उस नालिश की तजवीज बतौर अदालत खफ़ीफ़ा करेगी (इ ला रि. बम्बई जिल्द १८ सफा ६१)

जब डिस्ट्रिक्ट मुनसिफ जिस को खफ़ीफ़ा के अख्त्यारात हासिल थे तबदील हो और उस की जगह पर दूसरा मुनसिफ आवे जिस को वैसे अख्त्यारात न हो तो इस दफा की रू से उस को खफ़ीफ़ा के उन मुकदमों की तजवीज करने के लिये, जो उस के चार्ज लेते वक्त मुलतवी थे, कोई हुक्म की जरूरत न होगी क्योंकि हस्ब दफा ३५ एक्ट अदालत खफ़ीफ़ा वह उन की तजवीज बतौर नम्बरी नालिश कर सक्ता है (इ ला. रि कलकत्ता जिल्द ३१ सफा १०५७)

वजूहात मुन्तकिली:—मुन्तकिल के लिये नीचे लिखे वजूहात हो सक्ते हैं.—

१ जज ने मुकदमे की निस्बत अपनी राय पहिले से कायम करली है और जाहिर की है (इ ला. रि कलकत्ता जिल्द १० सफा ६१५).

२ रजामन्दी व सहूलियत फरीकैन (इ ला रि. कलकत्ता जिल्द १६ सफा ७७१)

३. चलन जज व किस्म दावाजात वास्ते तसफ़िया (बगल ला रि. जि० १० सफा १६८)—

नजरसानी:—नजरसानी न होगी (इ ला रि. अलाहाबाद जि० ६ सफा २३३)—

मुन्तकिली नालिश बगैर देने नोटिस फरीकैन जब कि मुन्तकिली फरीकैन के कहने पर की गई हो भारी बेजाबर्गा समझी जावेगी मगर हाई कोर्ट दस्तन्दाजी नहीं करेगी क्यों कि डिस्ट्रिक्ट कोर्ट बगैर नोटिस दिये मुन्तकिली कर सक्ती

है (मद्रास ला, जरनल जि० २१ सफा ८२९)—

डिस्ट्रिक्ट जज को नालिश सब जज के अदालत से बमूजिब दफा २४ सिर्फ इस वजह से वापिस नहीं लेना चाहिये कि एक दूसरे मुकदमा में जो इसी किस्म का था सब-जज ने कानून की गलत समझी की थी अगर डिस्ट्रिक्ट जज की मनशा किसी नालिश की कतई तजवीज करनें की न हो तो नालिश को सिर्फ इस गरज के लिये मुन्तकिल नहीं करना चाहिये कि वह उसका तसफिया सिर्फ इब्तदाई बिना पर कर सके (इ. के जि० १५ सफा ५६९)—

नालिश को बगैर देने नोटिस फरीक मुखालिफ के मुन्तकिल करना मार्फिकल से बतौर एक ऐसी गलती के समझा जावेगा कि जिससे हुक्म मुन्तकिली की नजरसानी हो सके.

जब दरखास्त मुन्तकिली अदालत के कायदे के बमूजिब न होवे यानी वह बगैर बयान हलफी के दी गई हो और वह ले ली गई हो और उसका तसफिया किया गया हो तो उसकी नजरसानी पर हाई कोर्ट की यह राय करार पाई कि जज को जिसने उस दरखास्त का तसफिया किया अखत्यार था कि बयान हलफी न लेवे जब अदालत नालिश को एक अदालत से दूसरे अदालत में मुन्तकिल करे तो मुन्तकिली के वजूहात दर्ज करने की पाबन्दी अदालत को न होगी (इ. केस जि० १४ सफा ५६१)—

डिस्ट्रिक्ट जज को हस्ब दफा २४ (क) अखत्यार है कि वह ऐसी नालिश को जो उसके इजलास में मुलतवी है अदालत एडिशनल जज में मुन्तकिल करे (इ केस जि० १३ सफा ६)—

जब अदालत अपील किसी नालिश को वास्ते तजवीज सानी रूइदाद पर उस अदालत में वापिस करे जिसने उसकी पहले सुनाई की थी तो डिस्ट्रिक्ट जज को हस्ब दफा २४ यह अखत्यार है कि उस नालिश को वह अपने ही फाइल पर लेकर उसका तसफिया करे (इ केस जि० १९ सफा ५५२)

नये जाब्ता दीवानी के इबारत पर लिहाज करके डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के अखत्यारात निस्बत मुन्तकिली मुकदमा उससे ज्यादा है जो कि पुराने मजमूआ जाब्ता दीवानी के रू से थे देखो आरडर ४१ कायदा २३ दफा, ९९ और

मदरास वी. नो. सन १९१४ ई० सफा ३१७)—

दफा २४ की रू से डिस्ट्रिक्ट जज को मुन्तकिली के अखत्यारात बहुत दिये गये हैं इसकी रू से डिस्ट्रिक्ट जज को अखत्यार है कि वह किसी मुकदमें को जो हाई कोर्ट की तरफ से वास्ते तजवीजसानी के वापिस आया हो उसे वह सब जज के अदालत में तबदील करे (अलाहाबाद ला जरनल जि० १२ सफा १०९४)—और इसी मजमून की नजीर देखो (इ. के. जि० २३ सफा ६९)

अखत्यारात जनाब नव्वाब गवरनर जनरेल बहादुर बइजलास कौंसिल निसबत मुन्तकिल करने मुकदमा

दफा २५ (१) कोई फरीक जब किसी मुकदमा अपील या दीगर कार्रवाई का जो किसी हाई कोर्ट में जहां कि सिरफ अकेला एक ही जज इजलास करता हो उजर करे कि उस की समाअत वह जज न करे और साहब जज को ऐसे उजर के माकूल होने का इतमीनान हो जाय तो वह व खिदमत जनाब नव्वाब गवनर जनरेल बहादुर बइजलाल कौन्सिल रिपोर्ट करेंगे–और साहब ममदूह बजरिये इश्तहार मुन्दरजे गजट आफ इंडिया, ऐसे मुकदमा या अपील या दीगर कार्रवाई को किसी दीगर हाई कोर्ट में मुन्तकिल करेंगी

(२) इस तरह से मुन्तकिल किये हुये मुकदमा अपील या दीगर कार्रवाई मे वह कानून लागू होगा जो उस अदालत में, जहां कि मुकदमा अपील या दीगर कार्रवाई शुरू में दायर हुई थी, होना चाहिये था.

तशरीहः—इस दफा के बमूजिब जनाब नव्वाब गवरनर जनरल बहादुर को एक हाई कोर्ट से दूसरे हाई कोर्ट में मुकदमा मुन्तकिल करने का अखत्यार दिया गया है—

यह दफा नई है दफा ५२७ मजमूआ जाब्ता फौजदारी सन १८९८ से मिलान करो—

दायरी नालशात

दफा २६ मुकदमें की दायरी जरिये पेश करने अर्जी दावा

दायरी नालशात. **या ऐसी दीगर तौर पर होगी जो मुकर्रर किया जावे**

तशरीह—हर नालिश में अर्जी दावी का मौजूद होना बहुत जरूरी है और जब यह अरजी दावा अदालत के या किसी ऐसे उहदेदार को हवाला कर दिया जावे कि जो इस काम के वास्ते मुकर्रर किया गया है तो कहा जावेगा कि नालिश दायर हुई.

अब हिन्दुस्थान की सब हाई कोर्टों की यह राय पक्के तौर पर कायम हो चुकी है कि गैर काफी स्टाम्प पर लिखी हुई अरजी दावी का दायर होना उस तारीख को समझा जावेगा कि जिस तारीख को वः शुरू में पेश की गई हो, हालां कि कमी स्टाम्प उस मुद्दत के भीतर दाखल हुआ हो कि जो अदालत ने मुकर्रर किया हो और गो ऐसी मुद्दत से नालिश अन्दर मियाद या मियाद मुकर्रर के बाहर हो जाती हो

(इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द १६ सफा ७८०
,, कलकत्ता ,, २० ,, ४०
,, कलकत्ता ,, २७ ,, १०४४
,, मद्रास ,, २२ ,, ४६४
,, बम्बई ,, २७ ,, ३५०
अलाहाबाद ला जरनल जिल्द ४ सफा ६३६).

पुराने दफा के लिये देखो दफा ४८ आर्डर ४ में दायरी नालशात का जिक्र है लफ्ज "या ऐसे दीगर तौर पर जो मुकर्रर किया जावे" नये हैं— नालिश में नीचे लिखी बातें जरूर है.

(१) फरीक मुखालिफ (२) झगड़े वाला मामला (३) बिनाय मुखासमत (४) मतालब (५) चाराजोई (इ ला. रि बम्बई जिल्द ३१ सफा ३९३)

समन वो इत्तिलाफ याने दरयाफ्त हलाता मुकदमा

दफा २७. जब नालिश वाजाब्ता तौर पर दायर हो समन बनाम मुद्दाअलेह. जाये तो जायज है कि समन मुद्दायलेह के

नाम इस हुक्म से जारी किया जाय कि वह अदालत में हाजिर होकर दावे की जवाब देही करे, और तामील इस समन की मुकर्रर किये हुए तरीके से की जाय.

तशरीह:—इस दफा की रू से बाद दायरी नालिश के समन बनाम मुद्दायलेह के जारी करना जायज करार दिया गया है—मगर अदालत पर हर मुकदमा में मुद्दायलेह के नाम समन जारी करना लाजमी नहीं हैं, मसलन, जब कि अरजी दावी तरमीम के वास्ते या अदालत मजाज में पेश करने के लिये वापिस दिया जावे या जब कि इस मजमूआ की किसी दफा की रू से अरजी दावी नामजूर कर दिया गया हो तो ऐसी हालतों में समन का मुद्दायलेह के नाम जारी किया जाना जरूरी नहीं है (देखो इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द १४ सफा २०४)

जब मुद्दायलेह खुद आप होकर अदालत में हाजिर हो जावे तो उस के नाम समन जारी करना जरूर नहीं है (बगाल ला रि जिल्द ३ सफा ४०३)

किसी मुकदमें में जो असल कर्जदार वो जामिनदार पर दायर किया गया हो अगर मुद्दई असल कर्जदार पर समन तामील न करा सके तो जामिनदार अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो सक्ता है (इ ला रि बम्बई जिल्द १४ सफा २६७ वो इ ला रि कलकत्ता जिल्द १२ सफा ३३०)

पुराने दफा के लिये देखो दफा ६४ आर्डर ५ में समन के जारी व तामील करने का जिक्र है.

दफा २८ (१) कोई समन किसी दूसरे सूबे मे तामील के वास्ते ऐसे अदालत के पास ऐसे तरीके पर भेजा जासक्ता है कि जो [अदालत वो तरीका] उस सूबे के रायज किये हुऐ कायदों के बमूजिब मुकर्रर किया गया हो, वो बनाये गये हों—

तामील समन जब कि मुद्दायलेह किसी दूसरे सूबे में रहता हो.

(२) जिस अदालत में समन भेजा जाय उस को लाजिम है कि समन के पहुंचने पर उसी तरह कारवाई करे, गोया कि समन खुद वैसे ही अदालत ने जारी किया था, और बाद को

वह समन उस अदालत में जहां से जारी हुआ हो मय इस बयान के कि उस के मुताबिक क्या कार्रवाई की गई (अगर कोई कार्रवाई की गई हो) वापिस करदे

तशरीह:—जब कोई समन इस दफा के पाहिले जिमन के बमूजिब तामील के वास्ते किसी दूसरे सूबा यानी मुल्क में भेजा जावे तो वैसे समन का तामील उन्ही कायदों के मुताबिक की जावेगी जो उस सूबा में निस्बत तामील समन के जारी हों—समन भेजने वाली अदालत को इस मजमून की रिपोर्ट कबूल करना चाहिये कि तामील समन की बाजाब्ता की गई सिवाय उस सूरत में कि जब उस दूसरी अदालत की कार्रवाई की मिसल से कोई ऐसी बात पाई जावे जो खिलाफ में हो (इ. ला. रि बम्बई जिल्द १० सफा २०२).

लेकिन अदालत इस अमर का तसफिया कर सकी है कि आया तामील समन की काफी है या नहीं (इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द २२ सफा ८८९).

पुराने दफा के लिये देखो दफा ८५—देखो आर्डर ५ कायदे २१—२३.

दफा २९ अदालत हाय गैर के जारी किये हुए समन की तामील

जो समन कोई अदालत दीवानी या माल जो ब्रिटिश इनडिया के हद के बाहर वाकै हो जारी करे वह ब्रिटिश इनडिया की अदालत में भेजे जा सके है, और उस की तामील इसी तरह हो सकी है मानो कि उस को खुद अदालत हाय ब्रिटिश इनडिया मे जारी किया

मगर शर्त यह है कि वह अदालते कि जहां से ऐसे समन जारी हुऐ हो नव्वाब गवर्नर जनरेल बहादुर व इजलास कौंसिल के हुक्म से कायम हुई हों, या कायम रखी गई हों, या कि नव्वाब गवर्नर जनरेल बहादुर बइजलास कौंसिल ने गजट आफ इनडिया में मुश्तहर कर दिया हो, कि इस दफा के अहकामात वैसी अदालतों से लागू होंगे.

पुराने दफा के लिये देखो दफा ६९० (अ)

दफा ३० बपाबन्दी ऐसी शरायत जो कैदो के जो मुकर्रर

अख्त्यार मुताल्लुक जाहिर करने हालात वगैरा करदी जाय, अदालत किसी वक्त, चाहे अपनी तजवीज से या किसी फरीक की दरखास्त पर.

(क) हुक्म जरूरी या मुनासिब निसबत जुमला अमूरात मुताल्लुक हवालगी वो जवाब देही वन्द सवालात, वो इकबाल दस्तावेजात वो वाकेआत, वो इनकिशाफ वो मुलाहजा करने, वो पेशी वो जबती, वो वापसी दस्तावेजात या दूसरी जरूरी चीजो के जो सबूत मे पेश हो सके, सादिर करे.

(ख) समन बनाम ऐसे शख्सों के जिन की हाजरी चाहे वास्ते देने शहादत के या दस्तावेजात या जरूरी चीज मजकूर पेश करने के लिये मतलूब हो, जारी करे.

(ग) हुक्म निस्बत इस के कि कोई वाकेआ बजरिये अफीडेविट याने बयान हलफी के साबित किया जाय, सादिर करे.

तशरीह:—यह दफा नई कायम की गई है—

आरडर ११, १२ और १३ में उन बातों का जिक्र है जो इस दफा के फिकरा (अ) में दर्ज है—

आरडर १६ में समन के जारी होने का जिक्र है—

आरडर १९ में बयान हलफी का जिक्र है दफा ३२ में समन के हुक्म अदूली की सजा दर्ज है—

आम रास्ता व गांव की रास्ता में फर्क है और नालिश चल सकती है जब कि गांव के रास्ते के हक की निस्बत झगड़ा हो तो कोई खास हरजा न पहुचा हो (कलकत्ता वी. नो जि० १७ सफा ७३)—

समन बनाम गवाह

दफा ३१ दफा २७ वो २८ वो २९ मे लिखे हुऐ अहकामात वैसे सम्मनो से भी मुताल्लुक होंगे जो शहादत देने या पेश करने दस्तावेजात या दीगर जरूर चीजों

के वास्ते जारी किये जाएगे—

तशरीह:—यह दफा नई कायम की गई है—

दफा ३२. अदालत को किसी ऐसे शख्स की हाजरी तामील न करने की हालत में सजा.

अजबूर करने का अखत्यार हासिल है कि जिस के नाम समन बमूजिब दफा ३० के जारी किया गया हो और इस गरज से अदालत,

(क) उस शख्स की गिरफतारी का वारन्ट जारी कर सक्ती है.

(ख) उस की जायदाद कुर्क वे नीलाम कर सक्ती है

(ग) उस पर जुरमाना जो ५०० रू० से ज्यादा न हो कर सकती है.

(घ) उस से वास्ते हाजरी जमानत तलब कर सक्ती है और जमानत न देने की हालत में उस को जहलखाना दीवानी में बन्द कर सक्ती है—

तशरीह—यह दफा नई कायम की गई है—देखो आरडर १६ कायदा १०.

तजवीज वो डिक्री.

दफा ३३ बाद सुन्ने मुकदमे के अदालत तजवीज सुनायेगी और इस तजवीज की बिना पर डिकरी सादिर होगी.

तशरीह —अगर कोई फरीक बाद खतम सुनाई मुकदमा और फैसला सुनाये जाने फैसला के मर जावे तो उससे फैसला वो डिक्री नाजायज नहीं होती है (इ ला. रि. बम्बई जि० १६ सफा ८०७ वो इ ला. रि. अलाहाबाद जि० २१ सफा ३१४)—पुराने दफा के लिये देखो दफा १६८ आरडर २० में तजवीज का जिक्र है जज बाद सुन्ने मुकदमा फौरम अपनी ऐसी तजवीज जबानी सुना सक्ता है जिसे तहरीर करने और सुनाने का उसका इरादा है (मद्रास हाई कोर्ट रिपोर्ट अपील जिमन ५ सफा ८)—

सूद.

दफा ३४ (१) जिस हालत में और जहां तक कि कोई सूद डिकरी मिसबत अदाई नक्दी रूप्या के सादिर की जावे, अदालत को बजरिये ऐसी डिकरी के यह हुक्म देने का अखत्यार है कि सूद उस निर्ख के मुताबिक जो अदालत के नजदीक मुनासिब जान पड़े असल रकम तसफिया की हुई पर तारीख नालिश से तारीख डिकरी तक अदा किया जावे, अलावा किसी ऐसे सूद के जो असल रकम पर मिसबत किसी मुद्दत पेशतर दायरी नालिश के तजवीज किया गया हो मय सूद आयन्दा उस निर्ख के मुताबिक जो अदालत ऐसी तसफिया की हुई एक जाई रकम पर मुनासिब समझे तारीख डिकरी से तारीख अदाई तक, या उस नजदीक की तारीख तक, जो अदालत की राय में ठीक जान पड़े—

(२) जिस सूरत मे कि डिकरी में मिसबत अदाई सूद आयन्दा ऐसी एकजाई तसफिया की हुई रकम पर कि जिसका जिक्र ऊपर हो चुका है, तारीख डिकरी से तारीख अदाई तक या किसी नजदीक तारीख तक कुछ जिकर न हो तो ऐसा समझा जावेगा कि अदालत ने सूद मजकूर के दिलाने से इंकार किया, और अलेहदा नालिश सूद मजकूर की वसूली के बाबत दायर न हो सकेगी.

तशरीह:—इस दफा में यह हुक्म है कि अदालत तारीख नालिश के बाद मुनासिब सूद दिला सक्ती है—मतलब यह है कि ऐसा मुनासिब सूद दिलाना अदालत की मरजी पर है चाहे वह उस निर्ख के मुताबिक दिलावे कि जो फरीकैन के दरम्यान में ठहरा हो, या किसी दूसरे निर्ख के मुताफिक मगर तारीख दायरी नालिश के पहिले का सूद दिलाने के वास्ते अदालत उस माहदा के मुताबिक अमल करेगी जो फरीकैन के दरम्यान ठहरा हो (इ ला रि कलकत्ता जि० १२ सफा ५८२)—बाद दायरी नालिश के सूद दिलाने के बाबत जो

दादरसी मांगी जावे उसके लिखवत अलहदा कोर्ट फीस यानी रसूम अदालत का दाखिल करना जरूर नहीं है (इ. ला. रि. बम्बई जि० १७ सफा ४१)—

अदालत तारीख वाजबुलअदा तक ठहराई हुई शर्त के मुवाफिक सूद दिलाने की पाबन्द है, मगर बाद डिक्री सूद का दिलाना अदालत के अखत्यारी है (२३ बी रि ३०९) बमूजिब शर्त अगर तारीख वाजबुलअदा तक किसी निरख से सूद देने का करार है तो अदालत बाद का सूद कम निरख से दिला सक्ती है (१८ बी नो ३२२)—

अगर-डिक्री में सूद नहीं है तो डिक्री जारी करने वाली अदालत सूद शामिल नहीं कर सक्ती-(इ ला. रि मदरास जि० ३ सफा ४२१ वो १५ बी रि. ३५१, ५ बी रि. ४१५ वो १७ बी. रि १९ वो. २० बी. रि ४७७ वो २२ बी रि ५३३ वो ५३४)—

सूद जो फैसले से नहीं दिलाया गया वह तरमीम डिक्री से नहीं दिलाया जा सक्ता-(इ ला रि अलाहबाद जि १५ सफा १२१).

जब पचो ने सूद नहीं दिलाया तो अदालत खिलाफ फैसला पचायती सूद नहीं दिला सक्ती—(बी रि. जि. २३ सफा १०५).

जब कि मदयून डिक्री ने सूद देने का करार करके नीलाम मुलतवी करा दिया तो वह सूद इजरा डिक्री में दिलाया जा सक्ता है-(इ ला रि मदरास जि ७ सफा ४००)

मुकदमा बजरिये रहननामा में मुद्दई उस निरख से सूद पाने का हकदार है जो करार किया गया है बिला किसी कमी के-(इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द ९ सफा ३०९)

अदालत को मुकदमात रहन की डिक्री में तारीख डिक्री और तारीख मुकररी अदाई के बाद सूद ता अदाई दिलाने का अखत्यार है-(इ ला रि कलकत्ता जि २४ सफा ७६९ वो इ ला रि अलाहबाद जिल्द २१ सफा ३६१ वो इ. ला. रि कलकत्ता जि २९ सफा ४३ वो इ. ला रि मदरास जि. २३ सफा ६३७ वो इ ला रि. कलकत्ता जिल्द २६ सफा ४९)

एक रहननामा में शर्त है कि कर्जे का सूद किसी निरख से दिया जायगा

और दर सूरत अदम अदाई आइन्दा सूद तारीख वादा खिलाफी से जियादा निर्ख से दिया जावेगा तो यह करार दिया गया कि जियादा निर्ख की शरह सूद तावानी नहीं है, और अमल में लाई जा सक्ती है—(इ ला. रि बम्बई जि १४ सफा २००)—सूद मामूली न देने की हालत में सूद पर सूद देने की शर्त तावानी नहीं है—(इ. ला रि अलाहबाद जि २५ सफा २६ वो इ. ला रि अलाहबाद जि २५ सफा १९६)

पुराने दफा के वास्ते देखो दफा २०६—डिक्री वास्ते नीलाम अजरूये रहन या बोझा बतौर डिक्री जर नकदी की नहीं समझी जावेगी—(इ. ला. रि कलकत्ता जि २४ सफा ७६६)—

जब मदयून-डिक्री डिक्री का रूपिया अदालत में अदा कर दे तो डिक्रीदार सूद तारीख अदाई से नोटिस पाने की तारीख तक का पाने का हकदार न होगा [मद्रास ला जरनल जि १ सफा ५३४].

नालिश करने में देरी, सूद घटाने के लिये काफी वजह न होगी—वी. रि जि १२ सफा १९२)

इसी तरह कर्ज का कुछ हिस्सा साहूकार ने लेने से इकार किया यह अमर कमी सूद के लिये काफी वजह न होगा—(वी रि जि. ७ सफा २०)—

जर लगान के डिक्री में भी सूद दिलाया जा सक्ता है—(इ. ला रि कलकत्ता जि ४ सफा ९६४)—

अगर मुकदमा के फैसला करने में देरी हुई के सबब से हुई हो तो अदालत को अखत्यार है कि सूद नालिश की दायरी के बाद का न दिलावे—(इ के जि. २५ सफा ६५८)—

मुद्दई ठहराव के सूद को दायरी नालिश से तारीख डिक्री तक दिला पाने का बतौर हक मुस्तेहक नहीं है—सूद दिलाना या न दिलाना अदालत की मरजी पर है—(इ के जि २८ सफा ४२६).

खर्चा—

दफा ३५. (१) बपाबन्दी उन शरायत और कैदों के जो खर्चा. मुकर्रर की जाये और बपाबन्दी किसी ऐसे कानून के जो उस वक्त जारी हों जो खर्चा मुकदमा में या नतीजे

के मुताबिक हुवा हो वह अदालत के अखत्यार पर मौकूफ है और अदालत को इस अम्र के तै करने का पूरा अखत्यार हासिल है कि खर्चा कौन देगा और किस जायदाद से और किस हद तक दिलाया जायेगा-और अदालत कुल जरूरी हिदायतें ऊपर लिखी गरजों के वास्ते दे सकती है—इस बात से, कि अदालत को नालिश की तजवीज करने का अखत्यार नहीं है, ऐसे अखत्यार के अमल में लाने के बारे में कोई रुकावट न होगी

(२) अगर अदालत हुक्म दे कि कोई खर्चा बमूजिब नतीजा मुकदमा नहीं दिलाया जायगा तो अदालत अपने वजूहात तहरीरी बयान करेगी

(३) अदालत को अखत्यार है कि खर्चा पर सूद किसी ऐसे निरख के हिसाब से दिलाय जो सालाना छे रू० सैकड़ा से ज्यादा न हो और यह सूद खरचे में जोड़ दिया जायगा और मिस्ल खर्चा के वसूल हो सकेगा

तशरीह:—इस दफा के जिमन (१) और (२) दफा ५ एक्ट जुड़ीके चर सन १८६० ई० से कायम किये गये हैं बो जिमन (३) दफा २२२ पुराने जाब्ता दीवानी की है

अदालत को इजराय डिक्री में जब कि डिक्री में कोई हुक्म नहीं है खर्चे पर सूद दिलाने का अखत्यार नहीं है—(इंडियन ला. रिपोर्ट जिल्द १६ सफा ३०२)

अगर मुद्दई को डिक्री मय खर्चा के मिली और खर्चा पर सूद दिलाया गया हो और मुद्दायलेह का खर्चा जिम्मे मुद्दई रहा हो तो मुद्दई बाद मुजगई जो बाकी रहे उस पर सूद पाने का मुस्तहक है—(बी. रि. जि. १३ सफा १३८).

पुराने दफा के लिये देखो दफा २२०, २२२

एक फरीक का खर्चा दूसरे फरीक के खर्चे में मुजरा देने के लिये देखो आर्डर २० कायदा ६ (३)-खर्चा दिलाने की निस्बत आम कायदा यह है कि खर्चा मुकदमा के नतीजे के मुताबिक दिलाया जावे, यानी खर्चा जीतने वाले फरीक को

दिलाया जावे—यह जरूर नहीं है कि वह पूरा २ हीर पर मुकदमा को जीते—अगर उस की जीत का बड़ा हिस्सा होवे तो काफी होगा—(इ ला. रि बम्बई जिल्द १८ सफा ४७४)

मगर इस आम कायदे के मुसतसनियात यानी छूटें भी है और ऐसी सूरतें भी निकल सक्ती हैं कि जिन में अदालत जीतने वाले फरीक को दूसरे फरीक का पूरा खर्चा दिलवा सक्ती है (कौन्सिल बेंच डिविजन जि ४ सफा ६११).

मुद्दई को खर्चा न दिलाने की यह वजह काफी न होगी कि मुकदमा की लड़ाई से मुद्दायलेह पर बड़ा खर्चा पड़ा और ऐसा बोझा डाला गया कि वह उठा नहीं सक्ता, (अपील केसेज जि. १४ सफा ३२ वो इ. ला रि मद्रास जिल्द १८ सफा १२८)

जज खर्चा दिलाते वक्त सिर्फ चलन फरीक पर लिहाज न करेगी बलकि ऐसे मामलात पर गौर करेगी कि जिन से मुकदमा शुरू हुवा (कौन्सिल बेंच डिविजन जि २ सफा ६१६ पी रि. जि १५ सफा ३४०)

जीतने वाले फरीक की ज्यादती या बदचलनी उस को खर्चा दिलाने में रूकावट कर सक्ती है—(कौन्सिल बेंच डिविजन जि. १३ सफा २६२).

जब मुद्दई ने जाली दस्तावेजात पेश किये हों तो वह खर्चा नहीं पा सक्ता है--(इ के. अपील जि १३ सफा २०)

जब मामला तावानी किस्म का होवे तो खर्चा नहीं दिलाया जा सक्ता [इ ला रि. बम्बई जि ३ सफा २०२].

अगर सायल के तरफ से देरी हुई हो तो खर्चा नहीं दिलाया जा सक्ता है—[इ ला रि. अलाहबाद जि ११ सफा ३७२]

हिसाब समझने की नालिश में जो मालिक ने अपने मुख्त्यार पर दायर की हो अगर मुख्त्यार अपनी मुख्त्यारगिरी की हैसियत से इकार करे तो उस से नालिश का पूरा खर्चा दिलाया जा सक्ता है, गो हिसाब करने पर कितनी ही रकम उस के जिम्मे निकले—(इ ला रि कलकत्ता जि. १४ सफा १४७ प्रिवी कौंसिल).

जीतने वाले अपीलाट को खर्चा नहीं दिलाया जा सक्ता क्योंकि उन ने अपना पूरा हक, जिस में दूसरे किसी का दखल न हो पेश किया और उस के साबित करने में वह नाकामयाब हुवा—(इ. ला रि कलकत्ता जि १४ सफा

बम्बई जि २ सफा ३६०]

मगर कमीशनदार अपने खर्चा की नालिश कर सक्ता है–(इ ला. रि. मदरास जि ४ सफा ३९९)—

मातहती दफा (३):—जब डिक्री में खर्चा पर सूद न दिलाया गया हो तो सूद इजराय डिक्री में नहीं दिलाया जा सक्ता–(बंगाल ला रि अपील जि. ६ सफा ३३)—

खरचा की मुजराई:—देखो आर्डर २० कायदा ६ (३)—

अपील:—जब खर्चा का दिलाना अदालत मातेहत की मरजी पर हो तो निसबत खर्चा अपील न होगी मगर जब कोई उसूल का सवाल होवे तो अपील चल सकेगी–(इ ला रि कलकत्ता जि. १२ सफा १७६)—

खर्चा की निसबत अपील बनाराजगी डिक्री अदालत अपील जब कि अदालत अपील ने अपने अख्तयार को मन माने इस्तेमाल किया हो और न कि आम उसूल के मुवाफिक–(इ ला रि अलाहबाद जि. १९ सफा ३३३)—

अगर किसी शख्स का नाम मुतवफ्फी के कायम मुकाम नायज की हैसियत से दर्ज किया गया हो और उस का नाम पीछे से यह साबित होने पर खारिज हुवा हो कि वह कायम मुकाम नहीं है तो वह इस बिना पर अपील कर सक्ता है कि अदालत ने उस को खर्चा नहीं दिलाया–(इ. ला. रि. अलाहबाद जिल्द १३ सफा २६०)—

हुक्म निसबत खर्चा बतौर डिक्री नहीं समझा जावेगा न वह काबिल अपील है–[इ. ला. रि. मदरास जिल्द २१ सफा ४२१]—

अदालत अपील दस्तनदाजी करेगी जब कि अदालत मातेहत ने खर्चा दिलाने के निसबत अपने अख्तयारात को खिलाफ रिवाज इस्तेमाल किया हो और उस सबब से बेइन्साफी हुई हो–[मदरास हाई कोर्ट जिल्द १ सफा ७४]—

अदालत ने खर्चा की [illegible] कर दिया हो–

करेगी जब कि अदालत इब्तदाई वो वाकेआती को गलत समझ ६)—

दूसरी [illegible] नहीं कर सक्ती

ला. रि. अलाहाबाद जि० ११ सफा २६७ वो कलकत्ता जि० २२ सफा ४६७)

अगर अदालत मातहत अपील में डिक्री बहाल किये जाने के बाद उसे तरमीम करे तो ऐसी तरमीम की हुई डिक्री काबिल इजरा न होगी—(इ. ला रि. अलाहाबाद जिल्द ११ सफा ३१४)

आर्डर ४१ में डिक्री वो हुक्म की इजरा का जिक्र है—डिक्री वो हुक्म की तारीफ के लिये देखो दफा २ (२) वो २ (१४)

डिक्री सादिर करने वाली अदालत की तारीफ

दफा ३७ इजराय डिक्री के ताल्लुक में "डिक्री सादिर करने वाली अदालत" या उसी मजमून के दीगर लफ्जों मे, जब तक खिलाफ इस के मजमून या इबारत में कुछ हुक्म न हो, हस्ब जैल शामिल है.—

(क) जब डिक्री इजराय तलब अखत्यारात अपील के अमल में लाकर सादिर की गई हो तो अदालत इब्तदाई मुराद है—और,

(ख) अगर अदालत इब्तदाई मौजूद न रहे या उस के जारी करने का अखत्यार उस से निकल गया हो, तो वह अदालत मुराद है जो दर सूरत दायर होने उस नालिश के, जिस में डिक्री सादिर हुई हो, उस वक्त जब कि दरखास्त इजराय डिक्री दाखिल हुई थी उस नालिश की मजाज होती

तशरीह —यह दफा पुराने एक्ट के दफा ६४९ की तशरीह से कायम की गई है

एक मुनसिफ के अखत्यारात अदालत खफीफा, जो उसे गवर्नमेंट की तरफ से अता हुए थे, बजरिये नोटिफिकेशन याने इरतहार बाद सादिर होने डिक्री मगर उस के इजराय किये जाने के पेश्तर गवर्नमेंट की तरफ से वापिस लिये गये—ऐसी हालत में तजवीज हाई कोर्ट यह करार पाई कि दरखास्त वास्ते इजराय डिक्री

हिस्सा--२.

इजराय के बारे में

आम—अहकामात

दफा ३६ इस मजमूआ के अहकाम जो इजराय डिगरी अहकाम से ताल्लुक. से मुताल्लुक है इजराय अहकामात से भी जहां तक वे मुताल्लुक हो सकें मुताल्लुक समझे जावेंगे

तशरीहः—यह दफा इस मजमूआ में नई कायम की गई है—इजराय के बारे में जो बाब इस मजमूआ में दर्ज हैं वह ऐसी डिकरी और हुक्मों से ताल्लुक रखता है जो जारी किये जाने के लायक हों, न कि किसी दुसरे किस्म की डिकरी और हुक्म से, मसलन, डिकरी इस्तकरार हक, इजराय के लायक नहीं है सिवाय निस्बत खर्चा के-जब किसी नालिश या कार्रवाई में, जो मुनासिब तौर से दायर की गई हो, किसी डिकरी के निसबत यह करार दिया गया हो कि वह डिकरी साथ फरेब या साजिश के हासिल की गई है तो ऐसी हालत में डिकरी मजकूर का इजराय न किया जायगा—इस मुकदमा में (अ) ने (ब) को (क) पर एक डिकरी हासिल किया और उस नालिश में कि जो (क) ने दायर किया था डिकरी मजकूर निसबत उस के फरेबी करार दी गई तो ऐसी हालत में वह डिकरी दरम्यान (अ) को (ब) के बहाल समझी जावेगी और उस का इजरा भी किया जावेगा—(इ. ला रि कलकत्ता जि० ३० सफा ७२८)

जब कोई अमर अदालत अपील या नजरसानी से तै हुआ हो तो ऐसी अदालत की डिकरी मुकदमें में कार्रवाई समझी जावेगी चाहे उस की रू से पहिले अदालत की डिक्री बहाल रखी गई हो, या तरमीम या मसूख की गई हो-(इ

ला. रि. अलाहाबाद जि० ११ सफा २६७ वो कलकत्ता जि० २२ सफा ४६७)

अगर अदालत मातहत अपील में डिक्री बहाल किये जाने के बाद उस तरमीम करे तो ऐसी तरमीम की हुई डिक्री काबिल इजरा न होगी—(इ. ला रि अलाहाबाद जिल्द ११ सफा ३१४)

आर्डर ४१ में डिक्री वो हुक्म की इजरा का जिक्र है–डिक्री वो हुक्म की तारीफ के लिये देखो दफा २ (२) वो २ (१४)

डिक्री सादिर करने वाली अदालत की तारीफ

दफा ३७ इजराय डिक्री के ताल्लुक में "डिक्री सादिर करने वाली अदालत" या उसी मजमून के दीगर लफ्जों में, जब तक खिलाफ इस के मजमून या इबारत में कुछ हुक्म न हो, हस्ब जैल शामिल है:—

(क) जब डिक्री इजराय तलब अख्तयारात अपील के अमल में लाकर सादिर की गई हो तो अदालत इब्तदाई मुराद है—और,

(ख) अगर अदालत इब्तदाई मौजूद न रहे या उस के जारी करने का अख्तयार उस से निकल गया हो, तो वह अदालत मुराद है जो दर सूरत दायर होने उस नालिश के, जिस में डिक्री सादिर हुई हो, उस वक्त जब कि दरखास्त इजराय डिक्री दाखिल हुई थी उस नालिश की मजाज होती

तशरीह —यह दफा पुराने एक्ट के दफा ६४९ की तशरीह से कायम की गई है

एक मुनसिफ के अख्तयारात अदालत खफीफा, जो उसे गवर्नमेंट की तरफ से अता हुए थे, बजरिये नोटिफिकेशन यानि इस्तहार बाद सादिर होने डिक्री मगर उस के इजराय किये जाने के पेश्तर गवर्नमेंट की तरफ से वापिस लिये गये–ऐसी हालत में तजवीज हाई कोर्ट यह करार पाई कि दरखास्त वास्ते इजराय डिक्री

उस अदालत में पेश होनी चाहिये, कि जिसे दरखास्त मजकूर के पेश होने के वक्त अदालत खफीफा के अखत्यार हासिल थे (इ ला रि मदरास जिल्द १९ सफा ४४९).

एक मुकदमा में डिकरी रहन की मुकाम (क) के मुनसिफ की अदालत से सादिर हुई–इजराय डिकरी के पेश्तर वह रकबा जहा जायदाद वाके थी, बजरिये हुक्म गवर्नमेंट मुकाम (ख) के मुनसिफ के इलाके के अन्दर शामिल किया गया–कलकत्ता हाई कोर्ट ने यह तजवीज की कि यह दफा इजाजती है, और इस लिये दरखास्त इजराय डिकरी बअदालत मुकाम (क) या (ख) के पेश हो सक्ती है (इ ला. रि जिल्द २८ सफा २३८)

अदालत, जिसने डिकरी सादिर किया, वैसी अदालत बनी रहेगी गो उस का सदर मुकाम दूसरी जगह उठ गया हो या उस के इलाका अखत्यार की मुकामी हद्द में कुछ तबदीली हुई हो (इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द ६ सफा ५१३).

यह वाकेआ, कि हाई कोर्ट वसीगा अपील बतौर आम कायदा के अपनी खास डिकरी इजरा नहीं करती, उस के इलाका अखत्यार में कुछ फर्क न डालेगा (इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द ६ सफा २०१).

यह दफा बराबर लागू होगी चाहे अदालत के इलाका अखत्यार में रद्द बदल हुआ हो या कि फरीकैन की हैसियत में तबदीली होवे और इन वजूहात के सबब से अदालत को अखत्यार न रहा हो (इ. ला. रि. बम्बई जिल्द १७ सफा १६२)

जब एक अदालत का काम दूसरी अदालत में तबदील किया जावे तो देखो दफा १५०

जब नालिश की झगड़े वाली जायदाद दूसरी अदालत में डिकरी के बाद तबदील हो जावे तो डिकरी सादिर करने वाली अदालत को उस डिकरी के इजराय का अखत्यार न रहेगा बल्कि ऐसी इजराय का अखत्यार उस अदालत को रहेगा जिस के पास जायदाद मजकूर मुन्तकिल हुई (मदरास वी. नो. सन १९१४ सफा ८९६).

जब डिकरी निस्बत नीलाम जायदाद गैर मनकूला सादिर होने के बाद मगर दरखास्त नीलाम गुजरने के पेश्तर, जायदाद मजकूर लोकल गवर्नमेंट के इश्तिहार के रू से डिकरी सादिर करने वाली अदालत के इलाका अख्त्यार से दूसरी अदालत के इलाका अख्त्यार में तबदील की जावे तो डिकरी सादिर करने वाली अदालत, दरखास्त इजरा डिकरी नहीं ले सक्ती और न उस जायदाद के नीलाम का हुक्म दे सक्ती—ऐसी दरखास्त वो नीलाम का हुक्म वैसी नई अदालत लेगी वो देगी जिस के इलाका अख्त्यार में जायदाद मजकूर तबदील की गई—बाजाब्ता हुक्म मुन्तकिली पहली अदालत से दूसरी अदालत के नाम जारी करना जरूर न होगा (इ ला रि मदरास जिल्द ३७ सफा ४६२)

जब डिकरी सब-जज ने सादिर की हो जिस को अख्त्यार १०००) रू० से ज्यादा से २०००) रू० तक के थे और पीछे से उस की जगह पर मुनसिफ २०००) रू० तक के अख्त्यार वाला आया हो तो सब-जज के वैसी मालियत के मुकदमों के अख्त्यारात आप से आप मुनसिफ को हासिल हुए समझे जावेंगे और गो डिकरी सब-जज की अदालत से सादिर हुई ताहम उस की इजरा मुनसिफ की अदालत में होगी (इ. के जिल्द ३० सफा २०५).

दफा ३८. अदालतहाय जिन से डिकरी इजराय हो सक्ती

डिकरी किस अदालत से इजराय हो सक्ती है

है—डिकरी का इजराय चाहे उस अदालत के जारिये से होगा जिस ने डिकरी सादिर की हो या उस अदालत के जारिये से जिस में वह इजराय के वास्ते भेजी जाय.

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा २२३ के फिकरा अव्वल से ली गई है जिस अदालत ने डिकरी सादिर की उस का मौजूद न रहना उस वक्त शुमार नहीं हो सक्ता जब कि उस का सदर मुकाम एक जगह से दूसरी जगह या हदूद अरजी तबदील कर दिया गया हो—(इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द ६ सफा ५१३, वो इ ला रि कलकत्ता जिल्द २८ सफा २३८, वो इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द २५ सफा ३१५)

अगर किसी हक के सबब जो डिकरी के बाद हासिल हुआ रकम वाजिबुल-

अदा बढ़ जावे तो इससे यह न समझा जावेगा कि डिकरी सादिर करने वाली अदालत का अखत्यार इजराय डिकरी में नहीं रहा—(इ. ला. रि. बम्बई जिल्द १० सफा २००)

इसी तरह अदालत के अखत्यार में कोई कमी न समझी जावेगी जब कि दायरी नालिश के बाद के दिनों का जर लगान वो मुनाफा शामिल करने से डिकरी की रकम अदालत के माली अखत्यार से बढ़ जावे—(इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द २१ सफा ५५०).

आया अदालत जहां डिकरी इजराय के वास्ते भेजी जावे वैसे मुकदमा का लिहाज कर सक्ती है या नहीं जिस में डिकरी सादिर हुई इस सवाल के निसबत हाई कोर्ट हाय में इख्तिलाफ है—मदरास हाई कोर्ट की राय यह है कि लिहाज करना कुछ जरूर नहीं है (इ. ला. रि. मदरास जिल्द १५ सफा ३०९).

मगर कलकत्ता वो बम्बई हाई कोर्ट की राय है कि इजरा करने वाली अदालत लिहाज कर सक्ती है-(इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द १६ सफा ४५७, ४६५ वो इ. ला. रि. बम्बई जिल्द १२ सफा १५५).

देखो दफा ६ वो ३९-(२)

डिकरी दूसरी अदालत को इजरा के लिये कब भेजी जावे इस के लिये देखो दफा ३९.

यह वाकैआ, कि जिस अदालत ने हुक्म मुन्तकिली का दिया उस को वैसा हुक्म देने के लिये धोका दिया गया, वैसे हुक्म के जायज़ होने में कुछ फर्क न डालेगा—(मदरास ला. जरनल जिल्द ८ सफा १).

दफा ३९ (१) वह अदालत जिसने डिकरी सादिर की डिकरी का मुन्तकिल होना. हो, डिकरीदार की दरखास्त गुजरने पर डिकरी को दूसरी अदालत में जारी होने के लिये भेज दे सक्ती है.

(क) अगर वह शख्स जिस के खिलाफ डिकरी सादिर हुई हो उस दूसरी अदालत के इलाके की हदूद अरजी के अन्दर दर असल और इरादे के साथ

रहता हो या कोई कारोबार करता हो या मुनाफे के लिये बजात खास कोई पेशा करता हो, या,

(ख) अगर उस शख्स के पास उस अदालत के इलाके की हदूद अरजी के अन्दर जिसने डिकरी सादिर की हो उस कदर जायदाद न हो जो वास्ते वसूल करने जर डिकरी के काफी हो, बलकि उस दूसरी अदालत के इलाके की हदूद अरजी के अन्दर जायदाद रखता हो, या,

(ग) अगर डिकरी मे हुक्म नीलाम या हवालगी ऐसी जायदाद गैर मनकूला का हो जो अदालत सादिर करने वाली डिकरी के अखत्यार हुकूमत की हदूद अरजी के बाहर वाकै हो, या,

(घ) अगर अदालत, जिसने डिकरी सादिर की हो किसी और वजह से जो उसे लिखनी चाहिये यह मुनासिब समझे कि डिकरी उस दूसरी अदालत से जारी की जाय

(२) डिकरी सादिर करने वाली अदालत को अखत्यार है कि अपनी मरजी से डिकरी को वास्ते इजरा के अपनी किसी अदालत मातहत में भेज दे

तशरीह:—यह दफा पुराने मजमुआ की दफा २२३ जिमन (२) को (३) से कायम की गई है—उस में सिर्फ लफ्ज "हवालगी" मुन्दरजा फिकरा (ग) बढ़ाया गया है

इस दफा का मतलब यह है कि अदालत को अपनी डिक्री दूसरी अदालत में मुन्तकिल करने का अखत्यार हासिल है, लेकिन मुन्तकिल करना लाजमी नहीं है—(देखो इ ला रि कलकत्ता जि १६ स १३)—

मुकाम (क) की अदालत मुकाम (ख) के दफ्तर से मदयून डिकरी की तनफ्वाह कुर्क नहीं कर सक्ती है, क्योंकि मुद्दायलेह न तो मुकाम (क) में

रहता है और न उस की तनख्वाह बाटने वाला दफ्तर उस मुकाम में है--(इ. ला रि जिल्द १२ बम्बई सफा ४४).

जिस अदालत में डिकरी इजराय के लिये भेजी जावे वह ऐसी अदालत होनी चाहिये कि जो अन्दर हद ब्रिटिश इंडिया के वाकै होवे--(इ. ला रि. बम्बई जिल्द १२ सफा २३०)

सिवाय उस सूरत में कि जिस के बाबत हुक्म दफा ४५ में दर्ज है और नोटिफिकेशन यानी इश्तहार मौजूद न होने की हालत में उस दफा की मनशा के मुताबिक अख्त्यार नहीं मिलता है--(इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द २९ सफा ४००)

जो हुक्म बमूजिब दफा ३९ निसबत इकारी मुन्तकिल करने डिकरी के सादिर किया जावे वह दफा ४७ की रू से समझा जावेगा इस लिये वह काबिल अपील होगा--(कलकत्ता वी. नो. जिल्द ८ सफा ५७५)

मुन्तकिल करने के तरीका के वास्ते देखो आर्डर २१ कायदे ५ से ९ तक

इस दफा के लागू करने के लिये यह जरूर है कि दोनों अदालतों की कार्रवाई इस मजमूआ के अहकामात के मुवाफिक होवे--(इ. ला रि कलकत्ता जिल्द ३४ सफा ५७६).

अदालत माल जिसने डिकरी जर लगान सादिर किया, इस दफा की रू से डिकरी मजकूर अदालत दीवानी को वास्ते इजराय मुन्तकिल कर सक्ती है (इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द ९ सफा २९५ प्रि. कौंसिल).

जिस अदालत में डिकरी वास्ते इजराय भेजी जावे वह हुक्म के वाजिब या गैर वाजिब होने की निसबत सवाल नहीं कर सक्ती--(इ ला. रि. बम्बई जिल्द २१ सफा ४५६)

हुक्म मुन्ताकिली जो इकतरफा दिया जावे वापिस लिया जा सक्ता है [बि. रि जि० १३ सफा २३२]--

जिस अदालत में डिक्री वास्ते इजराय भेजी जावे उससे इजराय वापिस ली जा सक्ती है (इ ला. रि. अलाहबाद जि० २० सफा १२९, १३१)

डिक्रीदार की दरखास्त—"लफ्ज डिक्रीदार" के लिये देखो दफा २ (३) — डिक्री का मुन्तलिक अलेह यानी जिस शख्स को डिक्री मुन्तकिल की गई, इस दफा की रू से दरखास्त दे सक्ता है —(इ ला रि मदरास जि० २६ सफा २५८)—

दूसरी अदालत को—इससे वैसी अदालत मुराद है जो डिक्री को इजराय करने की मजाज है और जिसे बलिहाज रकम वो मालियात डिक्री अख्तयार है (इ. ला रि. कलकत्ता जि० १६ सफा ४५७)—

फिकरा [अ] — दरअसल वो अपनी खुशी से रहता है रोज ार करता है फायदा के लिये बजात खास काम करता है इसके मायनी के लिये देखो दफा २०—

फिकरा (ब):—यह जरूर नहीं है कि मदयून डिक्री की बिलकुल कुछ भी जायदाद डिक्री सादिर करने वाली अदालत के इलाके हुकूमत में न होवे —(बी. रि जि० १९ सफा ३०७)—

और न यह जरूर है कि मदयून डिक्री ऐसी दूसरी अदालत के इलाके अख्तयार के अ दर इतनी जायदाद रखे कि जिससे डिक्री की पूरी अदाई हो सके

फिकरा (क):—इस फिकरा में ऐसी सूरत का जिक्र है कि जब पूरी जायदाद, न कि उसका कुछ हिस्सा, डिक्री सादिर करने वाली अदालत के इलाका हुकूमत के बाहर वाकै होवे —दफा १७ के अख्तयार में अख्तयार निस्बत देने हुक्म नीलाम जुज जायदाद शामिल है —(इ ला रि. कलकत्ता जि० १४ सफा ६६१, ६७२)—

अगर अदालत डिक्री वास्ते नीलाम जायदाद मारहूना सादिर करे और डिक्री सादिर होने के बाद वह जिला जहा जायदाद मजकूर वाकै है दूसरी अदालत के इलाका में तबदील कर दिया जाय, तो डिक्री सादिर करने वाली अदालत तब भी जायदाद मजकूर नीलाम कर सक्ती है —(इ ला रि कलकत्ता जि० १५ सफा ६६७)—

फिकरा (ड)—अगर डिक्री अदालत खफीफा से सादिर की गई हो तो वह उसी अदालत के दूसरी ब्रेंच (Branch) सीगा में मुन्तकिल हो सकती है और दोनों सीगे बतौर अलेहदा २ अदालतों के समझी जावेगी —(इ. ला. रि. बम्बई जि० ८ सफा २३०, २३४)—

मातहती दफा [२]:—अदालतों के मातहती के लिये देखो दफा ३

अदालत को अपनी डिक्री वास्ते इजरा कई जगह भेजने का अखत्यार है (मूर्स इंडिया अपील जि० ४ सफा ९२९)—

डिक्री एकही वक्त दो या ज्यादा जिलों में इजरा हो सकती है—(इ ला. रि. कलकत्ता जि० ८ सफा ६८७)—

अपील—अपील बमाराजगी हुक्म जिससे दरखास्त मुन्तकिली खारिज की गई हो चल सकेगी—(कलकत्ता वी नो जि० ८ सफा ५७५)—

डिक्री सादिर करने वाली अदालत खुद अपनी राय से डिक्री मजकूर को वास्ते इजराय अपने मातहत अदालत में नहीं भेज सकती जब कि मालियत नालिश की, जिसमें डिक्री दी गई, उस मातहत अदालत के माली अखत्यार से बढ़ कर होवे—(वरहा ला. टा जि० ४ सफा २२४)—

दफा ३९ (२) में जो यह हुक्म है कि डिक्री वास्ते इजराय अदालत मजाज को भेजी जा सकती है वह सिर्फ ऐसी सूरत में लागू होगी जब कि डिक्री सादिर करने वाली अदालत उस डिक्री को खुद अपनी तजवीज (राय) से भेजे मगर जब डिक्री दूसरी अदालत को वास्ते इजराय डिक्रीदार की दरखास्त पर भेजी जावे तो इस दफा का पहला फिकरा लागू होगा और फिर वह अदालत जिसमें डिक्री भेजी जावे मजाज है या नहीं इसका सवाल पैदा न होगा—(इ. के जि० २२ सफा २७५).

मुन्तकिल होना डिक्री का किसी दूसरे सूबे की अदालत में.

दफा ४०—अगर कोई डिक्री इजारा के वास्ते किसी दूसरे सूबे में भेजी जाय, तो वह उस अदालत में भेजी जायगी और उस तरीके पर जारी की जायगी जैसा कि उस सूबे के

जारी किये कायदों में हुक्म हो

तशरीह —यह दफा नई है

जब जुदे जुदे जिलों में डिक्री इजराय करने के जुदे २ कायदे हों और जब एक जिले की डिक्री का दूसरे जिले में इजराय करना चाहा जावे तो इजराय करने वाली अदालत अपने जिले के कायदों के मुवाफिक इजरा करेगी—[इ. ला. रि. बम्बई जि० ३१ सफा ५].

कार्रवाई इजरा के नतीजे की तसदीक

दफा ४१ वह अदालत कि जिस में डिक्री इजरा के लिये भेजी जाय, उस के इजरा किये जाने का हाल अदालत सादिर करने वाली डिक्री को लिख भेजेगी, या अगर अदालत जिस का जिक्र अव्वल किया गया है उस का इजरा न कर सके तो उस के न जारी हो सकने के हालात लिख कर भेजेगी,

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट के दफा २२३ के फिकरा ४ से कायम की गई है

सिर्फ दरखास्त इजराय डिक्री मुकम्मिल न होने से दरखास्त खारिज कर दिये जाने की वजह से उस अदालत के अखत्यार खतम नहीं होते हैं, जिस में डिक्री इजरा के लिये भेजी गई और ऐसी हालत में अदालत को उस अदालत में जहा से डिक्री मुन्तकिल हो कर आई है सार्टिफिकेट भेजने के जरूरत नहीं है—(इ. ला. रि अलाहाबाद जि २० सफा १२६)—

जब कि डिक्री एक अदालत से दूसरी अदालत में गुजरना चाहिये जिस ने शुरू में डिक्री सादिर की—(कलकत्ता वी रिपोर्ट जि. ६ सफा ४७)

अदालत जिला से अदालत सब-जज में वास्ते इजरा डिक्री भेजे जाने के हुक्म पर खुद डिस्ट्रिक्ट जज के दस्तखत की जरूरत नहीं है उन के दस्तखत न होने से कार्रवाई नाजायज नहीं होती है—(इ. ला रि. कलकत्ता जि. २३ सफा ४८०)

दफा ४२ जिस अदालत के पास कोई डिकरी इजराय के

अखत्यारात अदालत निस्बत इजराय डिक्री जो मुन्तकिल हुई

लिये भेजी जाये तो उस को डिकरी मजकूर के इजराय करने में वही अखत्यारात हासिल होंगे कि मानो खुद उसी ने वह डिकरी सादिर की थी-और वह सब लोग जो डिकरि के इजरा में हुक्म की तामील न करें या इजरा मे रोक टोक करें उसी तरह अदालत मजकूर की तजवीज से सजा पाने के लायक होंगे कि मानों उसी अदालत ने डिकरी सादिर की थी-और अदालत मजकूर से जो अहकाम उस डिकरी के इजराय में सादिर होंवे उन्हीं कवायद के बमूजिब काबिल अपील होंगे कि गोया उसी अदालत ने डिकरी सादिर की थी—

तशरीह—यह दफा पुराने मजमूआ जाब्ता दीवानी की दफा २२८ की नकल है-उस का मतलब यह है कि जिस अदालत के पास कोई डिक्री इजराय के लिये मुन्तकिल की जावे उसे सिर्फ इजराय के डिक्री के बाबत न कि खुद डिक्री के निस्बत वही अखत्यारात हासिल होंगे जो डिक्री सादिर करने वाली अदालत को है-यह अमर तै हो चुका है कि डिक्री जारी करने वाली अदालत डिक्री की निस्बत तहकीकात नहीं कर सक्ती है बल्कि उसे डिक्री का इजराय उसी हैसियत से कि जैसी वह कायम है और उस की शर्तों के मुताबिक करना चाहिये—(इं. ला रि. कलकत्ता जि ८ सफा ३५३)

जिस अदालत के जिम्मे डिक्री के जारी करने का काम है वह नीचे लिखी बातें नहीं कर सक्ती है—

(१) प्रिवी कौंसिल की डिक्री में खर्चा का बढ़ाना जब कि वैसा खर्चा प्रिवी कौंसिल ने न दिलाया हो—(इ. ला. रि. कलकत्ता जि. ३ सफा १६१)

(२) जर वसिलात, यानी, मुनाफा की रकम पर साल ब साल सूदपर सूद दिलाना जब कि डिक्री की रू से तारीख तहकीक होने रकम मुनाफा से सूद दिलाया गया हो—(इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द ८ सफा ३३२).

(३) को बढ़ाना—(इ ला. रि बम्बई

जिल्द १३ सफा १०६ वो जिल्द १५ सफा ६४४).

(४) या, डिक्री की रकम बजरिये किस्तों के अदा करने का हुक्म देना [प. उत्तर देश रिपोर्ट जि २ सफा २६]—

(५) या, जायदाद के नीलाम का हुक्म उस मुद्दत के पेशतर सादिर करना कि जो एक्ट इन्तकाल जायदाद की दफा ८८ के रू से मुकर्रर की गई है—(इ. ला. रि अलाहाबाद जिल्द ७ स १९४)

(६) या, डिक्री में शामिल किये हुए खर्चों के सिवाय और ज्यादा खर्चों का दिलवाना—(वी रि जि १३ सफा ३३०)

(७) या, उन खर्चों की तरमीम या तबदीली करना —(वी रि. जिल्द ९ सफा ३८७).

डिक्री जारी करने वाली अदालत इस अमर का तसफिया कर सक्ती है कि आया दरखास्त इजराय डिक्री अन्दर मियाद है या बेरू मियाद—(इ. ला रि अलाहाबाद जि० १६ सफा ३९०)—

मगर जिस अदालत के पास डिक्री बमूजिब दफा ३९ मुन्तकिल की जावे वह ऐसे हुक्म इजराय के निस्बत बहेस नहीं कर सक्ती है, जो बाद तसफिया तनाजा मियाद के सादिर हुवा हो, और यह हुक्म उस वक्त तक सही समझा जावेगा कि जब तक वह अपील से मन्सूख न हो जावे—पस अदालत मजकूर इस बिना पर डिक्री जारी करने से इंकार नहीं कर सक्ती है कि दरखास्त इजराय की जिस की बिना पर हुक्म मुन्तकिली का सादिर किया गया बेरू मियाद है [इ. ला रि बम्बई जिल्द १५ सफा २८].

यह अदालत जिस में डिक्री मुन्तकिल की गई दूसरी अदालत में मुन्तकिल करने का सारटिफिकेट नहीं दे सक्ती (इ ला रि कलकत्ता जि. ३ सफा ५१२ वो जि १ सफा ५३९)

जिस अदालत में डिक्री इजराय के लिये भेजी गई वह उस के सही होने में एतराज करने का मजाज नहीं रखती—[इ. ला रि. कलकत्ता जि. ५ सफा ७३६ वो इ ला रि ब जि २१ सफा ४५६]—इ. ला रि अलाहाबाद जि. ७ सफा ३३० में यह भी करार दिया गया है कि ऐसी अदालत को बमुज

चन्द रोज के लिये डिक्री का इजराय मुलतवी करने का भी अखत्यार नहीं है.

खरीददार डिक्री की तरफ से दरखास्त में उस का नाम दर्ज होकर वह दरखास्त इजरा के लिये डिक्री सादिर करने वाली अदालत में गुजरानी जा सक्ती है मगर जिस अदालत में डिक्री मुन्तकिल की गई है उस को वैसी दरखास्त के लेने का अखत्यार नहीं है—[इ. ला. रि. कलकत्ता जि. २७ सफा ४८८]—

अदालत, जिसमें डिक्री इजरा के लिये मुन्तकिल की गई जायदाद मकरूका पर हक रहन की निस्बत तहकीकात कर सक्ती है—(इ. ला. रि बम्बई जिल्द ६ सफा ५८४)—

अदालत जिस मे डिक्री इजरा के लिये भेजी गई डिक्री को इस वजह पर इजरा करने से नामजूर नहीं कर सक्ती कि फरीकैन में से किसी की तरफ से ऐसे उजरात बयान किये गये हैं जिन का तसफिया इजराय में नहीं हो सक्ती—(इ. ला. रि. बम्बई जिल्द ११ सफा ५२८)—

अपील—जब अदालत खफीफा की डिक्री दूसरी अदालत को वास्ते इजराय भेजी जाये जिसे अखत्यारात इप्तदाई हासिल है तो ऐसी दूसरी अदालत के हुक्म की नाराजगी से दूसरी अपील न हो सकेगी—[कलकत्ता ला. जरनल जिल्द २० सफा १२९]

दफा ४२ या आर्डर २१ कायदा २८ में ऐसा कोई हुक्म नहीं है कि जिससे वह अदालत जहा डिक्री इजरा के लिये भेजी गई ऐसे सवाल का, तसफिया न कर सके जो उसी डिक्री को किसी खास तौर पर जारी कराने से पैदा हो—जिस अदालत को डिक्री वास्ते इजराय भेजी जाय वह इस सवाल का तसफिया करने की मजाज है कि आया डिक्रीदार डिक्री में दर्ज हुई जायदाद के सिवाय दूसरी जायदाद को कुर्क या नीलाम करा सक्ता है या नहीं [इ. केस जिल्द २७ सफा ५९७]

दफा ४३. अगर किसी ऐसी अदालत दीवानी ने डिक्री सादिर की हो जो किसी ऐसे हिस्सा ब्रिटिश इनडिया में कायम हो जहां अहकाम मुताल्लुक इजराय डिक्री ताल्लुक न रखते हों या किसी ऐसी अदालत ने सादिर की हो जो

इजराय डिक्री जो ऐसी अदालत अंग्रेजी से सादिर हो जो ऐसे मुकाम में वाकै हो

जहां अहकाम इस हिस्से में लिखे हुए ताल्लुक न रखते हों या अदालत रियासत गैर से सादिर हो

चमूजिब हुक्म जनाब नव्वाब गवर्नर जनरल बहादुर बइजलास कौंसिल की किसी वाली या रईस मुल्क गैर के हुकूमत के अन्दर मुकर्रर हो या जारी रखी गई हो और अगर उस का इजरा उस अदालत के इलाके के अन्दर नहो सके जहां से वह डिक्री सादिर हुई हो तो उस का इजरा मुताबिक उस तरीके के जो इस मजमुआ मे दर्ज है ब्रिटिश इनडिया की किसी अदालत के इलाके के अन्दर हो सकेगा.

तशरीह.—इस दफा में कुछ लफ्ज और इबारत बढ़ाई गई है जिन से यह साफ तौर से तै हो गया है कि चन्द सूरतों में मुल्क गैर के अदालतों की डिक्री सरकारी हिन्दुस्थान की अदालतों के इलाका के अन्दर जारी की जा सक्ती है—इस दफा में तरमीम के जरिये जो ज्यादा इबारत बढ़ाई गई वह मुताबिक राय नजीर हाई कोर्ट कलकत्ता जिल्द १५ सफा ३६५ के है—इस दफा के बमूजिब अमल करने के वास्ते दो शर्तों का मौजूद होना लाजमी है.—[१] डिक्री का इजरा उस अदालत के इलाका के अन्दर नहीं हो सक्ता था कि जिस ने उसे सादिर की;—[२] वैसी अदालत उस तरह की होनी चाहिये कि जिस का जिक्र दफा मजकूर में दर्ज है—[बी. रि. जि. १३ सफा १५४]

पुराने दफा के लिये देखो दफा २२९ "ब्रिटिश इंडिया" की तारीफ के लिये देखो दफा १.

अदालत पोलिटिकल ऐजेंट जिसकम ऐसी अदालत समझी जावेगी जो नव्वाब गवर्नर जनरल साहब बहादुर बइजलास कौंसिल के हुक्म से मुकर्रर की गई या जारी रखी गई—(इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द ३८ सफा ८५९)

दफा ४४ नव्वाब गवर्नर जनरेल बहादुर बइजलास

इजराय उस डिकरी का जो किसी अदालत रियासत हिन्दुस्थानी से सादिर हुई हो

कौंसिल मजाज हैं कि गजट आफ इंडिया में बजरिये इश्तहार यह जाहिर कर दें कि डिकरीयां किसी अदालत हाय दीवानी या माल की जो किसी ऐसे रियासत हिन्दुस्थानी के हुकूमत में वाकै हो जो मालिक-मौजम

से अहद वो पैमान रखती हों और नव्वाब गवर्नर जनरेल बहादुर बइजलास कौंसिल के हुक्म से मुकर्रर न हुई हो या जारी न रखी गई हों या ऐसी डिक्रियों की कोई किसम खास ब्रिटिश इन्डिया में इसी तरह जारी हो सकेगी, गोया कि वह खुद अदालतहाय ब्रिटिश इन्डिया की तरफ से सादिर हुई.

तजवीज अदालत रियासत गैर की जो अदालत वाकै ब्रिटिश इंडिया के डिक्री पर हासिल की गई हो इब्तदाई डिक्री के इजराय की मने करने वाली नहीं होगी (इ. ला. रि कलकत्ता जि. ७ सफा ८२).

ब्रिटिश इंडिया की कोई अदालत रियासत गैर के किसी ऐसी डिक्री के इजराय की पाबन्द नहीं होगी जो फरेब से हासिल की गई हो—(इं. ला. रि बम्बई जि १५ सफा २१६)—

इस दफा में अहद वो पैमान के लफ्जों से मुराद है सलाह रखना न कि बरखिलाफी

पुराने दफा के लिये देखो दफा २२९ (ब) कानून म्याद जो ऐसे इजराय डिक्री में लागू होगा वह कानून म्याद होगा जो, उस सूरत में लागू होता अगर डिक्री ब्रिटिश इंडिया में सादिर होती (इ ला. रि कलकत्ता जि. १४ स. ५७१).

अगर रियासत गैर की डिक्री फरेब से हासिल की गई है तो, अदालत अंग्रेजी उस को इजरा करने की पाबन्द न होगी— इस दफा की रू से; देशी रियासत की डिक्री तजवीज रियासत गैर की फेहरिस्त में शामिल समझी जावेगी--(ई. ला बम्बई जिल्द १५ सफा २१९).

जब नक्द रूपया की डिक्री किसी सरकार अंग्रेजी की रैयत पर देशी रजवाड़ा की अदालत में सादिर हो और रैयत उस रजवाड़े का रहने वाला न हो और वह डिक्री बजरिये नोटिफिकेशन जो नव्वाब गवर्नर जनरल साहब बहादुर बइजलास कौंसिल ने हस्ब दफा ४४ जारी किया हो, अंग्रेजी अदालत में कबिल इजरा हो और मदयून डिक्री यह उज्र करे कि अदालत रियासत उस पर डिक्री सादिर करने की मजाज नहीं थी और वह यह अर्ज करे कि ऐसी डिक्री की इजराय नहीं होना चाहिये, तो ऐसी सूरत में जसटिस सदाशिव ऐयर

साहब की यह तजवीज करार पाई कि इजराय करने वाली अंग्रेजी अदालत देशी रियासत के मजाज होन या न होने के सवाल की जाच नहीं कर सक्ती और न वह इजराय करने से इन्कार कर सक्ती मगर जसटिस सुन्दर ऐयर साहब की यह तजवीज करार पाई कि अदालत अंग्रेजी इस बिना पर इजरा करने से इन्कार कर सक्ती है कि अदालत रियासत डिक्री सादिर करने की मजाज न थी अंग्रेजी अदालत हस्ब दफा १३ मजमूआ जाब्ता दीवानी उन उजरात का भी लिहाज कर सक्ती है कि जिन से तजवीज रियासत नाजायज होती है और इस बात का भी तसफिया कर सक्ती है कि जिन से तजवीज रियासत अदालत अंग्रेजी में काबिल तामील है या नहीं आरडर नम्बर २१ कायदा ७ मिस्वत डिक्री रियासत गैर जो अंग्रेजी अदालत को भेजी जावे लागू न होगा और दफा ४४ में ऐसी कोई इबारत नहीं है कि जिससे वह दफा वैसी डिक्री को लागू हो सके दफा ४४ का यह मतलब नहीं है कि डिक्री रियासत गैर बतौर डिक्री अदालत अंग्रेजी समझी जावे उसमें सिर्फ वैसी डिक्री के जारी करन का कायदा बतलाया गया है—दफा ४७ मी डिक्री रियासत गैर को लागू न होगा दफा ४४ की रूसे अदालत अंग्रेजी देशी रियासत की डिक्री के इजराय करने के लिये पाबन्द नहीं है यह दफा सिर्फ इजाजती है नाकि लाजमी (मदरास ला. टा जि० १४ सफा ९६)

इसी मजमून की नजीर देखो (मदरास ला ज जि० २७ सफा ५३५) इसमें यह राय करार पाई कि इजराय करने वाली अंग्रेजी अदालत रियासत की डिक्री इजराय करने से इस बिना पर इन्कार कर सक्ती है कि डिक्री सादिर करने वाली अदालत मजाज न थी

रियासत गैर डिकरी का इजराय

दफा ४५—इस हिस्सा की पिछली दफों का उस कदर हिस्सा जिस की रू से एक अदालत डिकरी वास्ते इजराय के किसी दूसरी अदालत में भेजने की मजाज होवे किसी अदालत ब्रिटिश इनडिया को अख्त्यार देगी कि कोई डिकरी वास्ते इजराय के किसी ऐसी अदालत में भेजे जो बहुक्म नव्वाब गवर्नर जनरेल बहादुर यइजलास कौंसिल किसी वाली या रइस मुल्क गैर के हुकुमत में

मुकर्रर हो या जारी रखी गई हो जिस से नव्वाब गवर्नर जनरल बहादूर ने बजरिये इश्तहार मुन्दरजे गजट आफ इन्डिया, इस दफा के मजमून को मुताल्लुक कर दिया हो.

यह दफा पुराने एक्ट की दफा २२९ (क) से कायम की गई है.

अंग्रेजी अदालत की डिक्री ब्रिटिश इन्डिया के बाहर वास्ते इजराय नहीं भेजी जा सकेगी जब तक कि नव्वाब गवर्नर जनरल साहब बइजलास कौंसिल के तरफ से नोटिफिकेशन पहले जारी न हो जावे (कलकत्ता वी. नो. जि० ६ सफा ५७३).

दफा ४६ (१) डिक्रीदार की दरखास्त पर वह अदालत जिस ने डिक्री सादिर की है अगर मुनासिब समझे तो एक प्रिसिप्ट किसी दूसरी अदालत के नाम जारी करेगी जो डिक्री मजकूर इजरा करने की मजाज हो, निसबत इस के कि वह अदालत जायदाद मदयून डिकरी को जिस्की तशरीह प्रिसिप्ट में हो कुर्क करले.

प्रिसिप्ट.

(२) वह अदालत जिस के नाम प्रिसिप्ट भेजा जाय कुरकी की कारवाई उस तरीके पर करेगी जो इजराय डिकरी के कुरकी के वास्ते मुकर्रर है, मगर शर्त यह है कि प्रिसिप्ट की रू से कुरकी दो महीना से जियादा मुद्दत तक के लिये कायम न रहेगी, तावक्ते कि मियाद कुरकी उस अदालत के हुक्म से बढ़ाई न जाय जिसने डिकरी सादिर की हो या तावक्ते कि कबल खतम होने ऐसी कुर्की के डिकरी उस अदालत में जिसने कुरकी की हो मुन्तकिल न करदी जाय और डिकरीदार ने वास्ते नीलाम ऐसी जायदाद के हुक्म हासिल करने की दरखास्त देदी हो

तशरीह—यह दफा नई कायम की गई है इस के जरिये से डिकरीदार को अखत्यार दिया गया है कि वह चाहे तो दूसरे अदालत के हद्द के अन्दर की जायदाद कब्ल मुन्तकिल कराने डिक्री कुर्क करा सक्ता है और डिक्रीदार के बड़े गलब की है क्योंकि मदयून डिक्री ऐसी कारवाई करने से बाज रहेगा

कि जिस से डिक्री का रूपया अदा न हो सके न करने पाने के कि अदा न हो

यह क्यास किया जाता है कि डिक्रीदार का मुतकिल अलेह यानी जिसको डिक्री मुन्तकिल की गई हो वह इस दफा की रू से दरखास्त दे सक्ता है—(इन्डियन ला रिपोर्ट मदरास जि० २६ सफा २५८)—

इस दफा की रू से दरखास्त उस अदालत को करना चाहिये जिस ने डिक्री जारी की प्रीसेप्ट ऐसी अदालत को भेजा जावे जो डिक्री इजरा करने की मजाज हो—दो महिने की मियाद खतम होने पर बढाई जा सक्ती है—(देखो दफा १४८).

कुरकी कब बन्द होगी इस के लिये देखो आर्डर न २१ कायदा ५७ व दफा ६४)

गो हस्ब हुक्म आर्डर न. ३८ कायदा ५ फिकरा (ब) जायदाद अदालत के इलाके अखत्यार के अन्दर बाके होना चाहिये, ताहम उन जायदाद की निसबत जिस का जिक्र फिकरा (अ) में है, ऐसी कोई कैद नहीं रखी गई है—इस कायदे के रू से कच्ची कुरकी ऐसी जायदाद की हो सक्ती जो अदालत के इलाके अखत्यार के अन्दर या बाहर बाकै हो—(बरमा ला. टाईम्स जिल्द ४ सफा ८९)

तनाजे काबिल तजवीज अदालत

इजराय कुनन्दा डिकरी

तनाजे काबिल तजवीज अदालत इजरा कुनन्दा डिकरी

दफा ४७ (१) कुल अमूरात झगडे के दरमियान फरीकैन उस मुकदमे के जिस में डिकरी सादिर हुई हो, या दरमियान उन के कायम मुकामों के, और जो डिकरी के इजरा या उस के अदाई या बेबाकी से ताल्लुक रखते हों उस अदालत के हुक्म से फैसल होंगे जो डिकरी का इजरा करती हो न कि बजरिये नालिश अलेहदा के,

(२) बशर्ते उजरदारी निसबत मियाद या अखत्यार समाअत के अदालत मजाज है कि इस दफा के बमूजिब की

मुकर्रर हो या जारी रखी गई हो जिस से नव्वाब गवर्नर जनरल बहादूर ने बजरिये इश्तहार मुन्दरजे गजट आफ इन्डिया, इस दफा के मजमून को मुताल्लुक कर दिया हो

यह दफा पुराने एक्ट की दफा २२९ (क) से कायम की गई है.

अंग्रेजी अदालत की डिक्री ब्रिटिश इन्डिया के बाहर वास्ते इजराय नहीं भेजी जा सकेगी जब तक कि नव्वाब गवर्नर जनरल साहब बइजलास कौंसिल के तरफ से नोटिफिकेशन पहले जारी न हो जावे (कलकत्ता वी. नो. जि० ६ सफा ५७३).

प्रिसिप्ट

दफा ४६ (१) डिक्रीदार की दरखास्त पर वह अदालत जिस ने डिक्री सादिर की है अगर मुनासिब समझे तो एक प्रिसिप्ट किसी दूसरी अदालत के नाम जारी करेगी जो डिक्री मजकूर इजरा करने की मजाज हो, निसबत इस के कि वह अदालत जायदाद मदयून डिकरी को जिस की तशरीह प्रिसिप्ट में हो कुर्क करले.

(२) वह अदालत जिस के नाम प्रिसिप्ट भेजा जाय कुरकी की कारवाई उस तरीके पर करेगी जो इजराय डिकरी के कुरकी के वास्ते मुकर्रर है, मगर शर्त यह है कि प्रिसिप्ट की रू से कुरकी दो महीना से जियादा मुद्दत तक के लिये कायम न रहेगी, तावक्ते कि मियाद कुरकी उस अदालत के हुक्म से बढ़ाई न जाय जिसने डिकरी सादिर की हो या तावक्ते कि कबल खतम होने ऐसी कु की के डिकरी उस अदालत मे जिसने कुरकी की हो मुन्तकिल न करदी जाय और डिकरीदार ने वास्ते नीलाम ऐसी जायदाद के हुक्म हासिल करने की दरखास्त देदी हो.

तशरीह—यह दफा नई कायम की गई है इस के जरिये से डिकरीदार को अख्त्यार दिया गया है कि वह चाहे तो दूसरे अदालत के हद के अन्दर की जायदाद कब्ल मुन्तकिल कराने डिक्री कुर्क करा सक्ता है और डिक्रीदार के बड़े मतलब की है क्योंकि मदयून डिक्री ऐसी कारवाई करने से बाज रहेगा

कि जिस से डिक्री का रूपया अदा न हो सके न करने पाने के कि अदा न हो.

यह क्यास किया जाता है कि डिक्रीदार का मुन्तकिल अलेह यानी जिसको डिक्री मुन्तकिल की गई हो वह इस दफा की रू से दरखास्त दे सक्ता है—(इण्डियन ला रिपोर्ट मदरास जि० २६ सफा २५८)—

इस दफा की रू से दरखास्त उस अदालत को करना चाहिये जिस ने डिकरी जारी की प्रोसेस्ट ऐसी अदालत को भेजा जावे जो डिकरी इजरा करने की मजाज हो—दो महिने की मियाद खतम होने पर बढाई जा सक्ती है—(देखो दफा १४८).

कुरकी कब बन्द होगी इस के लिये देखो आर्डर न २१ कायदा ५७ व दफा ६४)

गो हस्ब हुक्म आर्डर न ३८ कायदा ५ फिकरा (ब) जायदाद अदालत के इलाके अखत्यार के अन्दर वाके होना चाहिये, ताहम उन जायदाद की निसबत जिस का जिक्र फिकरा (अ) में है, ऐसी कोई कैद नहीं रखी गई है—इस कायदे के रू से कच्ची कुरकी ऐसी जायदाद की हो सक्ती जो अदालत के इलाके अखत्यार के अन्दर या बाहर वाके हो—(बरमा ला. टाईम्स जिल्द ४ सफा ८६)

तनाजे काबिल तजवीज अदालत
इजराय कुनन्दा डिकरी

दफा ४७ (१) कुल अमूरात झगडे के दरमियान फरीकैन तनाजे काबिल तजवीज उस मुकदमे के जिस मे डिकरी सादिर हुई अदालत इजरा कुनन्दा हो, या दरमियान उन के कायम मुकामों के, डिकरी और जो डिकरी के इजरा या उस के अदाई या बेबाकी से ताल्लुक रखते हों उस अदालत के हुक्म से फैसल होंगे जो डिकरी का इजरा करती हो न कि बजरिये नालिश अलेहदा के,

(२) बशर्ते उजरदारी निसबत मियाद या अखत्यार समाअत के अदालत मजाज है कि इस दफा के बमूजिब की

कार्रवाई को बतौर एक मुकदमा के कायम करे या किसी मुकदमे को बतौर कार्रवाई के खियाल करे और अगर जरूरत हो जायद कोर्ट फीस दाखिल करने का हुक्म दे

(३) अगर यह सवाल पैदा हो कि कोई शख्स किसी फरीक का कायम मुकाम है या नहीं तो ऐसे अमर का तसफिया इस दफा की गरजों के लिये अदालत कर देगी.

समझावनाः—इस दफा की मनशा के वास्ते वह मुद्दई जिस की नालिश खारिज कर दी गई है, और वह मुद्दायलेह जिस के खिलाफ में नालिश खारिज कर दी गई हो, फरीकैन मुकदमा में दाखिल है.

तशरीहः—इस दफा का जिमन (२) बिल कुल नया है और बाकी दफा का जियादा हिस्सा पुराने मजमूआ जाब्ता दीवानी की-दफा २४४ से मिलता है—"फरीकैन" से वे लोग मुराद है कि जिन का नाम किसी मुकदमा की मिसल में बतौर मुद्दई या मुद्दायलेह के दर्ज किया गया हो.

जब किसी डिकरी के इजराय की कार्रवाई में तनाजा दरमियान दो मदयून डिकरी के पैदा होवे तो यह दफा लागू न होगी—[देखो इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द २९ सफा २०७]—ऊपर के मुकदमा में खरीदार ने यह हुक्म दिया कि हवालगी माल की दो मुद्दायलेह में से किसी एक को की जावे लेकिन दूसरे मुद्दायलेह ने उजर किया इस बयान के साथ कि जायदाद उसी के रूप्या से खरीद की गई है.

एक डिकरी (अ) को (ब) दोनों पर सादिर की गई और डिकरी का कुल रूप्या सिर्फ (अ) अकेले से वसूल किया गया—तो ऐसी हालत में (अ) को (ब) पर हिस्सा रसदी के मुताबिक उस के हिस्से का रूप्या दिलाने की नालिश नम्बरी अलेहदा दायर करना चाहिये (इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द १८ सफा १०६)—जब कोई डिकरी बराखिलाफ (अ) व हैसियत कायम मुकाम असली राहिन के सादिर की जावे तो वह डिकरी मजकूर के इजराय में जायदाद के नीलाम की निसबत इस बिना पर उजरदारी नहीं कर सक्ता है कि जायदाद

राहिन की मिलकियत नहीं थी—(इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द ३२ सफा २६५)

एक डिकरीदार ने अपने कारिन्दे के मारफत जायदाद नीलाम में खरीद की और पीछे से उसी नीलाम के मनसूखी की दरखास्त किया उस पर वह नीलाम मनसूख होकर दुबारा नीलाम हुवा, जिससे नुक्सान पहुचा—मदयून डिकरी ने दरखास्त वास्ते वसूली नुकसान बमूजिब दफा २९३ पुराना मजमूआ (आर्डर न. २१ कायदा ७१) पेश की–तजवीज हाई कोर्ट यह करार पाई कि ऐसी दरखास्त दरमियान फरीकैन मुकदमा है-(इ ला रि. मदरास जिल्द १२ सफा ४५४)

हिन्दू बेवा अपने खाविन्द के जायदाद की कायम मुकाम है, इस लिये उस के मरने पर अगर वारसान का नाम मिसल में दर्ज किया जावे तो वे इस दफा के मनशा के मुताबिक "फरीकैन" में दाखिल है (इ ला रि मदरास जिल्द २० सफा ११६, वो अलाहबाद ला जरनल जिल्द ४ सफा ११७, वो कलकत्ता जिल्द १६ सफा ६०३).

लेकिन अगर डिकरी खुद बेवा की जात पर हों तो बेवा मजकूर के खाविन्द के वारसान उस के (बेवा के) कायम मुकाम न समझे जावेंगे (इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द १२ सफा ४५८ नजीर प्रीवी कौंसिल).

जो डिकरी फरीकैन के रजामन्दी के साथ सादिर की जावे उस का ऐसा असर नहीं रहता और वारसान बतौर फरीकैन या उन के कायम मुकामान के नहीं समझे जा सक्ते (इ. ला. रि. मदरास जिल्द ३० सफा ४०२)–और जो डिकरी अजरूए राजीनामा सादिर की जावे उस में भी यही कायदा लागू होगा (इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द २९ सफा ४८७)

जो शख्स खुद होकर फरीक मुकदमा बने और फिर पैरवी से हट जावे मगर मिसल में बतौर फरीक बना रहे तो भी वह इस दफा की मनशा में दाखल होगा (इ ला रि कलकत्ता जिल्द २७ सफा २४२).

जब कोई उजरदारी किसी कायम मुकाम जायदाद की तरफ से इस बयान के साथ की जाय कि वह जायदाद पर बतौर अमानत दार के काबिज है तो ऐसी उजरदारी इस दफा की मनशा में नहीं आवेगी (अलाहाबाद बांकीपुर नोट जिल्द

हुक्म निसबत मुकर्ररी कमीशनदार वास्ते करने बटवाड़ा बतौर हुक्म मुताल्लिक इजरा डिकरी न समझा जावेगा—(इ. ला रि कलकत्ता जिल्द २४ सफा ७२५ इन्नलास कामिल)

दरखास्त निसबत अलग करने रिसीवर जो किसी इस्टेट के इन्तजाम करने के लिये मुकर्रर किया जाय बतौर सवाल मुताल्लिक इजरा डिकरी है (इ ला. रि. बम्बई जिल्द ५ सफा ४५)

इजरा डिकरी को मुलतवी कराने के लिये मुद्दायलेह से किस कदर जमानत लेना चाहिये, ऐसा सवाल बतौर सवाल मुताल्लिक इजरा डिकरी है (इ ला. रि बम्बई जिल्द १२ सफा ३०)—इसी तरह कुल हुक्म निसबत करने मुलतवी इजराय डिकरी भी (इ. ला रि अलाहाबाद जिल्द ७ सफा ७३)—अगर मुद्दई किसी ठहराव की निसबत यह इकरार करे कि जो खर्चा दिलाया जावेगा वह मैं किसी एक मुद्दायलेह से वसूल न करूंगा तो ऐसे माहदा का जायज होना बतौर सवाल मुताल्लिक इजराय डिकरी है—(इ. ला रि. बम्बई जिल्द २२ सफा ४६४ इजलास कामिल)

हुक्म इन्कारी निसबत मजूरी नीलाम बतौर हुक्म मुताल्लिक इजराय डिक्री है (इ. ला रि कलकत्ता जि० २५ सफा १७५)—

हुक्म निसबत मुलतवी इजराय डिकरी जब तक सरटिफिकट पेश न किया जावे बतौर सवाल मुताल्लिक इजराय डिकरी है (इ. ला. रि अलाहाबाद जिल्द ५ सफा २१२).

सवाल निसबत मनसूखी नीलाम बमूजिब आरडर २१ कायदा ८९ बतौर सवाल मुताल्लिक इजराय डिकरी है (इ. ला रि. मद्रास जिल्द ३० सफा ५०७)

यह सवाल कि डिकरीदार—खरीददार ने खरीदी का रूपया अदालत में अन्दर म्याद दाखल किया या नहीं बतौर सवाल मुताल्लिक इजराय डिकरी है (इ ला रि अलाहाबाद जिल्द ४ सफा ४२०)

यह सवाल कि आया डिकरीदार बिनामीदार है या ऐसा शख्स है जो डिकरी से फायदा उठाने का हकदार है, बतौर सवाल मुताल्लिक इजराय डिकरी

न समझा जावेगा (मद्रास ला जरनल जिल्द ३ सफा २२०)

जब मुर्तहन ऐसी डिकरी पावे कि जिस के रू से वह जायदाद मरहूना पर कब्जा रखे रहे जब तक कि करजा रहन जायदाद मरहूना के मुनाफा से वसूल न हो जाय, और राहिन उस जायदाद पर कब्जा पाने के लिये इस बिना पर दरखास्त दे कि करजा रहन वसूल हो चुका है, तो ऐसी दरखास्त बतौर सवाल मुताल्लिक इजराय डिकरी नहीं समझी जावेगी (इ ला रि अलाहाबाद जिल्द २० सफा ५०६).

जब डिकरी की मुन्तकिल की निस्बत तकरार हो तो सवाल बाबत जायज होने या नाजायज होने मुन्तकिली बतौर सवाल मुताल्लिक इजराय डिकरी होगा (इ ला रि. कलकत्ता जिल्द २६ सफा २५०)

यह सवाल कि आया जो कर्ज हिन्दू बाप ने लिया और जिस की डिकरी उस पर हुई वह बद फैली के लिये लिया गया था बतौर सवाल मुताल्लिक इजराय डिकरी समझा जावेगा [इ ला रि कलकत्ता जिल्द ३३ सफा ६७६]

डिकरी इजराय करने वाली अदालत:—डिकरी की इजरा उस अदालत से हो सक्ती है जिस ने उसे सादिर किया था वो उस अदालत से भी जहा वह वास्ते इजराय भेजी गई देखो दफा ३८.

सूरते जिन मे अलेहदा नालिश नहीं चल सक्ती है:—

(१) जब कलेक्टर ने एक दफे बटवाड़ा कर दिया हो तो वह (कलेक्टर) कतई हुक्म जारी करने और दीवानी अदालत में वापिस करने के पेश्तर बटवाडे को किसी गलती या दीगर सबब से तरमीम कर सक्ता है और उस की कार्रवाई में दुरुस्त निकालने के लिये कोई अलेहदा नालिश न हो सकेगी (इ ला रि बम्बई जिल्द ५ सफा ६४८).

(२) जब डिकरी की रू से कब्जा बगैर मदद अदालत मिल जाय और वह डिकरी अपील में मनसूख हो जाय तो मुद्दायलेह कब्जा के लिये अलहेदा नालिश दायर नहीं कर सकेगा (इ. ला. रि अलाहाबाद जिल्द २९ सफा ३४८).

(३) जब इजरा डिक्री में रूप्या नाजायज तौर से वसूल कर लिया गया हो तो वैसा रूप्या की वापसी की अलहेदा नालिश उस डिक्री के किसी दूसरे फरीक पर न चल सकेगी (अलाहाबाद वी. नो. सन १९०४ सफा ५५)-

(४) अगर डिक्री की शर्तों से ज्यादा डिक्रीदार ने जमीन ले ली हो तो उस की वापसी की अलहेदा नालिश न चल सकेगी [इ ला. रि कलकत्ता जिल्द २२ सफा ४८३]

(५) जब नीलाम बमूजिब आरडर २१ कायदा ९० मन्सूख हो जावे और खरीददार अपना खरीदी का रूप्या वापिस ले लेवे और अपील में वह नीलाम मजूर होने पर खरीदार अदालत में कीमत न दाखल करे तो वैसे कीमत वसूली की अलहेदा नालिश न चल सकेगी [इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द २७ सफा १५५].

(६) डिक्रीदार-खरीदार मदयून डिक्री पर कब्जा की नालिश नहीं कर सक्ता —[अलाहबाद ला. जरनल जिल्द ३ सफा २३४]

(७) मनसूखी नीलाम की दरखास्त दी गई और जब उस की कार्रवाई चल रही थी तब डिक्रीदार और मदयून डिक्री के लडके के दरम्यान इस मजमून का राजीनामा हुवा कि अगर मदयून डिक्री अपनी उजरदारी वापिस लेले तो डिक्रीदार अपनी पूरी डिक्री को बतौर अदा के समझेगा-मदयून डिक्री ने अपनी उजरदारी वापिस लेली-इस के बाद मदयून डिक्री ने नालिश वास्ते मन्सूखी नीलाम और राजीनामा इस बिना पर दायर किया कि ये सब कार्रवाई मेल से की गई-तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि अलैहदा नालिश नहीं चल सकेगी (इ ला रि अलाहबाद जि. २४ सफा २०६).

सूरतें ।

डिक्रीदार की डिक्री तरफ से अदालत

सकी है: (१)—अगर लिंग था और जिस की था तो ऐसे डिक्रीदार से [अलाहबाद वी. नो.

सन १९०५ सफा १२२).

(२) जब किसी डिक्री के रू से मुद्दई को यह हक़ हासिल हो के वह किसी जमीन पर इमारत बनावे और मुद्दायलेह मुद्दई के वैसे हक़ में दस्तन्दाजी करने से रोका गया हो और अगर डिक्रीदार इमारत खिलाफ डिक्री के बनावे तो मदयून डिक्री नालिश कर सक्ता है (अलाहबाद वी. नो. सन १९०५ सफा १८०) वो (इ ला रि. कलकत्ता जि. २८ सफा ७२)

(३) जब दखलयाबी की नालिश का राजी नामा हो जावे और वह इस शर्त पर खारिज हो जावे कि मुद्दायलेह पट्टा लिखने के लिये राजी है मगर डिक्री में पट्टा लिखवाने के लिये कोई हिदायत न हो तो वैसे पट्टा लिखवाये जानें के लिये अलेहदा नालिश हो सक्ती है (इ ला रि कलकत्ता जि २२ सफा २०३)

(४) जब कब्जा की डिक्री की इजराय में सिर्फ बाजाब्ता कब्जा मुद्दई को दिया गया हो मगर मुद्दायलेह का कब्जा बना रहा हो तो दखलयाबी की नई नालिश चल सकेगी—(इ. ला. रि कलकत्ता जि ११ सफा ६३)

(५) जायदाद मरहूना पहले रहन के डिक्री में नीलाम की गई और दूसरा मुर्तहन उस में फरीक था, पहले मुर्तहन की, जिस के पास तीसरा रहन था, दूसरी डिक्री हुई इस में दूसरा मुर्तहन फरीक नहीं था डिक्री का फाजल रुपया पहले-मुर्तहन को दिया गया—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि दूसरा मुर्तहन फाजल रुपया पाने की अलेहदा नालिश कर सक्ता है (इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द ३३ सफा ६२)

(६) जब नीलाम की डिक्री और कतई हुक्म नीलाम खिलाफ राहिन सादिर हो और राहिन उसी डिक्री की जमीन और दिगर जमीन को फिर रहन रख कर और ज्यादा रुपया कर्ज लेवे तो मुर्तहन इस दूसरे रहन की रू से अपना पूरा रुपया जो उसका निकलता है

पाने की नालिश कर सकेगा यह जरूर नहीं है कि वह अपनी पहली डिक्री को इजरा करे और नालिश सिर्फ बाकी रूपया की करे (इ ला. रि अलाहबाद जि० २७ सफा ४००)—

(७) अगर मदयून डिक्री ने कुर्की के पहले अपनी जायदाद अमानत दार के पास बतौर अमानत रखदी हो तो ऐसा अमानतदार कुर्की मन्सूखी की नालिश कर सक्ता है (मदरास ला. ज. जि० १३ सफा ३७२)—

[८] डिक्री जारी न कराने के माहदा के तोडने से जो हरजा हुवा उसके वसूल करने की नालिश चल सकेगी [इ. ला. रि. बम्बई जि० २३ सफा ३९४]

[९] इस अमर के करार दिये जाने की नालिश चल सक्ती है कि खरीददार डिक्री सिर्फ बिनामीदार था यानी फरजी था [इ. ला रि. कलकत्ता जि० २५ सफा ४९]

[१०] खरीदी का रूपया वापिस पाने की नालिश इस बिना पर चल सक्ती है कि नीलाम वाली जायदाद मे मदयून डिक्री का कोई हक नहीं था [कलकत्ता. वी नो. जि० ५ सफा १४२]—

[११] अगर कुर्क की हुई जायदाद को कोई तीसरा शख्स उठा ले जावे तो उस शख्स के पास से वह जायदाद वापिस दिलाये जाने की नालिश मदयून डिक्री कर सक्ता है (इ ला रि मदरास जि० ३० सफा ४१३)

[१२] अगर कोई जायदाद अदालत से नीलाम हुई हो और खरीदार नीलाम को उस पर कब्जा न मिला हो और कब्जा के पहले डिक्रीदार और मदयून डिक्री ने, उस जायदाद पर मदाखलत की हो तो ऐसी मदाखलत करने से जो हरजाना हुवा है उसको दिला पाने की नालिश खरीदार नीलाम कर सक्ता है (मदरास ला ज जि० १७ सफा ५४३)—

जिमन २·—यह मातहती दफा नई है और नजीर इ. ला. रि. अलाहबाद जि०२९ सफा ३४८ पर कायम हुई है—

जिमन ३—इजरा करने वाली अदालत इस बात का तसफिया नहीं कर सक्ती कि कायम मुकाम कौन है इस सवाल का तसफिया डिक्री सादिर करने वाली अदालत करेगी देखो दफा ५० [इ ला. रि. कलकत्ता जि० १७ सफा ४३१, ४३३]

जब मुतवफ्फी मुद्दई के कायम मुकाम का नाम मिसल में दौरान अपील दर्ज हुवा हो तो डिक्री इजरा करने वाली अदालत उस सवाल को फिर नहीं निकाल सक्ती—इस दफा के अहकामात दफा ५० से मिलते हैं.

अपील:—इस दफा के रू से किसी सवाल के तसफिया करने का हुक्म बतौर डिक्री के समझा जावेगा—देखो दफा २ [२] हस्ब दफा ९६ अपील बनाराजगी डिक्री अदालत हाय जो इब्तदाई अखत्यार अमल में लाते होंगे

अगर डिक्री के शर्त के मुवाफिक घटवाडा करने के लिये कमिशनदार मुकर्रर करने की दरखास्त दी गई हो और वह दरखास्त इस बिना पर खारिज की गई हो कि वह बेरू मियाद है तो वैसे खारजी के हुक्म की अपील हो सकेगी (मद्रास ला ज. जि० १४ सफा ४३६)—

डिक्रीदार की एक डिक्री मुसम्मी (अ) पर सिर्फ नक्द रूपया की थी—उस के इजराय में उस ने (अ) की रहन डिक्री जो मुसम्मी (ब) पर थी कुर्क कराया—(ब) ने उजरदारी की कि डिक्री की अदाई हो चुकी है—मगर उस की उजरदारी ना मजूर की गई—तो (ब) ऐसे उजरदारी के हुक्म की अपील नहीं कर सकेगा (इ ला रि अलाहबाद जि २६ सफा १३६)

जब दरखास्त वास्ते मन्सूखी नीलाम फरेब की बिना पर की जावे तो दूसरी अपील बनाराजगी हुक्म अदालत इब्तदाई जिस ने नीलाम मन्सूख किया, होगी गो अदालत अपील मातहत ने कोई फरेब न पाया हो (इ ला रि. कलकत्ता जि ३१ सफा ३८५)

आया इजराय करने वाला फरीक डिक्रीदार का कायम मुकाम है या नहीं इस सवाल की निसबत जो हुक्म हुवा हो वह काबिल अपील होगा (मद्रास ला ज

जि. १२ सफा २८०)—मगर वैसे हुक्म की नजरसानी न हो सकेगी (इं. ला. रि. कलकत्ता जि ३२ सफा ५७२)

दरखास्त बमुजिब आरडर न. ३९ कायदा ८ इनफिक्राक की मोहलत मागने के लिये जो दी जावे और उस पर जो हुक्म सादिर हो वैसा हुक्म काबिल अपील होगा [बंबई ला रि जि. ३ सफा ५९४].

डिक्रीदार फरीक नालिश उस सूरत में भी बना रहेगा जब कि उस ने इजराय डिक्री में नीलाम के वक्त जायदाद को खुद खरीदा हो (इं. ला. रि. बंबई जिल्द ३५ सफा ४९२).

मुसम्मी (अ) की डिक्री मुसम्मी (ब) की जात पर हुई थी—उसने ऐसी जायदाद कुर्क वो नीलाम कराई जिस को मुसम्मी (ब) कहता था कि उस के कब्जे में बहैसियत पुजारी मन्दर है न कि खुद उस की है और वह सब जायदाद देवता के नाम से थी— मुसम्मी [ब] ने उस जायदाद का दावी किया, तो हुक्म वैसे दावी पर दफा २७८ पुराने मजमूआ [आरडर २१ कायदा ५८] में दाखल होगा, न कि दफा २४४ पुराने मजमूआ (दफा ४७) क्योंकि उस का दावी बहैसियत पुजारी मन्दर के है जो कि फरीक नालिश नहीं था—दफा २४४ पुराने मजमूआ यानी दफा ४७ नया मजमूआ के रू से सवाल उन्ही फरीकैन के दरम्यान होना चाहिये जो उस नालिश में फरीक थे जिस में डिक्री सादिर हुई (कलकत्ता वी. नोट जिल्द १६ सफा २६० इजलास कामिल).

अगर जरलगान की डिक्री के इजराय में रजिस्टर शराकतदार का खेत नीलाम हुआ हो तो बिला दर्ज रजिस्टर शराकतदार उस दर्ज रजिस्टर शराकतदार का कायम मुकाम न समझा जावेगा [कलकत्ता वी. नोट जिल्द १५ सफा ५१२]

नकद रूपया की डिक्री में मदयून डिक्री ने अपनी कुछ जायदाद बेंच डाली उसी रोज डिक्रीदार ने इजराय डिक्री की दरखास्त दिया और उस के बाद उस जायदाद को कुर्क कराके खुद खरीद लिया—तजवीज हुई कोर्ट करार पाई कि पहला खरीदार जिस ने आपसी में खरीदा था मदयून डिक्री का कायम मुकाम नहीं समझा जावेगा, क्योंकि जो जायदाद उस ने खरीदी उस का ताल्लुक डिक्री से कुछ न था डिक्री सिर्फ नकद रूपया की था और यह भी तजवीज करार पाई कि उस का हक व मुकाबले डिक्रीदार

खरीददार के बढिया था [इ. के. जि. ९ सफा ३०७]

इजरा करने वाली अदालत इस किस्म की उजरदारी नहीं सुनेगी कि डिक्री कानूनन बेअसर है (इ के जिल्द १० सफा ५३२)

जब मदयून डिक्री यह उजर करे कि खरीददार नीलाम ने ऐसी जायदाद पर कब्जा कर लिया जो उस के सर्टिफिकेट नीलाम में दर्ज नहीं है, तो ऐसे सवाल का तसफिया अलेहदा नालिश के जरिये होना चाहिये न कि दफा ४७ की रू से (अवध केस जिल्द १४ सफा ७०).

राहिन पर डिक्री रहन हुई थी—जब वह मर गया तो उस के जगह पर उस के बेटे का नाम दर्ज किया गया—बेवा ने उजरदारी किया कि यह जायदाद उस को उस के बाप वो चचा यानी—(औरत के बाप वो चचा) के जरिये मिली न कि खाविन्द के जरिये और उसने अर्ज किया कि जायदाद इजराय डिक्री से छोड़ दी जाय—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि उस की उजरदारी दफा ४७ में नहीं दाखल होगी (इ. के. जि १४ सफा ७)

मदयून डिक्री के जायदाद का मुन्तकिल—अलेह मदयून डिक्री का कायम मुकाम नहीं है, इस लिये ऐसे मुन्तकिल—अलेह की उजरदारी निसबत कुर्की जायदाद दफा ४७ में दाखल न होगी और अगर उस की उजरदारी मजूर की गई हो तो डिक्रीदार अलेहदा नालिश कर सक्ता है (पजाब वि रि. न ११३ सन १९१२)

आया कार्रवाई इजराय डिक्री का कोई हुक्म दफा ४७ में दाखल होता है या नहीं उस का दारमदार उस हुक्म की किसम वो मजमून पर होगा अगर उस हुक्म से किसी सवाल निस्बत इजराय या अदाई डिक्री का फैसला होता हो और वैसा फैसला दरमियान फरीकैन नालिश या उनके हाकियत रखने वाले कायम मुकाम होता हो तो वैसा हुक्म दफा ४७ में दाखल होगा और बतौर डिक्री हस्ब मनशा दफा २ समझा जावेगा (कलकत्ता ला जर. जि० १५ सफा ८९)—

यह सवाल कि आया नीलाम जो इजराय डिक्री में किया गया इस बिना पर जायज है या नाजायज कि खुद डिक्री में उसका जिक्र नहीं था बतौर सवाल मुताल्लिक इजरा डिक्री समझा जावेगा और दफा ४७ में दाखल होगा

इसी तरह यह सवाल कि डिक्री की इजराय खुद डिक्री से ज्यादा की गई बतौर सवाल मुताल्लिक इजराय डिक्री होगा (मदरास ला टाईम्स जि० १० सफा ५२७)—

मुतवफ्फी मदयून डिक्री का वारिस कार्रवाई इजराय डिक्री में इस किस्म का उजर कर सक्ता है कि खानदानी जायदाद जो उसके हाथ में है नकद रूपया की डिक्री में कुर्क या नीलाम नहीं हो सक्ती क्यों कि वह डिक्री सिर्फ नकद रूपया की मुतवफ्फी पर हुई थी और वह कर्जा जरूरत के लिये नहीं लिया गया था ऐसा उजर बतौर उजर मुताल्लिक इजराय डिक्री समझा जावेगा और उसके तसफिया के लिये अलेहदा नालिश नहीं चल सकेगी (इ. के. जि० १३ सफा ६७०)—

जब मदयून डिक्री जायदाद पर अपना दावा बहैसियत पुजारी मूरती के, न कि अपने जाती हैसियत से करे और पुजारी मूरती फरीक नालिश नहीं था तो मामला दफा ४७ में दाखल नहीं होगा और उस की अपील न होगी मगर जब मदयून डिक्री फरीक नालिश बहैसियत जाती वो बहैसियत कायम मुकामी यानी दोनों हैसियत से होवे तो मामला दफा मजकूर में दाखल होगा और उसकी अपील हो सकेगी—जब असली इजराय डिक्री में नालिश इस तकरार हक्क इस अमर की दायर होने से खलल पड जावे कि जायदाद नीलाम नहीं हो सक्ती, और वैसे इस तकरार हक की डिक्री हो जावे तो वैसी डिक्री से असली इजराय या बाद की इजराय नहीं चल सकेगी (इ के जि० २० सफा ७९०)—

नालिश वास्ते खास तामिल माहदा वै के दायर की गई उसकी डिक्री सादिर हुई और इजराय डिक्री का यह नतीजा हुवा कि बैनामा तहरीर कराया गया डिक्रीदार ने अलेहदा नालिश वास्ते कब्जा जायदाद बैनामा की रूसे करने के एवज उस डिक्री की इजरा में कब्जा चाहा तजबीज हाई कोर्ट करार पाई कि हस्ब फिकरा २ दफा ४७ मजमूआ जाब्ता दीवानी सायल को यह इजाजत दी जा सक्ती है कि वह दरखास्त इजराय डिक्री को बतौर अरजी दावा कोर्ट फी देकर तसौव्वर करे इजराय डिक्री में असल चीज जो देखने की है वह डिक्री खुद है (पजाब ला रिकार्ड न ४० सन १९१३ ई०).

दो हिन्दू बेवाओं ने अपने मकान के नीलाम में यह उजरदारी किया कि उन के रहने के लिये कुछ कमरे उस मकान में छोड़ दिये जावें और बाकी मकान नीलाम किया जावें—उन की ऐसी उजरदारी नामंजूर हुई—इस के बाद उन्हों ने अपने हक कायम कराने के लिये नालिश इस्तकरारहक दायर किया—उन में से एक बेवा उस डिकरी की फरीक थी जिस की इजराय में मकान नीलाम किया जाता था—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि बेवा मजकूर जो फरीक डिकरी थी अलहेदा नालिश दायर करने की मजाज नहीं हो सकी क्योंकि बमूजिब दफा ४७ इजराय करने वाली अदालत वैसे दावी का तसफिया कर सकी है (इ के जिल्द १९ सफा ९२१).

नालिश बटवाड़ामें फरीकैन के राजीनामा की रू से डिकरी सादिर की गई और उस के जरिये कुछ कर्जा जो वसूल होने को था जिम्मे मुद्दई लगाया गया और कुछ कर्जा जिम्मे मुदायलेह, और इस के अलावा मुद्दई को कुछ रूप्या भी दिलाया गया—वैसे डिकरी की इजराय की दरखास्त पर मुदायलेह ने यह उजर किया कि डिकरीदार ने कुछ ऐसा कर्जा वसूल कर लिया है जो उस के हिस्सा में नहीं दिया गया था—हाई कोर्ट की यह राय करार पाई कि मुदायलेह की ऐसी उजरदारी सीगा इजराय डिकरी में नहीं चल सकी क्योंकि वैसा मामला दफा ४७ में नहीं आता—मदयून डिकरी को चाहिये कि डिकरीदार पर अलहेदा नालिश करे और उस की उजरदारी बतौर अरजी दावा हस्ब दफा ४७ (२) नहीं तसौवर की जावेगी, गो अदालत को वैसी तसौवर करने का अख्तयार है—क्योंकि उजरदारी में कोई खास रकम का दावा नहीं किया गया (इ ला. रि. अलाहाबाद जिल्द ३५ सफा २४३)

जब इजराय डिकरी की दरखास्त से यह मालूम हो कि डिकरी मजकूर काबिल इजराय नहीं है तो दरखास्त बतौर अरजी दावा के तसौवर न की जावेगी—क्योंकि अरजी दावी में बमुकाबले दरखास्त इजराय डिकरी के बहुतसी बातें दर्ज करने को रहती है और सवाल नोटिस वगैरह देने को भी पैदा होता है (अलाहाबाद ला जरनल जिल्द १२ सफा ३१)

कार्रवाई इजराय डिकरी में सवाल निस्बत म्याद ऐसा सवाल समझा जावेगा कि जो दफा ४७ में दाखल होता है, और उस का तसफिया बतौर

डिकरी के काम देगा (इ के जिल्द २२ सफा ८५१)

जो डिकरीदार अपने डिकरी की इजरा में मदयून डिकरी की जायदाद को खुद खरीदे तो उस का हैसियत बतौर डिकरीदार के चालू न रहेगी–खरीदने के बाद जो झगड़े दरम्यान खरीददार वो मदयून डिकरी पैदा हों उन की निस्बत यह न समझा जावेगा कि वे ऐसे हैं कि मानो असली डिकरीदार और मदयून डिकरी के दरम्यान पैदा हुए (इ के. जिल्द २४ सफा ९३)

डिकरीदार ने जायदाद नीलाम में खरीदा मगर वह नीलाम पिछले से मसूख किया गया, दूसरे इश्तहार नीलाम में मदयून डिकरी ने मुनाफा मुजरा पाने की उजरदारी किया जो खरीदार ने वसूल किया था—ऐसी उजरदारी की सुनाई कार्रवाई इजराय डिकरी में हो सक्ती है, न कि अलेहदा नालिश से—न दफा ४७ और न आर्डर न २१ कायदा २ मजमूआ जाब्ता दीवानी ऐसे नालिश में रूकावट करेगा कि जो डिकरी मुद्दायलेह ने मुद्दई पर हासिल की थी उस की अदाई हो चुकी और वह अब काबिल इजराय नहीं है—(इ. के जिल्द २५ सफा ६४२)

खरीदार नीलाम बतौर कायम मुकाम फरीक नालिश हस्ब दफा ४७ नहीं समझा जावेगा—(इ के जिल्द २७ सफा ५७०).

मियाद इजराय डिकरी.

दफा ४८. (१) **अगर दरखास्त वास्ते इजराय किसी ऐसे** चद सूरतों में डिकरी के इजराय की मुमानियत **डिकरी के गुजरे जो सदूर हुक्म इस्तनाई की डिकरी न हो तो उस के बाद कोई हुक्म नि सबत इजराय उसी डिकरी के किसी नई दरखास्त पर सादिर नहीं किया जावेगा जो बाद गुजर जाने मुद्दत बारा साल के नीचे लिखी हुई तारीखों से गुजरानी जाय-याने –**

(क) तारीख डिकरी से जिस का इजराय कराया जाना मंजूर हो; या,

(ख) जब कि डिकरी या बाद के हुक्म में यह हिदायत हो कि रूप्या किसी खास तारीख पर या

आयन्दा तारीख मुकर्रर पर अदा किया जाय या कोई माल हवाला किया जावे तो उस के न अदा होने और माल के न हवाला करने की तारीख से जिस की बाबत सायल वह डिकरी जारी कराना चाहता हो.

(२) इस दफा की किसी इबारत से

(क) यह नहीं कियास किया जायगा कि अदालत को इजराय डिकरी का हुक्म देने से मनाई की गई है किसी ऐसी दरखास्त पर जो बाद गुजरने मियाद बारा साल मजकूर के गुजरानी जाये जिस हाल में कि मदयून ने किसी फरेब या जबर से डिकरी के इजराय को किसी अरसे में जो दरखास्त की तारीख से पहले बारा साल के अन्दर हो रोका हो,

(ख) मद १८० (अब १८३) जमीमा २ कानून मियाद समाअत हिंद सन १८७७ ई० का असर किसी तरह से महदूद या तबदील न होगा

तशरीह—इस दफा की इबारत पुराने मजमूआ की दफा २३० के तीसरे वो चौथे फिकरे से कायम की गई है—इस दफा के मजमून से साफ यह मतलब निकलता है कि वह अब सब डिकरियों से ताल्लुक रखती है सिवाय उन डिकरियों के जिन से हुक्म इम्तनाई का सादिर हुवा है

दरखास्त इजराय डिकरी से बिलाशक वह दरखास्त मुराद है कि जिस के जरिये से कोई हुक्म नामा इजराय का हासिल किया जावे—(देखो इ ला. रि कलकत्ता जिल्द १६ सफा ७४४ वो अलाहाबाद जिल्द १५ सफा १९८)

इस दफा की मनशा के मुताबिक नई दरखास्त में वह दरखास्त शामिल है जो बिल कुल नये सिरे से मुकर्रर किये हुये नमूने के मुवाफिक पेश की जावे—(इ ला रि अलाहाबाद जिल्द १८ सफा ४८२)—न कि वह दरखास्त जो ऐसी

पेश्तर की दरखास्त के सिल सिले में दी गई हो कि जो बारा साल की मुद्दत गुजरने के पेश्तर पेश की गई थी—पस अगर कोई दरखास्त ऊपर लिखी दरखास्त के कायम कराने या जारी रखने की गरज से पेश की जाय तो वह बेरू मियाद न समझी जावेगी, मसलन, दरखास्त बाबत नीलाम व सिल सिले किसी ऐसे दरखास्त के जो उसी मजमून के बाबत मुद्दत मुकर्रर गुजरने के पहले पेश की गई हो बेरू मियाद न समझी जावेगी—(इ. ला. रि. मद्रास जिल्द ६ सफा ५३९).

इस दफा की तरमीम भी हुई इबारत से यह मतलब पाया जाता है कि १२ साल की मुद्दत तारीख पेश करने या दायर करने दरखास्त से, न कि तारीख मजूरी दरखास्त से शुमार की जावेगी- नजीर ब मुकदमें इ ला. रि मद्रास जिल्द ६ सफा ३५९ की बिना पर ऊपर लिखी दफा कायम की गई है.

जब किसी मुकदमे में अपील दायर की गई या दरखास्त नजर सानी या तजवीज सानी की पेश की गई हो तो तारीख आखिर डिक्री की ला जावेगी मगर जब जुज डिकरी के नाराजी से अपील हुई हो तो तारीख डिक्री अदालत अपील निसबत उस जुज डिक्री के कि जिस्के बारे में अपील नहीं हुई वो निस्बत उस जुज डिकरी के भी कि जिस्के बारे में अपील में फैसला हुवा हिसाब में ली जावेगी (इ ला. रि. मद्रास जि २६ सफा ९१ नजीर इजलास कामिल)

जब दरखास्त इजराय डिकरी बाद गुजरने मुद्दत १२ साल के पेश की जावे तो अदालत को अपनी समझ के मुताफिक इस अमर का फैसला करना चाहिये कि आया कार्रवाई इजराय शुरू की जाय या नहीं, और इसके बारे में दोनों फरीकैन की रवीश यानि चलन पर भी लेहाज करना चाहिये (कलकत्ता वीकली नोट जिल्द ११ सफा ४४०)

पहले दरखास्त गिरफतारी मदयून डिकरी के लिये की गई उस को तरमीम करके कुरकी जायदाद की अर्ज और भी दर्ज की गई तो ऐसी दरखास्त बतौर नई दरखास्त के समझी जावेगी जो तरमीम की तारीख को पेश की गई (मदरास ला. ज. जिल्द १५ सफा २४३).

पहली दरखास्त कुछ जायदाद कुर्क कराने के लिये पेश की गई, दूसरी दरखास्त इस मजमून की दी गई कि पहली दरखास्त में जो जायदाद दर्ज है उस

के एवज दूसरी जायदाद कुर्क की जाय और वह छोड़ दी जाय—ऐसी दूसरी दरखास्त बतौर नई दरखास्त के समझी जावेगी—(इ. ला रि कलकत्ता जिल्द ७ सफा ५५६)

दरखास्त कुरकी जायदाद डिक्री रहन के रू से बेकाम होगी—पस जो दरखास्त बारा साल के बाद उसी जायदाद के नीलाम के लिये दी जाय वह बतौर असली दरखास्त के समझी जावेगी और वह बेरू मियाद होगी—(इ ला. रि. मदरास जिल्द २८ सफा २२४).

इसी तरह गैर तसदीकी दरखास्त याने जिस में तसदीकी इबारत तहरीर न हो और वह मियाद के अखीर दिन पेश की जाय और पीछे से वह बाजिब तसदीक के साथ तरमीम की जावे तो वह बेरू मियाद समझी जावेगी—(इ ला. रि. मदरास जिल्द २६ सफा १०१).

जब दरखास्त वास्ते गिरफतारी मदयून के की जावे मगर वह गिरफतार होकर न आवे और गिरफतारी के बाद भाग गया हो और उस के गिरफतारी के लिये पीछे से और दरखास्त की गई हो तो ऐसी पीछे की दरखास्त पहली दरखास्त के सिल सिले में समझी जावेगी—(इ ला रि अलाहाबाद जिल्द २१ सफा १५५)

जब फरीकैन दरखास्त पेश करें और इस बात पर राजी हो कि डिक्री का रूपया किस्त से पटाया जाय और अदालत वैसी दरखास्त को दाखल दफ्तर करने का हुक्म दे तो ऐसे हुक्म से यह नहीं समझा जायगा कि अदाई के लिये कोई खास तारीख मुकर्रर की गई (इ ला. रि अलाहबाद जि० ४ सफा १५५)—

जब कर्जदार गिरफ्तार हो कर हाजिर आवे और पद्रह रोज की महेलत मागे और डिक्री दार राजी होवे और अदालत दरखास्त पर यह हुक्म दे कि दरखास्त दाखल दफ्तर की जाय तो ऐसे हुक्म से अदाई की कोई खास तारीख मुकर्रर नहीं समझी जावेगी (इ ला रि कलकत्ता जि० १६ सफा १६)—

जब मदयून यह जानकर कि बारन्ट कुरकी उसकी जायदाद मनकूला का

जारी हुवा है अपने मकान में ताला लगा देवे और इस तरह अपनी जायदाद मनकूला को कुर्की से बचाये तो वह इस दफा के मनशा के मुवाफिक फरेब करने का कसूर वार समझा जावेगा (इ. ला रि मदरास जि० २२ सफा १२२).

अगर मदयून डिक्री वारा साल तक अदाई रूपया की वारटों की तामील अपने ऊपर वरकाता जाय तो वह फरेब का दोशी समझा जावेगा (इ. ला. मद्रास जि० ६ सफा ३६५)—

जब मदयून नाजिर के मजकूरी को अपने मकान की तरफ उस की जायदाद कुर्क करने के लिये आता हुवा देख कर मकान के अन्दर घुस जाय और अन्दर से दरवाजा बन्द करदे और कहने पर भी दरवाजा खोलने से इन्कार करे तो उसकी हरकत फरेब के हद को पहुचेगी (इ ला रि. बम्बई जि० ६ सफा ३१८)--

मामला को इस दफा की मनशा के अन्दर दाखल करने के लिये नीचे लिखी हुई बातें साबित करना चाहिये:—

(१) कि मदयून ने डिकरी की इजरा रोकने की गरज से कुछ छल या चालाकी किया या चाल चला

(२) कि डिकरी की इजरा वैसे छल चालाकी या चाल से रोकी गई—यह साबित करना काफी न होगा कि बारा साल के अन्दर फरेब किया गया, बल्कि यह साबित करना चाहिये कि किसी खास फरेब से जिसकी शिकायत है डिकरी की इजरा न हो सकी (मद्रास ला. जरनल जिल्द ८ सफा २०३).

डिकरी की इजरा में बाधा यानी खलल डालने के लिये अगर जायदाद फरजी तौर पर या फरेब से दूसरे के नाम मुन्तकिल की जाय तो ऐसी मुन्ताकिली फरेब के हद को पहुचेगी (इ ला रि. मदरास जिल्द ४ सफा २६२).

डिक्री वास्ते नीलाम खेत कतई मौरूसी बजरिये रहन सन १८६८ में सादिर हुई—दरखास्त इजराय डिकरी सन १६११ में दी गई यह दरखास्त मय पहली दरखास्तों के जो इस अरसे के अन्दर दी गई बतौर इमदादी इजराय डिकरी

के सिलसिले में समझी गई सन १८९८ वो सन १९११ के दरम्यान यह जायदाद कलेक्टर के हाथ में बमूजिब दफा ६८ मजमूआ जाब्ता दीवानी छै साल तक रही तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि म्याद दफा ४८ नये मजमूआ जाब्ता दीवानी के रू से लगाई जायगी न कि पुराने एक्ट की दफा २३० के मुवाफिक (नागपूर ला. रि जिल्द ११ सफा २५)

अहकामात दफा ६ एक्ट म्याद लागू न होंगे और न उनकी रू से नाबालिग डिक्री दारान दफा ४८ मजमूआ जाब्ता दीवानी के अहकामात से माफ हो सकेंगे (अलाहबाद ला. ज जि० १३ सफा ८२६)

बारासाल की म्याद शुमार करने में वह अरसा कि जब तक इस्टेट कोर्ट आफ वार्ड के चार्ज में रही खारिज न किया जायगा अगर डिक्री वास्ते इजराय कलेक्टर के पास मुन्तकिल नहीं हुई थी (इ. के जि० २९ सफा ५५६)

जब हुक्म इम्तनाई सादिर हुवा हो और उसके रू से कार्रवाई नीलाम जायदाद मनकूला बन्द की गई हो तो जब तक वैसा हुक्म इम्तनाई जारी न रहा वह अरसा वहक डिक्रीदार शुमार किया जायगा गो उस अरसे के अन्दर डिक्रीदार को यह अखत्यार था कि वह मदयून की किसी और जायदाद को कुर्क कराके नीलाम की कार्रवाई कर सक्ता था (इ के. जि० २७ सफा ५६८)—

फरेब या जबरदस्ती या जोर जुल्म जो दो शामिल शरीक मुद्दायलेहों में से एक की तरफ से किया गया हो और जिसके सबब से इजराय डिक्री में रूकावट हुई हो म्याद को बमुकाबले दूसरे मुद्दायलेह के बचाने में मदद न देगा (इ ला रि. मदरास जि० ३८ सफा ४१९)

डिक्रीदार को हस्ब दफा ४८ अपनी इब्तदाई डिक्री को मुकम्मिल करने के लिये बारासाल मिलेंगे और अगर अदालत से पहले बारासाल के अन्दर कतई हुक्म मिल जावे तो उसे उसी दफा की रू से दूसरे बारासाल की म्याद मिलेगी एक डिक्री रहन में यह हुक्म था कि जायदाद मरहूना नीलाम की जावे और अगर जर नीलाम काफी न हो तो डिक्री का बाकी रूपया मदयून की दीगर जायदाद से व उसकी जात से वसूल किया जावे दरखास्त

वास्ते कुरकी व नीलाम दीगर जायदाद की तारीख डिक्री से बारासाल के बदपेश की गई, मगर वह जायदाद मरहूना के नीलाम होने की तारीख से बारासाल के अन्दर थी—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि दरखास्त मजकूर हाब दफा ४८ मजमूआ जाब्ता दीवानी बेरू याद समझी जावेगी (कलकत्ता वी नो. जि० १८ सफा ४९२).

मुन्तकिल अलैहिम याने जिन के हक में मुन्तकिल की गई वो कायम मुकामान जायज

दफा ४९ हर शख्स जिस के नाम डिकरी मुन्तकिल की
मुन्तकिल अलेह **जाय बपाबन्दी उन हुकूक के (अगर कोई हो) डिकरी का मालिक होगा, जिन को मदयून असल डिकरीदार के मुकाबले मे तामील करा सक्ता था.**

तशरीह:—यह दफा पुराने मजमुआ की दफा २३३ वो आर्डर नं. २१ कायदा १८ से मिलती है.

सुन्दरलाल ने एक डिकरी शकरलाल वो बेनी प्रसाद पर हासिल की थी, बाद जुज अदाई डिकरी के, सुन्दरलाल ने डिकरी द्वारकाप्रसाद को मुन्तकिल कर दी—मुन्तकिल करने की तारीख के पहले शकरलाल वो बेनीप्रसाद ने एक नालिश सुन्दरलाल, वो द्वारकाप्रसाद पर दायर की थी और दोनों पर डिकरी हासिल की—यह करार दिया गया कि शकरलाल वो बेनीप्रसाद अपनी डिकरी उस डिकरी के उस हिस्से में से जो बिला इजराय रह गई थी, और द्वारकाप्रसाद को मुन्तकिल करदी गई थी, मुजरा पाने का मुस्तहक है (इ. ला रि कलकत्ता जिल्द १६ सफा ६१९)—डिकरी का मुन्तकिल अलेह बशर्ते महफूज उसूल इनसाफ जो मदयून डिकरी को असली डिकरीदार के मुकाबले में हासिल हो जारी करा सक्ता है (इ ला रि मदरास जिल्द २६ सफा ४२८)

मदयून डिकरी को फरेब की बिना पर मन्सूख किये जाने की दरखास्त दे सक्ता है, या कुछ रकम जो उस की डिकरीदार पर हो मुजरा पाने की दरखास्त दे सक्ता है—(बी. रि जिल्द १० सफा ३२ इजलास कामिल)

अगर मुर्तहन राहिन की जायदाद पर काबिज हो और उस से फायदा

उठाता हो और अगर उस की डिक्री राहिन पर एक मामूली रूप्या की दस्तावेज की रू से हो जावे और वह उस डिक्री को किसी तीसरे शख्स को मुन्तकिल कर देवे और वैसा तीसरा शख्स जायदाद को कुर्क कराके नीलाम कराये तो मदयून दफा ६६ एक्ट इन्तकाल जायदाद का फायदा न पा सकेगा (इ ला रि अलाहाबाद जिल्द २७ सफा ४५०)

दफा ५० (१) अगर मदयून डिक्री डिक्री की पूरी तामील होने से पहले मर जावे तो डिक्रीदार को अखत्यार है कि मदयून मुतवफ्फी के कायम मुकाम जायज पर डिक्री जारी होने की दरखास्त अदालत सादिर करने वाली डिक्री के पास पेश करे

कायम मुकाम जायज.

(२) अगर डिक्री की इजराय ऐसे कायम मुकाम जायज पर की जाय, तो उस की जिम्मेदारी सिर्फ उसी कदर होगी जिस कदर जायदाद शख्स मुतवफ्फी की उस के हाथ मे आई हो, और वाजिब तौर से खर्च न हुई हो, और वास्ते दरयाफ्त ऐसी जिम्मेदारी के अदालत इजराय करने वाली डिक्री मजाज होगी कि अपनी मरजी से या डिक्रीदार की दरखास्त गुजरने पर कायम मुकाम मजकूर से ऐसे कागजात हिसाब, जवरन दाखिल कराये जो अदालत को मुनासिब मालुम हो

तशरीह –इस दफा की रू से कोई दूसरी अदालत सिवाय उस अदालत के कि जिस ने डिक्री सादिर की हो कार्रवाई करने की मजाज नहीं है [इ ला रि म जिल्द २८ दफा ४६६] मसलन, वह अदालत कि जिसके पास कोई डिक्री वास्ते इजरा के मुन्तकिल की गई है, इस दफा के बमूजिब कार्रवाई न कर सकेगी (देखो मदरास ला जरनल जिल्द १७ सफा ३०० वो इ ला रि. व जि १८ सफा २२४) मगर कलकत्ता हाई कोर्ट ने यह राय कायम की है कि जब कोई मदयून किसी दूसरी अदालत में डिक्री मुन्तकिल होने के बाद मर जाय तो वह अदालत पुराने मजमूआ के दफा २४८ (आरडर न २१ कायदा २२) के बमूजिब नोटिस याने इत्तलानामा जारी कर सकी है –(देखो इंडियन ला रिपोर्ट कलकत्ता जिल्द २२ सफा ५५८).

अगर कोई कायम मुकाम जायज डिक्री के इजरा के पेश्तर मर जाय तो दरखास्त इजराय डिक्री की बमुकाबले उस के कायम मुकाम के पेश हो सक्ती है (इं. ला. रि. अ. जि. २२ सफा ३६७)

कोई हुक्म इस्तनाई जो किसी बाप के नाम सादिर हुआ हो उस की तामील उन के लड़कों से जबरन कराई जा सक्ती है—[इ. ला. रि. बंबई जिल्द २६ सफा २८३].

इस दफा के फिकरा २ के बमूजिब कोई कायम मुकाम जायज सिर्फ उसी कदर माल्यित मुतवफ्फी का जवाबदार होगा कि जो उस ने पाया है, और जो वाजबी तौर पर खर्च में नहीं आई—पस जब कोई वारिस जायदाद बेजा तौर से खर्च करे तो वह अजरूय डिक्री जिम्मेदार होगा, और डिक्रीदार उस जायदाद को ऐसे शख्स के कबजे से कुर्क करा सक्ता है कि जिसे करजे की अदम अदाई का हाल मालुम हो, और जो यह भी जानता हो कि इंतकाल करने वाले की मनशा जर डिक्री के अदाई में बिकरी का रुपया लगाने की न थी (इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द ४ सफा ८६७)

बोझा सबूत इस अमर का कि मुतवफ्फी की कुछ जायदाद उस के कायम मुकाम जायज के कबजे में आई, डिक्रीदार पर डाला जायगा, और यही कायदा उस वक्त भी लागू होगा कि जब कोई खास जायदाद बतौर मिलकियत मुतवफ्फी के कुर्क कराई जाय (देखो कलकत्ता वीकली नो. जिल्द ४ सफा १५१) ऐसा सबूत गुजरने पर यह सबूत करना कायम मुकाम के जिम्मे रहेगा कि जो कुछ जायदाद मुतवफ्फी की उस के कबजे में आई, वह उस ने वाजबी तौर पर खर्च किया, और यह कि अब उस के पास कुछ बाकी न रही या बाकी रही तो किस कदर (देखो बी. रि जि. ८ सफा १६५)

इस दफा की मनशा यह है कि जब तक कार्रवाई नालिश मुलतवी रही हो तब तक मुद्दायलेह जिन्दा बना रहा—जब कोई मुद्दायलेह दायरी नालिश के पहले मर जाय और डिक्री उस के ऊपर सादिर की जाय तो ऐसी डिक्री का इजरा उस के कायम मुकाम पर न किया जायगा (बंगाल ला. रिपोर्ट जिल्द १४ बमुकदमें दरखास्त गिरेंद्रनाथ टगोर) लेकिन हाई कोर्ट की यह तजवीज करार पाई है कि

जब कोई मुद्दायलेह नालिश की सुनाई खतम होने के बाद, लेकिन फैसला सुनाय जाने के पेश्तर, मर जाय तो ऐसी सूरत में जो डिक्री अदालत से सादिर हो वह नाजायज न होगी (इ ला रि बबई. जिल्द २१ सफा ३१४)

यह दफा पुराने जाब्ता दीवानी सन १८८२ की दफा २३४ के मुताबिक है.

कायम मुकाम जायज के नाम पहले नोटिस जारी करना चाहिये यह वजह बतलाने के लिये कि डिक्री की इजराय उस पर क्यों न की जाय (देखो आर्डर २१ कायदा २२)

यह दफा ऐसे मामला में लागू होगी जब कि कायम मुकाम जायज, जिस पर इजराय कराना चाहा जाता है, उस से कुछ वसूली होने के पेश्तर मर जावे [इ ला रि अलाहबाद जि २२ सफा ३६७]

यह दफा ऐसी सूरत में लागू न होगा जब मुद्दायलेह, इजराय डिक्री में कोई हुक्म होने के बाद, मगर वैसे हुक्म की तामीली होने के पेश्तर, मरजावे (इ ला रि मद्रास जि १२ स २११)

जब सादे नक्द रूपया की डिक्री की इजराय में जायदाद गैरे मनकूला की कुरकी होने के बाद मुद्दायलेह मरजाय और जायदाद, वगैर उसके वारिस का नाम उसकी जगह पर बतौर कायम मुकाम दर्ज कराने के नीलाम हो जाय तो ऐसा नीलाम वाजाब्ता वो जायज समझा जावेगा (इ ला रि अलाहबाद जि० १२ स० ४४० इजलास कामिल)—

लेकिन अगर मुद्दायलेह के जीते जी कुरकी न होवे तो वैसा नीलाम नाजायज वो गैर वाजब्ता समझा जावेगा (इ ला रि अलाहबाद जि० १९ सफा ३३७)

डिक्री इस वजह से नाजायज न होगी कि नालिश खतम होने के बाद मुद्दायलेह मर गया, यानी जब मुद्दई मुद्दायलेह दोनों की तरफ से गवाह वगैरा सब गुजर चुकी मगर फैसला बगैर दर्ज करने मुद्दायलेह के *वारिस का नाम बतौर उस* के कायम मुकाम को सुनाया गया—(इ. ला रि अलाहबाद जि २१ सफा आरडर न २२ कायदा ६).

इस दफा की रू से डिक्रीदार मुतवफ्फी कर्जदार की सिर्फ ऐसी जायदाद पर अपनी डिकरी जारी करा सकेगा जो कर्जदार के कायम मुकाम के हाथ में आई

हो; डिकरी की इजराय उस के कायम मुकाम की खास (निजी) जायदाद पर न हो सकेगी (इ ला रि मद्रास जिल्द १७ सफा १२२, १२७)

डिकरीदार—जिस शख्स का नाम डिकरी में बतौर डिकरीदार दर्ज हो वह डिकरी जारी कराने का हकदार होगा, तावक्के कि हस्ब आरडर न. २१ कायदा १६ दूसरा शख्स यह जाहिर न करे कि वह डिकरीदार की जगह पर मुकर्रर हुवा है (इ ला रि. कलकत्ता जिल्द १८ सफा ६३६)

डिकरी सादिर करने वाली अदालत:—इस की तारीफ के लिये देखो दफा ३७ इस अमर का तसफिया करना डिकरी सादिर करने वाली अदालत के अख्त्यार में होगा कि आया कोई खास शख्स मदयून डिकरी का कायम मुकाम जायज है या नहीं, और इस अमर का तसफिया करना इजराय करने वाली अदालत के अख्त्यार में होगा कि उस कायम मुकाम जायज की जिम्मेदारी किस हद तक है (इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द १७ सफा ४३१)

अगर इजराय करने वाली अदालत, यानी, ऐसी अदालत जिस के यहां डिकरी वास्ते इजराय भेजी गई, इस दफा के रू से कोई हुक्म जारी करे तो वैसा हुक्म नाजायज न होगा (इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द १२ सफा ५५८)

कयास यह होगा कि कायम मुकाम का नाम मिसल में डिक्री सादिर करने वाली अदालत के हुक्म से चढ़ाया गया है— (मद्रास ला जर्न. जिल्द १२ सफा ३३)—

कायम मुकाम जायज—तारीफ के लिये देखो दफा २, (११)—यह जरूर नहीं है कि कायम मुकाम जायज का नाम मिसल में दर्ज हुवा हो (इ. ला. रि. बम्बई जिल्द २१ सफा ३१४)—

जब हिन्दू बेवा दस्तबरदारी नामा अपने वारसान या बाद के हक में लिखदे और वे वारसान उस बेवा के कर्जा की अदाई का जिम्मा अपने ऊपर लेलेवें तो उन वारसों का नाम बेवा के मरने के बाद बतौर कायम मुकामान बेवा के मिसल में दर्ज हो जाय (ला रि [illegible] २३ सफा ४५४)—

बेटा मकाम [illegible] (इ ला रि कलकत्ता जिल्द १४ सफा)—

अगर डिक्री किसी लिमीटेड कम्पनी पर सादिर हुई हो और वह कम्पनी अपनी कुल जायदाद किसी तीसरे शख्स को बेच दे और वैसा तीसरा शख्स फिर उसी जायदाद को किसी दूसरी लिमीटेड कम्पनी को बेचे तो डिक्री की इजराय वैसी दूसरी कम्पनी पर न होगी—(इ ला रि कलकत्ता जिल्द ३० सफा ६६१)—

अपील:—ऐसे हुक्म की अपील न होगी जिसके रु से मुतवफ्फी मदयून डिक्री के कायम मुकाम जायज का नाम मिसल में दर्ज हुवा है—(इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द ३ सफा ७०८)—

जिस फरीक का नाम बतौर कायम मुकाम जायज मिसल में गैर वाजिबी दर्ज हुवा है वह खर्चा की निस्बत अपील दायर कर सक्ता है (इ. ला रि. अलाहबाद जि १३ स. २६०)

साहूकार को अपने मुतवफ्फी कर्जदार के कायम मुकाम पर नालिश दायर करने और उस पर डिकरी करने का अख्त्यार हासिल है जब कि वह यह साबित कर सक्ता है कि मुतवफ्फी कर्जदार की कुछ ऐसी जायदाद है जो उस के कायम मुकाम के कब्जा में आसक्ती है गो यह साबित न हुवा हो कि वह जायदाद उस के हाथ में अभी तक नहीं आई (अलाहाबाद ला. जरनल जिल्द ८ स० १६६)

अगर कभी एक वक्त भी यह साबित हो गया हो या कबूल किया गया हो कि कायम मुकाम के कब्जा में मुतवफ्फी मदयून डिकरी की जायदाद आई है तो इस बात की सबूती का बोझा उसी कायम मुकाम पर होगा कि जायदाद का कितना हिस्सा उस को मिला और उस ने किस तरह खर्च किया (मदरास ला. जरनल जिल्द २१ सफा १०६६)

अगर मदयून, डिक्री सादिर होने के पहले ही नहीं, बल्कि तारीख पेशी के मर जावे तो वैसी डिक्री की इजराय उस के कायम मुकाम पर न हो सकेगी (कलकत्ता ला जरनल जि. १७ सफा ६३४).

अगर किसी रईय्यतवारी काश्तकार पर, जिसे दफा ६७ (ई) एक्ट मालगुजारी मध्य प्रदेश लागू होती है डिक्री हुई हो और वह मर जावे तो उस डिक्री की इजरा वैसी फसल पर न होगी जो उस की बेवा ने उगाई हो—वैसी फसल काबिल

कुरकी नहीं है, क्योंकि दफा ५० (२) मजमूआ जाब्ता दीवानी में सिर्फ जिम्मेदारी की हद बतलाई गई है और जिम्मेदारी कायम करने के लिये यह साबित करना जरूर नहीं है कि कायम मुकाम को मुतवफ्फी की ऐसी जायदाद मिली जो उस के कर्जा की अदाई में खर्च हो सकी है—(नागपूर ला. रि. जि ६ सफा १३०).

जब बाप पर डिक्री हुई हो और बाप की जायदाद उस के बेटा के हाथ में आई हो और उस डिक्री की इजराय वैसी जायदाद पर हो सकी हो, तो लड़के के मरने के बाद डिक्री की इजराय लड़के के कायम मुकाम वो वारिस पर भी हो सकेगी जब कि बाप मदयून की जायदाद उस लड़के के वारिश या कायम मुकाम के हाथ में पहुंची हो—(मद्रास वी नो सन १९१४ सफा ३५४).

जाब्ता इजराय

दफा ५१ ऐसी शरायतों वो कैदों की पावन्दी के साथ जो मुकर्रर करदी जायें, अदालत डिकरीदार की दरखास्त पर डिकरी का इजराय नीचे लिखे हुऐ तरीकों पर होने के लिये हुक्म दे सकी है, यानेः—

अख्त्यार अदालत इजराय डिकरी

(क) बजरिये हवालगी किसी ऐसे जायदाद के जिस के निसबत खास करके डिकरी सादिर की गई हो; या,

(ख) बजरिये कुरकी और नीलाम या बजरिये नीलाम बिला कुरकी किसी जायदाद के; या,

(ग) बजरिये गिरफतारी वो बंद रखने किसी जेहल खाने मे, या,

(घ) बजरिये मुकर्रर करने किसी रिसीवर या,

(ङ) किसी ऐसे दूसरे तरीके पर, जिस की जरूरत बलिहाज किस्म दादरसी जो अता की गई हो, समझी जाय

तशरीहः—यह दफा नई कायम की गई है और इसमें कई तरीके इजरा के बतलाय गये हैं जिमन (ङ) बिलकुल आम है और इस में वह कुल सूरतें आजाती है जिनका जिक्र (क) से (घ) तक के फिकरों में नहीं है.

इजरा डिक्री के हर तरीके की तफसील के लिये देखो आर्डर न २१

दफा ५१ आर्डर न २१ कायदा ११ वो आर्डर न ४० कायदा १ के साथ पढ़ा जावे जब अदालत डिक्री की इजराय के गरज के लिये कोई रिसीवर मुकर्रर करे तो वैसी मुकर्ररी हस्ब हुक्म आर्डर न ४० कायदा १ बशमूल दफा ५१ समझी जावेगी अगर रिसीवर बिला कोई कैद मुस्तवत जमानत मुकर्रर किया जाय तो वैसी मुकर्ररी फौरन अमल में आवेगी और रिसीवर का कब्जा जायज समझा जावेगा गो उससे कोई जमानत न ली गई हो अगर रिसीवर की मुकर्ररी जमानत की शर्त पर हुई हो तो जब तक जमानत न दी जाय तब तक मुकर्ररी अमलदार (पक्की) न समझी जावेगी (कलकत्ता ला जर्न. जि० १४ सफा ४८९)—

एक मुरतेहन डिक्रीदार ने दरखास्त दिया कि उसकी डिक्री की अदाई मरहूना गावों में से एक गाव की जमा वो मुनाफा से रिसीवर हस्ब दफा ५१ (घ) वो आर्डर न. ४० कायदा १ मुकर्रर करके, कराई जावे क्योंकि लोकल गवर्नमेंट ने गाव मजकूर का नीलाम इस बिना पर नामजूर किया कि जायदाद गैर काबिल मुन्तकिल है—ऐसा मालूम हुवा कि गाव के सिवाय और दिगर जायदाद मरहूना भी थी जिसको डिक्रीदार नीलाम करा सक्ता है तजवीज हुई कोर्ट करार पाई कि ऐसी सूरत में रिसीवर मुकर्रर हो सक्ता है आर्डर न ४० कायदा १ में हुक्म है कि जब अदालत को रिसीवर का मुकर्रर करना मुनासिब वो सहूलीयत के लायक मालूम पड़े तो रिसीवर मुकर्रर किया जा सक्ता है—डिक्रीदार को सहूलीयत के लिये रिसीवर की मुकर्ररी जरूर नहीं है क्योंकि मुमकिन है कि जो बात डिक्रादार के सुभीता की हो वह मदयून डिक्री के सुभीतायो इसाफ की न हो (अवध केसेस जि० १६ सफा २३८)—

इजराय डिकरी बनाम कायम मुकाम जायज.

दफा ५२ (१) अगर किसी फरीक पर व हैसियत होने के डिकरी हुई हो, और डिकरी मजकूर किसी मरे हुऐ शख्स वास्ते दिलाने जर नकद जायदाद, शख्स मुतवफ्फी से हो तो इजरा डिकरी बजरिये कुरकी और नीलाम किसी ऐसी जायदाद के हो सक्ती है

(२) अगर ऐसी कोई जायदाद मदयून डिकरी के कब्जे में बाकी न रहे, और वह हस्ब इतमीनान अदालत यह साबित न कर सके कि उसने उस जायदाद शख्स मुतवफ्फी को, जिस का उस के कब्जे में आना साबित हो चुका है, वाजबी तौर से खर्च किया है, तो मदयून डिकरी पर डिकरी बाबत उस कदर जायदाद के जिस की निसबत वह अदालत का इतमीनान न कर सके उसी तरीके से जारी हो सकी है, जैसे कि डिकरी मजकूर खुद उसी की जात खास पर हुई हो

तशरीह :—यह दफा पुराने एक्ट की दफा २५२ से मिलती है और यह दफा कुल नकदी रूपयों की डिक्री में और उस सूरत में, जब कि डिक्री सादिर होने के पहिले कायम मुकामान जायज का नाम दर्ज मिसल हो गया है लागू होगी, लफ्ज कायम मुकाम जायज की तारीफ इस मजमूआ के दफा २ शिकमी दफा (११) में की गई है—और वह शख्स जिस्पर डिकरी सादिर की गई है उन शख्सों में से होना चाहिये जिनकी तारीफ दफा मजकूर में की गई है, तब्बक्ति कि कायम मुकाम जायज ने दूसरा शख्स बतौर कायम मुकाम पेश न किया है, और इस तरह से डिक्री पर एतराज करने से उस को मनाई हो वे (इ. ला. रि. बम्बई जिल्द ६ सफा ८६), मसलन अगर डिक्री करजदार की मा पर सादिर की गई हो और उस का गोद में लिया हुआ लड़का जिन्दा है तो उस की (लड़का की) जायदाद इजराय डिक्री में कुर्क नीलाम नहीं हो सकी है (इ ला. रि मदरास जिल्द ११ सफा ४०८)

किसी मुतवफ्फी की कुल जायदाद जिम्मेदार करार देने के लिये कुल शख्स जो उस के कुल वारसान थे कायम मुकाम जायज पर नालिश होना चाहिये, मसलन किसी मुसलमान के मामले में कुल वारसान शामिल किये जावें, क्योंकि एक वारिस पर डिक्री सादिर होने से दीगर वारिस उस डिक्री के जिम्मेदार नहीं होंगे—(कलकत्ता ला. रि जि ११ सफा २६८ वो इ. ला. रि. अलाहबाद जि ७ सफा ८२२).

किसी कर्जदार मुतवफ्फी का साहूकार उस के वारिस जायज पर बिला साबित करने इस अमर के कि उस के कब्जे में कितनी जायदाद मुतवफ्फी की आई है

डिक्री जारी करा पाने का हकदार है सिर्फ इतना साबित करना काफी है कि जायदाद है जो उस के कब्जे में आई होगी (इ ला रिपोर्ट जिल्द ८ बम्बई सफा ३०६)

यह कायदा उस हालत में भी लागू होगा जब कि मुतवफ्फी का कोई जायदाद छोड़ जाना साबित न हो सके (इ. ला. रि बम्बई जि १३ सफा ६४५), और उस हालत में भी यह कायदा लागू होगा जब कि मुद्दायलेह के कब्जे में कोई जायदाद मुतवफ्फी की विरासतन नहीं आई है (८ बम्बई हाई कोर्ट अपील दीवानी २४५), और जब यह साबित हो कि मुद्दायलेह के कब्जे में इस कदर जायदाद आई है जो वास्ते अदाई कर्जा काफी है तो जाती डिक्री सादिर हो सकी है (इ. ला रि मद्रास जि. २० सफा ४४६)— बेबा सबूत इस अमर का कि कुछ जायदाद मुतवफ्फी की मुद्दायलेह कायम मुकाम के कब्जे में आई है, जिम्मे मुद्दई साहूककार के है—(१८ बी रि १८५ प्रिवी कौंसिल)

जब कि किसी कायम मुकाम जायज ने अपने घर से जायदाद की पूरी कीमत के बराबर रूपया दे दिया है यानी अगर उस ने इनफिकाक करा लिया है तो डिक्रीदार उस के कब्जे की जायदाद पर इजरा नहीं करा सक्ता (इ. ला रि. म जिल्द २६ सफा ७६२)

अगर यह साबित हो कि कायम मुकाम जायज के कब्जे में जायदाद आई है, या वह साफ तौर से या मानवी तौर से कबूल करता है और उस का हिसाब नहीं दे सक्ता है तो वह बजात खास जिम्मेदार होगा—(१२ वीकली रिपोर्ट सफा ५१७)

जब किसी गलत शख्स पर बतौर कायम मुकाम नालिश होकर जायदाद नीलाम हुई हो तो सही वो असली कायम मुकाम वैसी जायदाद वापिस दिला पाने की नालिश दायर कर सक्ता है—(इ. ला रि. ब जि ६ सफा ८६)

डिक्री खिलाफ एक कायम मुकाम के दूसरे कायम मुकामों को पाबन्द न करेगी—(इ. ला. रि. अलाहबाद जि ८ सफा ८२२ इजलास कामिल).

हिन्दू के कायम मुकाम जायज का यह फर्ज नहीं है कि वह अपने बाप की जायदाद खर्च करते वक्त बाप के हर साहूकार को कर्जा का रूपया हिस्सा रसीद देवे अगर उसने कर्जा इस तरह हिस्सा रसदी से हर साहूकार को न अदा किया हो

तो उस की निसबत यह न समझा जावेगा कि उस ने बाप की जायदाद वाजिब तौर पर खर्च करने में चूकी किया—[इ. ला. रि. मद्रास जि. २६ सफा ७१२].

जो मुनाफा जायदाद का जर लगान या सूद से कायम जायज को मिला हो उस का हिसाब उस से लिया जा सक्ता है (बी रि. जि १५ सफा २८९).

अगर उस ने मुतवफ्फी की जायदाद बेंच दी हो तो बिक्री के रूपया का हिसाब भी उस से लिया जा सक्ता है, मगर बेची हुई जायदाद खरीदार के पास से वापिस नहीं दिलाई जा सक्ती (बी रि जि. १२ सफा १७७)

अपील:—इस दफा की रू से जो अपील होगी वह ऐसी समझी जावेगी कि मानो दफा ४७ के रू से हुई.

दफा ५३ दफा ५० वो ५२ की गरजों के लिये जायदाद जिम्मेदारी जायदाद खानदानी ब कब्जे लडका या दीगर औलाद जो बमूजिब हिन्दू शास्त्र, बाप दाद मुतवफ्फी के करजे का देनदार है वो जिस की निसबत डिकरी सादिर हो गई हो तो समझा जायगा कि जायदाद मजकूर मुतवफ्फी की है, जो बेटे या दीगर औलाद के कब्जे में बहैसियत उस के कायम मुकाम जायज के आई है

तशरीह—यह दफा इस मजमूआ में नये सिरे से कायम की गई है—उस के पढने से यह मतलब निकलता है कि जिस मुकद्दमें में यह सवाल पैदा हो कि आया कर्जा इस किस्म का है कि जिस की अदाई किसी हिन्दू बेटे पर लाजिमी है या नहीं याने अगर बहस इस अमर की हो कि कर्जा नाजायज या बुरे कामों के वास्ते लिया गया था, तो ऐसी हालत में अदालत इस अमर की निस्बत तहकीकात बमूजिब दफा ५० वो ५२ बशमूल दफा ४७ के कर सक्ती है:—

लेकिन इस दफा की रू से ऐसे शख्सों पर कुछ असर न पडेगा जो मरे हुए कर्जदार की अवलाद में से न हो, मसलन शामलाती भाई, भतीजे, वगैरा.

अगर किसी मुकद्दमें में जायदाद खानदानी कि जो कर्जदार के जीते जी कुरक की हो नीलाम पर चढ़ाई जाय, और ऐसे नीलाम के निसबत कोई उजरदारी इस बयान के साथ पेश की जाय, कि वह कर्जा, जिसकी निसबत डिक्री

हासिल की गई है, इस किस्म का नहीं था, कि जिस के अदाई के जिम्मेदार कानून धर्म शास्त्र के बमूजिब हिन्दू घराने के दूसरे शरीकदार लोग हो सकें तो ऐसी उजरदारी का फैसला बमूजिब दफा ४७ किया जायगा—(इ ला रि. कलकत्ता जि ३३ सफा ६७६)

इस दफा की रू से कानून में बड़ी तबदीली की गई—अब नये जाब्ता दीवानी की रू से हिन्दू की अवलाद यह उजरदारी नहीं कर सक्ती है कि चाक खानदानी जायदाद की कुरकी कर्जदार के जीते जी नहीं हुई थी, इस लिये वह जायदाद उस को बहैसियत पस जिन्दगी यानी दूसरे के मरने के बाद जीते रहने से मिली और इजराय डिक्री में कुर्क नहीं हो सक्ती—पुराने जाब्ता दीवानी के मुताबिक पहिले ऐसी उजरदारी करने से नई नालिश दायर करने का हुक्म दिया जाता था मगर ऐसा हुक्म अब नहीं दिया जा सका है (देखो दफा ४७ म जा दी.).

अगर उजरदारी इस किस्म की हो कि कर्जदार के जीते जी कुरकी नहीं हुई थी इस लिये कुल जायदाद उजरदार को बहैसियत पस जिन्दगी हासिल हुई तो ऐसी उजरदारी दफा ४७ में दाखल न होगी—(अलाहबाद वी नोट जिल्द २६ सफा २८१)

अगर उजरदारी इस किस्म की हो कि उजरदारी करने वाले शख्स, फरीकैन नालिश नहीं थे इस लिये डिकरी का असर उन के हिस्सा जायदाद पर नहीं पड़ सक्ता है तो ऐसी उजरदारी दफा ४७ में दाखल होगी (इ ला रि. मदरास जिल्द १६ सफा २६३)

अगर उजरदारी इस किस्म की हो कि उजरदारी करने वालों को कर्जदार की कोई जायदाद तरका में नहीं मिली बल्कि जो जायदाद उजरदारों की है वह उन की खुद पैदा की हुई है तो ऐसी उजरदारी भी दफा ४७ में दाखल होगी (इ. ला रि कलकत्ता जिल्द १६ सफा १)

अगर डिकरी हस्ब दफा ९० एक्ट इन्तकाल जायदाद मुतवफ्फी के कायम मुकाम जायज पर सादिर हुई थी और उस में यह हुक्म हो कि जर डिकरी सिर्फ ऐसी जायदाद से वसूल किया जावे जो मुतवफ्फी की है तो डिकरीदार दफा ५३ जाब्ता दीवानी का फायदा नहीं उठा सकेगा और न खानदानी जायदाद, जो लड़के को मुतवफ्फी बाप से मिली, कुर्क हो सकेगी (इ के जिल्द ९ सफा ६३१)

नालिश बटवाड़ा में खर्चा की डिकरी मुद्दायलेह पर हुई थी–डिक्री सादिर होने के बाद मुद्दायलेह मर गया–डिक्रीदार ने उस खर्चा की डिकरी की इजराय में वैसा हिस्सा कुर्क कराया जो बटवाड़ा में मुद्दायलेह के हिस्से में आया था और जो उस के मरने के बाद उस के लड़के के हाथ में गया–तजवीज हुई कोर्ट करार पाई कि लड़का खर्चा देने का जिम्मेदार है और जो जायदाद उस के हाथ में आई वह बमूजिब दफा ५३ काबिल कुर्की है (इ. के. जिल्द १९ सफा २५२)

यह दफा ऐसे सूरत में लागू न होगी जब कि बाप जिन्दा हो–पस जो डिकरी बाप पर ऐसे वक्त सादिर हुई हो जब कि खानदान शामिल शरीक था तो उस की इजराय वैसी जायदाद पर न होगी जो बटवाड़ा के बाद उस के लड़के के हाथ में आई (मदरास ला जरनल जिल्द २७ सफा ११२)

दफा ५४—अगर डिकरी बाबत तकसीम किसी बिना तकसीम जायदाद या **बटे हुए जायदाद की निस्बत हो जिस की हिस्सों का अलेहदा करना. मालगुजारी का दिया जाना सरकार में तशखीस हुवा हो या निस्बत अलहेदा कब्जा हिस्सा ऐसे जायदाद के हो तो तकसीम जायदाद या अलहेदगी हिस्सा मारफत साहेब कलेक्टर या किसी गजट शुदा मातहत साहेब कलेक्टर के जिन को उन्हों ने इस काम पर मुकर्रर किया हो, मुताबिक उस कानून के (अगर कोई कानून हो) वास्ते बटवाड़ा या अलहेदा करने ऐसे हिस्सा ऐसी जायदाद के हो, अमल में आवेगा**

तशरीह—इस दफा की रू से इजराय डिकरी का अख्त्यार सिर्फ कलेक्टर को है और जिस जायदाद पर देन सरकार वाजबुल वसूल नहीं है, उस में यह दफा लागू नहीं होगी

इस दफा के मुताबिक अदालत दीवानी को उस जमीन के बटवाड़ा करने का अख्त्यार नहीं है, जिस की मालगुजारी सरकार में तशखीश हो सिर्फ अख्त्यार कलेक्टर [illegible] (इ. [illegible] १६ सफा ५२८)

जब कि साहब कलेक्टर इस दफा के बमूजिब बटवाड़ा करें तो अदालत दीवानी को उन के काम के जांचने का या उन को नये सिरे से बटवाड़ा करने का हुक्म देने का अख्तयार नहीं है (इ ला. रि. बम्बई जिल्द १५ सफा ५२७).

मगर इ. ला रि. बम्बई जिल्द २८ सफा २३८ में यह करार दिया गया है कि साहब कलेक्टर की कार्रवाई बनिगरानी वो दुरुस्तगी उस अदालत के होगी जिस ने डिकरी सादिर की, और कलेक्टरी में इजराय के लिये भेजी

जमीन जो सरकार ने कई बरसों के लिये ठेके पर दिया हो उस का बटवाड़ा अदालत दीवानी से हो सक्ता है (इ ला रि बम्बई जिल्द १६ सफा ५२८)

अगर कलेक्टर डिकरी की शर्तों के बरखिलाफ कार्रवाई करे तो अदालत दीवानी कि जिस ने वह डिकरी सादिर की कलेक्टर मजकूर के कार्रवाई पर निगरानी करके दुरुस्त कर सक्ती है (इ. ला रि. बम्बई जिल्द २८ सफा २३८).

यह दफा पुराने मज जा दी की दफा २६५ से मिलती है.

इस दफा की असली मनशा यह है कि सरकारी जमा की अदाई के लिये जो जिम्मेदारी शामलाती होती है उस जिम्मेदारी में बटवाड़ा करने से कोई कमी या खामी न आने पावे (इ. ला रि कलकत्ता जिल्द १६ सफ २०५)

यह दफा रईयत वारी जमीन को लागू न होगी (इ ला रि मदरास जिल्द ७ सफा ३८२ इजलास कामिल).

अदालत दीवानी इस दफा के रू से बटवाड़ा करने के लिये अमीन मुकर्रर नहीं कर सक्ती (इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द २३ सफा ६७६).

जब नालिश इस्टेट के बटवाड़ा के लिये न हो बल्कि हिस्सा के अलहेदा करने के लिये हो तो यह दफा लागू न होगी (इ ला. रि बम्बई जिल्द ८ सफा ५२६)

साहब कलेक्टर बटवाड़ा करने से इन्कार नहीं कर सक्ते (इ ला. रि. बम्बई जिल्द. १४ सफा ४५०).

साहब कलेक्टर का काम सिर्फ बटवाड़ा करने काही न होगा बल्कि उन का यह भी काम होगा कि बटवाड़ा में जो २ हिस्सा जिस जिस हिस्सेदार की

पाती में आया हो वह उस के हवाले किया जाय (इ ला. रि. बम्बई जिल्द ११ सफा ६६२)

जब फरीकैन नालिश के दरमियान राजीनामा की रू से यह ठहराव हुवा हो कि जायदाद का बटवाडा यानी हिस्सा इस्टेट का बटवाडा मारफत अमीन किया जावे तो अदालत वैसी डिकरी रजामन्दी की रू से वैसे अमीन की मारफत हुक्म बटवाडा देने की मजाज न होगी—(इ के जिल्द २० सफा २०६)—

गिरफतारी व कैद

दफा ५५. (१) कोई मदयून डिकरी किसी डिकरी के गिरफतारी वो कैद. इजरा मे किसी रोज और किसी वक्त गिरफ तार किया जा सक्ता है और जिस कदर जल्द मुमकिन हो वह अदालत में हाजिर किया जाय, और वह उस जिला के जहल खाना दिवानी में कैद रखा जाय, जहां कैद का हुक्म देने वाली अदालत वाकै हो, या अगर उस जहलखाना दिवानी में गुन जाइश मुनासिब न हो तो वह किसी और जगह कैद किया जाय, जिसे लोकल गवर्नमेंट वास्ते कैद रखने उन शख्सो के मुकर्रर करे, जिन के निसबत ऐसे जिले की अदालतों से कैद रखने का हुक्म हो

मगर शर्त अव्वल यह है, कि इस दफा के बमूजिब गिरफ्तारी करने की गरज से सूरज डूबने के बाद, और सूरज निकलने के पहले, किसी रहने के मकान मे कोई दाखिल नहीं हो सकता

दूसरी शर्त यह है कि किसी रहने के मकान का बाहरी दरवाजा उस वक्त तक न तोड़ा जायगा, जब तक कि ऐसा रहने का मकान मदयून डिकरी के कब्जे मे न हो, और वह उस के अन्दर दाखिल होने देने से इंकार करता है, या किसी तरह से मना करता है, मगर जब उहदेदार मजाज गिरफतारी किसी रहने के मकान के अन्दर बाजाब्ता पहुंच गया हो तो उसे

अख्तयार है कि किसी कमरे का दरवाजा तोड डाले, जिस में किसी वजह से उस को यकीन हो कि मदयून डिकरी उस के अन्दर मिल जायगा

तीसरी शर्त यह है कि अगर वह कमरा सचमुच में किसी ऐसी औरत के दखल में हो जो मदयून डिकरी न हो और जो हस्ब रिवाज मुल्क आम तौर पर बाहर न निकलती हो तो उहदेदार मजाज गिरफतारी औरत मजकूर को जता देगा कि उस को कमरे से चले जाने का अख्तयार है और बाद देने मोहलत काफी वास्ते चले जाने औरत मजकूर के, और निकलने के लिये उस को हर तरह की सहूलियत मुनासिब देकर उहदेदार मजकूर को मजाज होगा कि गिरफतारी के लिये कमरे के अन्दर घुसे

चौथी शर्त यह है कि अगर वह डिकरी जिस के इजरा में कोई मदयून डिकरी गिरफतार हुआ हो, वाज्त अदाई जर नक्द के हो और मदयून डिकरी उस तादाद और खर्चा गिरफतारी का उहदेदार गिरफतार करने वाले को अदा करदे तो उहदेदार मजकूर उस को फौरन रिहा कर देगा

(२) लोकल गवर्नमेंट मुकामी गजट सरकारी में इश्तहार के जरिये यह जाहिर कर सक्ती है कि कोई शख्स या किस्म अशखास जिन की गिरफतारी खौफनाक या आम को तकलीफ देने वाली हो, इजराय डिकरी में गिरफतार नहीं किये जायेंगे सिवाय उस जाब्ता के मुताबिक जो लोकल गवर्नमेंट इस बारे में मुकर्रर करे

(३) जब कोई मदयून डिकरी नक्द रूप्या की डिकरी के इजराय में गिरफतार होकर अदालत के रूबरू हाजिर किया जावे, तो अदालत उस को बतला देगी कि उस को अख्तयार है कि दीवालिया करार पाने के लिये दरख्वास्त दे, और अगर उस ने कोई फेल बदनियती का निसबत मजमून अपनी दरख्वास्त के न किया हो, और अगर वह कानून दीवालिया

के जो उस वक्त जारी हो, हुक्म की तामील करे तो वह रिहा कर दिया जावेगा.

(४) जब मदयून डिकरी दीवालिया करार दिये जाने की दरख्वास्त देने का इरादा जाहिर करे और जमानत अदालत के इतमीनान के लायक इस बात की दाखिल करदे कि वह एक महीने के अन्दर ऐसी दरखास्त गुजरानेगा, और यह कि दरखास्त मजकूर की, या उस डिकरी की, किसी कार्रवाई में कि जिस के इजराय मे वह गिरफतार हुआ हो, जिस वक्त अदालत उसे तलब करेगी हाजिर होगा तो अदालत उस को गिरफतारी से रिहा कर देगी, और अगर वह ऐसी दरखास्त न दे और अदालत मे हाजिर न हो तो अदालत हुक्म दे सक्ती है कि जमानत का रूपया वसूल किया जाये या डिकरी के इजराय में वह जहलखाना दीवानी में कैद किया जाये

तशरीह —यह दफा पुराने एक्ट की दफा ३३६ के मुवाफिक है—अपन "मदयून डिकरी" से वह शख्स मुराद है जिस के ऊपर कोई जाती डिकरी सादिर की गई हो, याने ऐसी डिकरी जिस की वसूली उस की जायदाद से हो सक्ती है—आम कायदा यह है कि कोई कायम मुकाम याने वारिश डिकरी के इजरा में गिरफतार नहीं हो सक्ता, सिवाय उन सूरतों के जिन का जिक्र दफा ५० वो ५२ में दर्ज है.

अगर कर्जदार मुकर्रर किये हुये वक्त पर हाजिर नहीं हो तो जमाननदार पर कोई कार्रवाई नहीं की जायगी, जब तक उस को नोटिस पहले न दिया जाय (इ ला. रि मदरास जिल्द २६ सफा ३६६).

किस्तबंन्दी डिकरी के इजरा में मदयून डिकरी हर किस्त के अदाई के लिये अलेहदा २ गिरफतार वो कैद नहीं हो सक्ता है (इ ला. रि. बम्बई जिल्द ७ सफा १०६)

जब मदयून डिकरी किसी वक्त हाजिर होने की जमानत देने पर रिहा कर दिया जावे और वह पहले [illegible] तो जामिनदार अपनी जिम्मेदारी से बरी [illegible] सफा ३३७)

जब जामिन्दार इस बात की जमानत ले कि मदयून दरखास्त करार दिये जाने दीवालिया की देगा और अगर उसने दरखास्त दे दी तो जामिन्दार अपने जिम्मेदारी से बरी हो गया और दरखास्त दीवालीया खारिज होने की सूरत में वो मदयुन के हाजिर न आने से डिकरी जामिन्दार पर जारी नहीं हो सकी (इ ला रि मदरास जिल्द २४ सफा ५६० वो इ ला रि कलकत्ता जिल्द १५ सफा १७१ वो इ ला रि अलाहबाद जि० १३ सफा १०० वो इ ला. रि. बम्बई जि० १९ सफा २१० वो इ. ला रि मदरास जि० २६ सफा ३६६)

वारन्ट गिरफ्तारी उस हालत में भी जारी हो सक्ता है जब कि उसके पहले हुक्म कुर्की जारी हो चुका है (इ ला. रि बम्बई जिल्द ७ सफा ३०१).

किसी रोज —अगर गिरफ्तारी इतवार के रोज की जावे तो वह जायज होगी (मदरास हाई कोर्ट रि जि० ४ सफा १२)—

जिस कदर जल्द मुमाकिन हो:—जब गिरफ्तारी किसी ऐसे रोज की गई हो जिस दिन अदालत बन्द है और गिरफ्तारी करने वाला अफसर कर्जदार को डिक्रीदार के मकान पर रखे और उसको अदालत में अदालत के खुलने के रोज पेश करे तो अफसर मजकूर हस्ब बेजा का कसूवार न होगा (इ. ला. रि मदरास जि० ३० सफा १७६)

दीवानी जहलखाना —जब वारन्ट में किसी खास जहलखाना दीवानी में बन्द करने का हुक्म हो तो किसी दूसरे जहलखाने में बन्द करना नाजायज होगा (इ. ला रि कलकत्ता जि० ११ सफा ५२७)

नाजायज गिरफ्तारी:—गिरफ्तारी नाजायज समझी जावेगी जब कि गिरफ्तार करने वाला अफसर गिरफ्तारी के वक्त अपने पास वारन्ट न रखता हो (इ ला. रि. अलाहाबाद जि० २७ सफा २५८).

शर्त तीसरी—यह जरूर नहीं है कि जनाने में दाखल होने के लिये अदालत का खास हुक्म होवे (इ. ला. रि. कलकत्ता जि० ७ सफा १६)

शर्त चौथी—यह शर्त सिर्फ उस सूरत में लागू होगी जब कि गिरफ्तारी ऐसी डिक्री की इजराय में की जाय जो नक्द रूपया की अदाई की बाबत हो डिक्री रहन बगैर डिक्री जर नक्द न समझी जावेगी (इ ला रि कलकत्ता

जि० २४ सफा ७६६)--

शिकमी दफा ३:—यह हुक्म सिर्फ वैसे मदयून डिक्री को लागू होगा जो गिरफ्तार हुवा हो मगर जो अहल न भेजा गया हो (इ. ला. रि मदरास जि० ८ सफा ५०३)

शिकमी दफा ४:—अगर मदयून डिक्री गिरफ्तार हो कर नज़ हाई कोर्ट के रूबरू पेश हो और वह दीवालिया करार दिये जाने की दरखास्त देने का इरादा जाहिर करे तो वह रिहाई का हकदार होगा (इ ला रि मदरास जि० ८ सफा २७६) यह शिकमी दफा मतालबा खफीफा को भी लागू होगी [इ ला. रि. मदरास जि० २ सफा ६]—

जमानतदार:—इसके बारे में देखो दफा १४५ मज० जा० दी०— अगर डिक्री किसी के नाम मुन्तकिल हुई तो जमानतदार मुन्तकिल अलेह का भी जिम्मेदार होगा [इ. ला. रि मदरास जि० २६ सफा २५८]

अगर मदयून डिक्री मर जाये तो जमानतदार अपनी जमानत से बरी होगा (इ. ला. रि अलाहाबाद जि० २१ सफा ४६६ व ई. के जि० १६ सफा ६०१).

जमानतदार अपनी जमानत से बरी होने के लिये दरखास्त दे सक्ता है अगर उसकी दरखास्त निस्बत बरीयत -जमानत नामजूर हो तो ऐसे हुक्म नामजूर की अपील न होगी मगर नजरसानी हो सक्ती है (इ. ला रि. अलाहाबाद जि० १५ सफा १८३)—

जब दरखास्त मदयून डिक्री की निस्बत करार दिये जाने दिवालिया के
एक वक्त खारिज हो चुकी इजराय डिक्री ारा गिरफ्तार हो
कर पेश होवे तो वह दिवा जाने की देने का इरादा
जाहिर करके हस्ब दफा (४) का हकदार न
कि हस्ब क कानून दिवालिया
जावे (इ के १२१
ार ने के
े के ८

कर देगा और इतने में मदयून डिक्री दरखास्त देने की मुकर्रर म्याद के पेश्तर मर जावे तो जमानतदार अपनी जमानत से माफ किया जायगा (इ. ला. रि कलकत्ता जि० ४१ सफा ५०)—

जब जमानत में यह दो शर्तें हों, यानी

(१) कि मदयून डिक्री एक महिने के अन्दर दिवालिया होने की दरखास्त देगा

(२) कि तलब होने पर वह हाजिर अदालत होगा

तो दोनों शर्तें पूरी होने पर जमानतदार अपनी जमानत से बरी होगा अगर उनमें से एक शर्त की भी टूट होगी तो जमानतदार बमूजिब जमानतनामा जिम्मेदार समझा जावेगा (इ के जि० २२ सफा ९५३)—

इजराय डिक्री जर नक्द में औरत को गिरफ्तार या कैद की मुमानियत

दफा ५६. बावजूद किसी मजमून मुन्दरजे हिस्सा हाजा के कोई अदालत किसी औरत की गिरफ्तारी या दीवानी जहल में कैद का हुक्म किसी नक्दी रूपया के डिक्री के इजराय में सादिर नहीं करेगी.

तशरीह—यह दफा पुराने मजमूआ की दफा २४५ से ली गई है उसका मतलब यह है कि कोई औरत की गिरफ्तारी का वारन्ट या दीवानी जहल खाने में उसके कैद का हुक्म किसी डिक्री नक्दी रूपया के इजराय में जारी न किया जायगा मगर इस मजमुआ में आगे जो हुक्म दर्ज है उसकी रू से अगर किसी औरत की तलबी बतौर गवाह के की जाय, और वह औरत समन को खुराक पाकर हाजिर अदालत न होवे तो उसके गिरफ्तारी का वारन्ट जारी किये जाने की निस्बत कोई मनाई न होगी

जर खुराक

दफा ५७. लोकल गवर्नमेंट को अखत्यार है कि दरजेवार शरह खूराक माहवारी कि जो मदयूनान डिक्री को (बहालत कैद) दी जायगी, बलेहाज उन के दरजा और कौम और मुल्क के मुकर्रर करे

तशरीह—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ३३८ से कायम की गई है

जि० २४ सफा ७६६)--

शिकमी दफा ३:—यह हुक्म सिर्फ वैसे मदयून डिक्री को लागू होगा जो गिरफ्तार हुवा हो मगर जो अहल न भेजा गया हो (इ ला. रि. मदरास जि० ८ सफा ५०३)

शिकमी दफा ४:—अगर मदयून डिक्री गिरफ्तार हो कर जब हाई कोर्ट के रूबरू पेश हो और वह दीवालिया करार दिये जाने की दरखास्त देने का इरादा जाहिर करे तो वह रिहाई का हकदार होगा (इ ला रि मदरास जि० ८ सफा २७६) यह शिकमी दफा मताल्बा खफीफा को भी लागू होगी [इ ला. रि. मदरास जि० २ सफा ६]—

जमानतदार:—इसके बारे में देखो दफा १४५ मज० जा० दी०—अगर डिक्री किसी के नाम मुन्तकिल हुई तो जमानतदार मुन्तकिल अलेह का भी जिम्मेदार होगा [इ. ला. रि मदरास जि० २६ सफा २५८].

अगर मदयून डिक्री मर जाये तो जमानतदार अपनी जमानत से बरी होगा (इ. ला. रि अलाहाबाद जि० २६ सफा ४६६ व ६ के जि० १६ सफा ६०१).

जमानतदार अपनी जमानत से बरी होने के लिये दरखास्त दे सक्ता है अगर उसकी दरखास्त निस्बत बरीयत जमानत नामजूर हो तो ऐसे हुक्म नामजूर की अपील न होगी मगर नजरसानी हो सक्ती है (इ. ला. रि. अलाहाबाद जि० १५ सफा १८३)—

जब दरखास्त मदयून डिक्री की निस्बत करार दिये जाने दिवालिया के एक वक्त खारिज हो चुकी हो और वह इजराय डिक्री में दुबारा गिरफ्तार हो कर पेश होवे तो वह दिवालिया करार दिये जाने की दरखास्त देने का इरादा जाहिर करके हस्ब दफा ५५ (३) व (४) रिहाई पाने का हकदार न होगा जब तक कि अदालत की मन्जूरी हस्ब कायदा ११ कानून दिवालिया हासिल न की जावे (इ के जि० ६ सफा १२१)

अगर जमानतदार ने यह शर्त की हो कि मदयून डिक्री मुकर्रर म्याद के अन्दर दिवालिया होने के लिये दरखास्त देगा और तलब होने पर उसको हाजिर

छोड़ दिया गया तो वह फिर दुबारा गिरफ्तार किया जा सक्ता है (इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द २६ सफा ३१७).

इस दफा के बमूजिब कैद से रिहा होने के सूरत में मदयून डिक्री की जायदाद जिम्मेदार करजा बनी रहेगी.

डिक्री किस्तवन्दी के इजराय में कर्जदार हर किस्त की चूक में अलेहदा कैद न किया जायगा—(इ ला रि बम्बई जि ७ सफा १०६)

जब कर्जदार जहल भेजा गया हो तो उस की रिहाई सिर्फ इसी दफा की रू से होगी-कर्जदार जमानत देने पर जहल से रिहाई नहीं पा सकेगा—(इ ला रि. मद्रास जिल्द ८ सफा ५०४)

जो मियाद कैद की इस दफा की रू से मुकर्रर है उस से कम मियाद मुकर्रर करना अदालत के अखत्यार में नहीं है —(इ ला रिपोर्ट मद्रास जिल्द १३ सफा १४१)

दफा ५६ रिहाई बवजह बीमारी

[१] मदयून डिक्री के गिरफतारी का वारंट जारी होने के बाद किसी वक्त अदालत उस को बवजह उस के सख्त बीमारी के मनसूख कर सक्ती है.

[२] जब मदयून डिक्री गिरफतार हो गया है, और अदालत की राय मे उस की तनदुरस्ती इस लायक नहीं है कि वह जहलखाना दीवानी मे रखा जाय तो उस को छोड़ सक्ती है.

[३] जब कोई मदयून डिक्री किसी जहलखाना दीवानी में भेजा जाय तो वह जहल से रिहाई पा सक्ता है.

(क) बहुकम लोकल गवर्नमेंट इस वजह पर कि वहां कोई फैलाव या उडके लगने वाली बीमारी मौजूद है या,

(ख) बहुकम उस अदालत के जिस ने उस को जैल में भेजा हो या किसी और अदालत के जिस की अदालत मजकूर मातहत हो इस वजह पर कि वह किसी सख्त बीमारी में फसा है

दफा ५८ (१) हर शख्स जो वसीगा इजराय डिक्री कैद वो रिहाई. जहलखाना दीवानी में कैद किया जाय, इस तरह से कैद में रखा जायगा

(क) जब कि डिक्री वास्ते अदाई जर नक्दी पचास रूपया से ज्यादा की हो तो छे महीने तक, और,

(ख) किसी और सूरत में छे हफते तक

मगर शर्त यह है कि जैसी कि सूरत हो छे महीना या छे हफते की मियाद मजकूर गुजरने के पहिले वह कैद से रिहा किया जायगा

(१) तादाद मुन्दरजा वारन्ट कैद उस के अफसर मोहतमिम जहलखाना को अदा कर देने पर; या,

(२) उस के ऊपर की डिकरी की अदाई पूरी तरह से और तौर पर किये जाने पर, या,

(३) उस शख्स की अरज पर जिस की दरखास्त पर वह इस तौर पर कैद किया हो; या,

(४) जब कि वह शख्स जिस ने उस को कैद कराया हो जर खूराक दाखिल न करे.

मगर शर्त यह भी है कि उन सूरतों में जो फिकरा (२) या (३) में दरज है वह बिला हुक्म अदालत रिहा न किया जायगा

(२) मदयून डिक्री जो इस दफा के बमूजिब कैद से रिहाई पाय सिर्फ अपनी रिहाई की वजह से करजे के जिम्मेदारी के बरी नहीं समझा जायगा--लेकिन उसी डिक्री के रूसे वह फिरसे गिरफतार नहीं हो सक्ता है, जिस्के इजरा मे वह जहलखाना दीवानी में कैद रखा गया था,

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ३४१ वो ३४२ से कायम की गई है

अगर एक शख्स गिरफतार हुआ और खूराक न दाखिल होने के हालत में

छोड़ दिया गया तो वह फिर दुबारा गिरफतार किया जा सक्ता है (इ ला. रि. अलाहाबाद जिल्द २६ सफा ३१७)

इस दफा के बमूजिब कैद से रिहा होने के सूरत में मदयून डिक्री की जायदाद जिम्मेदार करजा बनी रहेगी.

डिक्री किस्तबन्दी के इजराय में कर्जदार हर किस्त की चूक में अलेहदा केद न किया जायगा—(इ ला रि बम्बई जि ७ सफा १०६)

जब कर्जदार जहल भेजा गया हो तो उस की रिहाई सिर्फ इसी दफा की रू से होगी-कर्जदार जमानत देने पर जहल से रिहाई नहीं पा सकेगा—(इ ला. रि मद्रास जिल्द ८ सफा ५०४)

जो मियाद कैद की इस दफा की रू से मुकर्रर है उस से कम मियाद मुकर्रर करना अदालत के अखत्यार में नहीं है —(इ ला रिपोर्ट मद्रास जिल्द १३ सफा १४१)

दफा ५९ [१] मदयून डिक्री के गिरफतारी का वारंट रिहाई बवजह बीमारी जारी होने के बाद किसी वक्त अदालत उस को बवजह उस के सख्त बीमारी के मनसूख कर सक्ती है.

[२] जब मदयून डिक्री गिरफतार हो गया है, और अदालत की राय में उस की तनदुरस्ती इस लायक नहीं है कि वह जहलखाना दीवानी मे रखा जाय तो उस को छोड़ सक्ती है.

[३] जब कोई मदयून डिक्री किसी जहलखाना दीवानी में भेजा जाय तो वह जहल से रिहाई पा सक्ता है.

(क) बहुक्म लोकल गवर्नमेंट इस वजह पर कि वहां कोई फैलाव या उड़के लगने वाली बीमारी मौजूद है या,

(ख) बहुक्म उस अदालत के जिस ने उस को जैल में भेजा हो या किसी और अदालत के जिस की अदालत मजकूर मातहत हो इस वजह पर कि वह किसी सख्त बीमारी मे फसा है

दफा ५८ (१) हर शख्स जो बर
कैद वो रिहाई. जहलखाना दीवानी में वै
तरह से कैद में रखा जायगा

(क) जब कि डिक्री वास्ते अदाई
रूपया से ज्यादा की हो तो

(ख) किसी और सूरत में छे हफ्ते

मगर शर्त यह है कि जैसी कि सूरत हो
की मियाद मजकूर गुजरने के पहिले वह
जायगा

(१) तादाद मुन्दरजा वारन्ट कैद उ
मिस जहलखाना को अदा कर

(२) उस के ऊपर की डिकरी व
और तौर पर किये जाने पर;

(३) उस शख्स की अरज पर
इस तौर पर कैद किया हो;

(४) जब कि वह शख्स जिस
जर खूराक दाखिल न करे.

मगर शर्त यह भी है कि उन सूरतों
(३) में दरज है वह बिला हुक्म अदा

(२) मदयून डिक्री जो इस द
रिहाई पाय सिर्फ अपनी रिहाई की वज
के बरी नहीं समझा जायगा--लेकिन
फिरसे गिरफ्तार नहीं हो सक्ता है, जिर
दीवानी में कैद रखा गया था,

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की द
की गई है.

अगर एक शख्स गिरफ्तार हुआ और खूरा

मजहबी के अलग न कर सकी हो.

(ख) कारीगिरी के हथयार, और अगर मदयून डिकरी काश्तकार पेशा हो तो काश्तकारी के आलात, और ऐसे मवेशी, और बीज गल्ला, जो अदालत की राये में मदयून डिकरी को कमाई करनेके लिये जरूरी हो, और उस कदर हिस्सा पैदावार काश्तकारी या किसी किस्म खास की पैदावार काश्तकारी का जो आगे की दफों के अहकाम की रू से कुरकी वो नीलाम से मुस्तसना कर दिया गया है-

(ग) मकानात वो दीगर इमारत (मय उन के मलमा, और जगह के, और वह जमीन कि जो उन से बिलकुल लगी हुई हो, और उन के इस्तेमाल के लिये जरूरी हो,) जो काश्तकार की मिलकियत हो, और उसके कब्जा मे हो

(घ) हिसाब की बहियां.

(ङ) सिरफ हक निसबत दायर करने नालिश हरजा

(च) कोई हक जाती खिदमत का

(छ) वजीफा, और अतीयात पिनशनदारान सरकारी या जो मिनजुमला फैमली पेनशन फंड नव्वाब गवरनर जनरल बहादुर बइजलास कौंसिल इस के निसबत गजट आफ इनडिया मे मुस्तहर करादे, और पेनशन सीगा पोलिटिकल

(ज) अलाउंस (जो तनखाह से कम हो) किसी ओहदेदार सरकारी का या किसी रेलवे कम्पनी, या हाकिम मुकामी के मुलाजिम का जब कि अपने काम से गैर हाजिर हो.

(झ) तनखाह या अलाउंस बराबर तनखाह के

(४) जो मदयून इस दफा के बमूजिब रिहाई पावे वह फिर गिरफ्तार हो सक्ता है, मगर दीवानी जहलखाना में उसके बंद किये जाने की एकजाई मुद्दत उस तादाद से न होगी, जो दफा ५८, की रू से मुकर्रर की गई है—

तशरीह —यह दफा पुराने एक्ट की दफा ६५३ जिमन (३) वो (४) से कायम की गई है

कुरकी.

दफा ६०. (१) नीचे लिखी जायदाद इजराय डिकरी में काबिल कुरकी और नीलाम के है, याने जमीन मकानात, या दीगर इमारतें, और असबाब, और जर नक्द, और बैंक नोट, और चिक याने रक्का, और बिल आप इक्सचेंज, और हुन्डीयात और प्रामेसरी नोट, और नोट सरकारी, और तमस्सुक, या दीगर किफालत नामजात जर नकद, और जर करजा और हिस्सा किसी जमाअत सनद याफ्ता का, और सिवाय उन चीजों के जिन का जिकर आगे है, तमाम दीगर जायदाद मनकूला, या गैर मनकूला, काबिल बिकरी जो मदयून डिकरी की हो, या जिस पर या जिस्के मुनाफेपर उस को ऐसा अख्त्यार करने का पहुंचता हो कि वह उस को अपने फायदे के लिये अमल में ला सके, चाहे वह उस के नाम से हो या बतौर उस की अमानत के या उस की तरफ से किसी दूसरे शख्स के पास हो

जायदाद काबिल कुरकी की वो नीलाम इजराय डिकरी

मगर शर्त यह है कि नीचे लिखी हुई चीजे काबिल ऐसी कुरकी या नीलाम के न होगी—याने

(क) जरूरी पहनने ओढ़न के कपडे और पकाने के बरतन, और पलंग, और बिसतर, मदयून डिकरी और उस की औरत और लडकें बच्चोंके, और ऐसे जेवरात जाती, जिन को कोई औरत मुताबिक अपने रसूम

मजहबी के अलग न कर सकी हो.

(ख) कारीगिरी के हथयार, और अगर मदयून डिकरी काश्तकार पेशा हो तो काश्तकारी के आलात, और ऐसे मवेशी, और बीज गल्ला, जो अदालत की राये में मदयून डिकरी को कमाई करनेके लिये जरूरी हो, और उस कदर हिस्सा पैदावार काश्तकारी या किसी किस्म खास की पैदावार काश्तकारी का जो आगे की दफों के अहकाम की रू से कुरकी वो नीलाम से मुसतसना कर दिया गया है-

(ग) मकानात वो दीगर इमारत (मय उन के मलमा, और जगह के, और वह जमीन कि जो उन से बिलकुल लगी हुई हो, और उन के इस्तेमाल के लिये जरूरी हो,) जो काश्तकार की मिलकियत हों, और उसके कबजा मे हो

(घ) हिसाब की वहियां

(ङ) सिरफ हक निसबत दायर करने नालिश हरजा

(च) कोई हक जाती खिदमत का

(छ) वजीफा, और अतीयात पिनशनदारान सरकारी या जो मिनजुमला फैमली पेनशन फंड नव्वाब गवरनर जनरल बहादुर वइजलास कौसिल इस के निसबत गजट आफ इनडिया में मुशतहर करादे, और पेनशन सीगा पोलिटिकल

(ज) अलाउंस (जो तनखाह से कम हो) किसी ओहदेदार सरकारी का या किसी रेलवे कम्पनी, या हाकिम मुकामी के मुलाजिम का जब कि अपने काम से गैर हाजिर हो

(झ) तनखाह या अलाउंस बराबर तनखाह के किसी

ऐसे ओहदेदार सरकारी या मुलाजिम का जिक्र जिकर फिकरा (ज) में है जब कि वह काम पर हो

नीचे लिखे हद तकः—

(१) कुल तनखाह अगर बीस रूपया माहवार से ज्यादा न हो,

(२) बीस रूपया माहवार जब कि तनख्वाह बीस रूपया माहवार से जियादा हो मगर चालीस रूपया से जियादा न हो, और,

(३) किसी दूसरी सूरत में आधी तनखाह

(अ) तनखाह और अलाउंस उन लोगों के जिन से कानून लशकरी हिन्दूस्थान मुताल्लिक है

(ट) जुमला जरूरी रकम अमानती वो दीगर रकमें जो किसी ऐसे मद में हो या ऐसे मद से हासिल की जाय जिस्से एक्ट मुताल्लिके प्राविडन्ड फन्ड मजारिया[1] सन १८९७ ई० बर वक्त मुताल्लिक हो, जहां तक कि रकम मजकूर एक्ट मजकूर के जरिये से गैर काबिल कुरकी करार दी गई हो.

(ठ) उजरत मजदूरान, और मुलाजमान रवानगी की चाहे वह नक्द मे या किस्म मे दी जाती हो

(ड) उम्मेद विरासत व हालत पसमांदगी या कोई दूसरा हक या इस्तेहकाक जिस का मिलना मुमकिन हो या सिर्फ किसी शर्त पर कायम हो.

(ढ) आइन्दा परवरिश का हक़

(ण) वह अलाउंस जो किसी कानून मजारिया बमूजिब एक्ट कौंसिल हाय हिन्द सन १८६१ ई० वो सन १८९२ ई० की रू से कुरकी वो नीलाम

वह्लत इजराय डिक्री से मुसतसना कर दिया गया हो—और,

(त) जब कि मदयून डिक्री जिम्मेदार मालगुजारी सरकारी अदाई का हो तो कोई जायदाद मनकूला, जो किसी कानून की रू से जो उस वक्त जारी हो, और शख्स मजकूर से ताल्लुक रखता हो बगरज वसूली बकाया ऐसी मालगुजारी नीलाम से माफ रखी गई हो.

समझावना—वजीफा वगैरा जिन का जिक्र फिकरा (छ) व (ज) व (झ) व (ज) व (ठ) व (ण) में है, वाजबुलअदा होने के पहले या बाद कुरकी नीलाम से माफ समझे जायेंगे.

[२] इस दफा की किसी इबारत से यह न समझा जायेगा कि,

(क) मकानात वो दीगर इमारात [मै उन के मलमा और जमीन मौका और उस जमीन के जो उन मे बिलकुल लगी हो, और उन के इस्तेमाल के लिये जरूरी हो] डिकरी जर लगान के इजरा मे जो उसी मकान या इमारत या डीह या जमीन के निसबत हो कुरकी वो नीलाम से बरी है,

(ख) न इबारत मजकूर एक्ट मुताल्लिक फौज, या उस किस्म के और कानून में जो किसी वक्त जारी हो हरज डालेगी

लफ्जों के मायने'—आलात—हथ्यार, औजार, वजीफा वो अतीआत—तनखाह वो बख्शीस, मुत्तसिल—नजदीक, पसमादगी—वह हक जो एक आदमी के मरने के बाद दूसरे आदमी को ब हालत शामिल शरीक के मिलता है

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा २६६ से कायम की गई है, और उस में कुछ बेशी की गई है

अगर कानून के मुताबिक कोई जायदाद बिक नहीं सकी तो वह काबिल कुरकी वो नीलाम के भी न होगी, जैसे हक मौरूसी (इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द २६ सफा ७२७

किसी इमारत के दरवाजे वो खिड़की अलेहदा नीलाम के लायक नहीं है (इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द ११ सफा १६४)—सिर्फ बाया, याने बेचने वाले का हक जिस ने कुल मावजा पा लिया, और जायदाद पर कवजा दे दिया है और बैनामा तहरीर नहीं किया है, काबिल कुरकी नहीं है—(इ. ला. रि. बम्बई जिल्द ३४ सफा ४००)

पेनशन अगर वाजिबुलअदा हो गई है और दी नहीं गई है, तो उस से उस की खासीयत बदल नहीं जाती है इ ला रि मद्रास जि २६ सफा ६६) मगर ज्योंही कि वह दी गई वह काबिल कुरकी हो जायगी—(बम्बई १० बी ऐच सी. ४००).

आधी तनखाह अफसर फौज की कूरक हो सकी है (इ ला. रि मद्रास जिल्द २५ सफा ४०२)—जब कोई जमीन किसी हिन्दू औरत को वास्ते परवारिश के वगैर हक इन्तकाल दी जावे तो वह उस के करजे में कुरकी के लायक नहीं है.

इस दफा के जिमन (क) के बमूजिब किसी औरत के जेवरात काबिल कुरकी न होंगे (देखो इ. ला रि बम्बई जिल्द ६ सफा १०६); लेकिन यह कायदा सिर्फ ऐसे जेवरात में लागू होगा जिन को कोई औरत रिवाज मजहबी के मुताबिक अपने बदन से अलग नहीं कर सकी

मगर किसी औरत का स्त्रीधन उस के खाविन्द के करजे की अदाई में कुर्क न किया जायेगा (बम्बई हाई कोर्ट रिपोर्ट सीगा अपील दीवानी जिल्द ८ सफा १२६), लेकिन जब किसी मदयून डिकरी की मालियत जनाना कमरे में पाई जाये तो वह कुरक की जायेगी (देखो बी. रि जिल्द १७ सफा ८६)

जिमन (ख) के बमूजिब उजरदारी का फैसला करने के वास्ते अदालत को अपनी राये निसबत इस अमर के जाहिर करना लाजमी होगा कि आया जिन मवेशियों के बाबत उजरदारी की गई है वे कर्जदार के परवारिश (गुजर) के वास्ते जरूरी है या नहीं (इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द १० सफा ३६).

कुरकी रद्दी वो बेकाम समझी जावेगी अगर कुरकी के वक्त डिकरी मनसूख हुई हो या मौजूद न होगा—नई डिकरी गो उस का मजमून वही हो, कुरका को जायज न करेगी जो रद्द किये हुए डिकरी की रू से अमल में आई हो—(इ. ला रि मदरास जिल्द २१ सफा १७५).

नकद रूप्या की डिकरी बतौर कर्ज के न समझी जावेगी—(इ ला. रि मदरास जिल्द ६ सफा ४१८)

मगर डिकरी अदालत माल की बतौर कर्जा समझी जावेगी—(इ ला रि अलाहाबाद जिल्द २१ सफा ४०६)

जो रूप्या मुलाजिम रेल का रेलवे कम्पनी के पास बतौर अमानत रहता है ताकि मुलाजिम अपना काम वाजिबी करे, वह काबिल कुरकी है (इ ला. रि मदरास जिल्द ६ सफा २०३)

एक जमीन हिन्दू औरत को वास्ते परवरिश इस शर्त पर दी गई कि वह उस की आमदनी से अपनी गुजर चलावे मगर उस को वह जमीन बजरिये बै या रहन मुन्तकिल करने का अखत्यार न होगा, ऐसी जमीन काबिल कुरकी समझी गई—(मदरास ला जर. रि जिल्द १५ सफा ७)

हक नालिश बतौर जायदाद नहीं समझा जावेगा—(बंगाल ला रि जिल्द ७ सफा १९५)

नकद रूप्या की डिकरी को छोड़ कर बाकी कुल किस्म डिक्रिया बतौर जायदाद काबिल कुरकी व काबिल नीलाम समझी जावेगी —(इ ला रि बम्बई जिल्द १६ सफा ५२२)

साझेदारी (शराकती) रोजगार में साझेदार का हिस्सा काबिल नीलाम है—(इ ला. रि बम्बई जिल्द २० सफा ६६३)

जब जमीन से फायदा उठाने का हक किसी हिन्दू बेवा को उस के परवरिश के लिये दिया गया हो और यह शर्त ठहरी हो वह जमीन को बजरिये रहन बै या बख्शिस किसी दूसरे शख्स को मुन्तकिल न करे तो उस का वैसा हक काबिल कुरकी वो नीलाम न होगा—(इ ला रि बम्बई जिल्द १० सफा ३४२,) ला रि अलाहबाद जिल्द १५ सफा ३७१)

हक इनफिकाक राहिन बतौर जायदाद काबिल नीलाम समझा जावेगा-(ई ला रि. जिल्द २१ सफा २२६)

पक्के मकान के दरवाजे वो खिड़किया अलेहदा नीलाम वो कुर्क नहीं हो सक्ती (इ ला. रि कलकत्ता जिल्द ११ सफा १६४)

चढ़ोतरी जो हिन्दू देवता कोआईन्दा चढ़ा जाने को हो, काबिल न समझा जावेगी (इ ला रि. कलकत्ता जिल्द २६ सफा४७०)

अगर हुडी या चिक रूपया पाने वाले को हवाला कर दिया गया हो तो बाद हवालगा वह चिक या हुडी देने वाले को नोटिस देकर, कुर्क न हो सकेगा—(इ ला रि बम्बई जिल्द ३ सफा ४६).

आमदनी चढ़ोतरी जो यात्री लोग चढ़ाते हैं काबिल नीलाम नहीं है—(इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द १६ सफा ७३०)

जो रूप्या हस्ब दफा ८३ एक्ट इन्तकाल जायदाद बतौर अमानत जमा किया जाय वह मुतेहन का न समझा जावेगा जब तक कि वह उस दफा की अहकाम तामील न करे—' इ ला रि. मदरास जिल्द २६ सफा २३२)

जायदाद जो बतौर अमानत किसी मन्दर या मस्जिद में या कार खैर (पुन्य) में लगाई गई हो काबिल कुरकी न होगी, गो वैसा पुन्य का खर्चा करने के बाद जिस के लिये वह लगाई गई, उस की आमदनी में कुछ बचत होती हो और वह बचत अमानतदार को मिलती हो—(इ ला रि कलकत्ता जिल्द १५ सफा ३२६ प्रिवी कौंसिल)

डाक खाने में मदयून डिकरी के नाम की जो चिट्ठिया हों उन की निसबत यह समझा जायगा कि वे पोष्ट मास्टर के पास बतौर अमानत मदयून डिक्री की तरफ से हैं—(इ ला रि मदरास जिल्द १३ सफा २४२).

काश्तकारी मालः—काश्तकार का सकूनती मकान जिस में वह या उस मरने के बाद उस का कायम मुकाम रहता है व उस के खेत का कोठा काबिल कुरकी वो नीलाम नहीं है—(इ ला. रि. बम्बई जिल्द ७ सफा ५३०).

मगर ऐसी माफी काश्तकार के सिर्फ सकूनती मकान को लागू होगी, न कि उस के शहर के मकान को—[बम्बई ला रि. जिल्द ७ सफा ६८५].

फिकरा (ङ):– हक नालिश वास्ते दिला पाने मुनाफा काबिल कुरकी नहीं है—(इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द ३६ सफा ६०५)–इसी तरह हक अपील काबिल कुरकी नहीं है

फिकरा (च):—क्रिया काज कराने हक काबिल कुरकी नहीं है (बी. रि. जिल्द १६ सफा १७१)—इसी तरह हक पुजारी वास्ते पुजने मूरती काबिल नीलाम नहीं है—(ब. ला रि जिल्द ५ सफा ६१७).

फिकरा (छ):—इनाम जो रेलवे कम्पनी के तरफ से किसी मुलाजिम रेलवे के लिये मंजूर हुवा हो, मगर दिया न गया हो काबिल कुरकी न होगा—(इ ला. रि. अलाहाबाद जिल्द ६ सफा ६३४)

पुलिटिकल पिनसन जो गवर्नमेंट हिन्द से बाला दी जाती है कुरकी से माफ है—अगर किसी शख्स को जमींदारी माफी में अच्छा काम करने के इनाम में अता की गई हो तो वेह बतौर पुलिटिकल पिनसन समझी जावेगी—(इ. ला रि अलाहाबाद जिल्द २६ सफा ६१७)

फिकरा (झ)—खानगी मुलाजिम की तनखाह या उजरत वाजबुल अदा होने के पेश्तर काबिल कुरकी नहीं है–(इ. ला रि मदरास जिल्द २१ सफा २६३).

पुतलीघर में सूत कातने वाले बतौर मजदूर समझे जायेंगे और उन की उजरत बतौर मजदूरी समझी जावेगी—(इ. ला. रि. बम्बई जिल्द ५ सफा १३२).

तनखाह अफसर फौजी जो अंग्रेजी सरकार की फौज में नौकर है काबिल कुरकी न होगी (इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द ३३ सफा ५२९)

डिक्री रहन के इजराय में काश्तकार का मकान नीलाम कराना नाजायज न होगा—(इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द ३३ सफा १३६)

एक मौरूसी काश्तकार ने अपना खेत व मकान रहन किया–अदालत ने मकान के नीलाम की डिक्री सादिर किया–तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि मकान नीलाम नहीं हो सक्ता, क्योंकि काश्तकार का रहने का मकान मुताल्लिक खेत समझा जावेगा (इ ला रि अलाहाबाद जि ३३ सफा १३६.)

डिक्रीदार को मदयून डिक्री की जायदाद कुर्क करने का अख्त्यार है और दफा ६० मज. जा. दी. या किसी दूसरे कायदा में यह कैद नहीं है कि डिक्रीदार मदयून डिक्री की किस कदर जायदाद की कुरकी करावे—ऐसा कोई कायदा नहीं है कि वह सिर्फ उस कदर जायदाद कुर्क करावे जो उसी डिक्री की अदाई के लिये जरूर हो—गैर तशखीस हुऐ मुनाफा की डिक्री में जिस का तशखीस होना बाकी है, मदयून डिक्री की जायदाद कुर्क हो सक्ती है (इ के जि. १६ सफा ७०८).

जब कोई शख्स अपने मकान को हस्ब दफा ६० (ग) नीलाम से बचाने का दावा करे और ऐसा मालूम हो कि वह जिमींदार वो काश्तकार दोनों है तो इस दफा का फायदा पाने के लिये उसे यह साबित करना होगा कि उस की आमदनी का असली जरिया काश्तकारी है और वह पक्का काश्तकार है जैसे कि काश्तकार होता है—[इ ला. रि. अलाहाबाद जि. ३५ सफा ३०७]

तनखाह अफसर फौजी इंडियन आरमी [हिन्दुस्थानी फौज] की काबिल कुरकी नहीं है, लेकिन अगर वह कुर्क होकर डिक्रीदारान को बाट दा गई हो तो वह फिर डिक्रीदारान से वापिस नहीं ली जा सक्ती है [इ ला. रि बम्बई जिल्द ३८ सफा ६६७].

दफा ६० में जो यह हुक्म है कि काश्तकार का बीज वो मवेशी कुरकी से माफ है सो वह सिर्फ ऐसे काश्तकारों से मुराद है जो गरीब हैं—अगर काश्तकार मातबर है और वह अपना काश्तकारी का काम बिला तक्लीफ दूसरा बीज और मवेशी लेकर चला सक्ता है तो उस का बीज वो मवेशी कुर्क करना नाजायज न होगा (इ. के. जिल्द २५ सफा ११७).

आबकारी यानी शराब खींचने का कारखाना इजराय डिक्री में काबिल कुरकी है—[नागपूर ला. रि. जिल्द ११ सफा ६७]

एक मालगुजार का मालगुजारी हक जाता रहा और उस को काश्तकारी हक मिला—उस के मरने के बाद उस के लड़के उसी मकान में रहते थे जिस में बाप रहता था—लड़कों ने वह मकान रहन किया—पस ऐसा मकान काबिल नीलाम डिक्री रहन के इजराय में समझा जावेगा क्योंकि काश्तकार था वो सिर्फ इस बात से, कि मुर्तहन उस मकान में रहता था, यह क्यास न होगा कि मकान मजकूर मुताल्लिक खेत था—[अलाहाबाद ला जरनल जिल्द १३ सफा ८४६].

दफा "काबिल नीलाम" के यह मायनी है कि अदालत के हुक्म से आम नीलाम हो वे न कि फरीकैन की आपसी बात चीत या ठहराव से—एक पट्टादार को खेत ठेका में दिया गया और यह शर्त ठहरी कि वह पट्टादार खेत मजकूर को बेंच न सकेगा मगर ऐसी कोई शर्त न थी कि अदालती नीलाम में वह खेत न बिक सकेगा, तो ऐसी सूरत में हक पट्टादार काबिल नीलाम समझा जावेगा —(क वी नोट जिल्द १६ सफा ११८२)

दफा ६१ नव्वाब गवर्नर जरनल बहादुर बइजलास कौंसिल पैदावार काश्तकारी का जुज कुरकी से मुसतसना

की इजाजत पहले से हासिल करके लोकल गवर्नमेंट को अखत्यार है कि बजरिये हुक्म आम या खास गजट सरकारी मुकामी मे छाप कर, यह जाहिर करे कि उस कदर हिस्सा पैदावार काश्तकारी, या किसी खास किस्म की पैदावार काश्तकारी का, जो लोकल गवर्नमेंट के नजदीक बगरज काश्त आराजी ता आने फसल आईंदा और वास्ते परवरिश मदयून और उस के खानदान के जरूरी हो, दर सूरत कुल काश्तकारान या किसी खास किस्म के काश्तकार के लिये कुरकी वो नीलाम से किसी डिक्री के इजरा मे मुस-तसना रहे.

तशरीह:—यह दफा नई कायम की गई है इस के रू से लोकल गवर्नमेंट को अखत्यार दिया गया है, कि पैदावार काश्तकारी जो वास्ते काश्त जमीन और वास्ते परवरिश काश्तकार के मुनासिब समझे, जनाब नव्वाब गवरनर जनरल बहादुर व इजलास कौंसिल की मन्जूरी लेकर कुरकी से माफ करदे.

दफा ६२ [१] कोई शख्स जो इस मजमूआ के मुन्जिब जब्ती उस जायदाद की जो किसी रहने के मकान में हो.

किसी ऐसे हुक्मनामे की तामील कर रहा हो जिस मे माल मनकूला के जब्ती की या अखत्यार हिदायतें दरज हो किसी रहने के मकान में सूरज डूबने के बाद, और सूरज निकलने के पहले, दाखिल न हो सकेगा

(२) किसी रहने के मकान का बाहरी दरवाजा तोड़ा

न जायगा जब तक कि ऐसा रहने का मकान मदयून डिक्री के कबजा में न हो, और वह उसके अन्दर जाने देने से इंकार करता हो या किसी तरह से मना करता हो, मगर जब वह शख्स जो ऐसे हुक्म नामे की तामील करता हो, किसी रहने के मकान में बाजाब्ता पहुंच जाय तो उस को अख्त्यार होगा कि किसी कमरे का दरवाजा जिसमें माल मजकूर के मौजूद होने का यकीन करने की वजह हो तोड़ डाले.

(३) जब किसी रहने के मकान का कोई कमरा किसी ऐसी औरत के दर असली दखल में हो, जो मुल्क के रिवाज के मुवाफिक परदा करती हो तो हुक्मनामा तामील करने वाला शख्स उसको इत्तला करेगा कि उसको वहां से निकल जाने का अख्त्यार है और उस के निकल जाने के लिये उसे कुछ अरसा माकूल देकर और उस को निकल ने के लिये हर तरह की सहूलियत मुनासिब देकर शख्स मजकूर मजाज होगा के माल को जब्त करने के लिये कमरे के अन्दर जाय मगर इन अहकाम के मुताबिक इस बात की भी हर तरह से अहेतियात करे कि माल कमरे से खुफिया तौर पर न उठ जाय.

तशरीह—यह दफा पुराने एक्ट की दफा २७१ से कायम की गई है मगर इस दफा की रू से जब अफसर हुक्म नामा तामील करने वाले को मकान का बाहरी दरवाजा जब कि मकान मदयून डिक्री के कब्जे में हो और उस में वह जाने देने से रोके तोड़ कर दाखिल होने का अख्त्यार दिया गया है वह अख्त्यार पुराने मजमूआ के रू से हासिल न था

मजकूरी दूकान का बाहरी दरवाजा हुक्म कुरकी के तामील करने के लिये तोड़ कर दाखल हो सक्ता है (इ ला. रि बम्बई जि० ३ सफा ८६).

जब किसी कुरकी की निस्बत इस बिना पर उजर किया जाय कि मदयून डिक्री के मकान में दाखली खिलाफ अहकाम दफा ६२ की गई थी क्योंकि उसका मकान अन्दर से बन्द था और उसे ऐसे लोगों ने खोला जो छत पर चढ़ गये थे—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि कुरकी नाजायज न थी, क्योंकि

सेल अमीन खुद छत पर नहीं चढ़ा था, वह मकान में सिर्फ उस वक्त दाखल हुवा जब कि दरवाजा छत पर चढ़ने वाले शख्सों ने खोला (इ. के. जि० २५ सफा ११७)—

कई अदालतों की डिक्रीयों के इजरा में कुरकी जायदाद.

दफा ६३ [१] जब कि कोई ऐसी जायदाद जो किसी अदालत की हिरासत में न हो कई अदालतों के डिक्री के इजरा में कुरकी में लाई जाय तो उस जायदाद को लेना या वसूल करना और उस की निस्बत हर दावा और उस कुरकी पर हर उजरदारी के बाबत तजवीज करना उस अदालत से ताल्लुक रखेगा जो उन अदालतों में सब से बड़े दरजे की हो और अगर उन के दरजे में कुछ फर्क न हो तो उस अदालत से मुताल्लिक होगा जिस की डिक्री के इजरा में जायदाद सब के पहले कुर्क हुई हो

(२) इस दफा के किसी मजमून से वह कार्रवाई रद नहीं समझी जायगी जो किसी ऐसी अदालत ने की हो जिस ने उन में से किसी एक डिक्री का इजरा किया हो.

तशरीह—इस दफा की रूसे आला दरजे की अदालत को या अगर दरजे में फर्क नहीं है तो वह अदालत जिसने पहले कुरकी किया उसको अखत्यार दिया गया है मगर जब कोई अदालत जो एक डिक्री की इजराय करती हो इस दफा की रू से कार्रवाई करे तो वैसी कार्रवाई नाजायज नहीं होगी

यह दफा पुराने मजमुआ की दफा २८५ से मिलती है

जब जायदाद किसी अदालत की हिरासत में न हो तो आर्डर न २१ कायदा ५२ लागू होगा

इस दफा में जो जायदाद का लफ्ज आया है उससे मुराद ज्यादा तर जायदाद मनकूला है न कि गैर मनकूला (इ ला रि कलकत्ता जि० ७ सफा ४२०, ४१३).

यह दफा सिर्फ उस वक्त लागू होगी जब कि कई अदालतों की डिक्रियों की

इजराय में जायदाद की कुरकी हुई हो (इ ला. रि. अलाहाबाद जिल्द ६ सफा २५५, २५७)—

फर्क दरमियान दफा ६३, वो ७३:—दफा ६३ में सब से बड़े दरजे की अदालत का जिक्र है मगर दफा ७३ की रू से दरखास्त बास्ते तकसीम हिस्सा रसदी वैसी अदालत में पेश करना चाहिये जिसके पास मौजूदात (माल रूपया पैसा) होवें—हाई कोर्ट बम्बई वो मदरास की यह राय है कि एक अदालत का डिक्रीदार दूसरी अदालत में तकसीम हिस्सा रसदी का दावा नहीं कर सक्ता जब तक कि वह अपनी डिक्री वैसी दूसरी अदालत में मुन्तकिल न करावे (इ ला रि. बम्बइ जि० १९ सफा ५३९, इ ला. रि मदरास जि० ६ सफा ३५७)—मगर हाई कोर्ट कलकत्ता की राय इसके खिलाफ है बल्कि उसकी यह राय है कि अगर नीलाम छोटे दरजा की अदालत से किया गया हो तो बड़े दरजा की अदालत वैसे नीलाम को मान कर मौजूदात वसूल शुदा को तकसीम करेगी (इ. ला. रि कलकत्ता जि० २१ सफा २०० वो जि० २९ सफा २७३)—

यह जरूर नहीं है कि किसी ऐसे नीलाम की मन्सूखी के लिये नालिश दायर की जाय जो हस्ब अहकाम दफा ६३ नाजायज था (इ के. जि० २५ सफा ९०६).

मुसम्मी (प) की डिक्री मुसम्मी (इ) पर मुनसफ की अदालत से हुई उसने अपनी डिक्री इजराय करा कर अपने मदयून डिक्री की कुछ जायदाद कुर्क कराई—इसके बाद मुसम्मी (ब) ने उसी शख्स मुसम्मी (इ) पर नालिस अदालत सब-जज में दायर किया और उसी जायदाद के कुछ हिस्से की कब्बी कुरकी कराया मुसम्मी (ब) की नालिश में (इ) पर एकतरफा डिक्री सादिर हुई—(ब) ने अपनी डिक्री इजराय कराने के बाद कार्यवाई हस्ब दफा ६३ किये जाने की दरखास्त दिया और इस बात पर राजी हुआ कि नीलाम (प) की डिक्री की इजराय में अदालत मुनसिफ से किया जावे और मौजूदात अदालत सब-जज ने बास्ते तकसीम हिस्सा रसदी भेजे जावें ऐसा किया गया—इस के बाद मुसम्मी (इ) ने इक तरफा डिक्री की मन्सूखी के लिये दरखास्त दिया डिक्री मन्सूख की गई मगर मौजूदात का कुछ हिस्सा बतौर "जमानत" वैसी

डिक्री के करार दिया गया जो डिक्री कि नालिश की फिर सुनाई होने के बाद अखीर में सादिर हो (इ) ने तब दिवालिया करार दिये जाने की दरखास्त दिया और डिस्ट्रिक्ट-जज साहब ने (प) को तकसीम हिस्सा रसदी मुल्तवी कर दिया (प) वों (ब) ने अदालत सीगा दिवालिया में अपना रूपया पाने की दरखास्त दिया उनकी दरखास्तें नामंजूर हुई तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि—(१) (प) तकसीम हिस्सा रसदी का हकदार था क्योंकि जो नीलाम उसकी डिक्री की इजराय में किया गया वह बलेहाज दफा ६३ (२) नाजायज वो गैर जाब्ता न था—(२) कि मुसम्मी (ब) हस्ब मनशा दफा ३१ वों ३४ एक्ट दिवालिया बतौर साहूकार समझा जावेगा क्योंकि जो हिस्सा उसकी डिक्री के अदाई के लिये बतौर जमानत रखा गया वह वाजबी रखा गया (अलाहाबाद ला. जर्न० १३ सफा ५९३).

दफा ६४. जब कोई कुरकी हो गई है, तो इन्तकाल खानगी इन्तकाल आपसी तौर या हवालगी जायदाद मकरूका का या उस जायदाद का बाद कुरकी के किसी हक का और अदा करना मदयून नाजायज है डिकरी को करजा या मुनाफा या किसी रूप्या का खिलाफ ऐसी कुरकी के वमुकाबले उन तमाम दावा के जिन की अदाई उस कुरकी की रू से हो सकी हो नाजायज होगा

समझावना—इस दफा की गरजों के लिये जो दावी अजरूय कुरकी जायज हो उस में मालियत की तामील हिस्सा रसदी का दावा भी शामिल है.

तशरीह:—यह दफा रहन की डिकरी से मुताल्लुक होगी क्योंकि ऐसी डिकरी के इजराय के वास्ते रहन की जायदाद की कुरकी जरूर नहीं है, पस जो कोई बाद दायर किये जाने नालिश रहन जायदाद मरहूना को खरीद करे तो उसे रहन का बोझा उठाना पड़ेगा.

इस दफा के बमूजिब कुरकी से जायज मुराद है—जिस हालत में नाजायज कुरकी अमल में आवे तो इस दफा की रू से कुर्क करने वाला फरीक कुछ फायदा न उठावेगा (देखो इ ला रि अलाहाबाद जिल्द ७ सफा ७११

से ७३३ तक)

यह सबूत करने बोझ कि कोई कुरकी बाद सादिर किये जाने हुक्म वाजिब तौर पर, नाजायज तरह से की गई उस फरीक पर डाला जायगा जो ऐसा उजर पेश करता है (इ. ला रि कलकत्ता जिल्द ६ सफा १२९).

जो कुरकी फक्त फैसला की जाय यह बे असर समझी जायगी, सिवाय उस सूरत में कि जब मुकदमे में डिकरी बहक मुद्दई सादिर की जाय (इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द २६ सफा ५३१).

असर कुरकी.—

अलावा उस हक के जो इस दफा की रू से दिया गया है कुर्क करने वाला डिकरीदार दीगर हुकूक भी हासिल कर सक्ता है, मसलन एक्ट इन्तकाल जायदाद की दफा ९१ की रू से रहन साबिक का इनफिकाक करना या करजदार के वसियत नामे की निसबत दरखास्त प्रोबेट के बारे में उजरदारी पेश करना, जब कि प्रोबेट साहूकारों के फरेब के जरिये से हासिल किया गया हो (इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द १० सफा १९ वो २८ सफा ४४१); लेकिन ऐसी कुरकी के जरिये से कुर्क कराने वाले फरीक को यह अख्तयार नहीं है कि किसी डिकरी को नाजायज करार दे, जो बाद में सादिर हुई (इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द २५ सफा ३४७)

अगर कुरकी की इत्तला वाजिब तौर पर न दी गई हो तो इन्तकाल दौरान कुरकी नाजायज न होगा -(इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द ३ सफा ६९८ वो जिल्द १३ सफा ११९)

अमर वाकेआती पर अदालत इब्तदाई का फैसला चाहे कितनाहा गलत वो लायक गैर मार्का हो, ताहम उस की निस्बत दूसरी अपील न हो सकेगी–अलबत्ता दूसरी अपील उस वक्त हो सकेगी जब कि जाब्ता में कोई भारी गलती या नुक्स हो (देखो फिकरा (ज) मगर जाब्ता की गलती या नुक्स एक बात है और अमर वाकेआती का गलत तसफिया करना दूसरी बात है, जाब्ता में गलती या नुक्स होने पर भी पहिली अदालत अपील का तसफिया अमर वाकेआती पर कतई समझा जासकता है बशर्ते कि वैसी अदालत के रूबरू शहादत वैसे तसफिया के पुष्टी के लिये मौजूद थी–(इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द १८ सफा २३)– लेकिन अगर वैसी पुष्टी के लिये शहादत मौजूद न हो या गैर मुताल्लिक बातों का लिहाज किया गया हो या यह समझ में न आया हो कि पक्की शहादत किसे कहते हैं तो यह सब बातें

जान्ता की भारी गलती या नुक्स में शामिल होगी–और दूसरी अपील हो सकेगी–(इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द १४ सफा ७४०, ७४७).

अगर वाकैआती अमर पर गलत कानूनी नतीजा निकाला जाय तो दूसरी अपील हो सकेगी–अदालत इब्तदाई ने वाकैआती अमर पर यह कानूनी नतीजा निकाला कि मुद्दायलेह का कब्जा मुखालफाना था ऐसा कानूनी नतीजा सही निकाला गया या गलत इस का तसफिया दूसरी अपील में अदालत हाई कोर्ट कर सक्ती है–(इं. ला. रि. बम्बई जिल्द २१ सफा ६१).

कानून के खिलाफः—दस्तावेज के मजमून का क्या मतलब है यह सवाल अमर कानूनी है और इस पर दूसरी अपील हो सकेगी—(इं. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द ३४ सफा ५६६).

एक नालिश में सवाल गोद लेने का था, और उस की शहादत में कई दस्तावेज पेश किये गये तो यह सवाल कि आया उन दस्तावेजों से गोद लेना साबित होता है या नहीं, अमर वाकैआती का सवाल होगा, न कि अमर कानूनी का, और दूसरी अपील न हो सकेगी—(इ. ला. रिपोर्ट कलकत्ता जिल्द २२ सफा ६०६).

गलती या नुक्स जान्ताः—खिलाफ अहकाम एक्ट शहादत दफा ६६ मनकूली शहादत का मन्जूर करना भारी नुक्स जान्ता समझा जावेगा और दूसरी अपील हो सकेगी—(इ. ला. रि कलकत्ता जि. १६ सफा ७५३).

बिला रजिस्ट्री दस्तावेज को मन्जूर करना बड़ी गलती में शामिल होगा, और दूसरी अपील हो सकेगी—(इ ला रि. बम्बई जिल्द ७ सफा १२३).

नालिश का ऐसे सवाल पर फैसला करना जो फरीकैन ने पेश नहीं किया है या जो शहादत से नहीं निकाला है बड़ी गलती में शामिल होगा और दूसरी अपील होगी—(इ. ला रि बम्बई जि २६ सफा १)

इसी तरह भारी वो बहुत काम वाली तनकीह का फैसला न करना (इ. ला. रि. बम्बई जिल्द १६ सफा ५४५)—या जितने गवाह तलब किये गये या फरीकैन ने पेश किये उन की [illegible] रि कलकत्ता जि. २० सफा ७४०)—या दस्तावेजी [illegible] —[कलकत्ता वी. नोट

जि. १२ सफा ३१२]—या मुद्दई को अदालत अपील मातहत ने अपनी नालिश की किस्म बदलने की इजाजत देना–(इ ला कलकत्ता जिल्द ४ सफा ४५)–इन सब सूरतों में दूसरी अपील हो सकेगी

दफा ५ एक्ट मियाद सन १९०८ में यह हुक्म है कि अगर अपील मियाद गुजर ने के बाद पेश की जाय और अपीलाट देरी का काफी सबब बतलाता है तो अदालत अपील वैसे अपील को मजूर कर सक्ती है–अगर अदालत अपील वैसी अपील को, देरी के सबब पर माकूल लिहाज वो गौर करके मजूर न करे तो दूसरी अपील न होगी, लेकिन अगर देरी के सबब पर बिल कुल लिहाज न किया गया हो या अपनी खुशी खाह (मनमाना) लिहाज किया गया हो तो दूसरी अपील हो सकेगी—[इं. ला रि बम्बई जि २३ सफा ५१३].

गो डिक्री अपील इक तरफा की दूसरी अपील हो सक्ती है मगर हुक्म खारजी अपील ब सबब अदम पैरवी की दूसरी अपील न हो सकेगी क्योंकि ऐसा हुक्म बतौर डिक्री नहीं है—[इं. ला रि कलकत्ता जिल्द २३ सफा ८३७, आर्डर न ४१ कायदा ११ [२] वो दफा २ (२)

दूसरी अपील में अपीलाट नालिश की किस्म या शकल नहीं बदल सकेगा–[इ. ला रि. मदरास जिल्द १५ सफा ५०]

गो यह हुक्म है कि अपीलाट दूसरी अपील में ऐसा उजर पेश नहीं कर सक्ता है जो उस ने अदालत मातहत में पेश नहीं किया था, ताहम अगर वैसे उजर नालिश की जड़ बुनयाद से ताल्लुक रखता हो तो वैसा उजर पहिली बार दूसरी अपील में पेश हो सकेगा—(इ. ला रि. मदरास जि- ६ सफा ७६)—मसलन, सवाल निस्बत अखत्यार अदालत—(इ. ला रि बम्बई जिल्द १३ सफा ४२४) वो सवाल रेसजुडीकेटा अगर वह मिसल से साबित हो सके—(इ ला रि अलाहाबाद जिल्द १२ सफा ४४६)—वो सवाल नोटिस नालिश बेदखली में (इ ला रि. बम्बई जिल्द १८ सफा ११०)—यो सवाल मियाद—(इ. ला रि. बम्बई जिल्द ११ सफा ११४, आर्डर नं ४१ कायदा २)—यह सब सवाल ऐसे हैं कि जो पहिली बार दूसरे अपील में पेश हो सक्ते हैं.

दफा १०१. कोई अपील दोयम सिवाय उन वजूहात

अपील दोयम किसी और वजह की बिना पर दायर न होगी

के जिनका जिकर दफा १०० में किया गया है और किसी वजह की बिनापर दायर न होगी.

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५८५ से कायम की गई है.

बाज मुकदमात में अपील दोयम न होगी

दफा १०२ किसी मुकदमा में जो अदालत हाय मतालबे खफीफा के समाअत के किस्मों मे से हो अपील दोयम नहीं होगी जब कि तदाद मालियत शै मुतदाविया नालिश इसदाई की पान सौ रूपया से जियादा न हो

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५८६ से कायम की गई है.

नालिश बाबत वसूली लगान, न कि किराया मकान, इस किस्म की नालिश है कि जिस की सुनाई अदालत खफीफा कर सकती है (इ ला रि मदरास जि ४ सफा ४१६).

किसी नालिश बाबत जर बामलात याने मुनाफा में कि जिस में मालियत दावी की ५०० रू. से कम हो फैसले के बरखिलाफ अपील दोयम दायर न हो सकेगी (इ ला. रि मदरास जि० २४ सफा ११८).

जब कोई नालिश बरखिलाफ किसी हिन्दू बाप, और उस के लड़कों के ऐसे दस्तावेज के बिना पर दायर की जाय जिसे अकेले बापने तहरीर किया तो ऐसी सूरत में नालिश मजकूर मुकाबले लडकों के बतौर नालिश अदालत खफीफा तसव्वर न की जायगी (इ. ला रि. मदरास जि० १२ सफा १३६)

अपील दोयम दो सूरतों में न हो सकेगी यानी (१) जब कि नालिश इस किस्म की हो कि जो अदालत खफीफा में दायर होने के लायक हो चाहे वह अदालत खफीफा में दायर की गई हो या न की गई हो, (२) जब कि इब्तदाई नालिश की मालियत पाच सौ रूपया से ज्यादा न हो. किस्म नालिश काबिल समाअत अदालत खफीफा देखो दफा १५, १६, २७ एक्ट अदालत खफीफा न ९ सन १८८७.

नालिश बासलातः—हाई कोर्ट कलकत्ता इजलास कामिल कमरत

राय की तजवीज है कि नालिश मुनाफा काबिल समाअत अदालत खफीफा है (इ. ला रि. कलकत्ता जि० २३ सफा ८८४– हाई कोर्ट मदरास (इजलास कामिल) की राय है कि ऐसी नालिश काबिल समाअत अदालत खफीफा बिलकुल नहीं है—(इ ला रि मदरास जि० २५ सफा १०३)—हाई कोर्ट बम्बई की राय है कि ऐसी नालिश काबिल समाअत अदालत खफीफा नहीं है—(इ ला रि बम्बई जि०२५ सफा); —लेकिन अगर मुनाफा की रकम तहकीक हो गई हो और उसका हिसाब मांगने की जरूरत न हो तो वैसी नालिश काबिल समाअत अदालत खफीफा होगी (इ ला रि बम्बई जि० ३० सफा १४७)

नालिश हक:—नालिश हक निस्बत जायदाद गैर मनकूला काबिल समाअत अदालत खफीफा नहीं है—जो नालिश दीगर तौर पर काबिल समाअत अदालत खफीफा होवे वह सिर्फ इस सबब से गैर काबिल समाअत न होगी कि उसमें हक का सवाल अकस्मात पेश आगया है [इ ला रि बम्बई जि० ३२ सफा ५६०]

नालिश इस्तकरार हक:—नालिश निस्बत इस्तकरार हक काबिल समाअत अदालत खफीफा नहीं है, लेकिन अगर मिन जुमले कई दादरसीयों के एक दादरसी इस्तकरार हक की भी होवे और वे सब दादरसी बगैर मागने इस्तकरार के अदालत खफीफा से मिल सकी हो तो अदालत खफीफा वैसी नालिश समाअत करने की मजाज होगी [इ. ला रि मदरास जि० ३० सफा १०१]

इजराय डिक्री.—जब कि नालिश इस किस्म की हो कि जो काबिल समाअत अदालत खफीफा हो, और उसकी दूसरी अपील न होये तो उसकी डिक्री की इजराय में जो हुक्म सादिर हो उसकी दूसरी अपील न हो सकेगी चाहे वैसा हुक्म बतौर इजराय डिक्री अदालत खफीफा के सिवाय दूसरी अदालत ने जारी किया हो असली जाच यह है कि किस नालिश को देखना चाहिये कि जिसमें डिक्री सादिर की गई हो न कि किस कार्रवाई इजराय डिक्री (इ. ला रि. बम्बई जि० ३० सफा ११३).

दफा १०३ किसी अपील दोयम में हाई कोर्ट मजाज

अखत्यारात हाई कोर्ट निसबत तजवीज तनकीह वाकेआती.

है कि अगर शहादत मौजूदा मिसल काफी हो तो किसी ऐसी तनकीह वाकेआती की तजवीज करदे, जो अपील के फैसले के लिये जरूरी हो मगर अदालत अपील मातहत ने उसे बगैर तसफिया के छोड़ दिया हो.

तशरीह.—यह दफा नई कायम की गई है इस से हाई कोर्ट को दूसरी अपील में वाकेआती तनकीह के तजवीज करने का अखत्यार तीन सूरतों में दिया गया है (१) जब कि दूसरी अपील के फैसले के लिये वैसी तनकीह की तजवीज करना जरूर है, (२) जब कि वैसी तनकीह अदालत अपील मातहत ने बगैर तसफिया किया छोड़ दिया है, (३) जब कि शहादत मौजूदा मिसल वैसी तनकीह की तजवीज के लिये काफी हो, अगर शहादत न हो तो हाई कोर्ट वैसी तनकीह की तजवीज के लिये हस्ब आर्डर नं. ४१ कायदा २५ मुकदमा वापिस कर सक्ती है.

हुक्मों की नाराजी से अपील.

अपील बनाराजी अहकाम.

दफा १०४ (१) सिर्फ नीचे लिखे हुऐ हुक्मो की अपील हो सक्ती है—और सिवाय उस सूरत के कि जिस के बाबत इस मजमूआ या किसी कानून की रू से जो उस वक्त जारी हो साफ तौर पर हुक्म दर्ज है, किसी और हुक्म की अपील दायर नहीं होगी:—

(क) हुक्म मंसूख करने कार्रवाई पंचायती जब कि फैसला उस मियाद में पूरा न हो जो अदालत की तरफ से मुकर्रर हो.

(ख) हुक्म जो फैसला पंचायती पर हो, जिस का जिक्र [illegible] में किया गया है,

दुरुस्तगी फैसला पंचायती,

दाखिल होने इकरार-

(ङ) हुक्म मंजूरी या नामंजूरी मुलतवी किये जाने नालिश, जब कि कोई इकरारनामा हवालगी पंचायत का हुआ हो.

(च) हुक्म बाबत दाखल करने या न करने फैसला, ऐसे पंचायत का जो बगैर तबस्सुत अदालत के

(छ) हुक्म बमूजिब दफा ६५,

(ज) हुक्म इस मजमूआ के निसबत करने जुर्माना या बाबत गिरफतारी, या कैद, किसी शख्स को दीवानी जहेल में, सिवाय उस सूरत के कि जब वह गिरफतार या कैद किसी डिक्री के इजराय में हुआ है,

(झ) कोई ऐसा हुक्म, जो कायदो के बमूजिब सादिर हुआ हो, और जिस के अपील के निसबत उस कायदे में साफ तौर से इजाजत हो,

(२) कोई अपील किसी ऐसे हुक्म की दायर नहीं होगी जो इस दफा के बमूजिब अपील में सादिर हो.

लफ्जों के मायनेः—तबस्सुत=मारफत, हवालगी=सुपर्द करना

तशरीह —यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५८८ से कायम की गई है, मगर इस में चद शिकमी दफायें नई शामिल की गई हैं, और पुरान एक्ट की दफा में से रद्द बदल की गई हैं

अगर कोई जज एक्ट स्टाम्प के मुताबिक तावान वसूल होने के लिये हुक्म दे, वह इस दफा के खिलाफ जुरमाना नहीं है—(इ ला. रि ५ कलकत्ता ३११), और न तौहीन अदालत के जुर्म में हुक्म करना इस दफा में आता है—(इ ला रि. ७ बम्बई ९)

हुक्म काबिल अपील की पूरी फेहरिस्त इस दफा के आर्डर न. ४३ कायदा १ में दी गई है

फिकरा (क)— देखो दफा ८ जमीमा २
फिकरा (ख)—देखो दफा ११ जमीमा २
फिकरा (ग)—देखो दफा १२ जमीमा २
फिकरा (घ) - देखो दफा १७ जमीमा २
फिकरा (ङ)—देखो दफा १८ जमीमा २
फिकरा (च)—देखो दफा २१ जमीमा २
फिकरा (ज)—देखो आर्डर न १६ कायदा १०, १२, १७, २१, वो आर्डर न. २६ कायदा १७ वो आर्डर न ३८ कायदा ४ वो अर्डर न. ३९ कायदा २, (३)

फिकरा (झ)—देखो आर्डर न ४३ कायदा १

दफा १०५ (१) उस सूरत को छोड़ कर जिस में कि दीगर अहकाम कोई हुक्म साफ खिलाफ इस के पाया जाय, कोई अपील बनाराजगी ऐसे हुक्म के दायर न होगी, जो किसी अदालत ने अपने अख्त्यार समाअत इबतदाई या अपील के तामील में सादिर किया हो, लेकिन जिस हाल में कि डिक्री की अपील हुई हो, तो जायज हैं कि जो गलती या नुक्स या बेजाबतगी किसी हुक्म की ऐसी हो कि मुकदमें की तजवीज पर असर पहुंचाती हो तो, वह याददाश्त अपील में बतौर एक उजर के बयान की जाय.

(२) बावजूद मजमून मुन्दरजा जिमन [१] अगर कोई फरीक जो किसी ऐसे हुक्म वापसी मुकदमा से नाराज हो जो बाद जारी [illegible] एक्ट के सादिर किया जाय और जिस की अपील [illegible] हो [illegible] कि मजकूर अपील दायर न करे तो [illegible] होने में ऐतराज न कर सकेगी

[illegible] [illegible] ५ की गई है.
यह दफा डिक्री की अपील

की गई हो, (२) जब कि गलती या नुक्स या बेजाब्तगी हुक्म की याददाश्त अपील में बतौर उजर के बयान की गई है—गलती या नुक्स से मुराद गलती कानून या जाब्ता है न कि वाकेआती अमर की—(इ. ला रे अलाहाबाद जिल्द १२ सफा २००)

दफा १०६. अगर किसी हुक्म की अपील हो सकी हो तो वह उस अदालत में सुनी जायगी जिस में अपील बनाराजगी डिक्री सादिर की हुई

अपील किस अदालत में सुनी जायगी

उस मुकदमे में सुनी जानी, जिस मुकदमे के बाबत वह हुक्म सादिर हुआ हो, या अगर ऐसा हुक्म किसी अदालत ने (जो हाई कोर्ट न हो) बतामील अख्तयार समाअत अपील के सादिर किया हो तो अपील हाई कोर्ट में दायर होगी

तशरीह — यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५८९ से कायम की गई है—देखो आर्डर न. ४३ कायदा १

अपील के मुताल्लुक के अहकाम आम—

दफा १०७ (१) बपाबंदी ऐसी शरायत, वो कैद के जो मुकर्रर किये जांय, अदालत अपील को अख्तयारात होगा कि—

अदालत अपील के अख्तयारात

(क) किसी मुकदमे का फैसला बतई तौर से करे,

(ख) मुकदमा वापिस करे,

(ग) तनकीह कायम करके, उन को तहकीकात के लिये भेजे

(घ) जायद शहादत ले, या ऐसी शहादत लिवाय,

(२) उन्हीं पाबन्दीयों के साथ, अदालत अपील को वही अख्तयारात हासिल होंगे, और जहां तक हो सके अदालत अपील वही कार्रवाई करेगी, जो इस मजमूआ के रू से अदालत हाय समाअत इब्तदाई को उन मुकदमात में हासिल हैं, जो उन में दायर हो.

(क) अपील बनाराजगी डिकरी अपील, और,

(ख) उन हुक्मों की अपील से जो इस मजमूआ की रू से सादिर हों, या किसी ऐसे कानून खास या मुकामी की रू से सादिर हों, जिस में कोई मुख्तलिफ जाब्ता मुकर्रर न हुआ हो,

तशरीह --यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५८७ वो ५६० से कायम की गई है आरडर न ४२ कायदा १, वो आरडर न ४३ कायदा २ से मिलान करो इस दफा को एक्ट मियाद के मद १७५ जिमन (ग) के साथ पढ़ना चाहिये देखो [इ ला रि कलकत्ता जि० ३४ सफा १०२३]

अपील दोयम होने पर, हाई कोर्ट का अख्तयार है कि ऐसे शख्सों का नाम मिसल में बतौर फरीक दरज करे, जो शुरू में कार्रवाई नालिश में शामिल किये गये थे, मगर जिनका नाम अदालत अपील मातहत में दरज नहीं किया गया (इ. ला रि मदरास जि० १६ सफा १५१)

इस मजमुआ की रू से यह जरूर नहीं है कि अपीलाट अपील में पहली अदालत की डिक्री की नकल पश करे—(इ ला रि मदरास जि० ४ सफा ४१६)

अपील बहजूर मलिक-मोअज्जम (बादशाह)

बहजलास कौंसिल

दफा १०६ बपाबन्दी उन कवायद के, जो वक्तन फवक्तन आला हजरत- मलिक मोअज्जम बहजलास कौंसिल से दरबाब अपील अज अदालात हाय ब्रिटिश-हनडिया के मुकर्रर हो, और बपाबन्दी उन हुक्मों के भी जो बाद में दरज है, अपील बहजूर मलिक-मोअज्जम, बहजलास कौंसिल के, नीचे लिखी हुई डिक्रीयों के नाराजी से होगी —

कब अपील मलिक मोअज्जम बहजलास कौंसिल में दायर हो सकेगी.

(क) बनाराजगी हर डिकरी या हुक्म अखीर के, जो बसीगा अपील अदालत हाई कोर्ट, या और ऐसी अदालत से सादिर हो, जिसे अख्तयार अखीर

अपील के सुनने का है.

(ख) बनाराजगी हर डिकरी या हुक्म आखीर के जो अदालत हाई कोर्ट से बतामलि अख्त्यार समाअत इब्तदाई सीगा दीवानी के सादिर हो; और.

(ग) बनाराजगी हर डिकरी, या हुक्म के उस हाल मे कि जब मुकदमा कि निस्बत जैसा कि बाद में बयान किया गया है इस किस्म का सार्टिफिकट (तसदीक) दिया जावे कि उस की अपील लायक समाअत आला हजरत-मलिक मौअज्जम, बइजलास कौंसिल के है.

लफ्जो के मायने:—मलिक मौअज्जम से, मुराद बादशाह से है

तशरीह —यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५६५ से कायम की गई है

जब प्रिवी कौंसिल की इजलास में अपील दायर होने पर कोई मुकदमा हाई कोर्ट के पास इस हिदायत के साथ वापीस भेजा जाय, कि बद हिसाब लिये जाय, और अदालत डिवीजन बेंच मुकदमा मजकूर में हिसाब किताब करके अखीर डिक्री सादिर करे, तो ऐसी हालत में बइजालास प्रिवी कौंसिल फिर एक अपील बनाराजगी ऐसे डिक्री के दायर हो सकेगी (इ ला. रि. कलकत्ता जि० ३२ सफा ९६३).

इजाजत वास्ते करने अपील बमूजिब इस दफा के सिर्फ उसी हालत में दी जायगी कि जब वह डिक्री कि जिस की नाराजी से अपील दायर करना मन्जूर है, कतई डिक्री के तौर पर सादिर हुई हो [इ ला रि. मद्रास जि० १३ सफा ३४६]

यह दफा, दफा ११० के साथ पढ़ी जावे.

अपील हुक्म वसीगा दिवालिया —तजवीज हाई कोर्ट की अपील प्रिवी कौंसिल में बमूजिब दफा ३६ लेटर्स पेटन्ट वो दफा १०६, ११० जमूआ जाब्ता दीवानी होती है हुक्म हाई कोर्ट बसीगा मार्वाई दिवालिया एक्ट न. ३ सन १ काबिल अपील प्रिवी कौंसिल होगा गो एक्ट दिवालिया में ऐ । हुक्म नहीं है—(इ. ला रि.

कलकत्ता जि० ४० सफा ६८५)

हुक्म शाही:— हुक्म शाही बतौर डिक्री नहीं समझा जावेगा अगर नव्वाब वाईसराय व गवरनर जनरल बइजलास कौंसिल के हुक्म से कोई राजा या महाराजा रियासत की गद्दी से उतारा जावे तो ऐसे हुक्म की अपील बहजूर प्रिवी कौंसिल न होगी क्योंकि ऐसा हुक्म बतौर हुक्म शाही है—[इ ला रि कलकत्ता जि० ३२ सफा १]—

हुक्म अखीर:— हुक्म नामजूरी मुकर्ररी रिसीवर हुक्म अखीर न समझा जावेगा इस लिये वह काबिल अपील प्रिवी कौंसिल न होगा—(इ ला रि कलकत्ता जि० २२ सफा ६२८)—इसी तरह जो हुक्म दफा ११५ मज० जा० दी० बसीगा नजारसानी इस मजमून का किया जावे कि सायल को इजाजत मुफलसी में नालिश करने की दी जावे, वह बतौर हुक्म अखीर न समझा जावेगा (कलकत्ता ला रि जि० ८ सफा २९६)—

इसी तरह हुक्म नामजूरी दरखास्त निस्बत दर्ज करने मिसल में नाम मुलतवी अपील के मुतवफ्फी फरीक के कायम मुकाम चायज का बतौर हुक्म अखीर न समझा जावेगा— (इ. ला. रि बम्बई जिल्द ३८ सफा ४२१)— चूंकि ऊपर लिखे हुऐ हुक्म, अखीर नहीं हैं इस लिये वे काबिल अपील प्रिवी कौंसिल नहीं हैं

लेकिन अगर कोई हुक्म निस्बत लेने हिसाब मुदायलेह से इस मजमून का सादिर हो कि अगर हिसाब लेने पर कुछ रकम उस के जिम्मे निकले तो वह देनदार होगा, और मुदायलेह उजर करता हो कि हिसाब उस से लिया कुल नहीं लेना चाहिये तो ऐसा हुक्म बतौर हुक्म अखीर वो काबिल अपील प्रिवी कौंसिल समझा जावेगा— (इ ला रि बम्बई जिल्द १५ सफा १५५ —इसी तरह हुक्म हस्ब आर्डर न. २१ कायदा ९०, ९२ निस्बत मंजूरी या नामंजूरी नीलाम काबिल अपील प्रिवी कौंसिल हैं क्योंकि वैसे हुक्म से हक फरीकैन का अखीर फैसला होना है—दफा १०४, (२) ऐसी अपील में रुकावट न करेगी—(इ ला. रि क जिल्द ४० सफा ६३५, ६४७, ६४८)

हुक्म निस्बत वापसी मुकदमा काबिल अपील प्रिवी कौंसिल न होगा, क्योंकि वह हुक्म दरमियानी, न कि हुक्म अखीर है लेकिन अगर उस में नालिश की

असली बुनियाद का फैसला होता हो तो वह बतौर हुक्म अखीर हो काबिल अपील प्रिवी कौंसिल समझा जावेगा—(इ ला रि अलाहाबाद जिल्द २५ सफा ६२९).

हुक्म जो अपील में सादिर किया गया हो—हुक्म हाई कोर्ट निस्बत खारजी दरखास्त बिना पर तरमीम डिक्री ऐसा हुक्म व समझा जावेगा; कि जो अपील में सादिर किया गया, इसलिये वह काबिल अपील प्रिवी कौंसिल न होगा, और न वह हुक्म अखीर है, क्योंकि उस से हक फरीकैन का आखरी फैसला नहीं होता है—(इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द ३० सफा ६८९)—इसी तरह हुक्म हाई कोर्ट, अपील लेने से इंकार करने का, जब कि अपील मियाद मुकर्रर गुजर जाने के बाद पेश की गई हो, काबिल अपील प्रिवी कौंसिल न समझा जावेगा—(इ ला रि. बम्बई जिल्द ३२ सफा १०८)

जो हुक्म अखीर डिस्ट्रिक्ट जज ने हस्ब दफा १०४ सादिर किया हो, वह काबिल अपील प्रिवी कौंसिल है गो उसकी अपील हस्ब दफा १०४, [२] हाई कोर्ट में नहीं हो सक्ती है—[इ ला रि. अलाहाबाद जि० २० सफा ४१२]

मियाद—दरखास्त इजाजत वास्ते दायर करने अपील बहुजूर प्रिवी कौंसिल अखीर डिक्री की तारीख से ६ महीने के अन्दर पेश करना चाहिये (देखो मद न. १८२ एक्ट मियाद सन १९०८)—नये एक्ट मियाद सन १९०८ की दफा ५, वो १२ अपील प्रिवी कौंसिल को अब लागू होती है, गो पुराने एक्ट मियाद सन १८७७ के मुवाफिक वे लागू नहीं होती थीं, यानी डिक्री की नकल लेने के दिन पहले खारिज नहीं होते थे अब मियाद शुमार करने में खारिज होंगे (दफा १२ एक्ट मियाद)—इसी तरह अब अगर अपील ६ महीने के बाद प्रिवी कौंसिल में दायर की जाव और देरी का माकूल वो काफी सबब बतलाया जावे तो वैसी अपील दाखल हो सकेगी—पहले माकूल वो काफी सबब बतलाने पर भी दाखल नहीं हो सक्ती थी—(दफा ५ एक्ट मियाद) इ. ला. रि. कलकत्ता जि० ४२ सफा ३५

इस्तहकाक शाही—इस मजमूआ की रू से इस्तहकाक शाही में कोई फर्क न पड़ेगा जब हाई कोर्ट ने इजाजत देने से इंकार किया हो तो खास इजाजत वास्ते दरखास्त दिल दी जा सक्ती है—(इ. ला

रि कलकत्ता जि० ३३ सफा ८९३) — मगर ऐसी खास इजाजत न दी जावेगी जब तक कि कोई भारी कानून का सवाल पेश न हो—(इ ला रि अलाहाबाद जि० २४ सफा १७४ देखो दफा १२२).

फिकरा [ग]—लायक समाअत का सारटीफिकट—प्रिवी कौंसिल में अपील दायर करने की इजाजत सिर्फ दो सूरतों में दी जा सकेगी —

(१) हस्ब अहकाम दफा ११० यानी जब कि दफा ११० के अहकाम पूरे २ लागू होते हों

(२) जब कि मामला दाग़र तौर पर इस किस्म का करार दिया जाय कि उसकी अपील लायक समाअत प्रिवी कौंसिल है

लायक समाअत का सारटीफिकट [यानी तसदीक] हाई कोर्ट ने दोनों सूरतों में लेना होगा, पहली सूरत में इस अमर का कि दफा ११० के अहकाम लागू होते हैं और दूसरी सूरत में इस अमर का कि मामला बवजूहात दीगर काबिल अपील बहजूर प्रिवी कौंसिल है—[देखो आर्डर न ४५ कायदा २, ३] दफा १०९ का फिकरा [ग] दूसरा सूरत से ताल्लुक रखता है—इस सूरत के मुकदमा में यह जरूर नहीं है कि हुक्म, हुक्म अखीर हो, और न यह जरूर है कि नालिश की मालियत दस हजार रूपया या दस हजार से ज्यादा की हो—[इ. ला रि बम्बई जिल्द १४ सफा ४२८]—सिर्फ यह शर्त होना चाहिये कि अपील लायक समाअत प्रिवी कौंसिल है—एक कम्पनी ने हाई कोर्ट से सारटीफिकट वास्ते दायरी अपील बहजूर प्रिवी कौंसिल इस बिना पर चाहा कि कम्पनी की हालत माली व तिजारती पर तनकीही सवालात का बड़ा असर पड़ेगा और वैसे सवालात का ताल्लुक आम तौर पर हिन्दुस्तानी कम्पनियों से है—हाई कोर्ट बम्बई ने वैसा सारटीफिकट अता किया गो जिस हुक्म की नाराजी से अपील की जाती थी—यह सिर्फ हुक्म निस्बत खारजी ऐसी दरखास्त के था कि जो कम्पनी ने वास्ते मंजूरी अपने एक खास रेंगूलेशन के पेश की थी और जिस रेंगूलेशन स कम्पनी के मेमोरेन्डम आफ ऐसोसिऐशन [यानी कायदा कारंबाई] में तबदीली होती थी—[इ ला रि. बम्बई जिल्द २७ सफा ४१५]—इसी तरह एक मामला में मालियत

नालिश कम थी या कुछ न थी मगर भारी कानूनी बहस का सवाल था हाई कोर्ट बम्बई ने इजाजत अपील प्रिवी कौंसिल दिया—[बम्बई ला रि जिल्द ६ सफा २८६]

दफा ११० दर सूरत मे जिसका जिकर फिकरा [क] मालियत शै मुतनाजिया. वो [ख] दफा १०९ में है, तादाद या मालियत शै मुतनाजिया मुकदमा की अदालत इब्तदाई में दस रुप्या, या उस से जियादा हो, और तादाद या मालियत शै मुतनाजिया की उस अपील में जो बहजूर आला हजरत-मलिक-मोअज्जम, बहजलास कौंसिल, दायर की जाय, उसी तादाद की उस से जियादा हो.

या डिक्री या हुक्म अखीर मे साफ तौर पर, या और तरह से, कोई दावा या बहस मुताल्लुक या बाबत जायदाद उसी तादाद या मालियत के हो.

और जिस हाल मे कि डिक्री या हुक्म अखीर अपील शुदा उस नजबीज को बहाल करता हो, जो उस अदालत की हो जो खास मातहत अदालत सादिर करने वाली डिक्री, या हुक्म अखीर मजकूर के है, तो जरूर है कि अपील किसी भारी बहस कानूनी पर हो.

लफ्जों के मायने:— शै मुतनाजिया=झगड़े की चीज मालियत=कीमत अपील शुदा=जिनकी अपील हुई हो.

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५१६ से कायम की गई है

दावा की जायदाद की असली बाजारी कीमत पर लेहाज किया जायगा—(इ ला रि मदरास जि० १ सफा २३७)—

नालिश हुक्म इस्तनाई में जो सायल अपील बहजलास प्रिवी कौंसिल दायर करने की इजाजत मांगता हो, वह शै मुत[illegible] जाहिर कर सक्ता है

चाहे बगरज कोर्ट फीस मालियत मुकदमा की उस तादाद से कम मुकर्रर की गई जिसके नीचे अपील नहीं हो सकी—(इ ला रि कलकत्ता जि० ३१ सफा ३०१)

इस दफा के साथ आर्डर न ४५ कायदा ४,५ पढ़ो—

इस दफा में यह हुक्म है कि नालिश की झगड़े वाली चीज की मालियत दस हजार या उससे ज्यादा सिर्फ अदालत इब्तदाई में ही नहीं रहना चाहिये, बल्कि प्रिवी कौंसिल में अपील करते वक्त तादाद मालियत में कमी न होना चाहिये, यानी, वही रहना चाहिये—(इ ला रि अलाहाबाद जि० २४ सफा १७४)

यह बात जाहर है कि नालिश बड़ी रकम की दायर की जाती है, मगर कभी २ डिक्री पूरी रकम की नहीं सादिर होती है दावा में पूरी सबूती न पहुचने के सबब कुछ कमी हो जाती है, मसलन, नालिश बारा हजार रूपये की दायर की गई, मगर डिक्री नौ हजार रूपया की हुई तो ऐसी सूरत में मालियत नालिश अदालत इब्तदाई गो बारा हजार रूपया, पर अपील प्रिवी कौंसिल की गरज के लिये नौ हजार रूपया की समझी जावेगी, क्योंकि अपील बनाराजगी डिक्री तादादी नौ हजार के की जाती है—इस लिये ऐसी अपील बहुजूर प्रिवी कौंसिल दायर न हो सकेगी—फर्ज करो कि डिक्री नौ हजार रूपये की और उसके अलावा सूद और खर्चा की सादिर हुई तो सवाल यह है कि आया सूद वो खर्चा का रकम जोड़ कर मालियत डिक्री इस कदर बड़ी समझी जा सकी है कि दस हजार तक या इस से ज्यादा पहुच कर वह डिक्री को काबिल अपील प्रिवी कौंसिल करदे—ऐसी सूरत में सूद की रकम तारीख डिक्री तक असल रकम में जोड़ी जा सकी है और अगर ऐसा जोड़ने से रकम डिक्री दस हजार रूपया से ज्यादा हो जावे तो डिक्री काबिल प्रिवी कौंसिल होगी—(इ ला रि अलाहाबाद जि० २४ सफा १७४)—मगर तारीख डिक्री के बाद का सूद नहीं जोड़ा जा सकेगा—(इ. ला. रि. कलकत्ता जि० ३६ सफा १०३७)—और खरचा की रकम तो बिलकुल नहीं जोड़ी जा सकेगी—(मूर्न इंडियन अपील जि० ८ सफा २६२) —

इसी तरह नालिश दखलयाबी जमीन में मुनाफा तारीख डिक्री तक का,

न कि तारीख डिक्री के बाद का कीमत जमीन में जोड़ा जायगा—(इ. ला. रि कलकत्ता जि० ३३ सफा १२८६)—

फर्ज करो कि डिक्री ग्यारा हजार रूपया की सादिर हुई और प्रिवी कौंसिल में अपील दायर करने की इजाजत बावजूद रकम डिक्री दी गई—बाद को अपीलाट ने छपी याददाश्त अपील में वो अपील की पेशी के वक्त दावी मे दो हजार रूपया छोड़ दिया तो ऐसा दावा छोड़ने से अपील कमी रकम की वजह से गैर काबिल समाअत प्रिवी कौंसिल न होगी, यानी, दो हजार रूपया छोड़ देने पर भी अपील काबिल समाअत होगी, मगर शर्त यह है कि अपीलाट का सच्चा ईरादा इजाजत लेते वक्त डिक्री की पूरी रकम, यानी, ग्यारा हजार की निस्बत अपील दायर करने का था—(इ ला रि कलकत्ता जि० २२ सफा ४३४)—

जब मामला की मालियत मुकर्रर रकम से कम हो या उसका अदाजा कीमत से न हो सके, और फरीक प्रिवी कौंसिल में अपील करना चाहता है तो वह सिर्फ उस सूरत में अपील कर सकेगा जब कि हाई कोर्ट उस के मामले को लायक समाअत प्रिवी कौंसिल का सार्टिफिकट हस्ब दफा १०९ (ग) अता करे—(इ ला रि अलाहाबाद जि० ३४ सफा १७४).

जब कि डिक्री में जायदाद कीमती दस हजार या ज्यादा का ताल्लुक हो—जब कि नालिश में झगड़े वाली चीज की कीमत दस हजार से कम हो मगर बसीयतनामा जिसका असली मतलब या मजमून समझने का झगड़ा है लाखों रूपये की जायदाद की निस्बत हो तो ऐसी सूरत में अपील करने की इजाजत दी जा सकती है—(कलकत्ता वी. नोट जि० १ सफा ९३) —

[अ] ने [ब] पर जायदाद कीमती दस हजार या ज्यादा के बटवाड़े की नालिश दायर किया, और अपने हिस्से का दावा किया जो दस हजार से कम था, ऐसी सूरत में डिक्री की निस्बत क्या यह समझा जा सकता है कि वह जायदाद कीमती दस हजार या उस से कम के ताल्लुक है—हाई कोर्ट कलकत्ते की राय है कि डिक्री मजकूर का ताल्लुक जायदाद कीमती दस हजार या ज्यादा से जिस का

बढ़वाड़ा चाहा गया, समझा जावेगा और वह डिक्री काबिल अपील प्रिवी कौंसिल होगी–(कलकत्ता वी नो. जिल्द १० सफा ५६४)–मगर हाई कोर्ट बम्बई की राय है कि डिक्री मजकूर का ताल्लुक सिर्फ हिस्सा से समझा जावेगा जो दस हजार रूपये से कम का था, और उस की अपील प्रिवी कौंसिल में न हो सकेगी, बशर्ते कि डिक्री का असर झगड़े वाली जायदाद के सिवाय दूसरी जायदाद पर न पड़ता हो–(बम्बई ला. रि जिल्द ६ सफा ४०३).

कानूनी बहेस'—प्रिवी कौंसिल में अपील न हो सकेगी जब कि अदालत अपील वो अदालत मातहत की राय सवालत बाकेआती की निस्बत एक हों–[इ ला रि अलाहाबाद जिल्द १६ सफा २७४]

खारजी दरखास्त हस्ब आर्डर न. ४१ कायदा ४१ वास्ते लेने शहादत मजीद (अधिक कोई भारी कानूनी बहेस मे दाखल न होगी–(इ ला रि कलकत्ता जिल्द २१ सफा ४८४).

अदालत अपील का अपनी तजवीज में बजूहात मुताबिक आर्डर न ४१ कायदा ३१ दर्ज न करना भारी कानूनी बहेस में दाखल न होगा—(इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द ६ सफा ६३)—और न खारजी अपील ब सबब न देने जमानत खर्ची हस्ब आर्डर न. ४१ कायदा १० भारी कानूनी बहेस में दाखल होगी—(इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द ३१ सफा ३२५)

तजवीज सानी वो अपील:—प्रिवी कौंसिल में अपील करने की इजाजत देने के हुक्म की तजवीज सानी हो सकी है—(इ ला रि कलकत्ता जिल्द १६ सफा २९२ नोट)–मगर जैसे हुक्म की अपील न हो सकेगी–(इ ला रि. कलकत्ता जि १७ सफा ४५५)–और न हुक्म नामजूरी इजाजत की अपील हो सकेगी जब कि इजाजत इस बिना पर न दी गई हो कि दफा ११० की तामीली नहीं हुई–(इ. ला रि कलकत्ता जिल्द ७ सफा ३३९).

दफा १११ कौनसी अपील दायर नहीं हो सकी

बवजूद किसी इबारत मुन्दरजा दफा १०९ के कोई अपील बहजूर आला हजरत मलिक-मौअज्जम, बइजलास कौंसिल के, दायर न होगी.

(क) बनाराजगी ऐसे डिक्री, या हुक्म के, जो अदालत

हाई कोर्ट, जो एक्ट अदालत हाई कोर्ट हिन्द सन १८६१ ई० के रू से मुकर्रर की गई हो उस के एक जज की तजवीज से या किसी डिवीजन कोर्ट के एक जज की तजवीज से सादिर हुवा हो, या हाई कोर्ट मजकूर के दो या कई जजों की तजवीज से या ऐसे डिवीजन कोर्ट के तजवीज से सादिर हुआ हो, जो हाई कोर्ट के दो या कई जजों से कायम की गई हो, अगर उन जजों की राय आपस मे बराबर तकसीम हो और इतनी हो कि कुल हाकमान वक्त अदालत हाई कोर्ट में से कसरत उन की तरफ न होता हो; या

(ख) और बनाराजगी ऐसी डिक्री के जिस की अपील दोयम दफा १०२ की रू से न हो सक्ती हो.

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५६७ से मिलती है

सवब अपील प्रिवी कौंसिल में न होने का, यह है कि अपीलाट को बमूजिब फिकरा १२ लेटर्स पेटेन्ट के दीगर जज्ज साहबान हाई कोर्ट के पास अपील पहले पहले करने का अखत्यार रहता है—[इ. ला रिपोर्ट. मद्रास जिल्द २५ सफा ५५५, ५५८].

मुसतसना

दफा ११२. (१) इस मजमूआ की कोई इबारत ऐसी न समझी जायगी, कि,

(क) वह ऐसे अखत्यार को पूरे तौर पर और बिला कैद के साथ अमल में लाने को रोकती है जो आला-हजरत-मलिक-मोअज्जम, को दरबाब मन्जूरी या न मंजूरी अपील मरजूआ हुजूर-मलिक-मोअज्जम, बहजलास कौंसिल, के हासिल है या किसी और तरह पर, या,

(ख) वह किसी ऐसे कवायद बनाये हुये जुडीशल कमेटी प्रिवी कौंसिल में दस्तन्दाजी करती है बहजूर मलिक-मोअज्जम बहजलास कौंसिल, अपीलों के पेश होने के बाब मे, या जुडीशल कमेटी मजकूर के मज-

कूर के हुजूर उन अपीलों की कार्रवाई के बारे में उस वक्त जारी हो

(२) इस मजमूआ की कोई इबारत किसी मामला फौजदारी, या अडमिरलटी या वाईल अडमिरलटी के तआल्लुक न होगी, और न उन अपीलों से मुताल्लुक होगी, जो बनाराजगी अहकाम और डिग्री प्राईज कोर्ट के दायर हों

तशरीह —यह दफा पुराने एक्ट की दफा ६१६ से कायम की गई है,

जब कि अदालत हाई कोर्ट स अपील करने की इजाजत नामजूर कर दी गई है तो मजमूआ जाब्ता दीवानी से बादशाह, के अपील मजूर करने के खास अखत्यारात महदूद नहीं है—(इ ला रि बम्बई जिल्द १५ सफा १५५),

जब कि कोई एक बात आम के फायदा के लिये पैदा होती है तो इजाजत वास्ते करने अपील की दी जायगी—चाहे कीमत शै मुतनाजीया उस कीमत से कम हो जो वास्ते मिलने इजाजत अपील के मुकर्रर है। मूर्स इंडियन अपील जिल्द ८ सफा १) इसी तरह से अगर कोई बड़ा अमर कानूनी हो तो भी इजाजत दी जायगी [मूर्स इंडियन अपील जिल्द ८ सफा २०३]

हिन्दुस्तानी अदालतों की डिकरी की नाराजी से जो अपीलें प्रिवी कौंसिल में होती हैं उन की तजवीज में प्रिवी कौंसिल नीचे लिखे हुए कायदों की तामील करती है —

(१) जो सवाल अरजीदावा में रूबरू डिस्ट्रिक्ट-जज या हाई कोर्ट पेश न हुवा हो वह प्रिवी कौंसिल के हुजूर में पेश न होगा—(इ ला कलकत्ता जिल्द २५ सफा १८७)

(२) प्रिवी कौंसिल अदालत मातहत के फैसला निस्बत वाकेआती तनकीहों के कोई दस्तनदाजी न करेगी जब तक कि उसे इतमीनान न हो जाये कि शहादत लेने में या समझने में कुछ गलती हुई है—(बी रि पंजाब जिल्द १ सफा ४७)

(३) दूसरी अपील की अपील में, वाकेआती सवाल का जो फैसला

हाई कोर्ट, जो एक्ट अदालत हाई कोर्ट हिन्द सन १८६१ ई० के रू से मुकर्रर की गई हो उस के एक जज की तजवीज से या किसी डिवीजन कोर्ट के एक जज की तजवीज से सादिर हुवा हो, या हाई कोर्ट मजकूर के दो या कई जजों की तजवीज से या ऐसे डिवीजन कोर्ट के तजवीज से सादिर हुआ हो, जो हाई कोर्ट के दो या कई जजो से कायम की गई हो, अगर उन जजों की राय आपस में बराबर तकसीम हो और इतनी हो कि कुल हाकमान वक्त अदालत हाई कोर्ट में से कसरत उन की तरफ न होता हो; या

(ख) और बनाराजगी ऐसी डिक्री के जिस की अपील दोयम दफा १०२ की रू से न हो सक्ती हो :

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५९७ से मिलती है.

सबब अपील प्रिवी कौंसिल में न होने का, यह है कि अपीलाट को बमूजिब फिकरा १२ लेटर्स पेटेन्ट के दीगर जज्ज साहबान हाई कोर्ट के पास अपील पहले पहले करने का अखत्यार रहता है—[इं. ला रिपोर्ट. मद्रास जिल्द २५ सफा ५५५, ५५८].

मुमतसना

दफा ११२. (१) इस मजमूआ की कोई इबारत ऐसी न समझी जायगी, कि,

(क) वह ऐसे अखत्यार को पूरे तौर पर और बिला कैद के साथ अमल मे लाने को रोकती है जो आला-हजरत-मलिक मोअज्जम, को दरबाब मन्जूरी या न मंजूरी अपील मरजूआ हुजूर-मलिक-मोअज्जम, बहजलास कौंसिल, के हासिल है या किसी और तरह पर, या,

(ख) वह किसी ऐसे कवायद बनाये हुये जुडीशल कमेटी प्रिवी कौंसिल में दस्तनदाजी करती है बहजूर मलिक-मोअज्जम बहजलास कौंसिल, अपीलों के पेश होने के बाब में, या जुडीशल कमेटी मजकूर के मज-

हिस्सा—८.

इस्तस्वाब, तजवीज सानी, वो नजर सानी—

दफा ११३ ऐसी शरतों वो कैदों के साथ, कि जो मुकर्रर
इस्तस्वाब हाई कोर्ट से की जाये, कोई अदालत मुकदमा, की कैफि-
यत लिख कर मुकदमा को हाई कोर्ट की राय के वास्ते वजरिये
इस्तस्वाब भेज सकी है, और उस पर हाई कोर्ट ऐसा हुक्म
सादिर करेगी, जो उस को मुनासिब मालूम पड़े—

तशरीह—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ६१७ से कायम की गई है.
कायदा कार्रवाई के लिये देखो आर्डर न ४६—

इस्तस्वाबः— छोटी अदालत बड़ी अदालत को वास्ते राय करेगी—

तजवीज सानीः— की दरखास्त सायल सिर्फ उसी अदालत में करेगा
जिस अदालत में डिकरी या हुक्म सादिर किया—

नजरसानी —की दरखास्त सायल हाई कोर्ट में पेश कर सक्ता है—

दफा ११४. ऊपर लिखी हुई शरतों को बचाकर कोई
तजवीज सानी शख्स जो अपनी हकतलफी समझेः—

(क) किसी डिकरी, या हुक्म से, जिस की अपील इस
मजमूआ की रू से हो सकी है, मगर उस की अपील
दायर न हुई हो,

(ख) किसी डिकरी या हुक्म से जिस की अपील इस
मजमूआ की रू से नहीं हो सकी है, या,

(ग) किसी फैसले से जो अदालत मतालबा खफीफा के
इस्तस्वाब पर सादिर हुवा हो,

पहीली अदालत ने किया है वह प्रिवी कौंसिल को पाबन्द होगा, तावक्के कि पहीली अदालत के फैसले की नाराजी से अपील करने की खास इजाजत न दी गई हो–(इ. ला रि कलकत्ता जिल्द १६ सफा ७५४).

(४) प्रिवी कौंसिल शक्ती के साथ राय निस्बत मालवरी गवाहान में नुक्ता चीनी न करेगी, यह काम असल में अदालत हाय हिन्द का है– (इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द २६ सफा ५८१)

कोई जज अगर ऐसी डिक्री सादिर करे, जिस के लिये मिसल में शहादत नहीं है तो उस ने वह अख्त्यारात अमल में लाय हैं जो कानून की रू से उस को नहीं दिये गये (१० कलकत्ता वी. नो सफा १४)—जब हाई कोर्ट को यह मालूम हो कि किसी अदालत इब्तदाई ने, वह अख्त्यारात अमल में लाया जो कानून के बमूजिब उस को नहीं दिये गये हैं, तो अदालत हाई कोर्ट दस्तनदाजी कर सक्ती है (इ ला रि मदरास जिल्द २६ सफा १७६)—अगर अदालत को अख्त्यार है तो सिर्फ इस अमर पर कि उन ने गलत कार्रवाई की, कोई वजह नजरसानी की नहीं है—(इ ला. रि मदरास जिल्द २७ सफा ५०४ वो इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द ३० सफा ३९७)

जब कोई जज अरजीदावा लेने से इंकार करे तो उस ने अपने उस अख्त्यार को अमल में नहीं लाया, जो उसे कानून के रू से हासिल है—(इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द ३२ सफा १४६)

जब कि अदालत ने एक तनकीह का फैसला किया, जिस से झगड़ा दरम्यान फरीकैन का पूरे तौर से तसफिया नहीं होता है तो समझा जावेगा कि अदालत ने बड़ी बेजाबतगी की—(७ बम्बई ला रि सफा १२—१६).

जब कि अदालत मातहत ने गलती कानून की की है तो, हाई कोर्ट दस्तनदाजी नहीं कर सक्ती है, वह सिर्फ उसी हालत में दस्तनदाजी कर सक्ती है कि जब अदालत मातहत ने नाजायज कार्रवाई की है—(इ ला रि. ३० कलकत्ता सफा ३९७).

कोई डिक्री जो किसी अमानतदार की जात पर हो उस के इजरा में जायदाद अमानती का कुर्क किया जाना बेजाबतगी है—(इ ला रि कलकत्ता जिल्द २८ सफा ५७४).

नाजायज हुक्म, जो बमूजिब आर्डर नबर ११ कायदा ९३ के दिया जावे, उस की नजरसानी हो सक्ती है (इ ला रि ९ मदरास सफा ४३७), मगर याददाश्त अपील को नामजूर करने के हुक्म से नहीं (इ ला रि अलाहाबाद जिल्द ७ सफा ४२).

डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के उस हुक्म से नजरसानी नहीं हो सक्ती, जिस के जरिये से

तो उस को अखत्यार होगा कि उस अदालत में जिस ने डिकरी, या हुक्म सादिर किया हो, तजवीज सानी की दरखास्त पेश करे, और अदालत इस दरखास्त पर जो हुक्म मुनासिब समझे, सादिर करेगी

तशरीह—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ६२३ से कायम की गई है वायदा कार्रवाई के लिये देखो आर्डर न ४७—

दफा ११५. हाई कोर्ट मजाज है कि मिसल किसी मुकदमे नजर सानी की जिस की अपील हाई कोर्ट में नहीं हो सक्ती है, और जिस को उस हाई कोर्ट के किसी अदालत मातहत ने फैसला किया हो अपने पास तलब करे, और अगर यह मालूम हो कि उस अदालत मातहत ने.

(क) वह अखत्यार अमल में लाया, जो उस को कानून की रू से हासिल न था—या,

(ख) जो अखत्यार उस को हासिल था उसे अमल में नहीं लाया—या,

(ग) अपने अखत्यारात की तामील में खिलाफ कानून कार्रवाई किया या कोई बड़ी भारी बेजाबतगी के साथ अमल किया तो,

हाई कोर्ट मुकदमे में ऐसा हुक्म सादिर करेगी, जो वह मुनासिब समझे

तशरीह —यह दफा पुराने एक्ट की दफा ६२२ से कायम की गई है

मामूली कायदा यह है कि जब कोई फरीक मुकदमा अपील कर सक्ता है, तो हाई कोर्ट नजरसानी में दस्तनदाजी नहीं करेगी—मगर इस कायदा का कभी कभी मुसतसना भी हो सक्ता है, और हर मुकदमे में, उस की खास हालत पर गौर होना चाहिये—(इ ला. रि. अलाहाबाद जिल्द २८ सफा ७२ वो १५ अलाहाबाद सफा ४०५)—याददास्त अपील इस दफा के मुताबिक बतौर दरखास्त नजरसानी तसब्बर हो सक्ती है—(१७ मदरास ला जरनल रि. ११६)

कोई जज अगर ऐसी डिकरी सादिर करे, जिस के लिये मिसल में शहादत नहीं है तो उस ने वह अख्त्यारात अमल में लाये हैं जो कानून की रू से उस को नहीं दिये गये (१० कलकत्ता वी. नो सफा १४)—जब हाई कोर्ट को यह मालूम हो कि किसी अदालत इब्तदाई ने, वह अख्त्यारात अमल में लाया जो कानून के बमूजिब उस को नहीं दिये गये हैं, तो अदालत हाई कोर्ट दस्तनदाजी कर सक्ती है (इ ला रि मदरास जिल्द २६ सफा १७६)—अगर अदालत को अख्त्यार है तो सिर्फ इस अमर पर कि उस ने गलत कार्रवाई की, कोई वजह नजरसानी की नहीं है—(इ ला. रि मदरास जिल्द २७ सफा ५०४ वो इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द ३० सफा ३९७)

जब कोई जज अरजीदावा लेने से इंकार करे तो उस ने अपने उस अख्त्यार को अमल में नहीं लाया, जो उसे कानून के रू से हासिल है—(इ ला. रि कलकत्ता जिल्द ३२ सफा १४६)

जब कि अदालत ने एक तनकीह का फैसला किया, जिस से झगड़ा दरम्यान फरीकैन का पूरे तौर से तसफिया नहीं होता है तो समझा जावेगा कि अदालत ने बड़ी बेजाब्तगी की—(७ बम्बई ला रि सफा १२—१६)

जब कि अदालत मातहत ने गलती कानून की की है तो, हाई कोर्ट दस्तन-दाजी नहीं कर सक्ती है, वह सिर्फ उसी हालत में दस्तनदाजी कर सक्ती है कि जब अदालत मातहत ने नाजायज कार्रवाई की है—(इ ला रि. ३० कलकत्ता सफा ३९७).

कोई डिकरी जो किसी अमानतदार की जात पर हो उस के इजरा में जायदाद अमानती का कुर्क किया जाना बेजाब्तगी है—(इ ला रि कलकत्ता जिल्द २८ सफा ५७४)

नाजायज हुक्म, जो बमूजिब आर्डर नंबर ११ कायदा ९३ के दिया जावे, उस की नजरसानी हो सक्ती है (इ ला रि ९ मदरास सफा ४३७), मगर यादद्दाश्त अपील को नामजूर करने के हुक्म से नहीं (इ. ला रि अलाहाबाद जिल्द ७ सफा ४२).

डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के उस हुक्म से नजरसानी नहीं हो सक्ती, जिस के जरिये से

अदालत मातहत का हुक्म नामजूरी निस्बत मसूब करने डिकरी एकतरफा रद्द किया गया हो (इ ला. रि ८ कलकत्ता सफा ८३२)—आर्डर नं २१ के कायदा ९९—१०१ के मुताबिक जो हुक्म दिया जाय उस की नजरसानी हो सक्ती है (इ ला रि अलाहाबाद जिल्द ६ सफा १७२)—और बमूजिब आर्डर नंबर २३ कायदा १ के जो हुक्म दिया जाय वह भी काबिल नजरसानी के है (इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द १५ सफा १६८).

जब कि डिकरी रहन के डिकरीदार तफसील जायदाद मरहूना, जो डिकरी में दर्ज है उस के तरमीम की, दरखास्त दफा १५२ के रू से पेश करे, और अदालत उस्की दरखास्त मजूर करले तो हाई कोर्ट इस दफा की रू से कोई दस्तनदाजी नहीं करेगी (इ ला रि. मदरास जिल्द १६ सफा ४२४)

किसी शख्स को तौहीन अदालत में सजा दी जावे तो वह हुक्म सजा काबिल नजरसानी के है (इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द २७ सफा ३८०)—और बमूजिब दफा १९५ जाब्ता फौजदारी इजाजत दिये जाने का हुक्म भी काबिल नजरसानी के है (इ ला रि. मदरास ला जरनल जिल्द १७ सफा १२३)

हाई कोर्ट नजरसानी इस दफा की रू से सिर्फ उन तीन सूरतों में कर सकेगी जिन का जिक्र इस दफा के फिकरा (क) (ख) (ग) में दिया गया है

जब किसी हुक्म की अपील न हो सक्ती हो, मगर उस की निस्बत नम्बरी नालिश हो सक्ती हो तो नजरसानी न हो सकेगी [देखो आर्डर न. २१ कायदा ६०, ६१, ६२, ६३]—[इ ला रि अलाहाबाद जिल्द १० सफा ११९]—इसी तरह नालिश कब्जा बमूजिब दफा ९ एक्ट दादरसी सन १८७७ की डिकरी की नजरसानी न हो सकेगी, क्योंकि गो ऐसी डिकरी की अपील नहीं हो सक्ती है ताहम हारने वाला फरीक कब्जा की निस्बत अपना हक कायम करने के लिये नम्बरी नालिश रूजू कर सक्ता है (इ ला. रि बम्बई जिल्द १२ सफा २२१)—आम कायदा यह है कि अगर साइल बजरिये अपील या नम्बरी नालिश दादरसी पाने [illegible] वह नजरसानी की दरखास्त दे सक्ता [illegible] (इ ला रि [illegible] ४०५)—मगर खास सूरत में

दूसरा उपाय न होने पर भी, हाई कोर्ट नजरसानी कर सक्ती है, मसलन, अदालत मातहत ने डिकरीदार की दरखास्त वास्ते पाने हिस्सा तकसीम रसदी इस बिना पर नामंजूर किया, कि मदयून की दूसरी जायदाद मौजूद है जिस से डिकरीदार अपना दावा वसूल कर सक्ता है—तो ऐसी सूरत में हाई कोर्ट बसीगा नजरसानी दस्तनदाजी कर सकेगी [इ. ला. रि मदरास जिल्द ३२ सफा ३१४]

अपील —हाई कोर्ट इस दफा की रू से दस्तनदाजी न करेगी जब कि अपील हो सक्ती है—"अपील" से सिर्फ पहीली अपील मुराद नहीं है बल्कि दूसरी अपील भी—(इ ला रि मदरास जिल्द २० सफा १५५)

दरमियानी हुक्म —ऐसे दरमियानी हुक्मों की नजरसानी न हो सकेगी, जिन की अपील बमूजिब दफा १०४ ज० जा० दी० हो सक्ती है, मगर जिन की अपील नहीं हो सक्ती उन की नजरसानी हो सकेगी—(इ ला रि कलकत्ता जिल्द ४२ सफा ९२६, ९३२)—मगर दीगर हाई कोर्टों की यह राय है कि दरमियानी हुक्म की नजरसानी बिलकुल नहीं हो सक्ती, क्योंकि वैसा हुक्म लफ्ज "मुकदमा" में दाखल नहीं होता है, जो दफा ११५ में इस्तेमाल किया गया है और दूसरी वजह यह है कि सायल दफा १०५ के मुवाफिक कार्रवाई कर सक्ता है—(इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द ६ सफा २२३, इ ला रि. मदरास जिल्द ९ सफा २३९, वो बम्बई जिल्द २६ सफा ५११)

मुफलसी में नालिश दायर करने की दरखास्त अगर खारिज हुई हो तो हुक्म खारजी की नजरसानी हो सकेगी, और अगर दरखास्त मंजूर हुई हो, तो हुक्म मंजूरी की नजरसानी न हो सकेगी—(इ ला. रि अलाहाबाद जि० ३२ सफा ६२३)

मिसल तलब करने का अख्तयार—हाई कोर्ट कलकत्ता वो मदरास वो अलाहाबाद की यह राय है कि हाई कोर्ट इस दफा की रू से मिसल अपनी मरजी से बिला दरखास्त सायल तलब कर सक्ती है—(इ ला रि कलकत्ता जि० २८ सफा ६८०)—(इ ला रि मदरास जि० ४ सफा २१७, इ. ला रि अलाहाबाद जि० २८ सफा ७२)—मगर हाई कोर्ट बम्बई की यह राय है कि हाई कोर्ट बिला दरखास्त सायल नजरसानी नहीं कर सक्ती है (इ ला रि बम्बई जि० २१ सफा ८०६)—

अदालत मातहत:—कलेक्टर जो बमूजिब दफा ११, एक्ट इस्तहसाल आराजी कार्रवाई करता है "अदालत मातहत" में दाखल न होगा—(इ. ला. रि. कलकत्ता जि० ३८ सफा २३०)—और न डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार—(इ. ला. रि. मदरास जि० ३० सफा ३२६)—इस लिये कलेक्टर व रजिस्ट्रार की कार्रवाई काबिल नजरसानी न होगी.

फिकरा (क) ऐसा अखत्यार अमल में लाना जो कानून की रू से हासिल नहीं है:—अदालत के अखत्यार की जांच नीन तरह से होती है (१) माली अखत्यार, यानी, कितने रूपये या मालियत की नालिश अदालत सुनने की मजाज है, (२) अखत्यार हुदूद अरजी, यानी, किस मुकाम की नालिश सुनने की अदालत मजाज है (३) नालिश में झगड़े की चीज की निस्बत अदालत का अखत्यार—अगर अदालत यह समझ ले कि उसे कोई अखत्यार हासिल है जो दर असल उसको कानून के रू से हासिल नहीं है और वैसा समझ कर कार्रवाई करे तो हाई कोर्ट बसीगा नजरसानी दखलनदाजी करेगी (देखो दफा २१ मज० जा० दी०)

फिकरा [ख] ऐसा अखत्यार अमल में न लाना जो कानून की रू से हासिल है:—जब अदालत को अखत्यार है और वह अमल में न लावे तो यह दफा [११५] लागू होगी, मसलन:—

(१) अरजीदावा न लेना (इ. ला. रि. कलकत्ता जि० ३२ सफा १४६),

(२) इजराय डिक्री न करना (इ. ला. रि. बम्बई जि० १० सफा २००)

(३) अपने फैसला की तजबीज सानी न करना—(इ. ला. रि. अलाहाबाद जि० ३१ सफा ६१०).

(४) नीलाम मंजूर करने से इंकार करना बमूजिब आर्डर न. २१ कायदा ९२—(इ. ला. रि. कलकत्ता जि० २० सफा ८)

फिकरा (ग) [illegible] या बड़ी भारी बेजाबतगी—इसमें [illegible] या, [illegible] शामिल नहीं है,

यानी, ऐसा अख्त्यार अमल में लाना जो कानून के रू से हासिल नहीं है, या ऐसा अख्त्यार के अमल में न लाना जो हासिल है यह फिक्रा [ग] उस सूरत में लागू होगा, जब कि अदालत ने अपने अख्त्यार की तामील में खिलाफ कानून कार्रवाई किया या कोई बड़ी भारी बेजाबत्तगी के साथ अमल किया यह कानून का माना हुवा उसूल है, कि जब अदालत को किसी सवाल के फैसला करने का अख्त्यार हासिल है और अदालत वैसे सवाल का फैसला करना चाहे गलत या सही, तो यह नहीं समझा जायगा, कि अदालत ने खिलाफ कानून कार्रवाई किया या बड़ी भारी बेजाबत्तगी के साथ अमल किया ऐसी सूरत में हाई कोर्ट दस्तनदाजी न करेगी—[इ ला रि कलकत्ता जि० ११ सफा ६]—प्रिवी कौंसिल—इसी तरह हाई कोर्ट नीचे लिखी सूरतों में इस दफा की रू से दस्तनदाजी न करेगी.

(१) जब कि अदालत ने गलत फैसला किया हो, कि नालिश बेरू मियाद है—(इ. ला रि. अलाहाबाद जिल्द २० सफा ७८)

(२) जब कि अदालत ने गलत फैसला किया हो कि नालिश रेस जुडिकेटा के सबब से नहीं चल सक्ती—(इ ला रि. बम्बई जिल्द ११ सफा ४८८).

(३) जब कि अदालत ने किसी दफा का मतलब गलत समझा—(इ. ला. रि कलकत्ता जि ३२ सफा ५७२).

(४) जब कि किसी दस्तावेज का असर, जो शहादत में पेश किया गया, गलत समझा—(इ ला रि. अलाहाबाद जि. १६ सफा ३१)

(५) जब कि ऐसी शहादत को खारिज किया जो बमंजूर करना चाहिये था—(इ ला रि बम्बई जिल्द २३ सफा १७७)

कार्रवाई खिलाफ कानून या बड़ी भारी बेजाबत्तगी —नीचे लिखी सूरतों में समझी जावेगी और हाई कोर्ट न सागा नजरसानी दस्तनदाजी कर सकेगी:—

(१) ऐसे सवाल वाकेआती की तनकीह कायम करना जिस को मुद्दायलेह ने कबूल किया और नालिश को इस बिना पर खारिज करना

अदालत मातहत—कलेक्टर जो बमूजिब दफा ११, एक्ट इस्तहसाल आराजी कार्रवाई करता है "अदालत मातहत" में दाखल न होगा—(इ. ला. रि. कलकत्ता जि० ३८ सफा २३०)—और न डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार—(इ. ला. रि मदरास जि० ३० सफा ३२६)—इस लिये कलेक्टर व रजिस्ट्रार की कार्रवाई काबिल नजरसानी न होगी.

फिकरा (क) ऐसा अखत्यार अमल में लाना जो कानून की रू से हासिल नहीं है:—अदालत के अखत्यार की जांच नीन तरह से होती है (१) माली अखत्यार, यानी, कितने रूपये या मालियत की नालिश अदालत सुनने की मजाज है, (२) अखत्यार हुदूद अरजी, यानी, किस मुकाम की नालिश सुनने की अदालत मजाज है (३) नालिश में झगड़े की चीज की निस्बत अदालत का अखत्यार—अगर अदालत यह समझ ले कि उसे कोई अखत्यार हासिल है जो दर असल उसको कानून के रू से हासिल नहीं है और वैसा समझ कर कार्रवाई करे तो हाई कोर्ट बसीगा नजरसानी दसतनदाजी करेगी (देखो दफा २१ मज० जा० दी०).

फिकरा [ख] ऐसा अखत्यार अमल में न लाना जो कानून की रू से हासिल है:—जब अदालत को अखत्यार है और वह अमल में न लावे तो यह दफा [११५] लागू होगी, मसलन:—

(१) अरजीदावा न लेना (इ. ला. रि. कलकत्ता जि० ३२ सफा १४६).

(२) इजराय डिक्री न करना (इ. ला. रि. बम्बई जि० १० सफा २००)

(३) अपने फैसला की तजबीज सानी न करना—(इ ला. रि अलाहाबाद जि० ३१ सफा ६१०).

(४) नीलाम मंजूर करने से इकार करना बमूजिब आर्डर न. २१ कायदा ९२—(इ ला. रि कलकत्ता जि० २० सफा ८)

फिकरा (ग) कार्रवाई खिलाफ कानून या बड़ी भारी बेजाबतगी:—इसमें फिकरा [क] या, [ख,] की कार्रवाई शामिल नहीं है,

वानी, ऐसा अख्त्यार अमल में लाना जो कानून के रू से हासिल नहीं है, या ऐसा अख्त्यार के अमल में न लाना जो हासिल है यह फिक्रा [ग] उस सूरत में लागू होगा, जब कि अदालत ने अपने अख्त्यार की तामील में खिलाफ कानून कार्रवाई किया या कोई बड़ी भारी बेजाबतगी के साथ अमल किया यह कानून का माना हुवा उसूल है, कि जब अदालत को किसी सवाल के फैसला करने का अख्त्यार हासिल है और अदालत ऐसे सवाल का फैसला करना चाहे गलत या सही, तो यह नहीं समझा जायगा, कि अदालत ने खिलाफ कानून कार्रवाई किया या बड़ी भारी बेजाबतगी के साथ अमल किया ऐसी सूरत में हाई कोर्ट दस्तनदाजी न करेगी —[इ. ला रि कलकत्ता जि० ११ सफा ६]—प्रिवी कौंसिल–इसी तरह हाई कोर्ट नीचे लिखी सूरतों में इस दफा की रू से दस्तनदाजी न करेगी.

(१) जब कि अदालत ने गलत फैसला किया हो, कि नालिश बेरू मियाद है–(इ. ला रि. अलाहाबाद जिल्द २० सफा ७८)

(२) जब कि अदालत ने गलत फैसला किया हो कि नालिश रेस जुडिकेटा के सबब से नहीं चल सकती—(इ ला रि. बम्बई जिल्द ११ सफा ४८८)

(३) जब कि अदालत ने किसी दफा का मतलब गलत समझा–(इ ला. रि कलकत्ता जि. ३२ सफा ५७२).

(४) जब कि किसी दस्तवेज का असर, जो शहादत में पेश किया गया, गलत समझा–(इ ला रि. अलाहाबाद जि. १६ सफा ३१)

(५) जब कि ऐसी शहादत को खारिज किया जो बमजूर करना चाहिये था–(इ ला रि. बम्बई जिल्द २३ सफा १७७)

कार्रवाई खिलाफ कानून या बड़ी भारी बेजाबतगी:—नीचे लिखी सूरतों में समझी जावेगी और हाई कोर्ट व सागा नजरसानी दस्तनदाजी कर सकेगी:—

(१) ऐसे सवाल वाकियाती की तनकीह कायम करना जिस को मुद्दाय-लेह ने कबूल किया और नालिश को इस बिना पर खारिज करना

कि वह तनकीह व हक मुद्दई साबित नहीं पाई गई—(इ ला. रि. बम्बई जि. १२ सफा ६१७).

(२) बिला स्टाप वाली हुंडी के जरिये नालिश होना और डिक्री सादिर होना (दफा ३५ एक्ट स्टाप नं २ सन १८९९, इ. ला रि बम्बई जिल्द १८ सफा ३६९).

(३) अदालत अपील ने बिला स्टाप वाले दस्तावेज को काबिल मजूरी शहादत न समझना जब कि वैसा दस्तावेज अदालत इब्तदाई में मजूर हो चुका हो दफा ३५ एक्ट स्टाप नं २ सन १८८९, (इं ला रि. बम्बई जिल्द १८ सफा ७३७)

(४) तनकीह तलब सवालों को गलत समझ कर अपनी नई तनकीह गैर मुतालिजक नालिश कायम करना और उस तनकीह के फैसला पर नालिश की तजवीज करना—[इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द ४२ सफा ६२६, ६३१].

(५) ऐसे शख्स पर जो मुद्दायलेह नहीं था समन की तामीली बजरिये डाक करना और वैसी तामीली को समझना कि तामीली बाजाब्ता हुई है और वैसा समझ कर मुद्दायलेह पर एक तरफा डिक्री सादिर करना—(इ. ला रि. मदरास जिल्द २९ सफा ३२४).

(६) मुद्दायलेह पर जाती डिक्री की इजराय में मुद्दायलेह की ऐसी जायदाद कुर्क करना जो उस के पास बहैसियत अमानतदार के है—(इ. ला रि कलकत्ता जिल्द २८ सफा ५७४)

(७) किसी शख्स के खिलाफ हुक्म सादिर करना बगैर सुनने उस के उजर के या उस को बगैर देने मौका अपने जवाब देही करने के लिये—(इ. ला रि कलकत्ता जिल्द ३४ सफा ६२६, ६३३)

(८) डिक्री, चाहे इब्तदाई या कतई तहरीर न करना—(इं. ला. रि. बम्बई जि. ३७ सफा ६०)

गफलत (सुस्ती)—दरखास्त नजरसानी न की जायगी, अगर वह बिला गैर माकूल देरी के न पेश की गई हो—[इ ला रि अलाहाबाद जि. ६ सफा १२५]

हिस्सा—६.

अहकाम खास मुताल्लुक उन हाई कोर्टों के जो बादशाही सनद के बमूजिब मुकर्रर की गई हैं.

दफा ११६. यह हिस्सा सिर्फ उन अदालतहाय, हाई कोर्ट से ताल्लुक रखेगा, जो बमूजिब एक्ट हाई कोर्ट हाय हिन्द सन १८६१ ई० के कायम की गई हों, या आइन्दा की जाय

इस हिस्सा का ताल्लुक चन्द हाई कोर्टों से

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ६३१ से कायम की गई है.

दफा ११७. सिवाय उस के जिस का इस हिस्सा में या इस मजमूआ का हिस्सा १० या कायदों में बयान है, इस मजमूआ के अहकाम, वैसे अदालत हाई कोर्टों से मुताल्लुक होंगे

ताल्लुक हाई कोर्टों से

तशरीह.—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ६३२ से कायम की गई है.

इस हिस्सा के सिवाय:—देखो दफा १२०.

हिस्सा १० के सिवाय.—देखो दफा १२९

कायदे:—"कायदों" से वे कायदे मुराद हैं जो पहले जमीमा में दर्ज हैं या जो हस्ब दफा १२२, १२५ बनाये गये हैं—देखो दफा २, (१८) वो आर्डर न ४९ कायदा ३.

यह मजमूआ हाई कोर्ट के अखत्यार निस्बत बाईस-ऐड मेरिलटी लागू होगा (इ ला रि. कलकत्ता जि १७ सफा ६६, वो ३३७).

दफा ११८ अगर किसी अदालत हाई कोर्ट की समझ में, यह जरूरी हो कि डिकरी जो उस के मामूली इसदाई अखत्यार समाअत सीगा दीवानी की

इजराय डिक्री कबल मालूम होने खर्चा के.

तामील में सादिर की गई हो, तादाद उस खर्चे की, जो मुकदमें में हुआ हो बजरिये तशखीस मालूम होने के पहले जारी होने के पहले जारी होना चाहिये, तो अदालत मौसूफ यह हुक्म दे सकेगी कि वह डिकरी फौरन जारी की जाय, सिवाय उस कदर के जो कि खर्चा से ताल्लुक रखती हो.

और यह कि जिस कदर डिक्री खर्चे से ताल्लुक रखती हो, उस की इजराय ज्योंही तादाद खर्चा तशखीस के जरिये मालूम हो जावे, की जावेगी

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ६३४ से कायम की गई है.

दफा ११६ इस मजमूआ की किसी इबारत से यह तसव्वर न होगा, कि किसी शख्स को दूसरे की तरफ से यह इजाजत है कि अदालत में जब वह अपने अखत्यार समाअत इब्तदाई सीगा दीवानी की रू से अमल कर रही हो, तकरीर करे, या गवाहों से सवाल जवाब करे, सिवाय उस सूरत के कि अदालत उन अखत्यार के तामील में जो हस्ब सनद मुकर्ररी अपने के, उस शख्स को इजाजत इस अमर की दे—और न यह तसव्वर होगा कि हाई कोर्ट को जो अखत्यार ऐडवोकेट, वकीलों, और अटरनी के बाब में कायदे बनाने का हासिल है, उस में किसी तरह से वह इबारत हरज डालेगी

वह शख्स जिन को मजाज नहीं हैं अदालत में तकरीर न कर सकेगा

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ६३५ से कायम की गई है—अदालत का यह कायदा कि कोई कानून पेशा अपनी तरफ से दूसरे को मुकर्रर करे जायज है—(इं ला रि अलाहाबाद जिल्द ६ सफा ६१३).

जो काम वकील कर सकते हैं वह ऐडवोकेट भी कर सकते हैं— (इं ला. रि. अलाहाबाद जि ६ सफा ६१७)

कलकत्ता हाई कोर्ट के इब्तदाई सीगा के इजलास में, कोई वकील मुकदमा दीवानी की पैरवी नहीं कर सकता है —(इ. ला. रिपोर्ट कलकत्ता जिल्द ३० सफा ६८६).

दफा १२० जब हाई कोर्ट अख्तयारात सीगा दीवानी समाअत इब्तदाई या दीवालीया अमल में लाती हो अहकामात मुताल्लुक नहीं हैं.

(१) नीचे लिखी हुई दफायें, अदालत हाई कोर्ट से जब कि वह अपने अख्तयारात समाअत इब्तदाई सीगा दीवानी अमल में लाती हो, मुताल्लुक न होगी, यानी दफात १६ वो १७ वो २०.

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ६३८, ६३९ से कायम की गई है

पुरानी दफा का फिकरा (२) मन्सूख हो गया है—(देखो दफा १२७ एक्ट दीवालीया प्रेसिडेन्सी टाऊन न ३ सन १९०९)

हिस्सा—१०.

कायदे.

दफा १०१ जो कायदे जमीमा १ में दर्ज हैं वह उसी तरह असर रखेंगे कि गोया इस मजमूआ मे दाखिल है, जब कि वे इसी हिस्से के अहकाम के बमूजिब मंसूख न हो जांय, या बदल न दिये जांय.

जमीमा १ में लिखे हुये कायदों का असर

तशरीह:—यह दफा नई कायम की गई है.

यह पूरा हिस्सा नया है सिवाय दफा १२६, १३० वो, १३१ के

निस्बत मन्सूखी वो बदलने कायदों के देखो दफा १२४)

दफा १२२. हाई कोर्ट जो एक्ट हाई कोर्ट हिन्द सन १८६१ ई० की रू से कायम हुई है, और चीफ कोर्ट पंजाब, वो लोअर बरमा, वक्तन फक्तन पहले से मुश्तहर करने के बाद कवायद निसबत जाब्ता खुद अपने लिये वो अदालतहाय दीवानी के लिये जो उन की निगरानी में हो बना सक्ती है, और उन ही कायदों के बमूजिब कुल या बाज कवायद मुन्दर्जे जमीमा (१) को मंसूख कर सक्ती है, या बदल सक्ती है, या उस में बढ़ती कर सक्ती है

चन्द हाई कोर्टों को कायदे बनाने का अख्तियार

लफ्जों के मायने—(१) वक्तन फक्तन=वक्त वक्त पर,

यह दफा पुराने दफा ६२५ फिकरा १ से कायम की गई है जो कायदे इस दफा की रू से वो दफा १२५ के रू से बनाये जायें वे खिलाफ अहकाम मजमूआ जाब्ता दीवानी के न होंगे—(देखो दफा १२८ वो १२६)

दफा १२३ (१) एक कमेटी जिस का नाम "रूल कमेटी"

रूल कमेटियों की बाज सूबों में मुकर्ररी.

(कायदा बनाने वाली कमेटी) होगी शहर कलकत्ता वो मदरास वो बम्बई वो अलाहाबाद वो लाहोर वो रंगून में कायम की जायगी.

(२) हर ऐसी कमेटी मे, नीचे लिखे हुये शख्स शामिल होंगे, यानी.

(क) तीन जज उस शहर की हाई कोर्ट के जहां कि कमेटी कायम हो, जिन में से कम से कम एक ऐसा हो, जिस ने ओहदा डिस्ट्रीक्ट जज्जी पर, या (पंजाब या बरमा मे) ओहदा डिविजनल जज्जी पर, तीन साल तक काम किया हो

(ख) एक बारिस्टर जो उसी अदालत मे बारिस्ट्री करता हो –

(ग) एक एडवोकेट (जो बारिस्टर न हो) या वकील या प्लीडर उसी अदालत का, दर्ज रजिस्टर.

(घ) एक जज अदालत दीवानी का, जो उसी हाई कोर्ट के मातहत हो, और,

(ङ) दरसूरत शहर कलकत्ता वो मदरास वो बम्बई एक अटरनी

(३) हर ऐसी कमेटी के मेमबरों को साहिब चीफ जस टिस या चीफ जज, मुकर्रर करेंगे--और वही उन में से एक शख्स को प्रेसडिंट बनायगें

मगर शर्त यह है कि जिस सूरत में खुद साहिब चीफ जसटिस, या, चीफ जज, कमेटी के मेमबर होना चाहे, तो सिर्फ दो और जज मुकर्रर किये जायगे, और साहिब चीफ जसटिस या चीफ जज कमेटी के प्रेसीडेंट होंगे.

(४) हर मेमबर ऐसी कमेटी का बहैसियत मेमबरी उतने अरसे तक रहेगा, जो चीफ जसटिस, या चीफ जज की

से इस बारे में मुकर्रर कर दिया जाय, और जब कभी मेमबर अपनी मुलाजमत, या खिदमत से, अलेहदा हो, तफ़ा दे, या मर जाय, या उस सूबे से कि जहां कमेटी यम हो चला जाय, या, कमेटी के मेमबरी का काम करने लायक न हो, तो साहेब चीफ जसटिस, या चीफ जज मजकूर स की जगह पर किसी दूसरे शख्स को मेमबर मुकर्रर कर के हैं

(५) हर ऐसी कमेटी के वास्ते एक सेक्रेटरी मुकर्रर किया जायगा, और उस की मुकर्ररी साहेब चीफ जसटिस, या चीफ जज करेंगे, और उसकी तनख्वाह नव्वाब गवरनर जनरल बहादुर बहजलास कौंसिल, या लोकल गवर्नमेंट की तरफ से याने जैसी सूरत हो, मुकर्रर की जायगी.

तशरीह.—यह दफा नई कायम की गई है

जो रूल कमेटी इस दफा के मुतबिक न बनी हो वह कायदों में दरुस्त-दाजी न कर सकेगी.

रिपोर्ट कमेटी बाबि-दमत हाई कोर्ट

दफा १२४. हर रूल कमेटी एक रिपोर्ट अपनी उस हाई कोर्ट के पास, कि जो उस शहर में मुकर्रर हो कि जहां वह कमेटी कायम की गई है, निसबत तजवीज मनसूखी या तबदीली या इजाफात (बढ़ाव) कायदे मुनदर्जे जमीमा (१) या निसबत बनाने नये कायदों के पेश करेगी और बमूजिब दफा १२२ के कायदे बनाने के पहले हाई कोर्ट ऐसी रिपोर्ट पर गौर करेगी

तशरीह.—यह दफा नई कायम की गई है.

अहकाम निसबत रूल कमेटी सिर्फ सनद वाली हाई कोर्ट को चीफ कोर्ट पंजाब को लोअर बरमा को लागू होंगे-सनद वाली हाई कोर्ट को चीफ कोर्टों के कायदे सिर्फ उस वक्त बनाये जा सकेंगे जब कि हाई कोर्ट या चीफ कोर्ट ने अपनी रूल कमेटी की राय ली हो, यानी, बगैर राय रूल कमेटी

क'यदे न बन सकेंगे दीगर हाई कोर्टों की निस्बत रूल कमेटी उस तरह बनाने का अखत्यार दिया गया है जैसा कि नव्वाब गवरनर जनरल बहादुर बइजलास कौंसिल हुक्म देवे (देखो दफा १२५)

दफा १२५ हाई कोर्ट सिवाय उन के जिन का जिक्र दफा १२२ मे है वे अख्त्यारात जो उस दफा की रू से दिये गये है, अमल मे ला सक्ती है, मगर जो तरीका वो शरते नव्वाब बहादुर बइजलास कौंसिल मुकर्रर करे उन की पाबन्दी उन को करना लाजिम होगा

दीगर हाई कोर्टों के अखत्यारात निस्बत बनाने कायदे

मगर यह हो सक्ता है कि कोई ऐसी हाई कोर्ट इस्तहार देने के बाद, अपने अखत्यारात हदूद के अन्दर उन कायदों को जारी करे, जो किसी दूसरी हाई कोर्ट ने बनाय हैं.

तशरीहः— यह दफा नई दाखिल की गई है

(३) किसी हाई कोर्ट मुकर्ररी हस्ब एक्ट हाई कोर्ट हिन्द सन १८६१ ई० के ऐडवोकेट या किसी चीफ कोर्ट या किसी दीगर हाई कोर्ट के ऐडवोकेट जो बारिस्टर है, उन के लिये जरूर नहीं है, कि किसी तरह की तहरीर अपने पैरवी मुकदमा के अखत्यार के बाबत अदालत में दाखिल करे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३९ से कायम किया गया है—जब किसी औरत ने किसी वकील को अपने तरफ से अपील पेश करने के लिये मुकर्रर किया, और उस ने अपील पेश करदी तो यह अमर कि उस औरत ने जो वकालतनामा दिया है उस पर उस की निशानी नहीं है बेअसर होगा (इ. ला रि अलाहाबाद जिल्द २६ सफा १७).

वकालतनामा पर तारीख की जरूरत नहीं है—[इ ला रि मदरास जिल्द २६ सफा १९७–१९८].

वकालतनामा मुकदमे की कुल कार्रवाई बद होते तक असर में रहता है, और दरखास्त इजराय डिकरी कार्रवाई मुकदमा है—[इ ला रि बम्बई जिल्द २० सफा १८०].

वकालतनामा पर खुद असल मालिक या ऐजन्ट मकबूला या किसी दूसरे शख्स के, जिसे अखत्यार दिया गया हो, दस्तखत होना चाहिये—(इ. ला. रि अलाहाबाद जिल्द १६ सफा २३०)

हाई कोर्ट के बनाये हुये कायदों के रियायत के साथ कोई ऐडवोकेट बिला वकालतनामा कुल काम वकील का कर सक्ता है—(इ. ला रि. अलाहाबाद जिल्द ९ सफा ६१७)

जब वकील हाजिर न हो सक्ता हो तो वह अपना अखत्यार दूसरे वकील के सुपुर्द करने का मजाज नहीं है—(इ ला रि बम्बई जिल्द २०

सफा २६३)

वकील का वकालतनामा, मवक्कल की सिर्फ चिट्ठी से रद नहीं हो सकेगा-रद सिर्फ अदालत की मञ्जूरी से अदालत में मवक्कल की दस्तखती दरखास्त पेश करने से होगा-(इ ला रि. कलकत्ता जिल्द ३६ सफा ६०६)

"दस्तखत" के मायने-देखो दफा २ (२०)—एकही वकालतनामा से वकील मुकदमा की पूरी कारवाई कर सक्ता है, यानी, अगर मुकदमा अदम पैरवी में खारिज हो तो उस को नवर पर कायम करा सक्ता है—(इ. ला. रि अलाहाबाद जिल्द १५ सफा ५५).

नई तजवीज के लिये दरखास्त दे सक्ता है—(बी रि. जिल्द १२ सफा ४६५)—या इजरायडिकरी की दरखास्त दे सक्ता है या जायदाद मकरूका के दावे का जवाब दे सक्ता है-(इ. ला रि बम्बई जिल्द २० सफा १६८)—या अपील बहुजूर प्रिवी कौंसिल पेश करने की इजाजत माग सक्ता है—[बो रि जिल्द ८ सफा ६२].

हुक्मनामें की तामील वकील पर

५. कोई हुक्मनामा, जो किसी फरीक के वकील पर तामिल किया जाय या वकील के दफ्तर या मामूली रहने की जगह पर छोड़ दिया जाय, और चाहे उस हुक्मनामा में फरीक के असालतन हाजिर होने का हुक्म हो या न हो, ऐसा समझा जायगा कि मानो खुद मवक्कल को पहुंचा दिया गया, और मवक्कल को उस की इत्तला हो गई, और सिवाय उस सूरत के कि जब अदालत और तरह का हुक्म दे, कुल गरजों के लिये वैसे ही तासीर रखेगा कि मानो वह उस फरीक को असालतन दिया गया या खुद उस पर उस की तामील की गई

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ४० से कायम किया है.

इस कायदा के रू से वकील पर तामील मिस्ल तामील मवक्कल पर समझी जावेगी, मगर मवक्कल यह जाहर कर सक्ता है, कि उस को इत्तला नहीं दी गई.

एजन्ट का तामील हुक्मनामा कबूल करना

६. अलावा जिन कायदा २ में हुवा है, के अन्दर रहता हो कबूल करने के लिये एजन्ट मुकर्रर हो

(२) ऐसी मुकर्ररी खास हो या आम हो, मगर वह बजरिये तहरीर के होगी और उन पर मुकर्रर करने वाले के दस्तखत होंगे, और वह तहरीर, या अगर मुकर्ररी आम हो तो उस की तसदीक की हुई नकल अदालत में दाखिल की जायगी

मुकर्ररी तहरीरी होगी और अदालत में दाखिल की जायगी

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ४१ से कायम हुवा है

एजेंट पर हुक्मनामा की तामीली के निस्बत देखो आर्डर नं ५ कायदा १२.

आर्डर ४.

दायरी नालशात.

१. (१) हर नालिश इस तरह दायर की जायगी कि अरजीदावा अदालत में या उस ओहदेदार के पास, जो अदालत से उस काम के लिये मुकर्रर हो दाखिल, किया जाय

नालिश अरजीदावे से शुरू होगी

(२) हर अरजीदावा, आर्डर नंबर ६ वो ७ में दर्ज किये हुए कायदे के मुताबिक होगा जहा तक के वे लागू हो सकें

तशरीह — लफ्ज "दाखिल किये जाने" में डाक से भेजना शामिल नहीं है, उस का मतलब यह है कि अदालत में या उस के किसी अफसर को मारफत खुद या जरिये वकील अरजीदावी हवाला की जाय—(इ. ला. रि. मदरास जिल्द १५ सफा १३७)

अफसर की गैर हाजरी में उस के मेज पर अरजी रख आना उस के रूबरू पेश करना नहीं है—(३ येन-डबलयू-पी. हाई कोर्ट रिपोर्ट सफा ३४१).

मुनसिफ के रहने के खासगी मकान पर अरजी का पेश करना ठीक नहीं है (७ येन-डबलयू-पी हाई कोर्ट रिपोर्ट सफा ५)

जब कोई अरजी किसी अदालत जिला में पेश की जाय और वह किसी अदालत मातहत में जो बद थी पेश होना चाहिये था तो अदालत जिला को ऐसी अरजी लेने का अखत्यार नहीं है—(१० बम्बई हाई कोर्ट रिपोर्ट सफा ४९५).

अरजीदावा का इतवार को या किसी दूसरे तातील के दिन कबूल करना नाजायज नहीं [illegible] (वीक्ली रिपोर्ट जि० ११ सफा ५३७ वो जि० १६ सफा २३१)

[illegible] के [illegible] तक लगाई जायगी जब

मियाद के अखीर दिन अदालत बद हो तो अदालत खुलने के दूसरे रोज अरजीदावा पेश हो सक्ता है और मियाद में कुछ फर्क न आयगा—(देखो दफा ५ एक्ट मियाद)—

अगर अरजीदावा में पूरी कोर्ट फीस लगी हो, तो इस सबब से उसकी दाखली में कोई फर्क न पड़ेगा अगर वह दीगर तौर पर बाजाब्ता पेश किया गया हो- (देखो दफा १४९)

जब अरजीदावा अदालत के हुक्म से तारीम किया जाय तो नालिश की दायरी की तारीख वही समझी जायगी जिस रोज अरजीदावा दाखल किया गया —(इ. ला. रि. बम्बई जि० १९ सफा ३२०)—

रजिस्टर नालशात

२ हर नालिश की तफसील को अदालत एक किताब में, जो उसी मतलब से रखी जायगी और जिसका नाम दीवानी मुकदमात का रजिस्टर होगा दरज करायगी—और जो मुकदमात उस रजिस्टर में दरज हों उन पर हर साल तारीख मनजूरी अरजीदावा के सिलसिले से नम्बर दिये जायँगे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५८ के फिकरा अखीर से मिलता है

आर्डर-५.

इजराय वो तामील समन.

इजराय समन.

१ (१) जब नालिश वाजिबता दायर हो जाय, तो समन मुदायलेह समन के नाम इस हुक्म से जारी किया जाय कि वह उस तारीख पर जो समन में दर्ज है, हाजिर अदालत होकर दावा की जवाब देही करे.

मगर शर्त यह है कि अगर अरजीदावा के दाखिल होने के वक्त मुदायलेह अदालत में हाजिर होकर मुद्दई के दावा से इकबाल कर चुका हो तो समन उस के नाम जारी नहीं किया जायगा.

(२) जिस मुदायलेह के नाम समन मजमून जिमन (१) के बमूजिब जारी किया जाय, वह हाजिर हो सक्ता है

(क) असालतन या,

(ख) मारफत किसी वकील के जिस की पूरी तौर से हिदायत कर दी गई हो, और जो कुल सवालात जरूरी मुताल्लुके मुकदमा का जवाब दे सके

(ग) मारफत किसी वकील के जिस के साथ ऐसा कोई शख्स हो जो कुल सवालात मजकूर का जवाब दे सके

[३] ऐसे हर समन पर जज्ज या उस उहदेदार के दस्तखत होंगे जिस को जज्ज उस काम [illegible] करे, और उस अदालत की मोहर लगाई जायगी

[illegible] —यह [illegible] की कायम किया गया है

[illegible] के [illegible] काम है कि मुदाय-

लेह के नाम समन जारी करे चाहे वह मुद्दायलेह नाबालिग हो--[इ. ला रि कलकत्ता जिल्द १४ सफा २१७].

जब समन की तामील न हो तो दूसरा समन जारी करना चाहिये--अगर मुद्दायलेहम में से कोई एक शुरू नालिश के दायरी के पहले मर जावे तो उस के नाम न तो समन जारी होगा और न उस के मुकाबले मुकदमा की कार्रवाई शुरू की जायगी (वीकली रिपोर्टर जिल्द १२ सफा ४५).

२ हर समन के साथ अर्जीदावी की एक नकल या बशर्ते इजाजत, एक बयान मुख्तासिर भेजा जायगा

समन के साथ नकल अरजीदावा या मुख्तासिर बयान

तशरीह.—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६५ से कायम किया गया है—अदालत को अखत्यार है कि समन के साथ अरजीदावी की नकल भेजने के बदले खुलासा बयान अरजीदावी का भेजा.

३ [१] अगर अदालत के नजदीक मुद्दायलेह का असालतन हाजिर होना जरूर हो, तो समन में उस के निसबत यह हुक्म होगा, कि मुद्दालेह अदालत में उस तारीख पर, जिस की तशरीह समन में दरज है, असालतन हाजिर आवे

अदालत मुद्दायलेह या मुद्दई का असालतन हाजिर होने का हुक्म दे सकती है

[२] अगर अदालत के नजदीक मुद्दई का भी उसी रोज असालतन हाजिर होना जरूर हो तो अदालत मजाज होगा कि मुद्दई को उस रोज असालतन हाजिर होने का हुक्म दे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६६ से कायम किया गया है इस कायदे को दफा १३२ के साथ पढ़ना चाहिये.

असालतन हाजिर न होने के नतीजे के लिये—[देखो आर्डर ९ कायदा १२].

४ किसी फरीक के असालतन हाजिर होने का हुक्म उस वक्त तक न दिया जायगा जब तक कि उस की सकूनत

किसी फरीक को असालतन हाजिर होने का हुक्म न दिया जायगा जब तक उस की सकूनत अन्दर कुछ इद के नहीं

(क) अदालत के मामूली अखत्यार समाअत इब्तदाई की हुदूद अरजी के अन्दर न हो, या,

(ख) हुदूद मजकूर के बाहर हो मगर अदालत से पचास मील से

कम फासले पर न हो या [अगर रेल या इस्टीमर या कोई और मुकर्रर आम सवारी उस की जाय सकूनत से मुकाम अदालत तक के छटवें हिस्से के पांच गुना फासले पर चलती हो] तो इमारत अदालत से दो सौ मील से कम फासले पर न हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६७ से कायम किया गया है.

मुकर्रर आम सवारी में टागा या मोटर दाखल है जो डाक वो सवारी के लिये किराया पर चलती हो

५ समन जारी करने के वक्त अदालत यह अमर तै करेगी कि आया समन सिर्फ वास्ते करार दिये जाने अमूर तनकीह तलब के होगा या वास्ते फैसला कतई मुकदमे के और समन में उस के मुताबिक हिदायत लिखी जायगी

समन वास्ते करार दिये जाने अमर तनकीह तलब के होगा या वास्ते फैसला कतई के

मगर शर्त यह है कि हर मुकदमा समाअत अदालत मतालबेजा खफीफा में समन वास्ते तसफिया कतई मुकदमा के जारी किया जायगा

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६८ से कायम किया गया है.

आम कायदा यह है कि सादे मुकदमों में यानी जिन में कोई झगड़ा या पेंच न हो, समन कतई फैसला के लिये जारी करना चाहिये —(इ ला रि बम्बई जिल्द ३८ सफा ३८०)

६ मुदायलेह के हाजरी के लिये तारीख मुकर्रर करते वक्त अदालत नीचे लिखे हुये अमूरात का ख्याल रखेगी, याने अदालत के काम की कमी और जियादाती का, और मुदायलेह के सकूनत के मुकाम का, और उस मुद्दत का जो समन के तामील के लिये जरूरी है—और वह तारीख ऐसी मुकर्रर की जायगी कि मुदायलेह को तारीख मुकर्ररा तक हाजिर होकर मुकदमें की जवाब देही करने की मोहलत काफी मिले

मुकर्ररी तारीख वास्ते हाजरी मुदायलेह

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६९ से कायम किया गया है.

जब कि मुद्दत दी हुई काफी नहीं है तो अदालत अपील दस्तनदाजी कर कर सक्ती है—[७ बम्बई, रिपोर्ट सफा १]

अगर इतनी नजदी र की मुदायलेह हाजिर न अदालत बम्बई, ७ सफा १३८)

न में जर देही करने का हुक्म

समन में हुक्म होगा कि मुद्दायलेह कुल दस्तावेजात पेश कर कि जिन पर वह भरोसा करना चाहता हो

को मुद्दायलेह के नाम यह हुक्म दरज होगा कि कुल दस्तावेजात, जो उस के कब्जे या अख्तियार में हों, जिन पर मुद्दायलेह को अपनी जबाब देही के ताईद के लिये भरोसा करना मन्जूर हो, पेश करे"

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ७० से कायम किया गया है.

इस दफा में मुद्दायलेह को अपने दस्तावेजात पेश करने का हुक्म है.

८ जब समन वास्तेकिसी फैसला मुकदमा के हो तो उस में मुद्दायलेह के हिदायत की जायगी कि जो तारीख उस के हाजरी के लिये मुकर्रर हुई हो उस पर कुल गवाह जिन के शहादत पर, उसे अपनी जबाब देही की ताईद में उस को भरोसा करना मन्जूर हो, पेश करे

जब समन वास्ते किसी फैसला के हो उस में मुद्दायलेह के हिदायत होगी कि वह अपने गवाह पेश करे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ७१ से कायम किया गया है.

इस दफा में मुद्दायलेह को अपने गवाह पेश करने का हुक्म है

तामील समन.

९—(१) अगर मुद्दायलेह उस अदालत के इलाके के अन्दर रहता हो जहां नालिश दायर हुई हो या उस हद के अन्दर उस का कोई एजेंट रहता हो जो समन लेने का मजाज हो तो अगर अदालत कोई हुक्म खास न दे तो समन अहलकार मजाज को इस मतलब से हवाला किया जायेगा या उस के नाम भेजा जायगा कि वह खुद या मारफत अपने किसी मातहत के उस की तामील करे

समन वास्ते तामील के मजना या इवाला करना,

(२) अहेलकार मजकूर किसी अदालत का कोई उहदेदार हो सक्ता है और वह अदालत ऐसी न हो कि जहां नालिश दायर हुई हो—और अगर व ऐसा अफसर हो तो समन डाक के जरिये या और तरह जिस की खुसूसन अदालत हिदायत करे उस के पास भेजा जा सक्ता है

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ७२ से कायम किया गया है.

मुफस्सिल अदालत में ओहदेदार मजाज नाजिर है—(इ ला. रि बम्बई ० १३ सफा ५००)

१० तामील समन की इस तरह होगी कि उस की एक परत दस्तखती मुद्दायलेह या उस उहदेदार के जिस को जज उस मतलब से मुकर्रर करे और उस पर मोहर अदालत लगी हो, हवाले या पेश की जायगी

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ७३ से कायम किया गया है

तामील समन की गरज सिर्फ इतनी है कि मुद्दायलेह को इस बात की इत्तला तारीख पेशी के पहले हो जाय, कि उस पर नालिश दायर की गई है—(इ. ला. रि. बम्बई जि० २१ सफा २२५).

११. दूसरी तरह जैसा मुकर्रर हो उस को छोड़ कर, जब एक से तामील कई मुद्दायलेहुम पर जियादा मुद्दायलेहुम हों तो लाजिम है कि हर एक मुद्दायलेह पर समन की जाय

तशरीह:—यह कायदा पुरा एक्ट की दफा ७३ से कायम किया गया है.

जब कई मुद्दायलेहुम में से एक मुद्दायलेह नाबालिग है तो समन उस के वली पर तामील होना चाहिये—(इ. ला रि. कलकत्ता जि० २६ सफा २७३).

साझेदारों पर समन की तामीली के लिये (देखो आर्डर ३० कायदा ३)

१२ जब मुमकिन हो, समन की तामील मुद्दायलेह की जात पर की
जहा तक हो सके तामील मुद्दायले की जात पर होगी या उस के कारिंदा पर जायगी, तायके कि उस का कोई कारिन्दा समन लेने का मजाज हो उस वक्त कारिन्दा को समन देना काफी होगा

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ७५ से कायम किया गया है

कोई शख्स जो मुद्दायलेह का कारोबार सिर्फ देखता है तामील समन मनजूर करने के लिये एजन्ट मजाज नहीं है—(१७ वीक्ली रिपोर्ट सफा ३१)—आर्डर ३ के कायदा ६ में वह कायदे दिये हैं जिस तरह से ऐसे एजन्ट मुकर्रर हो सक्ते हैं

१३ (१) अगर नालिश किसी कारबार या काम के बाबत ऐसे
तामील उस कारिंदे पर कि जिस के जरिये से मुद्दायलेह कारोबार करता हो शख्स के नाम से हो, जो समन जारी करने वाली अदालत के इलाके की हदूद अरजी के अन्दर सकूनत नहीं रखता हो, तो तामील समन को किसी सरबराहकार

या कारिन्दे पर जो तामील के वक्त बजात खुद उस कारबार या काम को उस शख्स की तरफ से हदूद मजकूर के अन्दर करता हो, काफी समझा जायगा

(२) इस कायदे के मतलब के लिये किसी जहाज का मास्टर जहाज के मालिक या किराया करने वाले का कारिन्दा समझा जायगा

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ७६ से कायम किया गया है—इस कायदा के बमूजिब अमल करने के वास्ते यह जरूर है कि अक्सल मालिक अदालत के इलाका अख्त्यार समाअत के बाहर रहता हो, और नालिश ऐसे कारबार या रोजगार से ताल्लुक रखती हो, जो अदालत मजकूर के इलाका अख्त्यार के अन्दर किया जाता हो (इ ला रि बम्बई जि०४ सफा ४१६)

जायदाद गैर मनकूला की नालशों में एजेन्ट मोहतमिम जायदाद मजकूर पर तामील

१४ उस नालिश में जो कि बाबत दादरसी निस्बत जायदाद गैर मनकूला, या मावजा नुकसान जायदाद गैर मनकूला से हो, अगर समन की तामील मुद्दायलेह की जात पर न हो सके और मुद्दायलेह का कोई ऐसा ऐजन्ट न हो जिस को समन के लेने का अख्त्यार हो, तो जायज है कि समन की तामील मुद्दायलेह के किसी ऐजन्ट मोहतमिम जायदाद मजकूर पर की जाय

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ७७ से कायम किया गया है—जायदाद गैर मनकूला क्या कहलाती है दफा १६ में दरज है—मुकदमा बैबात या नीलाम जायदाद गैर मनकूला बतौर नालिश हासिल करने दादरसी निस्बत जायदाद गैर मनकूला के है—(इ ला रि. कलकत्ता जिल्द ६ सफा ७३३)

कुल तामील मुद्दायलेह के खानदान के मर्द मेम्बर पर होगी

१५ अगर किसी मुकदमा में मुद्दायलेह न मिलता हो, और न कोई ऐजन्ट भी रखता हो जो उस की तरफ से समन लेने का मजाज हो, तो जायज है कि ऐसे समन की तामील मुद्दायलेह के खानदान के किसी बालिग मर्द पर जो उस के साथ रहते हों की जाय

समझावना—इस कायदे के मतलब के लिये मेम्बर खानदान में नौकर दाखिल नहीं है

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ७८ से कायम किया गया है.

लफ्ज "बालिग" से वह शख्स मुराद है, जो बमूजिब एक्ट बलूगीयत, बालिग हो चुका है, बल्कि ऐसी उमर का शख्स मुराद है, जो नोटिस को

खानदान के उस मेम्बर को जिस के नाम वह हो, बतला देने का जिम्मेदार वो काबिल हो—(इ. ला रि कलकत्ता जिल्द ३४ सफा ७८७)

खानदान की औरतों पर समन की तामील करना इस कायदा के रू से मुराद नहीं है—(इ ला. रि. बम्बई जिल्द २१ सफा २२३).

जिस शख्स पर तामील की जाय उस को समन पर दस्तखत करना होगे

१६ जब समन ले जाने वाला समन की नकल मुदायलेह को असालतन या मुदायलेह के लिये उस के किसी ऐजन्ट या और शख्स को हवाले या उस के पास हाजिर करे, तो समन ले जाने वाले को जरूर है कि उस शख्स से जिस को नकल समन हवाला हो या जिस के हवाले नकल मजकूर पेश की जाय, समन के तामील की रसीद के तौर पर असल समन की पुश्त पर दस्तखत करा ले

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ७९ से कायम किया गया है

इस वजह पर कि मुदायलेह लिखना नहीं जानता है असली परत समन पर उस के दस्तखत या निशानी के न होने से तामील ठीक नहीं है—[८ बम्बई ला. रिपोर्ट सफा ५८४]

अगर समन की रसीद पर दस्तखत करने से इंकार किया जाय, तो सिर्फ वैसी इंकारी से जुर्म दफा १७३ या दफा १८० ताजीरात हिन्द न होगा— [इ ला. रि कलकत्ता जिल्द २० सफा ३५८).

जाब्ता जब कि मुदायलेह समन लेने से इंकार करे या मिलता न हो,

१७ अगर मुदायलेह या उस का ऐजन्ट या ऊपर लिखे हुए दीगर शख्स दस्तखत करने से इंकार करे, या अगर तामील करने वाल अहलकार को पूरी कोशिश करने के बाद मुदायलेह न मिल सके और कोई ऐजन्ट उस का न हो जो उस की तरफ से समन लेने का मजाज हो, और कोई दूसरा ऐसा शख्स भी न हो जिस पर समन की तामील हो सके, तो तामील करने वाला अहलकार समन की एक नकल उस मकान के सदर दरवाजा या किसी और नजरगाह आम पर चिपका देगी, जिस में मुदायलेह मामूली तौर से रहता हो या कारबार करता हो, या मुनाफा के लिये बजात खास कोई काम करता हो, और बाद को असल समन जारी करने वाली अदालत को वापिस कर देगा, और उस की पुश्त पर या किसी परचा मुनसलका पर लिखेगा कि इस तौर पर नकल चिपका दी गई और चिपकाने के हालात और नाम और पता उस शख्स का (अगर कोई शख्स हो) कि जिस के जरिये से मकान मजकूर की शनाख्त हुई हो, और जिस के सामने नकल चिपकाई गई हो, उस तहरीर में दर्ज करेगा

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ८० से कायम किया गया है

इस अमर का तसफिया कि तामील करने वाले अफसर को मुद्दायलेह नहीं मिला हर मुकदमे के हालात से होना चाहिये—अगर तामील करने वाले अफसर को ऐसी इत्तला मिले जिस से मुद्दायलेह की गैर हाजरी थोड़ी देर की पाई जाय तो तामील करने वाले को उस की इन्तजारी करके काशिश असालतन तामील की करना चाहिये (इ. ला रि मदरास जि० २१ सफा ३२४)

इस बात के लिये कि मुद्दायलेह नहीं मिला यह साबित होना चाहिये कि उस के मिलने के लिये पूरी कोशिश की गई, मतलब तामील करने वाला उस के रहने के मुकाम पर ऐसे वक्त पर जिस वक्त कि उस का मौजूद होना मुमकिन था (इ ला रि कलकत्ता जि० २६ सफा १०२)

तामील समन के तईद में जो बयान हलफी दिया जाये उस से जाहिर होना चाहिये कि मुद्दायलेह के दरयाफ्त करने के लिये कोशिश की गई (इ ला रि कलकत्ता जि० १६ सफा २०१)

अगर समन चस्पा नहीं हुआ है तो ठीक तामील नहीं है (इ ला रि. बम्बई जि०१६ सफा ११७)

जब वह शख्स जो थोड़ी देर के लिये गैर हाजिर है तो मजकूरी का समन उस के दरवाजा पर चस्पा कर देना ठीक नहीं है, उस का काम है कि वह उस को तलाश करे ताकि तामील उस के जात पर हो (इ ला रि मदरास जि० २१ सफा ४२१)

जब कि मुद्दायलेह मकान से थोड़े दिन के लिये गैर हाजिर है और उस के मकान में कोई मुखतार या घराने का शरीकदार मौजूद नहीं है तो उस के मकान पर समन के चस्पा होने को तामील तसव्वर करना दुरुस्त नहीं है (इ ला रि बम्बई जि० २१ सफा २२३

सिरफ समन पाने के दस्तखत करने से इनकार करना बमूजिब दफा १७३ वो १८० ताजीरात हिंद का जुर्म नहीं है (इ ला रि. कलकत्ता जि० २० सफा ३५८)

समन की तामील नीचे लिखे तीन तरीकों से होगी —

खानदान के उस मेम्बर को जिस के नाम वह हो, बतला देने का जिम्मेदार वो काबिल हो—(इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द ३४ सफा ७८७).

खानदान की औरतों पर समन की तामील करना इस कायदा के रू से मुराद नहीं है—(इ ला. रि. बम्बई जिल्द २१ सफा २२३).

जिस शख्स पर तामील की जाय उस को समन पर दस्तखत करना होगा

१८ जब समन ले जाने वाला समन की नकल मुदायलेह को असालतन या मुदायलेह के लिये उस के किसी ऐजन्ट या और शख्स को हवाले या उस के पास हाजिर करे, तो समन ले जाने वाले को जरूर है कि उस शख्स से जिस को नकल समन हवाला हो या जिस के रूबरू नकल मजकूर पेश की जाय, समन के तामील की रसीद के तौर पर असल समन की पुश्त पर दस्तखत करा ले

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ७६ से कायम किया गया है

इस वजह पर कि मुदायलेह लिखना नहीं जानता है असली परत समन पर उस के दस्तखत या निशानी के न होने से तामील ठीक नहीं है—[८ बम्बई ला रिपोर्ट सफा ५८४]

अगर समन की रसीद पर दस्तखत करने से इंकार किया जाय, तो सिर्फ वैसी इंकारी से जुर्म दफा १७३ या दफा १८० ताजीरात हिन्द न होगा—[इ ला रि कलकत्ता जिल्द २० सफा ३५८).

जाब्ता जब कि मुदायलेह समन लेने से इंकार करे या मिलता न हो,

१७ अगर मुदायलेह या उस का ऐजन्ट या ऊपर लिखे हुए दीगर शख्स दस्तखत करने से इंकार करे, या अगर तामील करने वाला अहलकार को पूरी कोशिश करने के बाद मुदायलेह न मिल सके और कोई ऐजन्ट उस का न हो जो उस की तरफ से समन लेने का मजाज हो, और कोई दूसरा ऐसा शख्स भी न हो जिस पर समन की तामील हो सके, तो तामील करने वाला अहलकार समन की एक नकल उस मकान के सदर दरवाजा या किसी और नजरगाह आम पर चिपका देगी, जिस में मुदायलेह मामूली तौर से रहता हो या कारबार करता हो, या मुनाफा के लिये बजात खास कोई काम करता हो, और बाद को असल समन जारी करने वाली अदालत को वापिस कर देगा, और उस की पुश्त पर या किसी परचा मुनसलका पर लिखेगा कि इस तौर पर नकल चिपका दी गई और चिपकाने के हालात और नाम और पता उस शख्स का (अगर कोई शख्स हो) कि जिस के जरिये से मकान मजकूर की शनाख्त हुई हो, और जिस के सामने नकल चिपकाई गई हो, उस तहरीर में दर्ज करेगा

समन की पुश्त पर वक्त और तामील का तरीका लिखना चाहिये

तो तामील करने वाले अहलकार को लाजिम है कि असल समन की पुश्त पर या किसी परचा मुनसलका पर यह हाल खुद लिखे या किसी और से लिखवाय कि समन की तामील किस वक्त और किस तौर पर की गई, और नाम और पता उन शख्स का भी दर्ज करना चाहिये (अगर कोई शख्स हो) जिस ने उस शख्स की शनाख्त की हो जिस समन की तामील हुई और जिस ने यह भी देखा हो कि समन उस के हवाले या उस को दिया गया या किया गया

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ८१ से कायम की गई है—रपोर्ट तामील करने वाले अहलकार की होना चाहिये न कि नाजिर की (वीकली रपोर्ट जिल्द १२ सफा ३६५)

तामील करने वाले का इजहार

१९ जब कोई समन कायदा १७ के बमूजिब वापिस आये तो अदालत को अगर वापसी मुताल्लिक कायदा मजकूर की तस दीक तामील करने वाले अहलकार के हलफ नामे से न हुई हो, लाजिम होगा, और अगर वापसी की तसदीक हस्ब मजकूर हुई हो तो अदालत का अख्तयार होगा कि तामील करने वाले अहलकार को हलफ देकर हाल कारवाई का, जो उस ने किया हो, दरयाफ्त करे या हाल कारवाई मजकूर का दूसरी अदालत की मारफत दरयाफ्त कराये, और जायज है कि उस के बाबत तहकीकात मनदि जो उस की दानिस्त में मुनासिब हो अमल में लाये, और चाहे यह करार देगी कि समन की तामील हस्ब जाब्ता हो गई या जिस तौर पर कि उस की दानिस्त में मुनासिब हो उस के तामील करने का हुक्म देगी

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ८२ के फिकरा एक से कायम किया गया है

जब वापसी बमूजिब कायदा १७ हुई हो, तो अदालत को यह करार देना लाजिम है कि आया समन की बाजाब्ता तामील हुई या नहीं—अगर अदालत यह करार दे कि तामील बाजाब्ता नहीं हुई, तो दूसरा समन जारी होने का हुक्म देगी और अगर अदालत की यह राय हो तो समन की तामीली हुई, तो वैसा करार देगी—(इ लारि बम्बई जिल्द १० सफा २०२)

समन की तामीली करार देने के पहिले अदालत को इस बात का इतमिनान होना चाहिये, कि मुद्दायलेह छिपता फिरता है, और समन की तामीली को बरकाता है—(कलकत्ता ला रि जि ४ सफा ३९७)—और अदालत को इस बात का भी इतमिनान होना चाहिये, कि मुद्दायलेह को इल्म है कि उस के नाम समन जारी

१. समन की नकल मुद्दायलेह या उसके मुख्त्यार या दीगर शख्स मजाज के हवाला करने से और पावती के दस्तखत लेने से (देखो कायदा १० से १६ तक वो १८),

२. समन की नकल मकान पर चिपकाने से—(देखो कायदा १७) मगर यह ख्याल रहे, कि पहले ऐसा चिपकाना **बगैर हुक्म अदालत होता** है, अदालत पीछे से तामील करने वाले अफसर का इजहार लेकर यह करार देती है, कि समन की तामीली बाजाब्ता हुई—(देखो कायदा १९).

३. **अदालत का हुक्म हासिल करने के बाद नकल**—नकल समन अदालत में चिपकाने से और मुद्दायलेह के मकान पर भी चिपकाने से या दीगर तौर से जैसा अदालत मुनासिब समझे (देखो कायदा २०).

अगर तामील करने वाला अफसर मुद्दायलेह के मकान पर जाकर मुद्दायलेह को न पावे मगर उसे उस का बालिग लड़का मिले, और लड़का मकान में हो, और बाप की तरफ से समन लेने से इंकार करता हो, तो ऐसी हालत में समन का मकान पर चिपकाना वाजिब न होगा—समन तामील करने वाले अफसर को चाहिये कि लड़के से दरयाफ्त करे, कि मुद्दायलेह कहा है, और मुद्दायलेह के तलाश करने के लिये, उसे मुनासिब वो माकूल कोशिश करना चाहिये—(इं ला रि बम्बई जिल्द ३० सफा ६२३)

अगर मुद्दायलेह पेशी के बाद हाजिर हो जाय, तो समन की बाजाब्ता तामील या गैर तामील का सवाल पैदा न होगा—ऐसा सवाल सिर्फ उस वक्त पैदा होता है, जब कि मुद्दायलेह हाजिर न हो; क्योंकि अदालत इकतरफा कार्रवाई नहीं कर सकी जब तक यह साबित न हो, कि समन बाजाब्ता तामील हुवा था—(देखो आर्डर न ९ कायदा ६ (१)—अगर इकतरफा डिक्री में मुद्दायलेह अदालत का इतमीनान करदे, कि समन की तामील बाजाब्ता उस पर नहीं की गई, तो वैसी डिक्री मसूख की जायगी—(देखो आर्डर न ९ कायदा १३).

१८ कुल सूरतों में जब समन की तामील बमूजिब कायदा १६ के की जाय,

जब मुद्दायलेह बड़े घराने की वो इज्जतदार औरत हो, और समन की तामीली खुद उस की जात पर न हो सकती हो, तो ऐसी सूरत में समन की तामीली बजरिये तबदीली इस कायदा के माफिक उस के दीवान पर की जावे—(मूर्से इ अपील जिल्द २ सफा ६८)

तामील जब मुद्दायलह किसी दूसरी अदालत के इलाके में सकूनत रखता हो

२१ जब समन किसी अदालत की तरफ से जारी हो तो जायज है कि जारी करने वाली अदालत उस को बजरिये डाक या अपने किसी अहलकार के हाथ किसी अदालत में [सिवाय हाई कोर्ट के] जिस के इलाके में मुद्दायलेह रहता हो भेजे, चाहे यह अदालत उस सूबे में वाके हो जहा जारी करने वाली अदालत हो या किसी दूसरे सूबे में

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ८५ (१) से कायम किया गया है

देखो दफा २८ मजमूआ जाब्ता दीवानी—इस कायदा के रू से अदालत अपने अहलकार को बगरज तामील समन अपने इलाके के बाहर वो दीगर प्रांत में भेज सकी है, या डाक के जरिये समन भेजा जासक्ता है.

समन अदालत के नाम डाक से भेजा जावे, अगर मुद्दायलेह के नाम भेजा जावे, और वह लेने से इंकार करे, और लिफाफा "इंकारी" का लफ्ज लिख कर वापिस आजावे, तो, जब तक यह साबित न किया जाय, कि जिस को डाक वाले ने लिफाफा दिया, वह खुद मुद्दायलेह था, वैसी तामील बतौर जायज तामील न समझी जावेगी—(इ ला रि बम्बई जिल्द १८ सफा ६०६).

अगर लिफाफा वापिस न आवे तो यह साबित करना चाहिये, कि वह लिफाफा मुद्दायलेह को मिला या वह उस वक्त उस मुकाम पर सकूनत रखता था, जहा समन भेजा गया—(इ ला रि अलाहाबाद जिल्द २२ सफा ६६)

शहर प्रेसीडेन्सी और रंगून के अन्दर ऐसे समन की तामील जिस को बाहर की अदालत जारी करे

२२ जब कोई समन ऐसी अदालत से जारी हुआ हो जो शहर कलकत्ता और मदरास और बम्बई और रंगून के हद के बाहर मुकर्रर हो, और उस की तामील हदूद मजकूर के अन्दर करानी मंजूर हो, तो समन मजकूर उस अदालत मतालबेजात खफीफा में भेजा जायगा जिस के इलाके में समन मजकूर की तामील कराना मंजूर हो

तशरीह:— यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ८६ से कायम किया

हुआ है—(अलाहाबाद वी. नो. जि ६ सफा ३५)—या यह कि खूब कोशिस वो तलाश करने पर मुद्दायलेह नहीं मिला—(इं. ला रि. कलकत्ता जिल्द ११ सफा ६०८).

जब मुद्दायलेह पर्दा नशीन औरत हो, यह मुल्क, के रिवाज के माफिक बाहर न निकलती हो और समन तामील करने वाले अहलकार की पहुच उस तक न होती हो, और अहलकार समन को उस के मकान पर चिपका देवे, तो, वो ऐसी तामील हस्ब कायदा १७ वाजिब समझी जावेगी, ताहम अदालत हस्ब कायदा १९ यह हिदायत कर सक्ती है, कि समन की तामील बजरिये रजिस्ट्री नोटिस की जावे, क्योंकि जब रजिस्ट्री उस पर्दा नशीन औरत के पास जावेगी, तो जरूर है कि वह उसे खोल कर देखेगी, और लिफाफा खुद उस के पास पहुचेगा—(कलकत्ता वी नो. जि. १९ सफा १२३१)—

तामील समन बजरिये तबदीली,

२०. (१) जब कि अदालत को किसी वजह से यकीन हो जाय कि मुद्दायलेह इस गरज से कि समन की तामील उस पर न होने पाये, छिपता है, या किसी और वजह से समन की तामील मामूली तौर से नहीं हो सक्ती है, तो अदालत यह हुक्म देगी कि बजरिये चिपकाने एस परत समन के किसी ऐसी जगह पर जहां सब कोई देख सके और नीज मुद्दायलेह के उस मकान के आम नजरगाह पर (अगर कोई ऐसा मकान हो) जिस में आखीर मरतबा उस का रहना या कारोबार करना या मुनाफा हासिल करने के लिये बजात खास काम करना मालुम हुआ हो या किसी और तौर से जो अदालत को मुनासिब मालुम हो, समन की तामील की जाय

बदली हुई तामील का असर,

(२) समन की तामील उस तरीके पर जो बजाय तरीका मामूली के अदालत के हुक्म से की जाय। उसी तरह असर रखेगी कि मानो समन की तामील मुद्दायलेह पर असालतन की गई थी

जब तामील बजरिये तबदील के हो तो मुकररी मियाद हाजिरी मुद्दायलेह

(३) समन की तामील किसी और तरीके से बमूजिब हुक्म अदालत के की जाय तो अदालत मुद्दायलेह की हाजरी के लिये उस कदर मियाद मुकर्रर करेगी जो उस सूरत के हालत के नजर से मुनासिब मालूम हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ८२ के फिकरा २ वो दफा ८३ वो ८४ से कायम किया गया है

जहल में मुद्दायलेह पर तामील के पास मुद्दायलेह पर तामील कराने के लिये भेजा जाय

और किसी तरीके से अक्सर इनचार्ज जहल खाना

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ८७ वो ८८ से कायम किया गया है

तामील जब मुद्दायलेह ब्रिटिश इंडिया के बाहर रहता हो और ब्रिटिश इंडिया में कोई एजन्ट न रखता हो

२५ अगर मुद्दायलेह ब्रिटिश इंडिया के बाहर रहता हो और ब्रिटिश इंडिया में ऐसा कोई एजन्ट न रखता हो जो समन लेने का मजाज हो, तो समन मुद्दायलेह के पास उस मुकाम के पते से जहा वह सकूनत, रखता है बजरिये डाक भेजा जायगा, अगर उस के मुकाम से उस मुकाम तक जहां अदालत वाकै हो डाक जारी हो

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ८९ से कायम किया गया है

समन जरिये डाक उस मुकाम पर नहीं भेजा जा सक्ता जहा के लिये मोहकमा डाक में खत रजिस्ट्री नहीं भेजा जाता (२ बगाल ला रिपोर्ट अपील दीवानी सफा ५९ समन जरिये डाक रजिस्ट्री करके भेजना चाहिये (१५ वीक्ली रिपोर्ट सफा ३१).

कोई शख्स जिस ने रजिस्टरी शुदा खत लेने से इन्कार किया तो वह बाद को इस बात की ला इलमी नहीं बयान कर सक्ता कि उस में क्या था (१६ वीक्ली रिपोर्ट २२३).

जब कि कोई समन इस मुद्दायलेह के पास जो ब्रिटिश इंडिया के बाहर रहता है, जरिये डाक भेजा जावे, और दर सूरत न मौजूद होने कोई शहादत इस अमर के कि वह शख्स जिस पर तामील समन होना थी उस मुकाम पर रहता था जहा समन भेजा गया, तो वह शहादत काफी तामील, यह बतलाने के लिये कि समन भेजा गया, नहीं है मगर कुछ शहादत इस अमर की होना चाहिये कि उसको मुद्दायलेह ने पा लिया (इ ला रि. अलाहाबाद जि० २३ सफा ९९).

यह कायदा दफा ३७ एक्ट जिसमें आम नम्बर १० सन १८९७ ई० के साथ पढ़ा जावे डाक से भेजना उस वक्त समझा जावेगा, जब कि लिफाफे में पूरा २ पता लिखा जावे, और पहले से टिकट लगा कर भेजा

गया है.

जिस अदालत में समन भेजा जाय उस का काम

२३. जिस अदालत में समन कायदा २१ या कायदा २२ के रू से भेजा जाय वह उस के पहुचने पर उसी तरह कार्रवाई करे गी मानो खुद उस ने समन जारी किया था, बाद को उस समन को उस कार्रवाई के साथ जो उस के ताल्लुक में की गई हो (अगर कुछ कार्रवाई हुई हो) जारी करने वाली अदालत के पास भेज देगी.

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ८५ (२) से कायम किया गया है.

जब कि समन एक अदालत से जारी किया जाय और दूसरे अदालत में तामील के लिये भेजा जाय तो उस में जारी करने वाली अदालत का यह तसफिया करना काम है, कि तामील उस की बखूबी हुई या नहीं, (इ. ला. रि. कलकत्ता जि० २२ सफा ८८९).

जब तामील करने वाली अदालत समन को जारी करने वाली अदालत के पास इस रिपोर्ट के साथ वापिस करे, कि समन की बाजाब्ता तामील की गई, तो कयास यह किया जायगा कि तामीली जायज थी (इ. ला. रि बम्बई जि० १० सफा २०२)—इसी तरह अगर तामील करने वाली अदालत समन को इस रिपोर्ट के साथ जारी करने वाली अदालत के पास वापिस करे, कि समन की तामील बाजाब्ता नहीं की गई, तो यह कयास किया जायगा, कि तामील बाजाब्ता नहीं की गई—(इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द ३३ सफा ६४९)—मगर हाई कोर्ट कलकत्ता की यह राय है कि जारी करने वाली अदालत ऐसे जायज या गैर जायज तामील के कयास पर नहीं चलेगी उस को खुद इस बात का तसफिया करना चाहिये कि तामील जायज थी या गैर जायज—(इ. ला. रि. कलकत्ता जि० २२ सफा ८८९)—लेकिन इस राय से हाई कोर्ट अलाहाबाद ने इख्तलाफ किया—हाई कोर्ट अलाहाबाद की यह राय है कि बलिहाज कायदा ११ जारी करने वाली अदालत तामील करने वाली अदालत की रिपोर्ट को मान कर समन की तामीली बाजाब्ता या गैर जाब्ता जैसी रिपोर्ट हो, कयास करेगी—(इ. ला. रि. अलाहाबाद जि० ३३ सफा ६४९)

२४. अगर मुदायलेह जहल में कैद हो तो समन डाक के जरिये से या

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ९० से कायम हुआ है.

तामील सिविल अफसर सरकारी या मुलाजिम रेलवे या मुलाजिम हुकूमत मुकामी पर

२७ अगर मुदायलेह अफसर सरकारी हो (मगर मलिक मोअज्जम की फौज खुश्की या समुन्दरी या इन्डिया मरीन सरविस से तालुक न रखता हो) या किसी रेलवे कमपनी या हुकूमी मुकामी का मुलाजिम हो तो अदालत मुदायलेह पर समन तामील होने के लिये उस दफ्तर के अफसर के पास भेजेगी जिस में कि मुदायलेह मुलाजिम हो, अगर अदालत ऐसा करने में सहूलियत मालूम हो और समन की एक नकल मुदायलेह के रूबरू लेने के वास्ते उस के साथ भेजी जायगी

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ४२९ से कायम हुआ है

तामील सिपाही पर

२८ जब मुदायलेह फौजी सिपाही हो तो अदालत समन मय एक नकल वास्ते रूबरू लेने मुदायलेह के उस के कमान अफसर के पास भेजेगी

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ४६८ से कायम हुआ है

उस शख्स का काम जिस के हवाले समन तामील के लिये किया जाय

२९ (१) जब समन कायदा २४ कायदा २७ या कायदा २८ के रू से तामील के लिये किसी शख्स के हवाले किया जाय या उस के पास डाक के जरिये से भेजा जाय तो उस को लाजिम होगा कि, अगर मुमकिन हो, उस को तामील कराय, और अपने दस्तखत करने के बाद और मुदायलेह की रसीद लिखवा के उस को वापिस करे और उस का दस्तखत, ठीक तामील का सबूत समझा जायगा

(२) अगर किसी वजह से तामील मुमकिन न हो तो समन अदालत में मय पूरी कैफियत वजह अदम तामील और उन तदबीर के जो उस की तामील करने के लिये की गई, वापिस भेजा जायगा—और यह कैफियत समन की अदम तामील का सबूत तसव्वर होगी

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा, ८७, ८८, वो ४६८ से से कायम हुआ है

तामील समन की कमान अफसर को करना चाहिये (इ ला. रि १० मदरास सफा ३१९)—गो मुदायलेह एक्ट आरमी सन १८८२ के दफा १४४ के रिआयत का मुस्तहक है (इ ला. रि मदरास जिल्द ११ सफा ४७५)

समन के बदले जब

३० (१) अदालत को अख्तयार है कि बवजूद किसी इबारत जिस का जिकर पहले की दफाओं में किया गया है, समन के

जावे (बैरंग न भेजा जावे) और रजिस्ट्री करके भेजा जावे-एक समन इसी तरह बजरिये रजिस्टरी पूरा पता लिख कर और टिकट लगा कर मुद्दायलेह के नाम डाक से भेजा गया, मगर लिफाफा इंकार हो कर वापिस आया—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि तामील समन काफी थी—(देखो दफा २७ एक्ट आम जिमन न १० सन १८९७ ई० वो इ. ला रि. बम्बई जि० ३५ सफा २१३)

पहले यानी ११ मार्च सन १८९७ के पहले इकारी रजिस्टरी वापिस आने से यह समझा जाता था, कि समन की तामील काफी नहीं हुई मगर अब तारीख ११ मार्च सन १८९७ ई के बाद वैसे इकारी का कुछ असर नहीं होता, क्योंकि एक्ट आम जिमन तारीख ११ मार्च सन १८९७ ई. को अमल में आया —

२९ जब —
तामील रियासतों में मारफत पोलिटिकल ऐजन्ट या अदालत के

(क) अख्त्यारात मुल्क गैर की तामील में, जो मालिक मोअज्जम या नव्वाब गवर्नर जनरल बहादुर बइजलास कौंसिल को हासिल है, कोई पोलिटिकल ऐजन्ट मुकर्रर हुआ हो या कोई अदालत मुकर्रर हुई या कायम रखी गई हो, और उसे अख्त्यार ऐसे समन के तामील के हों, जिस को किसी अदालत ने इस मजमूआ के रू से किसी रियासत गैर में जहां मुद्दायलेह रहता हो जारी किया हो, या,

(ख) जब नव्वाब गवर्नर जनरल बहादुर बइजलास कौंसिल ने गजट आफ इंडिया में यह करार दे दिया हो कि समन मजकूर की तामील बतौर जायज शामिल के समझी जावे जो ऐसी अदालत वाके रियासत मजकूर के जरिये से की जाय, जो मुल्क गैर के अख्त्यार के रू से मुकर्रर न हुई हो और न कायम रखी गई हो

तो समन मुद्दायलेह पर तामील होने की गरज से पोलिटिकल ऐजन्ट के पास, या अदालत में डाक के जरिये, या और तरह पर भेजा जाय—और अगर पोलिटिकल ऐजन्ट या अदालत समन को उस के पीठ पर इबारत दस्त खती पोलिटिकल ऐजन्ट मजकूर या जज या दीगर अफसर अदालत के वापिस करे कि समन की तामील मुकर्रेरा तरीका से मुद्दायलेह पर कर दी गई तो वह इबारत, जो पीठ पर लिखी गई है, समन की तामील की शहादत समझी जायगी,

आर्डर—६.

प्लीडिंग याने बयानात आम तौर से.

१ प्लीडिंग से अरजीदावा या बयान तहरीरी मुराद है
प्लीडिंग

तशरीह:—यह कायदा नया है—आर्डर ७ वो कायदा न. १ वो आर्डर ८ के कायदा दो में वे बातें बतलाई गई हैं, जो अरजीदावी, और बयान तहरीरी में होना चाहिये.

मुद्दई का अरजीदावा मुद्दई का प्लीडिंग कहलाता है, [आर्डर न. ७]—मुद्दायलेह का जवाबदावा मुद्दायलेह का प्लीडिंग कहलाता है (आर्डर न ८)—चद सूरतों में मुद्दई अदालत की इजाजत लेकर बयान तहरीरी पेश करता है, या अदालत उस से बयान तहरीरी पेश करा सक्ती है—ऐसी सूरतों में मुद्दायलेह भा अदालत की इजाजत लेकर अपना दूसरा जवाबदावा पहले जवाबदावे के सिवाये पेश कर सक्ता है—(आर्डर न ८ कायदा ६)

२ हर प्लीडिंग में सिर्फ एक मुख्तसिर बयान उन वाकेआत जरूरी का दरज होना चाहिये जिन पर फरीक अपने दावा या जवाब देही के वास्ते जैसी सूरत होवे, भरोसा करना चाहता हो, लेकिन उस में वह शहादत दर्ज न होगी जिस्के जरिये से वे वाकेआत साबित किये जावें और अगर जरूरत होवे तो प्लीडिंग मजकूर फिकरों में तकसीम किया जावेगा जिन पर सिलसिलेवार नम्बर पडना चाहिये और तारीख और रकम और नम्बर हिंदसो लिखना चाहिये

प्लीडिंग म वाकेआत जरूरी मुकदमा जाहिर होना चाहिये और उन में सबूत दाखिल नहीं है

तशरीह—यह कायदा नया कायम किया गया है

प्लीडिंग में वाकेआत दरज होना चाहिये न कि कानून और ऐसे वाकेआत लिखे जावें जो मुकदमा के लिये जरूरी समझे जावें, कानूनी बहेस और वजूहात कामयाबी मुकदमा तहरीरी बयान में लिखना मुनासिब नहीं है.

जरूरी वाकेआत—इस बात का तसफिया कि जरूरी वाकेआत कौन

बदले एक खत, जिस पर जज के या किसी और ओहदेदार के दस्तखत हों जिस को जज ने उस काम के लिये मुकर्रर किया हो, मुदायलेह के नाम भेजे जब उस का रूतबा अदालत की समझ में ऐसे मरतबे के लायक हो.

(२) उस खत में, जो जिमन [१] की रू से समन के बदले भेजा जाय, वह तमाम अमूरात दरज होंगे जो समन में दरज होना चाहिये, और जिमन [३] में दरज किये हुए अहकाम को बचाकर वह कुल सूरतों में बतौर समन समझा जायगा

(३) जो खत समन के बदले भेजा जाय, चाहे डाक के जरिये से या मारफत कासिद (खबर ले जाने वाले) खास जिसे अदालत मुन्तखिब करे [चुने] या और किसी तरीके से जो अदालत के नजदीक मुनासिब हो, मुदायलेह के पास भेजा जायगा—और जब कि मुदायलेह ऐसा कोई ऐजन्ट रखता हो जो समन लेने का मजाज हो तो वह खत उस ऐजन्ट के हवाले किया जाय या बजरिये डाक उस के पास भेजा जाय

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ९१ वो ९२ से कायम हुआ है

खास दूत हुक्मनामा दीवानी की तामीज रियासत गैर में करने के लिये, नहीं भेजा जा सक्ता—(बी. रि जिल्द १० सफा ३४९)

दूसरी जरूरी बातें भी जहां जरूर हैं दरज की जा सकती हैं

४ कुल सूरतों में जिन में प्लीडिंग पेश करने वाला फरीक किसी गलत बयानी या फरेब या धोका देना या जान बूझ कर चूकी करना या दबाव नाजायज के उजरात पर भरोसा करे और कुल दीगर सूरतों में जिन में नमूने मजकूर में दरज की हुई बातों के सिवाय और बातों का भी लिखना जरूरी हो तो ऐसी दूसरी बातें भी (मय तारीख और रकम के अगर जरूरत हो) प्लीडिंग में दरज होना चाहिये

तशरीह:—यह कायदा नया है और इस गरज से यह कायदा कायम किया गया है कि अदालत को साफ तौर पर इस अमर की इत्तला मिल जावे कि फरीक का मुकदमा किस किस्म का है और फरीक सानी को भी मालूम हो जावे कि उसे कौन से मुकदमा की जवाब देही करना पड़ेगा

जब कि एक आम हिसाब को दावा किया गया है तो उन रकमों की तफसील जिन को मुद्दई कहता है कि मुद्दायलेह ने अपने काम में ले आया बतलाना जरूर नहीं है (इ. ला रि कलकत्ता जि० ७ सफा १६६).

नालिश हरजाना निसबत पहुचाने जरर में किस्म जरर यानी नुकसानी चाहिये (१३ बांकी रिपोर्ट सफा २४८).

प्लीडिंग जिस में फरेब का इलजाम लगाया जाय उस में आम बयान होना चाहिये, अलफाज कितने ही सख्त हों उस पर लेहाज नहीं हो सकता (इ ला रि कलकत्ता जिल्द १५ सफा ९३३ प्रीवी कौंसिल).

गलत बयानी:—सबे हालात और वाकेआत का फरीक सानी को न जाहिर करना, बयान फरीक में यह लिखा जाना चाहिये कि किस ने व कब व किस जगह वो किस को ऐसा गलत बयान किया और यह भी कि आया वैसी गलत बयानी तहरीरी थी, या जबानी

फरेब—यह एक आम लफ्ज है जिस का मतलब हर कोई समझ सकता है—उस लफ्ज की कानूनी तारीफ के वास्ते एक्ट माहदा की दफा १७ को देखो—धोखा यानी जब कोई शख्स किसी दूसरे आदमी की इमान्दारी पर एतबार वो भरोसा रखता हो और यह आदमी किसी मामले में धोका देदेवे जिस से भरोसा रखने वाले शख्स को नुकसान पहुचे

चूकी करना.—यानी जब कोई शख्स किसी काम के करने का जोखा अपने सिर पर लेवे या मुकर्रर वक्त पर कोई काम करने या रूपया की अदाई करने

कौन से समझे जावें, हर एक मुकदमें के हालत पर लेहाज करके होना चाहिये—कोई आम कायदा इस बारे में मुकर्रर नहीं किया जा सक्ता है—लेहाज इस अमर पर रखना चाहिये कि हर एक वाकेआत जो किसी फरीक के मुकदमा जीतने के वास्ते जरूरी मालूम पड़े वह साफ तौर पर बयान करना चाहिये—अरजी दावी से दावी की बुनयाद अच्छी तरह जाहिर होना चाहिये, और बयान तहरीरी से मुद्दायलेह के उजरात साफ तौर पर समझ में आना चाहिये—जब कोई फरीक किसी माहदा यानी ठहराव के मौजूद होने से इकार करना चाहे और कानून की रू से उसका नाजायज होना भी बयान करता है तो उसे अपने बयान में यह लिखना लाजमी होगा कि वह माहदा किस सबब से नाजायज है

फरीक का मुरत्तिब बयान साफ और खुलासावार होना चाहिये, बहुत लम्बा चौड़ा न होना चाहिये, वरना अदालत उसकी वापसी या नामजूरी का हुक्म दे सक्ती है

आर्डर न. ६ में प्लीडिंग का जिकर है, आर्डर न. ७ में अरजीदावा का वो आर्डर न ८ में बयान तहरीरी वो जवाबदावा का—

इस कायदा में प्लीडिंग की निस्बत बताया गया है कि नीचे लिखी चार बातें जरूरी है—

(१) हर प्लीडिंग में वाकेआत का न कि कानून का जिक्र होना चाहिये,

(२) उसमें जरूरी वाकेआत को सिर्फ जरूरी वाकेआत का जिक्र होना चाहिये

(३) उसमें सिर्फ ऐसे वाकेआत का जिक्र होना चाहिये जिन पर फरीक अपने दावा या जवाब देही का भरोसा रखता है सबूती की शहादत का जिकर नहीं होना चाहिये.

(४) वाकेआत का बयान मुख्तासिर होना चाहिये,

प्लीडिंग के नमूने

३ वह नमूना जो जमीमा (क) में दरज है अगर लागू हो, और अगर लागू न हो तो दूसरे नमूने करीब २ उसी तरह के प्लीडिंग के वास्ते काम में लाय जाना चाहिये

तशरीह —यह कायदा नया है—बयान तहरीरी या अरजीदावी का मजमून लिखते वक्त वे कुल नमूने देखना चाहिये जो इस दफा में लिखे हुऐ जमीमा में दर्ज है.

दूसरी जरूरी बातें भी जहां जरूर हो दरज की जा सकती हैं

४ कुल सूरतों में जिन में प्लीडिंग पेश करने वाला फरीक किसी गलत बयानी या फरेब या धोका देना या जान बूझ कर चूकी करना या दबाव नाजायज के उजरात पर भरोसा करे और कुल दीगर सूरतों में जिन में नमूने मजकूर में दरज की हुई बातों के सिवाय और बातों का भी लिखना जरूरी हो तो ऐसी दूसरी बातें भी (मय तारीख और रकम के अगर जरूरत हो) प्लीडिंग में दरज होना चाहिये

तशरीह:—यह कायदा नया है और इस गरज से यह कायदा कायम किया गया है कि अदालत को साफ तौर पर इस अमर की इत्तला मिल जावे कि फरीक का मुकदमा किस किस्म का है और फरीक सानी को भी मालूम हो जावे कि उसे कौन से मुकदमा की जवाब देही करना पड़ेगा.

जब कि एक आम हिसाब को दाखिल किया गया है तो उन रकमों की तफसील जिन को मुद्दई कहता है कि मुद्दायलेह ने अपने काम में ले आया बतलाना जरूर नहीं है (इ ला रि कलकत्ता जि० ७ सफा १६६).

नालिश हरजाना निसबत पहुचाने जरर में किस्म जरर यानी नुकसानी चाहिये (१३ वीकली रिपोर्ट सफा २४८).

प्लीडिंग जिस में फरेब का इलजाम लगाया जाय उस में आम बयान होना चाहिये, अलफाज कितने ही सख्त हों उस पर लेहाज नहीं हो सक्ता (इ ला. रि कलकत्ता जिल्द १५ सफा ९३३ प्रीवी कौंसिल).

गलत बयानी.—सबे हालात और वाकेआत का फरीक सानी को न जाहिर करना, बयान फरीक में यह लिखा जाना चाहिये कि किस ने व कब व किस जगह पर किस को ऐसा गलत बयान किया और यह भी कि आया वैसी गलत बयानी तहरीरी थी, या जबानी.

फरेब—यह एक आम लफ्ज है जिस का मतलब हर कोई समझ सक्ता है—उस लफ्ज की कानूनी तारीफ के वास्ते एक्ट महदा की दफा १७ को देखो—धोखा यानी जब कोई शख्स किसी दूसरे आदमी की इमानदारी पर एतबार वो भरोसा रखता हो और यह आदमी किसी मामले में धोका देदेवे जिस से भरोसा रखने वाले शख्स को नुकसान पहुचे

चूकी करना—यानी जब कोई शख्स किसी काम के करने का बोझा अपने सिर पर लेवे या मुकर्रर वक्त पर कोई काम करने या रूपया की अदाई करने

उस के लाजिम होगा कि कुल शरायत मुकदमे की तामील और वकू का एक बयान, जो मुद्दई या मुद्दायलेह के मुकदमा में जरूरी हों, उस की प्लीडिंग से समझा जाय

तशरीह.—यह कायदा नया कायम किया गया है

(अ) ठेके दार ने (ब) का मकान बनाने का ठेका लिया, और इकरारनामा लिखा इकरारनामा में एक शर्त यह थी, कि ठेकेदार को दाम (ब) के ओवर-सियर के तसदीक पर मिलेगा, यानी, जब ओवर सीयर यह तसदीक कर दे कि ठेकेदार ने इतना काम किया, वो इतना पैसा मिलना वाजिब है, तब उतने काम का पैसा मिलेगा ठेकेदार ने मकान पूरा बनाने पर पैसा मागा—(ब) ने पैसा देने से इकार किया—ठेकेदार ने (ब) पर ९००० रूपये की नालिश दायर किया—ऐसी नालिश में ओवर सियर की तसदीक बतौर शर्त मुकदमे की समझी जावेगी, और उस शर्त को साफ तौर पर अरजीदावा में बतलाना जरूर नहीं है, वैसी शर्त का मतलब प्लीडिंग से निकलेगा अगर मुद्दायलेह वैसी शर्त की तामील पर अपनी जवाब देही करना चाहता है तो उसे चाहिये कि वह वैसी शर्त का उजर अपने जवाबदावा में तहरीर करे, और यह लिखे कि ओवर सियर ने तसदीक नहीं किया है अगर मुद्दायलेह वैसा उजर अपने जवाबदावा में न करे, तो यह कयास किया जायगा, कि शर्त की तामील हो चुकी है—अगर मुद्दायलेह यह उजर करे कि शर्त की तामील नहीं हुई तो तामील शर्त की सबूती का बोझा जिम्मे ठेकेदार, यानी, मुद्दई होगा

७ सिवाय बतौर तरमीम के, किसी प्लीडिंग में कोई नया बिनाय फर्क करना दावी दर्ज नहीं किया जायगा, और न उस में कोई अमर वाकेआ, जो फरीक प्लीडिंग के साबिक प्लीडिंग के खिलाफ हो, बयान किया जायगा

तशरीह —यह कायदा नया है—इस कायदा के रू से किसी फरीक मुकदमा को अपने पहले बयान के बरखिलाफ कोई नया उजर पेश करने की इजाजत न दी जावेगी सिवाय उस सूरत में कि जब फरीक मजकूर अदालत की इजाजत से अपने पहले बयान को तरमीम करावे

मुद्दई पहले अपना अरजीदावा पेश करता है, उस पर मुद्दायलेह अपना जवाबदावा पेश करता है, इस के बाद मुद्दई या मुद्दायलेह बहुत कम अपने

तहरीरी बयान पेश करने हैं—अगर अदालत के इजाजत से वह ऐसा बयान दुबारा पेश करे (देखो आर्डर न. ८ कायदा ९)—तो ऐसे बयान में कोई बात खिलाफ पहले अरजीदावा या जवाबदावा के न होना चाहिये.

माहदे के इकारी

८ जब किसी प्लीडिंग में किसी माहदा का बयान दर्ज हो, और फरीक सानी की तरफ से उस के निस्बत सिर्फ इंकार किया जाय, तो वैसी इकारी दरअसल बयान किये हुए साफ माहदा या उन अमूरात वाकेआती के निस्बत समझी जायगी जिन से वह माहदा जाहिर होता है, और न कि माहदा मजकूर के जायज या नुक्स कानूनी के बारे में

तशरीह:—यह कायदा नया कायम किया गया है—अगर कोई फरीक यह उजर पेश करे कि कानून की मनशा के मुताबिक माहदा यानी ठहराव जिस पर फरीकसानी जोर देता है नाजायज वो गैर काफी है तो ऐसा उजर सफाई के साथ अदालत में पेश करना चाहिये. किसी माहदा का सिर्फ इंकार करना एक वाकेआती समझा जायगा

अगर माहदा खिलाफ कानून या रद्दी होवे, तो उस की निस्बत उजर प्लीडिंग में साफ तौर से करना चाहिये, सिर्फ माहदे से इकार करना काफी न होगा—अगर वैसा उजर साफ तौर पर न किया जाय, तो तजवीज के वक्त उस के निस्बत शहादत नली जायगी—मसलन, (अ) ने (ब) पर एक माहदा के रू से नालिश किया—(ब) ने, अपने जवाबदावा में उस माहदा से सिर्फ इंकार किया, तो ऐसी इंकारी से यह मतलब समझा जायगा, कि दरअसल कोई ठहराव नहीं हुवा था—उस इकारी से यह मतलब न निकाला जायगा, कि वैसा ठहराव नाजायज था—नतीजा यह होगा, कि अगर [अ] ने वैसा माहदा साबित किया, तो फिर [ब] को पेशी के वक्त यह उजर करने की इजाजत न मिल सकेगी, कि वह उस माहदे को बतौर सट्टा या फाटका बतला कर उसे रद्दी करार देवे—उसे चाहिये था, कि वह उस की निस्बत पहिले पहल अपने जवाबदावा में यह उजर साफ तौर पर करता, कि वह फाटका है—लेकिन अगर कोई माहदा खिलाफ कानून या नाजायज हो, और गो मुद्दायलेह उस की निस्बत उजर करे, या न करे, ताहम अदालत की तरफ से वैसे माहदा की तामील नहीं कराई जा सकेगी (कुईंस बेंच जिल्द २ ...

९ जब किसी दस्त... जरूरी मुकदमा

अमर दस्तावेज का बयान किया जायगा

के हो, तो यह काफी होगा कि किसी प्लीडिंग में, जहां तक मुमकिन हो, मुख्तसिर तौर पर बगैर बयान करने कुल या मजमून मजकूर के, सिर्फ उस मजमून का असर बयान किया जाय [illegible] उस सूरत में कि जब दस्तावेज या उस के किसी जुज के [illegible] अमर मुकदमा हो

तशरीह —यह कायदा नया कायम किया गया है.

इस कायदा का मतलब यह है, कि दस्तावेज का [illegible] प्लीडिंग में बयान करने की जरूरत नहीं है, सिर्फ उस [illegible] किया जावे—हतक इज्जत की नालिश में वह ठीक [illegible] जाहर होती हो बयान करना चाहिये.

अदालत इल्म वगैरा

१० जब किसी शख्स की अदावत या [illegible] या उस के दिल की [illegible] तो सिर्फ अदावत या फरेब मिला हुआ [illegible] के बयान कर देना काफी होगा बगैर बयान [illegible] मतलब निकल सक्ता हो

तशरीह —यह कायदा नया [illegible]

यह कायदा और कायदा ११ [illegible] से, निस्बत इस अमर के, कि [illegible] किये जायगे प्लीडिंग में नहीं [illegible]

अदावत—जब [illegible] दावीदार हो जायज यानी [illegible] होने की वजह से [illegible] जब मुद्दायलेह का [illegible] एक तीसरे शख्स [illegible] में अदावत [illegible] नजीर जिल्द २ [illegible]

इल्म—[illegible] उसे [illegible] करने के [illegible]

करना चाहिये, कि मालिक को जोखम का इल्म था और नौकर को वैसा इल्म न था—(कुईंस बेंच डिवीजन जिल्द १३ सफा २५९).

इसी तरह कुत्ते के काटने से हरजाना की नालिश में मुद्दई को यह बयान वो सबूत करना चाहिये, कि मुद्दायलेह को यह इल्म था, कि उस के कुत्ते ने मुद्दई को काटने के पहले किसी दूसरे शख्स को भी काटा था या काटने का इकदाम (प्रयत्न) किया था—(कुईंस बेंच जिल्द २ सफा १०९)

नोटिस

११ जब यह जाहिर करना जरूरी हो कि किसी अमर वाकेआ या चीज के निसबत किसी शख्स को नोटिस दिया गया, तो उस नोटिस को बतौर यह अमर वाकेआ के बयान करना काफी होगा, तावक्के कि उस नोटिस का फार्म या उस की ठीक शरायत या वे हालात जिन में वह नोटिस समझा जा सक्ता हो अमूर जरूरी मुकदमा न हों

तशरीह:—यह कायदा नया कायम किया गया है

नोटिस यानी इत्तला के बारे में अहकामात एक्ट इन्तकाल जायदाद की दफा ३ में वे एक्ट अमानत की दफा ३ में और कानून माहदा की दफा २२९ में दर्ज हैं.

अदालत किसी फरीक को बयान करने का हुक्म दे सक्ती है कि नोटिस किस तरह कब किसी शख्स को मिला था; माहदा यानी ठहराव की खास तामील करा पाने की नालिश में नोटिस दिये जाने का बयान दर्ज करना जरूर है उस हालत में कि जब कोई एक दूसरा मुन्तकिल अलेह जायदाद का मुद्दायलेह बनाया गया हो

जब नोटिस बिनाय मुखासमत का जुज होवे, तो वह बतौर वाकेआ के बयान किया जावे, मसलन, सेक्रेटरी आफ स्टेट फार इंडिया नालिश रूजू करने का नोटिस (दफा ८०), या रेलवे कम्पनी पर या म्यूनिसिपालटी पर नालिश चलाने का नोटिस या इन्डी न सिकार ने का नोटिस या काश्तकार को जमीन छोड़ने का नोटिस, वगैरा—नोटिस का पूरा मजमून लफ्ज ब लफ्ज अरजीदावा में लिखना जरूर नहीं है.

मानती महादा या ताल्लुक

१२ जब कोई माहदा या कोई ताल्लुक दरम्यान किसी शख्सों के खतों के सिलासिले, या बात चीत या कई हालतों से दीगर तौर से समझे जाने का मतलब हो, तो ऐसे माहदा या ताल्लुक मजकूर को बतौर एक वाकेआ के बयान करना, और ऐसे खतों या बात चीत या हालतों का, वगैर तफसील देने के, आम तौर से जिकर करना काफी होगा—और

अगर ऐसी सूरत में उस शख्स को जो बयान करे, बजाय माहदा या ताल्लुक के जियादा माहदों और ताल्लुकों पर भरोसा करना मन्जूर हो, जो हालात मजकूर से समझा जाये तो उस को अखत्यार होगा कि उन्हें ऐवजन (बदले में) बयान करे

तशरीह —यह कायदा नया कायम किया गया है

माहदा दस्तावेज के रू से जाहर हो सक्ता है, ऐसा माहदा सरीह (साफ) माहदा कहलायगा, वो कायदा ९ के माफिक उस का असर बयान करना चाहिये, अगर माहदा सरीह न हो, बलकि उस का मतलब चिट्ठी पत्री से या बात चीत से या दीगर हालतों से निकले तो इस यानी कायदा १२ के माफिक वैसे माहदा को बतौर अमर वाकेआ के चिट्ठी पत्री या बात चीत या दीगर हालतों का सिर्फ हवाला देकर, तफसील न देकर, बयान करना चाहिये कभी २ माहदा का मसौदा बन कर तैयार हो जाता है, मगर, पक्के कागज पर वह लिखा नहीं जाता है, और फरीकैन उस माहदा के रू से आपस में बरताव करते हैं, तो ऐसी हालत में फरीकैन वैसे माहदा के पाबन्द हो सक्ते हैं—(अपील केसेस जि. २ सफा ६६६)

१३ यह जरूर नहीं है कि कोई फरीक किसी प्लीडिंग में वह अमर वाकेआ जाहिर करे जिस्का कियास कानून के रू से उस के हक में हो सकता है, या जिस्का बार सबूत फरीक सानी पर हो—सिवाय उस सूरत में कि जब उस की तरफ से पहलेही खास तौर से इन्कार किया गया हो (मसलन, मावजा बायत बिल आफ एक्सचेंज के जब कि मुद्दई सिर्फ ऐसे बिल आफ एक्सचेंज की बिना पर नालिश करे और न कि वास्ते मावजा बतौर बिनाय दावी असली के)

कानून का कियास

तशरीह.—यह कायदा नया कायम किया गया है.

जब मुद्दई हुन्डी की निस्बत नालिश करे, तो अरजीदावा में हुन्डी के बदल का लिखना जरूर नहीं है, क्योंकि हुन्डी का बदल अदालत उसके हक में कयास करेगी (देखो दफा ११८ एक्ट दस्तावेजात काबिल मुन्तकिली न २६ सन १८८१)—हुन्डी बिला बदल की थी, यह साबित करना जिम्मे मुदायलेह होगा—

१४ हर प्लीडिंग पर फरीक और उस्का वकील (अगर कोई वकील प्लीडिंग पर दस्तखत करेगा हो) दस्तखत करेगा मगर शर्त यह है कि जब प्लीडिंग करने वाला फरीक गैर हाजरी की वजह से या और किसी माकूल सबब से

प्लीडिंग पर दस्तखत नहीं कर सके, तो वह शख्स उस पर दस्तखत करेगा जो उस्की तरफ से प्लीडिंग मजकूर पर दस्तखत करने या नालिश या जवाब देही करने के वास्ते वाजाप्ता मजाज करार दिया गया हो

तशरीह:—यह कायदा उन मामलात से लागू नहीं है जो आर्डर २९ के कायदा १ में आते हैं (इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द २१ सफा ६० प्रीवी कौंसिल)

इस कायदे के बमूजिब यह बात जरूरी है कि दस्तखत होने के पेश्तर अरजीदावा मौजूद रहना चाहिये (इ. ला. रि. अलाहाबाद जि १५ सफा ६०).

सिर्फ इस अमर से, कि अरजीदावा पर उस मुद्दई के दस्तखत नहीं है जिस्का नाम उस में दरज है या उस शख्स के जिस को उसने इस बारे में अखत्यार दिया हो, अरजीदावा पूर तौर से नाजायज नहीं है, यह उजर मुद्दायलेह छोड़ सक्ता है या अगर जरूरत हो तो मुकदमें के किसी नौबत पर जरिये तरमीम अरजीदावी दुरुस्त करा लिया जा सक्ता है (इ ला. रि अलाहाबाद जि० २२ सफा ५५)

ऐसा कोई कायदा नहीं है जिसमें यह हुक्म हो कि वह शख्स जिस्का नाम मुद्दईयों में दर्ज न हो जब तक कि वह अरजीदावा पर दस्तखत न करे, मुद्दई तसव्वर नहीं हो सक्ता है (इ. ला. रि कलकत्ता जि० १७ सफा ५८२ प्रीवी कौंसिल)

अरजीदावा न लिखना ऐसा नुक्स नहीं समझा जावेगा, कि जिस से रूईदाद मुकदमा या अखत्यार अदालत पर असर पड़े—अदालत अपील अदालत मातहत की डिक्री पर सिर्फ वैसे नुक्स की वजह से दरतनदाजी न करेगी (इ. ला ला. रि. अलाहाबाद जि० २२ सफा ५५)—देखो दफा ९९.

१५ [१] खास सूरतों को छोड़ कर हर प्लीडिंग के नीचे फरीक, या मिनजुमला फरीकैन प्लीडिंग करने वाले के एक फरीक या कोई और शख्स जिस का मुकदमे के वाकेआत से वाकिफ होना अदालत के इतमीनान के मुवाफिक साबित हुआ हो, उस को तसदीक करेगा.

तसदीक प्लीडिंग की

[२] तस[illegible] में दिये हुये फिकरों का हवाला

दे कर इस बात को ठीक तौर से बयान करेगा, कि किस बात की तसदीक वह अपने इल्म से करता है और किस की तसदीक और लोगों के बयान और अपने यकीन से करता है

[३] इबारत तसदीक पर तसदीक करने वाले के दस्तखत होंगे, और दस्तखत की तारीख और मुकाम लिखा जायगा

तशरीह—इस कायदा की रू से प्लीडिंग पर तसदीक वह शख्स करेगा जो फरीक मुकदमा हो या जो फरीकैन में से एक होने या जो मुकदमा के हालात से वाकफियत रखता हो.

बम्बई हाई कोर्ट ने ऐसे वकील को, कि जो नाबालिग मुद्दई के वली (यानी मा) की तरफ से मुकर्रर किया गया था अरजी दावो पर दस्तखत जो तसदीक करने का मजाज समझा (इ ला रि बम्बई जिल्द ६ २४ सफा २३८)

तसदीक उस शख्स को करना चाहिये जो वाकेआत मुकदमा से वाकिफ हो (इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द ६ सफा १८८)

जब अरजी दावा में कई बयान निसबत फरेब के हैं और उस में से कुछ सही या कुछ गलत मुद्दई के इल्म में हों तो मुद्दायलेह खुद मुद्दई से अरजी की तसदीक करा सक्ता है (इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द ९ सफा ५०५)

जब तसदीक में नुक्स है तो वह तरमीम नहीं की जा सक्ती है (इ ला. रि. अलाहाबाद जिल्द २० सफा ४४२)

अरजीदावा जिस पर तसदीक नहीं है रद्दी कागज नहीं समझा जा सक्ता (इ. ला रि अलाहाबाद जिल्द २२ सफा ५५) और इसी तरह से बयान तहरीरी भी (११ कलकत्ता वीक्ली नोट सफा ८७१)

अगर तसदीक झूट पाई जाय तो मुकदमा खारिज नहीं किया जा सक्ता (२४ वीक्ली रिपोर्ट सफा ७१).

तसदीक नुक्स वाली समझी जावेगी, अगर उससे यह जाहर न हो कि कौन २ सी बातें तसदीक करने वाले के खुद इल्म से सही हैं, और कौन २ सी बातें उसका दूसरे शख्सों के बयान करने से और उन पर यकीन करने से मालूम हुई—(इ ला. रि अलाहाबाद जि० १८ सफा ३ ९६)—

१६ अदालत कार्रवाई की किसी मोयत पर हुक्म दे सक्ती है कि प्लीडिंग का खारिज करना फलानी बात जो प्लीडिंग में दर्ज है जो गैर जरूरी या

तोहमत मिली हुई हो, या जिस से मुकदमा के इंसाफ के साथ तजवीज में नुकसान या खलल या ढील पहुच सकी है, खारिज या तरमीम की जाय

तशरीह:—यह कायदा नया है—इस कायदा के मुताबिक हुक्म किसी वक्त हो सक्ता है मगर दरखास्त जब्द और प्लीडिंग बंद होने के पेश्तर देना चाहिये.

अगर प्लीडिंग अदालत के नजदीक बेअदब जान पड़े तो वह खारिज कर दी जा सक्ती है—(इ. ला. रि मदरास जिल्द २२ सफा १९५)—

अपने जवाब देही के बयान करे कि जिन को बयान न करने से शायद मुखालिफ फरीक को परेशानी होगी या जिन से ऐसे अमूर तनकीह तलब मुताल्लुक वाकेआ पैदा हों कि जिन का अरजीदावा में जिकर न हो, जैसे फरेब या गुजर जाने मियाद समाअत, या इनफिकाक रहन, या किसी शै की अदाई, या किसी माहदा की तामील, या ऐसे वाकेआत जिन से बेजाब्तगी जाहिर हो

तशरीह—यह कायदा नया है.

मुकदमा बेदखली में कोई मुद्दायलेह जो मुद्दई के हक वो काश्तकारी से इन्कार करता है, और तीसरे शख्स के तरफ से कबजा बयान करता है, तो वह छोड़ देने के बाबत नोटिश न दिये जाने का उजर नहीं पेश कर सकता (१७ मदारास ला जरनल सफा २८७)

जब कोई मामला बिला बदल हो तो इस बात का उजर साफ तौर से करना चाहिये (इ ला. रि अलाहाबाद जि० २७ सफा २८९)

जो फरीक दस्तावेज को तहरीर करता है उसे यह साबित करना लाजिम होगा कि उस ने मावजा याने बदल दस्तावेज का नहीं पाया (इ ला रि कलकत्ता जि० २३ सफा ९५०)—सिवाय उस सूरत में कि जब मजमून दस्तावेज निसबत पाने मावजा झूटा साबित कर दिया जाय (कलकत्ता वीक्ली नोट जि० ४ सफा ८२)—लेकिन बमुकाबले गैर शख्सों के जो फरीक दस्तावेज न हो मावजे का दिया जाना वह शख्स साबित करेगा कि जिस के हक में दस्तावेज लिखा गया (इ. ला- रि अलाहाबाद जि० १७ सफा ४२८)

कोई अजनबी शख्स ऐसे बैनामे के निसबत कि जो जायदाद के सच्चे मालिक ने लिख दिया, इस बिना पर एतराज नहीं कर सकता, कि बै का मावजा नहीं दिया गया (इ ला रि अलाहाबाद जि० २७ सफा २७१ वो कलकत्ता वीक्ली नोट जि० ९ सफा ४७७)

फरेब —देखो आर्डर न, ६ कायदा ४

बेजाब्तगी —देखो आर्डर न ६ कायदा ८.

३ मुदायलेह के लिये सिर्फ यह काफी नहीं होगा कि अपने इन्कार खास तौर पर करना चाहिये बयान तहरीरी में आम तौर से उन वजूहात नालिश से इन्कार करे, जो मुद्दई की तरफ से बयान की जाय बलकि मुदायलेह को चाहिये कि हर बयान वाकेआ के निस्बत जिन की सचाई वह कबूल न करता

में नहीं आया, और इकबाल न करना उस वक्त कहा जायगा कि जब उस की जानिबकारी में कोई वाकेआ वकूअ में नहीं आया—पस ऐसी सूरत में हर एक फरीक को यह बात साफ कह देना चाहिये कि वह कितनी बातों के निस्बत ऐतराज करता है, और कितनी बातों को कबूल करता है.

इस कायदा का मतलब यह है कि:—

(१) अगर मुद्दायलेह अपने जवाब दावे में अरजीदावा के वाकेआ को कबूल करता है तो उस के बार में सबूती देना मुद्दई को जरूर न होगा और न उस की तनकीह निकाली जावेगी

(२) अगर उस ने साफ तौर पर इंकार किया, या उस की इकारी मतलब से निकलती है तो मुद्दई को सबूती देना जरूर होगा—और उस की तनकीह निकाली जावेगी.

(३) अगर मुद्दायलेह सिर्फ यह कहे कि वह किसी वाकेआ को तसलीम नहीं करता है तो उस की निस्बत यह समझा जावेगा कि मुद्दायलेह ने कबूल किया, और उस की सबूती करना या तनकीह निकालना दरकार न होगा—मगर इस तरह के बतौर कबूल समझे, वाकेआ की निस्बत अदालत को अखत्यार है कि उस की सबूती इकबाल के सिवाय दीगर तौर पर लेवे.

(देखो अखीर फिकरा शर्त का)

यह शर्त का फिकरा दफा ५८ एक्ट शहादत के अखीर फिकरा से लिया गया है—पेशी के वक्त मुद्दई को अखत्यार नहीं है कि वह कोई ऐसा बयान करे जो उस के अरजीदावा के मजमून के मुताबिक न हो और न मुद्दायलेह को अखत्यार है कि वह कोई ऐसा बयान करे जो उस के जवाबदावा के मजमून के मुताबिक न हो (इ ला. रि. बम्बई जिल्द ४ सफा ३७३)—मगर खास हालतों में मुद्दायलेह को अखत्यार है कि अगर वह अरजीदावा के किसी वाकेआ जवाब अपने जवाबदावा में लिखने को भूल गया है तो पेशी के वक्त वह वैसा जवाब दे सक्ता है—(इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द ११ सफा २५).

६ (१) जब किसी मुकदमा में, जो वास्ते दिलाने जर नकदी के हो,

मुजरा तलब की तफसील बयान तहरीरी में दर्ज होना चाहिये

मुदायलेह को यह दावा हो कि उस का कोई मतालबा मुकर्ररा जुर नक्द का जो उसे जायज तौर पर मुद्दई से पाना है, और जो अदालत के अख्त्यारात नक्दी से बढ़ कर न हो, और दोनों फरीक की वही हैसियत हो जो मुद्दई के दावा में उन को हासिल है, तो मुदायलेह मुकदमे के अव्वल पेशी के वक्त एक बयान तहरीरी जिस में उस के मतालबा मुजरा तलब की तफसील हो, दाखिल करे लेकिन पेशी मजकूर के बाद किसी और वक्त पर दाखिल न कर सकेगा सिवाय उस सूरत के कि जब अदालत से उस के लिये इजाजत मिले

[२] ऐसा बयान तहरीरी वैसी ही असर रखेगा कि मानो मुदायलेह के तरफ से अरजीदावा दायर हुआ था, ताकि अदालत को अख्त्यार होगा कि असल दावा और उस के मुकाबले के मुजरा दिलाने के दावा दोनों के निसबत एक ही मुकदमा में फैसला कतई सादिर करे, लेकिन डिकरी पाई हुई रकम पर जो हक किसी वकील का, बाबत उस खर्चों के हो जो डिकरी के वसूलिब उस को पाना हो, उस पर वह फैसला असर न डालेगा

[३] मुदायलेह के बयान तहरीरी के मुताल्लुक के कायदे उस बयान तहरीरी से भी मुताल्लुक होंगे जो मुजरा दिलाने के दावा के जवाब में हो.

तमसीलें.

(क) (क) ने (ख) को दोहजार रूप्या वसीयत किये, और (ग) को अपना वसी और मुसालहु बाकीमादा का यानी बाकी बची जायदाद का लेने वाला करार दिया (ख) फोत हुआ, और (घ) ने चिट्ठी अहतेमाम तरका (ख) की हासिल की, और (ग) ने १०००) रू० (घ) को बाबत जमानत अदा किये बाद को (घ) ने (ग) पर वसीयती रू० बाबत के नालिश की [ग] वसीयती रू० में से एक हजार रू० बाबत कर्जा के मुजरा नहीं पा सका है, क्योंकि (ग) और [घ] की जो हैसियत निसबत अदा करने मुबलिग एक हजार रू० के है, वही माल वसीयत के निसबत नहीं है

(ख) (क) बिला करने वसीयत और (ख) का कर्जदार मर गया (ग) ने चिट्ठी अहतेमाम तरका की हासिल की, और (ख) ने उस जायदाद का कुछ हिस्सा (ग) से खरीद किया, पस जो नालिश मिनजानिब (ग) बनाम (ख) बाबत जर समन के हो उस में (ख) उस कीमत में से, अपना कर्जा मुजरा नहीं पा सका है, क्योंकि यहां (ग) की दो हैसियत अलग अलग हैं एक हैसियत बेचने वाला होने की बमुकाबले [ग] के जिस में कि वह (ख) पर नालिश करता है और दूसरी हैसियत कायम

मुकाम (क) की है

(ग) (क) ने (ख) पर बिल आफ इक्सचेंज के जरिये से नालिस की (ख) बयान करता है कि (क) ने (ख) के माल के बीमा कराने में नाजायज गफलत की, और वह जिम्मेदार मावजा का है जो मुजरा होने चाहिये-जो कि इस मामले में मुजराई की रकम ठीक मालूम नहीं है इस लिये मुजरा नहीं दिलाई जा सकती

(घ) (क) ने (ख) पर बिल आफ इक्सचेंज के जरिये से पांच सौ रू० की नालिश की और (ख) के पास एक डिकरी बनाम (क) १०००) रू० के बावत है-जो कि यह दोनों दावी बावत रकम तहकीक नक्दी रू० की है इस लिये एक दूसरे के मुकाबले में मुजरा दिलाया जा सकता है,

(ङ) (क) ने (ख) पर मदाखलत बेजा के हरजा की नालिश की-[ख] के पास एक प्रामेसरी नोट एक हजार रू० का [क] का लिखा हुआ है और वह यह दावा करता है कि जो रु० (क) को इस नालिश में दिलाया जाय उस में से यह रकम मुजरा की जाय-(ख) ऐसा कर सकता है इस वास्ते कि जब (क) का रु० दिलाया जायगा तब दोनों रकमें जर नक्द की मुकर्रर हो जायगी

(च) (क) और (ख) ने मिल कर एक हजार रू० की नालिश [ग] पर की—(ग) ऐसा कर्जा जो अकेले उस का [क] के जिम्मे है मुजरा नहीं पा सकता है

(छ) [क] ने [ख] और (ग) पर एक हजार रू० की नालिश की (ख) ऐसा कर्जा जो अकेले उस को (क) से मिलना है मुजरा नहीं पासकता है

(ज) (क), [ख] और [ग] की कोठी शराकती का एक हजार रू० का देनदार है-(ख), (ग) को छोड़ कर मर गया-[क] ने (ख) पर बावत कर्जा तादादी पदरा सो रू० कि, जिस का [ग] बजात खास देनदार था नालिश की—[ग] को अख्तयार है कि कर्जा एक हजार रू० मुजरा ले

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १११ में कायम किया गया है. कोई हक मुजराई जो इस कायदे के रू से काबिल मनजूरी नहीं है वह दूसरे तरह से काबिल मनजूरी [illegible] रि अलाहाबाद जिल्द १५ सफा ६]

कोई करजा वो रकम मुजरा तलब कानून के मुताबिक दोनों एक ही हैं—जब कि करजा कायम है तो मुजरा तलब भी कायम है (इ ला रि कलकत्ता जिल्द २१ सफा ४१६) कोई रकम जो अजरूप डिक्री वाजबुलअदा है मुजरा हो सक्ती है—(इ ला रि कलकत्ता जिल्द ३० सफा १०६६)

जब किसी रहन शिल कब्ज में अदाई रूपया का करार हो और उस की अदाई होने के बाद फाजिल रूपया मुरतहन के पास जमा होने लगा तो वह इस बात का मुस्तहक होगा कि वह रूपया दावी लगान किसी जमीन में मुजरा करले जिस का मालिक राहिन है और रहन में शामिल है और रूपया बाद को बाजबुल अदा हुआ हो गो वह दावा बेरू मियाद हो—(इ ला रि. कलकत्ता जिल्द ३२ सफा ५७६)

उन मुकदमात में जिन में मुजराई मनजूर हो सक्ती है बयान तहरीरी अरजी दावा तसव्वर होता है और उस पर इसी मुताबिक कोर्ट फीस लगाया जाना चाहिये—मगर जब उस रकम के मुजराई का दावा किया जावे जो जायज तौर से वसूल होने के लायक नहीं है तो बतौर अरजीदावा बयान तहरीर पर स्टाप लगाने की जरूरत नहीं है—(१७ मदरास ला जरनल रिपोर्ट सफा ४८१)

इस कायदा के रू से मुजराई दावा का उजर बजरिये बयान तहरीरी पेश करने के लिये यह अमर लाजमी है कि जो रकम मुजरा मांगी जाय वह तहकीक की हुई रकम हो—कोई दावा वासलात का नालिश लगान में मुजरा न दिया जावेगा क्योंकि वह तहकीक रकम नहीं है (वीकली रि जि २२ सफा १) इसी तरह पर जब कोई मुरतहन रहननामे की रू से किसी जर रहन का दावी करे तो उस में ऐसा दावा मुजरा न किया जायगा जो जायदाद माहूना के बरबादी के निस्बत राहिन की तरफ से मुरतहन के बरखिलाफ पेश किया जाय—(इ ला. रि. अलाहाबाद जिल्द २ सफा २५२) इस के बरखिलाफ देखो नजीर व मुकदमें (इ. ला रि. मदरास जिल्द १५ सफा २९०)

मुद्दायलेह नीचे लिखी छे सूरतों में मुजराई पाने का दावा कर सक्ता है, यानी:—

(१) जब कि नालिश वास्ते दिलाने जर नकदी के हो—

(२) जब कि मुजरा दिलाये जाने की रकम तहकीक होवे—न कि गैर

तहकीक—देखो तमसील (ग), (घ), (ङ)—

(३) जब कि मुद्दायलेह को या **कुल मुद्दायलेहुम** को मुजराई की रकम पाना हो (देखो मिसाल (छ)—

(४) जब कि मुद्दायलेह को मुद्दई से या कुल मुद्दईयान से मुजराई की रकम पाना हो—देखो मिसाल (च)—

(५) जब कि रकम मुजराई उस अदालत के अखत्यार माली से ज्यादा न हो जिस अदालत में कि नालिश दायर हुई है.

(६) जब कि मुदायलेह के रकम मुजराई के दावा में दोनों फरीकैन की वही हैसियत हो जो मुद्दई की नालिश में है—(देखो मिसाल (क), (ख), (ज)—

नालिश जर नकदी:—नालिश निस्बत समझाने हिसाब बतौर नालिश जर नकदी नहीं समझी गई (देखो इं. ला रि. कलकत्ता जिल्द १३ सफा १२४ प्रिवी कौंसिल)—मगर अलाहाबाद हाई कोर्ट ने नालिश निस्बत तोड़ने साझेदारी को, जिस में यह दादरसी मागी गई थी, कि साझेदारी का हिसाब होने पर जो रूपया मुद्दई को वाजिबुलअदा निकले दिलाया जावे, बतौर नालिश जर नकदी करार दिया—[इं. ला. रि. अलाहाबाद जि. १० सफा ५८७].

रकम मुजराई गैर तहकीक—अगर मुद्दायलेह का दावा वास्ते मुजराई उसी मामला से पैदा हुआ है तो इस सूरत में गैर तहकीक रकम भी मुजरा दिलाई जा सक्ती है—(मदरास हाई कोर्ट जि २ सफा २९६)—मसलन:—

[१] [अ] ने [ब] पर ६०००) रूपया की नालिश बजरिये माहदा दायर किया—[ब] को इकबाल है—मगर वह बहुतसी ऐसी रकमें के बतौर [illegible] मुजरा पाने [illegible] करता है जिस की नुकसानी उसे [illegible] वजह से सहना पड़ी—[illegible] मुद्द[illegible] के [illegible] हो सक्ता है क्योंकि उस का [illegible] हुआ—(मदरास हाई कोर्ट ।

[illegible] अ [illegible] (ब) ने

खरीदने का इकरार किया –(ब) ने सिर्फ १७० मियाल की हवालगी कबूल किया, और बाकी ३० की हवालगी लेने को तईयार वो रजामन्द है मगर (अ) ने उन बाकी ३० मियालों को नहीं दिया–(अ) ने (ब) पर १७० मियालों की कीमत की नालिश दायर किया–(बे) ने अपना दावा वास्ते पाने मुजरा नुकसानी का पेश किया, जो उसे ३० मियालों के न देने से हुआ–पस (ब) ऐसा दावा मुजराई पाने का हकदार है क्योंकि दावा उसी एक मामला से पैदा हुआ—(इ. ला रि. अलाहाबाद जिल्द २७ सफा १४५)

३. (अ) मुख्त्यार ने अपने मालिक (ब) पर नालिश ८००) रूपया निस्बत बकाया तनखाह की दायर किया—(ब) ने ६२५) रूपया मुजरा पाने का दावा इस बिना पर किया कि इतने रूपया की नुकसानी उसको मुख्त्यार के अपना काम बराबर न करने या गफलत से करने की वजह से हुई—(ब) को ऐसी मुजराई दिलाई जा सकी है क्योंकि दावा मुजराई उसी एक मामला से पैदा हुआ यानी ताल्लुक दरम्यान मालिक वो नौकर—(इ ला रि. कलकत्ता जिल्द १६ सफा ७११)—

४ (अ) मुरतेहन ने (ब) राहिन पर नालिश वास्ते असल व सूद जर रहन की दायर किया–रहन कब्जा के साथ था

५ (ब) न ऐसी नुकसानी मुजरा पाने का दावा किया जो उसे मुरतेहन के जायदाद मरहूना के मरम्मत न करने की वजह से हुई जब कि जायदाद उस के कब्जा में थी ऐसी पाने का हकदार हो सक्ता है (इ ला रि मदरास जिल्द १५ सफा २६०)

दावा मुजराई बतौर अरजीदावा समझा जावेगा, और उस पर कोर्ट फी स्टाम्प बकदर रकम मुजराई लगाना होगा (इ. ला. रि मदरास जिल्द १५ सफा २६)

दफा ७. जब मुदायलेह फई मुश्तलिफ वजूहात जवाब देही या मुजराई

जवाब देही या मुजराई जो अलेहदा उज्र पर हो

पर अलेहदा और मुख्तलिफ वाकेआत पर भरोसा करता है तो जहां तक हो वे मुख्तलिफ और अलेहदा तौर से बयान किये जायंगे

तशरीहः—यह कायदा नया है

देखो कायदा १ आर्डर नं ८, आर्डर न ७ कायदा ८ से मिलान करो.

जवाब देही की नई वजह

८ जवाब देही या नालिश की कोई वजह जो वाद दायरी नालिश, या दाखिल होने बयान तहरीरी के जिस में मुजरा दिलाने का दावा किया जाय, पेश हुई हो तो वह मुदायलेह या मुदई के बयान तहरीरी में याने जैसी सूरत हो पेश की जा सकती है

तशरीहः—यह कायदा नया है.

देखो दूसरा कायदा ६.

प्लीडिंग बाद की

९ कोई प्लीडिंग सिवाय उस के जो मुजरा दिलाने के दावा की जवाब देही में हों, मुदायलेह का बयान तहरीरी दाखिल हो जाने के बाद नहीं ली जायगी, बजुज अदालत की इजाजत से, और ऐसी शरायत पर जो अदालत मुनासिब समझे, लेकिन अदालत को अख्तयार है कि जिस वक्त चाहे किसी फरीक से बयान तहरीरी या जायद बयान तहरीरी तलब करे और उस के दाखिल होने के लिये एक मियाद मुकर्रर करे

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट दफा ११२ से कायम हुआ है,

किसी नाबालिग को बयान तहरीरी दाखिल करने का हुक्म दिया जा सक्ता है [इ. ला. रि बम्बई जिल्द २३ सफा १००],

अगर बयान तहरीरी उस मियाद के गुजरने के बाद दाखिल किया जाय जो अदालत से मुकर्रर हुई है तो वह उस वक्त तक मिसल से अलेहदा नहीं कर दिया जायगा जब तक कि दूसरा फरीक फौरन उस के मिसल से अलेहदा कर दिये जाने के बाबत दरखास्त नदे (इ. ला. रि बम्बई जिल्द ६ सफा ३७८)

जायद बयान का यह मतलब है कि जो बात पहले बयान में छूट गई हो वह लिख दी जाने न कि ऐसा बयान जो पहले के बयान के बरखिलाफ हो (५ मूर्स इंडियन अपील सफा २७१—९०)

देखो आर्डर न ६ कायदा ७

१० अगर कोई फरीक जिस से बयान तहरीरी तलब हुआ हो, उस

अगर कोई फरीक जिस से बयान तहरीरी तलब हुआ हो दाखिल न करे तो कार्रवाई

मियाद के अन्दर जो अदालत से मुकर्रर हुई हो, बयान तहरीरी दाखिल न करे, तो अदालत को मजाज होगा कि उस फरीक के खिलाफ तजवीज सादिर करे या मुकदमा के निस्बत कोई ऐसा हुक्म दे जो मुनासिब मालूम हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ११३ से कायम किया गया है

कायदा ९ के हुक्म की तामील में बयान तहरीरी पेश करने के लिये वह तफसील बतलाने की नाकाबलियत जो अदालत से दरयाफ्त की गई है, बयान तहरीरी के पेश न करने के बराबर नहीं है—इस कायदे के रू से मुकदमे के खारिज करने का हुक्म डिक्री है—सिर्फ मुकदमे में फैसला लफ्ज डिक्री मुन्दरजा दफा २ में आता है [१६ मदरास ला जरनल सफा ३०]

इस कायदा के रू से जो हुक्म सादिर हो वह काबिल अपील होगा, यानी उस की अपील हो सकेगी (देखा आर्डर न. ४३ कायदा १ (ख)

आर्डर--९.

फरीकैन की हाजरी और गैर हाजरी का नतीजा

फरीकैन को उस वक्त हाजिर होना चाहिये जो समन में वास्ते हाजरी और जवाब देही मुदायलेह के मुकर्रर हो

१ जो तारीख समन में मुदायलेह की हाजरी और जवाब देही के लिये मुकर्रर हो, उस तारीख को फरीकैन असालतन या मारफत अपने अपने वकीलों के अदालत में हाजिर होंगे और तब मुकदमा सुना जायगा, तो वक्ते कि मुकदमे की सुनाई किसी आने वाली तारीख पर जो अदालत मुकर्रर करे, मुलतवी न की जाय.

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ९६ से कायम किया गया है.

गो मुद्दायलेह पर तामील समन की न हुई हो तो भी उस को मुकदमें के पेशी पर हाजिर होने का हक है—(इ. ला. रि बम्बई जिल्द १५ सफा १६०).

जब समन की तामील मुदई के खरचा दाखिल न करने के वजह से न हो तो मुकदमा का खारिज किया जाना

२ जब इस तौर पर मुकर्रर की हुई तारीख को यह बात मालूम हो कि मुदायलेह के नाम के समन की तामील इस वजह से नहीं की गई, कि मुदई ने उस के तामील का कोर्ट फास या महसूल डाक (अगर कुछ हो) जो वास्ते तामील वाजबुल वसूल था नहीं दिया तो अदालत यह हुक्म दे सक्ती है कि मुकदमा खारिज किया जाय

मगर शर्त यह है कि समन की तामील मुदायलेह पर न हुई हो तो वह हुक्म जिस का जिकर ऊपर किया गया है उस सूरत में सादिर न किया जायगा जब कि मुदायलेह उस तारीख को, जो उस के हाजरी और जवाब देही के लिये मुकर्रर हो, अदालत में असालतन या मारफत किसी ऐजन्ट के, जब उसे ऐजन्ट के मारफत हाजिर होने की इजाजत दी गई हो, हाजिर हो जाय.

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ९७ से कायम किया गया है

यह कायदा इजराय डिक्री से वो उन मुकदमात से जिस में उस मुद्दायलेह के लिये जो बजाय मुद्दायलेह मुतवफ्फी मुद्दायलेह बनाया गया है तलवाना न दिया जावे लागू है—(इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द ९ सफा १६३)

अदालत उस तारीख के पहले जो मुकदमें के पेशी के लिये मुकर्रर की गई है

स को खारिज नहीं कर सकी—(इ ला रि अलाहाबाद जिल्द २ सफा ३१८)

इस कायदे के रू से जो हुक्म दिया जावे उस की अपील नहीं हो सकी है इ ला रि कलकत्ता जिल्द ९ सफा ६२७)

३ जब मुकदमा के पुकारे के वक्त फरीकैन में से कोई भी अदालत में हाजिर न आय तो अदालत हुक्म देगी कि मुकदमा खारिज किया जाय

अगर फरीकैन में से कोई हाजिर न हो तो अदालत यह हुक्म दे सकती है कि मुकदमा खारिज किया जायगा

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ९८ से कायम किया गया है

गैर हाजरी उस तारीख पर होना चाहिये जो मुकदमें के सुनाई के लिय मुकर्रर हो गई है या जिस तारीख को सुनाई मुकदमा मुलतवी की गई है' (इ ला रि लाहाबाद जिल्द २ सफा ६७ प्रीवी कौंसिल)

अदालत को इजलास में उठते वक्त तक इन्तजारी करना लाजमी नहीं है (इ ला रि मदरास जि. ७ सफा ३५६).

यह कायदा दरखास्त हकरसी से भी मुताल्लुक है [इ. ला रि बम्बई जि ० सफा ५४१]

इस कायदे के रू से जो हुक्म सादिर किया जाय उस की अपील नहीं हो सकी है (इ. ला रि मदरास जिल्द १० सफा २७०)

४ जब कोई मुकदमा कायदा २ या ३ के बमूजिब खारिज किया जाय तो मुद्दई को अख्त्यार होगा (कानून मियाद समाअत को बचाकर) कि नई नालिश करे, या हुक्म खारजी के मनसूखी की दरखास्त करे और अगर वह अदालत इस बात से इतमीनान करदे, कि कोर्टफीस और महसूल डाक वाजिबुल वसूल (अगर कुछ महसूल हो) अदालत से मुकर्रर की हुई मियाद के अन्दर सम्मन जारी होने के पहिले दाखिल न करने, या उस के न हाजिर होने की वाफी वजह थी, याने जैसा सूरत हो तो अदालत उस हुक्म डिसमिसी को मंसूख करके एक तारीख वास्ते कारवाई मुकदमा के मुकर्रर करेगी

दफ दूसरी नालश कर सका है अदालत उस को नम्बर साबक कायम कर सकती है

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ९९ से कायम किया गया है

कोई गलती सा नेकनियती के जो बेजान हो वजह खारजी है—[बम्बई

हाई कोर्ट जि० ३ रिपोर्ट सफा ६०]

कोई जज जो इस कायदे के रू से मुकदमा को नम्बर सानिक पर कायम करे मुकदमे के आम खरचा के लिये हुक्म सादिर नहीं कर सकता [इ ला. रि बम्बई जि० २६ सफा २०१]

नबर पर मुकदमा कायम किये जाने के हुक्म की अपील नहीं हो सकती (इं ला रि मदरास जि० १० सफा २७०).

नबर पर कायम करने स इनकार करने के हुक्म की भी बमूजिब आरडर ४३ कायदा १ अपील नहीं होगी

अगर मुद्दई समन अदम तामील वापिस आने के बाद एक बरस तक नया समन जारी कराने की दरखास्त न दे तो मुकदमा डिसमिस किया जायेगा

५. जब समन बनाम मुदायलेह या बनाम एक मुदायलेह मिनजुमला कई मुदायलेहों के जारी होने के बाद और समन में उस की कैफियत अदम तामील के वापस आने के बाद मुद्दई एक साल के अन्दर तारीख वापसी से जब समन अदालत में बजरिये उस ओहदार के वापिस किया जाये जो मामूली तौर स अदालत में वापसी की तसदीक करता है नया समन जारी कराने की दरखास्त न दे, और अदालत के इतमीनान के लायक यह साबित न करदे कि उस ने अपने मकदूर भर मदायलेह की सकूनत मालूम करने में कोशिश की है जिस पर समन तामील नहीं हुआ या यह कि मदायले मजकूर समन की तामील को बरकाता है तो अदालत मजाज होगी कि बमुकाबले के दावा को डिसमिस करने का हुक्म सादिर करे—

[२] ऐसी सूरत में मुद्दई को अखत्यार होगा कि [कानून मियाद समाअत को बचाकर] नई नालिश दायर करे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ९९ (अ) से कायम किया गया है

बाद गुजर जाने एक साल के समन जारी होने का हुक्म न देना चाहिये तावक्ते कि मुद्दई यह न जाहिर करे कि उस की तरफ से कोई गफलत नहीं हुई (इ. ला रि. बम्बई जि० ३ सफा ४०२)

अगर कोई नालिश बाबत मुनाफा १३०१–१३०२ वो १३०३ फसली के दायर की जावे–और एक मुदायलेह पर समन तामील न होने से मुकदमा खारिज कर दिया जाये तो दूसरी नालिश बाबत मुनाफा सन १३०२–१३०३

वो १३०४ फसली के लिये यह राय करार पाई कि गैर काबिल समायत नहीं है (इ. ला. रि. अलाहाबाद जि० २८ सफा ७४९)

एक साल की मियाद:—एक साल की मियाद उस तारीख वापसी समन से शुमार किया जावेगा जब समन अदालत में बजरिये उस उहदेदार के वापिस किया जाय जो मामूली तौर से अदालत में वापसी की तसदीक करता है.

यह खयाल रहे कि तामील करने वाले उहदेदार की वापिस करने की ता. से मियाद शुमार न की जावेगी बल्कि ऐन उहदेदार वापस करने की ता. से जो मामूली तौर से अदालत में वापसी की तसदीक करता है (ला. रि. बम्बई जि० १३ सफा ५०)—

तरीका तामीली समन का यह है कि जब समन जारी होने का हुक्म सादिर होता है तो समन तईयार हो कर नाजिर के पास भेजा जाता है—नाजिर तामील के लिये मजदूरी तामील करके नाजिर के पास वापस करता है—नाजिर फिर अदालत को भेजता है—पस नाजिर की तसदीक की ता. से एक साल की मियाद की जायगी न कि मजदूरी की रिपोर्ट की तारीख से—

इस कायदा के रू से जो हुक्म खारजी का होगा वह बतौर डिक्री न समझा जावेगा बल्कि बतौर हुक्म और उसकी अपील न हो सकेगी— (देखो दफा २ (२) मज. जा दीवानी)—

६ (१) जब मुकदमा पेशी के वक्त पुकारा जाय तो अगर उस वक्त मुद्दई हाजिर हो और मुदायलेह हाजिर न हो तो

कारवाई जब सिर्फ मुद्दई हाजिर

(क) अगर यह साबित हो जाय कि समन की तामील जाब्ता के मुवा-फिक की गई थी तो अदालत मुकदमा की कारवाई एक तरफा कर सक्ती है

अगर समन तामील हुआ हो

(ख) अगर समन का जाब्ते के मुताबिक तामील होना साबित किया जाय तो अदालत यह हुक्म देगी कि एक दूसरा समन जरिए किया जाय और मुदायलेह पर उस की तामील की जाय

अगर समन का तामील न हुई हो

(ग) अगर समन की तामील मुदायलेह पर होना साबित हो जाय, मगर उतनी मुद्दत पहले से न हुई हो कि वह समन में लिखी हुई तारीख तक हाजिर हो कर मुकदमा की जवाब देही कर सके, तो अदालत मुकदमा की सुनाई

अगर समन की तामील हुई हो मगर मुद्दत काफी के अन्दर न हुई हो

किसी और आने वाली तारीख पर जो अदालत की तजवीज से मुकर्रर हो, मुलतवी की जायगी, और यह हिदायत करेगी कि ऐसे तारीख की इत्तला मुदायलेह को दी जाय

(२) जब मुदई के कसूर से समन वाजाब्ता तौर पर या काफी मुद्दत के अन्दर न तामील हुआ हो तो अदालत मुदई को हुक्म देगी कि मुकदमे के मुलतवी करने से जो खर्चा हुआ हो अदा करे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १०० से कायम किया गया है.

जब कि वकील ऐसे अख्तयार के जरिये हाजिर हो जो मुदायलेह ने तहरीर नहीं किया है और एक तीसरे शख्स ने उस के तरफ से तहरीर किया है तो वह हाजरी नहीं है— (इ ला रि. २३ कलकत्ता ६६१ वो ३४ कलकत्ता सफा ४०३)—

बयान तहरीरी पेश न करने से अदालत का कार्रवाई करना दुरूस्त नहीं है (२ मदरास हाई कोर्ट सफा ३११)

जब मुदई मुदायलेह की निशान्देही न दे सक्ते तो दरखास्त खारिज नहीं हो सक्ती (इ. ला. रि बम्बई जि० १८ सफा ५९).

जो डिक्री एक तरफा सादिर की जाय उस की नाराजी से अपील हो सक्ता है (देखो दफा ६६) ऐसे अपील में अपीलाट को यह साबित करना जरूर है कि कायदे की शरतों के मुताबिक अदालत ने कार्रवाई का जाब्ता अमल में नहीं लाया— अपीलाट के वास्ते यह जाहिर करना काफी है कि मुदई ने समन की तामील साबित नहीं किया (इ ला रि २३ अलाहाबाद सफा ६६).

अगर मुदायलेह समन पाकर तारीख पेशी पर हाजिर न हो, और मुकदमा की सुनाई होकर मुदायलेह पर डिक्री सादिर हो तो ऐसी डिक्री इक तरफा डिक्री कहलाती है—सिर्फ मुदायलेह के न आने से यह क्यास न किया जावे, कि मुदई की नालिश सच्ची है— (बी रि. जि० १५ सफा ५०३)—

इक तरफा डिक्री में मुदायलेह को क्या इलाज है इस के लिये—देखो कायदा १३ इसी आर्डर का—

७ जब अदालत ने किसी आने वाली तारीख पर मुकदमा की सुनाई एक तरफा मुलतवी रखी हो और मुदायलेह उस तारीख को या उस से पहले हाजिर हो कर अपनी गैर हाजिरी सादिक की वजह काफी बतलावे तो मुदायलेह का जवाब ऐसी शर्त पर लिया जा सकता है जिन को अदालत ठहरावा देने के बावत या दीगर तौर से हिदायत करे और वह जवाब देही उसी तरफ समझी जावेगी कि मानों वह उस तारीख को हाजिर हुआ जो उस के हाजरी के लिये मुकर्रर हुई थी—

कार्रवाई जब कि मुदायलेह उस रोज हाजिर हो जिस पर मुकदमा की सुनाई मुलतवी रखी गई हो और पहले के गैर हाजरी को काफी वजह बयान करे

तशरीह — यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १०१ से कायम किया गया

अगर मुदायलेह पहले की गैर हाजरी की काफी वजह नहीं बतला सके तो मुदायलेह को हाजिर होकर मुकदमे के जवाब देही की इजाजत नहीं दी जावेगी और उस पर कार्रवाई मुकदमा एक तरफा चालू रहेगी (इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द १ सफा २१७)—अगर इस कायदे के मुताबिक अदालत दरखास्त नामंजूर करे तो मुदायलेह डिकरी के नाराजी से अपील कर सक्ता है और वह इस कायदा के मुताबिक दरखास्त देने के बगैर भी डिकरी के बरखिलाफ अपील कर सक्ता है (इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द ८ सफा २७२)

८ जब मुकदमा की पेशी के वक्त मुदायलेह हाजिर हो और मुदई हाजिर न हो, तो अदालत हुक्म देगी कि मुकदमा खारिज किया जाय, मगर उस सूरत में कि जब मुदायलेह दावा या दावा के किसी हिस्सा को कबूल करे, तो अदालत मुदायलेह के इकबाल के बमूजिब उस पर डिकरी सादिर करेगी, और जब उस सिर्फ जुज दावा इकबाल हो तो उतना दावा खारिज करेगी जितना बाकी से ताल्लुक रखता हो

कार्रवाई जब सिर्फ मुदई हाजिर हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १०२ से कायम किया है

जब मुकदमा कुल सुनाई के बाद मुलतवी कर दिया गया और मुलतवी की हुई तारीख पर मुदई या उस का वकील हाजिर हो तो उस के लिये कार्रवाई आर्डर २ के कायदा १७ में बतलाई गई है (१२ मद्रास ला जरनल रि सफा ४७३).

जब अपीलान्ट हाजिर न हो और रिस्पान्डेंट हाजिर हो तो अदालत को अपील खारिज करना चाहिये और रूयदाद पर फैसला नहीं करना चाहिये (७ बम्बई ला रि सफा ६३३)—जब कुल शहादत पेश हो चुकी है मगर बाद के

पेशी पर मुद्दई या उस का वकील हाजिर न हो तो मुकदमा डिसमिस नहीं किया जा सका (बम्बई ला रिपोर्ट जिल्द ७ सफा २०१)

इस कायदा के रू से जो हुक्म दिया जाय उस की अपील नहीं हो सकी (इ ला रि. मदरास जिल्द २२ सफा २२१)

अगर कोई फरीक हाजिर न हो तो कार्रवाई हस्ब कायदा ३ के की जायगी—अगर मुद्दई हाजिर हो और मुद्दायलेह हाजिर न हो तो कार्रवाई हस्ब कायदा ६ के की जायगी—अगर मुद्दायलेह हाजिर हो और मुद्दई हाजिर न हो तो कार्रवाई इस कायदा [यानी कायदा ९] के मुआफिक की जावेगी—मुद्दायलेह को इस कायदा के रू से जो हक है वह सिर्फ इतना है कि मुकदमा खारिज कराये उस को हक नहीं है कि शहादत तलब करे गो मुद्दई ने अरजीदावी में उस पर फरेब का इलजाम लगाया हो (इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द ४० सफा ११९).

अगर मुद्दई मर गया है और उस सबब से वह हाजिर न हो सके, और अदालत को यह हाल मालूम न हो और मुकदमा खारिज किया जाय तो अदालत अपने जाती अखत्यार के रू से जो उसे बमूजिब दफा १५१ मनमुआ जाब्ता दीवानी हासिल है हुक्म खारजी रद करेगी और गलती की दुरुस्तगी करेगी—और तब मुद्दई का कायम मुकाम जायज अपना नाम बजाय मुद्दई दर्ज कराने की दरखास्त देगा (आर्डर नवर २२ कायदा ३ इ ला. रि. अलाहाबाद जिल्द ३५ सफा ३३१)

मुकदमा खारिज होने पर मुद्दई को क्या इलाज है—देखो कायदा ९.

डिकरी खिलाफ मुद्दई बसबब अदम पैरवी नई नालिश के मने है

९ (१) जब कायदा ८ के बमूजिब कोई मुकदमा पूरा या उस का कोई हिस्सा डिसमिस किया जाय, तो मुद्दई को अखत्यार नहीं होगा, कि उसी विनाये दावे पर नई नालिश करे—लेकिन उस को अखत्यार रहेगा कि हुक्म डिसमिसी के मनसूखी के लिये दरखास्त दे और अगर अदालत की यह राय हो कि मुकदमा की पेशी के वक्त उस की गैर हाजरी की कोई माकूल वजह थी, तो अदालत हुक्म डिसमिसी को उन शरतों पर जो निस्बत दिलाने खरचा या दीगर तौर के, जो मुनासिब समझे, मंसूख कर सकी है, और मुकदमे में कार्रवाई होने के लिये एक तारीख मुकर्रर करेगी

(२) ऐसे दरखास्त की तहरीरी इत्तला फरीकसानी पर तामील न हुई हो तो कोई हुक्म इस कायदे के बमूजिब नहीं दिया जायगा

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १०३ से कायम किया है.

जब मुकदमा बमूजिब दफा ९ एक्ट हाजरी मुद्दई के गैर हाजरी में खारिज कर दिया गया तो इस कायदे के बमूजिब दरखास्त दी जा सक्ती है (इ ला रि जिल्द ४ २१७)

जब मुकदमा मुद्दायलेह के दरखास्त पर मुलतवी किया गया और मुलतवी की हुई तारीख पर मुद्दई गैर हाजरी हो, और मुकदमा खारिज कर दिया गया तो यह कायदा लागू होगा [इ ला रि. मदरास जि ७ सफा ४१]. अगर उस तारीख पर जिस के लिये मुकदमा मुलतवी किया गया है, मुद्दई के गवाह गैर हाजिर हैं, और मुद्दई वारंट जारी होने के लिये दरखास्त करे और उस के नामजूर हो जाने पर उस का वकील कहे कि उस को कोई हिदायत न होने के वजह से वह मुकदमें को उठा लेता है और मुकदमा खारिज कर दिया गया तो यह राय करार पाई के इस कायदे के मुताबिक डिसमिसी मुकदमा के हुक्म के मनसूखी की दरखास्त दी जा सक्ती है (इ ला. रि कलकत्ता जि ३४ सफा २३५)

तरीका दादरसी में फरक होने से बिनाये दावी एक ही किस्म की होने के अमर की बहस में कुछ असर नहीं पहुचता है (इ ला रि कलकत्ता जि. १५ सफा ४२२ प्रिवी कौसिल)

तारीख पेशी पर मुद्दई हाजिर हो और यह मालुम करके कि मुकदमा फेहरिस्त में आखीर में है, चला जावे और थोड़ी देर के बाद वापिस आवे तो उस के गैर हाजरी में पुकारा मुकदमा हो जाने का वह जिम्मेदार है, और हुक्म खारजी मुकदमा के मन्सूख कराने का वह मुस्तहक नहीं है (इ ला रि बम्बई जिल्द १३ सफा १२)

दरखास्त के नामन्जूर किये जाने के हुक्म से अपील हो सक्ती है [देखो आरडर ४३ कायदा १ [ग]

आरडर नंबर २१ के कायदा ८९ के मुताबिक जो दरखास्त दी जावे और मदयून के गैर हाजरी में डिसमिस कर दी जावे उस के हुक्म की तनकीजसानी करने की दरखास्त के नामन्जूरी के हुक्म से अपील नहीं हो सक्ती (इ. ला रि कलकत्ता जि ३१ सफा २०७)

इस कायदे के बमूजिब दरखास्त पेश करने के लिये बमूजिब मद १६१ एक्ट

मियाद ३० दिन की मुद्दत है, और अगर अदालत आखीर दिन को बंद हो तो अदालत खुलने के अव्वल दिन को दरखास्त पेश होनी चाहिये (इ. ला. रि. कलकत्ता जि ३१ सफा १५०).

मुद्दई के लिये इलाजः—अगर मुद्दई की नालिश अदम पैरवी में बमूजिब कायदा ८ खारिज हो तो मुद्दई वैसे हुक्म खारजी की अपील न कर सकेगा, लेकिन वह—

(१) हस्ब दफा ११४ तजवीज सानी की दरखास्त दे सक्ता है (इ. ला रि कलकत्ता जिल्द २६ सफा ५९८) या,

(२) तारीख खारजी से ३० दिन के अन्दर हुक्म खारजी मनसूखी के लिये इस कायदा के मुवाफिक दरखास्त दे सक्ता है—(इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द ३१ सफा १५०, वो मद न १६३ एक्ट मियाद सन १९०८).

पहिला इलाज मुद्दई को हर सूरत में हासिल है चाहे उस का मुकदमा अदम पैरवी में खारिज हुआ हो या और किसी सबब से, मगर दूसरा इलाज सिर्फ उस सूरत में लागू होगा जब कि मुद्दई का मुकदमा अदम पैरवी में खारिज हुआ हो—मतलब यह है कि अगर मुद्दई का मुकदमा अदम पैरवी के सिवाय किसी दूसरे सबब से खारिज हो, मसलन उस के गवाहों की गैर हाजरी से या शहादत पेश न करने से खारिज हो, तो मुद्दई दरखास्त निस्बत मन्सूखी हुक्म खारजी न दे सकेगा—मगर तजवीज सानी की दरखास्त दे सकेगा—(अलहाबाद हाई कोर्ट जि. ५ सफा ७४ वो इ. ला. रि. कलकत्ता जि १२ सफा ५६३)

हाजरी अदालत के मानेः—मुद्दई या मुद्दायलेह तारीख पेशी पर हाजिरः—समझा जायगा,

(१) अमालतन ,

(२) मारफत [ ] को हिदायत कर दी गई हो [ ] का जवाब दे स [ ]

अमालतन हाजरी:—अदालत में फरीक की सिर्फ मौजूदगी बतौर हाजरी समझी जा सकेगी—यह जरूर नहीं है कि वह किस गरज से हाजिर हुआ या होकर हाजिर उसने क्या काम किया—अगर उसने हाजिर होकर पेशी बढ़ाने की दरखास्त इस बिना पर दिया कि उस के गवाह हाजिर नहीं हैं तो मुद्दई की **हाजरी** समझी जावेगी अगर पेशा बढ़ाने की दरखास्त नामन्जूर हो और नालिश इस बिना पर खारिज हो कि मुद्दई अपने मुकद्दमें को साबित नहीं कर सका तो ऐसी खारजी अदम पैरवी की खारजी न समझी जावेगी, क्योंकि मुद्दई तो खुद हाजिर हुआ था, इस लिये यह कायदा यानी कायदा न ९ उस को लागू न होगा—[इ ला रि बम्बई जि २३ सफा ४१४).

इसी तरह अगर मुद्दायलेह हाजिर होकर पेशी इस बिना पर बढ़ाने की दरखास्त दे कि जवाब देही करने के लिये उसे वक्त नहीं मिला तो मुद्दायलेह की **हाजरी** समझी जायेगी और अगर उस की दरखास्त पेशी बढ़ाने की नामन्जूर हो और उस पर डिक्री हो जाये तो वैसी डिक्री एक तरफा न समझी जावेगी, क्योंकि मुद्दायलेह खुद हाजिर था और उसे कायदा १३ आर्डर ९ लागू न होगा (बी रि. जि १७ सफा ३७०).

हाजरी मारफत वकील:—इस का कायदा कुछ दूसरा है, यानी, अदालत में सिर्फ वकील की मौजूदगी बतार हाजरी न समझी जावेगी—कायदा यह है कि हाजरी मारफत ऐसे वकील के होना चाहिये जिसे मवक्कल की तरफ से पूरी हिदायत मिली हो व जो कुछ सवालात मुताल्लिक मुकद्दमा का जवाब दे सके या जिस के साथ ऐसा कोई शख्स हो जो वैसे सवालात का जवाब दे सके—(आर्डर नंबर ५ कायदा १)—अगर वकील पेशी पर हाजिर होकर यह कहे कि गो उस का वकालतनामा पेश हो गया है मगर उस को मवक्कल की तरफ से मुकद्दमे की निस्बत कुछ हिदायत नहीं मिली है इस लिये वह मुकद्दमे की पैरवी या जवाब देही नहीं कर सक्ता है तो वकील की ऐसी हाजरी बतौर **हाजरी निस्बत वकील** न समझी जावेगी (इ ला रि अलाहाबाद जिल्द २० सफा १९५)—इसी तरह अगर वकील यह कहे कि सिवाय पेशी बढ़ाने की दरखास्त देने के मवक्कल से और कोई हिदायत उसे नहीं मिली है और अगर पेशी बढ़ाने की दरखास्त नामन्जूर होकर वह मुकद्दमा

से अपना हाथ खींच ले और यह कहे कि उसे और कुछ हिदायत नहीं मिली है तो ऐसी हाजरी बतौर **हाजरी मारफत वकील** न समझी जावेगी (इ. ला. रि बम्बई जिल्द २३ सफा ४१४)

लेकिन अगर वकील के साथ खुद फरीक हाजिर अदालत हो तो क्या समझा जायगा—हाई कोर्ट मदरास की यह राय है कि ऐसी हाजरी न समझी जावेगी (इ ला रि मदरास जिल्द ३० सफा २७४)—मगर हाई कोर्ट बम्बई की राय से वैसी हाजरी फरीक बतौर हाजरी समझी जावेगी क्योंकि अदालत बमूजिब आर्डर नंबर १० कायदा १ फरीक से सवालात मुताल्लिक मुकदमा पूछ सकी है वो उस के गवाहों का इजहार ले सकी है या उस को दूसरा वकील लगाने की हिदायत कर सकी है (इ. ला रि बम्बई जिल्द ३३ सफा ४७५).

एक वकील मुद्दई की तरफ से पेशी पर हाजिर हुआ और उस ने पेशी बढ़ाने की दरखास्त इस बिना पर दिया कि वह मुकदमा की तैयारी इस सबब से नहीं कर सका कि कागजात मुताल्लिक मुकदमा बड़े वकील के पास है—उस की दरखास्त नामन्जूर हुई, वकील मुकदमा की पैरवी नहीं कर सका, मुकदमा खारिज हुआ तो ऐसी सूरत में हाजरी वकील बतौर हाजरी मारफत वकील करार दी गई और मुद्दई वैसे हुक्म खारजी को रद्द कराने का हकदार नहीं समझा गया (इ ला रि कलकत्ता जिल्द ३४ सफा ४०३, ४११, ४१४).

दूसरी नालिश करना:—अगर तारीख पेशी पर मुद्दई के हाजिर न होने से उस का मुकदमा खारिज हो जाय तो मुद्दई उसी बिनाय दावा पर दूसरी नालिश नहीं दायर कर सकता—उस को चाहिये कि तजवीजसानी की दरखास्त दे या नवर पर कायम कराने की दरखास्त दे—लेकिन अगर बिनाय दावा दूसरी नालिश में पहिली नालिश से अलेहदा है तो दूसरी नालिश चल सकेगी—(इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द १६ सफा ९८)—मसलन, (अ) ने (ब) पर पहिले लगान की नालिश किया, नालिश अदम पैरवी में खारिज हुई मुद्दई दूसरी नालिश लगान की नहीं कर सकता, मगर कब्जा पाने की कर सका है—(इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द ६ सफा ४२६)—दूसरी नालिश नाबालिग मुद्दई की तरफ से उसी बिनाय दावा [illegible] कोगी कि पहिली नालिश में

उस का वली तारीख पेशी पर अपनी मुस्ती या गफलत के सबब हाजिर न हुआ हो और मुकदमा अदम पैरवी में खारिज हुआ हो (इ ला रि बम्बई जिल्द २४ सफा ५४७, ५२२)

गैर हाजरी का काफी सबब.—काफी सबब का सवाल बतौर सवाल वाकेआती समझा जावगा—न कि सवाल कानूनी—मुद्दई अदालत से यह ख्याल करके चला गया कि अभी तो अदालत के रूबरू दूसरा मुकदमा पश है और उस की सुनाई हो रही है, कुछ हो चुकी है, और कुछ बाकी है, मुकदमा खतम होने के लिये कुछ वक्त लगेगा इतने में वह आधे घंटे में लौट आयगा—चले जाने के बाद उस के मुकदमे का पुकारा हुआ, मुद्दई गैर हाजिर था—अदम पैरवी में उस का मुकदमा खारिज कर दिया गया, आध घंटे में वह लौटा और उस को सब हाल मालुम हुआ—उस ने नंबर पर कायम कराने की दरखास्त दिया, दरखास्त नामन्जूर हुई और ऊपर लिखे हालात उस की गैर हाजरी के लिये, बतौर **काफी वजह** के नहीं करार दिये गये (इ. ला रि. बम्बई जिल्द १३ सफा १२)

वकील के मुन्शी का यह काम था कि हर रोज शाम के वक्त वह काजलिस्ट देखे और वकील को इत्तला दे कि दूसरे रोज कितने मुकदमें हैं, जिस में वकील साहब को पेश होना है एक रोज वह मुन्शी ऐसा करना वो इत्तला देना भूल गया, नतीजा यह हुआ कि दूसरे रोज पेशी पर न मुद्दई, न मुद्दई का वकील हाजिर हुआ और मुकदमा अदम पैरवी में खारिज हो गया तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि ऐसी गैर हाजरी नेक नियती की गलती से हुई, और मुकदमा नम्बर पर कायम किया गया. मुन्शी से खर्चा पेशी का दिलाया गया—(बम्बई हाई कोर्ट जि० २ सफा २६७)

एक मुकदमे में मुद्दई के वकील को यह ख्याल था कि पुकारा २ बजे होगा—इस लिये वह दूसरी अदालत में दूसरे मुकदमें की पैरवी करने के लिये चला गया—मुद्दई वकीलों के कमरे में बैठा था इतने में पुकारा १२ बजेही हो गया पुकारा के वक्त न मुद्दई न मुद्दई का वकील हाजिर हुआ मुकदमा अदम पैरवी में खारिज किया गया—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि गो गैर हाजरी का कोई काफी सबब न था ताहम अदालत अपने असली अख्तयारात हस्र दफा

१५१ मज० जा० दीवानी के रू से मुकदमें को नबर पर कायम कर सक्ती है—
(इं. ला रि अलाहबाद जि० ३४ सफा ४२६)

१० अगर एक से जियादा मुदई हों, और उन में से एक या जियादा हाजिर हों, और बाकी गैर हाजिर हों, तो अदालत को अखत्यार है कि बमूजिब दरखास्त उस मुदई या मुदई याने हाजिर के, मुकदमा में उसी तरह पैरवी होने की इजाजत दे कि मानों सब मुदईयान हाजिर हुये थे, या जो हुक्म मुनासिब समझे सादिर करे'

कारवाई जब कि कई मुदइयों में से एक या जियादा गैर हाजिर हो

तशरीहः—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १०५ से कायम किया गया है

११ अगर एक से जियादा मुदायलेह हों और उन में से एक या कई हाजिर हों और बाकी हाजिर न हों तो मुकदमे में कारवाई जारी रहेगी और फैसला सुनाने के वक्त अदालत उन मुदायलेहों के निसबत जो जाहिर न हों ऐसा हुक्म सादिर करेगी जो उसे मुनासिब मालूम हो

कारवाई जब कि कई मुदायलेहुम में से एक या जियादा गैर हाजिर हों

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १०६ से कायम किया गया है.

१२ जब कोई मुद्दई या मुदायलेह जिस को असालतन हाजिर होने का हुक्म दिया गया हो असालतन हाजिर न होने की काफी वजह अदालत के इतमीनान के लायक जाहिर न करे तो पिछली दफों के मुताबिक वह कुल अहकाम का पाबन्द रहेगा, जो उन मुदईयान और मुदायलेहुम से मुताल्लुक हैं, जो हाजिर न हों—

नतीजा गैर हाजरी का अगर कोई फरीक जिस को असालतन हाजिर होने का हुक्म हो बिला वजह काफी गैर हाजिर हो

तशरीहः—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १०७ से कायम किया गया है—इन्डियन ला रिपोर्ट कलकत्ता जि० २ सफा २२२ में यह करार दिया गया है कि जब मुदायलेह तामील समन में हाजिर हो कर शहादत न दे तो अदालत का बहक मुद्दई डिक्री सादिर करना दुरूस्त है

मनसूख करना डिकरी एकतरफा का.

१३. हर सूरत में जब डिकरी एकतरफा मुदायलेह पर सादिर की, जाय तो मुदायलेह को मजाज है कि जिस अदालत से डिकरी सादिर हुई हो उस में इस गरज से दरखास्त दे कि डिकरी के मनसूखी का हुक्म सादिर हो, और

डिकरी एक तरफा की मनसूखी जो बरखिलाफ मुदायले सादिर हुई हो

अगर वह अदालत का इतमीनान कर दे कि समन की तामील जाब्ता के मुताबिक नहीं की गई है, या वह किसी काफी वजह से अदालत में उस वक्त हाजिर नहीं हो सका जब कि मुकदमा सुनाई के लिए पेश हुआ था, तो अदालत हुक्म मनसूखी डिक्री जो उस के ऊपर हो, ऐसा शरायत खर्चा के, या दाखिल करने रु० अदालत के, या दीगर तौर पर जो मुनासिब समझे सादिर करे, और मुकदमें में कार्रवाई होने के लिये एक तारीख मुकर्रर करेगी

मगर शर्त यह है कि जब डिक्री इस किस्म की है कि वह सिर्फ ऐसे मुद्दायलेह के खिलाफ मनसूख नहीं हो सकी है, तो वह खिलाफ कुल या दीगर मुद्दायलेहुम में से किसी के खिलाफ मनसूख हो सकी है

तशरीह:—यह कायदा हर उन मुकदमें से लागू है जिसमें मुद्दायलेह पर डिक्री एकतरफा पहले पेशी पर या बाद की मुलतवी की हुई पेशी पर उस के हाजिर न होने के वजह से सादिर की जाय (इ ला रि. कलकत्ता जिल्द २३ सफा ७३८)

सिर्फ इस अमर से कि मुद्दायलेह ने डिक्री एकतरफा की अपील कर दी है, इस कायदे के मुताबिक उन के मनसूख करा पाने का हक उस का जायल नहीं होता है (इ. ला रि. बम्बई जि २३ सफा ७१६)

यह अमर कि कायदा ७ के मुताबिक हुक्म दिया गया, और उस की अपील नहीं हुई, इस कायदे के मुताबिक दरखास्त के लिये कोई ऐतराज नहीं है (इ ला. रि मद्रास जि २१ सफा ३२४).

जब डिक्री के नाराजी से अपील पेश कर दी गई है तो डिक्री इब्तदाई का मनसूख करना अदालत अपील के अखत्यार में है [इ. ला रि मद्रास जि ३० सफा ५३५]

यह कायदा उन शख्सों से लागू नहीं है जो हाजिर नहीं हुये हैं न उन पर डिक्री है [१ अलहाबाद ला जरनल सफा ४७०] यह कार्रवाई इजराय डिक्री से लागू है (३ कलकत्ता ला. जरनल सफा २७२)

डिक्री एकतरफा जब एक मरतबा मनसूख कर दी गई तो अदालत को उस के बहाल करने का अखत्यार नहीं है (१७ मद्रास ला जरनल रिपोर्ट सफा ८१)

डिक्री एकतरफा का यह मतलब हो सकता है कि जब डिक्री मुद्दायलेह पर उस

वक्त सादिर की जाय जब उस के तरफ से कोई हाजिर न हुआ हो और जब मुद्दायलेह तामील समन में हाजिर आवे तो उस पर डिक्री एकतरफा सादिर नहीं हो सक्ती—और जब वह बजात खुद हाजिर न हो और जरिये वकील के हाजिर हो तब वह अमर इस बात पर मुनहसिर होगा कि वकील को काफी हिदायत थी कि नहीं (इ. ला. रि. अलहाबाद जि २० सफा १९५ वो इं ला रि बम्बई जि २३ सफा १४४)

दरखास्त मन्जूर किये जाने के हुक्म से अपील नहीं हो सक्ती [इं ला. रि अलहाबाद जि. १९ सफा ३५५]

इलाज.—जब मुद्दायलह पर इक तरफा डिक्री पेशी पर हाजिर न होने के सबब से सादिर हो तो उस के लिये नीचे लिखे ३ इलाज है—

(१) मुद्दायलेह इक तरफा डिक्री की अपील बमूजिब दफा ९६ कर सक्ता है—

(२) वह बमूजिब दफा ११४—तजवीज सानी की दरखास्त दे सक्ता है—[इ. ला. रि. अलहाबाद जि. ६ सफा १५]—

(३) वह तारीख डिक्री से ३० दिन के अन्दर, या अगर समन की तामील उस पर नहीं हुई थी तो डिक्री के इल्म से ३० दिन के अन्दर इकतरफा डिक्री को रद कराने की दरखास्त इस कायदा के मुआफिक दे सक्ता है—(मद न. १६४ एक्ट मियाद सन १९०८)

पहिले दो इलाज हर डिक्री को लागू होंगे, चाहे वह डिक्री इकतरफा हो या न हो मगर तीसरा इलाज सिर्फ इकतरफा डिक्री को लागू होगा

मुद्दायलेह को अख्तयार है कि इकतरफा डिक्री मसूख कराने के बदले उस की अपील करे—(इ. ला रि अलाहाबाद जिल्द ८ सफा २७२)—या तजवीज सानी की दरखास्त करे—(इ. ला. रि कलकत्ता जि. २६ सफा ५१८)

जवाब दावा पेश होने पर भी [illegible] वास्ते मसूखी इकतरफा डिक्री दी जा सक्ती है—(इ. ला. रि मद्रास [illegible] १).

इक तरफा डिक्री की अपील वो मसूंखी की दरखास्त—अगर मुद्दायलेह इक तरफा डिक्री को रद कराने की दरखास्त दे और उसके साथ २ डिक्री की अपील भी दायर करे तो ऐसी सूरत में क्या अदालत इब्तदाई को वैसी दरखास्त सुनने का अख्त्यार है या क्या वैसी दरखास्त की सुनाई अदालत अपील करेगी हाई कोर्ट मदरास की राय है कि अपील दायर हो जाने पर अदालत इब्तदाई को दरखास्त सुनने का कोई अख्त्यार नहीं रहता है वैसा अख्त्यार अदालत अपील को बमूजिब दफा १०७ हासिल हो जाता है—(इ ला रि मदरास जि ३० सफा ५२९)—मगर हाई कोर्ट कलकत्ता की यह राय है कि अदालत इब्तदाई को वैसी दरखास्त सुनने का अख्त्यार अपील दायर हो जाने पर भी रहता है सबब यह है कि अपील में रूईदाद मुकदमा का तसफिया होता है और दरखास्त में इस बात का तसफिया होगा कि समन की बाजाब्ता तामील हुई या नहीं (कलकत्ता वी नो जि १२ सफा (८८५) लेकिन अगर डिक्री अदालत अपील से बहाल हो जाय तो फिर अदालत इब्तदाई को दरखास्त निस्बत मसूखी इक तरफा डिक्री सुनने का अख्त्यार न रहेगा (इ ला रि. अलाहाबाद जि ३७ सफा २०८)

फर्ज करो कि मुई ने दो मुद्दायलेहों पर नालिश दायर किया एक मुद्दायलेह पेशी पर हाजिर हुआ और दूसरा नहीं हुआ जो गैर हाजिर था उस पर इक तरफा डिक्री हुई और जो हाजिर था उस पर बाद सुनवाई उसके उजरात डिक्री हुई गैर हाजिर मुद्दायलेह ने उस डिक्री के मसूख कराने की दरखास्त दिया, और हाजिर मुद्दायलेह ने उसकी अपील किया तो इस सूरत में वही कायदा लागू होगा—जो ऊपर दर्ज है

एक तरफा डिक्री जो फरेब से हासिल की गई है—ऐसे डिक्री को मसूख कराने के लिये मुद्दायलेह को ऊपर लिखे इलाज के सिवाय, नई नालिश करने का भी अख्त्यार है—(इ ला रि. कलकत्ता जि. २१ सफा ६०५)—मुद्दायलेह की वैसी नालिश चल सकेगी, गो उसकी दरखास्त निस्बत मन्सूखी नामंजूर हुई हो—(इ. ला रि. कलकत्ता जि २८ सफा ३९५)—लेकिन अगर फरेब का सवाल नयी नालिश में वही हो जो दरखास्त में था—और जिसका तसफिया दरखास्त में हो चुका—तो उसूल रेसजुडीकेटा लागू होगा

वक्त सादिर की जाय जब उस के तरफ से कोई हाजिर न हुआ हो और जब मुद्दायलेह तामील समन में हाजिर आवे तो उस पर डिक्री एकतरफा सादिर नहीं हो सक्ती—और जब वह बजात खुद हाजिर न हो और जरिये वकील के हाजिर हो तब वह अमर इस बात पर मुनहसिर होगा कि वकील को काफी हिदायत थी कि नहीं (इ. ला. रि. अलहाबाद जि. २० सफा १९५ वो इ. ला. रि. बम्बई जि. २३ सफा १४४)

दरखास्त मन्जूर किये जाने के हुक्म से अपील नहीं हो सक्ती [इ. ला. रि. अलहाबाद जि. १९ सफा ३५५]

इलाज.—जब मुद्दायलेह पर इक तरफा डिक्री पेशी पर हाजिर न होने के सबब से सादिर हो तो उस के लिये नीचे लिखे ३ इलाज है—

(१) मुद्दायलेह इक तरफा डिक्री की अपील बमूजिब दफा ९९ कर सक्ता है—

(२) वह बमूजिब दफा ११४—तजवीज सानी की दरखास्त दे सक्ता है—[इ. ला. रि. अलहाबाद जि. ६ सफा १५]—

(३) वह तारीख डिक्री से ३० दिन के अन्दर, या अगर समन की तामील उस पर नहीं हुई थी तो डिक्री के इल्म से ३० दिन के अन्दर इकतरफा डिक्री को रद्द कराने की दरखास्त इस कायदा के मुआफिक दे सक्ता है—(मद न. १६४ एक्ट मियाद सन १९०८)

पहिले दो इलाज हर डिक्री को लागू होंगे, चाहे वह डिक्री इकतरफा हो या न हो मगर तीसरा इलाज सिर्फ इकतरफा डिक्री को लागू होगा।

मुद्दायलेह को अख्तयार है कि इकतरफा डिक्री मसूख कराने के बदले उस की अपील करे—(इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द ८ सफा २७२)—या तजवीज सानी की दरखास्त करे—(इ. ला. रि. कलकत्ता जि. २६ सफा ५१८)

जवाब दावा पेश होने पर भी दरखास्त वास्ते मसूखी इकतरफा डिक्री दी जा सक्ती है—(इ. ला. रि. मदरास जिल्द ३१ सफा ५०५).

इक तरफा डिक्री की अपील वो मसूखी की दरखास्त —अगर मुद्दायलेह इक तरफा डिक्री को रद्द कराने की दरखास्त दे और उसके साथ २ डिक्री की अपील भी दायर करे तो ऐसी सूरत में क्या अदालत इब्तदाई को वैसी दरखास्त सुनने का अख्त्यार है या क्या वैसी दरखास्त की सुनाई अदालत अपील करेगी हाई कोर्ट मदरास की राय है कि अपील दायर हो जाने पर अदालत इब्तदाई को दरखास्त सुनने का कोई अख्त्यार नहीं रहता है वैसा अख्त्यार अदालत अपील को बमूजिब दफा १०७ हासिल हो जाता है—(इ ला रि मदरास जि ३० सफा ५२९)—मगर हाई कोर्ट कलकत्ता की यह राय है कि अदालत इब्तदाई को वैसी दरखास्त सुनने का अख्त्यार अपील दायर हो जाने पर भी रहता है सबब यह है कि अपील में रूईदाद मुकदमा का तसफिया होता है और दरखास्त में इस बात का तसफिया होगा कि समन की बाजाब्ता तामील हुई या नहीं (कलकत्ता वी नो जि. १२ सफा (८८५) लेकिन अगर डिक्री अदालत अपील से बहाल हो जाय तो फिर अदालत इब्तदाई को दरखास्त निस्बत मसूखी इक तरफा डिक्री सुनने का अख्त्यार न रहेगा (इ. ला रि. अलाहाबाद जि ३७ सफा २०८)

फर्ज करो कि मुद्दई ने दो मुद्दायलेहों पर नालिश दायर किया एक मुद्दायलेह पेशी पर हाजिर हुआ और दूसरा नहीं हुआ जो गैर हाजिर था उस पर इक तरफा डिक्री हुई और जो हाजिर था उस पर बाद सुनवाई उसके खिलाफ डिक्री हुई गैर हाजिर मुद्दायलेह ने उस डिक्री के मसूख कराने की दरखास्त दिया, और हाजिर मुद्दायलेह ने उसकी अपील किया तो इस सूरत में वही कायदा लागू होगा—जो ऊपर दर्ज है.

एक तरफा डिक्री जो फरेब से हासिल की गई है —ऐसे डिक्री को मसूख कराने के लिये मुद्दायलेह को ऊपर लिखे इलाज के सिवाय, नई नालिश करने का भी अख्त्यार है—(इ ला रि कलकत्ता जि. २१ सफा ६०५)—मुद्दायलेह की वैसी नालिश चल सकेगी, गो उसकी दरखास्त निस्बत मन्सूखी नामंजूर हुई हो—(इ ला. रि. कलकत्ता जि. २९ सफा ३९५)—लेकिन अगर फरेब का सवाल नई नालिश में वही हो जो दरखास्त में था—और जिसका तसफिया दरखास्त में हो चुका—तो उसूल रेसजुडीकेटा लागू होगा

वक्त सादिर की जाय जब उस के तरफ से कोई हाजिर न हुआ हो और जब मुद्दायलेह तामील समन में हाजिर आवे तो उस पर डिक्री एकतरफा सादिर नहीं हो सक्ती– और जब वह बजात खुद हाजिर न हो और जरिये वकील के हाजिर हो तब वह अपर इस बात पर मुनहसिर होगा कि वकील को काफी हिदायत थी कि नहीं (इ. ला रि अलहाबाद जि २० सफा १९५ वो इ ला. रि बम्बई जि २३ सफा १४४)

दरखास्त मन्जूर किये जाने के हुक्म से अपील नहीं हो सक्ती [इ. ला. रि अलहाबाद जि १९ सफा ३५५]

इलाज.—जब मुद्दायलह पर इक तरफा डिक्री पेशी पर हाजिर न होने के सबब से सादिर हो तो उस के लिये नीचे लिखे ३ इलाज है—

(१) मुद्दायलेह इक तरफा डिक्री की अपील बमूजिब दफा ९६ कर सक्ता है—

(२) वह बमूजिब दफा ११४—तजवीज सानी की दरखास्त दे सक्ता है—[इ. ला. रि. अलहाबाद जि. ६ सफा ९५]—

(३) वह तारीख डिक्री से ३० दिन के अन्दर, या अगर समन की तामील उस पर नहीं हुई थी तो डिक्री के हुक्म से ३० दिन के अन्दर इकतरफा डिक्री को रद्द कराने की दरखास्त इस कायदा के मुआफिक दे सक्ता है—(मद न. १६४ एक्ट मियाद सन १९०८)

पहिले दो इलाज हर डिक्री को लागू होंगे, चाहे वह डिक्री इकतरफा हो या न हो मगर तीसरा इलाज सिर्फ इकतरफा डिक्री को लागू होगा

मुद्दायलेह को अख्त्यार है कि इकतरफा डिक्री मसूख कराने के बदले उस की अपील करे—(इ. ला रि अलाहाबाद जिल्द ८ सफा २७२)—या तजवीज सानी की दरखास्त करे—(इ. ला. रि कलकत्ता जि २६ सफा ५९८)

जवाब दावा पेश होने पर भी दरखास्त वास्ते मसूखी इकतरफा डिक्री दी जा सक्ती है—(इ. ला. रि मदरास जिल्द ३१ सफा ५०५)

इक तरफा डिक्री की अपील वो मसूखी की दरखास्त —अगर मुद्दायलेह इक तरफा डिक्री को रद कराने की दरखास्त दे और उसके साथ २ डिक्री की अपील भी दायर करे तो ऐसी सूरत में क्या अदालत इब्तदाई को वैसी दरखास्त सुनने का अख्त्यार है या क्या वैसी दरखास्त की सुनाई अदालत अपील करेगी हाई कोर्ट मदरास की राय है कि अपील दायर हो जाने पर अदालत इब्तदाई को दरखास्त सुनने का कोई अख्त्यार नहीं रहता है वैसा अख्त्यार अदालत अपील को बमूजिब दफा १०७ हासिल हो जाता है—(इ ला रि मदरास जि ३० सफा ५२९)—मगर हाई कोर्ट कलकत्ता की यह राय है कि अदालत इब्तदाई को वैसी दरखास्त सुनने का अख्त्यार अपील दायर हो जाने पर भी रहता है सबब यह है कि अपील में रूईदाद मुकदमा का तसफिया होता है और दरखास्त में इस बात का तसफिया होगा कि समन की बाजाब्ता तामील हुई या नहीं (कलकत्ता वी नो जि १२ सफा (८८५) लेकिन अगर डिक्री अदालत अपील से बहाल हो जाय तो फिर अदालत इब्तदाई को दरखास्त निसबत मसूखी इक तरफा डिक्री सुनने का अख्त्यार न रहेगा (इ ला रि. अलाहाबाद जि ३७ सफा २०८)

फर्ज करो कि मुद्दई ने दो मुद्दायलेहों पर नालिश दायर किया एक मुद्दायलेह पेशी पर हाजिर हुआ और दूसरा नहीं हुआ जो गैर हाजिर था उस पर इक तरफा डिक्री हुई, और जो हाजिर था उस पर बाद सुनवाई उसके उजरात डिक्री हुई गैर हाजिर मुद्दायलेह ने उस डिक्री के मसूख कराने की दरखास्त दिया, और हाजिर मुद्दायलेह ने उसकी अपील किया तो इस सूरत में वही कायदा लागू होगा—जो ऊपर दर्ज है

एक तरफा डिक्री जो फरेब से हासिल की गई है —ऐसे डिक्री को मसूख कराने के लिये मुद्दायलेह को ऊपर लिखे इलाज के सिवाय, नयी नालिश करने का भी अख्त्यार है—(इ ला रि. कलकत्ता जि २१ सफा ६०५)—मुद्दायलेह की वैसी नालिश चल सकेगी, गो उसकी दरखास्त निसबत मन्सूखी नामजूद हुई हो—(इ ला. रि कलकत्ता जि. २८ सफा ३९५)—लेकिन अगर फरेब का सवाल नयी नालिश में वही हो जो दरखास्त में था—और जिसका तसफिया दरखास्त में हो चुका—तो उसूल रेसजुडीकेटा लागू होगा

यानी नालिश न चल सकेगी—(इ. ला. रि. अलाहाबाद जि २९ सफा ६०८)—

मुतवफी मुद्दायलेह का कायम मुकाम जायजः—ऐसा कायम मुकाम जायज दरखास्त निसबत मन्सूखी इक तरफा डिक्री दे सक्ता है—(इ ला रि. मदरास जि ३८ सफा ४४२ वो दफा १४६ – जाब्ता दीवानी)—

वजूहात जिन पर इक तरफा डिक्री मसूख हो सक्ती हैः—इक तरफा डिक्री की मसूखी दो वजूहात पर होगी.

(१) कि मुद्दायलेह पर समन की तामीली बाजाब्ता नहीं हुई (इ ला रि. अलाहाबाद जि २४ सफा ३८३)—

(२) कि मुद्दायलेह पेशी के वक्त काफी सबब से हाजिर न हो सका [इ. ला. रि मदरास जि. २६ सफा ५११].

पर्दा नशिन औरत के मकान पर समन चिपकाया गया, क्योंकि मजकूरी तामील समन उसकी जात खास पर बसबब पर्दा नहीं कर सक्ता था औरत बाहर नहीं निकलती थी, और उसको इल्म नहीं हुआ कि उस पर मुकदमा दायर हुआ—वह तारीख पेशी पर हाजिर न हो सकी और उस पर इक तरफा डिक्री हुई, डिक्री इस वजह पर मसूख की गई, कि वह बसबब काफी वजह के पेशी पर हाजिर नहीं हो सकी थी—[कलकत्ता वी नो जि. १९ सफा १२३१]—**काफी वजह.**—के लिये, देखो कायदा ९ की तशरीह वा नोट.

शर्त का अखीर फिकराः—एक सूरत तो यह है कि जब इक तरफा डिक्री कुल मुद्दायलेहुम पर सादिर हो मगर उसके मसूख कराने की दरखास्त उनमें से चद मुद्दायलेहुम ने दी हो और चद ने न दी हो, और दूसरी सूरत यह है कि जब डिक्री चद मुद्दायलेहुम पर इक तरफा सादिर हुई हो, और चद मुद्दायलेहुम पर उनके उजरात वो जवाब देही सुनने के बाद दी हो और मन्सूखी की दरखास्त इक तरफा डिक्री वाले मुद्दायलेहों में से एक या ज्यादा ने की हो तो इन दोनों सूरतों में आम कायदा यह है, कि डिक्री मसूख की जायगी.

(१) अगर बगरज इंसाफ मसूख करना मुनासिब है—[इ ला रि.

अलाहाबाद जि २४ सफा ३८३, ४००].

(२) अगर डिक्री एक या गैर काबिल तकसीम हो यानी उसके टुकड़े न हो सके हो —[इ ला रि. कलकत्ता जि. २५ सफा १५५, १६०]

(३) अगर डिक्री मसूख न होने से उस मुकदमे में कई डिक्रियां ऐसी होगी जो एक दूसरे के खिलाफ होगी—[इं. ला रि. अलाहाबाद जि० २४ सफा ३८३, ३८८, ४००]—

(४) जब कि डिक्री को मसूख किये बगैर सायल को पूरी दादरसी नहीं दी जा सकी—(इ ला रि अलाहाबाद जि० २४ सफा ४०१)

(५) जब कि डिक्री एक ऐसी बुन्याद पर दी गई हो, जो सब मुदाय-लेहों को लागू होती हो —[इ. ला रि मद्रास जि १६ सफा ६०४]

इसका खुलासा नीचे लिखी हुई नजीरों से साफ मालुम होगा.

(१) (ख) (ग) (घ) शामिल शरीक हिन्दू खानदान के मेम्बरान हैं इन्हों ने अपनी शामिल शराकती जायदाद का रहननामा (क) को लिख दिया, (क) ने उन तीनों पर नालिश दायर किया समन की तामील (ख) व (ग) पर नहीं हुई, मगर (घ) पर हुई, पेशी पर तीनों नहीं आये, और उन तीनों पर एक तरफा डिकरी सादिर हुई—[ख] व [ग] ने डिकरी मसूखी की दरखास्त इस बिना पर दी कि समन की तामील उन पर नहीं हुई थी—चूंकि डिकरी एक या गैर काबिल तकसीम है, यानी उस के टुकड़े नहीं हो सके, इस लिये अदालत डिकरी मजकूर न सिर्फ खिलाफ (ख) वो (ग) मसूख करेगी, बल्कि खिलाफ (घ) भी मसूख करेगी, गो (घ) पर समन की तामीली हुई थी, और उस के गैर हाजरी के लिये कोई काफी वजह न थी—(इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द ३३ सफा २६४).

(२) (अ) ने (ब) पर व उस के दो नाबालिग बेटों [क] [ख] पर १०००) रूपये की नालिश दायर किया, इस बिना पर कि बाप वो बेटे शामिल शरीक हैं, और बाप ने यह रूपया बहैसियत मेनेजर खानदान कर्ज लिया था—पेशी के रोज तीनों नहीं आये—और तीनों पर एक तरफा डिक्री सादिर हुई, तीनो ने डिक्री मन्सूखी की दरखास्त दिया, बेटों के निस्बत यह साबित हुआ, कि उन पर समन की तामीली नहीं हुई मगर बाप के निस्बत समन की तामीली साबित पाई गई—चूंकि डिक्री एक नो गैर काबिल तकसीम है, इस लिये अदालत डिक्री मजकूर न सिर्फ खिलाफ बेटों के मनसूख करेगी, बल्कि खिलाफ बाप भी मन्सूख करेगी, गो बाप पर समन की तामील हुई थी, और उसकी गैर हाजरी के लिये, कोई काफी सबब न था—डिक्री इस वजह से और भी तीनों के खिलाफ मन्सूख होगी, क्योंकि बेटों को पूरी दादरसी नहीं मिल सकी, जब तक कि बाप पर जो डिक्री हुई वह भी मन्सूख न की जाय—अगर बाप पर डिकरी कायम रहेगी, तो जायदाद में जो हिस्सा बाप का है, वह कुर्क होकर नीलाम हो जायगा—गो मुकदमा की दुबारा तजवीज के वक्त बेटे यह साबित करदें, कि कर्जा नहीं लिया गया था—या कर्जा चुका दिया गया, या उस कर्जे की अदाई का बोझ खानदानी जायदाद पर नहीं हो सक्ता—(इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द २४ सफा ३८३, ४००, ४०१).

(३) [अ] [ब] वो [क] तीनों शामिल शरीक हैं और तीनों का शामलाती कब्जा जायदाद गैर मनकूला पर है [क] ने [अ] वो [ब] पर इस अमर के इस्तकरार हक की नालिश दायर किया, कि उसका शामलाती कब्जा, (अ) वो (ब) के साथ करार दिया जावे, समन की तामील (अ) पर हुई, मगर (ब) पर नहीं हुई—पेशी पर दोनों नहीं आये, और दोनों पर इक तरफा डिक्री सादिर हुई—(ब) ने डिक्री मन्सूखी की दरखास्त दिया, डिक्री उसके खिलाफ मन्सूख हुई, मगर (अ) के खिलाफ कायम रही—

पेशी के वक्त (ब) ने यह साबित कर दिया, कि (क) का हक जायदाद पर कुछ नहीं है, पस ऐसी सूरत में अगर पूरी डिक्री खिलाफ (अ) को (ब) मन्सूख न होगी, तो नतीजा यह होगा, कि एकही नालिश में दो किस्म की डिक्री एक दूसरे के खिलाफ सादिर होंगी, क्योंकि जो इक तरफा डिक्री (क) को (अ) पर मिली है, उससे यह पाया जायगा, कि (क) का कब्जा शामलाती (अ) को (ब) के साथ है और दुबारा तजवीज के वक्त जो डिक्री खिलाफ (क) सादिर होगी, उस से यह पाया जायगा, कि (क) का कब्जा शामलाती (अ) को (ब) के साथ नहीं है—यह दोनों डिक्रियां एक दूसरे के खिलाफ होंगी—पस पूरी डिक्री दोनों मुद्दायलेह के खिलाफ मसूख होगी, ताकि मुकदमा की जांच नये सिरे से की जाय—[इ ला रि अलाहाबाद जिल्द १३ सफा ३८३, ३८८]

अपील.—जो दरखास्त इस कायदे के मुआफिक दी जावे और वह मंजूर न हो, तो नामंजूरी की अपील हो सकेगी—[देखो आर्डर न ४३ कायदा १ घ]—लेकिन अगर दरखास्त मंजूर हो तो मंजूरी की अपील न होगी—[इ ला रि कलकत्ता जिल्द १६ सफा ४२६].

डिक्री बगैर इत्तला तरफसानी के मनसूख न की जायगी

१४ कोई डिक्री बवजह गुजरने दरखास्त किस्म के मनसूख न की जायगी, जब तक के उस दरखास्त के गुजरने की इत्तला तरफसानी पर तामील न हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १०९ से कायम किया गया है—बमूजिब दफा १४६ नालिश डिक्रीदार मुतरफ्फी के कायम मुकामान जायज की जाना चाहिये

११ इस मजमूआ में जो अहकाम दस्तावेज के निसबत दर्ज किये गये हैं, जहा तक हो सके, तमाम और अशयाय मादी से भी मुताल्लुक होंगे जो बतौर शहादत पेश हो सकती है

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १४५ से कायम किया गया है

आर्डर--१४.

निकाला जाना तनकीह का और तसफिया मुकदमात तनकीह कानूनी पर या उन तनकीहात पर जो करार पाय.

करार दिया जाना तनकीह का

१ (१) अमर तनकीह तलब उस वक्त पैदा होती है जब कि कोई फरीक किसी अमर बयान मुकदमा मुताल्लुक वाकेआत या कानून को बयान करे, और फरीकसानी उस से इनकार करे

(२) अमर जरूरी मुकदमा वह अमर कानूनी या वाकेआती है जो मुद्दई को वास्ते जाहिर करने हक नालिश के बयान करना लाजिम है, या जो मुदायलेह को वास्ते कायम करने अपने जवाब के बयान करना जरूर है

(३) हर अमर जरूरी मुकदमा जिसे एक फरीक बयान करे और दूसरा उसे इनकार करे एक अलेहदा अमर तनकीह तलब करार दिया जायगा

(४) तनकीहात दो किस्म की है—(क) तनकीहात वाकेआती, (ख) तनकीहात कानूनी

(५) मुकदमा की अव्वल पेशी पर अदालत वाद पढ़ने अर्जीदावा और बयान तहरीरी के, अगर कोई हों, और फरीकैन के उस इजहार के बाद जो जरूरी मालूम हो, यह दरयाफ्त करेगी कि किस अमर वाकेआती या कानूनी जरूरी मुकदमा के बाबत फरीकैन के दरमियान झगड़ा है, उस के बाद अदालत अमर तनकीह को जिन पर अदालत के दानिस्त में मुकदमा के सही तजवीज का दार मदार है, करार दे कर तहरीर करेगी

(६) इस कायदे की किसी इबारत से अदालत पर उस हालत में अमर तनकीह का करार देना और तहरीर करना लाजिम नहीं है, जब की मुकदमा की अव्वल सुनाई के वक्त मुदायलेह की तरफ से कुछ जवाब देही न हो

तशरीह:—मुकदमा दीवानी में अरजी दावी और बयान तहरीरी को "प्लीडिंग" कहते हैं (आर्डर १ कायदा न. १) एक्ट शहादत की दफा ५८ में यह हुक्म है कि बर वक्त पेशी मुकदमा ऐसी अमूरात का साबित करना जरूर नहीं है

कि जिन को कोई फरीक अपने प्लीडिंग के जरिये यानी बयानात की रू से कबूल करता है सिवाय उस सूरत में कि जब अदालत साफ तौर पर सबूत तलब करे—तनकीहात सिर्फ ऐसे अमूरात के बारे में कायम की जावेगी कि जिन से फरीकसानी को इंकार है न कि इकबाल—तनकीह उन्ही अमूरात के निस्बत कायम की जावेगी कि जिन का कायम करना मुकदमें के फैसले के लिये जरूर है—तनकीह दो किस्म की होती है—(१) निस्बत अमर वाकेआ (२) निस्बत अमर कानूनी; मसलन, अगर रामदत्त शिवदत्त पर किसी माहदा यानी ठहराव की टूट के हरजे के बारे में नालिश करे और शिवदत्त नजरिये अपने बयान तहरीरी के यह उजर करे (१) कि माहदा अजरूये कानून नाजायज है (२) कि मुद्दई को माहदे की टूट से कोई नुकसानी नहीं हुई—(३) अदालत को मुकदमा की सुनाई करने का अखत्यार नहीं है (४) कि दावा मुद्दई बेरू मियाद है—ऊपर लिखी उजरात पर नीचे लिखी तनकीह कायम करना चाहिये.

(१) आया माहदा जायज है और उस की तामील फरीकैन पर लाजिम है.
(२) आया रामदत्त को बवजह टूट माहदा नुकसानी उठाना पड़ा.
(३) आया अदालत को नालिश की सुनाई का अखत्यार है.
(४) आया दावा मुद्दई बेरू मियाद है

ऊपर लिखी तनकीहों में से तनकीह न. १ में कानूनी और वाकेआती तनकीहों का मिलाप है, न २ में सिर्फ तनकीह वाकेआती है, न. ३ वो ४ में तनकीहात कानूनी है—माहदा की टूट के बारे में कोई तनकीह कायम करने की जरूरत नहीं है क्योंकि मुद्दायलेह को माहदा के टूट से इंकार नहीं है

गरज कायम करने तनकीहः— तनकीह कायम करने की यह गरज है कि फरीकैन का बयान ऐसी खास २ सवालों के तरफ मिलाया जावे कि जिन के बारे में उन के बीच में इत्तफाक नहीं है और यह भी गरज है कि अदालत के रूबरू ऐसे सवालात पेश किये जावें जिन का फैसला करना लाजमी है—

ऐसी तनकीह नहीं निकाली जाना चाहिये जो एक दूसरे के बरखिलाफ हो (इ. ला. रि कलकत्ता जि० १५ सफा ६८४ प्रीवी कौंसिल)

किसी जज को जो किसी अमर कानूनी को साफ, समझता है उस पर

तनकीह निकलना फरज नहीं है (२ बम्बई हाई कोर्ट रिपोर्ट सफा २७२) जब मुद्दायलेह हाजिर न हो तो अदालत को तनकीह निकालना जरूर नहीं है (१५ बंगली रिपोर्टर सफा १४५)

इस मजमुए के बमूजिब तनकीह कायम करने का काम अदालत के जिम्मे है, और अगर कोई अदालत जरूरी तनकीह कायम करने में भूल करे तो उस से यह मतलब नहीं निकाला जा सकता है कि मुद्दायलेह की मनशा ऐसे वाकेआत के कबूल करने की थी, जिन का साबित करना मुद्दई पर लाजिम था (इं. ला रि. बम्बई जि० २६ सफा ३६०).

जब वह अमर कि जिस के निसबत कोई साफ तनकीह कायम नहीं की गई फरीकैन के दिलों में मौजूद रहा हो तो वैसे अमर के निसबत किसी अदालत का फैसला इस बिना पर रद्द न किया जायगा कि उस के बारे में कोई तनकीह कायम नहीं की गई थी (इ. ला रि मदरास जि० २६ सफा ७२) तसफिया इस अमर का कि आया मालियत दावी की वाजबी तौर पर लगाई गई या नहीं, फैसला मुकदमा का होने के पेशतर बजरिये तनकीह इसदाई के किया जावेगा (इ. ला रि कलकत्ता जि०८ सफा ६७९)

२ जब तनकीह तलब कानूनी और वाकेआती दोनों एकही मुकदमा में पैदा हो, और अदालत की राय में अमर कानूनी की बिना पर मुकदमा या उस का कोई हिस्सा तै हो सकता है तो वह पहिले उन्ही अमूरात की तजवीज करेगी और उस गरज के लिये अगर मुनासिब जाने तो अमर वाकेआती का करार देना उस वक्त तक मुलतवी रखे कि जब तक अमर कानूनी तजवीज न हो जाये

मगर तनकीह तलब वाकेआती और कानूनी

तशरीहः—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १४६ के छठवें फिकरे से कायम किया गया है

इस कायदे के अहकामात निसबत तजवीज तनकीहात वाकेआती के मुकदमें की पहिली पेशी पर अमल में लाये जायेंगे (इ. ला रि. बम्बई जि० ४ सफा ५७८).

३ अदालत को अखत्यार है कि अमर तनकीह तलब कुल या जुज नीचे लिखे हुए बयान से निकाले

बयानात जिन से अमर तनकीह तलब निकाले जा सकें

(क) उन बयानात हलफी से जो फरीकैन ने या किसी शख्स ने जो उन की तरफ से हाजिर थे, किये हों, या उन फरीकैन के वकील ने किये हों

(ख) उन बयानात से जो प्लीडिंग में या उन वन्द सवालात के जवाबात में किये गये हों, जो मुकदमे में दाखिल किये जाये

(ग) उन दस्तावेजात के मजमून से जो फरीकैन में से किसी ने पेश की हों—

तशरीह:—तनकीह निकालते वक्त अदालत अरजीदावा वो प्लीडिंग के इबारत की पावन्द न रहेगी यानी तनकीह सिर्फ प्लीडिंग ही से नहीं निकाली जा सक्ती बलकि फरीकैन और उन के वकील के बयान से भी—(इ. ला. रि. कलकत्ता जि० ११ सफा ४१०)

जब कि माहदा के मावजा का नाजायज होना बयान नहीं किया गया है बलकि उस के निसबत अदालत की तवज्जह दिलाई गई हो तो अदालत उस पर ख्याल करने और अमल में लाने की पावन्द है—(इ ला रि अलाहाबाद जि० २७ सफा २६६).

नालिश दखलयाबी कबजा में जो किसी बैनामा के बुनियाद पर कायम हो, अदालत को चाहिये कि तनकीह निसबत माल की जायदाद वो कबजा के कायम करे क्योंकि गो मुद्दई बैनामा साबित न कर सके, ताहम वह जायदाद के मिलकियत के बारे में अपना हक साबित कर सक्ता है (इ ला. रि बम्बई जि० २० सफा ७५८).

कार्रवाई जाप्ता यह है कि फैसला हर मुकदमे का ऐसे वाकेआत पर होना चाहिये कि जिनका बयान प्लिडिंग में किया गया है या जो खुईदाद मुकदमा से मिलान खाते हैं और तनकीहात भी उजरात फरीकैन पर लिहाज रखकर कायम करना चाहिये—जब तनकीहात बयान फरीकैन में से कायम की जावे तो वे उजरात के खिलाफ नहीं हो सक्ती—(इ ला. रि कलकत्ता जि० ८ सफा ६७५)—

मसलन अगर रामदत्त शिवदत्त पर मसूखी दस्तावेज की इस बिना पर नालिश करे कि वह दस्तावेज उसकी तरफ से तहरीर नहीं किया गया है बल्कि वह

जालसाजी से लिखा गया है तो अदालत इस मजमून की तनकीह कायम न करेगी कि आया दस्तावेज मजकूर बजरिये धमकी या दबाव नाजायज के लिखवाया गया क्योंकि इस किस्म की तनकीह कायम करने से यह क्यास किया जाता है कि दस्तावेज ना लिखा गया गो मुद्दई का बयान अरजीदावी में यह है कि उसने दस्तावेज बिलकुल तहरीर नहीं किया।—(इ. ला अलाहाद जि० १० सफा ६२७)

जब कोई अदालत फरीकैन के सुलझाने के मुताबिक कोई तनकीह कायम न करे तो ऐसे हुकूम के नाराजी से अपील दायर न हो सकेगी—(इ ला. रि. कलकत्ता जि ४ स ५३१, वो इ ला. रि कलकत्ता जि ३५ स १)—

अदालत तनकीह निकाले जाने के पहले गवाही का इजहार ले सकती है या दस्तावेजात का मुलाहजा कर सकती है

४ अगर अदालत की राय में बिला इजहार किसी शख्स के, जो अदालत में हाजिर न हो या बिला मुलाहजा किसी दस्तावेजात के जो मुकदमा में पेश न हुआ हो, अमर तनकीह तलब कायम नहीं हो सकती, तो उसे अखत्यार होगा कि कायम करना अमर तनकीह का किसी तारीख आइन्दा पर मुलतवी रखे और (उस कानून की रियायत से जो उस वक्त जारी हो) बजरिये समन या और हुक्मनामा के जबरन किसी शख्स को हाजिर कराय या कोई दस्तावेज किसी शख्स से, जिस के कब्जा या अखत्यार में हो, पेश कराय

तरमीम और खारिज करने अमर तनकीह तलब के बारे में अखत्यार

५ (१) अदालत को अखत्यार है कि डिक्री सादिर करने से पहले किसी वक्त अमर तनकीह को उन शर्तों से जो मुनासिब मालूम हो तरमीम करे, या उन में और अमर तनकीह शामिल करे, और इसी तरह वास्ते तसफिया अमर मुतनाजिया दरमियान फरीकैन के जो तरमीम या इजाफा अमर तनकीह का जरूरी हो, अमल में आयगा

[२] अदालत को यह भी अखत्यार है कि डिक्री सादिर करने से पहले किसी वक्त किसी अमर तनकीह को जो गलती से करार दिये या बढ़ाये हुये मालूम हों खारिज करदे

तशरीह —कोई तनकीह इस तरह से तरमीम नहीं हो सकी और न ऐसी नई तनकीह निकाली जा सकी है जिसे मुकदमा एक किस्म से बदल कर दूसरे और मुख्तालिफ किस्म का हो जाय (इ ला रि बम्बई जिल्द १३ सफा ६६४)

किसी औरत को बद चलनी का इलजाम, जिसे वह नाननफके, की मुस्तहक

न रहे, साफ तौर से प्लीडिंग में या तनक़ीह में होना चाहिये जब मुद्दई का मुकदमा बन्द हो जावे तो अदालत इस अमर की तनक़ीह नहीं निकालेगी (इ. ला. रि. बम्बई जि. २७ स ४८५ प्रीवी कौंसिल)

अगर किसी मुकदमा इसतफ़राहक में शहादत से मालूम हो कि कब्जा मुद्दायलेह का है तो अदालत को इस अमर के निसबत तनक़ीह निकालना चाहिये (इ ला रि. मदरास जिल्द १५ सफा १५)

अमर वाकेआती या कानूनी बजरिये इकरार नामा के बनीर अमर तनक़ीह तलब बयान हो सके है

६ जब फरीकैन मुकदमा आपस में तसफिया करें कि फलां अमर वाकआती या कानूनी का तसफिया उन के दरम्यान होना चाहिये, तो वे अमर मजकूर को बतौर अमर तनक़ीह के लिख कर एक इकरार नामा तहरीरी लिख दे कि जब अदालत निसबत अमर तनक़ीह मजकूर के अपनी राय निसबत सबूत या अदम सबूत के कायम करे,

(क) तो उस वक्त इकरार नामा में दरज की हुई रकम जो अदालत तहकीक करे, या जिस तोर से अदालत हिदायत करे, एक फरीक दूसरे फरीक को अदा करे या कि कोई फरीक किसी वैसे हक का मुस्तहक या ऐसी जिम्मेदारी का पाबद करार दिया जाय जिस्की तफसील इकरारनामा में दरज हो,

(ख) कोई जायदाद जो इकरारनामें में दरज और मुकदमा में झगड़े में हो, एक फरीक दूसरे फरीक के हवाला करे या जिस तरह दूसरा फरीक हिदायत करे उसी तरह अमल किया जाय, या,

(ग) फरीकैन में से एक या जियादा फरीक कोई खास काम जो इकरारनामा में दरज हो और अमर मुतनाजिया से मुतअल्लुक हो अमल में लाय या उससे बाज रहे

तशरीह — यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १५० से कायम किया गया है.

इस कायदा वो कायदा ७ में दरज किये हुये उसूल उस वक्त लागू हैं जब अमर वाकेआती बतौर तनक़ीह के बयान किया जाय और अहल कमीशन की तजवीज के निस्बत हो, न कि अदालत के तजवीज के बारे में (इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द २९ सफा ३०६)

अदालत फैसला सादिर कर सकी है अगर उस को इतमीनान हो जाय कि इकरार नामा तेकनियती से किया गया है

७ अगर वाद करने उस तहकीकात के जो मुनासिब मालूम हो अदालत को इस अमर का इतमीनान हो

(क) कि इकरारनामा फरीकैन की तरफ से बाजाब्ता लिखा गया

(ख) और उन को ऐसे अमर तसफिया तलब के फैसले में असली गरज है-और,

(ग) ऐसा अमर काबिल तजवीज वो फैसला के है, तो उस को लाजिम है कि अमर तनकीह को लिख करके उस का फैसला या तजवीज करे और अपना फैसला या तजवीज व निसबत उस के उसी तरह से लिखे कि गोया अदालत ने खुद उस को अमर तनकीह तलब करार दिया था, और अदालत मजकूर को लाजिम है कि उस फैसला, या तजवीज की बिना पर निसबत अमर मजकूर के बमूजिब शरायत इकरारनामा अपनी तजवीज सादिर करे, और बमूजिब तजवीज सादिर की हुई के डिक्री सादिर होगी

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १५१ से कायम किया गया है

न रहे, साफ तौर से प्लीडिंग में या तनकीह में होना चाहिये जब मुद्दई का मुकदमा बन्द हो जावे तो अदालत इस अमर की तनकीह नहीं निकालेगी (इ. ला. रि. बम्बई जि. २७ स ४८५ प्रीवी कौंसिल)

अगर किसी मुकदमा इसतफराहक में शहादत से मालूम हो कि कब्जा मुद्दायलेह का है तो अदालत को इस अमर के निसबत तनकीह निकालना चाहिये (इ ला रि. मदरास जिल्द १५ सफा १५)

अमर वाकेआती या कानूनी बजरिये इकरार नामा के बतौर अमर तनकीह तलब बयान हो सके हैं

६ जब फरीकैन मुकदमा आपस में तसफिया करें कि फलां अमर वाकआती या कानूनी का तसफिया उन के दरम्यान होना चाहिये, तो वे अमर मजकूर को बतौर अमर तनकीह के लिख कर एक इकरार नामा तहरीरी लिख दे कि जब अदालत निसबत अमर तनकीह मजकूर के अपनी राय निसबत सबूत या अदम सबूत के कायम करे,

(क) तो उस वक्त इकरार नामा में दरज की हुई रकम जो अदालत तहकीक करे, या जिस तौर से अदालत हिदायत करे, एक फरीक दूसरे फरीक को अदा करे या कि कोई फरीक किसी वैसे हक का मुस्तेहक या ऐसी जिम्मेदारी का पाबद करार दिया जाय जिस्की तफसील इकरारनामा में दरज हो,

(ख) कोई जायदाद जो इकरारनामे में दरज और मुकदमा में झगड़े में हो, एक फरीक दूसरे फरीक के हवाला करे या जिस तरह दूसरा फरीक हिदायत करे उसी तरह अमल किया जाय, या,

(ग) फरीकैन में से एक या जियादा फरीक कोई खास काम जो इकरारनामा में दरज हो और अमर मुतनाजिया से मुतल्लुक हो अमल में लाये या उससे बाज रहे

तशरीह — यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १५० से कायम किया गया है

इस कायदा वो कायदा ७ में दरज किये हुये उसूल उस वक्त लागू हैं जब अमर वाकेआती बतौर तनकीह के बयान किया जाय और अहल कमीशन की तजवीज के निस्बत हो, न कि अदालत के तजवीज के बारे में (इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द २९ सफा ३०६)

अदालत फैसला सादिर कर सकती है अगर उस को इतमीनान हो जाय कि इकरार नामा नेकनियती से किया गया है

७ अगर बाद करने उस तहकीकात के जो मुनासिब मालूम हो अदालत को इस अमर का इतमीनान न

किसी अमर तनकीह के जो मुकदमें के फैसले के लिये काफी हों कोई और दलील या सबूत सिवाय उस के जो फरीकैन फौरन पेश कर सक्ते हैं। जरूर नहीं है और मुकदमा में फौरन कार्रवाई करने से कुछ वे इनसाफी न होगी तो अदालत को अख्तयार होगा कि उन अमर तनकीह की तजवीज शुरू करे और अगर तजवीज ऐसे अमर का वास्ते फैसला मुकदमा के काफी हो तो मुताबिक उस के मुकदमें का फसला सुना दे, चाहे समन सिर्फ वास्ते करार देने अमर तनकीह था, फैसला कर्तई मुकदमा के जारी हुआ हो, मगर शर्त यह है कि जब समन सिर्फ वास्ते करार देने अमर तनकाह के जारी हुआ हो तो फरीकैन मुकदमा या उन के वकील हाजिर हों और कोई इन में से एतराज न करे

(२) अगर वह तजवीज वास्ते फैसला मुकदमा के काफी न हो तो अदालत मुकदमें की सुनाई मजीद (अधिक) मुलतवी करके कोई तारीख वास्ते पेश करने ऐसे सबूत मजीद या और बहस के जैसा मोका हो करार देगी—

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १५४ से कायम हुआ है

अगर कोई फरीक हाजिर होकर कार्रवाई जाब्ता पर एतराज करे तो जज मुकदमे को पहली पेशी पर फैसला नहीं कर सक्ता (इ. ला. रि मदरास जिल्द १६ सफा १९८)

४ अगर समन वास्ते फसला कर्तई मुकदमे के जारी हुआ हो ओर कोई सबूत न पेश करना फरीक बिला वजह काफी उस सबूत की जिस पर उस को भरोसा हो पेश न करे, तो अदालत को अख्तयार होगा कि फौरन मुकदमे का फैसला करदे, या अगर उस की दानिस्त में, मुनासिब हो तो तनकीहात करार देने और उन को तहरीर करने के बाद मुकदमे को वास्ते पेश होने उस शहादत के जो ऐसे तनकीहात के बिना पर उन को फैसला करने के लिये जरूरी हो मुलतवी रखे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १५५ से कायम किया गया है

आर्डर—१५.

मुकदमे का अव्वल पेशी पर फैसला किया जाना—

१ अगर मुकदमे की अव्वल सुनाई के वक्त मालूम हो कि फरीकैन में निसबत किसी अमर कानूनी या अमर वाकेआती के तकरार नहीं है तो अदालत फैसला उसी वक्त सादिर करे.

फरीकैन में बहस न हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १५३ से कायम किया गया है.

जब कि फरीकैन ने आपस में तसफीया कर लिया या जब मुद्दायलेह ने फैसला कबूल कर लिया तो अदालत को पहली पेशी मुकदमा का इन्तजार न कर के फैसला एक दम सुनाना चाहिये—मगर जब फरीकैन की नेक नियती या उन के पहचान के बारे में कोई शक हो तो अदालत को मुकदमा की पहली पेशी तक जो मुकर्रर की गई हो इन्तजार करना चाहिये [१२ वीकली रिपोर्ट सफा ४३२].

२. जब कि एक से जियादा मुद्दायलेह हों, और उन में से किसी एक को किसी अमर कानूनी या वाकेआती के निसबत मुद्दई के साथ तकरार है तो अदालत को अख्तयार है कि उस मुद्दायलेह के हक में या उस के खिलाफ फौरन फैसला सादिर करे और मुकदमे की कार्रवाई सिर्फ दूसरे मुदायलेहुम के मुकाबले में चालू रहेगी.

अगर कई मुदायेलहुम में से किसी एक को अख्तयारात न हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १५३ से कायम किया गया है.

जब किसी मुकदमा में जो कई शामलाती करजदारों पर शुरू किया गया एक करजदार दावी से कबूल करे तो उस से दीगर लोगों पर मुकदमा की पैरवी की मनाई नहीं है (इं. ला रि. बम्बई जिल्द २५ सफा ३७८).

३ (१) जब फरीकैन के दरमियान तकरार किसी अमर कानूनी या वाकेआती की हो, और अमर तनकीह ऊपर लिखे हुये तरीके के मुवाफिक अदालत ने कायम किये हों जैसा के पहले जिक्र किया गया है और अदालत को इतमीनान हो जाय कि निसबत

अगर फरीकैन के दरमियान तकरार हो

से अपील नहीं दायर कर सक्ता है उसे मुकदमा के फैसला होने तक इन्तजारी करना पड़ेगा और अगर मुकदमा का फैसला उसके बर खिलाफ हो जावे तो वह डिक्री की नाराजी से अपील कर सक्ता है और याददाश्त अपील में उजर नामजूरी दरखास्त तलबी गवाहान के लिख सक्ता है. अगर अदालत अपील की राय में यह पाया जावे कि नामजूरी दरखास्त तलबी गवाहान की वजह से मुकदमा के फैसला में हरज पहुचा तो अदालत डिक्री मन्सूख कर सक्ती और मुकदमा को अदालत मातेहत में इस हिदायत के साथ वापस भेज सक्ती है कि गवाहों के नाम समन जारी किया जावे (इ ला. रि इलाहाबाद जिल्द १६ सफा २१८).

दरखास्त जारी होने समन पर खर्चा गवाहान अदालत में दाखिल करना चाहिये

२ (१) जो शख्स जारी होने की दरखास्त करे उस को चाहिये कि समन के दिये जाने से पहले और उस मियाद के अन्दर जो अदालत ने मुकर्रर की हो वा तरह खर्च वगैरा उस शख्स का जिस पर समन भेजा जाय, जिस कदर रूपया उस अदालत को आने जाने के लिये जिस में तलबी उस की की गई और एक रोज हाजरी अदालत के बाबत काफी समझे अदालत में दाखिल करे

इक्सपर्ट (वाकिफकार)

[२] उस रुपया की तादाद तजवीज करने में जो इस कायदे के रू से दिया जाय अदालत को अखत्यार हासिल है कि दरसूरत उन लोगों के जो किसी फन यानी हुनर खास के वाकिफकार हों और बहसियत वाकिफकार गवाहों मे तलब हुये हों एक माकूल मावजा दिलाये निसबत उस वक्त के जो शहादत देने में और निसबत उस के जो किसी खास काम फन के करने में जो उस मुकदमे से मुताबिक हो खरच हुआ हो

खर्चे की शरह

[३] अगर वह अदालत हाई कोर्ट के मातहत हो तो ऐसे खरचा की शरह मुकर्रर करने म उस क यदे की पाबन्दी होगी जो उस काम के लिये बनाये गये हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १६० से कायम किया गया है और शिकमी कायदा (२) नया है

फेहरिस्त गवाहान के दाखिल होने से खराक दाखिल किये जाने के बाद समन की तामील के जिम्मेदार उहदेदारान अदालत हैं न कि दरखास्त देने वाला फरीक (१९ बाकली रिपोर्टर सफा ८८)

खरचा सफर वो दीगर खरचा —इस कायदा के मुताबिक गवाह

आर्डर—१६.

गवाहों की तलबी और हाजरी.

समन हाजरी वास्ते देने शहादत या पेश करने दस्तावेज

१ दायरी नालिश के बाद किसी वक्त फरीक मुकदमा को अखत्यार है कि अदालत में या उस उहदेदार के रूबरू, जो इस काम के लिये मुकर्रर हो, दरखास्त देकर समन उन लोगों के नाम हासिल करले जिन की हाजरी शहादत देने या दस्तावेज पेश करने के लिये जरूरी हो

तशरीह:—यह कयदा पुराने एक्ट की दफा १५९ से कायम किया गया है.

यह अमर कि किसी फरीक ने अपने गवाह के लाने का जिम्मा लिया है समन जारी करने से इनकार करने की कोई वजह नहीं है (इ. ला रि बम्बई जिल्द ६ सफा ४७२). कोई फरीक अपने गवाहों के लिये समन हासिल करने का, मुकदमा के फैसला होने के पहले किसी वक्त, बतौर हक के मुस्तहक है (इ. ला रि बम्बई जिल्द १५ सफा ८६ वो इ ला. रि. अलाहाबाद जिल्द १६ सफा २१८)

लेकिन अगर देरी की गई और कोशिश न हुई जिस के वजह से गवाहान पर अन्दर मोहलत काफी तामील समन की नहीं हुई और वे गैर हाजिर हैं तो अदालत ठीक तौर से मुकदमे की पेशी बढ़ाने से इनकार कर सक्ती है (इ ला. रि. बम्बई जिल्द ६ सफा ३०८)

समन सानी जारी करने के लिये अदालत को अखत्यार है—उस पर उन हालात का दरयाफ्त करना जरूर है जिस से वैसी दरखास्त दी गई और जब बड़ी लापरवाही हो और वजह काफी न बतलाई जाय तो वह दरखास्त नामनजूर होनी चाहिये (१५ बंगाल ला रि अपेनडिक्स १२).

जब कोई फरीक दरखास्त वास्ते जारी करने समन बनाम गवाहान के पेश करे और अगर यह दरखास्त नामन्जूर की जावे तो वह ऐसे नामन्जूरी के हुक्म

से अपील नहीं दायर कर सक्ता है उसे मुकदमा के फैसला होने तक इन्तजारी करना पड़ेगा और अगर मुकदमा का फैसला उसके बर खिलाफ हो जावे तो वह डिक्री की नाराजी से अपील कर सक्ता है और याददाश्त अपील में उजर नामजूरी दरखास्त तलबी गवाहान के लिख सक्ता है अगर अदालत अपील की राय में यह पाया जावे कि नामजूरी दरखास्त तलबी गवाहान की वजह से मुकदमा के फैसला में हरज पहुचा तो अदालत डिक्री मन्सूख कर सक्ती और मुकदमा को अदालत मातेहत में इस हिदायत के साथ वापस भेज सक्ती है कि गवाहों के नाम समन जारी किया जावे (इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द १६ सफा २१८)

दरखास्त जारी होने समन पर खरचा गवाहान अदालत में दाखिल करना चाहिये

२ (१) जो शख्स जारी होने की दरखास्त करे उस को चाहिये कि समन के दिये जाने से पहले और उस मियाद के अन्दर जो अदालत ने मूकर्रर की हो या तराह खर्च वगैरा उस शख्स का जिस पर समन भेजा जाय, जिस कदर रूपया उस अदालत को आने जाने के लिये जिस में तलबी उस की की गई और एक रोज हाजरी अदालत के बाबत काफी समझे अदालत में दाखिल करे

दक्स पट (वाकिफकार)

[२] उस रुप्या की तादाद तजवीज करने में जो इस कायदे के रू से दिया जाय अदालत को अख्त्यार हासिल है कि दरसूरत उन लोगों के जो किसी फल यानी हुनर खास के वाकिफकार हों और बहैसियत वाकिफकार गवाहों में तलब हुये हों एक माकूल मावजा दिलाये निसबत उस वक्त के जो शहादत्त देने में और निसबत उस के जो किसी खास काम फन के करने में जो उस मुकदमे से मुताबिक हो खरच हुआ हो

खरचे की शरह

[३] अगर वह अदालत हाई कोर्ट के मातहत हो तो ऐसे खरचा की शरह मुकर्रर करने में उस कायदे की पाबन्दी होगी जो उस काम के लिये बनाये गये हों

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १६० से कायम किया गया है और शिकमा कायदा (२) नया है

फेहरिस्त गवाहान के दाखिल होने वो खूराक दाखिल किये जाने के बाद समन की तामील के जिम्मेदार उहदेदारान अदालत हैं न कि दरखास्त देने वाला फरीक (१९ वाकली रिपोर्टर सफा ८८)

खरचा सफर वो दीगर खरचा —इस कायदा के मुताबिक गवाह

सरफा सफर वो इसी किस्म का दीगर खरचा पाने का हकदार है लेकिन वह किसी किस्म के हरजाना के पाने का हकदार न होगा खरचा सफर के मागने का हक़ किसी गवाह का सिर्फ इस बिना पर नष्ट न हो जावेगा कि उस ने अपनी शहादत देने के पेशतर दरखास्त नहीं की बल्कि शहादत दे देने के बाद की किसी वक्त गवाह अपनी सफर का खरचा मागने का हकदार होवेगा (इ. ला. बम्बई जि० ४ सफा ६१६) अगर कोई गवाह मुद्दई की तरफ से तलब किया जावे तो वह मुद्दई से सरफा सफर तलब करने का हकदार होगा गो उस्का इजहार मुद्दई ने न लिया हो बल्कि मुद्दायलेह ने बतौर अपने गावाह के उस्का इजहार लिया हो—(इ ला. रि. बम्बई जि० २८ सफा ६४७).

खरचा गवाह की दिया जाना

३ रूपया जो ऐसे खरचा के बाबत अदालत में जमा किया जाय वक्त तामील होने समन के उस शख्स के पास हाजिर किया जायगा जिस्के नाम का वह समन हो अगर उसकी तामील उस के जात पर हो सक्ती हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १६१ से कायम किया गया है

कोई गवाह जो समन की तामील में हाजिर हो किसी वक्त अपना खरचा उस फरीक से मागने का हकदार है जिसने उस को तलब किया गो वह शहादत उस फरीक के तरफ से दे जिसने उस को तलब नहीं किया था (इ ला. रि बम्बई जि० २८ सफा ६४७)—अगर वह हाजिर न हो तो उस पर उस रकम की नालिश की जा सक्ती है, जो उस को दिया गया था—(१७ मद्रास ला. जरनल रिपोर्ट सफा १४३)

अगर काफी रकम दाखिल न की जाय तो कार्रवाई

४ (१) अगर अदालत को या उस मोहद्देदार को जो इस काम के लिये अदालत से मुकर्रर हुआ हो यह मालूम पड़े कि जो रूपया अदालत में दाखिल किया गया वह ऐसे खरचा या मावजा माकूल के अदाई के लिये काफी नहीं है, तो अदालत यह हिदायत कर सक्ती है कि रूपया मजकूर के अलावा और उस कदर रूपया जो जरूरी मालूम हो तलब किये हुये शख्स को दिया जाय, और अगर जर मजकूर अदा न किया जाय तो अदालत यह हुक्म दे सक्ती है कि वह रकम उस शख्स की जायदाद मनकूला की कुरकी और नीलाम से वसूल किया जाय जिसने समन जारी कराया है, या अदालत तलब किये हुये शख्स को बगैर

लेने उसे के इजहार के रुखसत करे, या जर मजकूर के वसूल करने और उस शख्स को रुखसत करने याने दोनों बातों का जैसा कि ऊपर बयान किया गया है हुक्म दे

खर्चा गवाहान जो एक दिन से जियादा रोके जायें

(२) अगर वह शख्स जो तलब किया गया है, उस को एक रोज से जियादा अरसे तक ठहराना जरूरी हो, तो अदालत मजाज होगी कि वकत फवक्तन वास्ते दाखिल करने के अदालत में उस कदर रुपया कि जो वास्ते अदाई खरचा उस के जियादा ठहरने को काफी हो तलब कराने वाले को हुक्म दे, और अगर जर मजकूर दाखिल न किया जाय, तो यह हुक्म सादिर करे कि रुपया मजकूर ऐसे शख्स के माल मनकूला की कुरकी और नीलाम से वसूल किया जाय, या अदालत वगैर लेने इजहार के उस शख्स को रुखसत करे, या रुपया मजकूर के वसूल करने और उस शख्स को रुखसत करने याने दोनों बातों का जैसा कि ऊपर बयान किया गया है, हुक्म दे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १६२ से कायम किया गया है.

इस कायदे के पढ़ने से यह मतलब निकलता है कि गवाह को रसता खरच के सिवाय एक दिन के ठहरने का खरचा मिलना चाहिये (वॉक्ली रिपोर्ट जि० ५ इस्तसवाब दीवानी नम्बर ६)

इस कायदे के फिकरा नम्बर २ से यह जाहिर होता है कि अगर कोई मुकदमा अदालत तारीख पेशी पर न ले सके या उस गवाह के इजहार की बारी उस रोज न आय कि जिस तारीख के लिये वह समन किया गया है तो ऐसी हालत में बढ़ाई हुई पेशी के लिये नया समन जारी करने की जरूरत नहीं है—सिर्फ गवाह को इत्तला करना काफी है कि वह बढ़ाई हुई पेशी पर हाजिर आवे (देखो इ ला रि २४ मदरास सफा २००)

हाजरी का वक्त और मुकाम और गरज समन में दरज होगी,

५ हर समन में, जो किसी शख्स की हाजरी वास्ते देने शहादत या पेश करने दस्तावेज के बाबत हो साफ तौर से वक्त और मुकाम जहा उस को हाजिर होना है लिखा जायगा और उस में वह भी लिखा जायगा कि हाजरी वास्ते देने शहादत के है या वास्ते पेश करने दस्तावेज के या दोनों बातों के लिये है, और अगर उस शख्स को, जो तलब किया गया है, किसी दस्तावेज खास के पेश करने का हुक्म हुआ हो तो कैफियत उस दस्तावेज की जहा तक मुनासिब हो ठीक तौर से समन में लिखी जायगी

सरफा सफर वो इसी किस्म का दीगर खरचा पाने का हकदार है लेकिन वह किसी किस्म के हरजाना के पाने का हकदार न होगा खरचा सफर के मागने का हक़ किसी गवाह का सिर्फ इस बिना पर नष्ट न हो जावेगा कि उस ने अपनी शहादत देने के पेश्तर दरखास्त नहीं की बल्कि शहादत दे देने के बाद की किसी वक्त गवाह अपनी सफर का खरचा मागने का हकदार होवेगा (इ. ला बम्बई जि० ४ सफा ६१६) अगर कोई गवाह मुद्दई की तरफ से तलब किया जावे तो वह मुद्दई से सरफा सफर तलब करने का हकदार होगा गो उस्का इजहार मुद्दई ने न लिया हो बल्कि मुद्दायलेह ने बतौर अपने गवाह के उस्का इजहार लिया हो—(इ ला. रि. बम्बई जि० २८ सफा ६४७).

खरचा गवाह को दिया जाना

३ रूपया जो ऐसे खरचा के बाबत अदालत में जमा किया जाय खरचक तामील होने समन के उस शख्स के पास हाजिर किया जायगा जिस्के नाम का वह समन हो अगर उसकी तामील उस के जात पर हो सकी हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १६१ से कायम किया गया है

कोई गवाह जो समन की तामील में हाजिर हो किसी वक्त अपना खरचा उस फरीक से मागने का हकदार है जिसने उस को तलब किया गो वह शहादत उस फरीक के तरफ से दे जिसने उस को तलब नहीं किया था (इ ला. रि बम्बई जि० २८ सफा ६४७)—अगर वह हाजिर न हो तो उस पर उस रकम की नालिश की जा सकी है, जो उस को दिया गया था—(१७ मदरास ला. जरनल रिपोर्ट सफा १४३)

अगर काफी रकम दाखिल न की जाय तो कार्रवाई

४ (१ अगर अदालत को या उस मोहदेदार को जो इस काम के लिये अदालत से मुकर्रर हुआ हो यह मालूम पड़े कि जो रूपया अदालत में दाखिल किया गया वह ऐसे खरचा या मावजा माकूल के अदाई के लिये काफी नहीं है, तो अदालत यह हिदायत कर सकी है कि रूपया मजकूर के अलावा और उस कदर रूपया जो जरूरी मालूम हो तलब किये हुये शख्स को दिया जाय, और अगर जर मजकूर अदा न किया जाय तो अदालत यह हुक्म दे सकी है कि वह रकम उस शख्स की जायदाद मनकूला की कुरकी और नीलाम से वसूल किया जाय जिसने समन जारी कराया है, या अदालत तलब किये हुऐ शख्स को बगैर

ने उस के इजहार के रुखसत करे, या जर मजकूर के वसूल करने और
त शख्स को रुखसत करने याने दोनों बातों का जैसा कि ऊपर बयान किया
ा है हुक्म दे

(२) अगर वह शख्स जो तलब किया गया है, उस को एक रोज से
रचा गवाहान जो एक जियादा अरसे तक ठहराना जरूरी हो, तो अदालत मजाज
न से जियादा रोके जायें होगी कि वक्तन फवक्तन वास्ते दाखिल करने के अदालत
उस कदर रूपया कि जो वास्ते अदाई खरचा उस के जियादा ठहरने को
फी हो तलब कराने वाले को हुक्म दे, और अगर जर मजकूर दाखिल न किया
र, तो यह हुक्म सादिर करे कि रूपया मजकूर ऐसे शख्स के माल मनकूला
कुरकी और नीलाम से वसूल किया जाय, या अदालत बगैर लेने इजहार
उस शख्स को रुखसत करे, या रूपया मजकूर के वसूल करने और उस
स को रुखसत करने याने दोनों बातों का जैसा कि ऊपर बयान
ा गया है, हुक्म दे

तशरीहः—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १६२ से कायम किया
है.

इस कायदे के पढ़ने से यह मतलब निकलता है कि गवाह को रसता
ा के सिवाय एक दिन के ठहरने का खरचा मिलना चाहिये (वीक्ली रिपोर्ट
५ इस्तसवाब दीवानी नम्बर ६).

इस कायदे के फिकरा नम्बर २ से यह जाहिर होता है कि अगर कोई
मा अदालत तारीख पेशी पर न ले सके या उस गवाह के इजहार की बारी
रोज न आय कि जिस तारीख के लिये वह समन किया गया है तो ऐसी
ा में बढ़ाई हुई पेशी के लिये नया समन जारी करने की जरूरत नहीं है—
गवाह को इत्तला करना काफी है कि वह बढ़ाई हुई पेशी पर हाजिर आवे
(इ ला रि २४ मदरास सफा २००)

५ हर समन में, जो किसी शख्स की हाजरी वास्ते देने शहादत
ा का वक्त और मुकाम या पेश करने दस्तावेज के बायत हो साफ तौर से वक्त
रज समन में दरज और मुकाम जहा उस को हाजिर होना है लिखा जायगा
और उस में वह भी लिखा जायगा कि हाजरी वास्ते देने
त के है या वास्ते पेश करने दस्तावेज के या दोनों बातों के लिये है, और
उस शख्स को, जो तलब किया गया है, किसी दस्तावेज खास के पेश
का हुक्म हुआ हो तो कैफियत उस दस्तावेज की जहा तक मुनासिब
क तौर से समन में लिखी जायगी

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १६३ से कायम किया गया है.

समन में मुकाम हाजरी का दरज होना चाहिये (७ मदरास हाई कोर्ट अपेनडिक्स १४ सफा ४३).

समन में साफ तौर से अदालत का नाम और मुकाम और दिन और वक्त जब कि हाजरी की जरूरत है लिखा जाना चाहिये (इ. ला. रि. अलाहाबाद जि० ५ सफा ७).

जब कोई गवाह बतामील समन उस तारीख पेशी पर अदालत में हाजिर आवे कि जो समन में लिखी है लेकिन मुकदमा की सुनाई उस दिन न हुई हो तो ऐसी हालत में उस गवाह के नाम नया समन जारी करना जरूर नहीं है—उसे सिर्फ इत्तला इस अमर की दी जावे कि बढ़ाई हुई पेशी पर उस की हाजरी दरकार होगी—(इ. ला. रि. मदरास जि० २४ सफा २००)

समन निसबत पेश करने दस्तावेज के

६ हर शख्स वास्ते पेश करने दस्तावेज के, बिला देने शहादत के तलब हो सक्ता है, और अगर कोई शख्स जो सिर्फ वास्ते पेश करने दस्तावेज के तलब हुआ हो दस्तावेज पेश करने के लिये असालतन हाजिर न हो बलकि किसी और शख्स से दस्तावेज को पेश कराय तो उस के निसबत यह समझा जायगा कि उसने समन की तामील की

शतरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १६४ से कायम किया गया है.

हुक्म देना अशखास हाजिर अदालत की निसबत अदाय शहादत या पेशी दस्तावेज के

७ अदालत को अख्तयार है किसी शख्स हाजिर अदालत को हुक्म दे कि वह शहादत अदा करे, या ऐसा कोई दस्तावेज पेश करे, जो उस वक्त वहाँ उस के कबजा या अख्तयार में हो

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १६५ से कायम किया गया है.

समन की तामील किस तरह करने का हुक्म है,

८ इस आर्डर के बमूजिब जो समन जारी किया जाय उस की तामील जहां तक हो सके करीब २ उसी तौर से की जायगी कि जिस तरह मुदायलेह पर समन की तामील ह ८५ में दरवाब सुबूत तामील समन

के दरज है हर समन से मुताल्लुक होंगे जिस की तामील इस कायदे के बमूजिब की जाय

तशरीह.—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १६६ से कायम किया गया है

किसी अफसर सरकारी के बतौर गवाह हाजिर आने का वक्त मुकर्रर करने में उस अफसर के काम सरकारी का लेहाज करना चाहिये—(६ मदरास हाई कोर्ट रिपोर्ट अपेनडिक्स सफा ६)—

समन के तामील का वक्त

९ हर सूरत में समन की तामील उस वक्त के इतनी मुद्दत पहले की जायगी जो शख्स मतलूबा की हाजरी के लिये समन में दरज हो, जो उस को उस मुकाम तक जहा उस का हाजिर होना जरूर हो, रास्ता चलने और तईयारी करने के लिये काफी हो

तशरीह.—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १६७ से कायम किया गया है.

कार्रवाई अगर गवाह समन की तामील न करे

१० (१) अगर वह शख्स जिस के नाम समन वास्ते देने शहादत या वास्ते पेशी किसी दस्तावेज के जारी हुआ हो ऐसे समन के मुताबिक हाजिर न हो या दस्तावेज पेश न करे और अगर तामील करने वाले अफसर ने तामील की कैफियत हलफ से तहरीर न की हो, या अगर तामील की तसदीक अजरूये हलफ हो गई हो, तो अदालत तामील करने वाले का इजहार निसबत तामील या अदम तामील समन के खुद ले, या किसी और अदालत से लिखावे

(२) अगर अदालत को इस बात के इतमीनान करने की वजह हो कि ऐसी शहादत का अदा किया जाना या दस्तावेज का पेश होना जरूरी है और ऐसा शख्स बगैर जायज उजर के मुताबिक समन मजकूर हाजिर नहीं हुआ या उस ने दस्तावेज पेश नहीं किया, या जानबूझकर तामील समन की नहीं किया तो अदालत को अख्तयार होगा कि इश्तहार इस हुक्म के साथ जारी करे कि वह उस वक्त को उस मुकाम पर जो इश्तहार में दरज हो हाजिर होकर शहादत दे, या दस्तावेज पेश करे, और एक परत उस इश्तहार की उस मकान के बाहरी दरवाजा पर या उस के किसी ऐसे मुकाम पर जहा हर शख्स की नजर पड़े चस्पा की जायेगी जिस में शख्स मजकूर मामूली तौर से रहता हो

(३) बएवज या बर वक्त जारी करने इश्तहार या उस के बाद किसी वक्त अदालत अगर मुनासिब समझे एक किता वारन्ट जमानती या बिला

जमानती वास्ते गिरफतारी ऐसे शख्स के जारी करे और यह हुक्म दे कि उस शख्स की उतनी जायदाद जो अदालत मुनासिब समझे और जो कुरकी के कुल खरचा और उस जुरमाने की तादाद से जियादा न हो जो कायदा १२ के बमूजिब उस पर किया जा सक्ता है कुर्क की जाये मगर शर्त यह है कि कोई अदालत खफीफा जायदाद गैर मनकूला की कुरकी का हुक्म न दे सकेगी

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १६८ से कायम किया गया है

जब मुकदमे के बहुत जियादा कार्रवाई हो जाने के बाद किसी पेशी पर इस कायदे के अहकाम को अमल में लाने के लिये दरखास्त दी गई हो तो अदालत को मुकदमा मुलतवी न करना दुरुस्त है (१५ वीकली रपोर्ट सफा १७६).

जब कि अदालत को मालूम हो कि गवाह को खुराक नहीं दी गई है तो वारन्ट गिरफतारी जारी करना फरज नहीं है (इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द १७ सफा २७७).

इस कायदा के बमूजिब कार्रवाई करने के वास्ते अदालत का इतमीनान इस बात में होना जरूर है कि गवाह बगैर मुनासिब उजर के हाजिर नहीं होता है [९ मदरास हाई कोर्ट रपोर्ट सफा १७४) या यह कि वह जान बूझ कर समन की तामील को बरका रहा है (६ वीकली रपोर्ट सफा २३५).

जो हुक्म निसबत कुरकी माल बमूजिब इस कायदा के सादिर किया जाय वह बमूजिब आरडर नंबर ४२ कायदा १ काबिल अपील होगा.

अगर गवाह हाजिर हो तो कुरकी उठाली जा सक्ती है

११ अगर ऐसा शख्स उस की जायदाद की कुरकी के बाद किसी वक्त हाजिर होकर अदालत को इस बात का इतमीनान करदे कि,

(क) उस ने बगैर जायज उजर के समन की तामील नहीं की और न जान बूझकर समन की तामील को बरकाया, और,

(ख) जब वह उस वक्त और उस मुकाम पर जो उस इश्तहार में दरज है, जो ऊपर लिखे हुऐ पिछले कायदा के मुताबिक जारी हुआ, हाजिर न हो और उस को इतनी मुद्दत पहिले से इश्तहार की इत्तला नहीं हुई थी कि वह हाजिर हो सक्ता

तो अदालत यह हुक्म देगी कि जायदाद कुरकी से छोड़ दी जावे, और

कुरकी के खरचा निसबत जो हुक्म मुनासिब समझे सादिर करेगी

तशरीह.—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १६६ से कायम किया गया है

कार्रवाई अगर गवाह हाजिर न हो

१२ जब ऐसा शख्स हाजिर न हो या हाजिर आय, मगर अदालत का इस तौर से इतमीनान न करे, तो अदालत मजाज होगी कि उस पर उस की हैसियत के मुताबिक और कुल हालात मुकदमा पर लेहाज करके अपनी राय से किसी कदर जुरमाना करे जो पाच सौ रूपया से जियादा न हो, और यह हुक्म दे, कि उस की जायदाद या जायदाद का कोई हिस्सा कुर्क होकर नीलाम किया जाय, या अगर कायदा १० के बमूजब कुर्क हो गया हो तो वास्ते अदाई कुल खरचा, ऐसी कुरकी और ऊपर जिक्र किये हुऐ रूपया जुरमाना के—अगर कुछ जुरमाना हो, नीलाम की जाय

मगर शर्त यह है कि अगर वह शख्स जिस की हाजरी जरुर है खरचा और जुरमाना जिस का जिक्र ऊपर किया गया है, अदालत में अदा करदे तो अदालत जायदाद को कुरकी से छोड़ने का हुक्म देगी.

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १७० से कायम किया गया है.

कोई गवाह जो भाग जाये और उस की जायदाद नीलाम कर दी जाये तो उस के लिये नालिश सरकार के खिलाफ दायर नहीं होगी (८ बीकली रपोर्ट सफा२०७)

किसी गवाह पर इतवार या किसी मनजूर की हुई तातील के रोज हाजिर न आने के वजह से जुरमाना नहीं किया जायेगा (८ बगाल ला रि. अपेनडिक्स १२).

कुरकी का तरीका

१३ अहकाम कुरकी और नीलाम जायदाद बतामील इजराय डिक्री जहां तक मुताल्लुक हो सके कुरकी और नीलाम बमूजिब इस आरडर के मुताल्लुक समझे जायेंगे—गोया कि वह शख्स जिस की जायदाद इस तरह से कुरकी हुई एक मदयून डिक्री है

तशरीह —यह कायदा नया है

अदालत अपना मरजी से गैर शख्स को बतौर गवाह तलब कर सकती है

१४ इस मजमूआ के वैसे अहकाम की पायन्दी के साथ, जो अदालत में हाजिर होने या हाजिर रहने के बाब में हैं, या किसी कानून की पायन्दी से, जो उस वक्त जारी हो, अगर अदालत को किसी ऐसे शख्स का इजहार लेना जरूरी

जमानती वास्ते गिरफतारी ऐसे शख्स के जारी करे और यह हुक्म दे कि उस शख्स की उतनी जायदाद जो अदालत मुनासिब समझे और जो कुरकी के कुल खरचा और उस जुरमाने की तादाद से जियादा न हो जो कायदा १२ के बमूजिब उस पर किया जा सक्ता है कुर्क की जाये मगर शर्त यह है कि कोई अदालत खफीफा जायदाद गैर मनकूला की कुरकी का हुक्म न दे सकेगी.

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १६८ से कायम किया गया है

जब मुकदमे के बहुत जियादा कार्रवाई हो जाने के बाद किसी पेशी पर इस कायदे के अहकाम को अमल में लाने के लिये दरखास्त दी गई हो तो अदालत को मुकदमा मुलतवी न करना दुरुस्त है (१५ वीकली रपोर्ट सफा १७६).

जब कि अदालत को मालूम हो कि गवाह को खुराक नहीं दी गई है तो वारन्ट गिरफतारी जारी करना फरज नहीं है (इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द १७ सफा २७७).

इस कायदा के बमूजिब कार्रवाई करने के वास्ते अदालत का इतमीनान इस बात में होना जरूर है कि गवाह बगैर मुनासिब उजर के हाजिर नहीं होता है [९ मदरास हाई कोर्ट रपोर्ट सफा १७४) या यह कि वह जान बूझ कर समन की तामील को बरका रहा है (६ वीकली रपोर्ट सफा २३५).

जो हुक्म निसबत कुरकी माल बमूजिब इस कायदा के सादिर किया जाय वह बमूजिब आरडर नंबर ४२ कायदा १ काबिल अपील होगा.

अगर गवाह हाजिर हो तो कुरकी उठाली जा सक्ती है

११. अगर ऐसा शख्स उस की जायदाद की कुरकी के बाद किसी वक्त हाजिर होकर अदालत को इस बात का इतमीनान करदे कि,

(क) उस ने बगैर जायज उजर के समन की तामील नहीं की और न जान बूझकर समन की तामील को बरकाया, और,

(ख) जब वह उस वक्त और उस मुकाम पर जो उस इश्तहार में दरज है, जो ऊपर लिखे हुऐ पिछले कायदा के मुताबिक जारी हुआ हाजिर न हो और उस को इतनी मुद्दत पहिले से इश्तहार इत्तला नहीं हुई थी कि वह हाजिर हो सक्ता

तो अदालत यह हुक्म देगी कि जायदाद कुरकी से छोड़ दी जा

कोई गवाह जो किसी मुक़दमा में गवाही देने के लिये तलब किया गया और मुक़दमा नहीं हुआ तो उस पर नया समन जारी करना जरूर नहीं है—सिर्फ उस का इस बात की ताकीद करना चाहिये कि उस की हाजरी उस तारीख को जरूर होगी जिस तारीख के लिये मुक़दमा मुलतवी किया गया है—(इ ला रि मदरास जि० २४ सफा २००)

कायदा १० से १३ तक का मुतालबुक

१७ कायदे १० से १३ तक के अहकाम जहां तक मुतालबुक हो सके उस शख्स से मुतालबुक समझे जयेंगे जो समन के हुक्म के बमूजिब तहरीर होकर बिला वजह जायज खिलाफ अहकाम कायदा १६ के अदालत से चला जाय

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १७४ (फिकरा १) वा दफा १७५ से कायम किया गया है

यह कायदा उन मुकदमात में लागू नहीं है जिस में गवाह दस्तावेजात पेश करने के लिये तलब किया गया और वह अदालत में हाजिर हो कर बयान करे कि दस्तावेज उस के पास नहीं है (इ. ला. रि बम्बई जिल्द १२ सफा ६३).

कार्यवार जब कि गवाह गिरफतार शुदा शहादत अदा या दस्तावेज पेश न कर सके

१८ अगर कोई शख्स जो वारन्ट के बमूजिब गिरफतार होकर अदालत के रूबरू हिरासत में हाजिर किया जाय, तो फरीकैन मुकदमा या उन में से किसी की गैर हाजरी के सबब से वह शहादत अदा न कर सके, या वह दस्तावेज पेश न कर सके, जिस के अदा या पेश करने के लिये उस की तलबी हुई थी, तो अदालत उस से माकूल हाजिर जामनी या और जमानत उस वक्त और मुकाम पर हाजिर होने के लिये जो मुनासिब मालूम हो तलब करे, और बाद दाखिल होने ऐसी हाजिर जामनी या जमानत के उस को छोड़ दे, और अगर वह हाजिर जामनी या ऐसी जमानत दाखिल न करे तो अदालत उस के निसबत यह हुक्म दे सकी है, कि वह दीवानी जहल में रखा जाय

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १७४ से कायम किया गया है

किसी गवाह को जो किसी एक हद के अन्दर का रहने वाला न हो यह जात खास हाजरी का हुक्म न दिया जायगा

१९ किसी शख्स को शहादत या इजहार देने के लिये असालतन हाजिर होने के लिये अदालत हुक्म न देगी जब तक कि उस की सकूनत —

[क] अदालत के अख्तयार समाअत इब्तदाई मामूली की हुदूद अर्जी के अन्दर न हो, या,

(ख) ऐसे हुदूद के बाहर मगर ऐसी जगह पर हो जो अदालत से

मालूम हो जो फरीक मुकदमा न हो और जिस को किसी फरीक ने बतौर गवाह के न तलब किया हो तो अदालत मजाज होगी कि खुद अपनी मरजी से ऐसे शख्स के नाम समन इस हुक्म के साथ जारी करावे, कि वह तारीख मुकर्ररा पर बतौर गवाह के शहादत दे या कोई दस्तावेज जो उस के कबजे में हो पेश करे, और अदालत मजाज होगी कि उस का इजहार बतौर गवाह के ले या उस से दस्तावेज मतलूबा पेश करावे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १७१ से कायम किया गया है—कोई गवाह जो अदालत से तलब किया जावे किसी फरीक से सवाल जिरह किये जाने के लायक है (११ वीकली रिपोर्टर सफा ४६८).

जिन शख्सों के नाम समन जारी हुये हों उन को चाहिये कि शहादत दे या दस्तावेज पेश करे

१५ ऐसे कायदे के पावन्दी के साथ जिनका जिकर पहले ऊपर किया गया है जिस शख्स के नाम समन किसी मुकदमा में हाजिर होकर शहादत देने के लिये जारी हुआ हो, उस को चाहिये कि उस वक्त और मौके पर हाजिर हो जो समन में इस गरज से मुकर्रर हुआ हो और जिस शरस के नाम समन दस्तावेज पेश करने के लिये जारी हो, उस को लाजिम है कि उस वक्त और मौके पर खुद हाजिर होकर दस्तावेज पेश करे या दूसरे से पेश करावे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १७२ से कायम किया गया है.

गवाह अदालत से कब रुखसत हो सकते हैं

१६. (१) जो शख्स समन के हुक्म के बमूजिब हाजिर हो उस को चाहिये कि हर पेशी मुकदमा पर जब तक कि मुकदमा फैसला न हो जाये हाजिर रहे तावक्ते कि अदालत और तरह का हुक्म न दे

(२) अगर कोई फरीक दरख्वास्त दे, और अदालत में कुल खरचा जरूरी (अगर कुछ हो) दाखिल करे तो अदालत हुक्म सादिर कर सकेगी कि वह शरस जो समन के हुक्म के बमूजिब हाजिर हो मुकदमा की किसी दूसरी या किसी और सुनाई के वक्त या जब तक कि मुकदमा फैसला न हो जाय हाजिर रहने के लिये हाजिर जामनी दाखिल करे, और अगर वह ऐसी हाजिर जामनी दाखिल न करे तो अदालत उस के निसबत हुक्म दे सकी है कि वह दीवानी जहल में रखा जाये

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १७३ से मिलता है लेकिन दूसरा फिकरा नया है.

आर्डर—१७.

इलतवा.

अदालत मोहलत दे सकती है और समाप्त मुकदमा मुलतवी कर सकती है

१ (१) अदालत मुकदमें की किसी पेशी पर काफी वजह बतलाय जाने पर फरीकैन को या उन में से किसी को मोहलत दे और मुकदमे की समाप्त को वक्तन फवक्तन मुलतवी करती रहे

मुलतवी किये जाने का खर्चा

(२) हर ऐसी सूरत में अदालत और कोई दिन वास्ते आइन्दा सुनाई मुकदमा के मुकर्रर करेगी, और निसबत खर्चा के जो मुलतवी किये जाने के सबब से हो जो हुक्म मुनासिब समझे सादिर करेगी.

मगर शर्त यह है कि जब शहादत की सुनाई एक मरतबा शुरू हो जाय, तो समाप्त मुकदमा रोज बरोज बराबर जारी रहे जब तक कि कुल गवाहान हाजिर के इजहार न ले लिये जावें, तावक्ते कि अदालत की दानिस्त में सुनाई को सिवाय दूसरे रोज के किसी और रोज मुलतवी करना जरूरी वजह से हो, जो लिखी जायगी

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १५६ से कायम किया गया है

यह कायदा उन इलतवाय से लागू नहीं है जो फरीकैन के कहने से नहीं किया गया है—(२ कलकत्ता वीकली नोट सफा ४९०)—

अदालत इस वजह पर इलतवा मनजूर कर सकती है कि कुल खरचा पेशी का मुद्दई के जिम्मे रहे (इ ला. रि. कलकत्ता जि० ७ सफा १७७).

जाब्ता अगर फरीकैन तारीख मुकर्रर पर हाजिर न हो

२ जब उस तारीख पर जो मुलतवी किये जाने सुनाई के लिये मुकर्रर हुई हो, फरीकैन या उन में से कोई हाजिर न हो तो अदालत को अख्त्यार होगा कि मुकदमे को उन तरीकों में से किसी एक के बमूजिब फैसल करे, जो आरडर नं० ९ में मुकर्रर हुये हैं, या ऐसा और हुक्म सादिर करे, जो उस के नजदीक मुनासिब हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १५७ से कायम हुआ है

मुकाम से पचास मील से कम फासले पर हो या (अगर ऐसे शख्स के रहने की जगह और अदालत के मुकाम के दरम्यान रेल या इस्टीमर की रस्ता या दीगर आम सवारी मुकर्ररा, कुल फासले के ½ हिस्से पर हो) तो जो मुकाम अदालत से दो सौ मील से कम फासले पर हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १७६ से कायम किया गया है

अदालत से हुक्म होने पर अगर फरीक शहादत देने से इनकार करे तो उस का नजीजा

२० अगर कोई फरीक मुकदमा जो अदालत में हाजिर हो अदालत से हुक्म होने पर शहादत देने या किसी ऐसी दस्तावेज के पेश करने से जो उस वक्त और वहीं उस के कब्जा या अखत्यार में हो बिला जायज वजह इनकार करे, तो अदालत अगर मुनासिब समझे उस पर डिकरी सादिर करे या मुकदमा के निसबत ऐसा हुक्म दे जो अदालत को मुनासिब मालूम हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १७७ से कायम किया गया है

इस कायदे के रू से खिलाफ उस मुद्दई के मुकदमा अदम पैरवी में खारिज करने का अखत्यार अदालत को दिया गया है जो शहादत देने से इन्कार करे, न कि दीगर लोगों के खिलाफ (१ वीकली रिपोर्टर सफा २५)

अदालत को बेरू मियाद दावा के डिकरी देने का अखत्यार नहीं है (७ वीकली रिपोर्ट सफा ४६)

शहादत न देने की वजह से किसी फरीक के खिलाफ फैसला मुकदमा हो जाय तो उस के दुबारा सुनाई की मनाई नहीं होगी (इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द २ सफा २२२)

आर्डर नम्बर ४३ के कायदा १ जिमन (ज) के रूसे इस कायदे के मुताबिक जो डिकरी सादिर की जाय उस की अपील हो सकी है.

गवाहान के निसबत के कायदे फरीकैन तलब शुदा से मुताल्लुक होंगे

२१ जब किसी फरीक मुकदमा को हुक्म दिया जाय कि वह शहादत दे, या दस्तावेज पेश करे, तो कायदे जो गवाहान से ताल्लुक हैं, जहा तक मुताल्लुक हो सके ऐसे फरीक से भी मुताल्लुक होंगे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १७८ से कायम किया गया है

आर्डर—१७.

इलतवा.

अदालत मोहलत दे सकी है और समाप्त मुकदमा मुलतवी कर सकी है

१ (१) अदालत मुकदमें की किसी पेशी पर काफी वजह बतलाय जाने पर फरीकैन को या उन में से किसी को मोहलत दे और मुकदमे की समाप्त को वक्तन फवक्तन मुलतवी करती रहे

मुलतवी किये जाने का खरचा

(२) हर ऐसी सूरत में अदालत और कोई दिन वास्ते आइन्दा सुनाई मुकदमा के मुकर्रर करेगी, और निसबत खर्चा के जो मुलतवी किये जाने के सबब से हो जो हुक्म मुनासिब समझे सादिर करेगी.

मगर शर्त यह है कि जब शहादत की सुनाई एक मरतबा शुरू हो जाय, तो समाप्त मुकदमा रोज बरोज बराबर जारी रहे जब तक कि कुल गवाहान हाजिर के इजहार न ले लिये जावें, तावक्ते कि अदालत की दानिस्त में सुनाई को सिवाय दूसरे रोज के किसी और रोज मुलतवी करना जरूरी वजह से हो, जो लिखी जायगी

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १५६ से कायम किया गया है.

यह कायदा उन इलतवाय से लागू नहीं है जो फरीकैन के कहने से नहीं किया गया है—(२ कलकत्ता वीक्ली नोट सफा ४६०)—

अदालत इस वजह पर इलतवा मनजूर कर सकी है कि कुल खरचा पेशी का मुद्दई के जिम्मे रहे (इ ला रि. कलकत्ता जि० ७ सफा १७७).

जाबता अगर फरीकैन तारीख मुकर्रा पर हाजिर न हो

२ जब उस तारीख पर जो मुलतवी किये जाने सुनाई के लिये मुकर्रर हुई हो, फरीकैन या उन में से कोई हाजिर न हो तो अदालत को अखत्यार होगा कि मुकदमे को उन तरीकों में से किसी एक के बमूजिब फैसल करे, जो आरडर नं० ९ में मुकर्रर हुऐ हैं, या ऐसा और हुक्म सादिर करे, जो उस के नजदीक मुनासिब हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १५७ से कायम हुआ है

यह कायदा उस सूरत में लागू नहीं है जिस में मुकदमें की सुनाई के लिये कोई तारीख मुकर्रर नहीं हुई है (१८ वीक्ली रिपोर्टर सफा ३२५).

अदालत जब किसी मुलतवी की हुई तारीख पर मुकदमें की कार्रवाई एकतरफा मुद्दायलेह की गैरहाजरी के वजह से करे, तो वह कार्रवाई इस कायदा के मुताबिक है (इं. ला. रि अलाहाबाद जि० ७ सफा ५३८).

हुक्म जिस से मुकदमा मुलतवी की हुई तारीख पर मुद्दई और उस के वकील के गैरहाजरी में खारिज किया जावे तो वह इस कायदा और आरडर ९ के कायदा ८ के रू से है—न कि कायदा ३ के रू से (इ. ला रि. बम्बई जि० २० सफा ७३६).

जब किसी मुकदमा में सिवाय सुन्ने बहस के कुछ बाकी न रहे और बहस के सुन्ने के लिये एक वक्त मुकर्रर किया गया है और उस वक्त पर न तो फरीक और न उन के वकील हाजिर आयें तो अदालत मुकदमा को आरडर ९ के कायदा ८ के रू से खारिज नहीं कर सक्ती बल्कि मुकदमें को रूयादाद पर फैसला करना चाहिये (इ ला. रि. अलाहाबाद जि० ३ सफा २९२--९४).

मुकदमा को खारिज करने के हुक्म से अपील होगी (इं ला रि. बम्बई जि० २० सफा ७३६)

डिक्री एकतरफा के मनसूख किये जाने के हुक्म से जो इस कायदा वो आरडर ९ के कायदा १३ को साथ पढ़े जाकर, दिया जावे अपील नहीं होगी (इ. ला. रि अलाहाबाद जि० १९ सफा ३५५)

जब कोई फरीक वजह सबूत पेश न करे तो अदालत मुकदमा फैसला कर सकती है

३ अगर कोई फरीक मुकदमा जिस को मोहलत मिली हो अपना सबूत पेश न करे या अपने गवाहों को हाजिर न कराय या और कोई अमर जो वास्ते जारी रखने कार्रवाई मुकदमा के जरूर हो और जिसके लिये मोहलत मिली हो न करे, तो अदालत उस अदम पैरवी के सबब से मुकदमें को उसी वक्त फैसला करेगी

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १५८ से कायम किया गया है. जब कि मुकदमा वास्ते तामील हुक्मनामा जरिये जबरन हाजिर कराये जाने गवाह के लिये मुलतवी किया गया तो यह कायदा लागू नहीं है (१९ वीक्ली

रिपोर्टर सफा ३४).

मुकदमा इस कायदे के मुताबिक खरचा न देने की हालत में खारिज नहीं किया जा सक्ता है नावक्ते कि ऐसे खरचे का न अदा करना बतौर ऐसी शर्त के कायम न किया गया हो कि जिस की तामील करना कसूरवार फरीक के तरफ से पेशी के पहिले लाजिम रखा गया है (इ ला रि. मदरास जिल्द २१ सफा ४०३)

जब बाद तहरीर किये जाने शहादत अदालत मुद्दई से जायद कोर्ट फीस मांगे और वह न दे तो अरजीदावा आरडर ७ के कायदा ११ के बमूजिब नामन्जूर किया जाना चाहिये अदालत इस कायदे के रू से मुकदमा को खारिज नहीं कर सक्ती (इ ला. रि. अलाहाबाद जिल्द ११ सफा ६१ जलसा कामिल)

अदालत को मुद्दई का दावा सरसरी तौर पर इस वजह से खारिज करने का अखत्यार नहीं है कि उस ने उस हुक्म की तामील में जो उस को नकशा तैयार करने के लिये खरचा अन्दर एक मियाद दाखिल करने का दिया गया था कसूर किया (इ. ला. रि अलाहबाद जिल्द २३ सफा ४६२)

अगर पहिला मुकदमा किसी सारटीफिकेट विरासत के पेश न होने से खारिज कर दिया गया है तो इस कायदे के मुताबिक दूसरी नालिश की मनाई नहीं है (५ मदरास ला. जरनल रिपोर्ट सफा १८९).

जब एकतरफा डिक्री मनसूख कर दी गई और मुद्दायलेह को मोहलत वास्ते पेश करने शहादत के दी गई और मुल्तवी की हुई तारीख पर वह हाजिर न हो तो डिक्री एकतरफा बहाल नहीं की जा सक्ती है बलकि मुकदमा उस वक्त तक जैसा है उस पर फैसला किया जावेगा (१७ मदरास ला. जरनल रिपोर्ट सफा ८१)

दरखास्त इजराय डिक्री खारिज हो जाने से दूसरी दरखास्त के दायर करने की मनाई नहीं है (इ ला रि. कलकत्ता जिल्द २० सफा ७५८).

इस आर्डर के अहकामात कार्यवाई इजराय डिक्री से ताल्लुक न होवेंगे (इ. ला रि. मदरास जिल्द १८ सफा १३१)

आर्डर-१८.

सुनाई मुकदमा और लेने इजहार गवाहान.

१ शुरू करने का हक मुदई का है मगर उस सूरत में कि जब मुदाय
शुरू करने का हक लेह मुदई के बयान किये हुए वाकेआत को तसलीम करके
यह बहस करता हो, कि अजरूये कानून या उन मजीद वाकेआत के बिना पर
जो खुद मुदायलेह बयान करे, मुदई उस दादरसी के किसी जुज का मुस्तहक
नहीं है जिस का वह दावा करता है तो ऐसी सूरत में शुरू करने का हक मुदाय-
लेह को होगा.

तशरीह:—दरखास्त तजवीज सानी में जब नोटिस फरीक सानी के नाम इस मजमून का जारी किया गया कि वह वजह बतलावे कि क्यों दरखास्त मन्जूर न हो तो फरीक सानी को मुकदमा शुरू करना चाहिये (इ. ला रि. अलाहाबाद जिल्द ९ सफा ६१).

किसी इन्तदाई तनकीह के तहकीकात की पेशी पर मुदायलेह जिस के उजर पर तनकीह निकाली गई है शुरू करने का हकदार है (इं. ला रि. बम्बई जिल्द १२ सफा ४५४).

इस बात के सबूत का बोझा कि किसी दस्तावेज में लिखा हुआ मजमून मलत है उस फरीक पर डाला जायगा जो ऐसा बयान करता है (बंगाल ला. रि. जिल्द ४ सफा ५४).

जब नालिश कब्जा जमीन की बर बिनाय कब्जा साबिक मुद्दापलेहुम के दायर की जाय तो मुदई को अपने मुकदमें की कार्रवाई शुरू करना चाहिये (इ ला. रि. ९ कलकत्ता सफा १२५).

अगर किसी अपील की सुनाई के वक्त रिस्पाडन्ट की तरफ से यह उजुर पेश किया जावे कि अपील काबिल दायरी के नहीं है तो ऐसी हालत में अपीलाट को न कि रिस्पाडन्ट को शुरू करना चाहिये—[इं. ला. रिपोर्ट बम्बई जिल्द ८

सफा २८७)

बयान और वजह सबूत पेश करना

२. (१) मुकदमें की सुनाई के लिये जो दिन मुकर्रर हुआ हो उस रोज या जिस रोज पर मुकदमें की सुनाई मुलतवी की गई हो, उस रोज वह फरीक जो शुरू करने का हक रखता है अपने मुकदमे के हालात बयान करना शुरू करेगा और उन अमर तनकीही के सबूत में जिन का साबित करना उस के जिम्मे है अपना वजह सबूत पेश करेगा

(२) तब फरीक सानी अपने मुकदमें के हालात बयान कर के जो कुछ सबूत रखता हो पेश करेगा और उस वक्त उस को अख्तयार है कि कुल मुकदमें के निसबत और तौर पर अदालत में अर्ज गुजारिश करे

(३) जिस फरीक ने शुरू किया हो वह बाद को कुल मुकदमे पर जवाबुल जवाब देने का मुस्तेहक होगा

किन गवाहों का इजहार लेना चाहिये यह तसफिया करना अदालत का काम नहीं है (१३ बीकली रिपोर्टर सफा २८५).

कुल गवाहान जिन को किसी फरीक ने तलब किया है और तहकीकात के वक्त पेश करने को वह तैयार है अदालत से उन का इजहार लिखाय जाने का मुस्तेहक है [१७ बीकली रिपोर्टर सफा १७२]

यह अमर कि किसी गवाह का नाम मुद्दई के पहले फेहरिस्त में दरज नहीं है और वह ठीक वक्त पर पेश किया जाय तो उस का इजहार लेने से इन्कार करना कोई वजह माकूल नहीं है (१२ बीकली रिपोर्टर सफा ४५५)

अगर जवाब में वकील अपीलाट ने नए नजीरों का हवाला दिया है तो वकील रिसपोंडेंट को उन नए नजीरों पर अदालत में बहस करने की इजाजत दी जाना चाहिये (इ ला रि. कलकत्ता जिल्द ६ सफा १४-२२)

जब किसी मुकदमा में मुदायलेहुम के दो गिरोह होवे और उन दोनों के हुकूक एकसा होवें तो कायदा यह है कि मुद्दई की तरफ से मुकदमा खतम होने के बाद मुदायलेहुम के दोनों गिरोह अपना अपना मुकदमा बयान करेंगे कब्ल इस के कि उन में से कोई एक अपनी तरफ से शहादत पेश करे—(इ ला रि. कलकत्ता जिल्द २६ सफा ३२)

जब किसी मुकदमा में कई मुदायलेहुम होवें और उन में से चंद मुद्दई के मुकदमा की ताईद करते होवें तो आम कायदा यह होगा कि मुद्दई और वे मुदायलेहुम

८ अगर इजहार गवाह का जज के हाथ से न लिखा जाय, तो जज हर इजहार का खुलासा जो गवाह दे, बतौर याददाश्त के, लिखता जाय, और जज ऐसी याददाश्त अपने हाथ से लिखे और उस पर दस्तखत करे, और वह मिसल में शामिल की जायगी.

इजहार का खुलासा अगर जज खुद इजहार न लिखे

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १८४ से कायम किया गया है.

९ जहां कि जबान अंग्रेजी अदालत की जबान नहीं है, लेकिन कुल फरीक मुकदमा जो असालतन हाजिर हों और वकील उन के जो वकालतन हाजिर हों, उस शहादत को जो अंग्रेजी में अदा की जाय, अंग्रेजी में लिखने पर एतराज न करें, तो जज उस को अपने हाथ से अंग्रेजी में लिखेगा

इजहार जबान अंग्रेजी में किस सूरत में लिखा जायगा

तकरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा २८५ से कायम किया गया है.

१० अदालत को अख्त्यार है, कि खुद अपनी खुशी से, या किसी फरीक, या उस के वकील की दरखास्त पर, किसी खास सवाल और उस के जवाब को या किसी एतराज को जो किसी सवाल पर किया जाय, कलमबन्द करे, अगर इस बात की कोई वजह खास पाई जाय

कोई खास सवाल जवाब कलम बद हो सकता है

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १८६ से कायम किया गया है.

११ अगर किसी सवाल पर जो किसी गवाह से किया जाय, किसी फरीक या उस के वकील को एतराज हो, और अदालत उस सवाल का पूछना जायज रखे तो जज सवाल और उस का जवाब और एतराज और एतराज करने वाले का नाम और उस की बाबत अपनी तजवीज लिखे

सवालात जिस पर एतराज हो और अदालत उन का पूछना जायज रखे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १८७ से कायम किया गया है.

जब अदालत मातहत में शहादत बिला उजर मन्जूर करली गई है तो अदालत अपील को उस पर लिहाज करना चाहिये (इ ला. रि बम्बई जिल्द ११ सफा २२०).

हिदायत निसबत चलन गवाहान

१२ अदालत को अख्तयार है, कि निसबत चलन किसी गवाह के जो इजहार देने के वक्त पाई जाय जो कुछ लिखना जरूर समझे लिखे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा १८८ से कायम किया गया है

जो मुकदमात काबिल अपील नहीं है उन में इजहार का खुलासा

१३ उन मुकदमात में जिन में अपील नहीं हो सकी है यह बात जरूर न होगी, कि गवाहों के इजहार तूल के साथ लिखे जाय, बलकि जज हर गवाह के बयान का खुलासा बतौर यादद्दाश्त जैसा वह बोलता जाय, अपने हाथ से लिख कर, उस पर अपने दस्तखत करे और वह यादद्दाश्त मिसल में शामिल की जायगी.

६२ (१) अगर कायदा ८९-९० या ९१ के रू से कोई दरखास्त न हो जाय, या अगर ऐसी दरखास्त पेश होकर के नामनजूर हो जाय, तो अदालत नीलाम के मनजूरी का हुक्म देगी और बाद को नीलाम मुकम्मिल हो जायगा

[२] अगर ऐसा दरखास्त दी गई हो और वह मनजूर हो, जाय और कोई दरखास्त यमूजिब कायदा ८९ की सूरत में अगर वह रकम जो उस कायदा के रू से अदालत में दाखिल करना चाहिये, तारीख नीलाम से तीस दिन के अन्दर दाखिल कर दी जाय, तो अदालत हुक्म मनसूखी नीलाम का सादिर करेगी

मगर शर्त यह है कि जब तक कि दरखास्त की इत्तला कुल ऐसे शख्स को न दी जाय कि जिन के हक पर उस दरखास्त का असर पड़े कोई हुक्म सादिर नहीं किया जायगा

(३) कोई नालिश वास्ते मनसूखी किसी हुक्म के जो इस कायदा के यमूजिब सादिर हुआ हो उस शख्स की तरफ से दायर न हो सकेगी जिस के खिलाफ वह हुक्म सादिर हुआ हो

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३१२ वो ३१४ से कायम किया गया है—शिकमी कायदा ३ नया है.

जब नीलाम मुकम्मिल हो जाय तो वह कार्रवाई सिर्फ नालिश से मनसूख हो सकती है न कि बजरिये कार्रवाई बमूजिब कायदा ९० के (इ ला रि बम्बई जिल्द २१ सफा ४३४).

जब किसी अपील के मुलतवी रहते तक इजराय डिकरी में नीलाम हो और बाद को डिकरी मनसूख हो जाने तो डिकरी जारी करने वाली अदालत ऐसे मनसूखी डिकरी के बाद नीलाम मनजूर नहीं कर सकी (इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द १० सफा ८३)

जब के नीलाम कलक्टरी से हो जहां कि डिकरी इजरा के लिये मुन्तकिल की गई है और इस कायदा के रू से वह नीलाम मनसूख कर दिया गया तो अदालत दीवानी में वास्ते बहाल के मनजूर किये जाने नीलाम के नालिश हो सकी है (इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द २० सफा ३७९)

जब खरीदार ने किसी फरेब या गलत बयानी से धोखा खाया हो तो नालिश

जायदाद दर्ज थी—वह जायदाद बहुत कम कीमत में नीलाम हुई और प्रिवी कौंसिल की राय में यह सब भारी बेजाबतगी समझी गई नीलाम मनसूख किया गया—(इ. ला. रि कलकत्ता जि० ४० सफा ६३५)

मगर यह ख्याल रहे कि नीलाम उस सूरत में मनसूख होगा जब कि यह साबित कर दिया जाय कि भारी बेजाबतगी, या फरेब की वजह से साबत को दर असल भारी नुकसान पहुचा यानी यह साबित करना चाहिये कि अगर नीलाम मुश्तहर करने या अमल में लाने में वैसी भारी बेजाबतगी या फरेब न होता तो नीलाम में जायदाद की जियादा कीमत चढ़ती —(इ. ला. रि कलकत्ता जि० २१ सफा ६३)

दरखास्त खरीदार निसबत मनसूखी नीलाम जायदाद इस बिना पर कि मदयून का कोई हक काबिल नीलाम नहीं है

९१ इजराय डिकरी के नीलाम में खरीदार अदालत में दरखास्त मनसूखी नीलाम की इस वजह पर दे सक्ता है कि मदयून जायदाद नीलाम की हुई में कोई हक काबिल नीलाम नहीं रखता है.

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३१३ से कायम किया गया है. यह कायदा खरीदार से लागू है उन की मनशा में ऐसी सूरत दाखिल है कि जब कोई शख्स जिस की जायदाद नलिाम होती हो कोई हक काबिल नीलाम जायदाद मजकूर में न रखता हो—(इ ला. रि. जि० २० कलकत्ता सफा ८ प्रीवी कौंसिल)

वह याने कायदा मजकूर उस मुकदमात में लागू है जिस में मदयून डिकरी का जायदाद में कोई हक काबिल नीलाम नहीं है और उन मुकदमात में लागू नहीं है जिस में जायदाद के सिर्फ एक हिस्से में उस का हक काबिल नीलाम न हो (इ. ला रि. अलाहाबाद जि० २७ सफा ५३७)

जब डिकरी कलेक्टर के यहा वास्ते इजरा मुन्तकिल कर दी गई तो कलेक्टरी से जो नीलाम हो उस का खरीदार दरखास्त कर सक्ता है [इ. ला. रि. अलाहाबाद जि० ६ सफा ४३]

इस कायदे के रू से दरखास्त देने की मियाद बमूजिब मद न. १६१ जमीमा २ एक्ट मियाद के तारीख नीलाम से ३० दिन की है.

इस कायदा के रू से जो हुक्म निसबत मनसूखी या गैर मनसूखी नीलाम किया

जब मदयून डिकरी के अलावा दूसरा शख्स खरीदार के कब्जा मिलने में मजाहिमत करे तो फिर वह इस कायदा के रूसे दरखास्त नहीं कर सक्ता है—वह सिर्फ कायदा ९७ की रूसे दरखास्त कर सक्ता है या नालिश नम्बरी दायर कर सक्ता है (इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द २६ सफा ३६५) और जब उस की दरखास्त इस वजह पर नामनजूर कर दी गई है कि वह बेरू मियाद है तो भी वह नालिश कर सक्ता है [इ ला रि अलाहाबाद जिल्द २९ सफा ४६३)

जब कि खरीदार नीलाम को कब्जा बराय नाम दिया गया और असली कब्जा मदयून डिकरी के पास रहा तो ऐसे बराय नाम कब्जा दिये जाने की तारीख से खिलाफ मदयून डिकरी निसबत नालिश कब्जा जायदाद नीलाम शुरा के नई बिनाये मुखासमत पैदा होती है (इ ला रि अलाहाबाद जिल्द १९ सफा ४९९)

जब कि डिकरीदार जायदाद नीलाम करावे और खुद खरीद करे तो उस को इस कायदा के मुताबिक कब्जा की दरखास्त करना चाहिये न कि बमूजिब दफा ४७ के (इ. ला रि. अलाहाबाद जिल्द १८ सफा ३६).

किसी हिंदू शामलत खानदान के गैर तकसीम किये हुये मेम्बर के हिस्से का खरीदार नीलाम अदालत बटवाड़ा वो ऐसे मेम्बर का हिस्सा दिलाये जाने की नालिश करने का हक हासिल करता है मगर वह इस कायदा के रू से दरखास्त देकर हुक्म हासिल नहीं कर सक्ता है और इस कायदा के मुताबिक दरखास्त खारिज हो जाने से नालिश बटवाड़ा गैर काबिल समाअत नहीं होगी (इ ला. रि मद्रास जिल्द २९ सफा २९४)

खरीदार नीलाम की दरखास्त मनजूर किये जाने के हुक्म से अपील नहीं हो सक्ती (इ ला रि अलाहाबाद जिल्द २९ सफा २०७)

अदालत पर लाजिम नहीं है कि वह कब्जा खरीदार को बगैर हासिल करने सार्टिफिकेट नीलाम के दिलावे (इ ला रि बम्बई जिल्द ५ सफा २०६)

कब्जा के निसबत दरखास्त पेश करने का हक खरीदार को उस वक्त पैदा होता है कि जब सार्टिफिकेट दिया जाये याने उस वक्त कि जब सार्टिफिकेट जारी किया गया हो (इ ला रि बम्बई जिल्द १७ सफा २२८)

९६ अगर नीलाम की हुई जायदाद आसामी या किसी और शख्स

अगर तहरीरी है तो उस पर स्टाप जरूर नहीं है [इ ला. रि. १३ बम्बई सफा ६७०]

जब कोई सारटिफिकट अदालत के तरफ से दिया जाय तो उस की तरमीम बजरिये दरखास्त तमबीज सानी बमूजिब दफा ११४ के हो सक्ती है [इ. ला. रि २६ कलकत्ता सफा ५३०], लेकिन ऐसी तरमीम बतौर कार्रवाई इकतरफा याने फरीक सानी के गैर हाजरी में न की जायगी [वीकली रिपोर्ट जिल्द २३ सफा ३०१].

सारटिफिकट नीलाम की रजिस्ट्री लाजमी है [इ. ला. रि ४ बम्बई सफा १५५ को देखो दफा १७ एक्ट रजिस्ट्री) लेकिन अगर किसी वजह से सारटिफिकट नीलाम की, जो दे दिया गया है रजिस्ट्री न हो सकी हो तो अदालत नया सारटिफिकट खरीदार को दे सक्ती है (इ. ला. रि ६ बम्बई सफा ४७२) लेकिन अदालत पर ऐसा नया सारटिफिकट देना लाजिम नहीं है (इ. ला रि. ६ बम्बई सफा ५२६)

सारटिफिकट नीलाम मिलने की दरखास्त बगैर कैद मियाद किसी वक्त भी की जा सक्ती है—[इ ला. रि बम्बई जिल्द ६ सफा ५८६]—

जायदाद जो मदयून डिकरी के कबजा में हो उस की हवालगी

९५ अगर नीलाम की हुई जायदाद गैर मनकूला मदयून डिकरी या उस के तरफ से किसी और शख्स के कबजे में हो जो ऐसे इश्तहकाक के जरिये से उस जायदाद के निसबत दावीदार हो कि ऐसे जायदाद के कुर्की के बाद मदयून डिकरी से हासिल हुआ हो और कायदा ९४ के बमूजिब उस जायदाद के बाबत सारटिफिकट दिया गया हो, तो अदालत खरीदार की दरखास्त पर यह हुक्म देगी कि खरीदार मजकूर को या और शख्स को जिस को कि उस ने अपनी तरफ से कबजा लेने के लिये मुकर्रर किया हो, जायदाद मजकूर पर कबजा दिलाया जाय, और अगर जरूरत हो तो जो शख्स खाली करने से इन्कार करे वह निकाल दिया जाय

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३१८ से कायम किया गया है

इस कायदे के रूसे दरखास्त देने के लिये मियाद तारीख मुकम्मिल होने नीलाम से ३ साल की है [देखो मद १८१ नया एक्ट मियाद].

मुद्दायेलह दिवाला निकाले तो उसके लिये देखो दफा १६ (२) एक्ट दिवालिया सन १९०७ और अगर दिवालिया प्रेसीडेन्सी शहर में रहता हो, तो दफा १८ एक्ट दिवालिया शहर प्रेसीडेन्सी सन १९०९ लागू होगा--देखो कायदा १० इस आर्डर का

मुकदमे के साकित या डिसमिस किये जाने का असर

६ (१) जब कोई मुकदमा इस आर्डर के बमूजिब साकित हो जाय या डिसमिस किया जाय तो कोई नई नालिश उसी विनाय दावा पर दायर न हो सकेगी

(२) मुद्दई या जो शख्स मरे हुये मुद्दई के कायम मुकाम जायज होने का दावा करता हो असाईनी या रिसीवर मुद्दायलेह दीवालिया की सूरत में वास्ते सादिर होने हुक्म मनसूखी वो हुक्म साकित या डिसमिसी मुकदमा के दरखास्त दे और अगर साकित हो जाय कि वह किसी काफी वजह के सबब से मुकदमे में पैरवी नहीं कर सका तो अदालत हुक्म साकित किये जाने मुकदमा या हुक्म डिसमिसी को मन्सूख करे ऐसी शर्त पर जो उस को खरच के दिलाने या न दिलाने के निसबत मुनासिब मालूम हो

(३) अहकाम दफा ५ एक्ट मियाद नम्बर १५ सन १८७७ ई० दरखास्त हाय बमूजिब शिकमी कायदा २ में लागू होंगे

तशरीह:— यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३७१–३७२ (क) से कायम किया गया है शिकमी कायदा ३ नया है

यह कायदा उन सूरतों में लागू नहीं है जिस में मुद्दालेह या रिस्पाडन्ट मर जावे (इ ला रि मदरास जिल्द ७ सफा १९५) यह कायदा उन हुक्मों से लागू है जो बमूजीब कायदा ४ वो ८ सादिर किये जावें (इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द ९ सफा १६३)

मुकदमा के खतम किये जाने का हुक्म या खारजी मुकदमा के हुक्म को मन सूख करने से इनकार करने के हुक्म से अपील हो सक्ती है (देखो आर्डर ४३ । त फ)

देखो मद १७१ जमीमा २ एक्ट मियाद यानी ६० दिन या खारिज होने से–यह मियाद बढ़ भी सक्ती है अगर न करदे कि वह अन्दर मियाद मुकर्रर के किसी माकूल –देखो दफा ५ एक्ट मियाद वो फिकरा ३ इस

रहेगा-और जब कि डिक्री औरत मुदायलेह के ऊपर हो तो उस का इजराय सिर्फ उसी के ऊपर किया जायगा

(२) अगर मुकदमा ऐसा हो जिस में कानून की रू से खाविन्द अपने औरत के कर्जे का जिम्मेदार हो, तो अदालत की इजाजत से डिकरी खाविन्द पर भी जारी हो सक्ती है-और अगर फैसला औरत के हक में सादिर हो तो बशर्ते कि खाविन्द कानून के बमुजिब डिकरी शुदा चीज के पाने का मुस्तहक हो वह डिकरी बइजाजत अदालत खाविन्द की दरखास्त गुजरने पर जारी हो सक्ती है

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३६९ से कायम किया गया है

जब दौरान मुकदमा में कोई शख्स मर जावे और उस के औरत का नाम मिसल में दरज हो और खिलाफ उसके फैसला सादिर किया जावे जो अपील से बहाल रहे तो वह डिकरी उस के दूसरे खाविन्द पर अगर वह इब्तदाई फैसला और कतई के दरम्यान में दूसरी शादी कर लेवे इजरा नहीं हो सक्ती है-(९ वीकली रिपोर्टर सफा ४४२).

९ (१) जिस मुदई के मुकदमें को उस का असाईनी (याने मुन्तकिल अलेह) या रिसीवर (याने मोहतमिम) वास्ते फायदा उस के साहूकारों के कायम रख सक्ता हो उस का दिवाला निकालना माने उस मुकदमे के न होगा तावक्ते कि ऐसा मुन्तकिल अलेह या मोहतमिम मुकदमा की पैरवी करने या जमानत खरचा अन्दर उस मियाद के जिस का अदालत हुक्म दे दाखिल करने से इन्कार करे ता वक्ते कि अदालत किसी खास वजह से इस के खिलाफ हुक्म दे

किस सूरत में मुदई का दिवाला निकलना मुकदमे में हारिज होगा

(२) जब कि मुन्तकिल अलेह या रिसीवर उस मुकदमें की पैरवी न करे और जिस मियाद के अदंर जमानत दाखिल करने का हुक्म है दाखिल करने से गलती या इन्कार करे तो मुदायलेह वास्ते डिसमिस होने मुकदमा के मुदई के दिवाला निकालने के विना पर दरखास्त दे सक्ता है और अदालत मुकदा को डिसमिस करके मुदायलेह को उतना खरचा दिलाये जो मुकदमा की जवाब देही में उस पर पड़ा हो और ऐसे खरचा को बतौर करजा जिम्मेगी जायदाद मुदई साबित करना होगा

कार्रवाई जब कि मुन्तकिल अलेह पैरवी मुकदमा न करे या जमानत खरचा न दे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३७० से कायम किया गया है—और बमूजिब कायदा १२ कार्रवाई इजराय डिकरी में मुतल्लुक नहीं है.

यह कायदा उस वक्त लागू होगा, जब मुद्दई दिवाला निकाले—अगर

अलेहदा कर दिया जावे तो यह दूसरा शख्स इस कायदे में आ सक्ता है और मुकदमा जारी रख सक्ता है [इ ला रि बम्बई जिल्द ३० सफा २५०]

यह कायदा दिवालिया मुद्दायलेह को लागू होगा-अगर नालिश मुद्दायलेह पर निसबत दिलापोन कब्जा जायदाद गैर मनकूला दायर की गई हो—और मुद्दायलेह दौरान नालिश में डिकरी सादिर होने के पेश्तर दिवालिया करार दिया जाय और उसकी जायदाद आफिसियल असायनी के सिपुर्द की जाय तो आफिशियल असायनी मुदालेह करार दिया जा सक्ता है — (इ ला. रि बाम्बई जिल्द ३९ सफा ५६८).— लेकिन अगर नालिश मुद्दायलह की जात पर [न कि उस की जायदाद पर] नकदी रूपया की दायर की गई हो, और मुद्दायलेह दौरान नालिश में डिक्रा सादिर होने के पेश्तर दिवालिया करार दिया जाय और इसकी जायदाद आफिशियल असायनी के सिपुर्द की जाय तो आफिशियल असायनी मुद्दायलेह करार न दिया जायगा—(इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द २२ सफा २५९)—

११ जहा इस आर्डर का ताल्लुक अपील से हो तो लफ्ज "मुदई" में अपीलाट और "मुदायलेह" में रिस्पाडट और "नालिश" में अपील दाखिल समझ जावेंगे

इस आर्डर का ताल्लुक अपील से

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५८२ (१) से कायम किया गया है—

१२ कायदा ३ वो ४ वो ८ कार्रवाई इजराय डिकरी या हुक्म से मुताल्लुक न होंगे

इस आर्डर का ताल्लुक कार्रवाई इजराय डिकरी में

तशरीह: – यह कायदा नया है

मुद्दई, वो मुतवफ्फी मुद्दई का कायम मुकाम जायज, या दिवालिया मुद्दई का रिसीवर या आसाईनी इस कायदा के मुआफिक दरखास्त दे सक्ते हैं—

जाब्ता जब्त कि किसी हक का इन्तकाल कबल सुनाने हुक्म फतई के किया जाये

१० (१) और सूरतों में जो मुकदमे के तसफीकात में किसी हक के मुतकिल या पैदा या विरासतन हासिल होने की हो अदालत की इजाजत से मुकदमा मजकूर उस शख्स की तरफ से या उस के मुकाबले में जिन को हक मजकूर पहुंचा हो या विरासतन हासिल हुआ हो, जारी रखा जाये.

(२) किसी डिकरी का ता फैसला अपील फरक किया जाना एक हक समझा जायगा जिस की रू से वह शख्स जो डिकरी मजकूर फरक कराय जिमन (१) से फायदा उठाने का मुसतहक हो सक्ता है

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३७२ से कायम किया गया है

दस्तावेज, राजीनामा जो अदालत में मुकदमा के मुलतवी रहने के हालत में पेश किया गया बतौर इन्तकालनामा तसव्वर नहीं हो सक्ता है (इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द ५ सफा १२)

इस कायदे में जिकर किया हुआ हक वह हक होना चाहिये जो जायदाद मुतनाजिया मुकदमा में हो (इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द ३० सफा ६६१)

जब एक फरीक का नाम मिसल में इस कायदे के रू से दरज किया गया तो उस के निसबत मुकदमा नया नहीं है वह दायर किये हुये मुकदमा में शामिल किया गया है, और मुकदमा उस के खिलाफ या उस के तरफ से जारी रहता है (इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द २३ सफा ३३५)

इन्तकाल बाद डिकरी में यह कायदा लागू नहीं है (इ ला रि अलाहाबाद जिल्द १०सफा ६७)

कोई शख्स इस कायदे के रू से खुद अपनी दरखास्त पर या फरीकैन मौजूदा मिसल के किसी की दरखास्त पर फरीक किया जा सक्ता है (इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द १८ सफा २८५)

जब किसी मुकदमा में कोई रीसीवर मुकर्रर हो और वह दूसरे शख्स के साथ मिल कर नालिश बेदखली की करे, और उस मुकदमा के मुलतवी रहने के हालत में वह मुकदमा जिस में रिसीवर मुकर्रर हुआ है फैसला हो जावे और रिसीवर

बम्बई जि० ३२ सफा ७२२, ७२६)

मुकदमा उठाने की इजाजत न दी जायगी जब कि मुकदमा मुद्दई बो मुद्दायलेह का खतम हो गया हो और बाद खतम होने मुकदमा के अदालत मुद्दई को ऐसा दस्तावेजात पेश करने का हुक्म दे जिस से मुद्दायलेह के दस्तावेज का असर रद होता हो और मुद्दई तारीख मुकर्रर पर वैसा दस्तावेज पेश न करे—(इ ला रि बम्बई जि० ३७ सफा ६८२).

मुकदमा उठाने की कार्रवाई में हुक्म इस तरह का न लिखा जाय, कि मुकदमा खारिज किया जाय और दूसरी नालिश दायर करने का अखत्यार दिया जाय बल्कि हुक्म इस तरह लिखा जाय, कि मुद्दई को मुकदमा उठाने की इजाजत दुबारा नालिश दायर करने के अखत्यार के साथ दी जाती है—(इ ला रि अलाहाबाद जि० ६ सफा ६६०)—अगर इजाजत न दी जाय तो दरखास्त खारिज करना चाहिये—दुबारा नालिश, अगर उसी झगड़े की चीज के निस्बत हो न चल सकेगी, लेकिन अगर दूसरी नालिश म झगड़े की चीज दूसरे किस्म की हो जो पहिली नालिश में न थी, तो दूसरी नालिश की दायरी में कोई रूकावट न होगी—या अगर फरीक दूसरे हों तो भी कोई रूकावट न होगी (इ ला रि. कलकत्ता जि. २१ सफा २६५) वो (इ. ला. रि कलकत्ता जि० ८ सफा ८७१).

अगर दोनों फरीक मिल कर मुकदमा खारिज होने की दरखास्त शामलाती देवे—तो यह समझा जावेगा कि मुद्दई ने बिना इजाजत मुकदमा उठाया और वह दूसरी नालिश दायर नहीं कर सकेगा—(इ ला. रि अलाहाबाद जि० २३ सफा २१६)

इस कायदे के रू से जो हुक्म दिया जाय वह काबिल अपील न होगा—मगर काबिल नजर सानी होगा—(इ ला रि अलाहाबाद जि० १५ सफा १६६)

लेकिन हाई कोर्ट कलकत्ता की राय है कि वैसा हुक्म काबिल नजरसानी नहीं है—क्योंकि हस्र मनशा दफा ११५ हुक्म बतौर फैसला हुआ मुकदमा के नहीं समझा जा सक्ता है—(इ ला. रि. कलकत्ता जि० ४१ सफा ६३२)

अलाहाबाद जिल्द ६ सफा १६८).

इस कायदे के बमूजिब हुक्म सादिर करने के पहले फरीक सानी पर नोटिस याने इत्तलानामा तामील करना चाहिये (इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द ६ सफा २११).

इस कायदे का मतलब यह है कि अगर फरीक अपने मुकदमा को इस अख्त्यार के साथ उठाना चाहता है कि वह फिर दूसरी नालिश दायर करे तो उसको अदालत से इजाजत लेना चाहिये, लेकिन अगर वह अपने दिल से मुकदमा उठाना चाहता है और यह अख्त्यार नहीं चाहता है कि दुबारा नालिश दायर करे तो अदालत की इजाजत लेने की जरूरत न होगी—[इ ला. रि. बम्बई जिल्द ३२ सफा ३४५, ३४७].

मुकदमा में नुक्स दो किस्म के होते हैं—(१) नुक्स जाब्ता (२) रूईदाद नुक्स जाब्ता के सबब से अगर मुकदमा में खामी (कच्चाई) हो तो मुकदमा उठाने की इजाजत इस अख्त्यार के साथ कि दूसरी नालिश दायर की जाय, दी जा सक्ती है—लेकिन अगर नुक्स रूईदाद हो तो वैसी इजाजत न दी जायगी, जब तक कि काफी वजूहात न हो—(इ. ला. रि. अलाहाबाद जि० ३ सफा ५१८) मसलन, गलत शमूलीं फरीकैन या बिनाय दावा या गैर वाजिब मालियत शै मुतनाजिया यह नुक्स जाब्ता के है के इन सूरतों में इजाजत मुईई को मुकदमा उठाने की वो दूसरी नालिश दायर करने की मिल सक्ती है (इ ला. रि अलाहाबाद जि० १६ सफा २७६) इसी तरह जब किसी दस्तावेज में पूरा स्टाम्प न लगा हो या उसकी रजिस्ट्री न हुई हो तो इजाजत दी जा सक्ती है—(अलाहाबाद हाई कोर्ट जि० ५ सफा ११६) लेकिन जब किसी मुकदमा में तनकीह कायम हो गई हो और मुईई उन तनकीहों की शबूती में शहादत न दे सके तो मुकदमा उठाने की इजाजत वैसे अख्त्यार के साथ कि दुबारा नालिश दायर की जाय न दी जायगी क्योंकि यह मुक्स रूईदाद का है और **काफी वजह** में नहीं दाखल होगा—(इ. ला. रि. अलाहाबाद जि० ११ सफा १८७)

मुकदमा उठाने की इजाजत न दी जावेगी जब कि फरीकैन तजवीज के लिये तैयार हो और वैसे उठाने से मुदायलेह को नुकसान पहुचता है—(इ ला. रि.

बम्बई जि० ३३ सफा ७२२, ७२६)

मुकदमा उठाने की इजाजत न दी जायगी जब कि मुकदमा मुद्दई वो मुद्दायलेह का खतम हो गया हो और बाद खतम होने मुकदमा के अदालत मुद्दई को ऐसा दस्तावेजात पेश करने का हुक्म दे जिन से मुद्दायलेह के दस्तावेज का असर रद होता हो और मुद्दई तारीख मुकर्रर पर वैसा दस्तावेज पेश न करे—(इ ला रि बम्बई जि० ३७ सफा ६८२).

मुकदमा उठाने की कार्रवाई में हुक्म इस तरह का न लिखा जाय, कि मुकदमा खारिज किया जाय और दूसरी नालिश दायर करने का अखत्यार दिया जाय बल्कि हुक्म इस तरह लिखा जाय, कि मुद्दई को मुकदमा उठाने की इजाजत दुबारा नालिश दायर करने के अखत्यार के साथ दी जाती है—(इ ला रि अलाहाबाद जि० ६ सफा ६६०)—अगर इजाजत न दी जाय तो दरखास्त खारिज करना चाहिये—दुबारा नालिश, अगर उसी झगड़े की चीज के निस्बत हो न चल सकेगी, लेकिन अगर दूसरी नालिश में झगड़े की चीज दूसरे किस्म की हो जो पहिली नालिश में न थी, तो दूसरी नालिश की दायरी में कोई रूकावट न होगी—या अगर फरीक दूसरे हों तो भी कोई रूकावट न होगी (इ ला. रि. कलकत्ता जि. २१ सफा २६५) वो (इ. ला. रि. कलकत्ता जि० ८ सफा ८७१).

अगर दोनों फरीक मिल कर मुकदमा खारिज होने की दरखास्त शामलाती देवे—तो यह समझा जावेगा कि मुद्दई ने बिला इजाजत मुकदमा उठाया और वह दूसरी नालिश दायर नहीं कर सकेगा—(इ. ला. रि अलाहाबाद जि० २३ सफा २१६)

इस कायदे के रू से जो हुक्म दिया जाय वह काबिल अपील न होगा—मगर काबिल नजर सानी होगा—(इ ला रि अलाहाबाद जि० १५ सफा १६६)

लेकिन हाई कोर्ट कलकत्ता की राय है कि वैसा हुक्म काबिल नजरसानी नहीं है—क्योंकि हस्ब मनशा दफा ११५ हुक्म बतौर फैसला हुआ मुकदमा के नहीं समझा जा सक्ता है—(इ ला. रि. कलकत्ता जि० ४१ सफा ६३२)

२ हर नई नालिश में जो ऊपर लिखे हुये कायदे के इजाजत से दायर हो मुद्दई पाबन्द कानून मियाद का उसी तरह होगा कि मानों पहले नालिश दायर नहीं हुई

पहले नालिश में कानून मियाद में असर नहीं पहुंचेगा

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३७४ से कायम किया गया है—

इस कायदे का यह असर है कि मियाद दूसर नालिश में वैसे ही लागू होगी जैसे कि वह पहली नालिश में लागू होती और जो वक्त पहली नालिश के दायर करने में लगा वह बमूजिब दफा १४ कानून मियाद मुजरा न किया जावेगा गो नालिश ब वजह नुक्स शमूल बिनाय दावियों के वापिस ली गई (इं. ला. रि. बम्बई जि० २९ सफा २१९)—लेकिन अगर नालिश अदालत गैर मजाज में दायर की गई है, और वैसी अदालत ने इजाजत मुकदमा उठाने की दी है तो जो अरसा उस मुकदमा की पैरवी में गुजरा है वह मुजरा मिलेगा (इं. ला. रि कलकत्ता जि० ३५ सफा ९२४).

३ अगर अदालत के इतमीनान के लायक यह साबित हो जाय कि तसफिया किसी मुकदमा का किसी तौर के जायज इकरारनामे या तसफिया आपसी से पूरा या उस के हिस्सा का हो गया है, या मुदायलेह ने मुद्दई को निसबत कुल या जुज शे मुतनाजिया मुकदमा के राजी कर दिया है, तो अदालत इस तरह के इकरारनामे या तसफिया आपसी या राजीनामा के शामिल मिसल करने का हुक्म दे और उस के मुताबिक जहा तक कि उस मुकदमे से ताल्लुक हो डिकरी सादिर करेगी

तसफिया नालिश

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३७५ से कायम किया गया है.

अदालत [illegible] मीनान करके [illegible] के इकरारनामा या राजीनामा [illegible] रि. [illegible] १०१).
वास्ते तस[illegible] [illegible] जीना[illegible] [illegible]
है या नहीं [illegible] [illegible]
चाहिये और [illegible]
अमानतदार [illegible]
की बर खिला [illegible]
[illegible]नल सफा

जब फरीकैन ने किसी राजीनामा पर अमल कर लिया है तो वे उस के जायज होने में ऐतराज करने से रोके जायगे (इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द ११ सफा २२९–३२).

जब राजीनामा अदालत में पेश कर दिया गया और उस के शर्त के मुवाफिक डिकरी सादिर नहीं की गई और अदालत मुकदमे की कार्रवाई जारी रखना मन्जूर करे तो उस राजीनामा के निसबत समझना चाहिये के वह खतम हो गया और अदालत बाद में किसी पेशी पर राजीनामा मजकूर को सही तसव्वर कर के उसकी बिना पर डिकरी सादिर नहीं कर सक्ती (इ ला रि मद्रास जिल्द २९ सफा १०४)

तसफिया बाहमी फरेब की बिना पर नालिश नम्बरी में मन्सूख हो सक्ता है (इ ला. रि कलकत्ता जिल्द ५ सफा २७) गो वह उस फरीक ने किसी अमर के निसबत गलत यकीन करके कार्रवाई की हो और उस ने साथ होशमारी वो ऐहत्यात के बरताव न किया हो (१७ मद्रास ला. जरनल सफा ८२).

तसफिया बाहमी के मन्सूखी की नालिश अलावा फरेब के और वजूहात पर भी हो सक्ती है याने इस वजह पर कि नाबालिग के वली ने जो वकील मुकर्रर किया था उसने वली के मनशा के खिलाफ मुकदमा का तसफिया कर लिया (इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द ३४ सफा ८३).

दरखास्त जिसमें तसफिया बाहमी की शरतें दरज हों और जिसमें यह इस्तदोआ की जाय के मुकदमा खारिज कर दिया जावे अगर वह उस जायदाद गैर मनकूला से ताल्लुक रखता है जिसकी कीमत १००) रू० से ज्यादा है तो उस की रजिस्ट्री होना चाहिये (इ ला रि. २५ मद्रास सफा ५५३).

बनाराजगी डिकरी या तसफिया बाहमी इस वजह पर अपील हो सक्ती है कि उस में वह बातें दरज हे जो मुकदमे से मुताल्लुक नहीं हैं (५ मदरास ला. जरनल रिपोर्ट सफा १४५)

किसी राजीनामा की बिना पर इजरा की कार्रवाई नहीं हो सक्ती तावक्ते कि उस की शरतें अदालत की डिकरी में दर्ज न की जांय (मदरास हाई कोर्ट जिल्द २ सफा ३०५).

राजीनामा या तसफिया बाहमी तीन बातों के निसबत होगा—(१) कुल

मुकदमा का—(२) जुज मुकदमा का—(३) ऐसी बातों का जो मुकदमा के ताल्लुक न हों—पहिली सूरत में डिक्री हस्ब शरायत राजीनामा सादिर होगा और मुकदमा खतम समझा जायगा—दूसरी सूरत में डिक्री हस्ब शरायत राजीनामा मुकदमा के सिर्फ उस हिस्सा के ताल्लुक सादिर होगी जिसका तसफिया हुआ—और बाकी हिस्सा की नालिश जिसका तसफिया नहीं हुआ चलू रहेगी—तीसरी सूरत में जब कि नालिश के झगड़े की चीज के सिवाय दूसरी बातें का भी तसफिया फरीकैन ने किया हो जो मुताल्लुक नालिश नहीं है, तो डिक्री सिर्फ उन अमूरात की निसबत सादिर की जायगी, जो मुताल्लुक मुकदमा है, और जिनका तसफिया हुआ,—दीगर अमूरात गैर मुताल्लुक मुकदमा डिक्री में दर्ज न किये जायेंगे—

अगर बाहमी तसफिया या राजीनामा दरमियान फरीकैन हो गया है—और फरीक दरखास्त देवे कि डिक्री बमूजिब वैसे राजीनामा के सादिर की जाय, और फरीक सानी इन्कार करे कि वैसा राजीनामा हुआ, या फरीक सानी पीछे से बदल जाय और कहे कि अब हम राजीनामा नहीं चाहते, तो अदालत इस बात का तसफिया करेगी कि आया वैसा राजीनामा दरमियान फरीकैन दरअसल हुआ था या नहीं, और अगर अदालत को इतमिनान हो जावे कि वैसा राजीनामा हुआ था तो अदालत वैसे राजीनामा के मुआफिक डिक्री सादिर करेगी, तो फरीकसानी वैसा राजीनामा करने को राजी हो,—ऐसी राय हाई कोर्ट बम्बई, मद्रास वो कलकत्ता की है—(इ. ला. रि. बम्बई जिल्द २० सफा ३०४, इ. ला. रि. मद्रास जिल्द १९ सफा ४१९, इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द २४ सफा ९०८)—

मगर हाई कोर्ट अलाहाबाद की राय इसके खिलाफ है इस हाई कोर्ट की यह राय है कि जब तक दोनों फरीक राजीनामा वो दरखास्त **पेश करने के वक्त** राजी न हो जब तक वैसे राजीनामा के मुताबिक डिक्री सादिर नहीं की जा सक्ती है—(इ. ला. रि. अलाहाबाद जि० १४ सफा ३५०).

इस कायदे के मुआफिक जो हुक्म सादिर हो वह काबिल अपील होगा—देखो आर्डर न० ४३ [१] [ङ]

४ इस आर्डर की किसी इबारत का ताल्लुक इजराय डिक्री या हुक्म

आर्डर—२४.

अदालत में रूपया दाखिल करना.

मुदायलेह का दावा के अदाई में रूपया दाखिल करना

१ जिन नालिश में जिस में दावा करजा या नुकसानी का हो मुदायलेह मुकदमे की किसी पेशी पर अदालत में उतना रूपया अमानत दाखिल करे जो पूरे दावे के अदाई के लिये उस के समझ में काफी हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३७६ से कायम किया गया है

खजाना सरकारी में रूपया का दाखिल किया जाना बराबर दाखिल किये जाने अदालत के है (इ. ला. रि. मदरास जिल्द ७ सफा २११) रूपया बिला किसी शर्त के दाखिल किया जाना चाहिये (इ. ला. रि मदरास जिल्द १४ सफा ४१).

यह कायदा सिर्फ नालशात बाबत दिला पाने कर्जा या हर्जा में लागू होगा और वह नालशात बाबत हुक्म इम्तनाई वो नुकसानी से ताल्लुक न रखेगा (इ. ला. रि बम्बई जिल्द २१ सफा ५०२).

रूपया दाखल करने से दो फायदे होते हैं एक सूद का—और एक खर्चे का—देखो कायदा ३ वो ४—

अमानत की इत्तला

२ मुदायलेह उस अमानत की इत्तला तहरीरी अदालत के मारफत मुदई को देगी और अमानत का रूपया मुदई की दरखास्त पर मुदई को दिया जाय (तावक्के कि अदालत और तरह का हुक्म न दे)

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३७७ से कायम किया गया है.

अदालत को रूपया दिये जाने से इनकार करने का अखत्यार है मगर यह

अख्त्यार मुनासिब तौर से अमल में लाया जाना चाहिये (इ ला रि कलकत्ता जिल्द २६ सफा ७३६–६९)

सूद जब अमानत पर मुद्दई का बाद इत्तला के न दिलाया जायगा

३ जो रूपया के मुदायलेह ने अमानत रखा हो उस का सूद मुद्दई को इत्तला मजकूर के पहुंचने की तारीख से न दिलाया जायगा, चाहे जब अमानत कुल दावे के बराबर हो या उस से कम

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३७८ से कायम किया गया है—

कार्रवाई जब कि मुद्दई जब अमानत को जुज दावी के अदाई में कबूल करे

४ (१) अगर मुद्दई उस जर अमानत को सिर्फ जुज दावी की अदाई में कबूल करले तो वह बाकी के बाबत नालिश में पैरवी करे–और अगर अदालत यह तजवीज करे कि मुदायलेह का दाखिल किया हुआ रूपया कुल दावी मुद्दई के बराबर है तो मुद्दई को उतना खर्चा नालिश का जो बाद दाखिल होने रूपया के पडा हो और रूपया दाखिल होने के पहले का उतना खर्चा जो मुद्दई के जियादा दावी करने के बजह से हुआ हो अदा करना होगा

कार्रवाई जब कि मुद्दई जर अमानत को जुज दावी के अदाई में कबूल करे

(२) अगर मुद्दई दाखिल किये हुये रूपया को अपने कुल दावा के अदाई में मनजूर करले तो वह बयान इस मजमून का अदालत में दे और ऐसा बयान शामिल मिसल किया जायगा और अदालत उस के मुताबिक फैसला सादिर करेगी, और इस अमर की तजवीज में कि खर्चा हर फरीक का किस के जिम्मे रखा जाना चाहिये, अदालत इस बात पर गौर करेगी, कि किस फरीक पर झगड़ा अदालत का इलजाम जियादा आता है

तमसीलें

(क) (क), पर (ख) के सौ रूपया आते हैं (ख) में (क) पर उस रूपया की नालिश की और पहले कुछ तकाजा नहीं किया और कोई वजह इस बात के यकीन करने की भी नहीं थी कि तकाजे से जो देर होगी वह किसी तरह उस के हक में नुकसान करेगी—और अव्वलीदावा पेश होने पर (क) ने अदालत में रूपया दाखिल किया और (ख) ने अपने कुल दावे के अदाई में उस को मनजूर कर लिया तो अदालत उस को खरचा न दिलायगी इस वास्ते कि नालिश अदालत क्यास से मिन जानिब उस के बे बुनियाद थी

(ख) (ख) ने (क) पर तमसील १ में दर्ज किये हुये हालात पर नालिश की और जब अरजीदावा पेश हुआ (क) ने दाव की जवाबदेही की बाद को (क) ने अदालत में रूपया दाखिल किया और (ख) ने अपने कुल दावे की अदाई में उस को मनजूर कर लिया तो इस सूरत में अदालत (ख) को खरचा मुकदमा का भी दिलायगी क्योंकि (क) के हरकत से साबित है कि झगड़ा अदालत जरूरी था

(ग) (क) पर (ख) के सो रूपया आते हैं और चाहता है कि बगैर दायर होने नालिश रूपया अदा करदे (ख) १५० रू० का दावा करता है और उस रूपया की नालिश उस ने (क) पर की जब अरजीदावा पेश हो गया तो उस ने १०० रू० अदालत में दाखिल करके बाकी ५० रू० के निसबत जवाब देही की बाद को (ख) ने १०० रू० अपने कुल दावे के अदाई में मन्जूर कर लिया, अदालत उसे (क) का खरचा अदा करने का हुक्म दे

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३७६ से कायम किया गया है.

उन मुकदमात में जो वास्ते वसूली करजा या नुकसानी के नहीं है जब रूपया अदालत में दाखिल कर दिया जावे तो इस कायदे के उसूल के मुताबिक खरचा दिलाये जाने के बाबत अदालत को अपने अखत्यारात अमल में लाना चाहिये (इं. ला. रि. बम्बई जि० २१ सफा ५०२)

आर्डर--२५.

खरचे की जमानत,

किस सूरत में मुद्दई से खरचे की जमानत तलब कीजा सक्ता है

१ (१) अगर मुकदमे की किसी नौबत पर अदालत को मालूम हो कि एक मुद्दई या कुल मुद्दईयान जिस हालत में एक से जियादा मुद्दई हों ब्रिटिस इनडिया के बाहर रहता है और ऐसे मुद्दई या मुद्दईयान से कोई ब्रिटिश इनडिया के अनदर अलावा जायदाद मुतनाजिया के काफी जायदाद गैर मनकूला न रखता हो तो अदालत अपनी मरजी से या किसी मुदायलेह की दरखास्त पर मुद्दई या मुद्दईयों को हुक्म दे कि उस मियाद के अन्दर जो उस हुक्म की रू से मुकर्रर की जाय जमानत निसबत देने कुल खरचा के जो किसी मुदायलेह का हुआ हो और कयास से होने वाला हो दाखिल करे

ब्रिटिश इनडिया के बाहर सकूनत

[२] जो शख्स ब्रिटिश इनडिया से ऐसे हालत में बाहर जाय जिस से इस बात का गुमान माकूल तौर पर हो कि जब उस से खरचा तलब किया जायगा वह ब्रिटिश इनडिया में मौजूद न रहेगा तो वह जिमन (१) के मतलब में ब्रिटिश इनडिया से बाहर का रहने वाला तसौवर किया जायगा

(३) अगर नालिश वास्ते वसूली नकदी रूपया के हो और उस में मुद्दई कोई औरत हो तो किसी मुदायलेह की तरफ से दरखास्त गुजरने पर अदालत को अखत्यार है कि उसी तरह का कोई हुक्म मुकदमे की किसी नौबत पर सादिर करे बशरते कि अदालत को इतमीनान हो जाय कि मुद्दई ब्रिटिश इनाडिया में कोई काफी जायदाद गैर मनकूला नहीं रखती है

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३८० को १८२ से कायम किया गया है

जमानतनामा पर स्टाम्प दो तरह से लग सक्ता है (क) पूरा स्टाम्प बमूजिब एक्ट स्टाम्प के (ख) कोर्टफीस आठ आने का बमूजिब मद ६ जमीमा २ एक्ट कोर्टफीस के

सिर्फ मुफलिसी को वजह मुद्दई मे जमानत खरचा लेने की काफी वजह नहीं है (इ ला रि मदरास जिल्द १४ सफा ५३३)

इस कायदा की गरज यह है कि जिस में मुद्दायलेह की हिफाजत हो कि अगर मुद्दई अपना मुकदमा न जीते तो मुद्दायलेह का खर्चा मारा न जाय—

खर्चा की जमानत नीचे लिखी सूरतों में ली जासकती हैं:—

(१) आर्डर २२ कायदा ८ (मुद्दई का दिवालिया होना)—

(२) आर्डर ३७ कायदा ४ (मुकदमा सरसरी दस्तावेज काबिल खरीद फरोख्त की रू से)—

(३) आर्डर ४१ कायदा ५—(इजराय डिक्री मुलतवी करने के लिये)—

(४) आर्डर ४१ कायदा ६ (इजराय डिक्री जब अपील हुई है)—

(५) आर्डर ४१ कायदा १० (अपीलाट से जमानत)

(६) आर्डर ४५ कायदा ७ (प्रिवी कौंसिल में अपील दायर करने की इजाजत मिलने पर)—

२ (१) अगर ऐसी जमानत मुकर्रर किये हुये मियाद के अन्दर जमानत न दाखिल करने का असर दाखिल न हो तो अदालत मुकदमे को खारिज करेगी, तावक्के कि, मुद्दई या मुद्दईयों को दस्तबरदार होने की इजाजत न दी जाय.

(२) अगर मुकदमा इस कायदे के रू से खारिज किया जाय तो मुद्दई वास्ते सादिर होने मनसूखी हुक्म डिसमिसी के दरखास्त दे सक्ता है—और अगर अदालत के इतमीनान के लायक यह साबित कर दिया जाय कि मुद्दई किसी काफी वजह से मियाद मुकर्रेरा के अन्दर जमानत दाखिल न कर सका, तो अदालत जमानत या खर्चा वगैरा की ऐसी शर्तों के साथ जो उस को मुनासिब मालूम हो हुक्म डिसमिसी मनसूख कर देगी और पेशी मुकदमा के वास्ते एक दिन मुकर्रर करेगी

(३) हुक्म डिसमिसी मनसूख नहीं किया जायगा, तावक्के कि ऐसी दरखास्त की एक तहरीरी इत्तला मुद्दायलेह को न पहुंचाई जाय

अख्त्यार है, गो मुकद्दमा पनचों के सुपुर्द कर दिया गया है (बम्बई ला. रिपोर्टर जिल्द ७ सफा ५६०).

जिस गवाह का इजहार बजरिये कमीशन लिया जाय उस पर सवालात जिरह करने का अख्त्यार फरीक सानी का हासिल है (१४ बीकनी रिपोर्टर सफा १७ वो देखो इन्डीयन ला. रिपोर्ट ३० कलकत्ता सफा ६२५ '

हर एक परदा नशीन औरत को इसतहकाक हासिल है कि वह अपना इजहार बजरिये कमीशन लिखाय गो वह पेशतर आम लोगों के सामने हाजिर हुई हो या उस के बरखिलाफ वद चलनी का इलजाम लगाया गया हो (इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द २६ सफा ६५०)

२ अदालत ऐसा हुक्म अपनी मरजी से, या हर वक्त गुजरने दरख्वास्त हुक्म निसबत इजराय कमीशन मे तहरीरी बयान हलफी या दिगर तौर से किसी फरीक मुकद्दमा की तरफ से, या उस गवाह के तरफ से जिस की शहादत लेना हो सादिर करे

तशरीह.—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३८४ से कायम किया गया है

३ अगर कमीशन वास्ते इजहार ऐसे शख्स के हो जो अन्दर हद अगर गवाह अदालत के इलाके में रहता है अदालत जारी करने वाली कमीशन के रहता हो तो कमीशन किसी किसी ऐसे शख्स के नाम जारी किया जाय जिसे अदालत उस के तामील के लिये लायक समझे

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३८५ से कायम किया गया है

४ (१) हर अदालत हर नालिश में कमीशन वास्ते लेने इजहार किन लोगों के वास्ते कमीशन जारी हो सका है नीचे लिखे हुऐ शख्सों के जारी कर सकी है

(क) कोई शख्स जो अदालत के हदूद अरजी से बाहर रहता हो

(ख) कोई शख्स जो उस तारीख से पहले ऐसे हदूद से बाहर जाने वाला हो जो अदालत में उस के इजहार लेने के वास्ते मुकर्रर हो—और,

(ग) कोई सरकारी ओहदेदार मुलकी या फौजी जिस का अदालत में हाजिर होना जज के समझ में बायस हरज काम सरकार

आर्डर २६.

कमीशन.

कमीशन वास्ते लेने इजहार गवाहों के.

किन सूरतों में अदालत कमीशन वास्ते लेने इजहार गवाह जारीकर सकती है

१ हर अदालत को हर नालिश में अख्त्यार है कि वास्ते लेने इजहार उन शख्सों के जो अदालत के इलाका अख्त्यार की हदूद अरजी के अन्दर रहते हों—मगर इस मजमूआ के हुकमों के बमूजिब अदालत में हाजिर होने से माफ हों, या जो किसी बीमारी या जईफी की वजह से हाजिर न हो सके हों कमीशन जारी करे, कि बमूजिब दफा सवालात के या और तरह पर उन का इजहार लिया जाये

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३८३ से कायम किया गया है

अगर किसी परदा नशीन औरत का इजहार पालकी पर अदालत में लिया जा सक्ता है तो कमीशन जारी करने की जरूरत नहीं है (१८ वीकली रपोर्टर सफा २३०)

जब गवाह उस फरीक का नौकर है जो दरखास्त करता है तो कमीशन जारी करना मुनासिब नहीं है (२० वीकली रपोर्टर सफा २५३).

किसी मठ के मुखिया के इजहार के लिये जो साधु है, कमीशन जारी होना चाहिये (इ ला रि. बम्बई जिल्द २८ सफा २८)-

कमीशन जारी करने से इन्कार करने के हुक्म से नजरसानी नहीं हो सक्ती है (इ ला रि मदरास जिल्द ९ सफा २५६).

अदालत को गवाहों के इजहार लेने के वास्ते कमीशन जारी करने का

के बाहर बजरिये कमीशन लिया जाय तो उसका वैसा इजहार काबिल मजूरी शहादत होगा—(कलकत्ता वीकली नोट जि० ७ सफा ८०६).

लेटर आफ रिक्वेस्ट चिट्ठी के जरिये दरखास्त.

६ हर अदालत जिस में कमीशन वास्ते लेने इजहार किसी शख्स के
अदालत कमीशन के मुताबिक गवाह का इजहार ले
पहुचे वह कमीशन के मुताबिक उस का इजहार ले या किसी और से लिवाए

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३८८ से कायम किया गया है

कोई फरीक जो कमीशन में शामिल नहीं हुआ है उस कमीशन के जरिये से जिस गवाह का इजहार लिया जावे उस के इजहार जिरह लेने का मुस्तहक है (वीकली रिपोर्टर दीवानी जि० १४ सफा १७)

जब जिरह का मौका न दिया गया हो तो शहादत काबिल मजूरी न होगी—(कलकत्ता वीकली नोट जि० ५ सफा २७०).

७ जब कमीशन की तामील जाब्ता के मुताबिक हो जाय तो वह मै
वापसी कमीशन मे बयान गवाह
उस शहादत के जा उस के बमूजिब ली गई हो अदालत कमीशन जारी करने वाले में वापिस किया जायगा मगर जब कि हुक्म इजराय कमीशन में और तरह का हुक्म हो तो मुताबिक उस के कमीशन वापिस किया जायगा और कमीशन और कैफियत उस के तामील की और शहादत जो कमीशन के बमूजिब ली गई हो नीचे लिखे हुये कायदों के हुक्मों की रिआयत से शामिल मिसल होगा

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३८९ से कायम किया गया है

८. वह शहादत जो कमीशन के जरिये से ली गई हो वह उस मुकदमे
जब गवाह का बयान सबूत में किया जा सकता
में बतौर शहादत बिला रजामन्दी इस फरीक के जिस के खिलाफ वह दी गई हो पढ़ी न जायगी तावक्ते कि,

(क) जब कि वह शख्स जिस ने शहादत दी हो अदालत के इलाके से बाहर रहता हो या मर गया हो, या बसबब बीमारी या जईफी के असालतन इजहार देने के वास्ते हाजिर नहीं हो सका हो, या अदालत में असालतन हाजिर होने से माफ हो या कोई सरकारी उहदेदार मुलकी या फौजी हो जिस के अदालत

के हो

(२) ऐसा कमीशन किसी ऐसी अदालत में भेजी जाये जो अदालत हाई कोर्ट न हो जिस के हुकूमत के इलाके की हदूद अरजी के अनदर वह शख्स रहता हो, या किसी वकील या दूसरे शख्स के नाम भेजा जावे जिस को कमीशन जारी करने वाली अदालत मुकर्रर करना मुनासिब समझे

(३) जब अदालत इस कायदे के बमूजिब कोई कमीशन जारी करे तो यह हिदायत की जायगी कि आया कमीशन उस अदालत में वापिस किया जायगा या किसी मातहत में

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३८६ से कायम किया गया है

जब अदालत को यह इतमीनान हो जावे कि किसी गवाह का जिरह का इजहार बिला वजह बढ़ाया जा रहा है तो अदालत हुक्म दे सक्ती है कि ऐसा इजहार किसी खास वक्त के अनदर खतम किया जावे (इ ला रि कलकत्ता जिल्द ३० सफा ६२५)

अगर मुद्दई दिल्ली में रहता है और वह अपनी नालिश बम्बई में दायर करे, और अदालत बम्बई से दरखास्त करे कि उसके इजहार दिल्ली में लिये जाने के लिये कमिशन जारी हो तो अदालत दरखास्त को नामजूर करेगी जब तक कि कोई भारी वो जोर दार सबब न बतलाया जाय मगर यह उसूल मुद्दायलेह के लिये लागू न होगा—क्योंकि वह अदालत के इलाका अख्तयार के बाहर रहता है उसके इजहार के लिये कमिशन जारी हो सक्ता है—

अगर गवाह ब्रिटिश इंडिया के बाहर रहता हो तो उस के इजहार के लिये कमीशन या चिट्ठी

५ जब किसी अदालत में दरखास्त वास्ते जारी करने कमीशन निसबत लेने इजहार किसी ऐसे शख्स के जो जाय जो ब्रिटिश इंडिया से बाहर किसी जगह का रहने वाला हो और उस अदालत को इतमीनान हो कि उस की शहादत जरूरी है तो वह एक ऐसा कमीशन या लेटर आफ रिक्वेस्ट जारी करे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३८४ से कायम किया गया है

अगर किसी गवाह का इजहार, जो ब्रिटिश इंडिया में न रहता हो ब्रिटिश इंडिया

तहकीकात मौका का हुक्म दिये जाने के हुक्म मे अपील नहीं हो सकती (७ वीकली रिपोर्ट सफा ४२५).

कमीशन वास्ते जाच हिसाब.

कमीशन वास्ते जांच या तसफिया हिसाब

११ हर मुकदमा में जिस में जाच या तसफिया हिसाब जरूर हो अदालत जिस शख्स को मुनासिब समझे उस के नाम कमीशन इस हिदायत से जारी करे कि वह जाच या तसफिया हिसाब का करदे

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३१४ से कायम किया गया है

अहल कमीशन जो वास्ते जाच हिसाब के मुकर्रर किया जावे उस का महनताना एक मुकर्रर रकम होना चाहिये न के माहवारी तनख्वाह के तौर से (इ. ला. रि. मदरास जिल्द ३ सफा २५१).

अदालत बनाम कमिश्नर हिदायत जरूरी सादिर करेगी

१२ (१) अदालत अहल कमीशन के पास उस कदर कागजात मिसल और हिदायत जो जरूरी हो भेज दे और हुक्म में साफ लिखने कि अहल कमीशन सिर्फ अपनी कारवाई जो बायत तहकीकात के तहरीर हो अदालत में भेज दे या अपनी राय भी मिसवत उस अमर के जिस की जाच का उस को हुक्म है लिखे

कार्रवाई और रिपोर्ट शहादत होगी—अदालत जायद तहकीकात का हुक्म दे सकती है

२ अहल कमीशन की कार्रवाई और कैफियत (अगर कोई हो) बतौर शहादत के मुकदमा में ले ली जायगी, मगर जब अदालत के नजदीक कोई वजह उस पर इतमीनान न लाने की पाई जाये तो ऐसी सूरत में अदालत उस तहकीकात मजीद का हुक्म देगी जो मुनासिब मालूम हो

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३१५ से कायम किया गया है.

गो अहल कमीशन की रपोर्ट पर बहुत जोर होना चाहिय मगर उस की पाबन्दी कतई तौर पर नहीं है (६ मदरास हाई कोर्ट रपोर्ट सफा ३६)

रहेगी—लेकिन अदालत या फरीकैन मुकदमा में से कोई फरीक अदालत की इजाजत से खुद अहल कमीशन से निसबत किसी बात के जिन की तहकीकात के वास्ते वह मुकर्रर हुआ हो या जिस का जिकर उस की कैफियत में हो या निसबत तरीका तहकीकात के खुले इजलास में इजहार ले.

खुद अहल कमीशन का इजहार हो सका है

(३) अगर अहल कमीशन की कार्रवाई किसी वजह से अदालत के पसन्द न हो तो अदालत जो जियादा कार्रवाइ मुनासिब समझे उस के निसबत हुक्म दे.

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३९३ मे कायम किया गया ह. शिकमी कायदा ३ नया है.

कमीशन जो अमीन के नाम वास्ते तहकीकात मौका के जारी किया गया वह दफा २० जिमन (१) एक्ट कोर्टफीस के मनशा में हुक्मनामा नहीं है (इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द १७ सफा २८१)

जब कि किसी मौके का नकशा तैयार करने के लिये अहल कमीशन मुकर्रर किया गया तो जो बयानात गावों के अफसरों ने उस के रूबरू निसबत हक मुकदमा बयान किया है वह काबिल मन्जूरी शहादत है (इ. ला. रि. बम्बई जिल्द २४ सफा ४३).

जब एक कमीशन जारी हो गया है तो अदालत के मुकदमा की सुनाई वो तसफिया करने के पहले उस कमीशन की वापसी रूबरू अदालत हो जाना चाहिये (इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द १६ सफा ३४२)

अहल कमीशन को चाहिये कि फरीकैन को इत्तला उस वक्त की देवे कि जब वह तहकीकात मौका करेगा (इ. ला. रि मदरास जिल्द १२ सफा १३९.)

जब अहल कमीशन का महनताना नहीं दिया गया है तो रिपोर्ट नामनजूर नहीं की जा सकी [इ ला. रि कलकत्ता जिल्द १७ सफा २८१].

रिपोर्ट के पहुचने पर एक दिन वास्ते समाअत उजरदारी के मुकर्रर होना और उस की इत्तला फरीकैन को होना चाहिये (२१ बैंकली रिपोर्टर सफा २).

कमीशन की रिपोर्ट आने की जो मियाद मुकर्रर की जावे वह बढ़ाई जा सकती है (इ ला. रि. ६ बम्बई सफा २५०).

तहकीकात मौका का हुक्म दिये जाने के हुक्म मे अपील नहीं हो सकती (७ वीकली रिपोर्ट सफा ४२५).

कमीशन वास्ते जाच हिसाब.

कमीशन वास्ते जांच या तसफिया हिसाब

११ हर मुकदमा में जिस में जाच या तसफिया हिसाब जरूर हो अदालत जिस शख्स को मुनासिब समझे उस के नाम कमीशन इस हिदायत से जारी करे कि वह जांच या तसफिया हिसाब का करदे

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३१४ से कायम किया गया है

अहल कमीशन जो वास्ते जाच हिसाब के मुकर्रर किया जावे उस का महनताना एक मुकर्रर रकम होना चाहिये न के माहवारी तनख्वाह के तौर से (इ ला. रि मदरास जिल्द ३ सफा २५१).

अदालत बनाम कमिश्नर हिदायत जरूरी सादिर करेगी

१२ (१) अदालत अहल कमीशन के पास उस कदर कागजात मिसल और हिदायत जो जरूरी हो भेज दे और हुक्म में साफ लिखले कि अहल कमीशन सिर्फ अपनी कार्रवाई जो बायत तहकीकात के तहरीर हो अदालत में भेज दे या अपनी राय भी मिसवत उस अमर के जिस की जाच का उस को हुक्म है लिखे

कार्रवाइ और रिपोर्ट शहादत होगी—अदालत जायद तहकीकात का हुक्म दे सकती है

२ अहल कमीशन की कार्रवाई और कैफियत (अगर कोई हो) बतौर शहादत के मुकदमा में ले ली जायगी, मगर जब अदालत के नजदीक कोई वजह उस पर इतमीनान न लाने की पाई जाये तो ऐसी सूरत में अदालत उस तहकीकात मजीद का हुक्म देगी जो मुनासिब मालूम हो

तशरीह.—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३१५ से कायम किया गया है.

गो अहल कमीशन की रपोर्ट पर बहुत जोर होना चाहिय मगर उस की पाबन्दी कतई तौर पर नहीं है (६ मदरास हाई कोर्ट रपोर्ट सफा ३६)

रहेगी—लेकिन अदालत या फरीकैन मुकदमा में से कोई फरीक अदालत की इजाजत से खुद अहल कमीशन से निसबत किसी बात के जिन की तहकीकात के वास्ते वह मुकर्रर हुआ हो या जिस का जिकर उस की कैफियत में हो या निसबत तरीका तहकीकात के खुले इजलास में इजहार ले

खुद अहल कमीशन का इजहार हो सक्ता है

(३) अगर अहल कमीशन की कार्रवाई किसी वजह से अदालत के पसन्द न हो तो अदालत जो जियादा कार्रवाइ मुनासिब समझे उस के निसबत हुक्म दे.

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३९३ मे कायम किया गया है. शिकमी कायदा ३ नया है.

कमीशन जो अमीन के नाम वास्ते तहकीकात मौका के जारी किया गया वह दफा २० जिमन (१) एक्ट कोर्टफीस के मनशा में हुक्मनामा नहीं है (इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द १७ सफा २८१)

जब कि किसी मौके का नकशा तैयार करने के लिये अहल कमीशन मुकर्रर किया गया तो जो बयानात गवाों के अफसरों ने उस के रूबरू निसबत हक मुकदमा बयान किया है वह काबिल मन्जूरी शहादत है (इ. ला. रि. बम्बई जिल्द २४ सफा ४३).

जब एक कमीशन जारी हो गया है तो अदालत के मुकदमा की सुनाई व तसफिया करने के पहले उस कमीशन की वापसी रूबरू अदालत हो जाना चाहिये (इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द १६ सफा ३४२)

अहल कमीशन को चाहिये कि फरीकैन को इत्तला उस वक्त की देवे कि जब वह तहकीकात मौका करेगा (इ. ला. रि मदरास जिल्द १२ सफा १३६)

जब अहल कमीशन का महनताना नहीं दिया गया है तो रिपोर्ट नामनजूर नहीं की जा सक्ती [इ ला. रि कलकत्ता जिल्द १७ सफा २८१]

रिपोर्ट के पहुचने पर एक दिन वास्ते समाअत उजरदारी के मुकर्रर होना और उस की इत्तला फरीकैन को होना चाहिये (२१ वीकली रिपोटर सफा २).

कमीशन की रिपोर्ट आने की जो मियाद मुकर्रर की जावे वह बढ़ाई जा सकती है (इ. ला. रि. ९ बम्बई सफा २५०).

तो हिस्सा की मालियत के बराबर करने के लिये जो रूपया देना वाजिब हो उस की तजवीज भी कर दे

(२) बाद को अहेल कमीशन एक कैफियत लिख कर उस पर दस्तखत करे या (जब कमीशन एक से ज्यादा शख्स के नाम से जारी किया गया हो और उन की इत्तफाक राय न हो सके) अलग २ कैफियत लिखे और उस कैफियत में हर शख्स का हिस्सा मुकर्रर कर दे और (अगर उस हुक्म में हिदायत हो तो) हर हिस्से की पहचान पैमायश और हदूद बन्दी से कायम कर दे ऐसी कैफियत यों कैफियतें कमीशन के साथ नत्थी कर के अदालत में भेज दी जायगी और अदालत उन उजरात को जो फरीकैन कैफियत या कैफियतों के निसबत करे सुन कर के ऐसी कैफियत या कैफियतें बहाल रखे या बदल दे या रद कर दे

(३) अगर अदालत ऐसी कैफियत या कैफियतों को बहाल रखे या उन में से कुछ तबदील करे तो उसे बहाल रखी हुई या तबदील की हुई कैफियत के मुताबिक डिकरी सादिर करे लेकिन जब अदालत ऐसी कैफियत या कैफियतों को रद करे तो वह चाहे एक नया कमीशन जारी करे या जो हुक्म मुनासिब समझे सादिर करे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३९६ फिकरा १ (२) से कायम किया गया है शिकमी कायदा (३) नया है

इस कायदे का उसूल यह है कि अगर जायदाद बिला नुकसान करन कीमत कुल जायदाद या हिस्से के तकसीम हो सकी है तो ऐसी तकसीम होना चाहिये मगर जब ऐसा नहीं हो सकता है तो माजजा का रूपया दिया जाना चाहिये (इ ला रि, कलकत्ता जि० १० सफा ६७५)

डिकरी बटवाड़ा जो बमूजिब रिपोर्ट अहेल कमीशन के सादिर की जाय वह हुक्म दस्तई निसबत बटवाड़ा सादिर किये हुऐ अदालत दीवानी के है और उस पर बतौर दस्तावेज बटवाड़ा बमूजिब दफा २ (१५) एक्ट स्टाम्प, स्टाम्प लगाया जाना चाहिये (इ. ला रि बम्बई जि० २९ सफा ३६६)

इस कायदे के रू से दरखास्त वास्ते मुकर्ररी अहेल कमीशन एक ऐसा अमर नहीं है जो दफा ४७ में आवे और उस पर जो हुक्म दिया जावे उस की अपील नहीं हो सकती है (१७ मदरास ला जरनल रिपोर्ट सफा १४४)

जब अहल कमीशन कोई रपोर्ट करे तो अदालत इब्तदाई वो अदालत अपील को उस के मुताबिक डिकरी सादिर करने के पहले उस पर लिहाज करना चाहिये (५ कलकत्ता वीकली नोट सफा ६९२).

कमीशन करने बटवाड़ा.

कमीशन करने बटवाड़ा जायदाद गैर मनकूला

१३ अगर कोई इब्तदाई डिकरी बटवाड़ा के निसबत सादिर हुई हो, तो किसी सूरत में जिस का जिकर दफा ५४ में नहीं है, अदालत कमीशन बनाम ऐसे शख्स के जिस को वह मुनासिब समझे उन हकूक के मुवाफिक तकसीम या अलेहदा कर देने के लिये जो ऐसी डिकरी की रूसे करार दिये गये हो जारी करे

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३९६ के फिकरा १ से कायम किया गया है।

इस कायदा का यह मनशा है कि पहली पेशी पर अदालत यह तसफिया करेगी कि आया मुद्दई मुस्तहक बटवाडा है, या नहीं और यह दरयाफ्त करेगी कि वे कौन से चद शख्स हैं जो जायदाद में हक रखते हैं और हुक्म के जरीये से यह हिदायत करेगी कि अलेह कमीशन वास्ते करने बटवाड़ा के मुकर्रर किया जावे (इ ला. रि कलकत्ता जि० ७ सफा ३१८)

अदालत को इस कायदे के रूसे अमीन को यह हुक्म देने का अख्तयार नहीं है कि उस जायदाद के हिस्से अलेहदा करने के लिये, जिस के बटवाड़ा की डिकरी हुई है, दीवाल उठवा देवे (इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द १६ सफा १९४)

अलेह कमीशन मुकर्रर किये जाने के हुक्म के नाराजी से अपील नहीं हो सकती है (१६ मदरास ला. जनरल रिपोर्ट सफा २१)

आज्ञा अहल कमीशन

१४ (१) अहल कमीशन कमीशन बाद तहकीकात जरूरी के जायदाद को उतने हिस्सों में जिन की हिदायत उस हुक्म में हो, जिस के बमूजिब कमीशन जारी किया गया हो तकसीम करदे और उन हिस्सो को उन शरतों के वास्ते मुकर्रर करे और अगर उस हुक्म में ऐसा इजाजत हो

(ख) दस्तावेजात या दीगर चीजें जो अमर तहकीकात से मुताल्लुक हों उन को तलब करके मुलाहजा करे

(ग) किसी मुनासिब वक्त में उस आराजी या इमारत के अन्दर जिसका जिकर उस हुक्म में हो, दाखिल हो—

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३९८ से कायम किया गया है

अमीन जो वास्ते तहकीकात मौका के मुकर्रर किया गया उस को अख्त्यार है कि उन मामलात के निसबत जिस के बाबत उस को तहकीकात करना है गवाहान का इजहार ले (१ बंगाल ला रिपोर्ट एम एन २)

अहल कमीशन मुकदमे की कार्रवाई बतौर जज या पंच के नहीं कर सक्ता है अगर रिपोर्ट से यह जाहिर नहीं होता है कि हिसाब किताब की क्या हालत है तो वह रद्दी कागज है (६ कलकत्ता ला. जरनल सफा १०५),

हुक्म निसबत हाजरी और इजहार गवाहान रूबरू अहल कमीशन

१७ (१) इस मजमुए के अहकाम निसबत तलब करने और हाजिर होने और लेने इजहार गवाहान और निसबत खरचा गवाहान और उन जुरमानों के जो गवाहों पर हो सके हैं उन शख्सों से भी मुताल्लुक होंगे जिन को इस आर्डर के बमूजिब शहादत देने या दस्तावेज पेश करने का हुक्म दिया गया हो अगर वह कमीशन जिस में ऐसा हुक्म हो ऐसी अदालत से सादिर हुआ हो जो ब्रिटिश इंडिया के हदूद के अन्दर वाकै है या किसी और अदालत से जो ऐसे हद के बाहर हो—और इस कायदा के मतलब के लिये अहल कमीशन बतौर अदालत दीवानी समझा जायगा

(२) अहेल कमिश्नर को अख्त्यार है कि किसी अदालत में (जो हाई कोर्ट न हो) जिस के इलाके में कोई गवाह रहता हो इस मजमून की दरख्वास्त दे कि हुक्मनामा जो कमिश्नर की राय में जरूरी हो ऐसे गवाह के नाम जारी किया जाय और वह अदालत जो हुक्मनामा मन्कूल वो मुनासिब समझे अपने अख्त्यार से जारी करे

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३९९ से कायम किया गया है शिकमी कायदा (२) नया है

जब कोई गवाह अहल कमीशन के ऐसे नोटिस की तामिल न करे जो उस ने बनाम गवाह वास्ते हाजरी वो देने शहादत के जारी किया हो तो अहल कमीशन,

मुद्दई या मुद्दई के मुख्तार का अहेल कमीशन की मुजाहमत करना खारजी मुकदमा के लिये काफी वजह न होगा—(इ. ला. रि. अलाहाबाद जि० ३२ सफा ३१६)

आम अहकाम.

१५ जब कोई कमीशन इस आर्डर के बमूजिब जारी किया जावे तो अदालत उस कदर रूपया जो वास्ते खरचा कमीशन के मुनासिब समझे एक मियाद मुकर्रर करके उस फरीक को जिस के दरखास्त पर या जिस के फायदा के लिये कमीशन जारी हुआ हो दाखिल करने का हुक्म दे

कमीशन का खरचा अदालत में दाखिल होना चाहिये

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ३६७ से कायम किया गया है—

अहेल कमीशन अपने महनताना के वसूली की नालिश कर सक्ता है (इ. ला रि. ४ मदरास सफा ३६६) मगर इजराय हकरसी के जरिये से वसूली की कार्रवाई नहीं कर सकता है (१० मदरास ला. जरनल रिपोर्ट सफा २४१).

जब बाद इजराय कमीशन यह मालूम हो कि जो रकम खरचा के लिये दी गई है उस के काम बहुत जियादा हुआ और वह फरीक जिस के दरखास्त पर कमीशन जारी हुआ था जियादा खरचा देने को रजामन्द नहीं है तो तरीका जिस से वह जायदा खरचा वसूल किया जा सकता है यह है कि उस रकम को खरचा मुकदमा समझ कर डिक्री में शामिल कर दिया जावे (१० कलकत्ता वीकली नोट सफा २३४).

१६ हर अहेल कमीशन जो इस आर्डर के बमूजिब मुकर्रर हुआ हो अगर उस के मुकर्ररी वो हुक्म में और तरह का हुक्म न हो तो

अख्तयारात अहेल कमीशन

(क) इजहार खुद फरीकैन और किसी गवाह का जिस को वह या उन में से कोई पेश करे और किसी दूसरे शख्स का ले जिसे अहल कमिशन उस मामले में जो उस के सुपुर्द हुआ हो शहादत देने के लिये तलब करना मुनासिब समझे

आर्डर—२७.

नालिशें अज़ तरफ या बनाम सरकार या ओहदेदारान सरकार बहैसियत ओहदेदारी के.

नालिशें अज तरफ या बनाम सरकार

१ किसी नालिश में जो सेक्रेटरी आफ स्टेट बहादुर बहजलास कौंसिल के तरफ से या बनाम उन के हो, अरजीदावा या बयान तहरीरी पर उस शख्स के दस्तखत होंगे जिस को गवर्नमेंट इस बाबे में आम या आम हुक्म के जरिये से मुकर्रर करदे—और तस दीक वह शख्स करेगा, जिस को गवर्नमेंट इस तरह मुकर्रर करे और जो मुक दमा के वाकेआत से वाकिफ हो

तशरीह —यह कायदा नया है.

इसके ताल्लुक देखो दफा ७१, ८० मजमूआ जाब्ता दीवानी—

अशखास जो गवर्नमेंट के तरफ से पैरवी करने के मख्तयार रखेंगे

२ जो शख्स कि एक्स-आफिसियों या और तरह से गवर्नमेंट के तरफ से निसबत किसी कार्रवाई अदालत के परवी करने के मजाज हों—वह ऐसे मुख्तार मकबूला तसौवर किये जायेंगे, जो इस मजमूआ के अहकाम के मुताबिक सरकार की तरफ से हाजिर होकर पैरवी कर सके है, और दरखास्त दे सकते है

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ४१७ से कायम किया गया है.

एक्स आफिसियों—बएतबार उहदा—

अरजी दावा नालिश मिनजानिब या बनाम सरकार में

३ जो नालिश मिनजानिब या बनाम सेक्रेटरी आफ स्टेट बहादुर हिन्द बहजलास कासिल के हो—उन में, अरजी दावा के अन्दर बएवज लिखने नाम और पता और मुकाम सकूनत मुद्दई या मुद्दायलेह के सिर्फ यह लिखना काफी होगा—" जनाब सेक्रेटरी आफ स्टेट बहादुर हिन्द बहजलास कौंसिल

कमीशन को अदालत में वापिस करेगा—फिर अदालत कमीशन उस अदालत दीवानी के पास भेजेगी जिस के हद अख्त्यार के अन्दर वह गवाह जिस का इजहार लिया जाता है रहता हो (इ ला रि कलकत्ता जिल्द २३ सफा ४०४)—यह कार्रवाई करने की अब जरूरत नहीं है—क्योंकि अहल कमीशन को अब यह अख्त्यार दिया गया है, कि अगर कोई गवाह किसी अदालत के इलाके अख्त्यार के बाहर रहता होतो वह उस अदालत में वैसे गवाह के नाम समन जारी करने के लिये दरख्वास्त कर सक्ता जिसके इलाके अख्त्यार में वह रहता हो.

देखो फिकरा (२) ऊपर का—वो कायदा १८ इस आर्डर का—

फरीकैन को अहल कमीशन के सामने हाजिर होना चाहिये

१८ (१) जब इस आर्डर के मुताबिक कमीशन जारी किया जाय तो अदालत यह हिदायत करेगी कि मुकद्दमा के फरीकैन अहल कमीशन के रूबरू असालतन या बजरिये एजन्ट या वकील के हाजिर हों

(२) अगर कुल या कोई फरीक अहल कमीशन के रुबरू हाजिर न हो तो वह उन के गैर हाजरी में कार्रवाई करे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ४०० से कायम किया गया है—

कोई फरीक जो अमीन के रूबरू हाजिर होने से इन्कार करे तो वह बाद को उस की रिपोर्ट पर इतराज नहीं कर सक्ता है (६ वीकली रिपोर्टर सफा १३०).

दफा २०

ऐसा अख्तियार पाया हुआ शख्स काम असालतन कर सकता है या वकील कर सकता है

२ जिस शख्स को कोई अफसर या सिपाही वास्ते करने पैरवी या जवाबदेही मुकदमा के मुख्तार करे, वह उसी तरह मुकदमे में असालतन पैरवी या जवाबदेही करे, जैसा कि अफसर या सिपाही खुद हाजिर होने के हालत में करता—या वास्ते पैरवी या जवाबदेही मुकदमे के उस अफसर या सिपाही के तरफ से किसी वकील को मुकर्रर करे

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ४६६ से कायम किया गया है

जो तासिल अख्तियार पाये हुए शख्स पर या उस के वकील पर हो वह असर रखेगी

३ हुक्मनामे जिन की तामिली किसी शख्स पर, जिस को अफसर या सिपाही की तरफ से कायदा १ के बमूजिब मुख्तारनामा हासिल हो, या किसी वकील पर जिसे अफसर या सिपाही के मुख्तार ने मुकर्रर किया हो, की जाय, निस्बत मुकदमा के उसी तरह असर रखेगी कि मानों वह इत्तलानामा बगैरा फरीक मुकदमा की जात खास पर तामील किये गये थे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ४६७ से कायम किया गया है.

आर्डर २८.

नालिश मिनजानिब और बनाम मुलाजिम फौज

अफसर या सिपाही जो रूबरू हाजिर न हो सका हो किसी शख्स को मुकदमे की पैरवी या जवाब देही करने के लिये मुख्त्यार मुकर्रर कर सकता है

१ (१) अगर अफसर या सिपाही जो दर असल मोहकमा फौज में मुलाजिम सरकार हो, और अगर किसी मुकदमे का फरीक हो, और मुकदमे की पैरवी या जवाबदेही असालतन करने के लिये छुट्टी न पा सक्ता हो, तो वह किसी शख्स को मुकदमे की पैरवी या जवाबदेही करने के लिये अपने तरफ से मुख्त्यार मुकर्रर करे

(२) ऐसे शख्स की मुकर्ररी तहरीरी होगी, और अफसर या सिपाही मजकूर उस पर अपने दस्तखत करेगा (क) रूबरू अपने कमान अफसर के या अगर दस्तखत करने वाला खुद कमान अफसर हो तो रूबरू उस अफसर के जो ठीक उस का मातहत हो—या (ख) अगर अफसर या सिपाही मजकूर फौज के सीगा स्टाफ का मुलाजिम हो तो रूबरू अफसर दफ्तर या किसी अफसर वाला उस दफतर के जिस में वह मुलाजिम हो, पस ऐसा कमान अफसर या और अफसर उस मुख्त्यारनामे पर अपने दस्तखत करेगा, और वह मुख्त्यार नामा अदालत में दाखिल किया जायगा

अगर अपीलाट ब्रिटिश इंडिया के बाहर रहता हो

कारबार जिन में अपीलाट ब्रिटिश इंडिया के बाहर रहता हो और काफी जायदाद गैरमनकूला ब्रिटिश इंडिया के अन्दर सिवाय उस जायदाद (अगर कुछ हो) के जिस से वह अपील मुताल्लुक है न रखता हो,

(२) और दर सूरत न दाखिल होने जमानत मजकूर अन्दर मियाद मुकर्रर की हुई अदालत के, अपील को अदालत मजकूर नामंजूर करेगी

तशरीह:—यह कायदा पुरान एक्ट की दफा ५४९ से कायम किया गया है

सिर्फ अपीलाट की गरीबी अपीलाट से जमानत तलब करने के लिये काफी वजह नहीं है (इ. ला रि. बम्बई जिल्द ३ सफा २१४).

जमानत दाखिल करने की मुद्दत बमूजिब दफा १४८ बढ़ाई जा सकती है (इ. ला रि कलकत्ता जिल्द १७ सफा ५१२ प्रीवी कौंसिल)

अदालत अपील को फिर से उस अपील के कायम करने का अख्तयार नहीं है जो इस कायदे के मुताबिक खारिज कर दी गई है (इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द ८ सफा ३१५ प्रीवी कौंसिल)

उस अपील में जमानत तलब की जा सकती है जो बनराजगी हुक्म बमूजिब दफा ४७ के हो (इ ला रि. बम्बई जिल्द २१ सफा ३४१).

इस कायदे के रू से जो दरखास्त नामंजूर कर दी जाय उस की अपील नहीं हो सकती (इ. ला रि अलाहाबाद जिल्द १८ सफा १०१ जलना कमिन).

अख्तयार अपील खारिज करने का अगर भेजने इत्तला अदालत मातहत के

११ (१) अदालत अपील को अख्तयार है कि अगर मुनासिब समझे तो बाद तलब करने मिसल और मुकर्रर करने एक तारीख वास्ते सुनाई उजरात अपीलाट या उस के वकील के, और अगर वह उस तारीख पर हाजिर हो तो उस के उतराज सुनकर अगर भेजने इत्तला अपील उस अदालत में जिस के नाराजी से अपील पेश हुई है और गैर जारी करने इत्तलानामा बनाम रिस्पा डेंट या उस के वकील के अपील खारिज कर दे

(२) अगर तारीख मुकर्ररा पर या किसी और तारीख पर जिस पर सुनाई मुलतवा की गई हो, अपीलाट वास्ते सुनाई अपील के पुकारा होने के वक्त हाजिर न हो, तो अदालत हुक्म देगी कि अपील खारिज हो

(३) इस कायदे के बमूजिब अपील खारिज किये जाने को इत्तला

उस अदालत को भेजी जायगी जिस की डिकरी के नाराजी से अपील हुई हो

तशरीह'—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५५१ से कायम किया गया है

यह कायदा उन अपीलों से लागू है जो मनजूर की गई (इ ला रि अलाहाबाद जिल्द १५ सफा ३६७ ।

जो अपील इस कायद क रू से खारिज की गई और वह अपील जो पूरी सुनाइ के बाद खारिज की गइ, इन में कुछ फर्क नहीं है (इ. ला रि. २४ कलकत्ता सफा ७५१–६२)

जब अपील इस कायदे के रू से खारिज की जाय तो नामनजुरी की वजह तहरीर की जाना चाहिये (इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द १५ सफा ३६७)

अपील जो इस कायदे के रू से खारिज कर दी जावे वह फिर बमूजिब कायदा १९ कायम की जा सक्ती है

अदम पैरवी में अपील खारिज करने का हुक्म डिकरी है और ऐसे हुक्म के नाराजगी से अपील हो सक्ती है (इ. ला रि बम्बई जिल्द १६ सफा २३).

१२. [१] अदालत अपील, उस सूरत को छोड़कर कि जिस में बमू-
तारीख वास्ते समाअत अपील के जिब कायदा ११ अपील खारिज की जाय, अपील की सुनाई के लिये एक तारीख मुकर्रर करेगी

[२] वह तारीख बलिहाज रोजमर्रा के काम और रिस्पाडन्ट की सकूनत और उस मुद्दत के जो वास्ते जारी होने इत्तलानामा अपील के जरूर हो

मुकर्रर ख मुकर्रर पर हाजिर होने और अपील
की के काफी मिले

की दफा ५५२ से कायम किया
या है

तो इस बेजाब्तगी पर
दोयम में एतराज नहीं

१३ (१) अगर कायदा ११ के रूसे अपील खारिज न हो तो अदालत अपील उस अदालत को अपील की इत्तला करे, जिस की डिकरी के नाराजी से अपील हुई हो

अदालत उस अदालत को इत्तला देगा जिस की डिकरी से अपील हुई हो

(२) अगर अपील किसी ऐसी अदालत की डिकरी के नाराजी से हो, जिसकी मिसल अदालत अपील में न दाखिल हुई हो, तो वह अदालत जिस में ऐसी इत्तला भेजी गई हो, इत्तला पहुचने पर जहा तक जलदी हो सके मुकदमे के कुल जरूरी कागजात या ऐसे कागजात जिन के निसबत अदालत अपील से खास कर तलबी हुई हो अदालत अपील में भेज दे

कागजात का अदालत अपील में भेजना

(३) फरीकैन में से कोई फरीक तहरीरी दरखास्त उस अदालत में जिस की डिकरी के नाराजी से अपील हुई हो, वाद दरज तफसील उन कागजात के जो उस अदालत में मौजूद हों, जिन की वह नकल कराना चाहता है, पेश कर सका है, और नकल उन कागजात की सायल के खरचे से तय्यार होकर उस को दी जायगी

नकल वजह सबूत की जो उस अदालत में हो जिस की डिकरी से अपील हुई हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५५२ से कायम किया गया है

१४ (१) कायदा १२ के रू से मुकर्रर की हुई तारीख का इत्तला मोहकमा अपील के अदालत के मकान पर चस्पा किया जायगा, और उसी मजमून का इत्तलानामा अदालत अपील से उस अदालत में भेजा जायगा जिसकी डिकरी के नाराजी से अपील हुई हो, और इत्तलानामा मजकूर रिस्पांडेंट या उस के वकील मुताल्लुके अदालत अपील पर उस तरीके से जो इस मजमूए में निसबत तामील समन ऊपर मुद्दायलेह वास्ते हाजिर और जवाब देही उस के दरज है, जारी होगा, और कुल कायदे जो समन मजकूर और कार्रवाई मुताल्लुके तामील समन से मुताल्लुक हैं इत्तलानामा मजकूर की तामील से मुताल्लुक होंगे

तारीख मुनाई अपील की इत्तला की तामील और इश्तहार

(२) बशर्ते कि इस के कि इत्तलानामा उस अदालत में भेजा जाय जिसकी डिकरी की नाराजी से अपील हुई है अदालत अपील इत्तलानामा रुबरू रिस्पांडेंट या उस के वकील पर, उस कायदे के मुताबिक जिसका जिकर ऊपर किया गया है, तामील कराय

अदालत अपील खुद इत्तलानामा तामील करा सकती है

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५५३ से कायम किया

गया है.

इत्तलानामा मजमून

१५ इत्तलानामा बनाम रिस्पांडेंट वास्ते इस बात के होगा कि अगर वह अपील की सुनाई के लिये मुकर्रर की हुई तारीख पर अदालत अपील में हाजिर न होगा, तो अपील एकतरफा सुनी जायगी

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५५४ से कायम किया गया है.

कार्रवाई बरवक्त सुनाई.

शुरू करने का हक

१६ (१) तारीख मुकर्रर पर या किसी और तारीख पर जिस को समायत मुलतवी की गई हो, अपील की ताईद में अपीलाट के उजरात सुने जावेंगे

(२) उस पर अदालत अगर उसी वक्त अपील डिसमिस करना मुनासिब न समझे, तो रिस्पांडेंट के उजरात उस के तरदीद में सुनेगी, और इस सूरत में अपीलांट तरदीद का जवाब देने का मुस्तहक होगा

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५५५ मे कायम किया गया है.

अदम पैरवी अपीलाट मे अपील का खारिज किया जाना

१७ अगर मुकर्रर की हुई तारीख पर, या किसी दूसरी तारीख पर, जिस को समायत मुलतवी रखी गई हो, अपीलाट जब कि अपील समायत के लिये पेश हो, हाजिर नहीं तो अदालत हुक्म देगी कि अपील खारिज की जाय

अपील की एकतरफा समायत

(२) अगर अपीलाट हाजिर हो, और रिस्पांडन्ट हाजिर नहीं तो अपील की समायत एकतरफा होगी

तशरीह.—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५५६ से कायम किया गया है

नहीं है, जब वकील अपीलाट सिर्फ अदालत को
कि उस को हिदायत नहीं है, बलकि मुलतवी
जो नामन्जूर की गई और उस पर अपील

खारिज करदी गई (इ. ला. रि २७ कलकत्ता सफा ५२१)

जब अपील की सुनाई के पुकारे के वक्त अपीलाट का वकील हाजिर होकर मोहलत इस वजह पर मांगे कि उस का बड़ा वकील गैर हाजिर है, और उस के नामन्जूर होने पर वह मुकदमे से दस्तबरदार न होवे तो अपील अदम पैरवी में खारिज नहीं की जासक्ती (इ. ला. रि. २६ मदरास सफा २६७).

जब अपील की सुनाई होते वक्त अपीलांट और उस के दो वकील हाजिर अदालत हैं और दौरान बहस में वह वकील जो बहस कर रहा है, बुला लिया जाय और दूसरा वकील या अपीलाट बहस को जारी न रख सकें तो अदालत ऐसी अपील को इस कायदे के रूसे खारिज नहीं कर सक्ती (इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द १८ सफा १११).

अपील जो इस कायदे के रूसे खारिज करदी जावे, वह कायदा १९ के मुताबिक फिर कायम की जासक्ती है.

अदम पैरवी में अपील खारिज करदी जावे उस की अपील नहीं हो सक्ती है (इ ला रि. २३ कलकत्ता सफा ८२७)

खारिज किया जाना अपील का अगर इत्तलानामा इस वजह से जारी न हुआ हो कि अपीलाट ने खरचा दाखिल न किया

१८ अगर तारीख मुकर्ररा पर, या किसी दूसरी तारीख पर, जिस को समाअत मुलतवी रखी गई हो, यह मालूम हो कि रिस्पाउन्ट के नाम इत्तलानामा इस वजह से नहीं जारी किया गया, कि अपीलाट ने अदालत से मुकर्रर की हुई मियाद के अनदर इत्तलानामा जारी होने का खरचा दाखिल नहीं किया तो अदालत यह हुक्म देगी कि अपील खारिज हो

मगर शर्त यह है कि बावजूद इस के कि इत्तलानामा रिस्पाउन्ट पर तामील न हुआ हो, ऐसा हुक्म उस सूरत में न दिया जायगा, कि समाअत अपील के लिये मुकर्रर किये हुए दिन पर रिस्पाउन्ट समाअत के वक्त हाजिर हो

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५५७ से कायम किया गया है

इस कायदे के रूसे अपील खारिज करने के पहिले अदालत को एक मियाद वास्ते अदाई फीस हुक्मनामा मुकर्रर करना चाहिये (इ बंगाल ला. रि. अपेनडिक्स २५).

उस अपील का जो अदम पेरवी में खारिज हुई हो फिर से कबूल होना

१९ अगर कायदा ११ के शिकमी कायदा (२) या कायदा १७ या १८ के बमूजिब अपील डिसमिस हो, तो अपीलांट फिर से अपील के कबूल होने के लिये अदालत अपील में दरखास्त दे-और अगर साबित हो, कि जब अपील वास्ते समाअत के पेश हुई थी, उस वक्त वह हाजिर होने, या जो खरचा ऊपर लिखे मुताबिक तलब था उस के दाखिल करने से जायज वजह से मजबूर था, तो अदालत मजकूर फिर से अपील को खरचा या दीगर शर्तों के साथ जो वह मुनासिब समझे कबूल करने का हुक्म दे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५५८ से कायम किया गया है.

तारीख खारजी से एक महीना के अन्दर दरखास्त दी जाना चाहिये (देखो मद १६८ जमीमा २ एक्ट मियाद सन १८७७ ई०)

वकील जो फिर से अपील मन्जूर होने के लिये दरखास्त पेश करे उस को दूसरा वकालतनामा पेश करने की जरूरत नहीं है (इ. ला. रि. अलाहाबाद जि० १५ सफा ५४).

जब अपील एक अदालत से दूसरी अदालत में मुन्तकिल करदी गई और वकील ने मुन्तकिल होने की इत्तला अपीलांट को न दी तो यह बनह काफी है (८ कलकत्ता ला. रि. सफा ३५०).

फिर से अपील कबूल कर लेने के हुक्म से अपील नहीं हो सकती (इ. ला. रि. २४ अलाहाबाद सफा ४६४).

अख्तयार मुलतवी करने समाअत का और यह हुक्म देने का कि जो शख्स अपील के नतीजे से गरज रखता हो रिस्पाडन्ट बनाया जावे

२० अगर अपील की समाअत के वक्त अदालत को यह मालूम हो कि कोई शख्स जो उस अदालत में फरीक मुकदमा था, जिस की डिकरी की नाराजी से अपील हुई है, लेकिन उस अपील में फरीक नहीं किया गया है और यह अपील के नतीजे में कुछ गरज रखता है तो अदालत अपील की समाअत एक आने वाली तारीख पर, मुलतवी रखे, जो अदालत की राय में मुकर्रर होगी, और शख्स मजकूर के रिस्पाडन्ट किये जाने का हुक्म दे

तशरीह:—यह कायदा नये एक्ट की दफा ५५९ से कायम किया गया है

इस कायदे के रू से जो अखत्यारात अदालत को दिये गये हैं उन में एक्ट मियाद के अहकामात के रू से किसी किस्म की रुकावट नहीं होती है (इ. ला. रि. ३३ कलकत्ता सफा ३२९).

कोई फरीक जब उसके ऊपर अपील नहीं की गई रिस्पाडन्ट किया जा सकता है (इ ला रि २६ कलकत्ता सफा ११२).

दुबारा सुनाई अपील की ऊपर दरखास्त रिस्पाडन्ट के जिस के खिलाफ अपील एकतरफा सुनी गई हो

२१ जब अपील एकतरफा सुनी जाय और फैसला रिस्पाडन्ट के खिलाफ सादिर किया जाय तो वह अदालत अपील में फिर से अपील की सुनाई किये जाने की दरखास्त कर सकता है, और अगर वह अदालत को इतमीनान न करदे कि इतलानामा उस पर जाब्ता के मुवाफिक तामील नहीं हुआ था या कि वह काफी वजह से अपील की सुनाई के वक्त अदालत में हाजिर होने से मजबूर था, तो अदालत अपील की अजसेर नौ समाअत ऐसी शर्त पर करे जो निसबत दिलाने या न दिलाने खरचा के रिस्पाडन्ट पर आयद करनी उस के दानिस्त में मुनासिब मालूम हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५६० से कायम किया गया है.

यह कायदा हर वक्त अमल रखेगा चाहे रिस्पाडन्ट के तरफ से कोई शख्स हाजिर आया हो, या नहीं (११ कलकत्ता ला. रि सफा १६४)

दरखास्त देते वक्त सायल को चाहिये कि अदालत को इस बात का इतमीनान कराने के लिये तैयार रहे कि नोटिस उस पर बाजाब्ता तामील नहीं हुआ था यह कि वह किसी काफी वजह से हाजिर आने से रोका गया (इ. ला. रि कलकत्ता जि० ६ सफा ५४८).

वकील के मोहर्रिर का रिस्पाडन्ट को तारीख पेशी की इत्तला न देना काफी वजह है (२ कलकत्ता वीकली नोट सफा ४१४)

यह अमर कि किसी फरीक के वकील ने जब उस पर तामील नोटिस की की गई उस को लेने से इनकार किया काफी वजह नहीं है (अलाहाबाद वीकली नोट सन १९०५ सफा ४४).

कोई रिस्पाडन्ट जिस ने दुबारा सुनाई अपील के हुक्म नामंजूरी से अपील

१९ अगर कायदा ११ के शिक्कमी कायदा (२) या कायदा १७ या १८ के बमूजिब अपील डिसमिस हो, तो अपीलांट फिर से अपील के कबूल होने के लिये अदालत अपील में दरखास्त दे—और अगर साबित हो, कि जब अपील वास्ते समाअत के पेश हुई थी, उस वक्त वह हाजिर होने, या जो खरचा ऊपर लिखे मुताबिक तलब था उस के दाखिल करने से जायज वजह से मजबूर था, तो अदालत मजकूर फिर से अपील का खरचा या दीगर शरतों के साथ जो वह मुनासिब समझे कबूल करने का हुक्म दे

इस अपील का जो अदम पैरवी में खारिज हुई हो फिर से कबूल होना

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५५८ से कायम किया गया है.

तारीख खारजी से एक महीना के अन्दर दरखास्त दी जाना चाहिये (देखो मद १६८ जर्मीमा २ एक्ट मियाद सन १८७७ ई०)

वकील जो फिर से अपील मन्जूर होने के लिये दरखास्त पेश करे उस को दूसरा वकालतनामा पेश करने की जरूरत नहीं है (इ. ला. रि. अलाहाबाद जि० १५ सफा ५४).

जब अपील एक अदालत से दूसरी अदालत में मुन्तकिल करदी गई और वकील ने मुन्ताकेल होने की इत्तला अपीलांट को न दी तो यह नाकाफी है (८ कलकत्ता ला रि. सफा ३५०).

फिर से अपील कबूल कर लेने के हुक्म से अपील नहीं हो सकती (इ. ला. रि. २४ अलाहाबाद सफा ४६४).

२० अगर अपील की समाअत के वक्त अदालत को यह मालूम हो कि कोई शख्स जो उस अदालत में फरीक मुकदमा था, जिस की डिकरी की नाराजी से अपील हुई है, लेकिन उस अपील में फरीक नहीं किया गया है और वह अपील के नतीजे में कुछ गरज रखता है तो अदालत अपील की समाअत एक आने वाली तारीख पर, मुलतवी रखे, जो अदालत की राय में मुकर्रर होगी, और शख्स मजकूर के रिस्पाडन्ट किये जाने का हुक्म दे

अख्तयार मुलतवी करने समाअत का और यह हुक्म देने का कि जो शख्स अपील के नतीजे से गरज रखता हो रिस्पाडन्ट बनाया जावे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५५९ से कायम किया गया है

अपील के उजरात की सुनाई करना लाजिम है (इ ला. रि मदरास जिल्द २१ सफा ३९२).

अदालत अपील को यह मजाज है, कि रिस्पाडन्टों में से किसी एक के तरफ से पेश किये हुये उजरात पर गौर कर चाहे वे खिलाफ अपीलान्ट हो या दूसरे रिस्पाडन्ट के खिलाफ हो, और अदालत उनके मुकाबले की डिकरी को तरमीम कर सक्ता है [इ ला रि अलाहाबाद जिल्द २८ सफा ९५].

रिस्पाडन्ट उस अमर पर उजरात कर सक्ता है जो उस के और अपीलाट के दरमियान झगड़ा तलब नहीं है बलकि जो उस के और दूसरे रिस्पाडन्ट के दरमियान है (इ ला रि मदरास जिल्द ७ सफा २१५).

आदालत अपील के तरफ से मुकदमा का दुबारा तजवीज के लिये वापिसभेजा जाना

२३ अगर उस अदालत ने जिस की डिकरी के नाराजी से अपील दायर हुई हो *नालिश को किसी सरसरी अमर पर फैसला* किया हो, और डिकरी अपील में मनसुख हो तो अदालत अपील अगर मुनासिब समझे मुकदमे की वापसी का हुक्म सादिर करे, और यह भी हुक्म दे कि कौन कौन अमर तनकीह तलब की तजवीज, मुकदमा वापिस किये हुये में, तजवीज की जायगी, और एक नक्ल अपनी तजवीज और हुक्म की उस अदालत में कि जिस की डिकरी की नाराजी से अपील हुई हो, इस हिदायत के साथ भेजे कि वह मुकदमे को नम्बर सावेक रजिस्टर नालशात दीवानी में कायम करे, और उस के तसफीया की कारवाई में मसरुफ हो—और अगर कोई शहादत मुकदमा की पहली तजवीज में लिखी गई हो तो वह शहादत कुल जायज मुसतसनात की रियायत से वापसी जो तजवीज की जायगी उस में समझी जायगी

तशरीह.—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५६२ से कायम किया गया है

अदालत अपील को मजाज है कि किसी मुकदमा को तजवीज सानी के वास्ते भेजे जब अदालत इब्तदाई ने कुल तनकीहात पर शहादत लिखी हो और मुकदमे का फैसला गलती से या सिर्फ किसी खास अमर पर कर दिया हो [इ ला रि, १६ मदरास सफा २०७]

जब अदालत इब्तदाई ने नक्ल किसी दस्तावेज की जिसका असल गुम हो गया है शहादत में बिला सबूत मन्जूर करली तो अदालत अपील फैसले को मनसुख

नहीं की है अदालत अपील की डिकरी के नाराजी से अपील दायम कर सकता है (इ. ला रि. अलाहाबाद जि० २ सफा ५६७).

अपील की समाअत के वक्त रिस्पाडन्ट डिकरी के निसबत उसी तरह उजर कर सकता है कि गोया उस ने एक अलैहदा अपील दायर किया

२२ (१) कोई रिस्पाडन्ट ने गो डिकरी के किसी हिस्से की नाराजी से अपील न किया हो, ताहम वह जब अपील की समाअत हो तो वह सिर्फ डिकरी के किसी उजर पर मिनजुमला उन उजरात के जिन की निसबत अदालत मातहत ने तजनीज उस के खिलाफ की हो ताईद ही न करे, बलाके डिकरी के निसबत वह उजर जो कि बतौर अपील कर सकता था, पेश करे मगर शर्त यह है कि उस ने उजरदारी अदालत अपील में उस तारीख से एक महीना के अन्दर जब उस पर या उस के वकील पर इत्तलानामा पेशी अपील के दिन की तामील हुई हो या किसी मजीद मियाद के अन्दर जैसा कि अदालत अपील मुनासिब खियाल करे, पेश कर दी हो

(२) वह उजरदारी मुताबिक नमूना यादद्दास्त अपील के होगी और

उजरदारी किस नमूने पर होग और उस से कान अहकाम मुताल्लुक होंगे

कायदा १ के अहकाम जहा तक कि वह यादद्दास्त अपील के नमूने और मजमून से मुताल्लुक हैं उस उजर से भी मुताल्लुक होंगे

(३) अगर रिस्पाडन्ट उजरदारी के साथ एक तहरीरी इकरार अपीलांट या उस के वकील को निसबत इस के कि उजरदारी मजकूर की एक नकल उस को पहुंच गई न दाखिल करे तो अदालत अपील एक नकल याद दाखिल होने उजरदारी के जिस कदर जल्द मुमकिन हो अपीलांट या उस के वकील पर रिस्पाडन्ट के खरचे से तामील करवायगी

(४) अगर किसी सूरत में जिस मे किसी रिस्पाडन्ट ने इस कायदे के बमूजिब एक इतला उजरदारी की दाखिल की हो मगर असल अपील उठा ली गई हो तो उजरदारी मजकूर फरीक सानी के वह इतला देने के बाद जो अदालत के नजदीक मुनासिब हो सुनी जा सकती है और फैसला पा सकती है—

(५) इस मजमूआ के अहकाम जो अपील मुफलसी से मुताल्लुक हैं जहां तक कि मुताल्लुक हो सके इस कायदे के बमूजिब की उजरदारी से भी मुताल्लुक होंगे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५६१ से कायम किया गया है शिकमी कायदा (४) नया है

गो अपील किसी इब्तदाई अमर पर फैसला की जाय ताहम अदालत को

अपील अगर जरूरत हो, अमर तनकीह तलब वास्ते तजवीज के कायम करके उन को उस अदालत में तजवीज के लिये भेजे जिस की डिकरी की नाराजी से अपील हुई हो, और ऐसी सूरत में उस अदालत को जियादा शहादत लेने की हिदायत करे

और अदालत मजकूर अमर तनकीह तलब की तजवीज करेगी, और उन के निसबत अपनी तजवीज में वजूहात और शहादत मजकूर के अदालत अपील में भेज देगी

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५६६ से कायम किया गया है.

कोई अमर जो अरजीदावा और पिलिडिंग से मालूम नहीं होता है या जिस के निसबत किसी और तरह पर अदालत मातहत में उजर नहीं किया गया तो उस के बाबत तनकीह नहीं निकाली जाना चाहिये (२१ वीकली रिपोर्ट सफा १६८)

अदालत अपील उस अमर पर तनकीह निकाल सक्ती है, जिस के निसबत मुद्दायलेह के बयान में जिकर नहीं किया गया (इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द १४ सफा ३६६ प्रीवी कौंसिल)

जब किसी मुकदमा में जुज दावी की डिकरी हुई और मुद्दई अपील न करे, न याददाश्त उजर पेश करे तो वह कार्रवाई तजवीज सानी में उस से जियादा नहीं पा सक्ता है जो कि पहले अदालत से पाया था (इ. ला रि कलकत्ता जिल्द ३४ सफा ९९६).

तनकीहात तजवीज के लिये भेजे जाने के हुक्म से अपील नहीं हो सक्ती (इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द ८ सफा १४७)

हुक्म की तजवीज सानी हो सक्ती है (१३ कलकत्ता ला रिपोर्ट सफा २५४).

तजवीज और शहादत शामिल मिसल होगी—उजरात निसबत तजवीज

२६ (१) ऐसी तजवीज और शहादत मिसल मुकदमा में शामिल की जायगी, और फरीकैन में से हरएक अन्दर उस मियाद के जो कि अदालत अपील ने मुकर्रर की हो निसबत ऐसी किसी तजवीज के एक याददाश्त उजरात की पेश करे

फैसला अपील

(२) उस मियाद के गुजरने के बाद जो ऐसी याददाश्त के दाखिल करने के लिये मुकर्रर हो, अदालत अपील तजवीज

कर के मुकदमा तजवीज सानी को वापिस नहीं कर सक्ती (५ मद्रास ला. जरनल रिपोर्ट सफा ८२).

जब मुकदमा अदम पैरवी में खारिज कर दिया गया तो हुक्म खारजी से अपील नहीं हो सक्ती—और अपील की गई तो अदालत अपील मुकदमे की तजवीज सानी के लिये उस को वापिस नहीं कर सक्ती (इ ला रि कलकत्ता जिल्द २९ सफा ६०)

अदालत अपील दूसरे बार मुकदमा को तजवीज सानी के लिये नहीं भेज सक्ती (३ मदरास हाई कोर्ट रिपोर्ट सफा ३१३)

तजवीज सानी को मुकदमा आने के बाद अदालत को एक मुनासिब तारीख वास्ते हाजरी फरीकैन वो चलाने मुकदमा के मुकर्रर करना चाहिये (१४ वीकली रिपोर्ट सफा ४०१). और अगर फरीकैन हाजिर न हों तो मुकदमा खारिज किया जा सक्ता है (१७ वीकली रिपोर्ट सफा ७०).

अगर शहादत मौजूदा मिसल काफी हो तो अदालत अपील मुकदमे के निसबत तजवीज कतई सादिर कर सक्ती है

२४ जब कि शहादत मौजूद मिसल इस बात के वास्ते काफी हो कि अदालत अपील फैसला सादिर कर सके, तो अदालत अपील बाद फिर से करार देने अगर तनकीह के, अगर जरूरी हो मुकदमे के निसबत तजवीज कतई सादिर कर सक्ती है, बावजूद कि फैसला उस अदालत का जिस की नाराजी से अपील हुई है, बिलकुल किसी और बिना पर, सिवाय उस के जिस पर के अदालत अपील ने फैसला किया हो, कायम हो

तशरीह:— यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५९४ से कायम किया गया है.

इस कायदे के रू से अदालत अपील को कोई ऐसा इस्तेहकाक एक फरीक के हक में करार देने का अख्तयार नहीं है, जिस के बाबत कोई तनकीह नहीं कायम की गई और वह हक अदालत मातहत में नहीं बयान किया गया है. (इ. ला रि १२ कलकत्ता सफा २३९ प्रीवी कौंसिल).

अदालत अपील अगर तनकीह तलब कब करार दे सक्ती है और उन को तजवीज के वास्ते उस अदालत में भेज सक्ती जिस की डिकरी के नाराजी से अपील हुई हो

२५ अगर उस अदालत ने जिस की डिकरी के नाराजी से अपील हुई हो, किसी ऐसे अमर की तनकीह तलब करार न दिया हो, या उसका तसफिया न किया हो या किसी ऐसे अमर वाकेआ की तजवीज न की हो, जो अदालत अपील के नजदीक वास्ते सादिर करने फैसला मुनासिब निसबत रूयदाद मुकदमा के जरूरी हो, तो अदालत

गया. (इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द ९ सफा ३३९).

शहादत मजीद लेने का तरीका

२८ जब जायद शहादत लेने की इजाजत हो तो अदालत अपील खुद ऐसी शहादत ले, या उस अदालत को जिस की डिकरी से अपील हुई हो, या किसी और अदालत मातहत को हुक्म दे, कि वह उस शहादत को ले, और जब ली जाय तो अदालत अपील में भेजदे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५६९ से कायम किया गया है

अमूरात की तारीफ और उस का तहरीर किया जाना

२९ अगर हुक्म या इजाजत वास्ते लेने जदीद शहादत के दी जाय तो अदालत अपील अमर शहादत तलब की तशरीह करेगी और उन अमूरात की तशरीह को अदालत अपनी कार्रवाई में लिखेगी

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५७० से कायम किया गया है

तजवीज अपील.

तजवीज किस वक्त और किस मुकाम पर सुनाई जायगी

३० अदालत अपील बाद सुनने दलीलात फरीकैन या उन के वकील के, और मुलाहिजा किसी हिस्सा कार्रवाई के, जो कि अपील की अदालत में या उस अदालत में हुई हो, जिस की डिकरी की अपील की गई है और जिस का मुलाहिजा जरूरी हो अपनी तजवीज खुले अदालत में उसी वक्त या किसी तारीख को जिस की इत्तला फरीकैन या उन के वकील को दी जायगी, सुनाये

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५७१ से कायम किया गया है

इस कायदे से अदालत को अख्तयार है कि फैसला बाद सुनने फरीकैन के सादिर करे, और फैसला जो बगैर सुनने फरीकैन के सुनाया जावे तो यह बिलाशक अहकामात इस मजमूआ के है—जब सुनाई के वक्त अपीलाट हर जाते तो उन के कायम मुकाम जायज सुने जाने की दरख्वास्त कर सके हैं (इ ला रि २६ बम्बई सफा ३१७)

अपील के लिये कार्रवाई करे

तशरीह:--यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५६७ से कायम किया गया है.

अदालत अपील पर यह फर्ज नहीं है कि जब तजवीज पर कोई एतराज नहीं किया गया तो उस को मनजूर कर लेवें (इ. ला रि अलाहाबाद जिल्द २ सफा ६०८).

उजर जो अदालत अपील में होना चाहिये था मगर जो नहीं किया गया, तो उस के बारे में अव्वल मरतबा अपील दोयम में कुछ सुनाई नहीं होगी (इ ला. रि. १० अलाहाबाद सफा २८).

अदालत अपील में मजीद शहादत पेश करना

२७ (१) अपील के फरीकैन अपील में शहादत चाहे वह जबानी हो या दस्तावेज पेश करने के मुस्तहक नहीं है लेकिन अगर.—

(क) उस अदालत ने जिस की डिकरी की नाराजी से अपील हुई है, ऐसी शहादत लेने से इनकार किया हो, जो लेनी चाहिये थी—या

(ख) अगर अदालत अपील वास्ते सादिर करने फैसला या किसी और जरूरी वजह से किसी दस्तावेज का पेश होना, या किसी गवाह का इजहार लिया जाना जरूरी समझे

तो अदालत अपील ऐसी शहादत पेश करने या दस्तावेज लिये जाने य. गवाह के इजहार लिये जाने की इजाजत दे

(२) जब शहादत मजीद को अदालत अपील मनजूर करले, तो अदालत उस के मनजूरी की वजह लिखेगी

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५६८ से कायम किया गया है

इस कायदे के रूसे जो अख्त्यारात दिये गये हैं वह बहुत होशियारी वो एहतयात के साथ अमल में लाया जाना चाहिये. (११ मुर्स इनडियन अपील सफा २६ वो ३४५)

जब अदालत इब्तदाई में किसी सफाई के गवाह का इजहार लेना गैर जरूरी समझा गया तो यह समझना चाहिये कि उस का इजहार लेने से इनकार किया

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५८० से कायम किया गया है

डिक्री अपील की तसदीक की हुई नकल उस अदालत में भेजी जायगी जिस का डिक्री की नाराजी से अपील हुई हो

३७ नकल तजवीज और डिक्री की बाद तसदीक अदालत अपील या ऐसे ओहदेदार के जिस को अदालत अपील इस काम के लिये मुकर्रर करे उस अदालत में भेजी जायगी जहा से पहले डिक्री निसबत उस मुकदमे के सादिर हुई हो, जिसकी अपील हुई है, और कागजात असल मुकदमा के साथ शामिल किये जायगे, और फैसला अदालत अपील का मुकदमात दीवानी के रजिस्टर में दरज किया जायगा

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५८१ से कायम किया गया है

३४ जब अपील की समाअत एक से जियादा जजों के जलसे में हो तो इत्तलाफ राय तहरीर की जायगी वह जज जो अदालत की तजवीज पर इत्तफाक न करे, तो तजवीज या हुक्म जो उस के राय में अपील में सादिर होना चाहिये लिखेगा, और मजाज होगा कि उस की वजूहात लिखे

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५७६ से कायम किया गया है.

डिकरी अपील:—

३५ (१) अदालत अपील की डिकरी में तारीख सुनाय जाने तजवीज तारीख और मजमून डिकरी की लिखी जायगी

(२) डिकरी में अपील का नम्बर और नाम निशान वगैरा अपीलांट और रिस्पाडन्ट का दर्ज होगा, और उस में जिक्र दादरसी या दीगर तजवीज का जो अपील से हुई हो, साफ तौर से लिखा जायगा.

(३) और डिकरी में जिक्र तादाद खर्चा अपील और यह कि किसी फरीक के जिम्मे और किस जायदाद से और किस हिसाब से खर्चा अपील और खर्चा नालीश का आयद होना चाहिये, दर्ज होगा

(४) डिकरी पर जज या साहेबान जज डिकरी सादिर करने वाले के दस्तखत होंगे, और तारीख दर्ज होगी

मगर शर्त यह है की अगर कई जज हों और उन में राय की इत्तलाफी जज जो तजवीज से इत्तलाफ करे उस के दस्तखत डिकरी पर जरूर नहीं है हो तो उस जज को जो तजवीज अदालत से इख तिलाफ करे डिकरी पर दस्तखत करना जरूर नहीं है

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५७९ से कायम किया गया है

जिस तारीख को फैसला सुनाया गया वही तारीख डिकरी की है (इ ला. रि. १२ अलाहाबाद सफा ७९)

३६ तजवीज और डिकरी अपील की तसदीक की हुई नकलें फरीकैन फरीकैन को तजवीज और डिकरी की नकल मिलेगी की तरफ से अदालत अपील में दरख्वास्त गुजरने पर उन के खर्चे से उन को दी जायगी

आर्डर ४३.

अपील वनाराजगी अहकाम.

१ दफा १०४ में लिखे हुये हुक्मों के वमूजिब नीचे लिखे हुये हुक्मों के नाराजी से अपील हुआ करेगी

अपील वनाराजगी अहकाम

(क) अहकाम वमूजिब कायदा १० आर्डर ७ निसबत वापसी अरजी दावा वास्ते पेश किये जाने अदालत मजाज के

(ख) अहकाम वमूजिब कायदा १० आर्डर ८ निसबत सुनाने फसला खिलाफ किसी फरीक के

(ग) अहकाम वमूजिब कायदा ९ आर्डर ९ निसबत ना मन्जूरी दरखास्त [मुकदमात काबिल अपील में] वास्ते हुक्म मनसूखी खारजी मुकदमा

(घ) अहकाम वमूजिब कायदा १३ आर्डर नम्बर ९ ना मनजूरी दरखास्त [मुकदमात काबिल अपील में] वास्ते हुक्म मनसूखी डिकरी जो एकतरफा सादिर हुई हो

(ङ) अहकाम वमूजिब कायदा ४ आर्डर १० निसबत सुनाने फैसला खिलाफ किसी फराक के

(च) अहकाम वमूजिब कायदा २१ आर्डर ११

(छ) अहकाम वमूजिब कायदा १० आर्डर १५ निसबत कुरकी जायदाद

(ज) अहकाम वमूजिब कायदा २० आर्डर १६ निसबत सुनाने फैसला खिलाफ किसी फरीक के

(झ) अहकाम वमूजिब कायदा ३४ आर्डर २१ मुताल्लके एतराज निसबत लिखने मसौदा दस्तावेज या इबारत जौहरी के

(ञ) अहकाम वमूजिब कायदा ७२ या कायदा ९२ आर्डर २१ निसबत मनसूखी या इन्कार मनसूखी नीलाम

(ट) अहकाम वमूजिब कायदा ९ आर्डर २२ निसबत इन्कार मनसूखी

आर्डर-४१.

अपील बनाराजगी डिकरी अपील.

१ आर्डर ४१ के कायदे अपील बनाराजगी डिकरी अपील से
जाब्ता मुताल्लुक होंगे

तशरीह:—यह कायदा नया है—(देखो दफा १०८)—

यह दूसरी अपीलें कहलाती हैं

जिमन (क)—जब अदालत अपील से अरजीदावा वापिस किये जाने का हुक्म हो तो ऐसे हुक्म की अपील होसकी है. (इ. ला. रि अलाहाबाद जिल्द २५ सफा १७४).

जिमन—(घ)—डिकरी एकतरफा के मनसूख करने के हुक्म से अपील नहीं होसकी है (इ ला. रि १६ कलकत्ता सफा ४२६)

जिमन—(ङ)—इस जिमन में लिखे हुऐ हुक्म के नाराजी से अपील अव्वल होगी, मगर अपील दोयम नहीं हो सकी. (इ. ला रि. १९ मदरास सफा २९)

जिमन (ध)—उस हुक्म से अपील नहीं हो सकी जिस से रिसीवर, जो दौरान मुकदमा में मुकर्रर किया जावे, और बाद को मुकदमा के राजीनामा हो जाने की वजह से वह अलेहदा कर दिया गया हो (अलाहाबाद वीकली नोट सन १९०३ सफा ६७).

जिमन (प)—यह जिमन दफा १०४ के आखरी फिकरे के साथ पढना चाहिये, और उस दफा के रूसे अपील में जो हुक्म वाहे वापिस भेजे जाने मुकदमा के है, उस से जिमन मजकूर लागू नहीं है (इ ला रि. मदरास जिल्द १९ सफा १९७–१९८)

मुकदमा वापिस किये जाने के हुक्म से अपील हो सकी है, गो उस अदालत ने जिस के पास मुकदमा वापिस भेजा गया है, कार्रवाई शुरू कर के आखीर डिकरी सादिर कर दी हो, अगर मुकदमा के वापसी का हुक्म बेजा तौर से सादिर किया गया हो तो डिकरी वो कुल कार्रवाई जो मुकदमा वापिस भेजे जाने के हुक्म के रूसे हुई, वह कुल नाजायज समझी जायगी [इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द १२ सफा ४५].

देखो दफा १०४.

ऊपर लिखे हुये अहकाम की नाराजगी से अपील की जाय, और अपील में जो हुक्म हो उसकी दूसरी अपील न होगी—[इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द ३३ सफा ४७९].

साकित होने या डिसमिस होने किसी नालिश के

(ठ) अहकाम बमूजिब कायदा १० आर्डर २२ निसबत मन्जूरी या ना मन्जूरी देने इजाजत.

(ड) अहकाम बमूजिब कायदा ३ आर्डर २३ निसबत तहरीर या इन्कार तहरीर इकरारनामा, राजीनामा या अदाई

(ढ) अहकाम बमूजिब कायदा २ आर्डर २५ निसबत ना मन्जूरी दरखास्त (मुकदमात काबिल अपील में) निसबत सादिर होने हुक्म मनसूखी डिसमिसी मुकदमा

(ण) अहकाम बमूजिब कायदा ३ या कायदा ८ आर्डर ३४ निसबत इन्कार बढ़ाने मुद्दत अदाई जर रहन

) अहकामात बमुकदमे इन्टरपिलीडर बमूजिब कायदा ३ कायदा ४ या कायदा ६ आर्डर ३५

(थ) अहकाम बमूजिब कायदा २-३ या कायदा ६ आर्डर ३८

(द) अहकाम बमूजिब कायदा १ या कायदा २ या कायदा ४ या कायदा १० आर्डर ३९

(ध) अहकाम बमूजिब कायदा १ या कायदा ४ आर्डर ४०

( ) अहकाम निसबत इन्कार बमूजिब कायदा १९ आर्डर ४१ निसबत दुबारा मन्जूर होने या बमूजिब कायदा २१ आर्डर ४१ निसबत फिरसे सुनाई करने किसी अपील के

(प) अहकाम बमूजिब कायदा २३ आर्डर ४१ निसबत भेजने मुकदमा वास्ते तजवीज सानी के, अगर अपील डिकरी अदालत अपील की नाराजी से हो

(फ) अहकाम सादिर किया हुआ किसी अदालत का जो हाई कोर्ट नहीं है निसबत इन्कार देने सारटिफिकट बमूजिब कायदा ६ आर्डर ४५

(ब) अहकाम बमूजिब कायदा ४ आर्डर ४७ निसबत मन्जूरी दरखास्त तजवीज सानी

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५८८ से कायम किया गया है, जिनमें (ध) (ठ) (च) (ज) (ड) (ढ) (ण) (फ) वो (ब) नये हैं

जिमन (क)—जब अदालत अपील से अरजीदावा वापिस किये जाने का हुक्म हो तो ऐसे हुक्म की अपील होसक्ती है. (इ. ला. रि. अलाहाबाद जिल्द २५ सफा १७४).

जिमन—(घ)—डिकरी एकतरफा के मनसूख करने के हुक्म से अपील नहीं होसक्ती है (इ ला. रि १६ कलकत्ता सफा ४२६)

जिमन—(ङ)—इस जिमन में लिखे हुऐ हुक्म के नाराजी से अपील अव्वल होगी, मगर अपील दोयम नहीं हो सक्ती. (इ. ला रि. १९ मदरास सफा २९)

जिमन (ध)—उस हुक्म से अपील नहीं हो सक्ती जिस से रिसीवर, जो दौरान मुकदमा में मुकर्रर किया जावे, और बाद को मुकदमा के राजीनामा हो जाने की वजह से वह अलेहदा कर दिया गया हो (अलाहाबाद वीकली नोट सन १९०३ सफा ६७).

जिमन (प)—यह जिमन दफा १०४ के आखरी फिकरे के साथ पढ़ना चाहिये, और उस दफा के रूसे अपील में जो हुक्म वाहे वापिस भेजे जाने मुकदमा के हो, उस से जिमन मजकूर लागू नहीं है (इ ला. रि. मदरास जिल्द १९ सफा १९७–१९८)

मुकदमा वापिस किये जाने के हुक्म से अपील हो सक्ती है, गो उस अदालत ने जिस के पास मुकदमा वापिस भेजा गया है, कार्रवाई शुरू कर के आखीर डिकरी सादिर कर दी हो, अगर मुकदमा के वापसी का हुक्म बेजा तौर से सादिर किया गया हो तो डिकरी वो कुल कार्रवाई जो मुकदमा वापिस भेजे जाने के हुक्म के रूसे हुई, वह कुल नाजायज समझी जायगी [इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द १२ सफा ४५].

देखो दफा १०४.

ऊपर लिखे हुये अहकाम की नाराजगी से अपील की जाय, और अपील में जो हुक्म हो उसकी दूसरी अपील न होगी—[इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द ३३ सफा ४७९].

२ आर्डर ४१ के कायदे जहातक मुमकिन हो उन अपीलों से मुताल्लुक
जाब्ता होंगे जो हुक्मों की नाराजी से हों

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५९० से कायम किया गया है.

(देखो दफा १०८).

आर्डर-४४.

मुफलसी मे अपील.

कौन अपील मुफलसी मे दायर कर सक्ता है

१ जो शख्स अपील दायर करने का मुस्तहक हो, और याददाश्त अपील पर मुकर्रर किया हुआ रसूम न दे सक्ता हो तो वह दरखास्त मै याददाश्त अपील पेश करे, और उस को अपील मुफलसी में करने की इजाजत, कुल अमर में बशमूल दरखास्त मजकूर के उन हुक्मों की पावन्दी के साथ जो नालिश मुफलसी से ताल्लुक रखते हैं, जहा तक वह अहकाम उस से मुताल्लुक हो, दी जाय

कार्रवाइ जब दरखास्त बास्ते दाखिल होने अपील के मुल्तवी

मगर शर्त यह है कि दरखास्त मुफलसी और तजवीज और डिकरी जिस के नाराजी से अपील हुई है, उस के मुलाहजे के वक्त अगर अदालत को किसी वजह से यकीन इस बात का न हो कि डिकरी खिलाफ कानून सादिर हुई है या किसी ऐसे रिवाज के खिलाफ है जो कानून का हुक्म रखता है, या और तरह पर गलत या खिलाफ इनसाफ है तो अदालत दरखास्त को नामनजूर करे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५९२ से कायम किया गया है—

दरखास्त सायल को अलालतन पेश करना चाहिये (इ. ला रि. मदरास जिल्द ८ सफा ५०४) ऐसी दरखास्त दफा ५ एक्ट मियाद में इस्तेमाल किये हुये लफ्ज के मुताबिक अपील न समझी जायगी (इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द ३० सफा ७९०)

अदालत को अखत्यार है कि मुफलिस अपीलाट से जमानत खर्चा की तलब करे मगर ऐसा हुक्म सिवाय खास सूरतों के नहीं दिया जायगा (१७ मदरास ला जरनल रिपोर्ट सफा ५८३)

तहकीकात मुफलसी

२ सायल के मुफलसी की तहकीकात अदालत अपील खुद करे, या अदालत अपील के हुक्म से वह अदालत करे, जिस की तजवीज की नाराजी से अपील हुई हो

२ आर्डर ४१ के कायदे जहातक मुमकिन हो उन अपीलों से मुताल्लुक
जाब्ता होंगे जो हुक्मों की नाराजी से हों

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५९० से कायम किया गया है.

(देखो दफा १०८).

आर्डर-४५.

अपील बहजूर आला-हजरत मलिक-मोअज्जम बइजलास कौंसिल.

१ इस आर्डर में लफ्ज "डिकरी" में हुक्म कतई भी दाखिल है तावक्के कि उस के किसी मजमून या इबारत से उस के खिलाफ पाया न जाय

तारीफ डिकरी

तशरीह.—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५९४ से कायम किया गया है.

२ जो शख्स बहजूर-आला-हजरत-मलिक-मोअज्जम बइजलास कौंसिल के अपील करना चाहे, तो वह जिस अदालत की डिकरी की अपील करे, उस में दरखास्त पेश करे

दरखास्त उसी अदालत में दी जाय जिसकी डिकरी के नाराजी से अपील करना है

तशरीहः—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५९८ से कायम किया गया है

(देखो दफा १०६)

३ (१) हर दरखास्त में वजहात अपील, और यह दरखास्त दरज होनी चाहिये, कि सारटिफिक्ट इस मजमून का दिया जाय, कि मुकदमा तादाद मालियत, और किस्म के लिहाज से दफा ११० में दरज किये हुये शर्तों के साथ, या और तरह से लायक इस के है, कि उस की अपील बहजूर-आला-हजरत-मलिक मोअज्जम बइजलास कौंसिल में हो

सारटिफिक्ट निसबत कीमत को होने लायक अपील के

(२) जब ऐसी दरखास्त पहुचे तो अदालत फरीक सानी पर, इत्तला-नामे की तामील होने का हुक्म इस मतलब से दे कि वह फरीक सारटिफिक्ट के न दिये जाने की अगर कोई वजह रखता है, तो पेश करे

मगर शर्त यह है कि अगर सायल को उस अदालत में जिस की डिकरी की नाराजी से अपील हो, नालिश या अपील मुफलसी की इजाजत हुई थी, तो उस की मुफलसी की बाबत फिर तहकीकात करने की जरूरत न होगी, तावक्के कि अदालत अपील को कोई वजह खास तहकीकात की हिदायत करने की नजर न आय

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५९३ से कायम किया गया है

इस कायदे के रूसे जो खरचा दिलाया जाने वह इजराय डिकरी में वसूल हो सक्ता है (११ कलकत्ता वीकली नोट सफा ८५६)

सार्टिफिकट मिलने पर जमानत और रूपया दाखिल करना

७ [१] सार्टिफिकट मिलने की सूरत में सायल उस डिकरी की तारीख से जिस की अपील हो, छे महीने के अनदर या सार्टिफिकट मिलने की तारीख से छे हफ्ता के अनदर याने इन दोनों मियादों में से जो पीछे गुजरे उस के अनदर

(क) रिस्पाडन्ट के खरचे की जमानत दाखिल करे—और

(ख) उस कदर रूपया दाखिल करे जो कि सिवाय नीचे लिखे कागजात के मुकदमें की कुल मिसल के तरजुमा और नकल और तरतीव फेहरिस्त और हजूर आला हजरत मलिक मोअज्जम वइजलास कौंसिल एक सही नकल के भेजने के खरचे के वास्ते, जरूरी हो, सिवाय,

(१) जाने के कागजात जिन के खारिज करने की हिदायत किसी हुक्म के जरिये से जो उस वक्त जारी हो और आला हजरत-मलिक मोअज्जम वइजलास कौंसिल के सादिर की गई हो

(२) कागजात जिन के खारिज करने के लिये फरीकेन राजी हो

(३) हिसाब या हिसाबों के हिस्से जिन को वह ओहदेदार जिसे अदालत ने इस के बाबत अखत्यार दिया हो गैर जरूरी तसव्वर करे और जिन के शामिल करने के लिये फरीक मुकदमा ने खास कर दरख्वास्त न की हो—और

(४) वह दूसरे कागजात जिन के खारिज करने का अदालत हाई कोर्ट हुक्म दे—

[२] अगर सायल मिसल की नकल सिवाय उन कागजात के जिन का जिकर ऊपर किया गया है हिन्दुस्थान में छपवाना पसन्द करे तो उसी मियाद के अन्दर जो इस कायदे के जिमन (१) में दर्ज है ऐसे नकल छापने के खरचे के लिये जितना रूपया दरकार हो दाखिल करे

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट ५ी दफा ६०२ से कायम किया गया है.

जमानत दाखिल करने की मोहलत बढाई जा सकती है (इ ला रि

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६८० से कायम किया गया है.

दरखास्त में साफ लिखना चाहिये कि कौनसा कानूनी अमर है (१२ बम्बई हाई कोर्ट रिपोर्ट सफा १६)

अगर इजाजत एकतरफा दी गई है तो रिस्पांडेंट अपील के खारिज होने की दरखास्त कर सक्ता है (६ मुर्स इंडियन अपील सफा २०७) या उस हुक्म की तजवीज सानी हो सक्ती है (इ ला रि. १६ कलकत्ता सफा २९२).

सुकदमात का शामिल किया जाना

४ वह नालिशात जिन में अगर तसफिया तलब दरअसल एक ही हो, और उन का फैसला एक ही तजवीज से हुआ हो वास्ते मुकर्ररी मालियत शामिल किये जा सक्ते हैं, लेकिन वह नालिशात जिन के निसबत अलहदा २ फैसले सादिर हुऐ हों, वह नहीं शामिल किये जा सक्ते हैं, गो उन में अगर तसफीया तलब एक ही रहे हों

तशरीह—यह कायदा नया है

झगड़े का अदालत इब्तदाई में भेजा जाना

५ अगर झगड़ा दरमियान फरीकैन निसबत तादाद या मालियत के मुतदाविया नालिश अदालत इब्तदाई में रहा हो, या निसबत तादाद या मालियत के मुतदाविया बाबत अपील बहजूर आला हजरत मलिक मोअज्जम बहजलास कौंसिल उस अदालत में हो, जहां दरखास्त कायदा २ के बमूजिब वास्ते मिलने सारटिफिकट के दी जाये, तो अदालत अगर मुनासिब समझे तो ऐसा झगड़ा वास्ते तहकीकात के अदालत इब्तदाई में भेजे-अदालत इब्तदाई तादाद या मालीयत का तसफिया करके, अपनी रपोर्ट में इजहार गवाहान उस अदालत में वापिस भेजेगी, जहा से इसतसवाब हुआ हो

तशरीह — यह कायदा नया है

सारटीफिकट न मिलने का असर

६ अगर ऐसे सारटिफिकट के देने से इनकार किया जाय तो वह दरखास्त खारिज होगी

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६०१ से कायम किया गया है.

वजूहात नामनजूरी के बयान किये जाना चाहिये (इ ला. रि. मदरास जिल्द २९ सफा १९४)

गया है

११ अगर अपीलाट उस हुक्म की तामील में कुसूर करे, तो कार्रवाई बंद कर दी जायगी

हुक्म की तामील न करने का असर

और बगैर इस के कि इस बाबत में हुक्म आला हजरत मलिक मोअज्जम व इजलास कासिल का सादिर हो, अपील की कार्रवाई आगे न चलेगी

और इस मुद्दत में इजरा उस डिकरी का जिस की अपील की गई है मुलतवी नहीं रहेगी

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६०६ मे कायम किया गया है

जब अदम पैरवी में दरखास्त खारिज कर दी गई तो खरचे का हुक्म दिया जा सक्ता है (इ ला रि बम्बई जिल्द २७ सफा १२४).

१२ अगर मिसल की नकल, सिवाय ऊपर लिखे कागजात के व हजूर आला हजरत-मलिक मोअज्जम व इजलास कौंसिल भेजी जा चुकी हो, और उस रूपया में से जोकि अपीलाट ने कायदा ७ के रूप दाखिल किया हो, (अगर कुछ रूपया फाजिल रहे) तो वह उस को वापिस पा सक्ता है

फाजिल रूपया की वापसी

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६०७ से कायम किया गया है.

१३ (१) बावजूद इस के कि किसी अपील के मन्जूरी का सार्टिफिक्ट दिया गया हो, इजरा उस डिकरी का जिस की अपील हो बगैर किसी शर्त के अमल में आयगा, तावक्त कि अदालत और तरह का हुक्म न दे

अपील के दौरान में अदालत के अख्तयारात

(२) अदालत अगर मुनासिब समझे, तो किसी खास वजह से जो किसी ऐसे फरीक की तरफ से जाहिर की जाय जो मुकदमा से ताल्लुक रखता हो, या जो और तरह से अदालत को मालूम हो उस जायज है कि

[क] किसी जायदाद मुतनाजिया मनकूला या उस के हिस्से को जब्त रखे या,

[ख] रिस्पांडेंट से ऐसी जमानत लेकर जो कि अदालत के नजदीक वास्ते पूरी तामील उस हुक्म के मुनासिब हो जो कि आला हजरत मलिक-मोअज्जम वइजलास कौंसिल के हजूर से बसीगा अपील सादिर हो, उस डिकरी के इजरा की इजाजत दे, जिस

१४ मदरास सफा ३६१).

मोहलत बढ़ाने से इनकार किये जाने के हुक्म से अपील नहीं हो सकती (इ ला. रि. कलकत्ता जि० १८ सफा १८२).

अपील का मन्जूर होना और उस के मुताल्लुक कार्रवाई

८ अगर ऐसी जमानत या रूपया का दाखिल होना अदालत के इतमीनान के लायक हो चुके तो अदालत

[क] अपील को मन्जूर होना जाहिर करे—

[ख] उस की इत्तला रिस्पांडेंट को दे—

[ग] वहज़ूर आला हजरत मलिक-मोअज्जम बहजलास कौंसिल एक सही नकल मिसल मजकूर की, सिवाय ऊपर लिखे कागजात के अदालत मोहर से भेजे, और,

(घ) मुकद्दमे के किसी कागज की एक या कई तसदीक की हुई नकलें किसी फरीक को जो उस के लिये दरखास्त करे और मुनासिब खरचा जो उस के तैयारी में पड़े, देने पर दे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६०३ से कायम किया गया है.

जमानत के मन्जूरी की मनसूखी

९ अपील की मनजूरी से पहले किसी वक्त, अदालत को जायज है कि अगर वजह बतलाई जाय, तो ऐसे जमानत की मन्जूरी मनसूख करदे, और इस बात में मजीद हिदायत सादिर करे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६०४ से कायम किया गया है.

अख्तयार निसबत हुक्म बाबत मजीद जमानत या मजीद रूपया दाखिल करने का

१० अगर अपील की मनजूरी के बाद किसी वक्त, लेकिन मिसल की नकल सिवाय कागजात मजकूर के, बवजूद आला हजरत-मलिक-मोअज्जम बहजलास कौंसिल भेजने के पहिले, जमानत काफी न मालूम हो

या मिसल को सिवाय कागजात ऊपर लिखे हुये के, तरजुमा करने या नकल करने या छापने या उस की फेहरिस्त तरतीब करने, या उस की नकल भेजने के लिये जियादा रूपया दरकार हो,

तो अदालत अपीलांट के नाम यह हुक्म सादिर करेगी कि वह उस मियाद के अनदर जो कि अदालत मुकर्रर करे, दूसरी काफी जमानत दे, या उसी कदर मियाद के अनदर जर मतलूबा, दाखिल करे

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६०५ से कायम किया

गया है

११ अगर अपीलाट उस हुक्म की तामील में कुसूर करे, तो कार्रवाई हुक्म की तामील न करने का असर बंद कर दी जायगी

और बगैर इस के कि इस बाबत में हुक्म आला हजरत मलिक मोअज्जम व इजलास कौंसिल का सादिर हो, अपील की कार्रवाई आगे न चलेगी

और इस मुद्दत में इजरा उस डिकरी का जिस की अपील की गई है मुलतवी नहीं रहेगी

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६०६ में कायम किया गया है

जब अदम पैरवी में दरखास खारिज कर दी गई तो खर्चे का हुक्म दिया जा सक्ता है (इ ला रि बम्बई जिल्द २७ सफा १२४).

१२ अगर मिसल की नकल, सिवाय ऊपर लिखे कागजात के, हजूर फाजिल रुपया की वापसी आला हजरत-मलिक मोअज्जम व इजलास कौंसिल भेजी जा चुकी हो, और उस रुपया में से जोकि अपीलाट ने कायदा ७ के रूसे दाखिल किया हो, (अगर कुछ रुपया फाजिल रहे) तो वह उस को वापिस पा सक्ता है

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६०७ से कायम किया गया है.

१३ (१) बावजूद इस के कि किसी अपील के मन्जूरी का सार्टिफिक्ट अपील के दौरान में अदालत के अख्तियारात दिया गया हो, इजरा उस डिकरी का जिस की अपील हो बगैर किसी शर्त के अमल में आयगा, तावक्ते कि अदालत और तरह का हुक्म न दे

(२) अदालत अगर मुनासिब समझे, तो किसी खास वजह से जो किसी ऐसे फरीक की तरफ से जाहिर की जाय जो मुकदमा से तालुक रखता हो, या जो और तरह से अदालत को मालूम हो उसे जायज है कि

[क] किसी जायदाद मुतनाजिया मनकूला या उस के हिस्से को जब्त रखे या,

[ख] रिस्पांडेंट से ऐसी जमानत लेकर जो कि अदालत के नजदीक वास्ते पूरी तामील उस हुक्म के मुनासिब हो जो कि आला हजरत मलिक-मोअज्जम वइजलास कौंसिल के हजूर से वसीला अपील सादिर हो, उस डिकरी के इजरा की इजाजत दे, जिस

की अपील हो--या,

[ग] अपीलांट से ऐसी जमानत लेकर जो कि अदालत के नजदीक वास्ते तामील दरअसल उस डिकरी के मुनासिब हो जिस की अपील हो, या वास्ते तामील उस हुक्म के जो कि आला हजरत मलिक-मोअज्जम बहजलास कौंसिल वसीगा अपील सादिर करें, उस डिकरी का इजरा मुलतवी रखे जिस की अपील हो--या,

[घ] जो फरीक के अदालत की मदद चाहे उस को शै मुतनाजिया अपील के निसबत ऐसी शरतों का पाबन्द करे, या निसबत शै मजकूर के ऐसी और हिदायत निसबत सुपुर्दगी रिसीवर या दीगर तरह का सादिर करे जो उस के नजदीक मुनासिब मालूम हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६०८ से कायम किया गया है

जब हाई कोर्ट अपील करने की इजाजत देने से इकार करे तो उस को इजराय डिकरी मुलतवी करने का अखत्यार नहीं है—और जब सायल प्रीवी कौंसिल में खास इजाजत अपील के लिये दरखास्त करे तो हाई कोर्ट डिकरी के इजरा को मुलतवी नहीं कर सक्ती—ऐसे मुकदमात में प्रीवी कौंसिल कार्रवाई मुलतवी करने का हुक्म दे सक्ती है (इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द २७ सफा १ प्रीवी कौंसिल).

प्रीवी कौंसिल इजराय डिकरी को मुलतवी करने का हुक्म नहीं दे सक्ती मगर अदालत मातहत को इजराय डिकरी के पहिले जमानत काफी लेने की हिदायत कर सक्ती है (इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द १४ सफा २९०—९५ प्रीवी कौंसिल).

जमानत अगर काफी न हो तो बढ़ाई जा सक्ती है

१४ (१) अगर दौरान अपील में किसी वक्त वह जमानत जो किसी फरीक ने दाखिल की हो गैर काफी मालूम हो तो अदालत दूसरे फरीक की दरखास्त पर, जमानत मजीद तलब करे

(२) जमानत मजीद जो अदालत तलब करे उस के न दाखिल होने की सूरत में

(क) अगर असल जमानत अपीलांट ने दाखिल की हो तो अदालत

को अख्त्यार है, कि रिस्पाडन्ट की दरखास्त पर अपील की हुई डिकरी के इजरा का हुक्म उसी तरह सादिर करे की मानो अपीलाट ने कोई जमानत दाखिल नहीं की थी,

(ख) अगर असल जमानत रिस्पाडन्ट ने दाखिल की हो, तो अदालत जहा तक मुमकिन हो, डिकरी का कुल इजरा मजीद मुलतवी रखे, और फरीकैन को फिर उसी हालत पर छोड दे जो उस जमानत गैर काफी के देने के वक्त उन दोनों की थी, या निसबत शै मुतनाजिया अपील के ऐसी हिदायत सादिर करे जो उस के दानिस्त में मुनासिब हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६०९ से कायम किया गया है

कार्रवाई मुताल्लुके इजराय उस अहकाम के जो आला हजरत मलिक-मोअज्जम बइजलास कौंसिल ने सादिर की हो

१५ (१) जो शख्स किसी हुक्म सादिर किया हुआ आला हजरत मलिक-मोअज्जम बइजलास कौंसिल का इजरा कराना चाहे, तो दरखास्त में नकल तसदीक की हुई उस डिकरी या हुक्म के जो कि अपील में सादिर हुआ हो और जिस का इजरा कराना मतलूब हो, उस अदालत में दे, जिस के हुक्म की नाराजी से अपील बहुजूर आला हजरत मलिक मोअज्जम पेश की गई हो

(२) वह अदालत हुक्म सादिर किया हुआ जनाब आला हजरत मलिक मोअज्जम बइजलास कौंसिल उस अदालत में भेज दे जिस ने पहले अपील की हुई डिकरी सादिर की हो, या और किसी अदालत में भेजे जिसकी हिदायत आला हजरत मलिक मोअज्जम से बजरिये उसी हुक्म के हुई हो, और [फरीकैन में से किसी की दरखास्त पर] ऐसी हिदायत जो कि उस के इजरा के वास्ते जरूरी हो दे, और जिस अदालत में कि वह हुक्म इस तौर पर भेजा जाय वह उस का इजरा उसी के मुताबिक उस तरीके और उन शरतों के बमूजिब करे, जो कि उस की इब्तदाई डिकरीयों के इजरा से मुताल्लुक है—

(३) जब किसी ऐसे हुक्म की रू से कोई नक्दी रूपया जिस के दिलाने के लिये उसे वह सिक्का जो इगलिस्तान में जारी हो लिखा गया हो हिन्दुस्तान में वाजबुलअदा हो तो ऐसा नक्दी रूपया का हिसाब बमूजिब उस निरख के जो उस वक्त के लिये मुकर्रर हो किया जायगा जो सेक्रेटरी आजम हिन्द बइजलास कौंसिल ने बइतफाक राय साहेबान लार्ड कामश्नर खजाना शाही वास्ते तसफिया मामलात खजाना दरम्यान गवर्नमेंट हिन्दुस्थान के ऐसे हुक्म सादिर होने के रोज मुकर्रर रखा हो—

की अपील हो--या,

[ग] अपीलांट से ऐसी जमानत लेकर जो कि अदालत के नजदीक वास्ते तामील दरअसल उस डिकरी के मुनासिब हो जिस की अपील हो, या वास्ते तामील उस हुक्म के जो कि आला हजरत मलिक-मोअज्जम वइजलास कौंसिल वसीगा अपील सादिर करें, उस डिकरी का इजरा मुलतवी रखे जिस की अपील हो--या,

[घ] जो फरीक के अदालत की मदद चाहे उस को शै मुतनाजिया अपील के निसबत ऐसी शरतों का पाबन्द करे, या निसबत शै मजकूर के ऐसी और हिदायत निसबत मुकर्रर रिसीवर या दीगर तरह का सादिर करे जो उस के नजदीक मुनासिब मालूम हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६०८ से कायम किया गया है

जब हाई कोर्ट अपील करने की इजाजत देने से इंकार करे तो उस को इजराय डिकरी मुलतवी करने का अखत्यार नहीं है—और जब सायल प्रीवी कौंसिल में खास इजाजत अपील के लिये दरखास्त करे तो हाई कोर्ट डिकरी के इजरा को मुलतवी नहीं कर सक्ती—ऐसे मुकदमात में प्रीवी कौंसिल कार्रवाई मुलतवी करने का हुक्म दे सक्ती है (इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द २७ सफा १ प्रीवी कौंसिल).

प्रीवी कौंसिल इजराय डिकरी को मुलतवी करने का हुक्म नहीं दे सक्ती मगर अदालत मातहत को इजराय डिकरी के पहिले जमानत काफी लेने की हिदायत कर सक्ती है (इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द १४ सफा २९०—९५ प्रीवी कौंसिल).

जमानत अगर काफी नहीं तो बढ़ाई जा सक्ती है

१४. (१) अगर दौरान अपील में किसी वक्त यह जमानत जो किसी फरीक ने दाखिल की हो गैर काफी मालूम हो तो अदालत दूसरे फरीक से दरखास्त पर, जमानत मजीद तलब करे

(२) जमानत मजीद जो अदालत तलब करे उस के न दाखिल होने की सूरत में

(क) अगर असल जमानत अपीलांट ने दाखिल की हो तो अदालत

आर्डर ४६.

इस्तसवाब

१ अगर किसी ऐसे मुकदमा या अपील के सुनाई के वक्त या पहिले इस्तसवाब अमर हाई कोर्ट से जिस में डिकरी की अपील न हो सके या किसी डिकरी के कार्रवाई इजरा में कोई बहस कानूनी या ऐसे रिवाज की जो कानून का हुक्म रखती हो पैदा हो और मुकदमा या अपील की तहकीकात या डिकरी के इजरा करने वाली अदालत को माकूल शक मालूम हो, तो अदालत खुद अपनी मरजी से या किसी फरीक की दरखास्त पर वाकेआत मुकदमा की कैफियत और वह अमर जिस के बाबत शक हो, तहरीर करके मे अपनी राय के, जो उस अमर की बाबत हो फैसला के लिये अदालत हाई कोर्ट में इस्तसवाब न भेजे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६१७ से कायम किया गया है.

कोई जज जिस को अपील सुनने का अखत्यार नहीं है इस्तसवाब नहीं कर सकता (इ. ला. रि ४ मदरास सफा २१७–१८)

को सवाल जो इजराय डिकरी में पैदा हो, सिवाय उस के कि जब डिकरी कतई है उस का इस्तसवाब नहीं किया जा सकता (इ ला रि १७ बम्बई सफा ७३५)

प्रेवेट की दरखास्त पर जो हुक्म डिस्ट्रीक्ट जज सादिर करे, हुक्म कतई न होने के वजह से, उस का इस्तसवाब नहीं किया जा सक्ता (इ ला रि कलकत्ता जि० ५ सफा ७५६)

फैसले के तजवीजसानी की दरखास्त पर कोई अमर पैदा हो, उस का इस्तसवाब नहीं किया जा सकता है [१७ वीकली रिपोर्टर सफा ८४].

२ या वजूद ऐसे इस्तसवाब के अदालत को अखत्यार होगा कि

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६१० से कायम किया गया है.

डिक्रीदार का अदालत जिला में उस इजराय डिक्री का हुक्म हासिल करने के पहले जो प्रीवी कौंसिल से सादिर हुई है उस को इजराय डिक्री की दरखास्त के साथ तसदीक की हुई नकल हुक्म आला हजरत मलिक मोअज्जम बइजलास कौंसिल की पेश करना चाहिये [इ ला रि कलकत्ता जि० ५ सफा ३२६]

जब प्रीवी कौंसिल के हुक्म में खरचे पर सूद नहीं दिलाया सक्ता है [इ ला. रि. कलकत्ता जि० २३ सफा ३५७].

प्रीवी कौंसिल के डिक्री के इजरा के ताल्लुक में कोई हुक्म दिया जावे उस की अपील बमूजिब कायदा १६ हो सकती है

हुक्म इजरा की अपील

१६ जो अदालत के आला हजरत मलिक मोअज्जम बइजलास कौंसिल के सादिर किये हुए हुक्म का इजरा करे उस का हुक्म निस्बत उस इजरा के काबिल अपील उसी तौर पर और पाबन्दी उन्हीं कायदों के होना जैसे के उसी अदालत की डिक्रियों के इजरा की बाबत उस अदालत के अहकाम है

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६११ से कायम किया गया है.

अदालत इसतसवाब करने वाली ने उस मुकदमे में सादिर किया हो, जिस में इसतसवाब की जरूरत पाई गई, और जो कुछ हुक्म मुनासिब समझे सादिर करे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६२१ से कायम किया गया है

अख्त्यार इसतसवाब हाई कोर्ट निसबत अख्त्यार अदालत खफीफा के

६ (१) अगर किसी वक्त तजवीज के पहले उस अदालत को जिस में कोई नालिश दायर की गई हो, यह शक हो कि आया ऐसी नालिश लायक समाअत अदालत खफीफा के है या नहीं, तो अदालत हाई कोर्ट में मिसल मय कैफियत वजह शक निसबत किस्म नालिश मजकूर के भेजे

(२) मिसल और कैफियत पहुचने पर अदालत हाई कोर्ट हुक्म दे सक्ती है कि या तो नालिश की कार्रवाई की जाय या अर्जीदावा को वापिस करे कि वह किसी दूसरी अदालत में पेश किया जाय जो हाई कोर्ट के हुक्म के जरिये से उस नालिश की समाअत करने की मजाज ठहराई जाय

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६४६ (क) से कायम किया गया है.

अख्त्यार अदालत जिला निसबत भेजने वास्ते तजसमी उस कार्रवाई के जिस में गलती निसबत अख्त्यार समाअत अदालत खफीफा के हुई हो

७ (१) अगर अदालत जिला को मालूम हो कि उस के मातहत की अदालत ने, इस अमर के गलत समझने की वजह से कि फला नालिश लायक समाअत अदालत मतालबेजात खफीफा है, या नहीं, उस अख्त्यार को अमल में नहीं लाई है जो कानून के रूसे उस को हासिल है, या उस अख्त्यार को अमल में लाई है, जो उस को हासिल नहीं है, तो अदालत जिला खुद और अगर कोई फरीक दरख्वास्त दे तो अदालत हाई कोर्ट में मिसल मजकूर में इस बात के समझने की कैफियत के कि अदालत मातहत की राय नालिश के किस्म के निसबत गलत है, भेजे

(२) मिसल और कैफियत पहुचने पर अदालत हाई कोर्ट जो हुक्म मुनासिब समझे सादिर करे

(३) इस कायदे के रू से जो मुकदमा हाई कोर्ट में भेजा जाय, उसमें डिकरी के बाद की कार्रवाई के निसबत अदालत हाई कोर्ट हालत मुकदमा के रू से जो हुक्म इनसाफन और मुनासिब समझे सादिर करे

(४) अदालत मातहत, अदालत जिला को, लाजिम होगा कि उस हुक्म की तामील करे, जो अदालत जिला बाबत किसी मिसल या इत्तला इस कायदे के गरज के लिये सादिर करे

अदालत हाई कोर्ट के फैसले की पाबन्दी पर डिकरी सादिर कर सक्ती है

मुकदमा की कार्रवाई को मुलतवी करे, या जारी रखे, और जो कुछ फैसला हाई कोर्ट का निसबत उस अमर के जिस के बाबत इसतसवाब किया गया हो, करार पाय उस की पाबन्दी के शर्त पर, डिकरी या हुक्म दे-लेकिन जब कि ऐसा इसतसवाब हुआ हो तो इसतसवाब पर जो हाई कोर्ट की तजवीज हुई हो, उस की नकल आने तक कोई डिकरी या हुक्म उस मुकदमे में जारी नहीं किया जायगा

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६१८ से कायम किया गया है.

३ हाई कोर्ट उन उजरात को सुनकर कि जो फरीकैन हाजिर होकर पेश करना चाहे उस अमर की तजवीज करे जिस के निसबत इसतसवाब किया गया हो, और अपनी तजवीज की नकल साहब रजिस्ट्रार के दस्तखत से उस अदालत में भेजे जिस ने इसतसवाब किया हो-और वह अदालत बाद आने ऐसी नकल के हाई कोर्ट की तजवीज के मुताबिक मुकदमे को फैसला करे

हाई कोर्ट की तजवीज भेजी जायगी और उसी के मुताबिक मुकदमा का फैसला होगा

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६१६ से कायम किया गया है.

हाई कोर्ट ने जो फैसला इसतसवाब पर किया है उस की अदालत मजकूर तजवीज सानी नहीं कर सक्ती (इ. ला रि १० बम्बई सफा ६८)

४ खरचा [अगर कुछ हो] जो इसतसवाब अदालत हाई कोर्ट के बजह से पड़ा हो वह मुकदमे का खरचा समझा जायगा

इसतसवाब हाई कोर्ट के बजह से खरचा

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६२० से कायम किया गया है

इसतसवाब के खरचा के निसबत अलेहदा हुक्म नहीं हो सक्ता, मुकदमे के खरचे के साथ उस पर हुक्म होना चाहिये ताहम वह अदालत के अखत्यार में है, और बमूजिब नतीजा मुकदमा उस के दिलाने की जरूरत नहीं है (इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द १५ सफा ५०७).

५ जब कोई मुकदमा कायदा १ के बमूजिब हाई कोर्ट में इसतसवाब के लिये भेजा जाय, तो हाई कोर्ट मुकदमे को तरमीम के लिये वापिस कर सक्ती है और डिकरी या हुक्म को तबदील या मनसूख या तरमीम करे, जो

अदालत बाबत तबदीली वगैरा डिकरी सादिर करे हुए अदालत इसतसवाब करने वाली को

आर्डर-४७.

तजवीजसानी.

१ (१) जो शख्स अपनी हक तलफी समझे
दरखास्त तजवीजसानी

(क) किसी डिकरी या हुक्म से जिस की अपील हो सकी है, मगर उस की अपील न हुई हो,

(ख) किसी डिकरी या हुक्म से जिस की अपील नहीं हो सकी है—या

(ग) किसी फैसले से जो अदालत खफीफा के इख्तसवाय पर सादिर हुआ हो—

और जो शख्स बवजह दरयाफ्त होने किसी नए और भारी अमर के या शहादत के जो बावजूद दरअसल कोशिश के उस डिकरी या हुक्म के सादिर होने के वक्त, उस को मालूम न थी, या कि वह उस को पेश नहीं कर सकता था, या बवजह किसी गलती या सहो के जो मिसल से जाहिर होता हो, या किसी और काफी वजह से तजवीजसानी उस डिकरी या हुक्म की चाहता हो, जो उस के खिलाफ सादिर हुई हो, तो उस को अख्तयार है कि उस अदालत में जिस ने डिकरी या हुक्म सादिर किया हो, तजवीजसानी की दरख्वास्त करे

(२) कोई फरीक किसी डिकरी या हुक्म की नाराजी से अपील न करे वह बावजूद दायर होने अपील मिनजानिब किसी और फरीक के तजवीजसानी की दरख्वास्त कर सकी है, सिवाय उस सूरत के कि अपील में लिखा हुआ उजर सायल और अपीलाट दोनों से एकसा मुताल्लुक हो, या रिस्पांडेंट होने की सूरत में, वह अदालत अपील में उस मुकदमे को जिस में कि दरख्वास्त तजवीजसानी की करता है, पेश कर सका हो

तशरीहः—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६२३ से कायम किया गया है

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६४६ [ख] से कायम किया गया है.

जब फरीकैन में से एक फरीक डिसट्रिक्ट जज को दरख्वास्त करे तो डिसट्रिक्ट जज को इस्तसवाब करना फरज है. (इ. ला रि. १३ मद्रास सफा ३४४)

जो अदालत के इस्तसवाब करे उस को वह वजूहात लिखना चाहिये, जिस से वह अदालत मातहत की राय को गलत समझती है. (इ. ला. रि. २८ अलाहाबाद सफा २९३).

अगर दरखास्त तजवीजसानी ९० दिन के अन्दर पेश की जावे तो उस पर कोर्ट फीस आधा वो अगर ९० दिन के बाद पेश की जावे तो पूरा उस कोर्ट फीस का लगेगा जो अरजीदावा, या याददास्त अपील पर लगाया गया है मियाद शुमार करने में वह दिन जिस को अदालत बद थी मुजर होना चाहिये (इ. ला. रि मदरास जि० ९ सफा १३४)

जब दरखास्त मुफलिसी में पेश की जावे तो उस पर कोर्ट फीस की जरूरत नहीं है (इ. ला रि २० अलाहाबाद सफा ४१०)

२ दरखास्त तजवीजसानी किसी ऐसी डिकरी या हुक्म की जो किसी अदालत से जो अदालत हाई कोर्ट नहीं है, सादिर हुई हो, किसी बिना पर अलावा उस के जो वजह दरयाफ्त होने ऐसे नये और भारी अमर या शहादत के हो, जो कायदा १ में दरज है, या किसी गलती अलफाज या हिंदसा के बिना पर जो डिकरी के देखने से बाजे हो, सिर्फ उस जज के पास की जायगी कि जिसने वह डिकरी या हुक्म सादिर किया हो कि जिस की तजवीजसानी की दरखास्त की गई लेकिन अगर उस जज ने कि जिस ने डिकरी या हुक्म सादिर किया हो फिकरा (क) जिमन (२) कायदा ४ के रूसे इत्तलानामी जारी होने का हुक्म दिया हो, तो ऐसी दरखास्त का तसफिया उस का जानशीन कर सकेगा

दरखास्त तजवीजसानी किस के पास की जायगी

तशरीह.—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६२४ से कायम किया गया है

३ अपील करने के बाबत जो कायदे हैं वह तबदील तबय लफ्जों के सहित दरखास्त तजवीजसानी तबदीली से दरखास्तें तजवीजसानी से भी मुताल्लुक होंगे—

नमूना दरखास्त तजवीजसानी

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६२५ मे कायम किया गया है

४ (१) अगर अदालत को मालूम हो कि तजवीजसानी की कोई वजह काफी नहीं है, तो वह दरखास्त को नामंजूर करेगी

कब दरखास्त ना मंजूर होगी

(२) अगर अदालत की राय में तजवीजसानी की दरखास्त मनजरी के लायक हो, तो वह तजवीजसानी मनजूर करेगी

दरखास्त कब मन्जूर होगा

मगर शर्त यह है कि—

(क) ऐसी दरखास्त मन्जूर न होगी मगर इस के कि पेदतर फरीक

कोई अपीलाट जिस ने अपील दोयम पेश की और उस को उठा लेवे, तो वह अदालत मातहत में उस के फैसले की तजवीज सानी के लिये, नई शहादत मालूम होने पर दरखास्त पेश कर सक्ता है (इ. ला. रि ७ बम्बई सफा २८७).

अलफाज "दरयाफ्त होने नय और भारी अमर के" उस नजीर के न पेश करने में लागू नहीं हैं जो डिकरी सादिर होने के वक्त कायम थी (इ. ला. रि. २१ अलाहाबाद सफा १५२–५३).

यह अमर के फैसला हाई कोर्ट के उस नजीर के जोर पर है जो बाद को मनसूख हो गई है, तजवीजसानी के लिये कोई वजह नहीं है (इ ला रि. अलाहाबाद जिल्द ६ सफा २९२). गो नई नजीर के दरयाफ्त होने से फरीक को फैसले की तजवीजसानी कराने का हक हासिल नहीं होता है, तो भी जब अदालत को इतमीनान हो जावे कि उस का फैसला कानून की गलत समझ पर हुआ है तो इस कायदे के हुक्म से तजवीजसानी मन्जूर हो सक्ती है (इ. ला. रि. ७ मदरास सफा ३०७ वो १४ कलकत्ता सफा ६२७– ३०)

यह अमर के अरजी दावा पर पहले रसूम अदालत गैर काफी करार दिया गया और बाद को काफी तसव्वर किया गया, काफी वजह तजवीजसानी की है (इ. ला. रि. २७ अलाहाबाद सफा ६९५).

तजवीजसानी के लिये ऐसी वजूहात होना चाहिये जो तारीख डिकरी को मौजूद थे–इस कायदे से उन डिक्रीयों के तजवीजसानी का अख्त्यार, जो उस के सादिर होने के वक्त सही थीं, उस वजह पर जो बाद को पैदा हो नहीं दिया गया है (२४ मूर्स इंडियन अपील सफा १० प्रीवी कौंसिल).

दरखास्त तजवीजसानी सिर्फ कानून की गलती पर कायम रखी जा सक्ती है (१२ मद्रास ला. जरनल रिपोर्ट सफा १९४).

उस डिकरी की तजवीजसानी हो सक्ती है जो अदालत के बाहर, के आपसी तसफिया पर सादिर की जावे (इ. ला रि. १० कलकत्ता सफा ६१२)

वमूजिब दफा ५ एक्ट मियाद के बाद मियाद मुकर्ररा अपील को मन्जूर किये जाने का हुक्म एकतरफा मनसूख हो सक्ता है (इ. ला. रि ९ मदरास सफा ४५०).

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६२८ से कायम किया गया है

७ (१) हुक्म अदालत का निसबत नामनजूरी दरखास्त के काबिल अपील नहीं होगी-लेकिन जब कि ऐसी दरखास्त मनजूर हो तो मनजूरी पर उजर नीचे लिखे वजुहात पर हो सका है

हुक्म नामनजूरी की अपील नहीं हो सकेगी उजरात निसबत मनजूरी दरखास्त

(क) वह खिलाफ हुक्म कायदा २ के है

(ख) वह खिलाफ अहकाम कायदा ४ के है-या

(ग) यह कि बाद गुजरने मियाद के जो ऐसी दरखास्त के लिये मुकर्रर है दाखिल की गई है और कोई वजह काफी उस को नहीं है

ऐसी उजर फौरन दरखास्त मनजूर होते ही जरिये अपील किया जा सका है या उस अपील में किया जाय जो किसी कतई डिकरी या हुक्म से जो मुकदमे में सादिर किया गया है

(२) अगर दरखास्त तजवीज सानी बवजह गैरहाजरी सायल के नामनजूर हुई हो, तो सायल को अख्तयार है कि इस मजमून की दरखास्त दे, कि दरखास्त नामनजूर शुदा का नम्बर साबिक पर कायम करने का हुक्म हो-और अगर अदालत के इतमीनान के लायक साबित हो जाय कि जिस वक्त ऐसी दरखास्त वास्ते सुनाई पेश हुई थी, सायल किसी जायज वजह से हाजिर न हो सका, तो अदालत यह हुक्म सादिर कर सकेगी कि दरखास्त मजकूर ऐसे कायदे की पाबन्दी के साथ जो निसबत दिलाने खर्चा या न दिलाये खर्चा के जो मुनासिब मालूम हो, नम्बर साबिक पर कायम की जाय, और अदालत उस की सुनाई के लिये एक तारीख मुकर्रर होगी

(३) कोई हुक्म शिकमी कायदा २ के बमूजिब सादिर नहीं किया जायगा, जबतक के ऐसी दरखास्त की इत्तला तहरीरी फरीक सानी पर तामील न हुई हो

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६२९ से कायम किया गया है.

जब हुक्म मनजूरी तजवीज सानी का अदालत अपील से उस मुकदमा में दिया जावे जो काबिल समाअत अदालत खफीफा के है और दावे की कीमत ५००) रू० से कम है तो हुक्म मनजूरी काबिल अपील के है (इ ला. रि

सानी को इत्तला दी जाय ताकि वह हाजिर होकर उस डिकरी या हुक्म के ताईद में जिस की तजवीजसानी की दरखास्त गुजरी हो उजरात पेश करे—और,

(ख) ऐसी दरखास्त ऊपर बिनाय दरयाफ्त होने अमर या शहादत जदीद के जिस की निसबत सायल बयान करे कि सायल को वरवक्त सादिर होने ऐसी डिकरी या हुक्म के उस का इल्म न था या जिस को वह पेश नहीं कर सक्ता था बगैर इस के मन्जूर न की जायगी कि बयान मजकूर का सबूत पूरा हो

तशरीह—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६२६ से कायम किया गया है.

जज जो तज्वीजसानी मन्जूर करे उस के लिये अब वजूहात लिखने की जरूरत नहीं है (इ ला. रि. मदरास जि० २३ सफा ४९८ वा २७ कलकत्ता सफा ३३५ प्रीवी कौंसिल).

इन अहकमात के खिलाफ जो हुक्म दिया जावे वह कायम नहीं रह सक्ता है (इ ला. रि. २२ कलकत्ता सफा ७३४—३७)

दरखास्त तजवीजसानी उस अदालत में जिस में दो या जियादा जज हों

५ अगर वह जज या कई जज उन में से कोई एक जज जिसने के वह डिकरीयां हुक्म सादिर किया हो जिस की तजवीजसानी की दरखास्त की जाय, तजवीजसानी की दरखास्त गुजरने के वक्त अदालत में काम करते हों, और बसबब गैर हाजरी या और किसी वजह से दरखास्त के गुजरने से छे महीना तक इस बात से माने नहीं हो कि डिकरी या हुक्म पर जिस की निसबत दरखास्त हो गौर करे, तो उस जज या उन जजों को या उन में से किसी को अखत्यार होगा कि दरखास्त की सुनाई करे, और अदालत के किसी दूसरे जज या जजों को अखत्यार न होगा कि उस की समायत करे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६२७ से कायम किया गया है.

कब दरखास्त नामनजूर होगी

६ (१) अगर दरखास्त तजवीज सानी की समाअत एक से जियादा जज करें और दोनो तरफ से राय बराबर हो तो वह दरखास्त नामनजूर की जायगी

(२) अगर किसी तरफ कसरत राय हो तो तजवीज मुताबिक उसी कसरत राय के होगी

आर्डर-४८.

मुतफरकात.

१ (१) हर हुक्म नामा जो इस मजमूआ के रू से जारी किया जावे उस की तामील उस फरीक के खरचे से की जायेगी जिस की दरख्वास्त पर वह जारी हुआ. था, तावक्के कि अदालत और तरह का हुक्म नदे—

हुक्मनामा की तामील उस फरीक के खरचा से जिस ने जारी कराया

(२) रसूम अदालत बाबत ऐसी तामील, हुक्मनामा के जारी होने के पहले अनदर मियाद मुकर्रर अदालत वसूल कर लिया जायगा

तामील का खरचा

तशरीहः—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ९३ से कायम किया गयाहै.

२ कुल अहकाम, इत्तलानामे, और दीगर दस्तावेजात जो इस मजमूआ के मुताबिक किसी शख्स को देना या उस पर तामील करना, मनजूर हो उसी तरह तामील किये जायेंगे जिस तरह समन की तामील होना चाहिये

इत्तलानामा और हुक्म तहरीरी की तामील क्योंकी होगी

तशरीहः—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ९४ से कायम किया गया है

३ वह नमूने जो अपिनडिक्स में दरज हैं मै उस कदर रद्द वो बदल के जो हर मुकदमा के हालत के मुताबिक मुनासिब हों उस गरज के लिये काम में लाये जायेंगे जो उन में बयान किये गये है

अपेनडिक्स दरज किये हुये नमूनों का काम में लाया जाना

तशरीहः—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६४४ से कायम किया गया है

कलकत्ता जिल्द २२ सफा ७३४ ।

तजवीज सानी मनजूर करने के हुक्म से अपील नहीं हो सकती सिवाय उन सूरतों के जिन का जिक्र इस कायदा में किया गया है–यह अमर कि जिस अदालत ने तजवीज सानी मनजूर की है, उस ने बिला वजह काफी के ऐसा किया है, जायज वजह अपील की नहीं है (इ ला रि. कलकत्ता जिल्द २४ सफा ८७६)

जब तजवीज सानी मनजूर किये जाने का हुक्म अपील से मनसूख हो गया तो हुक्म अपील कतई है (६ कलकत्ता ला जरनल सफा २२५).

मनजूर की हुई दरखास्त रजिस्टर में दर्ज होगी और सुनाई के लिये हुक्म होगा

८ जब दरखास्त तजवीज सानी की मनजूर की जाय, तो उस की याददाश्त किताब रजिस्टर में लिखी जाय, और अदालत फौरन मुकदमे की समाप्त मुकर्रर में लग जावेगी, या निसबत समाप्त मुकर्रर के जो हुक्म मुनासिब समझे सादिर करे

तशरीहः—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६३० से कायम किया गया है.

बाज दरखास्तों के निसबत मुस्तसना

९, कोई दरखास्त वास्ते तजवीज सानी ऐसे हुक्म के जो किसी दरखास्त तजवीज सानी पर हुआ हो या वास्ते तजवीज सानी ऐसी डिकरी या हुक्म के जो बाद तजवीज सानी के सादिर हुआ हो मनजूर न होगा

तशरीहः—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६२६ के आखीर फिकरा से कायम किया गया है

आर्डर-४८.

मुतफरकात.

हुक्मनाम की तामील उस फरीक के खरचा से जिस ने जारी कराया

१ (१) हर हुक्म नामा जो इस मजमूआ के रू से जारी किया जावे उस की तामील उस फरीक के खरचे से की जायेगी जिस की दरखास्त पर वह जारी हुआ था, तावक्ते कि अदालत और तरह का हुक्म नदे—

तामील का खरचा

(२) रसूम अदालत बाबत ऐसी तामील, हुक्मनामा के जारी होने के पहले अनदर मियाद मुकर्रर अदालत वसूल कर लिया जायगा

तशरीहः—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ९३ से कायम किया गयाहै.

इतलानामा और हुक्म तहरीरी की तामील क्योंकी होंगी

२ कुल अहकाम, इत्तलानामे, और दीगर दस्तावेजात जो इस मजमूआ के मुताबिक किसी शख्स को देना या उस पर तामील करना, मनजूर हो उसी तरह तामील किये जायेंगे जिस तरह समन की तामील होना चाहिये

तशरीहः—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ९४ से कायम किया गया है

मअपेनडिक्स दरज किये हुये नमूनों का काम में लाया जाना

३ वह नमूने जो अपिनडिक्स में दरज हैं मै उस कदर रद्द वो बदल के जो हर मुकदमा के हालत के मुताबिक मुनासिब हों उस गरज के लिये काम में लाये जायेंगे जो उन[illegible] बयान किये गये हैं

तशरीहः—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६४४ से [illegible] किया गया है

आर्डर-४६.

अदालत हाई कोर्ट जो सनद शाही के रू से मुकर्रर की गई हैं.

१ जो इत्तलानामे वास्ते पेश करने दस्तावेज, समन बनाम गवाहान और दीगर अदालती कार्रवाई का हुक्मनामा जो अदालत हाई कोर्ट के अख्तयार समायत इब्तदाई सीगा दीवानी, और उन अख्तयारात से जो निसबत मामलात इजदवाज, और वसीयत और तरका गैर वसीयती के हाई कोर्ट को हासिल है सादिर किया जाये वह बइसतसनाये समन बनाम मुदायलेह और हुक्मनामा इजराय डिकरी और इत्तलानामे बनाम रिस्पांडेंट मारफत अटरनी पैरोकार मुकद्मा या मारफत उन शरसों के जिन को वह अटरनी नौकर रखे या मारफत किसी और शरस के जारी किये जा सक्ते हैं जिन को हाई कोर्ट किसी कायदे या हुक्म के जरिये से हिदायत करे

कौन शख्स हुक्म नामा अदालत हाई कोर्ट की तामील कर सक्ता है

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६३६ से कायम किया गया है.

२ इस जमीमा के किसी मजमून से यह समझा जायगा कि उस से वह कायदे महदूद होंगे या उस असर का उन कायदों पर पड़ेगा जो वरक्त शुरू होने इस मजमूआ के निसबत तहरीर करने शहादत या तजवीज या अहकाम अदालत हाई कोर्ट मुकर्रर सनद शाही के जारी हों

मुसतसना निसबत अदालत हाई कोर्ट मुकर्ररा सनद शाही के

तशरीह.—यह कायदा नया है.

३ नीचे लिखे हुए कायदे किसी अदालत हाई कोर्ट मुकर्ररा हस्ब सनद शाही से जब कि वह अपने अख्तयारात मामूली या गैर मामूली समायत इब्तदाई सीगा दीवानी अमल में लाती हो, मुताल्लुक न होंगे—यानें

कायदों का ताल्लुक

(१) कायदा १० और कायदा ११ जिमन (ख) और (ग) आरडर नम्बर ७

(२) कायदा ३

(३) कायदा २ आरडर १६
(४) कायदा ५, ६, ८, ९, १०, ११, १३, १४, १५, और १६ (जहा तक शहदात लेने से ताल्लुक रखते है) आरडर १८ के
(५) कायदा १ से ८ तक आरडर २०, और

और कायदा ३५ आर्डर ४१ ऐसे हाई कोर्ट से ताल्लुक नहीं रखेगा, जो अपने अख्तयार सीगा अपील अमल में लाती हो

तशरीह —यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ६३८ से कायम किया गया है

आर्डर-५०.

अदालत मताल्लबेजात खफीफा मुफस्सिल.

अदालत मताल्लबे जात खफीफा मुफस्सिले

१ नीचे लिखे हुये हुक्म उन अदालतों से मुताल्लुक न होंगे जो कानून मताल्लबेजात खफीफा सन १८८७ ई० के रूसे कायम की गई हो—या उन अदालतों से भी मुताल्लुक नहीं होंगे जो कि अख्त्यारात अदालत मताल्लबेजात खफीफा कानून मजकूर के रूसे अमल में लाय—यानी,

(क) यह जमीमा उस कदर जो मुताल्लुक हों

(१) ऐसे मुकदमात से जो काबिल समाअत अदालत खफीफा न हो या ऐसे मुकदमा की डिकरीयों के इजरा से—

(२) इजराय डिकरी निसबत जायदाद गैर मनकूला या निसबत हक शरीकदार जायदाद शराकत से

(३) करार दिये जाने अमर तनकीह तलब से—और,

(ख) नीचे लिखे हुये कायदे वो आर्डर

आर्डर २ कायदा १ [तरतीब मुकदमा]
आर्डर १० कायदा २ [तहरीर इजहार फरीकैन]

आर्डर १५ सिवाय उस कदर हिस्सा, कायदा ४ के जो निसबत फौरन सुनाने फैसला के है

आर्डर १८ कायदा ५ से १२ तक [शहादत]
आर्डर ४१ से ४५ तक [अपील]

आर्डर ४७ कायदा २, ३, ५, ६, ७, [तजवीजसानी]

तशरीह — यह कायदा नया है

शामलात हिन्दू खानदान का बाप बतौर मेम्बर मुन्तजिमकार के, खानदान के जायदाद शामलाती का बटवाड़ा करना सुपुर्द पनचायत कर सक्ता है (इ ला. रि १६ अलाहाबाद सफा २३१)

जब किसी फरीक ने किसी मुख्त्यार को पैरवी मुकदमा का अख्त्यार दे दिया और मुख्त्यार ब रजामन्दी बो इल्म फरीक के मुकदमा सुपुर्द पनचायत किये जाने में रजामन्दी दे तो वह मनसूखी फैसला पनचायती की दरखास्त नहीं कर सक्ता (इ ला रि मदरास जि० ६ सफा ४५१)

कोई फैसला पनचायती जो उस हुक्म सुपुर्दगी पर सादिर किया गया जिस में कुल गरजमन्द फरीक की रजामन्दी नहीं थी तो वह कानून के रूसे नाजायज है (६ कलकत्ता वीकली नोट सफा ८७३)

कोई अदालत जिस के पास कुछ तनकहात, तहकीकात के लिये भेजी गई है हुक्म सुपुर्दगी पनचायत का नहीं दे सक्ती (इ ला रि अलाहाबाद जि० ७ सफा ५२३) मगर अदालत अपील किसी मुकदमा को सुपुर्द पनचायत कर सक्ती है (इ. ला रि. अलाहाबाद सफा २४३)

पनचायत तीन सूरतों में होगी —

(१) जब नालिश दायर हुई हो और गरज मन्द फरीकैन पनचायत झगड़े वाली चीज करना चाहे—

(२) जब फरीकैन ने नालिश दायर न की हो, और दायर करने के पेश्तर वे चाहे कि उनका झगड़ा पनचायत से तोड़ा जावे—और यह इकरार करे कि अदालत से पच मुकर्रर कर दिये जावे तो इस सूरत में फरीकैन दफा १७ के बमूजिब दरखास्त पनचायत पेश कर सक्ते हैं—

(३) जब फरीकैन पनचायत घर में करालें और पच के लोग पनचायत करदें, और यह सब काम बगैर मदद अदालत के हों, मगर फरीकैन यह चाहें, कि पनचायती फैसला की तामील अदालत से की जाय, तो ऐसी सूरत में दफा २० की मुताबिक कार्रवाई करना चाहिये—

जमीमा दूसरा.

सालसी.

मुकदमा की सालसी याने पनचायत.

फरीकैन हुक्म सालसी के लिये दरखास्त दे सके हैं

१ (१) अगर किसी मुकदमा में कुल गरजमन्द फरीकैन को यह मन्जूर हो कि कोई अमर जो मुकदमे में उन के दरम्यान झगड़ा तलब हो, फैसले के वास्ते सुपुर्द पनचायत किया जाय तो वे किसी वक्त फैसला सुनाय जाने के पहले इस बात की दरखास्त अदालत में दें, कि सुपुर्दगी पंचायत का हुक्म दिया जाय.

(२) ऐसी हर दरखास्त तहरीरी होगी-और वह अमर जिस को पनचों के सुपुर्द करना मन्जूर हो उस में लिखा जायगा

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५०६ से कायम की गई है यह दफा उस वक्त लागू है जब कि फरीकैन मुलतवी मुकदमा के दौरान में आने झगड़े का सुपुद पनचायत करने का इकरार करे दफा १७ उस वक्त लागू है जब कि कोई मामला मुलतवी नहीं है (इ. ला रि ३० कलकत्ता सफा २१८-२८).

जब कि फरीकैन के दरम्यान में कोई अमर झगड़ा तलब नहीं है, तो कोई सुपुरदगी पनचायत नहीं हो सक्ती (इ. ला रि ६० कलकत्ता सफा ८३१)

एक मरतबा जो सुपुर्द पनचायत कर दिया गया, वह बेजा तौर पर मनसूख नहीं किया जा सक्ता (इ ला. रि २९ अलाहाबाद ४६).

मुकदमा सुपुर्द पनचायत करने के बाद मुकदमा उठाया नहीं जा सक्ता (इ. ला रि. अलाहाबाद जि० ९ सफा १६८).

अलफाज़ "कुल गरजमन्द फरीकैन" वह फरीकैन में शामिल नहीं है जो कभी हाजिर अदालत नहीं हुये, और जिन के और फरीकैन के दरम्यान जो सुपुर्दगी पनचायत के फरीक हैं, दर असल कोई अमर मुकदमा झगड़ा तलब नहीं है (इ ला. रि २४ अलाहाबाद सफा २२९)

शामलात हिन्दू खानदान का बाप बतौर मेम्बर मुन्तजिमकार के, खानदान के जायदाद शामलाती का बटवाड़ा करना सुपुर्द पनचायत कर सक्ता है (इ ला. रि १६ अलाहाबाद सफा २३१)

जब किसी फरीक न किसी मुखत्यार को पैरवी मुकदमा का मुखत्यार दे दिया और मुखत्यार व रजामन्दी वो इल्म फरीक के मुकदमा सुपुर्द पनचायत किये जाने में रजामन्दी दे तो वह मनमूखी फैसला पनचायती की दरखास्त नहीं कर सक्ता (इ ला रि मदरास जि० ६ सफा ४५१)

कोई फैसला पनचायती जो उस हुक्म सुपुर्दगी पर सादिर किया गया जिस में कुल गरजमन्द फरीक की रजामन्दी नहीं थी तो वह कानून के रूसे नाजायज है (६ कलकत्ता वीकली नोट सफा ८७३)

कोई अदालत जिस के पास कुछ तनकहात, तहकीकात के लिये भेजी गई है हुक्म सुपुर्दगी पनचायत का नहीं दे सक्ती (इ ला रि अलाहाबाद जि० ७ सफा ५२३). मगर अदालत अपील किसी मुकदमा को सुपुर्द पनचायत कर सक्ती है (इ. ला रि. अलाहाबाद सफा २४३)

पनचायत तीन सूरतों में होगी —

(१) जब नालिश दायर हुई हो और गरज मन्द फरीकैन पनचायत झगड़े वाली चीज करना चाहे—

(२) जब फरीकैन ने नालिश दायर न की हो, और दायर करने के पेश्तर वे चाहे कि उनका झगड़ा पनचायत से तोड़ा जावे—और यह इकरार करे कि अदालत से पच मुकर्रर कर दिये जावे तो इस सूरत में फरीकैन दफा १७ के बमूजिब दरखास्त पनचायत पेश कर सक्ते हैं—

(३) जब फरीकैन पनचायत घर में करालें और पच के लोग पनचायत करदें, और यह सब काम बगैर मदद अदालत के हों, मगर फरीकैन यह चाहें, कि पनचायती फैसला की तामील अदालत से की जाय, तो ऐसी सूरत में दफा २० की मुताबिक कार्रवाई करना चाहिये—

हुक्म यह है कि कुल गरजमन्द फरीकैन मुकदमा को दरखास्त पनचायत की देना चाहिये—अगर कुल फरीकैन दरखास्त न दें तो पनचायत कराने का हुक्म और पनचायत का फैसला दोनों नाजायज समझे जायेंगे मसलन, (अ) ने साझेदारी हिसाब समझने की नालिश (ब) वो (क) पर की (अ) और (ब) ने पनचायत कराने की दरखास्त दिया—(क) ने दरखास्त नहीं दिया—और न दरखास्त में उसके दस्तखत थे, तो इस सूरत में हुक्म पनचायत वो फैसला पनचायत दोनों नाजायज करार दिये गये (इ. ला. रि. मदरास जि० २६ सफा ४७).

फर्ज करो (अ) ने (ब) वो (क) पर नालिश दायर किया और यह दादरसी चाहा कि झगड़े वाली जायदाद पर उसका हक वमुकाबले हक (ब) के करार दिया जावे, और (क) से कब्जा जायदाद दिलाया जावे—(अ) वो (ब) ने दरखास्त पनचायत दी इस बात के तसफिया होने के लिये कि जायदाद का मालिक कौन है (अ) या (ब) व उस जायदाद पर किस का हक है—इस दरखास्त पनचायत में (क) शामिल नहीं हुआ तो इस सूरत में हुक्म पनचायत वो फैसला पनचायत इस सबब नाजायज नहीं होगा कि (क) शामिल नहीं हुआ—क्योंकि (क) गरजमन्द फरीक नहीं था—मगर वह फैसला पनचायत का पाबन्द न होगा (इ ला. रि. अलाहाबाद जि० २४ सफा २२६).

२ पच की मुकर्ररी फरीकैन के तरफ से वमूजिब उस तरीके के होगी जो फरीकैन के दरम्यान करार पाय.

पच की मुकर्ररी

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५०७ के फिकरा (१) से कायम की गई है

जज फरीक की रजमन्दी से बतौर पंच कार्रवार कर सक्ता है (इ. ला. रि २६ मदरास सफा ७६ वो २३ बम्बई सफा ७५२). जब कि जज इस तरह से कार्रवाई करे तो उस के डिकरी की नाराजगी से अपील नहीं हो सक्ती (१० कलकत्ता वीकली नोट सफा ८३५).

गो पश्चिम उत्तर देश में हुक्म सरकार का यह है कि कोई सरकारी मुलाजिम बतौर पच कार्रवाई न करे, मगर कार्रवाई पचायती इस हुक्म के वजह से नाजायज

नहीं हो जाती (४ अलाहाबाद ला, जरनल सफा ८६)

हुक्म हवालगी

३ (१) अदालत बजरिये हुक्म के वह अमर मुतनाजीया मुकदमा पंच के हवाला करेगी जिस का तसफिया उस को करना है—और वास्ते सादिर करने फैसला पचायती के एक मियाद मुकर्रर करेगी जो उस के नजदीक मुनासिब हो—और ऐसी मियाद हुक्म मजकूर में लिखी जायगी

(२) अगर कोई मामला पचों के सुपुर्द किया जाय, तो अदालत उस मामले के निसबत मुकदमा में कारवाई न करे—सिवाए उस तरीका के, और उस हद तक जो इस जमीमा में दर्ज है

तशरीह —यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५०८ से कायम की गई है

पचों का फैसला उस अमर पर जो दरम्यान फरीकैन झगड़ा तलब नहीं है न उन के सुपुर्द किया गया है रद्दी और नाजायज है (१५ वीकली रपोर्ट सफा १७२).

पचों को मानवी अख्तयार खरचा के अमर का हुक्म देने के निसबत नहीं है (इ ला रि बम्बई जिल्द ७ सफा ८२)

मुद्दत जो मुकर्रर की गई वह तमूजिब दफा ८ बढ़ाई जा सकती है—जब कोई मुद्दत मुकर्रर नहीं की गई है तो जो फैसला पचायती सादिर किया जावे, वह नाजायज है (इ. ला. रि अलाहाबाद जिल्द १३ सफा ३००).

फैसला पचायती सादिर किया गया, मगर अनदर मियाद मुकर्रर दाखिल अदालत नहीं हुआ तो वह नाजायज नहीं है (इ ला रि. बम्बई जिल्द १३ सफा ११६)

जब दो या जियादा पच हों तो इत्तफाक राय के बाबत हुक्म साफ दिया जायगा

४ (१) अगर मुकदमा दो या कई पचों के सुपुर्द हो तो हुक्म सुपुर्दगी में पच के इत्तफाक राय की सूरत के लिये नीचे लिखा हुआ हुक्म दिया जायगा —

(क) बजरिये मुकर्ररी सरपच—या

(ख) यह करार दिया जायगा कि जब पचों की जियादा तादाद इत्तफाक करे, तो फैसला कसरत राय पर होगा—या

(ग) पचो को अख्तयार दिया जायगा कि वह अपनी तजवीज से, एक

सरपच मुकर्रर करें—या

(घ) और जिस तरह से कि फरीकैन के दरम्यान करार पाये—या अगर फरीकैन राजी न हों तो जिस तरह अदालत तजवीज करे

(२) अगर कोई सरपच मुकर्रर किया जावे तो अदालत उस कदर मियाद जो मुनासिब मालूम हो उस का फैसला सादिर होने के लिये मुकर्रर करेगी—बशरतेकि उस से काम लिया जाय

तशरीह —यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५०९ से कायम की गई है.

जब फरीकैन ने दो पच और एक सरपच मुकर्रर करने, और मुकदमा उन के सुपुर्द करने की दरखास्त की, और उन के फैसले पर चाहे वह उन के इत्तफाक राय से हो या कसरत राय से अपनी पाबदी जाहिर की तो राय यह करार पाई कि सरपच का फैसला उस हालत में कि जब पच लोग मुकदमे का फैसला नहीं कर सके, जायज समझा जायगा (इ. ला. रि. मदरास जिल्द ४ सफा ३११).

फरीकैन के उस इकरारनामा से जो निसबत इस के है कि वह पच जिन का नाम उन्होंने दरम्यान फरीकैन पचायत करने का बतलाया है सिरफ फैसला करें तो उस मे यह अखत्यार मानवी नहीं निकल सक्ता है कि वे सरपच मुकर्रर करें (इ. ला. रि अलाहाबाद जिल्द ८ सफा ६४)

जब पचों को अखत्यार सरपच मुकर्रर करने का दिया गया है तो वे यह काम किसी दुसरे के सुपुर्द नहीं कर सक्ते हैं (इ ला रि. बम्बई जिल्द १७ सफा १२९)

जब कि पचों को उन सात शख्सों में से जिन का नाम हुक्म सुपुर्दगी में दर्ज है, सरपच मुकर्रर करने का अखत्यार दिया गया तो वे उस शख्स को सरपच मुकर्रर नहीं कर सक्ते जिस का नाम उन में नहीं है (७ मदरास हाई कोर्ट रिपोर्ट सफा ७२).

पच अपना काम गैर शख्स का जो पच न हो सिपुर्द नहीं कर सक्ता—मगर लिखने [illegible] दूसरे शख्स से करा सक्ता है—एक पच ने पैमाय[illegible]या इससे यह नहीं समझा जायगा कि उसने [illegible] ला रि. कलकत्ता जि० २९

५ (१) नीचे लिखे हुए सूरतों में से किसी सूरत में याने
बाज सूरतों में अदालत पंच मुकर्रर कर सकती है

(क) अगर फरीकैन एक मियाद मुनासिब के अन्दर कोई पंच मुकर्रर करने के निसबत इत्तफाक न करे या वह शख्स जो पंच मुकर्रर हुआ हो, पनचायत करने से इनकार करे—या

(ख) अगर पंच या सरपंच

(१) मर जावे—या

(२) पंचायत करने से इनकार करे या पनचायत करने में गफलत करे, या पंचायत करने के लायक न रहे—या

(३) ऐसे हालत में ब्रिटिश इनडिया के बाहर जाय, जिन से मालूम हो कि वह शायद जल्द वापिस नहीं आयगा—या

(ग) अगर हुक्म सालसी के बमूजिब पंचों को अख्तयार मुकर्रर करने सरपंच का दिया गया हो, और वह मुकर्रर न करें

तो कोई फरीक, दूसरे फरीक को या पंचों के पास याने जैसी सूरत हो- इत्तलानामा तहरीरी वास्ते मुकर्ररी पंच, या सरपंच के पहुंचा सकता है

(२) अगर पूरे सात रोज के अन्दर उस पहुंचने ऐसे इत्तलानामे के या उस जियादा मियाद के अन्दर जिस की अदालत हर सूरत में इजाजत दे, कोई पंच या सरपंच याने जैसी सूरत हो, मुकर्रर न हो तो अदालत बरबक्त गुजरने दरख्वास्त उस फरीक के जिस ने इत्तलानामा पहुंचाया हो और बाद इस के कि फरीक सानी को सुनाई का मौका दिया गया हो, एक पंच या सरपंच मुकर्रर कर सकती है, या हुक्म निसबत मनसूखी पनचायत सादिर करे और ऐसे सूरत में मुकदमे की कार्रवाई शुरू करे

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५१० वो ५०७ (२) वो ५११ से कायम किया गया है

यह दफा उन मुकदमात में लागू है जिस में पहले पंचों ने कबूल कर लिया और बाद को इकार किया (इ. ला रि. मदरास जि० ६ सफा ४१४)

जब कि कुछ पंचों ने पनचायत करने से इनकार कर दिया और बाकी पंचों ने फैसला किया तो अदालत उन फैसले पर डिकरी सादिर नहीं कर सकती — अदालत या तो दूसरा पंच मुकर्रर करे या कार्रवाई मुकदमा की चालू करे (इ

ला रि. अलाहाबाद जि० ७ सफा ५२३).

कोई पच बाद पूरी करने तहकीकात के बीमार पड़ जावे और मिसल अदालत में वापिस कर देवे—बाद को उस मियाद के अन्दर जो वास्ते सादिर करने फैसला पनचायती मुकर्रर की जावे वह फैसला पनचायत पर दस्तखत करके वापिस अदालत कर देवे—तो यह करार नहीं दिया जा सकता कि उसने कार्रवाई करने में गफलत की या उस ने इनकार किया बलाकि ऐसी सूरत में फैसला पनचायती जायज रहेगा (१ अलाहाबाद ला. जरनल सफा ५८३).

जब किसी मामले के तसफिया के लिये सिर्फ एक पच मुकर्रर किया गया तो सरपच मुकर्रर नहीं हो सकता (२५ वकिली रपोर्ट सफा ११)

इस दफा वो दफा ८ में लिखे हुये वजूहात पर हुक्म हवालगी पनचायत मनसूख हो सक्ता है (११ मदरास ला जरनल रिपोर्ट सफा १२८).

हवालगी पनचायत का हुक्म मनसूख करने के बाद अदालत को मुकदमा के समायत के लिये एक तारीख मुकर्रर करके फरीकैन को इत्तला देना चाहिये (२३ वकिली रपोर्टर सफा २१).

जब कि पनचायत में मुकदमा सुपुर्द करने के इकरारनामे से अदालत को सरपच मुकर्रर करने का अखत्यार नहीं दिया गया है तो अदालत सरपच मुकर्रर नहीं कर सक्ती (इ. ला. रि अलाहाबाद जि० ८ सफा ६४).

अदालत सिर्फ इस दफा के रू से पच मुकर्रर कर सक्ती है—जब कोई फरीक कोई पच चुन लेवे तो वह इस वजह पर अदालत से दूसरा पच चुनने के लिये नहीं कह सक्ता है कि वह पच जिस को उस ने चुना था फरीकसानी का दोस्त निकला (३ अलाहाबाद ला जरनल सफा १८५).

अगर कोई पच फरीक का कर्जदार हो और यह बात दूसरे फरीक को मालूम न हो तो मालूम होने पर वह दूसरा फरीक वैसे पच के मुकर्रर होने के लिये उजर कर सकता है—(इ. ला. रि. कलकत्ता जि० २६ सफा २७८).

६ हर पंच या सरपच जो फिकरा ४ या ५ के बमूजिब मुकर्रर हो उसे मुकदमा में कारबंद होने का उसी तरह अखत्यार होगा कि मानो उस का नाम हुक्म सुपुर्दगी मुकदमा पंचायत में दर्ज था

जो पंच या सरपच बमूजिब फिकरा ४ या ५ मुकर्रर किया जाय उस के अखत्यारात

तशरीह—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५१२ से कायम की गई है

गवाहों की तलबी और उन की गैरहाजरी

७ (१) अदालत को लाजिम है कि बनाम उन फरीकैन और गवाहों के जिन का इजहार पंच या सरपंच लेना चाहते हों वैसे हुक्मनामे जारी करे जैसे कि अदालत अपने इजलास के मुकदमात में सादिर करती है

(२) जो शरत के मुताबिक हुक्मनामा मजकूर हाजिर न हो या उन से और किसी तरह का कुसूर हो, या शहादत देने से इनकार करे, या तहकीकात मुकदमा में पंच या सरपंच के निसबत गुस्ताखी करे, तो वह मुस्तौजिब इस अमर के होंगे कि ऐसा तावान और तादारूक और सजा अदालत के हुक्म से दरखास्त पंच या सरपंच के गुजरने पर आयद हो जैसे अदालत फैसला होने मुकदमात के अदालत में बवजह उनहीं कसूरों के आयद होती

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५१३ से कायम की गई है

बढ़ाया जाना मियाद की वास्ते सादिर होने फैसला पचायत के

८ अगर पंचान या सरपंच मियाद मुन्दर्जा हुक्म के अन्दर अपने फैसले को पूरा न कर सकें, तो अदालत वास्ते दाखिल होने फैसले के अगर मुनासिब समझे जियादा मियाद दे और चाहे पहले या बाद गुजरने उस मियाद के जो वास्ते सादिर होने फैसला पचायती के मुकर्रर हुई हो बवक्त फवक्त उस को बढ़ाती रहे या हुक्म निसबत मनसूखी पचायत के सादिर करे—और ऐसी सूरत में मुकदमे की कार्रवाई शुरू करेगी

तशरीह—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५१४ से कायम की गई है

मोहलत बढ़ाने की दरखास्त तहरीरी होना चाहिये (इ ला रि मद्रास ३ सफा ५६)

अदालत इस दफा की रूसे फैसला पचायती सादिर होने के पहले किसी वक्त कार्रवाई कर सक्ती है (इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द १४ सफा ३४३)

किस सूरत में सरपंच बजाय पंचों के कार्रवाई कर सकेगा

९ जब सरपंच मुकर्रर हो चुका तो उसे अख्तियार होगा कि बजाय पंचों के नीचे लिखे मूरतों में मुकदमे की खुद तजवीज करे

[क] अगर उन्हों ने मियाद मुकर्ररा को बिला सादिर करने फैसला के गुजरने दिया हो—या

[ख] जब उन्हों न अदालत या सरपच को इत्तला तहरीरी इस अमर की दी हो, कि उन लोगों में इत्तफाक राय की नहीं हो सक्ती है

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५१५ से कायम की गई है.

फैसला सालसी दरखास्त होकर अदालत में दाखिल होगा

१० जब मुकद्दमे में फैसला सालसी सादिर हो तो वह शख्स जिन्हों ने उस को सादिर किया है उस पर दस्तखत करके उस को अदालत में मैं किसी इजहारात और दस्तावज के जो उन के रूबरू ली गई हो और साबित हुई हो भेज दे—और इत्तला दाखिल करने फैसला पचायती की फरीकैन को दी जाय

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५१६ से कायम की गई है.

अदालत पर यह फर्ज है कि फैसला पचायती दाखिल होने की इत्तला फरीकैन को दे (इ. ला. रि अलाहाबाद जिल्द २० सफा ४७४)

मसौदा फैसला पचायती का जिस पर पच के दस्तखत हैं वह फैसला पचायती है (२ मदरास हाई कोर्ट रिपोर्ट सफा १७८)

उस सूरत में कि जब फरीकैन को फैसला पचायती दाखिल होने के बगैर डिकरी सादिर कर दी जाय तो वह डिकरी नाजायज है (इ ला. रि. ममरास जिल्द ११ सफा १४४)

पचों को एक ही वक्त और दूसरे के रूबरू फैसला पचायती पर दस्तखत करना जरूर नहीं है (इ ला. रि मदरास जिल्द १८ सफा २२)

जब तीन पच में से दो पच सिर्फ फैसला पचायती पर दस्तखत करके अदालत में दाखिल कर दे और तीसरा पच बाद दाखिल होने फैसला पचायती के अदालत में दस्तखत करे तो वह फैसला पचायती नाजायज है (इ. ला रि कलकत्ता जिल्द ३३ सफा ४९८)

जब कि फैसला पचायती सादिर कर दिया गया [illegible] को उस के तजवीज

सानी करने का अखत्यार नहीं है (इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द ६ सफा ५७५).

हर पच की हाजरी पचायती की हर बैठक में और खास कर आखीर बैठक में जब कि फैसला किया गया, फैसला को जायज बनाने के लिये जरूर है—(इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द ५ सफा ५३२).

तहरीर बतौर मुकदमा खास मिन जानिब पच या सरपच

११ अगर कोई मुकदमा अदालत के हुक्म से पचों के सुपुर्द किया गया हो तो पनचान या सरपच को अखत्यार होगा, कि अदालत की इजाजत से अपनी पचायती तजवीज को निसबत कुल या जुज उस अमर के जो सुपुर्द सालसी हुआ हो,बतौर मुकदमा खास अदालत की राय के वास्ते तहरीर करे-और अदालत उस की निसबत अपनी राय लिखेगी-और वह राय फैसले में शामिल होकर फैसले का एक जुज करार पायेगी

तशरीह —यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५१७ये कायम किया गया है.

फैसला सालसी मे तरमीम या उस का दुरुस्तगी करने का अखत्यार

१२ अदालत बजरिये हुक्म के फैसला पचायती की तरमीम या उस की दुरुस्तगी कर सकती है

(क) जब यह मालूम हो कि फैसला सालसी का कोई हिस्सा एक ऐसे अमर की बाबत है जो सुपुर्द सालसी नहीं किया गया था और जुज मजकूर बकीया हिस्सा से अलेहदा हो सका हो, और तजवीज सालसी पर जो सुपुर्द किये हुये अमर के निसबत है असर नहीं पहुचता है—या,

[ख] जब कि फैसला सालसी का ठीक नमूना में न हो, या उस में कोई ऐसी गलती सरीह पाई जाती हो जिस की दुरुस्तगी तजवीज सालसी मजकूर मे असर पहुचाने के बगैर हो सकी है—या

[ग] जब फैसला सालसी में कोई लफ्जी गलती हो, या कोई ऐसी गलती हो जो इतफाकन हो या भूल से हुई हो

तशरीह —यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५१८ से कायम की गई है जिसमन (ग) नया है

जब कि फैसला पनचायती का एक हिस्सा निसबत उस अमर के है जो उन

के हवाला वास्ते फैसला के किया गया और दूसरा हिस्सा उस अमर के बाहर है मगर दोनों हिस्से अलेहदा होने के लायक हैं तो कुल फैसला पनचायती नाजायज नहीं है (इ. ला. रि. २९ कलकत्ता सफा ८५४ प्रीवी कौंसिल)

लेकिन अगर अलेहदा होने के लायक न हो तो मामला फिर पचों के पास दफा १४ के रू से वापिस करना चाहिये–देखो इसी आर्डर की १४ (क) फैसला पचायत निसबत उन अमूरात के जो सिपुर्द नहीं किये गये नाजायज समझा जायगा (इ ला रि. अलाहाबाद जि० २३ सफा ३९४ व इ ला रि. मदरास जि० २९ सफा ३०३).

हुक्म निसबत खरचा पनचायत के

१३ अदालत को अख्त्यार है कि हुक्म मुनासिब निसबत खरचा पनचायत के सादिर करे–ब शरते कि कोई सवाल निसबत खरचा मजकूर के पैदा हुआ हो और फैसला मजकूर में खरचा के निसबत तजवीज काफी दरज न हुई हो

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५१९ से कायम की गई है

कब फैसला सालसी या वह अमर जो पचों के सुपुर्द किया गया हो वापिस किया जा सक्ता है

१४ अदालत फैसला सालसी को या किसी अमर को जो पचों के सुपुर्द किया गया हो वास्ते नजरसानी के उन्ही पचों या सरपच के पास ऐसी शरायत के साथ जो उस के नजदीक मुनासिब मालूम हों वापिस कर सक्ती है—याने,

(क) उस हाल में कि हवाला किये हुये अमूरात में से कोई अमर बिला तजवीज रह गया हो—या जो अमर के सालसों के सुपुर्द नही किया गया था उस की तजवीज हुई हो तावक्के कि अमर मजकूर हवाला किये हुये अमर की तजवीज में असर पहुचाने के वगैर अलेहदा न किया जा सक्ता हो

(ख) जिस हाल में कि फैसला पचायती ऐसा मोहमील हो कि तामील उस की ना मुमकिन हो

(ग) जिस हाल में कि फैसला पचायती के देखने से कोई एतराज निसबत जायज होने फैसला मजकूर के पाया जाता हो

तशरीह यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५२० से कायम की गई है.

एक्ट के रू से जो पचायती हो उस में यह दफा लागू ०। २९ सफा ७९३)

जब कि पचों का फैसला पंचायती वास्ते तसफिया मुकदमा के काफी है तो अगर उस फैसले से वह कुल अमूरात जो सुपुर्द किये गए थे तसफिया नहीं पाय हैं तो वह वापिस नहीं होना चाहिये (इ. ला रि १६ कलकत्ता सफा ८०६).

अगर फैसला पचायती मे फरीकैन को किसी अमर के बजात बजरिये नालिश नबरी चारासोई करने का अख्तयार दिया गया है तो वह फैसला नाजायज नहीं है (इ. ला. रि १५ मदरास सफा ३४८).

१५ (१) जो फैसला के कायदा १४ के रू से वापिस किया गया हो अगर पच या सरपच उस पर नजरसानी न कर सकें तो वह नाजायज हो जायगा—लेकिन कोई फैसला सालसी काबिल मनसूखी न होगा सिवाय नीचे लिखे हुये वजह में से किसी वजह पर याने —

वजह मनसूखी फैसला पचायती

(क) पच या सरपच के रिशवत लेने या बद चलनी के,

(ख) किसी फरीक का इस तरह पर कुसूवार होना कि जिस अमर को उसे जाहिर कर देना जाहिये था वह उस ने फरेब से छिपा रखा, या जान बूझ कर पच या सरपच को मुगालता या धोका दिया हो

(ग) फैसला सालसी बाद उस हुक्म के किया गया हो जो कि अदालत ने निसबत मनसूखी सालसी और जारी करने कार्रवाई मुकदमा के सादिर किया हो या बाद गुजरने उस मियाद के किया गया हो जो अदालत की तरफ से मुकर्रर की गई थी या फैसला सालसी किसी और तरह नाजायज हो

(२) अगर कोई फैसला सालसी जिमन [१] के वमूजिब नजायज हो जाय या मनसूख कर दिया जाय तो अदालत हुक्म मनसूखी सालसी के सादिर करेगा और ऐसी सूरत में मुकदमे की कार्रवाई जारी रखेगी

तशरीह — यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५२१ से कायम की गई है शिकमी दफा २ नई है.

इस दफा के वो दफा १६ के अहकामात अदालत अपील से मुताल्लुक हैं (इ. ला रि अलाहाबाद जिल्द १० सफा ८)

कोई फैसला पचायती इस दफा के रू से इस वजह पर मनसूख नहीं किया जा सक्ता कि हुक्म इसालसी वमूजिब दफा १ में बेजाब्तगी है (११ कलकत्ता

जिस फैसला पचायती के रू से डिकरी सादिर की गई तो उस पर से अपील बवजह बदचलनी पच नहीं हो सकी (८ कलकत्ता वीकली नोट सफा ६१६).

फैसला पचायत सिर्फ निस्बत अमूरात वाकैआती ही कतई यो गैर काबिल अपील न होगा, बल्कि निस्बत अमर कानूनी भी कतई वो गैर काबिल अपील होगा, गो पचों ने वैसे कानून को समझने में गलती की हो—(इ. ला रि. कलकत्ता जि० २६ सफा १६७ प्रिवी कौंसिल).

अपील सिर्फ दो सूरतों में होगी :—

(१) जब कि डिकरी फैसला से जियादा हो या (२) फैसला के मुताबिक न हो—

हुक्म पंचायत बमूजिब इकरारनामा.

दरखास्त वास्ते दाखिल करने इकरारनामा सालसी अदालत में

१७ (१) अगर कोई शख्स बजरिये इकरारनामा तहरीरी के यह बात कबूल करें कि कोई झगडा जो उन के दरम्यान में हो वास्ते पचायत के सुपुर्द किया जाय तो फरीकैन इकरार नामा या उन में से कोई उस अदालत में जिस को झगड़ा मुन्दरजे इकरारनामा के निसबत अख्तयार समाअत का हासिल हो दरखास्त इस की दे सक्ता है, कि इकरारनामा मजकूर अदालत में दाखिल किया जाय,

(२) दरखास्त तहरीरी होना चाहिये और उस पर नम्बर डाला जायगा और जब कि दरखास्त फरीकैन में से सब की तरफ से हो तो मुकद्दमा दरम्यान एक या कई फरीक के जो गरज रखते हैं या गरज मन्द होने के दावीदारों के बतौर मुद्दई, या मुद्दईयान और दूसरे एक या कई फरीक बतौर मुद्दायलेह या मुद्दायलेहुम के रजिस्टर में दर्ज किया जायगा और अगर दरखास्त कुल फरीक की तरफ से न हो तो दरम्यान सायल बतौर मुद्दई और दीगर शख्स बतौर मुद्दायलेहुम के कायम होगा

(३) अदालत यह हुक्म देगी कि इत्तला-
नामा बनाम के जो शरीक दरखास्त न हुये हों
इस अन्दर मियाद मुकर्ररा इत्तला

नामा के वजह काफी लिखवत न दाखिल होने इकरारनामा के पेश करें

(४) अगर कोई वजह काफी पेश न की जाय तो अदालत इकरारनामा दाखिल करने का हुक्म देगी और उस पच को जो इकरारनामा की शर्तों से मुकर्रर हुआ हो कार्रवाई पचायती करने का हुक्म देगी या अगर इकरारनामे में कोइ पच मुकर्रर न हो और फरीकैन में इत्तफाक न हो सके तो एक पच मुकर्रर कर देगी

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५२३ से कायम की गई है

यह दफा उस सूरत में लागू नहीं है जब कि एक मुकदमा मुलतवी है जिस से उस अमर पर असर पहुचता है जो कि सुपुर्द पचायत किया गया है (इ. ला रि. कलकत्त। जिल्द ३० सफा २१८-२६).

इस दफा के रूसे जो फैसला किया जावे वह डिकरी है और उस के नाराजी से अपील हो सकी है (इ ला रि मदरास जिल्द २२ सफा २६६)

इकरारनामे को दाखिल करने से इनकार करने का हुक्म काबिल अपील नहीं है (इ. ला रि. अलाहाबाद जिल्द ५ सफा ३३३)

याददाश्त अपील पर पूरा रसूम अदालत बमूजिब कीमत जायदाद मुतनाजिया के लगाया जायगा (इ. ला रि, अलाहाबाद जिल्द ५ सफा ३३३).

यह दफा उस वक्त लागू होगी जब मुकदमा दायर न हुआ हो, और लोग अपना झगड़ा पचायत की मारफत तोड़ना चाहे–और अगर नालिश हो गई है और फिर पचायत कराना चाहते हैं तो दफा १ के मुआफिक कार्रवाई की जावे—

मुलतवी किये जाना मुकदमा का दरखास्त इकरार नामासालसी के

१८ अगर कोई फरीक इकरारनामा सालसी या कोई ऐसा शरत जो बजरिये उस के दावीदार हो किसी दूसरे फरीक इकरारनामा के नाम या उस शरत के नाम जो बजरिये उस के दावीदार हो, किसी ऐसे अमर की निसबत नालिश दायर करे जिस के सालसी के बाबत फरीकैन में इकरार हुआ हो, तो किसी फरीक नालिश मजकूर को अख्तयार है कि जिस कदर जल्द मुमकिन हो, और हर हालत में अमर तनकीह तलब निकाले जाने के वक्त या उस के पहले, मुकद्दमा के मुलतवी किये जाने की दरखास्त अदालत में दे-और अगर अदालत का इतमीनान हो

जाये कि कोई काफी वजह नहीं है कि वह मामला हस्ब शरायत इकरारनामा सुपुर्द पनचायत क्यों न किया जाय और यह कि दरखास्त देने वाला वर वक्त दायरी नालिश कुल अमर जरूरी मुताल्के कार्रवाई सालसी के करने पर अमादा और राजी था, और अब तक है तो अदालत हुक्म मुलतवी किये जाने मुकदमा का सादिर कर सक्ती है

तशरीह:—यह कायदा नया है

यह दफा उस वक्त लागू होगी, जब मुकदमा पचायत के इकरार होने के बाद दायर किया जाय—

अहकाम मुताल्लिक कार्रवाई कायदा १७

१६ ऊपर लिखे हुये अहकाम जहा तक वह किसी इकरारनामा दाखिल शुदा बमूजिब कायदा १७ के खिलाफ न हो कुल कार्रवाई से जो बमूजिब हुक्म सादिर किया हुआ अदालत, निसबत सुपुर्दगी सालसी, हस्ब कायदा मजकूर अमल में आया हो और फैसला सालसी से और उस डिकरी से जो उस के बमूजिब सादिर हुई हो मुताल्लुक होंगे

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५२४ से कायम किया गया है

इस दफा से फैसला पचायत बवजह बद चलनी पच मनसूख करने की मुमानियत नहीं है गो इकरारनामे में यह जिकर हो कि फैसला मजकूर बतौर फैसला कतई मनजूर किया जायगा—(इ. ला. रि. मद्रास जिल्द ६ सफा ३६८).

पनचायत जो बिला तवस्सुत अदालत के हो.

दाखिल किया जाना फैसला पचायती का जो बिला तवस्सुत अदालत के हुआ हो

२० (१) जब कोई अमर बिला तवस्सुत किसी अदालत के सालसी में सुपुर्द किया गया हो और उस के बाबत फैसला पनचायती सादिर हो—तो हर शख्स जो फैसला से ताल्लुक रखता हो किसी ऐसी अदालत में जिसे वै मुतनाजीया फैसला पनचायती की समायत का अखत्यार हासिल हो इस अमर की दरखास्त दे सक्ता है कि फैसला पनचायती दाखिल अदालत किया जावे

(२) दरखास्त तहरीरी होना चाहिये और उस पर नम्बर डाला जायगा और दरज रजिस्टर होकर बतौर एक मुकदमा के तसव्वर की जायगी

जिस में सायल बतौर मुद्दई और दीगर अशखास बतौर मुद्दालेहुम होंगे

(३) अदालत हुक्म सादिर करेगी, कि इत्तलानामा बनाम उन शख्सों के जिन्होंने पंचायत कराई हो और शरीक दरखास्त न हुये हों इस बात का जारी हो कि अशखास मजकूर अन्दर मियाद मुकर्रर के वजह फाफी वास्ते न दाखिल होने फैसला पनचायती के पेश करें

तशरीह:—यह कायदा पुराने एक्ट की दफा ५२५ से कायम किया गया है

इस दफा के रूसे जो दरखास्त दी जावे वह उठा ली जा सक्ती है (इ. ला रि. कलकत्ता जिल्द ३१ सफा ५१६)

निसबत इस अमर के आया फरीकैन ने अमर मुतनाजीया सुपुर्द पनचायत किया है या नहीं अदालत को तहकीकात करने का अख्त्यार समाअत हासिल है और उस पर तहकीकात इस अमर की करना लाजिम है (इ ला. रि २८ अलाहाबाद सफा ६२१)

अदालत उस फैसला पचायती को दाखिल किये जाने से इनकार कर सक्ती है, जो निसबत उस मामले के हो जो सुपुर्द पचायत नहीं किया गया. (इ ला. रि २६ मद्रास सफा ३०२).

जब कि कोई फैसला पचायती गुम हो गया है, तो अदालत उस के निसबत शहादत मानकूली लेकर डिकरी सादिर कर सक्ती है. (इ ला रि १५ मद्रास सफा ६६).

नालिश निसबत इसतकरार हक इस अमर के कि फैसला पचायती फरेबन सादिर किया दायर नहीं हो सक्ती (इ. ला. रि. मदरास जिल्द २० सफा ८६).

इस दफा के रू से जो दरखास्त दी जावे उस पर कोर्टफीस मिसल दीगर दरखास्तों के चाहिये (इ ला. रि कलकत्ता जिल्द १० सफा ११)

इस कायदे के रू सेजो दरखास्त दी जावे उस की मियाद बमूजिब मद १७८ एक्ट मियाद के ६ माह तारीख फैसला पचायती से है—तारीख फैसला पचायती वह तारीख है जब कि वह फरीकैन को सुनाया गया (इ ला रि कलकत्ता जिल्द ६ सफा ५७५).

जब फरीक सानी के उजरों को नामनजूर करने के बाद डिकरी सादिर की गई तो अपील नहीं हो सकी (११ कलकत्ता वकिली नोट सफा २२०).

यह दफा उस सूरत में लागू होगी जब नालिश नहीं हुई है और लोगों ने अपने झगड़े का तसफिया बजरिये पचायत करा लिया है और पचों ने और पंचों ने फैसला कर दिया है—वैसा फैसला इस दफा के रू से अदालत में पेश करके बतौर मुकदमा वो डिक्री दर्ज रजिस्टर कराया जा सक्ता है दफा १७ उस वक्त लागू होगी जब नालिश होने के पेश्तर पचायत कराने का सिर्फ इकरार है, मगर पचों ने फैसला न किया हो—

दाखिल होना और अमल में आना फैसला पचायत का

२१ (१) अगर अदालत को इस बात का इतमीनान हो जाय, कि अगर मुतनाजिया सुपुर्द पचायत किया गया और उस के निसबत फैसला सादिर हुआ और अगर कोई ऐसा वजह जिस का जिकर कायदा १४ या कायदा १५ में है साबित न की जाय, तो अदालत फैसला मजकूर दाखिल करने का हुक्म देगी, और फैसला सालसी के मुताबिक अपना फैसला सादिर करेगी

(२) इस तरह से सुनाये हुये फैसला के मुताबिक डिकरी सादिर होगी और ऐसी डिकरी की नाराजी से अपील न हो सकेगी सिवाय उस कदर के जो उस फैसले में लिखे हुए से जियादा की डिकरी हो, या उस के मुताबिक न हो

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ५२६ से कायम की गई है, शिकमी दफा २ नई है.

अदालत फैसला पंचायत के जायज वो सच्चे होने के निसबत तसफिया कर सक्ती है (इ. ला. रि. २० मदरास सफा ८९).

इस दफा के मुआफिक जो हुक्म दिया जाय, वह काबिल अपील है—देखो दफा १०४—मगर डिक्री काबिल नहीं है—देखो फिकरा (२) इस दफा का—अगर हुक्म अपील होने पर मनसूख हो, तो डिक्री भी मनसूख समझी जावेगी—(कलकत्ता वी नो. जि० १९ सफा ९४८).

एक्ट दादरसी लास की कुछ इबारत का खारिज किया ~

२२ एक्ट ५।५ [illegible] सन [illegible] ७ई० की दफा २१ के आखीर के इकरारनामे पचायती या फैसला होगे, कि जिस से अहकामात

जमीमा हाजा ~

तशरीह —यह दफा नई है

३७ लफ्ज यह हैं "लेकिन अगर कोई शख्स जिसने ऐसा माहदा किया है (यानी माहदा पचायत में सिपुर्द करने का) और माहदा पूरा नहीं किया है उस झगड़े की निसबत नालिश दायर करे, जिसको पचायत में सिपुर्द करने का माहदा किया गया—तो वैसा माहदा दायरी नालिश में रुकावट करेगा"—यह लफ्ज बमूजिब अहकाम दफा १८ जमीमा साछसी से निकाल दिये गये हैं—

नमूनेजात

२३ नमूनेजात मुन्दरजे अपेनाडिक्स वास्ते मतलब मुकर्ररा के काम में लाये जायेंगे, और उन में हस्ब जरूरत रद्द बदल किया जावे—

तशरीह —यह दफा नई है

(इस जमीमा के नमूनेजात ५ है और वे जमीमा नमूनेजात में शामिल किये गये हैं).

देखो आखीर हिस्सा किताब का — जमीमा ४ के पास —

जमीमा-तीसरा.

इजराय डिकरी मारफत कलेक्टर.

१ जब किसी डिकरी का इजरा हस्ब दफा ६८ साहब कलेक्टर के पास मुन्ताकिल किया जावे तो वह

कलेक्टर के अख्त्यारात

(क) उसी तरह अमल करे, जिस तरह अदालत अमल करती अगर जायदाद गैर मनकूला का नीलाम मुलतवी किया जाय, ताकि मदशुन डिकरी जर डिकरी का इन्तजाम कर सके—या,

(ख) कुल या जुज जायदाद जिस के नीलाम का हुक्म है, उस को बाद अदाई जराना दवामी मियादी पट्टा पर देकर या उन को रहन करके रूपया डिकरी का जमा करे—या,

(ग) उस जायदाद को जिस के नीलाम का हुक्म है या उस के हिस्सा को जितना जरूर हो बेचे

तशरीह:— यह दफा पुराने एक्ट की दफा ३२१ से कायम की गई है, जो तीन सूरतें इस दफा में बतलाई गई हैं उन्ही में साहब कलेक्टर के अख्त्यारात महदूद हैं वह यह हुक्म नहीं दे सक्ता कि जर डिकरी बजरीये किस्तबंदी अदा किया जावें -(इ ला. रि बम्बई जिल्द ७ सफा ३३२).

२ जब इजरा किसी ऐसी डिकरी का मुन्ताकिल किया जाय, जिस में हुक्म नीलाम जायदाद गैर मनकूला का मुवाफिक एक माहदे के जिस का असर खास उसी जायदाद पर पहुंचता हो न दिया गया हो बलाकि वह डिकरी जर नक्द की हो जिस के अदाई के लिये अदालत ने हुक्म नीलाम जायदाद गैर मनकूला का दिया हो तो साहेब कलक्टर को अख्त्यार है कि अगर बाद उतनी तहकीकात के जो जरूरी मालूम हो उस को वजह इस बात की पाई जाय, कि कुल करजा मदयून डिकरी बिला नीलाम उस के कुल हासिल होने वाली जायदाद गैर मनकूला के अदा हो सक्ता है तो उस तरीका से जो इस में बाद को बयान किया गया है अमल करें

कलक्टर की कार्रवाई खास सूरतों म

तशरीह:—यह दफा पुराने [illegible] ८ ३२२ से कायम की गई है

३ (१) हर ऐसी सूरत में जिस का जिकर फिकरा २ में किया गया है, साहेब कलक्टर को चाहिये कि एक नोटिस कि जिस की तामील के लिये अरसा साट रोज का तारीख मुशतहरी से दिया जायगा इस हुक्म के साथ मुशतहर करे

नोटिस बनाम डिकरीदार और दीगर शख्सों के जो जायदाद पर कुछ दावा रखते हैं

(क) कि हर शख्स जो मदयून डिकरी के नाम ऐसी डिकरी जर नकद की रखता हो, जो उस की जायदाद गैर मनकूला के नीलाम से अदा हो सकी है, और जिस को डिकरीदार खुद उस तौर पर अदा कराना चाहता हो, और नीज हर शख्स जिस के पास ऐसी डिकरी जर नकद की हो जिस के वसूली के लिये कार्रवाई नीलाम जायदाद मजकूर की दायर है, एक नकल डिकरी की और सारटीफिकट उस अदालत का जिस ने डिकरी सादिर की हो, या जो उस की इजरा करता हो, साहेब कलक्टर के रूबरू पेश करे, जिस में यह लिखा हो कि डिकरी की रूसे किस कदर रूपया वाजबुल अदा है

(ख) और यह कि हर शख्स जो जायदाद मजकूर पर कुछ दावा रखता हो, अपने दावे का हाल लिख कर साहेब कलक्टर के पास दाखिल करे, और उस के सबूत के दस्तावेजात (अगर कुछ हों) पेश करे

(२) ऐसा इश्तहार उस अदालत के मकान के किसी नजर गाह आम पर चस्पा किया जायगा जिस ने असल हुक्म नीलाम का सादिर किया हो, और ऐसे दीगर मुकामात पर (अगर कोई हो,) चस्पा किया जायगा जो साहेब कलक्टर को मुनासिब मालूम हों, और जब पता किसी वेने डिकरीदार या दावीदार का मालूम हो तो इश्तहार की एक नकल उस के पास जरीये डाक या और तौर पर भेजी जायगी

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ३२२ (क) से कायम की गई है

जब कि डिकरी नकदी रूपया की वास्ते इजरा साहेब कलक्टर के पास मुन्तकील की जावे, तो कलक्टर को इस दफा के रूसे अख्त्यार नहीं है कि किसी उजरदारी की समायत करे जो उन फरीकैन के तरफ से हो जो जायदाद मुस्तहर नीलाम में गरज रखते है, और न उस का यह तसफिया करने का काम है कि आया जायदाद ठीक तौर से कुरक हुई है या नहीं (इ. ला. रि अलाहाबाद जिल्द

२० सफा ४२८)

४ (१) वाद गुजरने मियाद मजकूर के साहेब कलक्टर एक तारीख मुकर्रर करेगा वास्ते सुनने उजरात के जो मदयून डिकरी और ऐसे डिकरीदार या दावीदार लोग (अगर कोई हों) पेश करना चाहे, और नीज वास्ते अमल में लाने ऐसी तहकीकात के जो वास्ते दरयाफ्त किस्म और तादाद ऐसी डिकरीयों और दावीया और जायदाद गैर मनकूला मदयून डिकरी के साहेब मोसूफ को जरूरी मालूम हो, और यह मजाज होगा कि ऐसा समायत और तहकीकात का वक्तन फ वक्तन मुलतवी करती रहे

जब डिकरी और उस के अदाई के लिये जायदाद गैर मनकूला मौकूफा दरयाफ्त की

(२) अगर असलीयत या मिकदार जिम्मेदारी कि जो उन डिकरीयों और मतालबेजात के रू से मदयून डिकरी पर हैं, जिन की इत्तला साहेब कलक्टर को हो गई हो, या निसबत तकर्रुम वो ताखीर उन डिकरीयां वो मतालबों के, या निसबत जिम्मेदारी जायदाद मजकूर, बाबत अदाये डिकरीयों या मतालबे जात मजकूर किसी तरह का झगड़ा न हो तो साहेब कलक्टर एक कैफीयत तैयार करेगा इस तफसील के साथ कि ऐसी डिकरीयों के अदाई के लिये कितना रुपया वसल किया जायगा और हर एक डिकरी और मतालबा किस तरतीब से अदा किया जायगा, और इस मतलब के लिये कितनी जायदाद गैर मनकूला काबिल हासिल होने के है

(३) अगर कोई ऐसा झगड़ा पैदा हो तो साहब कलेक्टर झगड़ा मजकूर को मै उस के हालात के और अपनी राय के उस अदालत में भेजेगी जिस ने असल हुक्म नीलाम का सादिर किया हो, और झगड़ा के अमर के बाबत जो कार्रवाई होती रही हो उस को ता आने जवाब के मुलतवी रखेगी-अगर अमर झगड़ा उस अदालत के समायत के लायक हो तो वह अमर मजकूर को ते कर देगी, या मुकद्मे को किसी अदालत मजाज समायत में भेजेगी, और जो फैसला आखीर उस के निसबत करार पाय उस की इत्तला साहब कलेक्टर को दी जायगी, उस पर साहब कलेक्टर वह कैफियत जो ऊपर दरज हो चुकी है उस फैसले के मुताबिक तैयार करेगी

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ३२२ (ख) से कायम की गई है.

दरखास्त वास्ते दरज होने नाम उस कैफियत में जो इस दफा के रूसे तैयार की जावे, [illegible] कैफियत करना में जो इस तरह से तैयार की जावे [illegible] जिन का जिक्र दफा ३ में किया गया है (

निसबत अपर हक कलेक्टर तसफिया नहीं कर सक्ता (इ. ला रि. अलाहाबाद जिल्द ११ सफा ९४)

उस तसफिया की नाराजगी से जिस के जरिये से इस दफा के रूसे किसी दावा का तसफिया किया गया है अपील बतौर अपील मुतसरकात हो सक्ती है (इ. ला रि ४ मदरास सफा ४२०).

कब अदालत जिला नोटिस जारी और तहकीकात कर सकी है

५ साहब कलेक्टर को अख्तयार है कि इश्तहारात और तहकीकात जिसका जिकर कायदा ३ वो ४ में किया गया है खुद अपनी जात से मुश्तहर करने और अमल में लाने के बदले एक बयान तहरीर करे जिस में हाल मदयून डिकरी और उस की जायदाद गैर मनकूला का जहां तक साहब कलेक्टर को उस का इल्म हो या जिस कदर कागजात मिसिल से जाहिर हो सराहत के साथ लिखा जायगा और बयान मजकूर को अदालत जिला में भेज देगा—और उस पर अदालत जिला यह इश्तहार जारी करेगी, और वह तहकीकात अमल में लायगी, और वह कैफियत लिखेगी जो कायदा ३ वो ४ में दरज है और कैफियत मजकूर को साहब कलेक्टर के पास भेज देगी

तशरीह'—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ३२२ (ग) से कायम की गई है.

अमर तजवीज अदालत निसबत झगड़ा

६ फैसला अदालत का निसबत उस झगड़ा के जो हस्ब कायदा ४ या ५ के हो जहां तक उस को फरीकन मुकदमा से ताल्लुक हो वही असर रखेगा और उसी तरह काबिल अपील होगी जिस तरह डिकरी होती है

तशरीह:—यह दफा पुराने एक्ट की दफा ३२२ (घ) से कायम की गई है.

तदबीर वास्ते अदाई डिकरी जर नकद

७ (१) जब तादाद रूपया जिस का वसूल करना जरूर है और मिकदार जायदाद हासिल होने वाली हस्ब कायदा ४ या ५ के हो जाय तो साहब कलेक्टर को अख्तयार होगा कि.

(क) अगर यह मालूम हो कि रूपया बिला नीलाम कुल जायदाद काबिल हसूल के वसूल नहीं हो सक्ता है तो जायदाद मजकूर को नीलाम करने का अर्जदाश करे—या

(क) अगर यह मालूम हो कि रूपया मे सूद (अगर सूद हो) वमूजिब डिकरी, और जब सूद की डिकरी न हुई हो, मे सूद (अगर कुछ हो) उस निरख के मुताबिक जो मुनासिब मालूम हो बिला नीलाम के वसूल करना मुमाकिन है तो ऐसी तादाद और सूद (बावजूद हुक्म असल नीलाम के) इकट्ठा इस तौर पर करे—याने

(१) वजरिये देने पट्टा कुल या जुज जायदाद मजकूर के वास्ते हमेशा या किसी मियाद के लिये बाद देने नजराना, या

(२) वजरिये रहन कुल या जुज जायदाद मजकूर, या

(३) वजरिये नीलाम जुज जायदाद मजकुर के, या

(४) वजरिये देने ठेका या खुद अपने इन्तजाम या दूसरे के सरबराहकारी में रखने कुल या जुज जायदाद मजकुर किसी मियाद के लिये जो तारीख हुक्म नीलाम से बीस बरस से जियादा अरसे के लिये न हो, या,

(५) जुज के लिये एक तरीका और जुज के लिये दूसरे तरीकों को अमल में लाने से,

(२) इन्तजाम के वास्ते कुल या जुज जायदाद मजकूर के साहब कलेक्टर को अखत्यार होगा कि कुल अखत्यार उस के मालिक के अमल में लावे

